प्रथमभाग

शाहपुरा के पोलपात्र श्रीमान् मरुधराधीशों के आश्रित तथा
राजराजेश्वर मरुधराधीश श्रीसरदारसिंहजी बहादुर के
पितृव्यक महाराजधिराज कर्नल सर श्रीप्रतापसिंहजी
के कृपापात्र शोदा बारहठ

कृष्णसिंहजी

विरचित उदधिमंथिनी
टीका सहित

जिसको

कविराजाजी श्री मुरारिदानजी की
सहायता से

दाधीच आसोपा पंडित बलदेवात्मज पंडित
रामकर्ण–श्यामकर्ण शर्मा ने
शोधकर
निज प्रतापप्रेस में
मुद्रितकिया

जोधपुर

संवत१९५६ मूल्य रु० ४०)

निवेदन

मैं कई दिनों से इस विचार में था कि हिंदीभाषा का कोई ऐसा उपकारी उपयोगी अनूठा पुस्तक प्रकाशित कियाजाय कि जैसा संस्कृत भाषा में महाभारत ; तौ ढूंढते २ यह वंशभास्कर उपलब्ध हुआ. वास्तव में ग्रंथ की कविता बहुत ही अनूठी है, और जैसी कविता अनूठी है वैसे विषय भी ऐसे अनठे भरे हैं कि जैसे अठारह पुराण, महाभारत, वाल्मीकीयरामायण कों संक्षिप्त कथा, तथा मध्यमकालीन विक्रम भोज आदि उत्तम २ राजाओं के चरित्र, और अर्वाचीन काल के राजपूताना के समस्त राजाओं का शृंखलाबद्ध सत्य इतिहास; जिसमें प्राचीन काल के राजाओं का इतिहास तौ पुराण और महाभारत से; मध्य समय के राजाओं का इतिहास कथासरित्सागर, विक्रमांकचरित, भोजप्रबंध आदि ग्रंथों से; और अर्वाचीन काल के राजाओं का इतिहास वड़वाभाटों की पुस्तकों, परसी किताबों और समस्त राजस्थानों की ख्यातों से लिखागया है.

जैसे महाभारत में युधिष्ठिरादि पांडवों के इतिहास को मुख्य रख कर अन्य सर्व विषय दर्शाये गये हैं वैसे इस ग्रंथ में भी अग्निवंशी चहुवाण बुंदीनरेश्वर श्रीमान्-रामसिंहजी के इतिहास को मुख्य रख कर, अग्निवंशी चहुवाणों के इतिहास के उद्देश से उनके समकालीन राजपूताना के समग्र राजाओं का यथार्थ-इतिहास क्या भला और क्या बुरा प्रसंगवशात् लिखा है; और इतिहास के सिवाय षट्शास्त्र, वाराही संहिता, कामसूत्र आदि में से अति उपयोगी अश्व गज पुरुष आदि के लक्षण, वृक्षायुर्वेद, भूमितलगतजल विज्ञान, चतुःषष्टि कला आदि ऐसे २ अनेक व्यवहारोपयोगी विषय दर्शाये गये हैं. इस ग्रंथ के पढ़ने से इतिहास आदि का जानना तो मुख्य फल है ही, परन्तु उसके साथ अवांतर फल यह बड़ा भारी है कि इसका अभ्यास करने से स्वयं विद्वान् और उत्तम कवि बन सकता है. जो महाशय कविराजाजी श्रीमरारिदानजी निर्मित जसवंतजसोभूषण के अलंकारादिकों के उदाहरणों का भंडार एकत्रित ढूंढें तो इस ग्रंथ के सिवा और दूसरा कोई नहीं मिलेगा. जसवन्तजसाभूषण अलंकारादिकों का

परिज्ञान कराने के लिये एक ही ग्रंथ है, वैसे अलंकारादिकों के उदाहरणों का हिंदीभाषा में यह भी एक ही ग्रंथ है, सो जिन्होंने जसवंतजसोभूषण देखा है उनको यह ग्रंथ अवश्य देखना चाहिये.

इस ग्रंथ में अनेक भाषाओं के अनेक शब्दों का प्रयोग कियागया है जैसे कि माघ काव्य के विषय में लोकों का यह कथन है कि

"नवसर्गे गते माघे नवशब्दो न विद्यते ॥"

अर्थ– "माघ काव्य के नौ ९ सर्ग जाने पर फिर कोई नया शब्द शेष नहीं रहता ॥" वैसे इस ग्रंथ को पढने से संस्कृत, प्राकृत, ब्रजभाषा आदि का कोई शब्द अवशेष नहीं रहता, इसलिये इस ग्रंथ का गहन होना संभव है, परंतु श्रीमान् चारणकुलभूषण कृष्णसिंहजी ने टीका रचकर इसको सरल बनादिया है, जिससे हरएक मनुष्य इस ग्रंथ के आशय को भलीभांति समझ सकता है.

वास्तव में ग्रंथ उत्तम है परंतु इसका मुद्रित होना कठिन सा दिखाई देने लगा; क्योंकि ग्रंथ बहुत बड़ा है सो द्रव्य भी उतना ही चाहिये, और शोधन का श्रम भी ; परंतु जब परमदयालु परमेश्वर कृपा करते हैं तब सब सुलभ होजाता है. छापने के लिये यंत्रालय की आज्ञा तो मरुधराधीशों की ओर से, और छापने के व्यय के द्रव्य का प्रबंध मजिस्ट्रेट दर्जे अव्वल व जोधपुर दरबार की कौंसिल के मुख्य मेम्बर कविराजाजी श्री मुरारिदानजी साहिब की ओर से होगया ; इसके अतिरिक्त इस ग्रंथ में प्राकृत और संस्कृत के कठिन स्थलों में श्रीबुन्दीशाश्रित साहित्य के पारगामि कौंसिल के मेम्बर विद्वद्वर श्री गंगासहायजी ने, राज्य का और श्रीमद्भागवत की टीका निर्माण करना आदि शास्त्र संबंधी बहुत सा कार्य रहने पर भी पूर्ण सहायता दी .

अब हम परमेश्वर से वारंवार यह प्रार्थना करते है कि हमारे स्वामी मरुधराधीश राजराजेश्वर धीर वीर श्रीसरदारसिंहजी बहादुर, विद्या के कदरदान मुसाहिबआला जी.सी. ऐस्. आई., एल्. एल्. डी., सी. बी. इत्यादि पद विभूषित महाराजधिराज कर्नल सर श्रीप्रतापसिंहजी साहिब, गुणग्राहक कविराजाजी श्री मुरारिदानजी, विद्वद्वर पंडितजी श्रीगंगासहायजी और चारणकुलभूषण श्रीकृष्णसिंहजी सदा प्रसन्न और चिरजीवी रहैं.

जिन श्रीमानों ने प्रथम रुपये भेज कर वंशभास्कर के छापने में सहायता दी है, और जिन्होंने प्रथम ग्राहकश्रेणी में अपना नाम लिखकर उत्साह बढाया है उनके नाम नीचे लिख कर कोटिशः धन्यवाद देतेहुए ईश्वर से उनका सदा मंगल चाहते हैं.

पहले रुपये भेजनेवालों के नाम

संख्या	नामावली
२०	श्रीमान् कोटा नरेश्वर
२	श्रीमान् महारावळजी जैसलमेर
१	ठाकुर साहिब मनोहरसिंहजी सरदारगढ [उदैपुर]
२	ठाकुर सा० अमरसिंहजी गढी
१	ठाकुर साहिब अमरसिंहजी (उदैपुर)
१	बारहठ फतहसिंहजी (उदैपुर)
१	दधवाड़िया कँवरजी करणीदानजी
१	दधवाडिया जगमालजी (उदैपुर)
२	जमादार भानुजी गांव दांतो गुजरात
१	रावबहादुर श्यामसुन्दरलालजी (कृष्णगढ)
१	ठाकुरसा० लालसिंहजी (बीकानेर)
१	ठाकुरसा० बहादुरसिंहजी (बीदासर)
१	ठाकुरसा० रणजीतसिंहजी (ततारपुर)
१	ठाकुरसा० प्रल्हादसिंहजी (रूनीजा-मालवा)
१	ठाकुरसा० बिड़दसिंहजी चौहाण (अलवर)
२	ठाकुर सा० गंगासिंहजी सेनाध्यक्ष (अलवर)

संख्या	नामावली
१	बारठ शिवबगसजी
१	बारठ गंगाबगसजी
१	अचरोल ठाकुरसा० केसरीसिंहजी (जैपुर)
१	रामसली ठाकुरसा० भूरसिंघजी
१	करणसर ठा० सा० बहादुरसिंघजी
१	सादूलपुरा का खिड़िया परभुदानजी
१	नीपलास ठा० सा० रूपसिंघजी चांपावत
१	कँवर साहिब अमरसिंहजी चांपावत
२	धुवाळे ठा. सा० भोपालसिंहजी
१	प्रोहित अमेदजी [जैपुर]
१	बारठ रामलालजी (खेतड़ी)
१	ठाकुरसा० रणजीतसिंहजी राठोड़ (सैंसड़ा मारवाड़)
१	साह रंगराजजी (जोधपुर)
१	मुहता गणेशचंदजी (जोधपुर)
१	साह भभूतचंदजी (जोधपुर)
१	रावराजा रूपसिंहजी (जोधपुर)
१	कविराजा मुरारिदानजी (जोधपुर)
१	ऊजळ बेणीदानजी [जोधपुर]

प्रथम ग्राहकश्रेणी में नाम लिखानेवालों के नाम

संख्या	नामावली
०	श्रीमान् बुन्दी नरेश्वर
०	श्रीमान् झालावाड़ नरेश्वर
	ठाकुरसा० बगरू सावंतसिंहजी जैपुर
	बगरू कँवरजी प्रतापसिंहजी
	खूड़ी ठाकुरसा० उदैसिंहजी

संख्या	नामावली
१	मनोहरपुर के रावजी साहिब ।५॥
२	स्वामी मोतीरामजी भं
१	खंडेला का पाना छोट मनः ॥
१	गांव खेड़ीका पन

१ ठाकुर सा० स–ाईसिंहजी जोदका	१(रावबहादुर ठा० सा० मंगलसिंघजी (अलवर)
१ बलदेवजी कविया	१ ठा० सा० दुर्जनसिंह जी जावली
१ बारठ रामप्रतापजी	१ ठा० सा० कृष्णसिंहजी बीजवाडि
१ ठिकाना अरवै	१ चारण अमरूदानजी (बीकानेर)
१ ,, दांतै	१ रियासत खावर सिभुसिंघजी
१ ,, मंडाव अजीतसिंहजी	१ ठा० सा० अमरसिंहजी बोरखेडा केभाई [नरसिंघगढ]
१ ,, मलसीसर	१ ठा० सा० गोरधनसिंहजी गुणाहेडाभाला
१ ,, दूधू	१ कँवर सा० सत्रुसालजी लसूरड्याका
१ ,, खाचरीवास	१ ठा० सा० विनैसिंघजी रौसड़ीकेभाई
१ ,, खिवाड़	१ ठा० सा० अजीतसिंहजी मंडला का
१ ,, लवाण	१ रतनू रामनाथजी
१ ,, डांगरथल	१ सीकर रावराजाजी साहिब
१ ,, डिगी	२ बारहठ रामनाथजी (उदैपुर)
१ ,, दूणी	१ बारठ किशोरदानजी सो नत मारवाड़
१ ,, पाहाड़े	१ बगतावरसिंहजी बेड़ा ठाकुर साहिब के भाई (जोधपुर]
१ ,, पाडली	१ महादानजी वणसूर [जोधपुर)
१ ,, जोवनेर	१ ठिकाणा घाणेराव [मारवाड़]
१ ,, नींदड	१ ठिकाणा पोकरण
१ ,, बोलगढ स्योसिंघजी	१ रावराजा अमरसिंहजी [जोधपुर]
१ ,, वागाव स	१ खिड़िया चेलदानजी
१ ,, बणपांणे	१ लाळस नवलदानजी
१ ,, खेतडी	२ सिंघीजी बछराजजी
१ ,, खंडेला	१ वणसूर कृपारामजी
१ ,, मेंदवास	१ शाह हणवंतचंदजी
१ ,, हरसोली	१ पंडितजी लालचंद्रजी महाराज
१ ,, मोबतपुरै	१ भंडारी किसनमलजी
१ बारठ –योदानजी	१ भंडारी फोजचंदजी
१ बारठ हिंगलाजदानजी	२ ताल ओंकारसिंघजी
१ बारठ संजूदानजी	२ शाहपुराका दधवाडिया नाहरसिंहजी
१ बारठ स्योबगसजी	१ गांव देवरिया शाहपुरा मऊ भैरोंसानजी
१ बालावग गो–जी	१ सव.ल.शा.नि.णात स्वामीजी श्री बालारामजी उदासीन
१ थानसिंघजी –जी पालावत	
१ ठाकुरसा० के पतरोदा	
१ ठाकुरसा० महा नरसिंहजी	
१ ठाकुरसा० बचूणा ज्ञासिंहजी राणावत	
१ सांभर देवीसिंघजी बलवंतसिंहजी	

॥ श्रीः ॥

मुद्रणकर्तृनामधामादिकथनम्

श्रीमान् विद्यावितरणपटुर्दीर्घदर्शी विनीत
उद्यद्भास्वद्रुचिरसुमहाः शिक्षिनो वाजिवर्गे ॥
कार्याकार्येक्षणनिरतधीः स्फूर्तिमां तत्त्ववेत्ता
सर्दाराख्यो जयतु सुचिरं श्रीमरुक्ष्मापतीन्द्रः॥ १ ॥

धीरो वीरः प्रतापी विपुलतरमतिर्दिक्षु विख्यातकीर्ति
र्विद्विड्वर्गस्य जेता प्रबलतरजने दीनलोके समानः ॥
दुष्टानां दर्पहन्ता तरणिकुलभवः प्राप्तपूर्णप्रतिष्ठो
जीयादानन्दहेतुर्मरुधरणिनृणां भागधेयं प्रतापः ॥ १ ॥

चारणकुलावतंसः कविराजश्रीमुरारिदानाख्यः ॥
शरदः शतं स जीयान्मुद्रणकार्यं यदाश्रयात्सिद्धम् ॥१॥

परोपकारैकपरायणो यः सरस्वतीजानिरभूद्दधीचिः ॥
तदन्वयेऽभावि महोत्तमेन ज्योतिर्विदा श्रीरघुनाथनाम्ना ॥ १ ॥
तदात्मजः श्रीबलदेवनामा विद्वान्महान् भागवतैकनिष्ठः ॥
स्वधर्मपालोऽतिपरोपकारी विराजते योधपुरेऽतिरम्ये ॥ २ ॥
पतिव्रतामूर्धमणिर्वदान्या धर्मे रता दीनदयार्द्रचेताः ॥
शृङ्गाररूपा सदनस्य साक्षात्तद्धर्मपत्नी सिणगारनाम्नी ॥ ३ ॥
तयोः सुताः सन्ति पञ्च प्राणा इव सुसंमताः ॥
रामकर्णाभिधस्तेषां ज्येष्ठो हरिपदे रतः ॥ ४ ॥
श्रीमद्भारतभास्करेतिपदभाग्वेदान्तभट्टाञ्चिता
नानाकाव्यकलाकलापकुशलाः सद्धर्मसंस्थापकाः ॥
विद्यासिन्धुसुधांशवोऽतिकरुणाः श्रीगट्टुलालाभिधा-
स्तत्पादाम्बुरुहेषु यस्य सततं चेतो मिलिन्दायते ॥५॥
तेनायं खलु मुद्रयते सविवृतिः श्रीवंशसूर्याभिधः
साहाय्येन यवीयसोऽतिविदुषः श्यामस्य भव्यात्मनः ॥

शिष्टाग्रे सरसं समर्प्यत इतश्चाशास्यते सादरं
सानन्दं कवितासुधैकरसिकाः पश्यन्तु चेतोहरम् ॥६॥
रसशरनवचन्द्रेऽब्दे मार्गे मासेऽसिते दलेष्टम्याम् ॥
पूर्णः प्रथमो भागो योधपुरे स्वप्रतापसुप्रेसे ॥७॥

सटीक वंशभास्कर के मूल्य का नियम

(१)प्रथम रुपये भेजनेवालों को रु० २५) कलदार में समग्र ग्रंथ खंडशः ज्यों ज्यों छपता जायगा त्यों त्यों भेजा जायगा.

(२)केवल प्रथम ग्राहकश्रेणी में नाम लिखानेवालों को रु० ३०)कलदार में समग्र ग्रंथ संपूर्ण छपजाने पर भेजाजायगा.

(३)ग्रंथ संपूर्ण छपजाने पर रु० ४०) कलदार में मिलेगा.

डाकव्यय अलग देना होगा.

विशेष सूचना

जिन श्रीमानों ने मूल्य के रुपये भेजदिये हैं उनको ज्यों ज्यों वंशभास्कर के खंड छपतेजांयगे त्यों त्यों जिल्द बंधा कर अलग२भेज दिये जांयगे, इस लिये अब भी जो रसिकजन हालके (संवत्१९५६) के फाल्गुन सुदी पूर्णिमा तक रुपये२५) कविराजाजी श्रीमुरारिदानजी साहिब के पास जमा करादेंगे उनको रु० २५) में भेजदिया जायगा. और खंडभी ज्यों ज्यों छपते रहेंगे त्यों त्यों जिल्द बंधा कर अलग अलग भेज दिये जांयगे. इसलिये प्रथम ग्राहक श्रेणी में नाम लिखाने वालों से निवेदन है कि उपरोक्त अवधि तक रुपये भेज कर इस कार्यसिद्धि में सहायता प्रदान करें. इस ग्रंथ के छपने का निर्भर गुणग्राहकता से प्रथमग्राहक बन प्रथम रुपये भेजनेवाले और सब प्रकार से पूर्ण सहायता देनेवाले विद्या के कदरदान श्रीकविराजाजी साहिब पर ही है.

जो महाशय उपरोक्त समय तक रुपये जमा न करा देंगे उनको ग्रंथ की प्राप्ति बिलम्ब से होगी, अर्थात् ग्रंथ छपजाने तक इस ग्रंथ के कवितामृत से वंचित रहना पड़ेगा और मूल्य भी अधिक लगेगा,इसलिये फाल्गुन सुदी पूर्णिमा तक की अवधि देकर सूचित कियाजाता है सो इस अवसर को न चूकें

यद्यपि हमने विज्ञापन में लिखा था कि समग्र ग्रंथ की जिल्दें ४ बंधाईजांयगीं परंतु कार्य का आरंभ ही था इसलिये पहली जिल्द छपने में विशेष विलम्ब हुआ और ग्राहकों के ग्रंथ देखने की अति त्वरा आई, जिससे प्रथम भाग अर्थात्१-२-३राशि को दो२जिल्दों में बांधना विचार दो राशि तो अभी आप की सेवा में भेजी हैं; और तृतीय राशि अलग बंधाकर पीछे से भेजी जायगी.

॥ श्रीः ॥

श्रीवंशभास्करटीकायाः पूर्वपीठिका ॥

उस सर्वाधार सर्वशक्तिमान् कलाकुशल परमेश्वर के नियमानुसार इस पृथ्वी का भी परिवर्तन धर्म होगया है, कि एक बढीहुई वस्तु को घटाता है और घटीहुई वस्तु को बढाता है, जिसके अनेकानेक उदाहरण हैं, उनको दिखाकर हम इस पीठिका को बढाना नहीं चाहते विद्वान् लोग स्वयं सोचलेंगे. इस विषय में महाराजा भर्तृहरि ने भी लिखा है—

स जातो येन जातेन याति वंशः समुन्नतिम् ।
परिवर्तिनि संसारे मृतः को वा न जायते ॥

अर्थ—उसीका होना होना है जिसके जन्म से वंश की उन्नति होवे; नहीं तौ परिवर्तन धर्मवाले इस संसार में कौन नहीं मरता और कौन नहीं जन्मता ॥ तौ इससे भी सिद्ध है, कि इस संसार का परिवर्तन ही धर्म है. इसके अनुसार वस्तुमात्र का परिवर्तन होता है. जिनमें संस्कृतकविता और भाषाकविता का भी परिवर्तन जान लेना चाहिये. इनमें संस्कृतकविता का जन्म श्रीरामचन्द्र के समय में वाल्मीकि मुनि से हुआ; जब से लेकर भोज महाराज के समय तक उन्नति ही जानना चाहिये. जिसमें महाभारतादि जैसे ग्रंथों ने प्रकाश पाया है, परंतु भोज से लेकर इस समय तक संस्कृतकविता ने अवनति ही प्राप्त की है, और क्रमशः अधोगतिको प्राप्त होतीजाती है. इसीप्रकार भाषाकविता ने भी भाषा के कवियों से जन्म पाया है, जिसका समय निर्णय करने में तौ हम विशेष समय खोना नहीं चाहते, परंतु दिल्ली के बादशाह अकबर के समय से भाषाकविता की उन्नति पाईजाती है, जिसमें गोस्वामी तुलसीदास और केशवदास आदि कवियों ने भाषाकविता को सजीवित किया है, परंतु उनसे शुद्ध शब्दों का और शुद्ध छंदों का निर्वाह नहीं हुआ सो उनके बनायेहुए ग्रंथ विद्यमान हैं. जिनको देखने से हमारा लिखना सिद्ध होसकता है. और पिछले समय में बिहारीदास कवि हुआ, जिसके लिये लौकिक में यह प्रसिद्ध होगया कि "दोहरो बिहारीको सिहारीको सो मंत्र है" परंतु यह कहावत अयोग्य है, क्योंकि बिहारी ने सब छंदों को छोड कर एक दोहा छंद बनाया, जिसके भी लक्ष्यलक्षण का निर्वाह नहीं हुआ; और उसके शब्द तौ अनेक अशुद्ध हैं, केवल अर्थ विषय में तुलसीदास केशव और बिहारी

आदि — ये प्रशंसनीय हैं, परंतु एक बात के जानने से पूर्ण कवि नहीं होसकता बाकी अन्य कवियों की कुछ गणना ही नहीं है, जिनकी निंदा ग्रंथकार (सूर्यमल्ल) ने प्रथम राशि के दूसरे मयूख के आदि में स्पष्ट रीति से करदी है, इसकारण से हम विशेष लिखना नहीं चाहते.

अब हम मुक्तकंठ होकर कहते हैं कि गीर्वाण आदि छःहों भाषाओं के व्याकरण जानने के कारण और पूर्ण विद्वान् होने के हेतु वंशभास्कर नाम क ग्रंथ में ग्रंथकार (सूर्यमल्ल) ने लोकभाषा के काव्य को पूर्णोन्नति पर प हुँचादिया है, जिसके आगे लोकभाषा का प्राचीन ग्रंथ कोई आदर नहीं पा सकता, और आगे के लिये भी यही कह सकते हैं, कि यहां तक लौकिक भाषा के काव्य की पूर्णोन्नति होकर आगे अधोगति होवेगी, जैसाकि संसार का उपरोक्त परिवर्तन धर्म है, परंतु—

उत्पत्स्यतेऽस्ति मम कोपि समानधर्मा कालो ह्ययं निरवधिर्विपुला च पृथ्वी ॥

अर्थ-मेरे समान धर्मवाला भी कोई उत्पन्न होवेगा, अथवा है, क्योंकि स मय की तौ कोई अवधि नहीं, और पृथ्वी बड़ी है॥ इस सिद्धांत के अनुसार फिर भी सूर्यमल्ल के समान कोई कवि होवे तौ आश्चर्य नहीं, परंतु अद्या वधि तो लोकभाषा के काव्यो में सर्वोपरि यही वंशभास्कर ग्रंथ मानाजाने में को ई संदेह नहीं है. और इस ग्रंथ के जिज्ञासु (समझने की इच्छा रखने वाले) लोगों की भी राजपूताना में कमी नहीं है. परंतु यह ग्रंथ अनेक भाषाओं से पूर्ण विद्वान् का रचाहुआ है, और बहुत कठिन शब्दों के प्रयोग किये गये हैं, इसकारण इसको समझलेना भी सुगम नहीं है, अतएव हमारे पूर्णमित्र चारण रामना थ रतनू आदि कई मित्रों ने प्रेरणा वा अनुरोध किया, कि इस ग्रंथ की सरल टीका बनादीजाय तौ बडाही लोकोपकार होकर आपका नाम चिर स्थायी रहेगा. तब हम ने भी इस कठिन कार्य को हाथ में लिया. इस कार्य में जिन २ विद्वानों ने सहायता दी उनके नाम सादर नीचे लिखेजाते हैं.

१ बूंदी की कौंसिल के मेम्बर और पूर्ण पंडित, पण्डित गंगासहाय शर्मा, जिन्होंने जोधपुर के कविराजा मुरारिदान द्वारा प्राकृत भाषा की टी का में अमूल्य सहायता दी, जिनके हम अत्यंत आभारी हैं.

२ प्राकृत के कितने ही श्लोकों के अर्थ में हमारे मित्र चारण रामनाथ रतनू के द्वारा जयपुर के पंडित नानूलाल शर्मा ने भी सहायता दी, जिनका भी धन्यवाद करते हैं.

३ हमारे मित्र शाहपुरा के राज्यगुरु पंडित यमुनादत्त शर्मा ने शुद्ध गीर्वाण भाषा में मुझको ? अमूल्य सहायता दी, उनका मैं पूर्ण आभारी हूं.

४ ज्योतिष के प्रकरण में जोधपुर के पंडित अमृतलाल शर्मा, जो कल्ल शिवदत्त शर्मा के पास रहते हैं उनकी सहायता प्रशंसनीय है, जिनको मैं

शतशः धन्यवाद देता हूं.

(५) कितने ही गीर्वाणभाषा के संदेहों में, और इस ग्रंथ को शुद्ध करके सटीक छापने में जोधपुर के पंडित रामकर्ण शर्मा ने प्रशंसनीय सहायता दी, जिनका मैं आभारी हूं.

(६) मेरे मित्र चारण उज्वल फतहकर्ण ने कई स्थलों में कई शब्दों के अर्थ बताये, जिनका सादर धन्यवाद कियाजाता है.

इस प्रकार सहायता मिलने पर हमने इस ग्रंथ की टीका रचने का कार्य किया है. यह ग्रंथ काव्यों में कितना उपयोगी है और इतिहास में कितना उपयोगी है, सो काव्य विषय में तो हम ऊपर लिख आये हैं, कि लौकिक कविता में यह ग्रंथ अलौकिक है; और बडे बडे कवियों का भी गुरु है, यहां तक कि इस ग्रंथ की शैली को याद करके अनर्गल पूर्ण कवि होसकता है. और इतिहास विषय में यदि हमारा शरीर नीरुज और विद्यमान रहा तो पूर्णरीति से तो उत्तर पीठिका में लिखेंगे, परंतु साधारण रीति से यहां भी लिखदेते हैं, कि ग्रंथकर्ता सूर्यमल्ल ने ऐतिहासिक विषय कई जगह से लिया है, उसमें जो इतिहास उस समय के बनेहुए काव्य नाटक भाण चंपू आदि से लिया है, वह सब सत्य है, और जितना इतिहास बड़वाभाटों (वंशावली लिखनेवाले भाटों) की पुस्तकों से लिया है वह पंद्रहवीं १५ शताब्दी के पहिले का तो असत्य है; क्योंकि बड़वाभाटों की वंशावली लिखने की शैली का पंद्रहवीं शताब्दीसे सामान्यतः प्रारंभ हुआ है, और इससे पहिले किसी विशेष भाट ने कुछ लिखा भी तो उसकी पूर्वापर शैली मिलाने और अपनी पुस्तकों को प्रतिष्ठित बनानेके लिये पिछले भाटोंने कल्पित नाम और कल्पित इतिहास लिखदिया है, सो मानने योग्य नहीं है; जैसे अग्निवंशी चारों क्षत्रियों की पीढियां शृंखलाबद्ध दो दो सौ से ऊपर लिखी हैं सो ये किसी इतिहासवेत्ता के मानने योग्य नहीं हैं, क्योंकि हमारे मामा कविराजा श्यामलदास ने हमारे सामने बापा रावल से लेकर वर्तमान महाराणा फतहसिंह पर्यंत पाषाणलेखों (प्रशस्तियों) से पीढियों का निर्णय किया, जिसमें भी अनुमान ११५० वर्ष में बडवाभाटों के लिखेहुए अनेक नाम कल्पित निकले तो जानना चाहिये, कि द्वापर युग से लेकर इस समय तक के २०० नाम कब सही मिल सकते हैं, परंतु ग्रंथकर्ता ने कई नाम तो पुराणों और नाटकादि से लिये सो तो सत्य हैं और कई बडवाभाटों की पुस्तकों से लेकर चारों अग्निवंशजों की शृंखलाबद्ध पीढियां लिखीं हैं सो सभी विश्वास करने योग्य नहीं हैं, परंतु अब इसके सत्यासत्य का निर्णय करना सुगम नहीं है, सो हमने दिग्दर्शन न्यायानुकूल यहां थोड़ासा लिखदिया है.

(१) प्रथम राशि में मंगलाचरण, ग्रंथकर्ता के नियम तथा ज्योतिष का प्रक

रण ता आदरणीय है, परंतु बहुवाणों का संक्षिप्त वर्णन और पुराणों को अनुकूल खगोल और भूगोल का वृत्तांत तथा फलादेश लिखा है, वह आधुनिक विद्वानों के मानने योग्य नहीं है, जिसके लिये विशेष लिखना व्यर्थ है.

(२)द्वितीयराशि में ऋषियों का मत बताया है वह ग्रन्थकर्ता के विद्याबल को सूचित करता है, और उसमें ज्योतिष प्रकरण सिद्धांतशिरोमणि के अनुकूल है सो आदरणीय है. इसके उपरांत अग्निवंशियों का वंशवर्णन किया है सो संतोषदायक नहीं है, क्योंकि उनकी पीढियां बडवाभाटों की पुस्तकों से लिखीगई हैं. उनके बीच में कहीं २ काव्य नाटक आदि से भी इतिहास लिखागया है, परंतु उसका छानना दुर्घट है.

(३)तृतीय राशि का इतिहास पुराणों से लियागया है जिसमें हस्ताक्षेप करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि पुराणों को धर्मग्रंथ मानने में अपनी २ श्रद्धा है, परंतु उनको भारतवर्ष का प्राचीन इतिहास मानना ही पड़ेगा; जैसे रामचन्द्र को ईश्वर का अवतार चाहे मानें चाहे न मानें, परंतु वे वन में गये, सीता का हरण हुआ और रावण को मार कर सीता को लेकर अयोध्या में पीछे आये यह पुराणों का इतिहास है सो मानना ही पड़ता है. इसी प्रकार श्रीकृष्णादिक का भी समझ लो. इसके उपरांत ग्रंथकर्ता(सूर्यमल्ल)ने तृतीय राशि में लिखदिया है, कि सातवाहन के चरित्र से लेकर वल्लभाचार्य के चरित्र तक हमने प्राचीन पंडितों के लिखनानुसार लिखदिया है, परंतु इसमें असंभव वृत्तांत होवे वह मानने योग्य नहीं है.

(४)चतुर्थ राशि में विक्रम का इतिहास लिखा है, उसमें आधुनिक विद्वानों को बहुत संदेह है, जिसका सविस्तर वृत्तांत लिख सकेंगे तो उत्तरपीठिका में लिखेंगे. और भोज का चरित्र भोजप्रबंध ग्रंथ से लियागया है, परंतु आधुनिक विद्वान् भोजप्रबंध को भोज से बहुत समय पीछे बना हुआ कल्पित मानते हैं. आगे पृथ्वीराजरासा का इतिहास लियागया है जिसकेलिये ग्रंथकर्ता ने स्वयं लिखदिया है कि यह इतिहास झूठा है.

(५)पंचम राशि का इतिहास कुछ तो बड़वाभाटों की पुस्तकों से, और कुछ दिल्ली के ऐतिहासिक प्राचीन फारसी पुस्तकों से, तथा कुछ बुंदी की ख्याति से लियागया है, सो कुछ तो बुंदी के बढाव के साथ है, और कुछ मिथ्या सत्य-संमिलित है, और कितने ही संवतों में फर्क है, सो जो कुछ हम को मालूम होवेगा वह दुरुस्त करके लिख देंगे.

(६)इसीप्रकार छठे राशि में भी संवतों का और वृत्तांतों का फर्क है, उसे भी टीका में स्थल स्थल पर दिखा देंगे.

(७)सप्तम राशि में समीप का इतिहास होने से, और राजपूताना के राज्यों से ऐतिहासिक लेख मँगा लेने के कारण भूलें बहुत कम हैं, और इ

स समय के बड़वाभाटों के लेख भी कुछ सत्य मिलते हैं, परंतु सप्तम राशि में ही ग्रंथकर्ता लिख गये हैं कि जहां हम को पूर्ण निश्चय हुआ वहां तो सम्वत् लिख दिये हैं, बाकी वृत्तांत पूर्वापर का अनुसन्धान न होने स जहां जो याद आया वहां वैसा लिखदिया है, सो जहां जिसका संभव होवे वहां वैसा जान लेना.

(८) अष्टम राशि मेंग्रंथकर्त्ता ने बुंदी के दफ़्तर से और बड़वाभाटों की पुस्तकों से बहुत छान बीन के साथ लिखा है, जिसमें सदेह नहीं प्रतीत होता केवल उदयपुर के महारांना अरिसिंह के मारेजाने के कारण दिखाने में मेवाड़ के इतिहासवेत्ताओं का मत भेद है, सो हम उसी स्थान पर दिखावेंगे.

हमको इस ग्रंथ के इतिहास में न्यूनाधिक भेद ज्ञात हुआ जिसका मूल में कुछ हस्तक्षेप न करके केवल टीका में दिखादेंगे. जैसे ग्रंथकर्ता ने " पृथ्वी राजरासा" नामक ग्रंथ का जगह २ मिथ्यापन दिखाकर, संवत् उसी ग्रंथ का मान लिया सो अनुचित है; क्योंकि उससे इतिहासवेत्ताओं को भ्रम और ग्रन्थकर्त्ता (सूर्यमल्ल) को मिथ्यात्व का कलंक लगता है, सो यथा शक्ति टीका में मिटातेजावेंगे.

हम मुक्तकण्ठ होकर लिखते हैं, कि राजपूताना की किसी रयासत के यश-सूचक इतिहास में कहीं कमी रहगई होवे तो संभव है, परंतु भूत और वर्तमान राजाओं का क्या भला और क्या बुरा सत्य इतिहास लिखन में त्रुटि मात्र भी त्रुटि नहीं की है, यहां तक कि सम्पूर्ण राजपूताना का स्तुति-निंदा-सूचक सत्य इतिहास देखना चाहें तो इस ग्रन्थ में सर्वत्र मिल सकता है.

हम शपथ पूर्वक कह सकते हैं, कि ऐसा सत्यवक्ता इतिहासवेत्ता अद्यावधि कोई नहीं हुआ, और अब होना भी कठिन है; क्योंकि सब इतिहासकर्ताओं को लाभ की लालसा रहती है जिससे निंदनीय प्रकरण को छोड देते हैं, परंतु सूर्यमल्ल ने सत्य के पक्ष का अवलम्बन करके लोभ पर दृष्टि नहीं दी, यहां तक कि सच्ची निन्दा तो अपने स्वामी वंश की भी लिख दी. और कहीं ग्रन्थकर्त्ता ने झूठा इतिहास भी लिख दिया है, जिसमें उनका दोष नहीं है; क्योंकि वहां उनको वैसी ही सामग्री मिली. उत्तम कवियों का नियम है कि वे किसी लाभ के लोभ से झूठा इतिहास नहीं लिखते और इन का भी यही नियम था. यद्यपि इस ग्रंथ की समाप्ति पर ग्रंथकर्ता को कुछ साधारण प्राप्ति की आशा नहीं थी, परन्तु उस बड़े भारी लोभ को तुच्छ समझ कर अपने प्रण को निभाने के लिये इस ग्रंथ का निर्माण करना ही छोड दिया. जिस पीछें अनुमान ८–१० वर्ष तक नैरोग्यता के साथ जीवित रहे, परन्तु इस ग्रन्थ की ओर फिर रुचि नहीं की. ग्रन्थकर्ता का प्रथम राशि में नियम है कि आठ राशियों में इतिहास का वर्णन करके फिर कविवंशवर्णन

करूंगा; और उसके पीछे चार राशियों में धर्म अर्थ काम मोक्ष चारों ही पुरुषार्थ लिखूंगा सो वह न हुआ.

ग्रंथकर्ता (सूर्यमल्ल) बहुत ही स्वतंत्र प्रकृति के पुरुष थे, जिनका स्वयं राव राजा रामसिंह और उनके प्रधान पुरुष बहुत ही आदर रखते थे, जिनका शृंखलाबद्ध जीवनचरित्र मैंने बुंदी से मँगवाया था, परंतु बुंदी की कौंसिल के मेम्बर पण्डित गंगासहाय ने उत्तर में लिखा कि "सूर्यमल्लजी का जीवनचरित्र लिखाहुआ तौ है नहीं, और उनको मरे तीस वर्ष हुए, उनके समय के मनुष्य विद्यमान न रहने से शृंखलाबद्ध जीवनचरित्र नहीं मिलसकता." इससे यहां जीवनचरित्र नहीं लिखागया सो पाठक लोग इस क्षति को क्षमा करेंगे. यदि सावकाश मिला तौ उत्तरपीठिका में हम को याद है उतना सा बिना शृंखलाबद्ध लिखेंगे; क्योंकि हम भी इनके समय में युवावस्था को प्राप्त होचुके थे, अतएव उनकी कितनी ही बातें हमें भी याद हैं. और हम यह भी जानते हैं कि ग्रंथकर्ता (सूर्यमल्ल) ने यह (वंशभास्कर) ग्रंथ बहुधा मद्य पीकर ही बनाया है; क्योंकि वे दिन में और रात्रि में दोनों समय मद्य पीते थे और जब कभी महाराव राजा रामसिंह उनको सलाह में बुलाते तब भी मद्य पीकर ही जाते थे, परंतु वे मद्य का नशा ज्यादा कभी नहीं करते थे, प्रतिभा शक्ति को बढाने के लिये औषधवत् थोडासा मद्य पीलिया करते थे, जिसका एक उदाहरण नीचे दियाजाता है. जब रतलाम के महाराजा बलवंतसिंह का देहांत हुआ, उसकी खबर ग्रंथकर्ता को बुंदी में अपने स्थान पर ही मिली तब सूर्यमल्ल ने कहा कि "बलवंतसिंह जैसे वदान्य और गुणग्राहक राजा को घर पर ही जलांजलि देना उचित नहीं, किंतु तालाब पर चल कर जलांजलि देना चाहिये " इस पर साथ के परिकर सहित बुंदी के तालाब पर गये और जलांजलि देने का समय आया तब कहा कि "ऐसे राजा को बिना कविता किये ही जलांजलि देना उचित नहीं, और मद्य पिये बिना अच्छी कविता नहीं होसकती" ऐसा कहकर 'हरल्या' नामक चाकर को अपने निवासस्थान पर भेज कर मद्य मँगवाया, और उस शोक में भी दो तीन प्याले मद्य के लेकर मनहर जाति के निम्न लिखित दो छंद नवीन बना कर जलांजलि दी.

मनहरम्

काव्यमनि वारिधि विपत्ति के में बूडे सब,
बिन अवलंब गुन गौरव गह्यो नहीं ।
पवन प्रलैके दीप दीपित दह्यो जो देह,
चित्त हू लह्यो जो दुःख कबहू चह्यो नहीं ॥
रत्नपुरराज बलवंत के त्रिदिव जात,

समन सुशीलनपैं जावन सह्यो नहीं ।
आज अवनीपैं अविरूपनके आलय में,
मालव मिहिर विन मालव रह्यो नहीं ॥ १ ॥
ग्रस्त द्व दारिद में अस्त भो बुधन बृंद,
अस्त भो प्रकाश हाहा! द्वादश रविनको ।
काव्यमय रत्न हाहा! ठां ठां भये कंकरसे,
हाहा पुहवीमें भयो पात सु पविनको ॥
रत्नपुरराज बलवंतके त्रिदिव जात,
स्वांन संग हाहा! भो हुताशन हविनको ।
रत्नाकर फूटो हाय! ग्रंथनिधि लूटो हाय!,
कल्पतरु टूटो हाय! कामद कविनको ॥ २ ॥

इससे पाठक लोग ग्रंथकर्ता के मद्य पीनेका हाल समझ सकते हैं, कि ऐसे शोक के अवसर पर भी मद्य पीकर कविता बनाई, तो सामान्य समय का कहना ही क्या है.

टीका के नियम

(१) टीकाकार के मित्र अमृतलाल ज्योतिषी का सिद्धांत है, कि किसी ग्रंथ का खंडन करके अपना पांडित्य दिखानेवाले अनेक विद्वान् हैं, और होते हैं, परंतु किसी प्राचीन ग्रंथ का मंडन करके विद्वत्ता दिखानेवाले विद्वान् इस समय में कम ही होते हैं अतएव हम भी इस ग्रंथ का खण्डन नहीं करते. किन्तु "वंशभास्कर" में जहां तहां इतिहास सम्बन्धी त्रुतियां दिखाई देती हैं उनको टीका में सुधार कर अथवा उत्तर पीठिका में भी सुधार कर "वंशभास्कर" का मण्डन ही करेंगे.

(२) जहांपर व्यंग्य अथवा रूपक अलंकार आदि कठिन स्थल आजावेंगे तहां सविस्तर टीका करके उस आशय को खोल देवेंगे. परंतु जहां सुगम प्रकरण है तहां केवल टिप्पणी ही करेंगे. और कठिन शब्द के ऊपर अंक देकर वही अंक नीचे देकर स्पष्टार्थ लिखदेंगे.

(३) ग्रंथकर्ता ने इस ग्रंथ में अपभ्रंशभाषा के अनुसार विभक्तियों का लोप करदिया है, जिनका अर्थ सर्व साधारण के समझने के लिये विभक्तियों का अर्थ खोलके दिखादेंगे.

(४) बहुधा स्थलों में ग्रंथकर्ता (सूर्यमल्ल) ने शब्दों के व नामों के आगे अंक लिख दिये हैं वही उनका अर्थ है. इसलिये उन शब्दों का अर्थ हम कुछ नहीं लिखेंगे; क्योंकि उन शब्दों का वह अंक ही अर्थ है. जैसे मुनि का अर्थ ७ सात है और सात का अंक मुनि शब्द के आगे कियाहुआ है तो वही उसका अर्थ है. फिर टीका का वृथा विस्तार करने से कोई लाभ नहीं. इस प्रक-

रण को विशेष देखना होतौ नाममाला नामक कोष में और वृत्तरत्नाकर की छंदवृत्ति में देखलें. और संख्या के व पीढियों आदि के नाम पर जो अंक दिये हैं उनकेलिये प्रथम राशि में स्वयं ग्रंथकर्ता ने ही लिखदिया है, इसलिये उनका हम कुछ अर्थ नहीं लिखेंगे.

(५) इस ग्रंथ की टीका में शब्दों के अर्थ में टीका के बाहुल्य के भय से कोषों का प्रमाण नहीं लिखाजावेगा, परन्तु जिनको जिस शब्द के अर्थ में संदेह होवे वे, मदिनी १ एकाक्षरी २ द्विरूपकोष ४ त्रिकांडशेष ५ अनेकार्थध्वनिमंजरी ६ हारावली ७ धनंजय ८ नाममाला ९ वररुचि १० मातृका ११ अव्यय १२ हेमचंद्र (हेमाचार्यकृत)१३ अनेकार्थनाममाला १४ विश्वकोष १५ हलायुध १६ पंचतत्वप्रकाश १७ अमरकोष १८ इन अठारह कोषों में देखलें. अथवा इन सब कोशों से संगृहीत शब्दार्थचिन्तामणि नामक कोष में देखलेवें. बहुधा अप्रसिद्ध शब्दों के लिये कोषका प्रमाण भी देदियाजावेगा; और प्राकृतादि भाषाओं के लिये शुद्ध शब्द तौ संस्कृत से बनते हैं जिनके प्रमाण देने की आवश्यकता नहीं, परन्तु देशीप्राकृत के शब्द जो रूढि से प्रचलित हैं उन शब्दों के अर्थ का प्रमाण हेमाचार्यकृत देशीनाममाला नामक प्राकृत कोष में देखलेवें. बाकी कितने ही लोकभाषा के अथवा अनेकार्थ शब्दों के अर्थ प्रकरणवशात् कियेजायंगे. जिसकेलिये मुक्तावलीकार ने लिखा है—

" शक्तिग्रहं व्याकरणोपमानकोषाप्तवाक्याद्व्यवहारतश्च ।
वाक्यस्य शेषाद्विवृतेर्वदन्ति सांनिध्यतः सिद्धपदस्य वृद्धाः ॥ "

अर्थ—शक्तिग्रह अर्थात् शब्दज्ञान निम्न लिखित बातों से होता है. १व्याकरण से. २ उपमा देने से. ३ कोष से. ४आप्तवाक्य (बडे लोगों के कथन) से. ५व्यवहार से. ६ थोडेसे शब्द के कहने से बाकीके पद का ज्ञान होना. ७व्याख्या करने से (वस्तु का नाम तौ न लेवे और उसके सदृश अर्थ करने से). ८ सिद्धपद के नजदीक होने से. इन आठ बातों से वृद्धों ने शक्तिग्रह (शब्दज्ञान) होना कहा है. इसीके अनुकूल हमने भी किया है, सो इस प्रकरण को विशेष देखना होतौ राजराजेश्वरी यंत्रालय काशी में छपेहुए मुक्तावलीग्रंथ के ३७० वें पृष्ठ में देखें.

(६) हमको इस ग्रंथ (वंशभास्कर) का भावार्थ दिखादेना ही अभीष्ट है; क्योंकि इसमें अनेकानेक इतिहास और अनेक विद्या विषय भरेहुए हैं, जिनका भावार्थ जानलेना ही फलितार्थ है, इसलिये अन्य टीकाकारों के समान शब्दसिद्धि में अपनी पंडिताई दिखाकर समय खोना नहीं चाहते, यदि किसी शब्द का अर्थ नहीं आया तौ अंक देकर ब्रेकेट में उसके अर्थ की जगह खाली छोडे देंगे, कि जिससे विद्वानों को भ्रम न होवे, परंतु अन्य टीकाकारों के समान "इतिस्पष्टम्" करके नहीं छोडेंगे.

[७] हमको ग्रंथकर्ता का अभिप्राय दिखादेना ही अभीष्ट है, और भावार्थ दिखादेना ही टीका का फल है, नहीं तो शब्दसिद्धि तो पाणिनीयादि ग्रंथों में भरी पड़ी है, इसकेलिये बड़े सामुद्रिक ग्रंथ में लिखा भी है—

परहृदयाभिप्रायं परगदितार्थस्य वेत्ति यः सत्त्वम्।
सत्त्वं भुवने दुर्लभसंभूतिः सुकविरेकः॥

अर्थ—जो दूसरे के अभिप्राय को और दूसरे के कहेहुए अर्थ के सार को समझलेता है वहीएक सुकवि है, जो दुर्लभ जन्मवाला होने से लोक में सत्त्व रूप है.

[८]हमारे मित्रों ने इस बात की प्रेरणा भी की कि टीका की भाषा उत्तम देवनागरी में ही होनी चाहिये, यह उनका कथन आदरणीय था, और मित्रों का उत्तम कथन मानना सज्जनों का धर्म है, तथापि हम यह टीका अन्य विद्वानों के लिये और केवल हमारे मित्रों के लिये ही नहीं रचते, किंतु संसार के सर्व साधारण मनुष्यों को समझाने के लिये यह परोपकारकारक परिश्रम करते हैं, जिसमें टीका की भाषा को कठिन करना उचित नहीं समझ कर उसमें कहीं २ प्रचलित और उर्दू आदि देशभाषा के शब्द भी लिखे हैं, जिसकेलिये वात्स्यायन प्रणीत कामसूत्र में भी लिखा है—

"नात्यन्तं संस्कृतं चैव नात्यन्तं देशभाषया।
कथां गोष्ठीषु कथयँल्लोके बहुमतो भवेत्॥"

अर्थ—"विशेष संस्कृत भी नहीं और विशेष देशभाषा भी नहीं ऐसी कथा को सभा में कहताहुआ लोक में माननीय होता है॥" इस आशय को लेकर हमने भी इस ग्रंथ की टीका में क्वचित् मिश्रित भाषा लिखी है, सो अन्य विद्वान् लोग और हमारे मित्र लोग उपरोक्त कथन के अनुसार क्षमा करेंगे.

[९]'श्रेयांसि बहुविघ्नानि.'अर्थात् श्रेष्ठ कामों में विघ्न बहुत होते हैं, इसी कारण से हमने भी इस ग्रंथ की टीका रचने में बहुत ही शीघ्रता की है सो शब्दार्थ में कहीं क्षति रहगई होवे तो सज्जनगण क्षमा करें.

[१०]ग्रंथकर्ता का नियम था कि आठ राशियों में इतिहास का वर्णन कर के बाकी चार राशियों में धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष ये चारों कहूंगा (देखो प्रथम राशि-मयूख १३छंद८–१० इस क्रम से ग्रंथकर्ता से आठ राशि भी पूर नहीं बने, जिनको बुन्दीवालों ने बारह राशियों में विभक्त करके बारह राशि बनादिये, अर्थात् छः राशि तक तो बराबर क्रम जैसा ग्रंथकर्ता ने रक्खा था वैसा रक्खा, और ग्रंथकर्ता का देहांत होने के पश्चात् सप्तम राशि के चार टुकड़े करदिये, अर्थात् 'शत्रुसाल' के देहांत तक सातवाँ राशि रक्खा; भावसिंहचरित्र' और 'अनिरुद्धसिंहचरित्र' को आठवाँ राशि बनादिया; इसके पीछे 'बुधसिंहचरित्र' को नवम राशि करके, 'उम्मेदसिंहचरित्र' को दशम राशि करदिया. फिर आगे चल कर ग्रंथकर्ता के नियमानुसार 'अजित

सिंहचरित्र, विष्णुसिंहचरित्र और रामसिंहचरित्र' इनको आठवें राशि में ही रख कर ग्रंथ की समाप्ति की. इसवास्ते हम कल्पित अष्टम, नवम, दशम इन तीन राशियों को उड़ा कर ग्रंथकर्ता के नियमानुसार पीछा सप्तम राशि ही रक्खेंगे. और 'अजितसिंहचरित्र, विष्णुसिंहचरित्र और रामसिंहचरित्र' याथातथ्य रक्खेंगे.

[११]इस ग्रंथ में अनेक भाषाओं के शब्द होने के अतिरिक्त जहां तहां युद्ध का प्रकरण आया है, वहां अनेक वस्तुओं के अनुकरण के शब्द आये हैं. यथा "कराक्किय, खराक्किय, घुरक्किय, चटक्किय, लटक्किय, सटक्किय, झनंकिय, भनंकिय, ठनंकिय, रनंकिय, भटक्किय, फटक्किय, झननंकिय सननंकिय, भननंकिय, गणणंकिय, टणणंकिय, सणणंकिय, हननंकिय" इत्यादि अनेक नाम आये हैं सो उसी शब्द का अनुकरण (नकल) समझना चाहिये. यथा- "झरैं असि झल्लरिलों झनकारि" यहां झनकार अर्थ झल्लरी का अनुकरण है, जिसका अर्थ करैं तौभी "झालरी के समान झणकार हुआ" यह होता है, सो ऐसा अर्थ करना केवल टीका के बाहुल्य का हेतु है सो यह हम नहीं करेंगे विद्वान् लोग आप समझ लेवें.

[१२] ग्रंथकर्ता ने इस ग्रंथ में नियम रक्खा है कि मयूख की इतिश्री में मयूख की कथा का सूचीपत्र संस्कृत में लिखदिया है. इस क्रम का आदि से लेकर पंचम राशि तक बराबर निर्वाह किया है, परंतु पंचम राशि से आगे छठे राशि में प्रथम, और सप्तम राशि में एक 'उम्मेदसिंह चरित्र' के सिवाय, तथा अष्टमराशि में 'अजितसिंह चरित्र' के प्रथम मयूख के सिवाय मयूखों की इतिश्री की जगह किसी कारण से खाली छोड़ दी है सो वहां वहां पर हम मयूख की कथा का सूचीपत्र संस्कृत में लिख कर इस त्रुटि को मिटावेंगे; जिसको पाठक लोग क्षेपक नहीं जानें; क्योंकि ग्रंथकर्ता के वर्णन किये हुए इतिहास का ही सूचीपत्र बनावेंगे, जिसमें न्यूनाधिक कुछ नहीं कियाजायगा, जिसका अभिप्राय केवल यह त्रुटि मिटाने का ही है. यद्यपि ग्रंथकर्ता के दत्तक पुत्र मुरारिदानजी के पास ग्रंथकर्ता के हाथ की शोधी हुई पुस्तक है तथापि हमको वह नहीं मिली, इसलिये कोटा के कविराज देवीदान से प्रति मंगवा कर उससे यह पुस्तक लिखवायागया जिसमें कई अशुद्धियां मिलीं जिनको यथामति शोधकर यह ग्रंथ छापागया है; तथापि दृष्टिदोष से कहीं कोई अशुद्धि रहगई हो तौ पाठक लोग क्षमा करें. और इस पर भी पुस्तक के अंत में शुद्धाशुद्ध पत्र भी लगादिया गया है जिसमें देखलेना

[१३]इस ग्रंथ में अनेक जाति के छंद ग्रंथकर्ता(सूर्यमल्ल)ने रक्खे हैं, जिनके लक्षण दो प्रकार के हैं; अर्थात् एक तौ सामान्य और दूसरा विशेष. इनमें सामान्य लक्षणवाले छंद तौ एक दूसरे में भी कहीं कहीं मिलजाते हैं जैसे

"त्रिभंगी" छंद कहीं कहीं "दुर्मिला" छंद में मिलजाता है, परंतु मात्रा गणबद्ध आदि कितनेही विशेष लक्षणवाले छंद दूसरे छंद में कदापि नहीं मिलते, जिसकेलिये ग्रंथकर्ता ने भी कहीं कहीं इसी ग्रंथ में बतादिया है कि सामान्य लक्षण से तौ यह अमुक छंद है, और विशेष लक्षण से यही अमुक छंद होता है. इसके अतिरिक्त ग्रंथकर्ता ने जिन ग्रंथों से इस ग्रंथ में छंद लिये हैं उनके नाम प्रथम-राशि के द्वादश मयूख में ४३-४४ के छंद में स्पष्ट लिख दिये हैं, इसीकारण से और टीका का वृथा बाहुल्य होने के कारण छंदों के लक्षण नहीं लिखे हैं सो पाठक लोक इस क्षति को क्षमा करेंगे. और सामान्य लक्षण का कोई छंद दूसरे छंद में मिलाहुआ प्रतीत होवे तो ग्रंथकर्ता का दोष नहीं समझना चाहिये; क्योंकि ग्रंथकर्ता ने इस ग्रंथ में दोनों लक्षणों का निर्वाह करके अपनी निर्माणशक्ति दिखाई है; जिसकेलिये अग्निपुराण में महाराज वेदव्यास ने भी लिखा है—

नरत्वं दुर्लभं लोके विद्या तत्रापि दुर्लभा ॥
कवित्वं दुर्लभं तत्र शक्तिस्तत्र सुदुर्लभा ॥

अर्थ—"इस संसार में प्रथम तौ मनुष्यत्व दुर्लभ है, वहां भी विद्या दुर्लभ है, उसमें भी कविपन दुर्लभ है, और कविपन में भी कविता करने की शक्ति होना अत्यंत दुर्लभ है ॥" सो ग्रंथकर्ता (सूर्यमल्ल) में पूर्ण थी, इसलिये नाना लक्षणों के छंद इस (वंशभास्कर) ग्रंथ में लिखेगये हैं उनमें किसी किसी छंद के चरण के बीच की यति छोड़ दीगई है. जैसे मनोहर नामक छंद का चरण ३१ वर्ण का होता है, और ऐसे चार ४ चरणों से मनोहर जाति का छंद बनता है सोतो याथातथ्य है, परंतु प्रत्येक वर्ण के प्रथम पाद के बीच की यति तो आठ आठ वर्ण पर और द्वितीय पाद में आठ सात वर्ण पर होती है सो ग्रंथकर्ता ने छोड़ दी है, वह उनका दोष नहीं है; क्योंकि नाना प्रकार के विषयों का और नाना कथाओं का वर्णन करने के कारण सामान्य लक्षण में चरण के बीच की यति छोड़ देना दोष नहीं मानाजाता है, सोही महाभारतादि ग्रंथों में भी देखलेवें.

[१४]इस ग्रंथ में ग्रंथकर्ता ने देशों के प्राचीन संस्कृत नाम लिखे हैं उनके आधुनिक प्रचलित नाम और पते मिलने कठिन हैं, तथापि जोकुछ हमको यथार्थ मिल गये हैं उनका एक नक्शा तीसरे राशि के आदि में (जहांसे देशों के नामों का प्रारंभ होता है) लगादिया है. सो जहां पर देशों के नाम आवें वहां वहां उस नक्शे के अनुकूल समझ लेना. इस ग्रंथ में उसी एक देश का नाम अनेकबार आया है इसलिये स्थान स्थान पर टीका करने से वृथा बाहुल्य होता है, इस कारण सब देशों के नामों का नक्शा एक ही स्थान पर लगादिया गया है सो पाठक लोक देखलेवें.

[१५]इस ग्रंथ में कहीहुई कथा भी वारंवार कही गई है जिसको पुनरुक्ति दोष नहीं जानना चाहिये; क्योंकि यह सिंहावलोकिनी गाथा वाल्मीकि आदि बड़े ग्रंथों में ठाम ठाम आई है. जिसका प्रयोजन पाठकों को पूर्वकथा का स्मरण कराना मात्र है. और सिंहावलोकिनी का अर्थ यह है कि सिंह अपने भक्ष्य पशु को मारकर वहां से थोड़ी दूर चलकर फिर उसको देखता है, इ-सीप्रकार कहीहुई कथा बड़े ग्रंथों में वारंवार कहकर स्मरण कराईजाती है. ग्रंथकर्ता (सूर्यमल्ल) ने गांवों के नाम कितने ही तो बड़वाभाटों की पुस्तकों से लिये हैं, और कितने ही पुराणों में लिखेहुए लिये हैं सो पुराणों में लिखे-हुए छोटे गांवों का तो कहीं पता ही नहीं है, और बड़वाभाटों की पुस्तकों से लियेहुए नामों को छोड़ कर अन्य नाम संस्कृत में शुद्ध बनाकर लिखे हैं. यथा—'मांडलगढ' को 'मंडनगढ,' 'आहड़' को 'आहुट्ट', 'बागोर'को 'बग्घपुर', 'नैणवा' को 'नैनपुर', 'खटकड़' को 'खटपुर', 'आलणयावास' को 'अल्हनपुर', जालोर' को 'जालपपुर' अथवा 'जालउर', 'मंडोवर' को मंडपपुर', 'मथा-णिया' को 'मन्थानपुर' और 'तूणपुर' को 'तोहनपत्तन'इत्यादिक बहुधा नाम संस्कृत अथवा प्राकृत में शुद्ध करके लिखे हैं सो निदर्शना मात्र दिग्दर्शन न्याय से यहां लिख दिये हैं; इसीप्रकार सभी गांवों के नाम लिखदेना चा-हते थे. सो इसीकारण से ग्रंथकर्ता (सूर्यमल्ल) के दत्तक पुत्र मुरारिदान को हमने लिखा था कि वंशभास्कर ग्रंथ बना उससे प्रथम के खर्ड़ों (मसविदे के पत्र) हमारे पास भेज देवें तो उनसे यह चति मेट दीजावे. उसका उन्होंने उत्तर भेजा कि पांच वर्ष पहिले मैंने उन खर्ड़ों को देखे थे सो सब कशारि-यों (एक प्रकार के जंतु विशेष) ने खाडाला इस से वे कुछ पढ़े नहीं जाते इसकारण से जिस गाम के नाम का निश्चय हुआ वहां तो अर्थ लिख दिया गया है और जिनके नाम स्पष्ट विदित नहीं हुए उनके नाम टीका में नहीं लिखे हैं सो पाठक क्षमा करें.

टीकाकार

शाहपुरा का पोळपात (पात्र)

शोदा बारहठ किसनसिंह वर्मा.

ॐ

परमात्मने नमः

अथ वंशभास्करटीकाकारस्य संक्षेपतो वंशवर्णनम् ॥

तत्रादौ टीकासमाप्त्यर्थसाधकं मङ्गलाचरणं प्रारभ्यते ॥

दोहा

मिहिर असंख्य असंख्य महि, धरे बिनुहि आधार ।
सुकवि कृष्ण आधार सुहि, अजर अमर अविकार ॥ १ ॥

मनोहरम्

सर्वशक्तिमान है दयालु न्यायकारी दृढ,
एक अविनाशी अविकारी पदपाचेकौं ।
धराधर-युक्त धरा असंख्यन सूर्यधारी,
व्यापक चराचरमें व्योमरीति राचेकौं ।
कहै कविकृष्ण जो अजन्मा रू अखंड ईश,

रात्री में जितने तारे दीखते हैं वे सब स्वयं प्रकाशमान सूर्य हैं और जिस प्रकार यह अपना सूर्य अपनी इस पृथ्वी को प्रकाशित करता है इसी प्रकार वे सूर्य भी अपनी अपनी पृथ्वियों को प्रकाशित करते हैं इसी कारण से मंगलाचरण में कहागया है कि जिस परमेश्वर ने असंख्यात सूर्य और असंख्य पृथ्वियों को बिना किसी आधार के धरे हैं वही जरारहित अमर और अविकारी परमेश्वर मेरा आधार है. जाति वाचक शब्द के साथ बहुवचन का प्रयोग करना अनावश्यक है इस कारण से मिहिर और महि शब्द एक वचन से कहे गये हैं परंतु "असंख्य" इस शब्द के योग से बहुवचन जानना चाहिये ॥१॥
सर्वशक्तिमान् होने पर भी दृढ दया करनेवाला और न्याय करनेवाला और नाश रहित है, वह एक ही है उसके समान दूसरा कोई नहीं है और जो कभी विकार को प्राप्त नहीं होता अर्थात् जिस परमात्मा का कभी अवतार आदि नहीं होता,ऐसे पद में पचा हुआ और पर्वतों सहित असंख्य पृथ्वियों को और असंख्य सूर्यों को बिना ही किसी आधार के धारण करनेवाला चर और अचर (जड़ और चेतन) में आकाश के समान राचा हुआ (व्यापक) है, टीकाकार बारहट कृष्णसिंह कहता है कि

अमित अगोचर अरूप वेद-जाचेकौं ।
भैरव भवानी आदि और भ्रमजाल ऐसे
काचेकौं न मानौं मानौं एक वह साचेकौं ॥ २ ॥

दोहा

निपुण पितू[1] अवनाड़के, धारि चरण हियधाम ।
तिम गुरु सीतारामकों, पूरण[2] करत प्रणाम ॥ ३ ॥
देवबानि[3]में आदिकवि, जिम हुव बल्मकँजा[4]त ।
सूर्यमल्ल भाषा सुकवि, ममम[5]तें तिमहिं मनात ॥ ४ ॥
चन्द आदि कवि चन्दसम[6], रहे सबहि हँतरोचि[7] ।
सूर्य सूर्य उद्गम[8] समय, पिक्खेजावत पोचि ॥ ५ ॥
रीति लच्छ गुन व्यङ्ग्य अरु, शब्द छन्द रचि शुद्ध ।
नाहिन कोऊ निर्बहे[9], बनि यहँरीति प्रबुद्ध[10] ॥ ६ ॥
केशव आदिक कविनके, पिक्खे बहुत प्रबन्ध[11] ।
सूर्यमल्ल रचना सदृश, सो न मिले दृढसन्ध[12] ॥ ७ ॥

जो परमेश्वर जन्म करके रहित (जिसका कभी जन्म नहीं होता) और जो कभी खंडित नहीं होता और सबका स्वामी है, जिसका कभी प्रमाण (माप या तोल) नहीं हो सकता, किसी के देखने में नहीं आसकता, रूप से रहित, और वेदों ने जिसका निश्चय किया है एक उस सच्चे परब्रह्म को मैं मानता हूं ; भैरव और भवानी आदि भ्रमजाल के समान कच्चे देवताओं को नहीं मानता ॥ २ ॥ १टीकाकार के पिता का नाम'औनाड़सिंह'(अनम्रसिंह)है २प्रणामके आठअंग(उरसा शिरसा दृष्टया मनसा वचसा तथा। पद्भ्यां कराभ्यां जानुभ्यां प्रणामोष्टांग उच्यते)हैं उन सहित किया जावे उसको पूर्ण प्रणाम कहते हैं३ संस्कृतके आदिकवि ४ वाल्मीकि मुनि हुए इसीप्रकार ५मेरेविचारसे भाषा के आदिकवि [आचार्य] सूर्यमल्ल हैंक्योंकि भाषा में अद्यावधि ऐसा ग्रन्थ किसीने नहीं रचा ॥ ४ ॥ ६ चन्दभाट आदि जो भाषाकवि हुए वे सूर्यमल्ल रूपी सूर्य के ८ उदय होने से दिवस के चन्द्रमा के समान ७ कान्ति रहित होगये ॥ ५ । काव्यप्रकाशादि साहित्य ग्रन्थों में रीति, गुण, लच्चण, व्यङ्ग्य आदि काव्य के अङ्ग कहेगये हैं उनको आदि लेकर शुद्धशब्दों का प्रयोग और शुद्धछन्दरचना का सूर्यमल्ल के समान १० विशेष विद्वान् बनकर कोई ९ निर्वाह नहीं करसके ॥ ६ ॥ ११ बहुत ग्रन्थ देखे १२ दृढप्रतिज्ञावाले नहीं मिले ॥ ७ ॥

किये सबहि गुन काव्यके, पुनि बहु विद्या पूर ।
भारत इतिहासिक भयो, सूर उदै यहसूर ॥ ८ ॥
शाण चढे विनु सुमनि[2] सुहु, पावत कहुँन प्रकाश ।
त्यौं टीका विनु ग्रन्थको, बनत न कबहु विकाश ॥ ९ ॥
तिनमैं हू यह[3] अति कठिन, बहुभाषाजुत बाद ।
बिनु टीका कबहु न बनैं, समझनको सब स्वाद ॥ १० ॥
याके समझनके अरथ, बहु जन बिकल बिचार ।
रची सुमित्रन प्रेरना, टीका करन तयार ॥ ११ ॥
करत सु यातैं याहिकी, उत्तम टीका अर्त्थ ।
जाके बल बाल हु जगत, समझन होंहिं समर्त्थ ॥ १२ ॥
कृष्ण सुकवि के वंशको, समझहु कथन समास ।
राजथान विच जो रहत, बिधि बिधि करत बिलास ॥ १३ ॥
जवन[10] मुहम्मद तुगलक जु, भो दिल्लिय भरतार ।
तानैं अतिशय रचि तुमुल[11], महि बेढिय[12] मेवार[13] ॥ १४ ॥
राणा गढलक्ष्मण[14] रहे, खल सम्मुह खिरि खेत ।
सुत तिनके अरिसिंह सुहु, निवसे नाकनिकेत[15] ॥ १५ ॥
अजय[16] अनुज अरिसिंहके, भये भूमिभरतार ।
सोहु गये दिव[17] कालवश, भुज हमीर[18] धरिभार ॥ १६ ॥
लै हमीर प्रभुता[19] लगे, महि जित्तन मेवार ।
पैं बल यवननको प्रचुर[20], जित्त न सके जुझार[21] ॥ १७ ॥

---

१ यह वंशभास्कर भारतवर्ष सम्बन्धी इतिहास का सूर्य उदय हुआ है ॥ ८ ॥ २ श्रेष्ठ मणि भी ३ वंशभास्कर ग्रंथ ४ वक्ता (ग्रन्थकर्ता सूर्यमल्ल) के वचन ५ सबको समझने का आनंद विना टीका के कभी नहीं आ सक्ता ६ उत्तम अर्थ के साथ टीका की जाती है ७ बालक अथवा मूर्ख भी ८ समर्थ ९ संक्षेपसे १० यवन ११ घोर युद्ध १२ घेरी १३ मेवाड़ (देश का नाम है) अर्थात् मेवाड़ की भूमि को १४ चितौड़ के महाराणा का नाम (गढ़लक्ष्मणसिंह) १५ स्वर्गस्थान १६ अरिसिंह का छोटा भाई अजयसिंह राजा हुआ १७ स्वर्ग १८ हमीरसिंह के १९ स्वामिपन २० बहुत २१ युद्ध करनेवाले वीर ।

तब निराश है निर्धन तकि, द्वारकेश प्रभु द्वार ।
किय प्रयान मग[1] द्वारिका, हियधरि लज्जा हार ॥ १८ ॥
मग जावत गुर्जर[2] मुलक, सुनि चारण जश सोर ।
ग्राम खोड[3] नामक गये, मिलन पितामह मोरं[4] ॥ १९ ॥
विक्रमाब्दे[5] ख ख वेद विधु१४००, आयें कठिन अनेह[6] ।
मेदपाट[7] तजि भूपमनि, गमने बारू[8] गेह ॥ २० ॥
कवि बारू आतिथ्य करि, रक्खे रान हमीर ॥
पलटाये संबोधि[9] पंहु[10], भयछुराय[11] ह्वै भीरं ॥ २१ ॥

षट्पदी

बारूमात विशद[12], किर्त्ति[13] धारक हित कारक ।
नाम बरवडी निपुन, आदि शक्ति सु अवतारक[14] ।
नृप नवघन कँहँ न्यौंति, चुलू ओदन[15] इक चाढिय ।
पृतना[16] सह दिय तृप्ति, बहुत अचिरज जग बाढिय ।
अभिधान[17] अन्नपूर्णा उचित, पाय तदिन[18] हुव जग प्रथित[19] ।
हम्मीर भूप वृत्तान्तयह, सुनि पहुँचे तिन्ह दरश हित ॥२२॥
पाय दरस पय परसि, नृपति निजदुःख निवेदिय ।
अम्बा[20] अक्खिय होहु, भूप शत्रुन बल भेदिय ।
धुरि जावहु निज मुलक, जुद्ध करि शत्रुन जित्तहु ।
रविकुल की तजि राह, विरचि निज घात न वित्तहु ॥
करजोरि नृपति विनती करिय, किंह बल[21] जीतौं शत्रु कँहँ ।
रन भिरन तुरंग[22] इक्क न रहिय, जुज्झन हित भट हू न जँहँ ॥२३॥

---

१ मरग २ गुजरात ३खोड नामी गाम में ४मेरे (टीकाकार के पितामह से) ५ विक्रम के सम्वत् ६ समय ७ मेवाड़देश ८ बारू नामक चारण के घर पर ९ समझाकर १० राजा को ११ सहायक होकर १२ उज्वल १३ कीर्त्ति १४ देवी का अवतार थी १५ एक कुल्हडी [छोटे से पात्र] में पस्सी भर चावल चढा कर राजा नवघण को संपूर्ण १६ सेनासहित तृप्त करदिया इस कारण से १७ अन्नपूर्णा नाम १८ उसी दिन से १९ प्रसिद्ध हुआ २० माता ने कहा २१ किस सेना से शत्रुओं को विजय करूं २२ एक भी घोड़ा नहीं रहा

मात कहिय मम पुत्त, नाम बारू अति निर्भय ।
नयपट्टु[1] धर्मनिधान[2], जाय करिहैं तावक[3] जय ॥
तरल[4] पंचशत५००तुरग, नृपति[5] बिनु-मूल्य निवेदहि[6] ।
जिम बाहुज[7] गन जोरि, दिर्घशत्रुन[8] बल भेदहि ।
तुम जाहु भूप पच्छे[9] तुरत, आवहिं यह कछुदिनन उत ।
लै विजय लहहु प्रभुता ललित[10], निखिलनतैं[11] बनिहो प्रनुत[12] ॥२४॥

दोहा

उत जो भूपति जालउर, कथ संबंध कहाय ।
सोनगरे चहुवान सन, जोरहु सगपन जाय ॥ २५ ॥

षट्पदी

दिय माता बरदान, सु लहि नृप हम्मै[13] सिधायउ ।
मेदपाट धर मांहि, प्रविसि प्रत्यय[14] यह पायउ ॥
मालदेव मंत्री सु, आय इम अरज उचारिय ।
विरचन हित संबंध, राव मुहि अत्त प्रचारिय ॥
करि स्वी[15] रु चलहु जालोर कहँ, सोनगरे अनुचर समुझि ।
कछु देश देहि दायज करि रु, भूप रहहु दुहुँ प्रीति भजि ॥ २६ ॥
इहिं अन्तर उत उमगि, सप्ति[16] शतपंच५००सत्थ सजि ।
बारू आयउ बेगि, भिन्टि[17] नृप हिन्तु[18] नेह भजि ।
जाय हम्म जालोर, पाणिपीडन[19] करि पच्छे ।
मुरि पत्ते[20] मेवार, गढ सु चित्तोर हि गैच्छे[21] ।
करि विजय करिय दुष्टन कदर्न[22], सदनै[23] अर्प्पै[24] अपनाय सुहि ।

---

१ नीति में चतुर २ धर्म ही है धन जिस के (धार्म्मिक) ३ तुम्हारा विजय करेगा ४ चपल ५ हे राजा बिना मूल्य ही ६ तुम्हारे भेट करेगा ७ इसी प्रकार क्षत्रियों का समूह जोड़कर ८ शत्रुओं की बड़ी सेना को भेदन करेगा ९ पीछे १० सुन्दर ११ सब से १२ विशेष स्तुति योग्य बनोगे १३ हम्मीरसिंह १४ विश्वास (सबूत) पाया कि १५ स्वीकार करके१६घोड़े१७मिल। १८से (महाराणा हमीरसिंह से)१९विवाह करते ही पीछे मुड़कर २०पहुंचे२१चित्तोड़गढ़ में गये२२नाश२४ अपने२३ घर को अपना करके

दिल्लीस भञ्जि दुस्सह दमियं[1], जमिय राज्य सीसोद जुहि[2] ।२७॥

दोहा

बुल्लि खोड़तैं[3] बरवड़ी, मन्नि इष्ट वह मात[4] ।
चित्रकोट[5] रक्खी चतुर, बलि हमीर बिख्यात ॥ २८ ॥
जब बिग्रह[6] छोरचो जननि, तब अतिही हित तान ।
अन्नपूर्णाके[7] अरथ, रचिय शिवाऽऽलय[8] रान ॥ २९ ॥
ममकुलके[9] इहिं मन्निहैं, इष्टदेव अनुसार ।
कहि[10] सेवा सामग्रिकों, दिय इक ग्राम उदार ॥ ३० ॥
वह मन्दिर अबहू उदित, सुखद चित्तगढ़[10] शीस ।
पुनि त्योंही इक उदयपुर, है किहिं[11] रचित महीस ॥ ३१ ॥
दरशनहित तिहिंठौं[12] सदा, आश्विन शुक्ल अनेह[13] ।
अबहू जावत वँहँ नृपति, नूतन[14] हिय धरि नेह ॥ ३२ ॥
दलि शत्रुनको दिग्घ[15] दल, चढि पब्बय चित्तोर ।
रविवंशिन पुनि राज्य रचि, जारचो जवनन जोर ॥ ३३ ॥
कारन लखि इहिं विजयको, बारू चारन बुल्लि[16] ।
कोटि दान दीनो स्वकर[17], तुलना वासव[18] तुल्लि ॥ ३४ ॥
तिहि बिच निवसथ[19] आँतरी, पुनि रवि१२ग्राम उपेत[20] ।

---

१ दण्ड दिया २ जो सीसोदियों का राज्य पहिले था वही पीछा जम गया ३खोड नामक ग्राम से बरवड़ी को बुलाकर ४ उस माता को इष्टदेव मानकर ५चीतोड़ पर रक्खी६जब माताने शरीर छोडा तब७अन्नपूर्णा(बरवडी का दूसरा नामअन्नपूर्णा था)के लिये महाराणा हम्मीरसिंहने८देवीका मन्दिर बनवाया९मेरे कुलवाले अन्नपूर्णाको इष्टदेव के सदृश(महाराणा के इष्टदेव तो एकलिंगेश्वर महा देव हैं उन्हींके अनुसार)मानेंगे यह कहकर पूजा की सामग्री के व्यय के अ-र्थ हम्मीरसिंह ने एक ग्राम भेट किया १० वह मंदिर अब भी चित्तोड़गढ के ऊपर है ११ किसी राजा (महाराणा) का बनाया हुआ अन्नपूर्णा (बरवडी) का एक मंदिर उदयपुर में भी है १२ वहां पर १३ आश्विन सुदी पक्षके समय में हृदय में १४ नवीन नेह धारण करके दर्शन करने को अब भी महाराणा जाते हैं १५ बड़ा १६बुलाकर १७अपने हाथ से१८इन्द्र की१९ग्राम (आंतरी नामक गाम) २० सहित बारह गामों के साथ

सहसपचीसन२५०००[1]आय सह, हित रचि बारू हेत ॥ ३५॥
बखसि रान मेवाड़ बिच, कविको बास कराय ।
[2]पैय मुत्ति[3]न पूजे प्रथि[4]त, भुव बिच सुयस भराय ॥ ३६ ॥
पोले[5]पात्र किय अप्पने, नृप हमीर शिर नाय[6] ।
कवि हु मुदित निज स्वान्त[7] किय, पीले अच्छत[8] पाय ।३७।
ग्राम खोड नामक सु गृह, जनपद[9] तजि गुजरात ।
बसि तबतैं मेवाड़ बिच, रान स्वामि ठहरात ॥ ३८ ॥
बारूको सनमान बहु, रान बढायो रीझि ।
उमरावन सम [10]अँदर्‍यो, पूरन नेह पसीजि ॥ ३९ ॥
बारू सन बुल्ले विदित, भूप [11]हँमीर सुभाय[12] ॥
हमरी संत[13]ति हृदयतैं, यह उपकार न जाय ॥ ४० ॥
ऐसो कोउक पद उचित, स्मार[14]कचिन्ह सदाहि ॥
सो तुम धारहु मोद[15] सन, यह मेरो मत[16] आहि[17] ॥ ४१ ॥
[18]हयसोदाके हेतु[19] हुव, यह उपकार [20]अनूप ॥
सोही सोदापद सदा, [21]भजहु कह्यो इम भूप ॥ ४२ ॥
तबतैं देथा[22]शाख तजि, धरि सोदा अभिधान[23] ।
[24]अन्ववाय बारू अबहु, मन्नत अपनो मान ॥ ४३ ॥

१आमदनी पचीस हजार रुपयों की वार्षिक आमद सहित २पग ३मोतियों से ४ प्रसिद्ध ५ अपने द्वार पर नेग लेनेवालों में पात्र ६ झुकाकर ७ मन ८ आखा ९ देश १०आदर किया ११ महाराणा हमीरसिंह ने १२श्रेष्ठभाव से बारू से कहा कि हमारी १३सन्तान के हृदय से तुम्हारा यह उपकार नहीं जावै ॥ ४० ॥ ऐसा कोई उचित पद जो सदैव तुम्हारे कियेहुए इस उपकार को १४स्मरण करानेवाला चिन्ह होवै वह तुम १५हर्ष के साथ सदैव के लिये धारण करो यह मेरी १६सम्मति १७है ॥ ४१ ॥ १८तुम पहिले से घोड़ों की सोदागरी (व्यापार) करते थे इसी १९ कारण से हमको पाँचसौ घोड़े इकट्ठे दे सके थे इसी से यह २० उपमा रहित उपकार हुआ है सो उसी सौदा (व्यापार) पद को तुम २१ सेवन करो ॥ ४२ ॥ बारू की पहिले २२ देथा नामक शाखा थी जिसको छोडकर बारू ने महाराणा हम्मीरसिंह की आज्ञानुसार २३ सौदानामक शाखा को धारण किया उसी नाम की शाखा को धारण करके २४ बारू का वंश अब भी अपना मान समझता है॥४३॥

[1]द्वारनेगतैं द्वारहठ, शब्द जुर्‌यो तिहिं सत्थ ॥
इम सोदाबार्हठ उचित, शाखा भई [2]समत्थ ॥ ४४ ॥
[3]शीसोदिन के नेग सब, पावत सुहि मुद पाय ॥
शाखा इकशतवीश१२० के, भये [4]मौलिमनि भाय ॥ ४५ ॥
रान दियो बारू अरथ, कोटि द्रव्य यश काज ॥
तिम बारू निज यश [5]तनन, किय उदार यह काज ॥४६॥
करि [6]ऐकत्रित [7]याचकन, मुद्रा लक्ख प्रमान ॥
[9]चित्रकूट चढिकैं चतुर, दिय [10]वदान्य बनि दान ॥ ४७ ॥
तादिनतैं याचक [11]संतत, सो आशय धरि शीस ॥
बारू [12]सन्ततिकौं अबहु, बोलत [13]लक्खबरीस ॥ ४८ ॥
बीर वदान्य रु [14]नय विदित, बारू भये विशेष ॥
तिनको यश जग वित्थर्‌यो, [15]दृढतर देश विदेश ॥ ४९ ॥
बारू१ के बाजूड़२ हुव, तिनके बला३ तेम ॥
पालम४ अरु हरिदास५ पुनि, जमणा६ वीर सु जेम ॥ ५० ॥
राजवीर७ अमरा८ नरू९ , उपजे क्रमसह [16]ऐस ॥
[17]मह विलसे मेवाड़महँ; निवहत रान [18]निदेस ॥ ५१ ॥
पाये बहु [19]शाँसण प्रथित, महत बढाये मान ॥
परत भार निज स्वामि पर, रचे निछावर प्रान ॥ ५२ ॥

मनोहरम्

महाराणा आदि शीसोदिया क्षत्रियों के १ द्वार(दरवाजे)पर हठ पूर्वक नेग लेने से द्वारहठ (बारहठ) कहलाये यह शब्द सोदा शब्द के साथ जुड़कर "सोदा बार हठ" नाम की उचित और २ समर्थ जुदी शाखा हुई ॥ ४४ ॥ वे ही सौदा बारहठ ३ शीसोदिया वंश के "राणावत" सब क्षत्रियों से आनन्द के साथ नेग (दस्तूर)पाकर चारणों की एक सौ बीश साखा प्रसिद्ध हैं उनके ४ मुकुटमणि की भाँति हुए ॥ ४५ ॥ ५ अपने यश को फैलाने के लिये ७ चारणों को याचना करनेवाले लोगों को, ६ इकट्ठे करके, ८ लाख रुपये, ९ चित्तौड़गढ पर चढके १० दातार (उदार) बनकर दिये ११ निरंतर १२ बारू के वंशवालों को १३ लाखबीस (लाख रुपये देनेवाले) कहते हैं १४ नीति में प्रसिद्ध १५ अत्यंत दृढ होकर फैला १६ ये १७ उत्सव १८ आज्ञा १९ उदक ग्राम

द्वीप ताप ऋषि इन्दु१७३७विक्रम समा[1] के बीच,
दिल्लीईश औरँग[2] चलायकेँ छेज्यो नहीँ ।
छोरि उदैद्रंग[3] रान राजसिंह अद्रिनमेँ,
जुरनौँ चह्यो जो भीत[4] भँजिकेँ भज्यो[5] नहीँ ।
लेत रह्यो नेग जिँहिँ द्वार[6]कौँ न छोरौँ कहि,
बारहठ नरू लरि भिरवे लज्यो नहीँ ।
म्लेच्छनकौँ मारि स्वामि लोँन[7]कौँ उजारि[8] अहो[9],
तंन[10]कौँ तज्यो पैँ निज पंन[11]कौँ तज्यो नहीँ ॥ ५३ ॥

दोहा

उदयभाण१० हुव नरु सुवन[12], बैंणाहेडै[13] रचि बास ।
राणा सेवन तजि रहे, उर धरि भाव उदास ॥ ५४ ॥
उनके भये किशोर११सुव[14], द्ढ तिनके सुत देव१२ ।
बने बहुतही बीरबर, शाहपुरेप[15] गहि सेव ॥ ५५ ॥
शाहपुरातेँ पुब्बदिश[16], गव्यूती[17] इक ग्राम ।
देवपुरा अभिधान[18] दृढ, पुनि खेड़ा उपनाम ॥ ५६ ॥
सम्वत तेरा धृति समय, छिति[19] वितान[20] यश छान ।

---

१ सवंत् में २ औरंगजेब महाराणा राजसिंह का विजय करने की शोभा लेने आया था वह शोभा प्राप्त नहीं हुई (शोभित नहीं हुआ) ३ उदयपुर, महाराणा राजसिंह ने बादशाह की फौज से घिरजाने के भय से उदयपुर को शून्य करादिया और पर्वतों में जाकर युद्ध करना चाहा ४ भय का ५ सेवन करके भगे नहीं थे, परंतु बारहठ नरू ने कहा कि जिस ६ द्वार (दरवाजा) पर हठपूर्वक मैंने नेग लिये हैं उस द्वार को ऐसे कठिन समय में नहीं छोडूंगा यह कहकर उदयपुर का शहर शून्य हो जानेपर भी औरंगजेब की सेना से लड़कर नेग पानेवाले उस द्वार से भी आगे बढ़के जगदीश के मंदिर पर काम आये [मारे गये] ७ अपने स्वामी का लवण खाया था उसको ८ उज्वल दिखाकर ९ आश्चर्य करनेवाला कार्य करके १० शरीर को छोड दिया परंतु अपने ११ प्रण को नहीं छोड़ा १२ पुत्र १३ मेवाड़ के उमराओं में एक ठिकाना है १४ पुत्र १५ शाहपुरा के पति की सेवा ग्रहण करके १६ पूर्वदिशा में १७ दोकोश (गव्यूतिः स्त्री क्रोशयुगमित्यमरः) १८ नाम १९ भूमिपर २० डेरा [तंबू] छाने के लिये

शाहपुरप उम्मेद सुहि, देव कविहि दिय दान ॥ ५७ ॥
अभ्युत्थानौदिक अरपि, बहु सनमान बढाय ।
पूजनीय किय अप्पने, चावल पीत चढाय ॥ ५८ ॥
पोलपात्र इम किय प्रथि, नृप उमेद धरि नेह ।
कवि शिविका आरूढ करि, गमन करायउ गेह ॥ ५९ ॥
देव१२कवीके सुत सदय, भये चमन१३ अभिधान ।
तिनके कीरतिसिंह१४तिम, बीर धीर दृढवान ॥ ६० ॥
कित्तिसिंहके सुत कुशल, उपजे भाग्य उदोत ।
जिन्ह अभिधा अवनाड१५जे, हितुन गुणाकर होत ॥६१॥
गुन वसु धृति१८८३वत्सर गिनहु, श्रावन शुक्ला दोज ।
भये प्रगट अवनाड़ सुव, आलयं अति मति ओज ॥ ६२ ॥
तिनके कृष्ण१६ सु मंदमति, रखैं कछुक कविराह ।
तिहँ कीन्हो साहस अतुल, अर्णवं मथन उछाह ॥ ६३ ॥

पद्धतिका

ऋतु व्यो नन्द विधु१९०६मित समौरु,
फग्गुन शुचि प्रतिपद१बुध सु चारु ॥
घटिका त्रयोदश१३ पल चउवीस२४,
सतभिषा ऋच्छे घटि अट्ठतीस३८ ॥ ६४ ॥
पल बाण अग्नि३५जानहु अवंच, शिवनामयोग घटि तीन पञ्च५३॥
सर तीन३५पलहु तापैं सुभाय, अरु कौलव नामक करन आय॥६५॥

---

१ उम्मेदसिंह ने, २ उपरोक्त ग्राम, ३ ताजीम आदि देकर ४ पीले ५ प्रसिद्ध ६ पालखी [नरयान] पर चढाकर ७ दयावान् ८ चमनसिंह ९ नामवाले १० गुणों की खान ११ अत्यन्त सामर्थ्य और बुद्धि के घर १२सो (तिनके कृष्णसिंह नामक मन्दमतिवाला जो थोड़ा सा कवियों का मार्ग रखता है) १३ बहुत १४ समुद्र के मथने का १५विक्रमी संवत् उन्नीस सौ छः १९०६ शालिवाहन शक१७७१ फाल्गुन(१६)सुदी एकम १ बुधवार घड़ी १३ पल २४ शतभिषा (१७)नक्षत्र घड़ी ३८पल३५ शिवनाम योग घड़ी५३ पल ३५ कौलव करण सूर्योदय से इष्ट घड़ी ५३ पल ५५ लग्न स्पष्ट ८ । २२ । ५४ । ५३ । सूर्य १० । ३

जन्मकुण्डलिका

सूर्योदयात घटि इष्ट एहु, त्रेपन५३ पल पचपन५५जानिलेहु ।
अरु लग्नस्पष्ट अष्ट८रुदुबीह२२, चौवन५४पुनित्रेपन५३हूसुहीह।६६
इहिं समय कृष्णकवि जन्म आसे, कायर अरु कृपनन दियन त्रास
सर५अब्दे रह्यो लालन अधीन, पुनि वर्णबोध निज मातु दीन ॥६७।
जब दश हायने वय जानलीन, पितु कियउ मोहि गुरुपद अधीन।
श्रीसीतारामाचार्य शुद्ध, पण्डितन शिरेमणि अरु अलुद्ध ॥६८॥
तिन्ह कृपा प्राप्त व्याकरण कोश, वयपाय कृष्ण कछु लहिय होश
अठतीस३८बरस वय करि उदार, इहिं गिनि असार धरि स्वर्ग प्यार
महि बाहु नन्द शशि१९२१ अब्द मान, अवनाड़ तात किय देह हान
पितु देह तजनको दुक्ख पाय, गृह कार्य लग्यो पठं सु विहाय॥७०
शाहपुर भूप लक्ष्मण सुजान, तिन मोहि लडायो सुत समान ।
पैं शास्त्र बाहु निधि इन्दु१९२६पाय, नृप तेहु गये देवननिकाय७१
तिन पट्ट लह्यो नाहर सुरीति, ते करत सदा गुन हिं प्रीति ।
भाग्यहितें पाये हम भुवाल, जे नित्य विडारक दुष्टजाल ॥ ७२॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू (" गद्यपद्यमयी वार्णा चम्पूरित्यभिधीयते । " अर्थात् जिस ग्रन्थ में गद्य और पद्य रूप वाणी होवे उस का नाम चम्पू है) के पूर्वायण के प्रथम राशि में परब्रह्म आदि की स्तुति रूप मंगलाचरण का पहला मयूख समाप्त हुआ ॥ १ ॥ अब कितनेक, कविता करने का मिलगया है समय जिनको, शब्दों की शुद्धि को न जाननेवाले, नहीं पढ़ा है छंद शास्त्र जिन्हों ने, प्रायः काव्य के गुण दोष और लक्षण लक्ष्यों के शत्रु, बहुत ही खंडबंड और उलट पलट करदिये हैं लक्ष्य और व्यङ्ग्यों को जिन्हों ने, कहीं विरुद्ध प्रतिपादन करनेवाले और छोड़ दिये हैं अन्त्यानुप्रास जिन्हों ने, ऐसे दिल्ली और गवालियर के बीच के देशों की पिंगलभाषा नामक लोकभाषा के कवि भी कविता मात्र करने के कारण स्तुति कियेजाते हैं ॥

१ शृङ्गार रस का २ सगा भाई ३ उत्पत्ति ४ रसरहस्य और ५ संग्रामसार नामक दोनों ग्रंथों की ६ खान ७ लक्षण ८ स्तुतियोग्य ९ छोटा भाई १० शृंगार रस की खान

कवि नृपकिसोर११सोपुरपुर पै छत्र गोरकुल उद्धरन ।
सामंतसिंह१२ अरु विरुद दुव२।१३ नगर कृष्णगढ धरनिर्धन ॥२॥
उदयनाथ१४ कवि कान्यकुब्ज कौसिकमुनि बंसिय ।
जिहिं कवीन्द्रउपटंक बुद्ध दिय ॥
द्विज कविदेवीदास१५ नाथ१६ ठकुर१७ किसोर१८ जिम
दुल्लह१९ घनआँनंद२० इन्द्रजित२१ बुंदेलहु तिम ॥
आलम२२ निवाज२३ पुष्कर२४ मधुप२५,
पुखी२६ ईस२७ सुकदेव२८ पुनि ।
वृंद२९ रु अतीत३० सूरति३१ बदन३२
चटुल३३ चतुर्भुज३४ चिमन३५ चुनि ॥ ३ ॥
भूपति कवि भगवंतसिंह३६ जसवंतसिंह३७ दुव २
कालिदास३८ अरु नीलकंठ३९ धनपति४० गरीब४१ धुव॥
कासीराम४२ कपूर४३ [illegible]ल४४ रघुराय४५ हरीहर४६
श्रीपति४७ कासीनाथ४८ [illegible]सिंह४९ सुन्दर५० बंसीधर५१ ॥
कविराम५२ सुखारख५३ गोप५४ कवि उद्धवराम५५ जमाल५६ अथ
मण्डन५७ मुकुन्द५८ मीरन५९ मदन६०
कृष्ण६१ नाम दंगडीसुकथ ॥ ४ ॥
गनिका श्लेषविगुंफ धनी सेनापति६२ त[illegible]व ।
रसपटु दलपतिराय६३ बनिक श्रीमालबंसभव
देवीराम६४ गुलाबराय६५ कविराय६६ रु रसखानि६७
बेनीराम६८ रु बासुदेव६९ नेही७० रु सिरोमनि७१
सिवरत्न७२ सिवाईराम७३ पुनि माथुर राधाकृष्ण७४ अरु
निर्मल७५ निहाल७६ रसराज७७ कवि

---

१ पनि २ गौड़ कुल के क्षत्रियों का उद्धार करनेवाला ३ विड़दसिंह ४ राजा [illegible]) ५ पदवी ६ बुधसिंह ने (७आनन्दघन ८ गणिका के [illegible] उस गणिका का पति १० वैश्य (बनिया) ११ श्रीमालियों के वंश से उत्पन्न १ रसखान

दयाराय७८ देवक७९ अगरु८० ॥ ५ ॥

रसिकवर[1] हृदयानंद८१ त्यौंहि विद्यारामा८२ऽऽहुयें[2][3] ।
रामकृष्ण८३ रसपुंज८४ धीर८५ हरिराय८६ धनंजय८७
महाकवि८८ रु कल्ल्यानपाल८९ धनसुख९० पुरान९१ पुनि
नल९२ कलंक९३ हरनाथ९४ गुजदेव९५ रु गनेस९६ गुनि
सिवपाल९७ धराधर९८ संभु९९ कवि जगन्नाथ१०० जदुबंसजनि
कवि दयालाल१०१ पद्माकर१०२ रु
मुरलीधर१०३ पुनि देवमनि१०४ ॥६॥

॥ सोरठा ॥

सुकवि बिप्र कमलेस१०५ गुनभटु दीनदयालुगिरि१०६ ॥
माथुरमिश्रगनेस१०७ बालकृष्ण१०८ माथुर बहुरि ॥ ७ ॥
चारन नरहरिदास१ कुंभकरन२ पूरन३ सुकवि॥
ईश्वरदास४ रु आसा[4]५बदरिदास६ हुकमेस[5]७ बलि ॥८॥

॥ षट्पदी ॥

मेघराज८ माहव९ मुरारि१० करनेस[7]११ काव्यकर ।
बदन१२ पितामह मम[8] त्यौंहि रसबीर समुद्धर[9] ॥
बहुरि बंक[10]१३ जिहिं मरुप[11] मान कविराज बजारिउ[12] ।
दान१४ जु बुंदियनृप उमेद कविराज पजारिउ[13] ॥
श्रीचाण्डदान१५ मम जनक[14] बुध[15] संस्कृत१ पिंगल[16]२ डिंगल[17] ३न
पीर१६ रु कृपाल१७ भैरव१८ प्रमुख[18] कविजन चारनबंसगन ।९।

॥ सोरठा ॥

दास[19]स्वरूप१९ दयाल२० प्रथित[20] उदय२१ चामुंड२२ पटु[21]।

---

१ रसिक २ विद्याराम नामक ३ पैदा हुआ ४ आशा नामक ५ हुकमाचन्द्र ६ पुनि ७ करनोदांन ८ मेरे (इसीप्रकार मेरे पितामह)अर्थात ग्रन्थकर्ता सूर्यमल्ल के दादा ९ वीर रस का उद्धार करनेवाला१० बांकीदास ११ मारवाड़ के पति मानसिंह ने १२ बजाया (कविराज प्रसिद्ध किया) १३ पद जड़ा (कविराज पद से युक्त किया) १४ पिता (ग्रंथकर्ता सूर्यमल्ल के पिता) १५ पण्डित १६ व्रजभाषा १७ मरुभाषाओं में १८ आदि १९ स्वरूपदास २० प्रसिद्ध २१ चतुर

सोदर[1] मम जयलाल२३ पौरानिक[2] इत्यादि पुनि । १० ।
मोतीसर[3] भरतेस१ चिमन२ नरायन३ पुनि चतुर४ ॥
गिनि उम्मेद५ गनेस६ बहुरि नंद७ इत्यादि कवि । ११ ।

॥ षट्पदी ॥

भट्ट[4] चंद१ रसबीरमूर्त्ति[5] छंदनको आरिसम
सद्दनको[6] नटसाल[7] कुसल कछुकछ प्राकृतक्रम ।
साह अकब्बर सभ्य[8] गंग२ भट्टहु गुनआगर
महापात्र नरहरि३ रु तनय हरनाथ४ तास बर ।
खुम्मान५ चतुर्भुज६ भंगड़७ रु संकर८ त्योंहि प्रताप दुव२।१०
गिरिधर११गनेस१२इत्यादि सब जे कवि भट्टन बंस[9] हुव॥१२॥
कवि अन्वय कायस्थ मान१ संकर२ हरि३ मधुकर४
गजानन५ रु गोपाल६ धर्म७ ब्रजनाथ८ चक्रधर९ ।
माली मदन१ मलूक२ रसिक ल्योकार[10] सु भैरव१
रत१नाम रथकार[11] भागु१ घटकार[12]जातिभव
सुख१ चित्रकार[13] धूसर सुजन१ कम१ नापित[14] मुष्टिक[15] कुलबि१
कुसल१ रु किसोर१ पट[16]१ चर्मकर[17]
रच्छपाल१ कुल डौंब[18] कवि ॥ १३ ॥

॥ सोरठा ॥

रामकृष्णाकवि बिप्र हम जु लिख्यो रसपुंज ढिग ।
सरस अलंकृत[19] छिप्र[20] काव्यकरी ताकी वधू[21]१ ॥ १४ ॥
आजिता१ वाणीअंस[22] सुंदरिका२ करनी३ सिरा४

---

१ सगाभाई (ग्रंथकर्ता सूर्यमल्ल का सगा भाई) इनको आदि लेकर २ चारण कुल के कवि जानो ३ चारणों के याचकों में एक जाति है ४ भाट ५ मूर्ति ६ अत्यन्त शत्रु ७ नहीं निकले ऐसा साल ८ सभासद ९ वंश १० लोहवार (लुहार) ११ सुथार (बढ़ई) १२ कुम्हार १३ चितेरा १४ नाई १५ सुनार १६ जुलाहा १७ चमार १८ ढोली १९ रसयुक्त और अलंकार सहित २० शीघ्र काव्य करनेवाली २१ स्त्री रामकृष्ण नामक ब्राह्मण की स्त्री २२ सरस्वती का अंश

बरजू५ चारनबंसकाव्यकरी इत्यादि तिय ॥१५॥
बोरी१ ओठबिहीनकंकाली२ पुनि कंजुली३ ॥
प्रमंदा काव्यप्रवीन भट्टनंकुल इत्यादि हुव ॥ १६ ॥
इंद्रजित जु बुंदेल भाख्यो घनआनंद ढिग ॥
पातुरि तस रसखेल रायप्रबीन१ कवित्व निधि ॥ १७ ॥
घनानंद अभिधान लिख्यो इंद्रजितके निकट ॥
पातुरि ताहि सुजान२दिल्लीपति दिन्नी कवि सु ॥ १८ ॥
आलमकवि जिहिं अर्थ जवनभयो ब्रह्मत्व तजि ॥
सेख१ सु काव्य समर्थ सतीरंग रंजक सुता ॥ १९ ॥
नाजर कमलानाथ१सहजराम२हारसुख३ सु कवि ॥
इत्यादिन सुभसाथ बंदौं नरबानी कावन ॥ २० ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणे प्रथम१राशौ लोकभाषाकविस्तवनं नाम द्वितीयो मयूखः ॥ २

अथ मन्मित्रप्रशंसोद्देशः ॥

दोहा

अक्षचरन कनभक्ष मत कल्पक कोटि नवीन ॥
श्रीनिवास१ आचार्य द्विजपण्डित सुहृद प्रवीन ॥ १ ॥
व्याकरनोदधिपोत बलि मैथिल बाबूनाथ२ ॥
दूजो२ केवलकृष्ण३द्विज हद्द कोटि इन्ह हाथ ॥ २ ॥
सरजूपारी द्विज कुसल गयादत्त४ गुनगोर ॥

---

१ काव्य करनेवाली २ बिना ओठ (ओष्ठ) वाली
३ स्त्रियां ४ भाटों (मागधों) के ५ प्रवीनराय ६ नामवाला ७ देश भाषा के कवियों को श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के पूर्वायण के प्रथमराशि में लोकभाषा के कवियों की स्तुति का दूसरा मयूख समाप्त हुआ ॥२॥ अब मेरे मित्रों की प्रशंसा का कीर्तन है ८ गौतम का मत न्याय और ९ कणाद का मत वैशेषिक १० नवीन कोटि * की कल्पना करनेवाले ११ मित्र १२ व्याकरण रूपी समुद्र की १३ नाव १४ पुनि १५ सीमा (कोटि की सीमा है इनके हाथ में)

---

* शुष्क तर्कनावाले शास्त्र के निर्णय को कोटि कहते हैं.

तीक्ष्णमेध[1] गोविंद५तिम मैथिल शाब्दिकमोर[2] ॥ ३ ॥
सफर[3] सिंधु साहित्यको बढि पटैत ध्वनिबीच ॥
सुहृद भवानीसंकर६ सु व्यास बिबुधै दाधीच ॥ ४ ॥
मम्मट१ न्याय२ कणाद३ मत पाणिनिमत४ बुध बीर ॥
अंबालाल७ दधीचकुल फतैलाल८ दुव धीर ॥ ५ ॥
काव्य१कोस२बलि व्याकरन३ ज्योतिष४पट मतिजोर ॥
बिप्र नन्हसर्मा९ बिबुध मित्र सुसीलन मोर ॥ ६ ॥
अध्यापक बलदेव१० बुध भूपगिराभण्डार ॥
किन्नों जिहिं कालापको[11] ध्वस्तजानि उ ार ॥ ७॥
मंत्री रामनरेसको नागर जीवनलाल ११ ॥
अमृत१२ अनुज तस यावनी[12] मंत्र नियुद्ध कमाल ॥ ८ ॥
सुधापानि बुध बैद्य द्विजकान्यकुब्ज केदार १३ ॥
बालकृष्ण१४ द्विज माथुरहु कवि नागरी[13]ऽकूपार[14] ॥ ९ ॥
कुल गौड़ रु दाधीचकुल नंद१६ हुंड १७क्रम नाम ॥
गुनी सुहृद[15] या ग्रंथके ये२ लिपिकर[16] अभिराम[17] ॥ १० ॥
राजसिंह रट्ठोरनृप मालव सीतांद्रंग[18] ॥
कुमर तास रतनेस१८ कवि सु ममसुहृद हितसंग ॥ ११ ॥
पहु[19] बलवंत१९ भनायनृप बंस कमंध[20]दुबाहु[21] ॥
बीर धीर सिवनाथ२० बलिनगर मसूदा नाह[22] ॥ १२ ।

१बुद्धिवाला २वैयाकरणोंकेमुकुट ३साहित्य रूपी समुद्र का मच्छ ४ व्यंजना वृत्ति से ध्वनि में पटाबाज (व्यंग्य से अर्थ प्रकट होवे उसका नाम व्यंजना है, कितनेक के मत से इसी को ध्वनि कहते हैं और कितनेक के मत से ध्वनि और व्यंजना दोनों साहित्य के जुदे जुदे अङ्ग हैं. ५ पण्डित ६ साहित्य ७ वैशेषिक ८ व्याकरण ९ पुनि १० पण्डित ११ कलाप व्याकरण (कातन्त्र) का १२ यवन सम्बन्धी (फारसी भाषा में) सलाह में और मल्लयुद्ध में कमाल (परमावधि करनेवाला)१३ नागरी भाषा का १४ समुद्र १५ मित्र १६ लेखक १७ मनोहर १८ मालवा देश में सीतामऊ नामक नगर १९ राजा बलवंतसिंह २० राठोड़ २१ दोनों हाथों से वाह करनेवाला २२पति

पुनि पत्तन कव्हेडपति[1] विष्णुसिंह२१ रठ्ठोर ॥
धौंकल२२ संगरिया[2] धनी जु रन१दैन२बरजोर ॥ १३ ॥
पटु पिप्पलिया ग्राम पति फूलसिंह २३ कछवाह ॥
पुनि भारत २४ सेवासुपटु बितरन उदधि अथाह ॥ १४ ॥
महासिंहहर जैतगढ पुर पति बुंदिय ढल्ल ॥
मेरो मित्र महीपको[6] सुभट हु दुर्ज्जन सल्ल २५ ॥ १५ ॥
माधँव साहिपुरेसके भ्रात इक रनजीत २६ ॥
भट दूजो २ भूपाल २७ पुनि ए दुवमित्र अभीत ॥ १६ ॥
नाथाउत चालुक्क निडर नगरपगाराँ नाह ॥
दुर्ज्जनसल्ल २८ हु ममसुहृद प्रभुंको[10] मुख्य सिपाह ॥ १७ ॥
महासिंहहर दच्छमति[11] गोकुल २९ सहेज[12] पवित्र ॥
बीर मुख्य बुंदीसको थानाँपति ममभित्र ॥ १८ ॥
गोवर्द्धन ३० ताको अनुज बहुरि हड्ड कल्यान३१ ॥
हरदाउत रु जदुजनैन[13] माधव सीलनिधान३२ ॥ १९ ॥
च्यारि४सुभट नृपरामके बितरन हितैंरन बीर ॥
भिराडरपति गर्जैकेतुगति[15] सगताउत हम्मीर१ । ३३ ॥ २० ॥
सगताउत ज्यौंहीं सुघर पिप्पलियापुर नाह ॥
हमतसिंह२।३४ कुंस[16] तिग्म मति[17] समर अजेय सिपाह ॥२१॥
दुव२ कबंध[19] इककैलवा पति माधव अनुजात[20] ॥
पदमसिंह३ । ३५बीरम४ । ३६ बहुरि निम्महडापति ख्यात॥२२॥
पुररतलाम नरेसके सुभट तीन३ मतिमान ॥
बखतावर१ । ३७ अभिधान[21] इक सोनगिरा चहुवान ॥ २३ ॥

---

१ पुर२ काधेड़ा नामक ग्राम का ३ सांगरया नामक ग्राम का ४ दानका ५ बुन्दी के राजाका ६ उमराव ७ माधोसिंहका ८ सोलंखी ९ मित्र १० स्वामि (बुन्दीपति) का ११ चतुर १२ स्वभाव से १३ यदुवंशी दानके और १४ युद्ध के लिये वीर १५ भीष्मकी १६ डाभके समान १७ तीक्ष्ण बुद्धिवाला १८ युद्धमें १९ राठोड़ २० छोटा भाई २१ नाम

हुव२ कबंध इक श्रवन पति जोरावर२।३८ अरिकाल ॥
सिवगढपति त्यौँही सुजस गाहक मन गोपाल२।३९॥२४॥
पुनि जोताईग्राम तिम बुध कबंध बलवंत४० ।
बदनमल्ल४१ त्यौंही बनिक सचिव भनाय सुमंत ॥ २५ ॥
चारन सप्तक७ मतिचतुर बिदित कोटिरसबीर ।
रामकरन१।४१ मेहडू रसिक पुनि अड्ढा कवि पीर२।४२।२६।
बुधं भवान३।४३ महियार बंलि बखतावर४।४४ बरबच्छ ॥
रोहड़ दुर्गादत्त५।४५ अरु लछमन६।४६ चतुर७।४७सुलच्छ।२७।
तीन३ भट्ट हनुमंत१।४८ पुनि रामनाथ२।४९ मति इद्ध ।
सिरोहियारनजीत३।५० कवि सुचिरस पुंज प्रसिद्ध ॥२८॥
पहिले नृपके सचिवपट्ट हुव मोहन धात्रेय ।
तासभ्रात सुहृद सु रतन५१ मनरन लरन अभेय॥२९॥
नरपति धात्रेई धनी प्रभु निये गैं प्रतिपाल ।
किल्लादार सु दुर्गको निपुन नंदजुतलाल ५२ ॥ ३० ॥
इंगरेजमत बैद्य इन हदमति बखसहुसैन५३।
इत्यादिक मममित्र गन रहहु सुखी दिनरैन ॥३१॥
सत्रुजन हु होवहु सुखी मैं जिम गुननगरीयँ ।
सहिसहि जिनके वज्रबच भयो सर्वदेसीय ॥३२ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणे प्रथम१राशौ मित्रादीष्टशंसनं नाम तृतीयो मयूखः ॥ ३ ॥

१गाम का नाम है २परिहत ३राटोड़ ४बनिया ५वीर रस की कोटि में ६चारणों में एक शाखा है ७ चारणोंकी जाति में आढा नामक एक शाखा है ८ पण्डित ९ चारणों में एक शाखा है १० पुनि ११ श्रेष्ठ छातीवाला १२ रोहड़िया कुल का चारण १३ श्रेष्ठ लत्तण युक्त १४ भाट (मागध) १५ निर्मल १६ शृंगाररस का समूह १७ धाय का पति (धाऊ) १८ मित्र १९ अपरिच्छेद (अटूट) २० आज्ञा का २१ नन्दलाल २२ वैद्यराज २३ हुसेनबक्स जिनके वज्र रूपी २५ वचन सह सहके मैं सर्वदेशी और गुणों से २४ बड़ा हुआ तैसे ही शत्रु भी सुखी होवें ।

श्री वंशभास्कर महाचम्पू के पूर्वायण के प्रथम राशि में मित्रों को आदि

अथ च मया ग्रन्थाऽवसाने स्वोत्पत्तिविस्तरं विवर्णयिषुणा तावत्संक्षिप्य कविवंशो वर्ण्यते ॥

दोहा

पृथुनृपके बिधिसत्रतें प्रगटे मागध१ सूत२ ।
देस मगध३ आनर्त्त४ दिय पृथु इन्हअर्थ प्रभूत ॥१॥
बंसवृत्ति दिय मागधहिं१ सूतहिं२ पुण्य पुरान ।
काव्यवृत्ति सामान्य किय पूजन दुहुन२ प्रमान ॥२॥
संतति जानहु सूतकी रुचिर कल्पतर रूप ।
वृखंचारन चारनबजत ईस निदेस अनूप ॥३॥
जो भूरुह चारन जनन पाटव बिद्यापत्र ।
आलवाल नृपजन इहाँ आदर सलिल अमत्र ॥४॥
भाखाखट६ किसलय सुभग मति आमोद अमंद ।
काव्य बिरुद [illegible]सित कुसुम रसनव९ मधुर मरंद ॥५॥
पठित बीररस पुलककर उदित पराग अछेह ।

लेकर इष्टजनों के वर्णन का तीजा मयूख समाप्त हुआ ॥ ३ ॥

अब ग्रंथ के अंत में अपनी उत्पत्ति का विस्तार पूर्वक वर्णन करने की इच्छावाला मैं पहले संक्षेप से कविवंश वर्णन करता हूं. महाराज पृथु के (१) विधियज्ञ से मागध और (२) सूत ये दो उत्पन्न हुए, [illegible]न में से पृथु ने मागध को मगध और सूत को आनर्त [(३) द्वारका प्रांत] देश (४) बहुत धन के साथ दिये ॥ १ ॥ मागध को (५) वंशावली लिखने की और सूत को (६) पवित्र (७) पुराण बनाने व सुनाने की वृत्ति दी, और दोनों सत्यवक्ताओं का पूजन करके काव्य वृत्ति दोनों को बराबर दी ॥ २ ॥ सूत के वंश को (८) सुन्दर (६) कल्पवृक्ष के समान जानो जो ११ महादेव की अनुपम (१२) आज्ञा से (१०) नन्दिकेश्वर को चराने के कारण से चारण कहलाते हैं। ३। उस चारण कुल रूपी (१३) वृक्ष के (१४) चतुराई और विद्या तो पत्र, राज लोग ही आलवाल [(१५) वृक्ष की जड़ में जल ठहरने का गोल कूंडा]आदर ही जल सींचने का (१६) पात्र ॥ ४ ॥ छहों भाषा ही (१७) कौंपलें, सुन्दर बुद्धि ही [१८] सुगन्ध का आनंद, काव्य और [१६] उत्साहवर्धिनी स्तुति ही (२०) फूले हुए [२१] पुष्प, शृंगारादि नव रस ही मीठा [२२] पुष्परस ॥५॥

भेटकरि भीरुलरावनौं याद्रुमको फल एह ॥६॥
बिनुराजालय यह बिटप मरुगत मीन रहैन।
राजनिलय फुल्लित फलित अधिकहोत सुख अैन ॥७॥
सु तरु नृपन करि डहडहो सघन छयो छितिसीस।
पृथक तास साखा पृथुल बढी एकसतबीस१२० ॥ ८ ॥
तिनबिच साखा चतुरतर इक१ मीसण अभिधान।
चंडकोटि कवितैं चली सूरिन लहि सनमान ॥९॥
भाखाखट६ मिश्रेण भणिति बदि जिन्ह जित्ते बाद ।
उनको मिश्रणनाम इम हुव सु लाछनिकन्हाद ॥१०॥
प्राकृतबिच सो सब्द परि हुव मिस्सण भुवख्यात ।
मीसण इम देसीयमें प्रकट्यो सुहि छबिपात ॥११॥
तिहिंपद अंकित बित्थरिय साखा यह मतिसुद्ध ।
तामें कवि ईश्वर१ भये प्राकृत कथन प्रबुद्ध ॥१२॥
जिनके सम्मुह कोसदुव२ मुदजुत भोजकुमार।
बुंदी सैन सुरजनतनय आयो हितअनुसार ॥१३॥
उत्तरि मिलि आश्लेषजुत लैगो नगर बधाय।
पुनि पुरकासी जनकपहँ पहुँच्यो आयस पाय ॥१४॥
तत्थ घट्ट मणिकर्णिका तँहँ सचेत तजिदेह ।

रोमांच करनेवाले पढ़ेहुए बीर रस का कहना ही [२३] पुष्परज,और [२ कायर लोगों को (१) वीर बनाकर लड़ा देना ही इस वृत्त का फल है ॥ ६॥ राजाओं के [३] घर बिना यह (४) वृत्त [५] मरुस्थल में गई हुई मच्छी के समान नहीं रहता, राजाओं के [६] घर में ही पुष्पित फलित हो कर अधिक सुख का घर होता है ॥ ७॥ उस वृत्त को राजाओं ने हरा भरा करके भूमि पर गहरा छाया है, उसकी [७] जुदी२ (८) बड़ी १२० शाखायें बढ़ीं ॥ ८॥ उन में (९) अत्यंत चतुर[१०] मीशण नाम की एक शाखा चंडकोटि नाम के कवि से (११) पण्डितों से सन्मान लेकर चली है ॥९ ॥ छहों भाषाओं को (१२) मिश्रित [मिली हुई] भाषा कहकर जिन्होंने शास्त्रार्थ जीता, इस प्रकार उनका नाम मिश्रण हुआ[१३] सो१४ लक्षण [१५]युक्त शब्द है ॥ १०॥[१६] चिन्ह युक्त१७ पण्डित १८ से१९ छाती भिड़ाकर [बाथ भरकर]२० पिता के पास

सुरजननृप सुरपुर गयो भोज भयो नृपएह ॥१५॥
कवि ईश्वर हित नृप तदनु[1] बिसथ[2] बारह१२ दत्त।
बीतिं[3] तरल[4] चालीस ४० बालि मदकल[5] दुव२ गज मत्त॥१६॥
मय[6] अट्ठारह१८ रजतमय[7] मुद्रा लक्ख१०००००प्रमान।
आवतजात[8] अनेईके उभय२हि अभ्युत्थान[9] ॥१७॥
रुचिर[10] खास इक१ तुरग रथ सुभ सिबिका[11] इक दिन्न।
पुनि मुत्तिनै[12] पयपुजिकै पोरिपात्र[13] निज किन्न॥१८॥
दिय नृप सिबिकादंडकै अंघ्रिचार[14] निजअंस[15]।
ईश्वरकवि डेरनअवधि पहुँचाये सप्रसंस[16] ॥१९॥
बुंदीपतिकी वृत्ति इम पटु[17] ईश्वरकवि पाय ॥
इहनके चारनभये अच्छत[18] पीत उठाय ॥ २० ॥
कविईश्वर सुत हुव सुकवि धीधन[19] साँवलदास२ ॥
साँवल सुत भूपाल३ हुव रामदास४हुव तास ॥ २१ ॥
रामतनय आनन्द५हुव बलउद्धत रनबीर ॥
नवलराम६आनंदसुत[20] तास चतुर्भुज७धीर ॥ २२ ॥
बदन८चतुर्भुज तनय हुव पिंगल[21]१डिंगल[22]२पूर ॥
विष्णुसिंह बुंदीसनृप सनमानिय मतिसूर ॥ २३ ॥
रोसूंदा निबसथ[23]-दयो बहुबिध मानबढाय ॥
करी[24]चढाये बदनकवि पय निजखंध दिवाय ॥ २४ ॥
कालांतरगत[25] दुव[26]२हि दिय अभ्युत्थान[27] सनेह ॥
पयचर[28] भूप हरोलं[29]ह्वै पहुँचाये कविगेह ॥ २५ ॥
बदन सु कवि सुत कविमुकुट अमरगिरा[30]१मतिमान ॥

---

१ जिस पीछे २ ग्राम ३ घोड़े ४ चपल ५ मद झरते हुए ६ ऊंट ७ चांदी के रुपये ८ समय ९ ताजीम १०सुन्दर११पालकी१२मोतियों से१३पोलपात [अपने द्वार के नेग `` वालों में पात१४चरण [कदम] तक१५अपना कंधा१६प्रशंसाके साथ१७ चतुर १८ अच्छत १९ बुद्धि ही है धन जिसके ऐसा पंडित२०पुत्र २१ व्रजभाषा २२ मरुभाषा २३ग्राम २४ हाथी पर २५ बहुत समय की गईहुई २६ दोनों ही २७ ताजीम २८ पैदल होकर २९ आगे ३० संस्कृत में बुद्धिमान्

पिंगल२डिंगल३पटु भये धुरधर चण्डीदान ९ ॥ २६ ॥
रवि साहित्य सरोजके रनसुभके रोलंब ॥
तत्वबोध वैराग्यनिधि अरु स्वधर्मपिक अंब ॥ २७ ॥
जियतमुक्त हुव रामनृप जिनकी संगतिपाय ॥
दिन्नौं गुरुपद१मित्रपद२ है पंडित हित लाय ॥२८॥
तिनको सुत रविमल्ल१०कवि कवि१ बुध२ भक्त३न दास।
बंदि चरन जुग२जनकके करत प्रबंध प्रकास ॥२९ ॥
दोला१ सुरजा२ विजयिका३ जसा४ रु पुष्पा५ नाम।
पुनि गोबिंदा६ षट६ प्रिया अर्कमल्लकवि बाम ॥ ३० ॥
भ्राता कविरविमल्लको लघु सोदर जयलाल।
पाणिनीय१ बुध धर्म२ पटु विद्या३बिनय४ बिसाल ॥ ३१॥
अग्रज तस रविमल्ल यँहँ नृपके मुख्यनिदेस।
समुझावन प्राकृतसहित बरनत बंस बिसेस ॥ ३२ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणे प्रथम१राशौ संक्षिप्य कविवंशवर्णनं नाम चतुर्थो मयूखः ॥ ४ ॥

अथ प्रबन्धप्रारम्भः ॥

दोहा

होहु सदय हेरंब१कौं बंदन बारंबार ॥
देहु सुमति निजदासकौं बहुबिध बिघन विदार ॥१॥
बिधितनया१कौं नमत बिधि पूजों अंजलिपानि ।

---

१ कमल (साहित्य रूपी कमल) के २ पुष्प ३ भ्रमर अपने धर्म रूपी ४ आंब में ५ कोयल ६ जीवन्मुक्त७ ग्रंथकर्ता सूर्यमल्ल ८ ग्रन्थ ९सूर्यमल्ल की १०स्त्रियां ११सूर्यमल्ल का१२ छोटा सगा भाई १३व्याकरण में १४ पण्डित १५ चतुर १६ आज्ञा से

श्री वंशभास्कर महाचम्पू के पूर्वायण के प्रथम राशि में संक्षेप से कवि वंश वर्णन का चौथा मयूख समाप्त हुआ ॥

अब ग्रंथ प्रारंभ होता है ॥

१७ दया से युक्त ऐसे १८ गणेश को १९ सरस्वती को २० हाथ जोड़कर

सरदइंन्दु छबि सारदा उकति देहु नव आनि ॥ २ ॥
बंदौं स्फोट३ बिसेस करि मति१ कृति२ संगति३ मूल ।
सबदब्रह्म किंकर समुझि करहु दया अनुकूल ॥ ३ ॥

मनोहरम्

प्रथम अकार१ है उकार २पुनि है मकार३
प्रनव भयो जो मानि रचन जिहानकौं ।
अँच दसच्यारि१४ हल तीसतीन३३ है भयो
ब्रह्मअंड सकल प्रकासत प्रमानकौं ॥
प्रानीकौं प्रचारैं च्यारि४बानीकौं निमित्तकरि
सूचक समस्तको लखावैं निज थानकौं ।
गूढ औ अगूढ बिना जाके जगमूढ यातैं
ह्वैकैं सावधान बंदौं साचे सावधानकौं ॥ ४ ॥

१शरद के चंद्रमा जैसी है छबि जिसकी ऐसी २हे सरस्वति ३ नवीन।२। विशेष कर के शब्द को नमस्कार करता हूं जो बुद्धि रचना और संगति [संबन्ध अर्थात्४ शब्दार्थ का संबन्ध]का मूल है वह ५ हे शब्दरूपी ब्रह्म मुझको दास जानकर अनुकूल हो कर दया करो ।३। जो शब्दरूपी ब्रह्म पहले अकार उकार और मकार रूप होक र तीनों से ६ॐम् ऐसा प्रणव [ब्रह्म स्वरूप हुआ जो संसार को ग्रंथ स्वरूप मान कर चौदह७ स्वर और तेतीस ८ व्यंजन रूप हुआ ९ और ब्रह्माण्ड स्वरूप होके संपूर्ण प्रमाणों (प्रत्यक्ष, अनुमान, शब्द, उपमान, अर्थापत्ति और अभाव) को अर्थात् चारों वेद, छहों वेदांग, छहों शास्त्र, अठारहों पुराण और इतिहास आदि सब का१० प्रकाश करता है और चारों वाणी अर्थात् परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी, इनमें से जो मूलाधार चक्र से पहले पहल उठती है वह तो परा है, और वही हृदय स्थान को प्राप्त होवे तब पश्यन्ती, वही बुद्धि में आवे तब मध्यमा और वही मुख और नासिका द्वारा निकल कर प्रत्यक्ष होती है तब वैखरी है। इन चारों में से प्रथम की परा और पश्यन्ती को तो योगी ही प्रत्यक्ष कर सकते हैं और मध्यमा व वैखरी मनुष्यों के प्रत्यक्ष होती हैं इन दोनों में भी जो मुख द्वारा शब्दात्मक वा वर्णात्मक निकलकर बोलने में और सुनने में आती है वह वैखरी है। इन चारों वाणियों को निमित्त अर्थात् उत्पत्ति मात्र का कारण बनाकर प्राणी मात्र को व्यवहार में लगाता है और संपूर्ण वस्तु मात्र को जनाकर अपने स्थान को दिखाता है अर्थात् ब्रह्मपद को प्राप्त करता है।और जिस११ गुप्त नाद रूपी और प्रत्यक्ष शब्द रूपी ब्रह्म के बिना संसार मूर्ख

दोहा ॥

हरि१ कमला२ ईश्व३ उमा४ गो मे५ कपिल६ कणाद७ ॥
व्यास८ पतंजलि९ जैमिनि१० रु पाणिनि११ करहु प्रसाद ॥५॥
मूलसक्ति१२ जगदृगमिहिर१३ बंदि इत्यादिन बंदि ॥
कछुक आधुनिक भक्तकुल अब प्रनमत आनंदि ॥ ६ ॥

मनोहरम् ॥

उत्तर अवंतीतैं[9] जमालय[10] त्यौं पुरतैं
आखंडलआसा[11] अद्रिअर्बुदतैं[12] आनिये ।
सोपुरतैं अस्तंघा[13] उदैपुरतैं ईसअ[14]र
ज्यौंही आगरेतैं जातुधाननघा[15] जानिये ॥
पुष्करतैं बं[16]घा सिहोरतैं अनिल[17]ओर
पारिजात[18]पब्बयके कटंक[19] प्रमानिये ।
पाटवप्रजापतिको नाकं[20] नाकहूको छिति
मण्डलको छोगा बुंदीनगर बखानिये ॥ ७ ॥

दोहा ॥

जाके जनपद[21] पुण्यथल पत्तन[22] पद्दनि नाम ॥
खटपुर पुनि चम्मलिसरितैं[23] जंबुमार्ग बनधाम ॥ ८ ॥
इहनकरि विख्यात हुव इडवती यह देस ॥
चाहुवान कुलचक्र[25]को रवि जह रामनरेस ॥ ९ ॥

है उस सांचे सावधान (शब्द रूपी ब्रह्म) को मैं सावधान होकर नमस्कार करता हूं ॥ ४ ॥ १ विष्णु २ लक्ष्मी ३ शिव ४ पार्वती ५ संसार के नेत्र रूपी सूर्य ६ पुनि ७ इस समय के ८ नमस्कार करता हूं ९ उज्जीण से १० दक्षिण में ११ पूर्वदिशा में १२ आबू पर्वत से १३ पश्चिम की तर्फ १४ ईशान कोण में १५ नैऋत्य कोण में १६ अग्निकोण में १७ वायुकोण में १८ आडावळा पर्वत के १९ घेरे में २० स्वर्ग का भी नाक(नासिका) २१ देश में २२ पुर २३ नदी २४ तीर्थविशेष २५ गण

---

*"माला अच्छर माधुरी अब गुम्फत आनन्दि ॥६॥" वुन्दी मे इस ग्रथ की असल प्रति है उसमे इस दोहे के उत्तरार्ध के ये दो चरण लिखेहुए है और इस उत्तरार्धके ऊपर महीन अक्षरो मे उत्तरार्ध मूल मे लिखाहुआ है. आगे 'आधुनिक भक्त कुल का वर्णन' इससे ज्ञात होता है कि ग्रन्थकर्ता की इच्छा आधुनिक भक्त कुल के वर्णन करने की थी परंतु किसी कारण से नही होसका इससे यह त्रुटि पाईजाती है.

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणे प्रथम१राशौ पुन र्मङ्गलपूर्वकनृपदेशराजधानीलक्षणासूचनं नाम पञ्चमो मयूखः॥५॥

षट्पदी

बानीको[1] सरवस्व पुरीबुंदिय प्रसिद्ध जँहँ ॥
रामसिंह नरनाह इड चहुवान[2] हेलि तँहँ ॥
धर्म नीति धुरधरन सरन संगत[3] जयपंजर[4] ॥
[5]दरीति सिर बहन दहन अघतिमिर दिवाकर[6] ॥
सेना समाज सो [illegible]य धरत करत प्रजापालन सुमत ॥
धनुबान खग्ग साधन सहित क्षात्रधर्म अभ्यासरत ॥ १ ॥
प्रीतिकरत पण्डितन[7] कविन सादर सनमानत ॥
बिद्याबाद बिदग्ध स्वाद कविताऽमृत जानत ॥
षट६नास्तिक परिखण्डि मण्डि मत निगम चउद्दिस४ ॥
अरि अदण्ड बहु दण्डि छण्डि पुनि दिय निवारि रिस ॥
चउ४बरन च्यारि४आश्रम चलन सोधि करिय निज निज सरनि[8]॥
उदयाऽद्रि बिंदुमति[9] दुग्गपर तपत अनलं[10]अन्वय तरनि[11] ॥२॥
जँहँ केतन[12]बिच कंप चक्कबाकहि[13] बियोगबस ॥
बंधन सर[14] बापी[15] रहत कैतव[16] मृगयारस ॥
नीचगामि जँहँ नीर चलन भाँवन व्यभिचारी[17] ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के पूर्वायण के पहले राशि में फिर मंगला चरण के साथ राजा के देश और राजधानी के लक्षण जनाने का पंचम मयूख समाप्त हुआ।

१ सरस्वती का २ सूर्य (चहुवाणों का सूर्य) ३ मित्र (शरणागतों के मित्र) ४ पींजरा ५ पाप रूपी अंधेरे [illegible] ६ सूर्य ७ पंडित ८ मार्ग में ९ बुन्दी न[illegible]र १० अग्निवंश के ११ सूर्य

अब यहां पर ग्रंथ कर्ता, विरोधाभास से अपने स्वामी रामसिंह के राज्य का वर्णन करते हैं।

जहां कंप केवल १२ ध्वजा में ही है और वियोग [illegible] वश १३ चकवा चकवी हैं। बांधना १४ तालाब और १५ बावड़ियों में और १[illegible] ठगने का व्यवहार केवल शिकार में ही होता है. नीच गामी जहां पर केवल पानी ही है।१७व्याभिचारिपन

स्वानजात परसंद्म बातें स्वच्छंदविहारी ॥
सन्मार्ग रहत उल्लंघि श्रुति छिदत पटहिं लहि सूलछत ॥
इक तैर्यकर्म चित्तहिं हरन राज्य रामनृप आचरत ॥ ३ ॥
चापल नारिन चच्छु बचन ननें सुरत समागम ॥
धर्म सुनैंविनु बधिर धमनि धुक्षित नाडिंधम ॥
दुर्ब्बल जुवतिन उदर थाप आघात मृदंगन ॥
दोषाकर कुमु सें मत्तभाव सु मातंगन ॥
लूतांहि छिपावत द्रव्य निज कुच कठोरभावहिं धरत ॥
इक लूट पुण्यलूटन उचित राज्य रामनृप आचरत ॥ ४ ॥
महत प्रकृति मिटवाय करत ज्ञानहि गुन कर्त्तन ॥
इक अरघट्ट घटीन उच्चनीचन परिवर्त्तन ॥

नव रसों के संचारी भावों में ही है अन्य जगह कहीं नहीं । पराये १ घर पर केवल कुत्ता ही जाता है २ स्वतंत्र चलनेवाला एक ३ पवन ही है, और ५ श्रुति (वेद) पक्षे कर्णों का उल्लंघन करके केवल ४ बाण ही रहता है छिदने में शूल कांटा का ७ घावलेकर केवल ६ वस्त्र ही छिदते हैं और ८ चौरी का कर्म केवल पराया मन हरण करने में ही होता है अर्थात् उपरोक्त कर्म उपरोक्त वस्तुओं में ही होते हैं इन को छोड़कर अन्य स्थानों में कहीं नहीं होते इस प्रकार का राज्य महारावराजा रामसिंह करते हैं अथवा रामसिंह के राज्य में उक्त व्यवहारों का आचरण उक्त पदार्थ ही करते हैं अन्य नहीं ॥३॥ स्त्रियों के ९ नेत्र ही चपल हैं १०नहीं नहीं यह वचन केवल स्त्री पुरुषों के ११ संगम में ही होता है विना धर्म सुने १२बहिरे मनुष्य ही रहते हैं १३धमण(धोंकनी)पक्षे शरीरवर्ती जीवसाक्षिणी नाड़ी को १४सुनार ही धमता है दुर्बलता स्त्रियों के उदर में ही है थपड़ की चोट मृदंग पर ही पड़ती है १५ दोषाकर चन्द्रमा का नाम है पक्षे दोषोंकी खानकेवल १६चन्द्रमा ही है,उन्मत्त हास्तियों में ही है,अपने द्रव्य (जाला बनाने के तन्तु) को केवल १७मकड़ी ही छिपाती है और कठोरता को स्त्रियों के कुच ही धारण करते हैं लूट करने में पुण्य की लूट करना ही उचित समझते हैं रामसिंह ऐसा राज्य करते हैं ॥ ४ ॥ जगत् के कारण (१८माया जाल जिससे बारंवार जन्म मरण होता है) को मिटाकर केवल ज्ञान ही गुण (सत्व,रज, तम) को१९काटता है और नीच से ऊंच और ऊंच से नीच होने का पलटा केवल रँहट की घड़ियों में ही होता है, जड़ (जल) पक्ष में मूर्ख का संग

सफरादि[1]न जडसंग जीह जाचक इक चातक ॥
अखिलादनकर[2] अग्गि[3] घोर सु[4]हि आश्रयघातक ॥
बिपरीत चित्रकाव्यन बिहित सर[5]हि छोरि गुन निस्सरत ॥
वृष सिंह बैर रासिन रहत राज्य रामनृप आचरत ॥ ५ ॥
उदर बिदारित अवनि[6] स्यामआनन गुंजाफल[7] ॥
कलाघटन ससिकर्म्म कटन बिघटन बिधि कस्मल[8] ॥
सहत लोहसंताप ब्रह्मचारी तियबर्जित ॥
निहकिंचन[10] संन्यस्त[11] नर्म्म[12] होरिन मँह अर्जित[13] ॥
कृपनत्व भूमि अरि बसकरन सर्प बक्रगति अनुसरत ॥
गोपय नि—र बच्छहि करत राज्य रामनृप आचरत ॥६॥
पद्मादि[14]कँ परके स आत लट्टन इंदिदिर[15] ॥
तउ न बराट[16]कँ मिलत सोहु बंधन पावत चिर ॥
पा—वृद्धि पुनि दूर सो[17]मँ इक रहत मित्रसन ॥
ऊपर बढि पुनि अधर गिरन ग्रहगन तारागन[18] ॥

---

१ मछली ही करती है और य-चकपन केवल पपीहा (पक्षी विशेष) की जीभ में —ी है, २ सर्वभक्षी एक ३ अग्नि ही है और जिसके आश्रय से रहे उसी का नाश करनेवाला भी एक ४ अग्नि ही है, विपरीतपन चित्रकाव्यों में ही होता है, गुण (प्रत्यंचा) को छोड़कर केवल ५ बाण ही जाता है और वैर भाव वृष सिंह आदि राशियों में ही रहता है ॥ ५ ॥ उदर ६ भूमि का ही विदाराजाता है, कालामुख ७ चिरमी का ही है, कला चन्द्रमा की ही घटती है अन्य किसी की नहीं, कटने और ८ घिसने की रीति ९ मूर्छा में ही होती है, ताप लोहा ही सहता है और बिना स्त्री के ब्रह्मचारी ही रहते हैं, १०इच्छा रहित केवल संन्यासी ११ही हैं परिहास १२ होली के दिनों में ही १३ संचय किया जाता है, कृपनपन शत्रुओं की भूमि लेने में ही किया जाता है और टेढ़ी चाल से केवल सर्प ही चलते हैं, गौओं के दूध का निचोड़ बच्छे ही करते हैं ॥ ६ ॥ पराया खजाना लूटने को १४ पद्मकोश (कमल कोश) पर भ्रमर आते हैं तौभी १५ कमलगट्टा पक्षे १६कोड़ी नहीं पाते और बहुत समय तक वेही बंधन पाते हैं, वृद्धि पाकर मित्र से दूर रहनेवाला एक १७ चन्द्रमा ही है, १८ ऊपर बढ़कर नीचे गिरनेवाले तारागण ही हैं

भुवनाढ्य[1] धनन रि ीभवन कूट[2] कनक रजतन परत ॥
लंघत सुमार्ग्ग पाउससलिल[3] राज्य रामनृप आचरत ॥७॥
नीचउच्च समहोत तु त गुंजा सू ीमुख[4] ॥
कीलन दुख दल[5] लहत सहत इच्छु[6] हि पीलुन दुख ॥
नीचहि भेदक सेतु[7] छमा[8] छेदक इक सीरहि[9] ॥
बढत मित्र अति घटत सत्रु सुचि[10]कोहि समीरहि[11] ॥
मधुछीव[12] छपद गणिका छुवत सुहि सरजा[13] सेवनकरत ॥
पालक बिपच्छ[14] इक होत पिक राज्य रामनृप आचरत॥ ८ ॥
पठनपाय लहिपच्छ सहत बंधन सुक सौरी[15] ॥
कपट समाधि बकोट[16] नाग रसना द्वयधारी ॥
हीनपच्छ आहार्य[17] मानसेवत महिला[18]जन ॥
नेह[19] दसाको[20] नास करत इक कज्जलकेतन[21] ॥
बिलपन निवास कुररिन[22] बदन रुदननीर केकिन[23]ढरत ॥

---

१ भुवनाढ्य जलपति और पक्षे जगत् पति होकर केवल मेघ ही रीते होते हैं २मार पीट सोना चांदी पर ही पड़ती है, श्रेष्ठ मार्गों को ३ वर्षाकाल का पानी ही लांघता है ॥७॥ चिरमियों से ४ हीरे तोले जावें तभी नीच ऊंच बराबर होते हैं पत्रावली बनाने में कीलने का दुःख ५पत्ते ही लेते हैं और पीलने का दुःख सांठा (६ गन्ना) ही सहता है, ७ मर्यादा पक्षे पाल कर तोड़नेवाला जल ही है. (" नीचगामी होने के कारण यहां पर पानी नीच कहा गया है " ८ क्षमा पक्षे भूमि का छेदनेवाला केवल ९ ल ही है। बढ़ते समय में मित्र और घटते समय में शत्रु होनेवाला १० अग्नि के लिये एक ११ पवन ही है, १२ मधुमत्त पक्षे मद मत्त केवल भ्रमर ही रहता है,वही भ्रमर १३ सरजा (र युक्त कमलनी, पक्षे रजस्वला) का सेवन करता है, एक कोयल ही १४ शत्रु का पालन करती है (कोयल का काक के बच्चों को पालना प्रसिद्ध है) ॥ ८ ॥ पढ़ कर और पक्षयुक्त होकर केवल तोता और १५ मैंना ही बंधन सहते हैं, कपट की समाधि रखनेवाला एक १६ बगुला पक्षी ही है. दो जीभ पक्षे कह कर बदल जानेवाले सर्प ही हैं. हीनपक्ष होकर ऊपर से १७ आरोपण कि हुए मान का सेवन करनेवाली १८ स्त्रियां ही हैं. नेह १९ तैल पक्षे स्ने और २० दशा बत्ती पक्षे चैतन्य तथा अवस्था का नाश करनेवाला एक २१ दीपक ही है. विलाप करना २२ कुरदांतली पक्षिविशेषके मुखमें ही है. रोनेका पानी(अश्रु)२३मयूरोंके ही पड़ताहै

करटीहि [1] कर[2] मुद्रधाकरत राज्य रामनृप आचरत ॥ ९ ॥
गणकनमुखं [3] इक्कायों फटि मुख त्यों [4] क कफल ॥
रागहि मूर्च्छित [5] रत जसहि सेवत विदेसथल ॥
वर्गमूल [6] बिच्छेद गनित सागर अवगाहत ॥
नष्टभाव [7] निजरीति वृत्तबंधन निर्बाहत ॥
भयकारभाव सेवत [8] रसहि [9] अयनवाम रवि अनुसरत ॥
कन्याप्रसूत सीतहिं करत राज्य रामनृप आचरत ॥ १० ॥
बामन दिगिभनं [10] बीच रूक्षरागी तरु सैंवर ॥
भ्रमसेवी मृगजात [11] सुरत संग्राम दुरोदर ।
स्वरहि बिकृत [13] संगीत ग्रामसन [14] जात निकारे ।
धैवत [15] इक्क निखाद स्वान [16] अंत्यज ढिगधारे ।
संपाहि [17] अचिर रोचन [18] सहित करकबीज [19] देक उत्तरत ।

केवल१हस्ती ही अपने हाथ को समेटते हैं ॥९॥ केवल२ज्योतिषियों के मुखमें ही ३ लग्नविभाग होता है. फटेहुए मुखका एक ४ अनार फल ही है.५ मूर्छायुक्त केवल राग ही रहते हैं(राग के ग्राम के समस्त भाग को मूर्छना) कहते हैं विदेश में केवल यश ही रहता है. ६मूल को काटनेवाला केवल वर्ग (ग्रंथों में मूल पाठ को छेदन करनेवाले वर्ग, अध्याय, सर्ग परिच्छे॰) ही हैं. समुद्र का थाह लेनेवाला केवल गणित ही है और ७ नष्ट छंदों के प्रस्तारादि षोड़श प्रत्ययों में ही होता है. भयंकरपन को ८ रस ही सेवन करते हैं अर्थात् नव रसों में एक भय रस भी है उसके उपरांत और किसी में भयंकरता नहीं है. वामदिशा [उत्तरायण] पके उलटे भाग में केवल सूर्य ही जाता है और ९ कन्या [कुमारी स्त्री] संतान जनती है इसमें केवल कन्या संक्रान्ति ही शीत [ठंढ] को जनती है ॥१०॥वामनपन आदि १०गजों में ही है [दक्षिण दिशा के गज का नाम वामन है] शुष्क रंगवाला एक सेमल का वृक्ष ही होता है. भ्रम का सेवन करनेवाला केवल ११मृगतृष्णा ही है.१ हार जीत केवल सुरत संग्राम में ही होती है. स्वरों की१३विकृति [विकार को प्राप्त होना]केवल संगीत में ही है और वेही १४ ग्राम (संगीत में षड्ज, मध्यम और गान्धार ये तीन)निकालेजातेहैं. बुद्धिमान् होकर अन्त्यज भीलों के शब्द धारण करने में केवल संगीत का छठा स्वर १५ धैवत'ही अंत में उत्पन्न होनेवाले सातवें स्वर'निषाद' के १६शब्दको अपने समीप धारण करता है;थोड़े समयके १८प्रकाश को धारण करनेवाली एक १७बिजुली ही है,पानी उतर ने(पराक्रम का नाशहोने)में केवल १९अनार के बीज का ही२० पानी

सात्विकहि जाड्यं पावत सदन राज्य रामनृप आचरत ॥ ११ ।

धूर्तभाव कै[2]नकडु भंगपद लहरि सम्हारत ।
कर्णौ[3]जप कालिकाहि जाय तुपकन उरजारत ।
बहत दो[4]समति बैद्य गो[5]धि सेवत अ[6]लीक जँहँ ।
पुष्पँ[7]वंत उपरक्त तुलसि सिरकंठ चढत तँहँ ।
कोटिनैं उपेत तउलं[10]क्खकँहँ इक्क चाप नैं[11]ति आदरत ।
पावत कलंक कु[12]मुदेस पँहँ राज्य रामनृप आचरत ॥ १२ ॥

धनाक्षरी

हाँ[13]हा रहैं वाकैं यह हाहा देसमैं न राखैं,
वह स[14]तसत्र यह अगनित सत्रधाम ।
[15]प्राचीपति वह यह सकल दिसांको वह,
गो[16]त्रैं बल बैरी यह पूरैं बल गोत्र काम ॥

उतरता है। केवल सात्विक भाव में ही १ जड़ता को स्थान मिलता है ॥ ११ ॥ धूर्तपन केवल ९ धतूरे के वृक्ष में ही है और पदभंग होना केवल समास करने में ही होता है. २ चुगल (पिशुनपन केवल तोड़ादार बंदूक की कला (जामकी) ही करती है, जो बंदूक के कान लग कर उर को जलाती है, दोषमाति को वैद्य ही प्राप्त होते हैं, (४ वात, पित्त, कफ इन को दोष कहते हैं) एक ५ ललाट ही ६ अप्रियता को धारण करता है, अर्थात् ललाट में ब्रह्मा के बुरे लेख लिखेहुए होवें उनको वह धारण करता है ग्रहण होने में ७ सूर्य चन्द्रमा का ही ८ ग्रहण होता है, शिरऔर कंठ पर तुलसी ही चढ़ती है; कोटियों (° धनुष के अग्रभाग का नाम है पक्षे करोड़ों रुपयों के) सहित है तौ भी १० लक्ष्य (निशाना, पक्षे लाखों के धन के) अर्थ एक धनुष ही ११ नमता है, कलंक केवल २१ चन्द्रमा पर ही पाता है, इसप्रकार का आचरण रावराजा रामसिंह के राज्य में होता है ॥ १२ ॥ वाकै [इंद्रकै] १३ हाहा नामक गंधर्व रहता है और यह [रावराजा रामसिंह) हाहा खेद की वाणी अपने देश में नहीं रहने देता, इंद्र १४सौ १०० यज्ञ करनेवाला है और यह अगणित यज्ञों का स्थान है, वह केवल १५ पूर्वदिशा का ही पति है और यह सब दिशाओं का पति है वह अर्थात् इंद्र तौ १६ पर्वत और बलि राजा का वैरी है और यह रावराजा रामसिंह सेना और अपने गोत्रवालों की कामना पूर्ण करता है.

पावैं सत[1]कोटि जो लुटावैं यह वाके लेखैं ।
है कवि बिरोधी याके लेख[2] दै कविन ग्राम ॥
लाजको जिहाज सुभकाजको इलाज सुर ।
राजको सिरोमनि बिराजैं रावराजाराम ॥ १३ ॥
रनजिम सूरनकौं मुदिरैं मयूरनकौं ।
बिधुं बिखसूंचनकौं कंजकौं कठोरघांम ॥
बह्निकौं बयांरि बिटपावलिकौं बारि सहं-
कार ज्यौं सफल पथिकनके पृथुलकाम ॥
रोगीकौं सुधा ज्यौं कौलभोगीकौं रुचिरराग ।
रति रमनीनकौं धनीनकौं कलाकेग्राम ॥
सुभटकौं साधुकौं सुकविकौं सभाकौं ऐसैं ।
पंडितकौं पटुकौं प्रजाकौं रावराजा राम ॥ १४ ॥
लघुन बढावैं अतिउच्चन नमायलावैं ।
फूलफल ललित लुनायकैं लगावैकाम ॥
वक्रनकौं सरल बनावैं चलमूलनकौं ।
दैजल द्रढावैं कंटकनको छुरावैंधाम ॥
भलदल[13] भावैं औ अपक्कन पकावैं त्यौं ।
ब दीमन[14] बिहावैं फटैं तिनको न राखैं नाम ॥

वह तो शतकोटि (१वज्र) पानेवाला है और यह सौ करोड़ लुटानेवाला है, उस इंद्रके लेख(२देवता)तो कवि(शुक्राचार्य)के विरोधी हैं और इस रामसिंह के ३लेख (लिखावट)कवियों[काव्यकरनेवालों] को ग्राम देते हैं, ऐसा लज्जा का जहाज, शुभ कार्यों का उपाय और इंद्रका शिरोमणि रावराजा रामसिंह विशेष शोभायमान है॥१३॥४मेघ५चन्द्रमा६चकोरों को७सूर्य८पवन९आमका वृक्ष१० काले सर्प को ११ व्याज(सूद)का समूह१२अब यहां यथा संख्या करके बतलाते हैं कि रावराजा रामसिंह उमरावों रूपी वीरों के लिये युद्ध रूप,श्रेष्ठ पुरुषों रूपी मयूरों के लिये मेघ,सुकवि रूपी चकोरों के लिये चन्द्रमा, सभा रूपी कमलके लिये सूर्य इसी प्रकार पंडित रूपी अग्नि के लिये पवन, चतुर पुरुष रूपी वृक्ष के लिये पानी प्रजा रूपी मार्ग चलनेवालों की बड़ी कामना सिद्ध करनेवाला फला हुआ आम का वृक्ष है॥ १४ ॥ १३ श्रेष्ठ पत्रोंवाला १४ दीमक [उदेही] को मिटावे

बुंदी सुधासीचीसी बगीचीसी बनायराखी ।
मालिक[1] मनीसी[2] यौं बिराजैं रावराजा राम ॥ १५ ॥
हाटकमैं[3] हीर जिम हीरमाँहिं नीरजिम ।
इंदुमैं अमृत अबलामैं लाज ज्यौं ललाम ॥
रोहिनीस[5] राकामैं[6] पताकामैं विजय बर्ण[7] ।
सोहैं सत्यमैं ज्यौं प्रियबचन बिसेस बाम[8] ॥
संगरमैं सूर पयमाँहिं ज्यौं सिताको[9] पूर ।
कविरसनामैं रस बिद्यामैं बिनयधाम ॥
साधु मान गान तान पात्र दानपिंड प्रान ।
नीतिमैं यौं धर्मकौं निहारैं रावराजा राम ॥ १६ ॥
सोहैं सावधान प्रभुतादि[10] तीन३ सक्तिनमैं ।
सजित सदाही सात७ प्रकृति[11] बनावैं काम ॥
चतुर चमूके[12] अंग च्यारि४हु सुधारिराखे ।
च्यारि४ पुरुसारथमैं[13] बढिकैं निकास्यो नाम ॥
च्यारि४हु उपाय[14] अनपाय[15] रचिबेमैं दच्छ[16] ।
छै६ गुन[17] प्रपंचको* विरंचै[18] एक आठौं८ जाम ॥

---

१ माली २बुद्धिमान् ३सोने में हीरा होवे जैसा और हीरे में पानी[आबी]होवे ऐसा चन्द्रमा में अमृत ४ स्त्री में ५ लज्जा६ शरद पूर्णिमा की रात्रि में चंद्रमा ध्वजा में विजय के७अक्षर होवे जैसा सत्य में प्रिय वचन अधिक८सुन्दर होवे ऐसा, युद्ध में वीर, दूध में ९. सक्कर, कवि की जीभ में नव रस और विद्या में नम्रता होवे ऐसे श्रेष्ठ पुरुषों में सन्मान औरगान में तान, पात्र में दान और शरीर में प्राण हैं इसी प्रकार रावराजा रामसिंह नीति में धर्म को देखते हैं॥ १५॥ १०प्रभुशक्ति उत्साहशक्ति और नीतिशक्ति इन तीनों शक्तियों में सावधान और सज्जित होकर राज्यकी सातों ११प्रकृति[स्वामी, आमात्य, मित्र,खजाना, राज्य, गढ, सेना]योंके कार्यों को बनाते हैं इस चतुर रामसिंहने १२सेनाके चारों अंगों(हाथी, घोड़ा,रथ पैदल)को सुधार रक्खा है और१३धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष इन चारों पुरुषार्थों में बढकर अपना नाम प्रसिद्ध किया है इसी प्रकार१४ साम, दान, भेद, दंड इन चारों उपायों को१५ निश्चल रचिबे में१६ चतुर१७ संधि,विग्रह, यान, संस्था, आसन, द्वैधीभाव इन छहों गुणों के१८ रचने का ही है आठों प्रहर*संचय जिसका ऐसा

नायक निपुन[2] नीति[1] नोखीली नवोढा सह-
धर्मिणीकौं धव[3] यौं बिराजैं रावराजा राम ॥ १७ ॥

मनोहरम् ॥

असृं[4] अभिषेक सींचे पूजे गजमुत्तिनकैं ।
कोस निधि इद्ध[5] छाये स्वामिकर छाजाके ॥
बन्दीजन घंटिका बिसेस बिरुदाये अंग ।
रागअंग सघन सुहाये मेद[6] ताजाके ॥
सिद्धिपाय पूरि पर पिंडनमैं पैठत ।
रसीले रिझवार त्यौं प्रहारनके बाजाके ॥
सिंहासन झूठे वृथा बैठैं और राजा साँचे ।
सिंहासनबैठैं सेल[7] राम रावराजाके ॥ १८ ॥
आप भद्रआसनपैं बानी[8] रसनाऽऽसनपैं[9] ।
लच्छी[10] नयनाऽऽसनपैं[11] बास निबहतुहैं ॥
सिबिका सुखासनपैं सुकवि[12] सुमेधा सूर ।
कर कमलासनपैं असि[13] उमहतुहैं ॥
हरि हृदयाऽऽसनपैं जय बिसिखासनपैं[14] ।
द्वीपसप्ताऽऽसनपैं[15] कीरति कहतुहैं ॥

१नीतिरूपी नखरा करनेवाली नवोढा (नवीनस्त्री)२स्त्रीका निपुण ३पतिरावराजा रामसिंह शोभायमान है॥१७॥४लोहीके अभिषेकसे सींचेहुएहाथियोंके मस्तकके मोतियों से पूजेहुए५दीप्तिमान् अथवा बढ़ानेवाला, अपने स्वामी के हस्त रूपी छत्र से छायेहुए वंदीजन रूपी घंटिकासे विरुदायेहुए ताज़े६ मांस रूपी लेप से शोभाय मानअंग,पूर्णसिद्धि पाकर शत्रुओं के अंग में घुसनेवाले इसीप्रकार प्रहार रूपी बाजा के रसीले रिझवार ऐसे रामसिंह रावराजा के सेल [७ भाले] सच्चे सिंहासन पर बैठे हैं. बाकी के राजा लोग झूठे सिंहासनों पर वृथा ही बैठे हैं ॥ १८ ॥ आप [रावराजा रामसिंह] तो सिंहासन पर हैं और ८ सरस्वती जिनकी ९ जिह्वा के आसन पर १० लक्ष्मी जिनके ११ नेत्रों के आसन पर वास करती है१२श्रेष्ठकवि, श्रेष्ठ बुद्धिमान् और शूरवीर पालकी और सुख के आसनों पर, १३तरवार हस्त रूपी आसन पर उत्साह करती है, परमेश्वर जिनके हृदय रूपी आसन पर, विजय१४बाण के आसन पर, १५ सातों ही द्वीपों के

धर्मधुरधोरी धन्य रामरावराजा जाको ।
सत्रुमुकुटासनपैं [1]सासन रहतुहैं ॥ १९ ॥
मंत्रमैं महीप चन्द्रगुप्तसौं सिवाय सोहैं ।
अम्बरीस ज्यौं पय उपासैं [2]रमाधवके ॥
पारथप्रबीन [3]खुरलीके पुरुसारथमैं ।
नलज्यौंबिनीतें [4]बाहैं बाजी बडेजवके ॥
राजराजरामकी सपूती रजपूती आज ।
कैसैं और पूजैं तुल्य याके कला[5]लवके ॥
धर्ममैं जुधिष्ठिरको बामधुरधारैं कोवि ।
कर्ममैं निकारैं मर्म बानीके बिभवके ॥ २० ॥
घुम्मत [6]घटा [7]कैं [8]चतुरनमैं घटाके घाट ।
फाँदैं [9]मन्दुरानमैं तुरंग तुलातुलमैं ॥
[10]भागधेयं [11]घाँघातैं भँडारनमैं भेटआवैं ।
सेनाके समाज सज्ज [12]पौंनिप [13]पृथुलमैं ॥
चरनकी चोकी चुवैं मुकुट महीपनके ।
बुंदी अधिराज असे बानिक बिपुलमैं ॥
[14]श्रीनैं [15]भूंति भारदै नमायशाख्यो भूंलौं भूप ।
ऊँचो तऊ व्हैरह्यो छतीस३६ छत्रकुलमैं ॥ २१ ॥
दिस दिस देखि दीठि चपल चलावैं मानि ।

आसन पर कीर्ति को कहते हैं ऐसा धर्म की धुर को खींचनेवाला रावराजा रामसिंह धन्य है जिनकी १ आज्ञा शत्रुओं के मुकुट रूपी आसन पर रहती है ॥ १९ ॥ २ लक्ष्मीपति (परमेश्वर) के ३ बाणविद्या में अर्जुन जैसा निपुण और पराक्रम में भी अर्जुन के समान ४ घोड़ों को शिक्षादेने में राजा नल के जैसा ५ क्षणमात्र भी जिनकी कला के बराबर कौन पूगसक्ता है ॥ २० ॥ ६ कितने ही ७ हस्तियों के समूह ८ हस्तिशालाओं में घटा के समान घूमरहे हैं ९ हयशालाओं में १० कर[हासिल, खिराज]११ठामठाम से १३ बड़े १२ पराक्रम में सझेहुए १४ लक्ष्मी ने संपदा का भार देकर राजा को १५ पृथ्वी तक झुकादिया है तौ भी क्षत्रियों के छतीस कुलों में ऊंचा होरहा है ॥ २१ ॥ सब दिशाओं में देख देख कर चपल दृष्टि को चलाती है और बड़े वैभव के

भूखन दिखावैं मंजु बिभव बिसालाज्यौं ॥
सुबरनसेवी अभिरूपजन आवैं तिन्हैं
आसुं अपनावैं मिलि लावैं गरैं माला ज्यौं ॥
कोटिनपैं कोटिन कुमावैं अर्थ कामिनतैं
सदननसूनौंराखैं राग इकं१ताला ज्यौं ॥
निलज निसैर्ग नृपरामकी समृद्धि साँची
बित्ताकरैं वृद्धन बुलावैं बाँरबालाज्यौं ॥ २२ ॥
रामरावराजाके निकेतनमैं रारिमांडि
किंत्ति अरु लंच्छी बाद बाढैं बराजोरीपै ॥
किंत्तिकहैं मेरेकाज तोहि तिनुकालौं गिनैं
लच्छीकहैं मैंही तू बढाई भई भोरीपै ॥
किंत्तिकहैं भोगैं तोहि सकल-समाजी लोक
लच्छीकहैं मोकौं चारु मुकुट चहोरीपै ॥
फैलीफैलि फोरीधायधाय भई धोरी तऊ
काहूनाँ होरी तू दिगंतनलौं दोरीपै ॥ २३ ॥

समान बुद्धि रूपी सुन्दर भूषण दिखाती है। और १श्रेष्ठ अक्षरों के सेवन करने-वाले२पण्डित लोग आवें उनको ३शीघ्रही अपना बनाकर माला के समान गले से लगालेती है और अर्थ की कामनावालों से करोड़ों पर करोड़ों कमाती है दूसरे पक्ष में शास्त्रों के निर्णय का नाम कोटि है जिसका अभिप्राय है कि शास्त्रों के निर्णय पर निर्णय कराती हैं और जिस प्रकार ४ इकताला राग में कभी स्थान खाली नहीं रहता. इसीप्रकार यह भी स्थान खाली नहीं रखती ऐसी सच्ची निर्लज्ज ५ स्वभाववाली राजा रामसिंह की समृद्धि [संपदा] है सो ६ धन से वृद्ध पुरुषों७को वेश्या के समान बुलाती है, यहां पर शंका होती है कि वेश्या तो धन लेकर अपनी वृत्ति चलाने को बुलाती है और यह उलटा धन देकर बुलाती है तौ वेश्यापन कहां रहा जिसका उत्तर यह है कि वेश्या धन लेकर अपनी वृत्ति चलाती है इसीसे उसको कोई निर्लज्ज नहीं कहते और यह उलटा धन देकर बुलाती है इसीसे ग्रन्थकर्ता ने निर्लज्ज यह विशेषण दिया है ॥ २२ ॥ ८ घर में लड़ाई मांड कर ९ कीर्ति और १० लक्ष्मी जबरदस्ती से वाद बढ़ाती है ११ परंतु फैल फैलकर इतनी हलकी होगई है कि सुनने में आती है परंतु दीखने में नहीं आती और दौड़ दौड़ कर श्वेत पड़गई है इसप्रकार दिगंत तक दौड़ी

बुंदी छत्रपाल छितिपाल रामसिंह रोखैं ।
नामनिज कीरति त्रिलोकमैं तननकौं ॥
बलकरि राजनकौं छल [1]मृगराजनकौं ।
चण्ड दण्ड दुस्सह दुरद्द गजननकौं ॥
[2]नोदन निसंकनकौं रंकन कौं [3]ओदन ।
प्रजाकौं परिपोख मन [4]तत्वकें [5]मननकौं ॥
[6]तन खुरलीकौं रन अहित अजेयन कौं ।
पन पुरुसारथकौं धन [7]धीधननकौं ॥ २४ ॥
साहनको साल विद्या [8]विटपिको [9]आलबाल ।
हिंदुनकीढाल काल [10]अहितैं अन्नन्तपैं ॥
बीरताको [11]बारिधि गभीरताको घनघन ।
धीरताको धाम [12]मल्लिनाग नयमंतपैं ॥
[13]याजिको [14]बिदंकैं बाजिकौसलको आडोअंक ।
[15]आजिको निसंक [16]टंक [17]दुरितके [18]दंतपैं ॥
छबिको छपेसैं [19]छत्रमहलके छाजा सीस ।
राजैं रामराजा ज्यौं [20]बिडौ [21]बैजयंतपैं ॥ २५ ॥

तौ भी किसीने आग्र करके नहीं रक्खी अर्थात् इस समय में कीर्ति को रखनेवाला रामसिंह ही मिला ॥ २३ ॥ बुंदी के कुल को पालन करनेवाला राजा रामसिंह तीनों लोक पर कीर्ति को छादने में अपना नाम, बल से राजाओं को, छल से १ सिंहों को, नहीं सहनेवाला भयंकर दंड कुमार्ग जाने के वास्ते हाथियों को, निःशंक लोगों के लिये २ प्रेरणा, प्रजापालन के अर्थ ३ अन्न ४ तत्त्वमसि [ब्रह्मज्ञान] के ५ विचार के अर्थ मन ६ शस्त्रविद्या के लिये शरीर, नहीं जीतने में आवे ऐसे शत्रुओं के लिये युद्ध, पुरुषार्थ के लिये प्रतिज्ञा और बुद्धि ही है धन जिनके ऐसे ७विद्वानों के अर्थ धन रखते हैं ॥२४॥ विद्या रूपी ८ वृक्ष का ९ थामला [वृक्ष की जड़ में जल ठहरने का स्थान] १०शत्रुओं का ११समुद्र १२नीति और सलाह में चाणक्य*, १३यज्ञ का १४पण्डित १५युद्ध का १६टांकी [पाषाणदारण] १७पाप के दन्त तोड़ने को १८ चन्द्रमा, १९ बुन्दी के राजभवन में एक महल का नाम है २१ वैजयन्त नामक इन्द्रभवन में २० इन्द्र शोभायमान होवे जिसप्रकार ॥ २५ ॥

---

* चाणक्य का नाम मल्लिनाग भी है। "वात्स्यायने मल्लिनागः कौटिल्यश्चणकात्मजः ॥" इति हेमचन्द्रः ॥

अचलउदैगिरिलौंतुंगितंतखतसीसिश्रीमैंपूरसूरनकोसंघकुंसेसयभो॥
घूक अरिलोक थोक पैठे ओकं ओक दुरि ।
कोकं कविलोकनको रोकसोक खयभो ॥
कीरति किरन लोकालोकंसौं भिरनलागे ।
नास्तिक गिरनलागे दीपालोंक लयभो ॥
नलिनी धराको धवं राजैं रावराजा राम ।
भानु चहुवाननको भानुसो उदयभो ॥ २६ ॥
लच्छीके उसीसा बंधकील जयकुं रके ।
कञ्जकुच भृंगके पताकादण्ड रनके ॥
दान जलदानके मतंगज महितं मत्त ।
बैरिनके प्रानके पृदाकुं पञ्च फनके ॥
नौकानिधि कूपंके बिपत्ति महाबारिधिके ।
पारिजात पल्लव प्रबुद्धकविजंनके ॥
राम रनलाडाके अधीस गिरिआडाके सु ।
हाडाकेरहे व्है हाथ छत्र छितिपनके ॥ २७ ॥

उदयगिरि केसमान१अचल और२ऊंचा है सिंहासन जिनका, लक्ष्मी से पूर्ण शूरवीरोंका३समूह है ४कमल जहां पर शत्रुओं केसमूह रूपी घूघू[उलूक]अपनेअपने ५ घरों में छिपकर बैठगये हैं और कविलोग रूपी७ चकवों के शोक का नाश हुआ है जिसके, रोक (प्रकाश) से और कीर्ति रूपी किरणें ७ लोकालोक नामक पर्वत से [पुराणों के मत से लोकालोक उस पर्वत का नाम है जो संपूर्णपृथ्वी को घेरेहुआ है] भिड़नेलगे हैं, नास्तिक रूपी दीपक के प्रकाश का नाश होकर गिरनेलगे, पृथ्वी रूपी ९ कमलनी का १० पति चहुवाणों का सूर्य रावराजा रामसिंह सूर्य के समान उदय होकर शोभायमान है॥ २६ ॥ रन के लाडा [दूलह) और १६ आडावळा नामक पर्वत के स्वामी हाडा कुल के क्षत्रिय रामसिंह के हाथ ११ लक्ष्मी के तकिये विजय रूपी हाथी के बांधने का खंभा स्त्रियों के कुच रूपी भ्रमरों के कमल, युद्ध की ध्वजा के दंड, दान रूपी जल [दान देते समय हाथ में जल लेकर संकल्प कियाजाता है उस जल रूपी मद जल के देनेवाले] को देनवाले १२ पूजित मस्तहाथी, शत्रुओं के प्राण लेनेवाले पांच फणों के १३ सर्प, विपत्ति रूपी समुद्र के पार लंघाने को निधि रूपी नाव के १४ बरदवान(मस्तूल)१५ पण्डित और कविलोकों के लिये कल्प वृक्ष के पत्ते और

सूरिजन मूरति छेद तर्कनकी जानैं जाँ ॥
सूरजन जानैं खुरलीमैं बहुतैं बढ्यो ।
कवि मनमानैं मीन सु ध्वनि महोदधिको ।
सचिव बखानैं मरजीमैं मन्त्रहीचढ्यो ॥
सादीलोक जानैं नल नकुल न ऐसे भये ।
जानैं रिपु दण्डही उपाय मतिमैं मढ्यो ॥
रानीजन जानैं रतिराज राजराजराम ।
जोगसिद्धि ऐसी कलि कालमैं कहाँपढयो ॥ २८ ॥
धर्मकुल चिरतैं अधर्मके उदधि बूड्यो ।
रामनृप राख्यो मोति संकट सहतसो ॥
भ्रमन भयंकरमैं भ्रमत निकास्यो दान ।
सूरपन काढ्यो तृनतन्तुन गहतसो ॥
अध्ययन भक्ति त्यौं दया तपअचेत ऐंचे ।
तत्वबोध ऐंच्यो हेरि कीकस रहतसो ॥
स्वाससेस काढे श्राद्ध अध्वर सउच सत्य ।
वैश्वदेव काढ्यो बुंबमैंरत बहतसो ॥ २९ ॥
संगरके साज सब सज्जित सतत होत ।
दिन दिन दुनौंदान कीरतिके कामतैं ॥

राजाओं के छत्र होरहे हैं ॥ २७ ॥

१ पंडित लोग २ मीमांसादि छः शास्त्र (पूर्वमीमांसा १ उत्तर मीमांसा २ सांख्य ३ योग ४ न्याय ५ वैशेषिक ६) ३ शस्त्रविद्या में ४ श्रेष्ठध्वनि रूपी समुद्र का मच्छ ५ घोड़ों पर चढ़नेवाले ६ कामदेव ॥ २८ ॥ राजा रामसिंह ने धर्म के कुल को ७बहुत समय से अधर्म के समुद्र में डूबे मृत्यु का दुःख पाते हुए को रक्खा, भयंकर भँवरों (पानी के चक्करों) में भमते हुए दान को,तिनकों के तंतुओं को पकड़ते हुए शूरापन को निकाला, पढ़ना भक्ति और दया इन अचेत हुओं को खींचा,ज्ञान की केवल ८हाड्डियांमात्र रह गई थीं जिस को खींचा, श्राद्ध९ यज्ञ और शौच के कुछ ही स्वास बाकी थे उस समय में निकासे और वैश्वदेव (होम बलिदान अतिथिभोजनादि गृहस्थी के नित्यकर्म) १०कूपता हुआ बहाजाता था जिसको निकाला ॥ २९ ॥ निरन्तर

सीसधरि सासन सरस्वती सभामैं रहैं ।
नाम धाम छोरैं अरि जाकेनैंक नामतैं ॥
ईरखा असूया दंभ मूढता मलिनकर्म ।
बिप्रलाप[1] व्यसन[2] पलानैं[3] धामधामतैं ॥
बिरच्यो बसिष्ठनैं भलैंही चहुवानभूप ।
राजमान[4] जाको कुल राजराजरामतैं ॥ ३० ॥
खेतमैं[5] कहाँतो उपमान बनैं अर्ज्जुनको ।
हेतमैं[6] कहाँतो हिय हरैं हितूजनके ॥
ओजमैं[7] कहाँतो आठौं जामही उदितरहैं ।
फोजमैं कहाँतो भट अंतक[8] अरनके ॥
बुधनकौं[9] दाबैं कोटि[10] बानीमैं कहाँतो साव-
धानीमैं कहाँतो न्याय पूगत पैरनके[11] ॥
घरमैं कहाँतो अलकाकी[12] आँखि राजाराम ।
करमैं कहाँतो तुल्य कर न करनके ॥ ३१ ॥
स्वाहासह हाजरि हिरण्यरेता[13] होमनमैं ।
सत्र[14] पसुसूना[15] ह्याँ पलादपुरी[16] ताँवती[17] ॥
बाँतको[18] त्याँ बिभव बन्यो ब्यजनं[19] जंत्रनमैं ।
ईसथिति[20] ओपैं आडअद्रि[21] अपनावती ॥
बरुन बिभूति नाना निकट निपान[22] मैं ।

१ विरोधोक्ति(छल के वचन) २ मनुस्मृति में कहे हुए मृगया आदि दश व्यसन काम से और पिशुनता आदि आठ व्यसन क्रोध से उपजे हुए अठारह व्यसन घर घर से ३ भागे ४ शोभायमान ॥ ३० ॥
५ रणखेत में ६ स्नेह ७ प्रताप ८ यमराज ९ पंडितों को १० शास्त्र परीक्षा में ११ शत्रुओं को भी न्याय मिलता है १२ कुबेर की पुरी ॥ ३१ ॥ होम के स्थानों में स्वाहा सहित १३ अग्नि है वही अग्निकोण के पतिका पुर है, १४ यज्ञ में १५ पशुहिंसा होती है वही नैर्ऋत्य दिशा के पति १६ राक्षसों की पुरी को १७ धारण करती है, १८ वायुदिशा के पति पवन का वैभव १९ पंखों में बन रहा है वही वायव्यकोण का पुर है, २१ आडावळा नामक पर्वत ही ईशान कोण के पति २० शिव का स्थान है नाना प्रकार के २२ जलाशयों में जल भरा है वह

संजेमनी सुनैय अलेलिति सुहावती ॥
बसेआनि बुंदीमैं दिगीसनके आठौं८ ढंगैं ।
अलेकाबजारमैं किलेमैं अमरावती ॥ ३२ ॥
सत्यबलसासन सुलेखसाली उग्रधन्वा ।
त्यौं धनंजय बिरोचन अपारहै ॥
जम समदर्सी धर्मराज प्रिय पुण्यजन ।
सुप्रचेतो मेघनाद पानिप अगारहै ॥
बुंदीपति बिदित महाबल जगतप्रान ।
श्रीद रंजराज ईस संकर उदारहै ॥
आठौंही दिसाके पुर बुंदीमैं बखानैं त्यौंही ।
आठौंलोकपालनको राम अवतारहै ॥ ३३ ॥
एकबेर समझि बिचारैं तत्व आगमके ।
एक१बेर चिप्रपुंखैं चिल्लैपैं चढावैंजो ॥

पश्चिम दिशा के पति वरुण का स्थान है. ३न्यायालयों में श्रेष्ठ२न्याय होते हैं सोही दक्षिण दिशा के पति यमराज की १ संयमनी नामक पुरी है, बाजार है वही उत्तर दिशाके पति कुबेर की ६अलका नाम पुरी है और किला में पूर्वदिशा के पति इंद्र की ७ अमरावती नामक पुरी है. इस प्रकार बुन्दी में आठों ही ४दिशापतियों के ५ पुर आकर बसे हैं. यहां पर ग्रंथकर्ता ने दिशाओं को दिखाने में कोई क्रम नहीं रक्खा सो कर्ता की इच्छा पर निर्भर है ॥ ३२ ॥ सत्य और बल के साथ हुक्म चलाने में व८श्रेष्ठ लेखों (लिखावटों) में कुशल होने में ९ इन्द्र का अंश है, क्योंकि इंद्र बलि दैत्यराज के साथ सत्य हुक्म चलाने वाला और लेखशाली (देवताओं में कुशल) है, इसी प्रकार १० शत्रुओं का ११ धन जीतने में अपार १२ अग्नि का अंश है क्योंकि अग्नि का नाम ही धनंजय है, इन्द्रियों के १३ जीतने और सब को समान देखने में १४ यमराज का १५ पुण्यजनों (धर्मात्माओं) का प्यारा होने में नैर्ऋत्य दिशा के पति पुण्यजन (राक्षस) का १६ विशाप चेतवाला होने से १७ मेघ के समान गर्जना करनेवाला पराक्रम का घर प्रचेता (वरुण) का बुन्दीपति महाबलवान् होने और संसार का १८ प्राणरूप होने में जगत्प्राण (पवन) का १९ लक्ष्मी देने में २० कुबेर का उदार और स्वामीपन में २१ महादेव का, जैसे आठों दिशाओं के पुर बुंदी में कहे तैसे ही रावराजा रामसिंह आठों लोकपालों का अवतार है ॥३३॥ २२शास्त्र के तत्व को २३बाण एक बेर ही प्रत्यंचा पर चढाने से शत्रु कामें है

एक१ बेर रंक असरनकों सरनराखैं ।
एक१बेर बोलैं अरु तर्कउपजावैंजो ॥
एक१बेर कवि बुध बीरन बढावैं मान ।
अरिअवेनीकौं एक१बेर अपनावैंजो ॥
रामराव राजाकी अपूरब बडाई यहै ।
एक१बेर देकैं फेर हाथ न उठावैंजो ॥ ३४ ॥
ऐसी भूँति हूसैं ए अदेयं नृपरामकें ।
प्रजाकों पीर आदर अधर्मय अभिमानकौं ॥
अधनकौं आश्रय नकार कविलोकनकौं ।
थैलीकौं थिरत्व सभा आवन अजानकौं ॥
बिद्याकौं बिरह मिंत देसबास कीरतिकौं ।
आयु आततताइनकौं देर घमंसानकौं ॥
क्रोधकौं कृपा त्यौं तत्वबोधकौं सिथिलभाव ।
परनकौं पीठि दीठि परबनितानकौं ॥ ३५ ॥
लैकैं बिसराम द्विजेराज के अघायजात ।
दोरिदोरि टौरैं सीतछाया श्रमदाहके ॥

जाते हैं१पंडितों का २ शत्रुओं की भूमि को ३ एक वेर दिये पीछे फिर हाथ नहीं उठाते अर्थात् एक समय में ही इतना देदेते हैं कि फिर देने का काम ही नहीं रहता अथवा एक वेर देकर-कुसूर होने पर भी पीछा लेने को हाथ नहीं उठाते यह राजा रामसिंह कीअपूर्व बड़ाइ है॥३४॥ऐसी४संपदा होने पर भी प्रजा को पीड़ा ६अधर्मों(पापियों) को आदर, अभिमान पाप अथवा ७ व्यसन वा अपराधियों को आश्रय, कवियों को नकार (नहीं यह कहना) कंजूसों की थैली को थिरता सभा में मूर्खों का आना, विद्या को थोड़ा सा भी वियोग, कीर्ति को अपने देश में वास अर्थात् कीर्ति सदैव विदेशों में ही रहती है८आततायी (अग्निलगा नेवाला, विषदेनेवाला, हाथमें शस्त्र लेकर मारने को आनेवाला, धन हरण करनेवा ला, भूमि हरनेवाला, स्त्री हरनेवाला) को आयु१०युद्ध को देरी क्रोध को कृपा११ ज्ञान को शिथिलता, शत्रुओं को पीठ और परस्त्री को दृष्टि इतनी बातें राजाराम सिंह के ९ अदेय (नहीं देने योग्य) हैं अर्थात् नहीं देते हैं॥३५॥१२ ब्राह्मण और आंबे के पक्ष में पक्षी१३कितने ही

सेवैं कोटरीन घनैं अध्वग अधीन हैय ।
पीन होयबेकौं रहि लेत फललाहके ॥
केत पंच्छ चाहके उछाहके उम्हाहे रहैं ।
मंजु मधुभोजी करैं मधु अवगाहके ॥
बाहके मैं बचन सिराहके कहाँलौंकहौं ।
राहके रसाँल कोंस रामनरनाहके ॥ ३६ ॥
अलिकपैं कलम चलैबो चतुराननको ।
पैंत्थपनलैबो इभदंतें कढिअैबोसो ॥
रामरघुराजकैसो अंगीकृत कैबो बँलि ।
बज्रको बनैबो पार प्रकृतिके जैबोसो ॥
भ्रूको खमखैबो बोरदैबो नीली रंगको ।
हलीको हल पाय हस्तिनापुरको नैबोसो ॥
प्रैसैको सुनैबो तत्वबोधकैसो पैबो व्हैबो ।
हाडाको हुकम लेख हीरेपैं लिखैबोसो ॥ ३७ ॥

षट्पदी ॥

मनुआगम अनुसार चलत व्यवहार सकल जँहँ ॥
बसुधाके कविबिबुध आनि आलंब लहत तँहँ ॥

१रहने के घर पत्ते वृक्ष के भीतर पक्षियों के रहने के कोटरे(कोचरे)२मार्ग चलनेवाले ३मार्ग चलनेको छोडकर४पक्ष और पंख५मधुर रस में पक्षे वसन्त ऋतु के आनन्द में गोतेलगाना(थाहलेना)६प्रशंसा के७राजारामसिंह के भंडार८मार्ग ऊपर केआम्रवृक्षके समान है॥३६॥९ललाट पर१०ब्रह्मा का लेख एक बार हो जाता है वह फिर मिटतानहीं११ऐसे ही अर्जुन की प्रतिज्ञा१२हस्ती के दंतों का बाहिर निकलआना१३ रामचन्द्र का अंगीकार करना१४पुनि वज्र का बनना१५मोक्ष होजाना१६भौंह का टेढ़ा होना१७बलदेव के हल से कौरवों की राजधानी हस्तिनापुर का नमजाना(महाभारत में यह कथा है कि कृष्ण के पौत्र को कैद करदेने के अपराध पर बलदेव ने कौरवों पर क्रोध करके दिल्ली को अपने हल से खींचकर यमुना नदी में वहादेना चाहा था जब से दिल्ली टेढ़ी हो गई है)१८मन्त्रविशेष१९हाडाकुल के चोहाण क्षत्रिय रामसिंह का हुकम हीरे के ऊपर लेखखोद देनेके समान अमिटहै, जैसे कि उपरोक्त सब पदार्थ अमिट हैं॥३७॥२० मनुस्मृति के २१ पंडित २२ आश्रय

सुधर्माहिँ करि सुगम बनत परिखद प्रासादन ।
बादजल्प गति बिबिध ऊँह बिथुरत आल्हादन ॥
खुरली बिनोद सहत अखिल धनुरबेद सब मर्मधर ।
नृपरामसिंह इहिँबिधि तपत पुरबुंदिय निजधर्मपर ॥ ३८ ॥
सप्त७ईति करि रहित राज्य जाके अमोघसुख ।
सुरभि दुग्ध बहु स्रवत फूलि तरु फलत समय रुख ॥
रोगहिँ जानत नाँहिँ प्रजा जनपद आनंदित ॥
निस्व आढ्य समन्याय बत्त प्रसरत जगबंदित ॥
बिनुधर्म नीति केवल न बिधि बिभव सकल उद्योत बर।
नृपरामसिंह इहिँबिधि तपत पुरबुंदिय इकछत्रधर ॥ ३९ ॥
सिच्छादिक खट६अंग सहित श्रुति च्यारि४ श्रवनकरि ।
धृति१८मित पुराय पुरान समुझि एकाग्रचित्त धरि ॥
मीमांसा स्मृति तर्कएसु विद्या सक्करि१४ मित ।
दण्डनीति हय सस्त्र तंत्र पढिहुव प्रयासजित ॥
गीतादि कला चउसट्टि६४ गहि काव्य छ६ भाखा बादकर ॥
नृपरामसिंह इहिँबिधि तपत बुंदियपुर इकछत्रधर ॥ ४० ॥
कपिल सेस कनभच्छ तंत्र सुनि तर्कबितर्कन ।

१देवसभा को २ महलां में सभा बनती है ३ वितंडा वाद को छोड़कर स्पष्ट बोलने में आनंद के साथ ४ तर्कना फैलती है ५ शस्त्र विद्या की क्रीड़ा ॥३८॥ ६ "अतिवृष्टिरनावृष्टिः शलभा मूषकाः शुकाः । स्वचक्रं परचक्रं च सप्तैता ईतयः स्मृताः॥" इन सात ईतियों करके जिनका राज्य रहित है ७गौवों ८ देश में ९ धनहीनका और१०धनवान् का न्याय बराबर होता है, अथवा न्याय में ये दोनों बराबर समझेजाते हैं ११धर्मके साथ नीति को बरतते हैं बिना धर्म केवल नीति का बरताव नहीं करते ॥३९॥१२शिक्षा को आदि लेकर छहों वेदांग१३चारोंवेद१४अठारहों पुराण१५चौदह विद्या१६अर्थविद्या व नीतिशास्त्र१७हयविद्या(शालिहोत्र)१८शस्त्रविद्या (धनुर्वेद]१९तंत्र शास्त्र२०परिश्रम को जीतनेवाला [अनालसी] ॥ ४० ॥२१कपिल का सांख्य शास्त्र२२शेष का मीमांसा व छंदशास्त्र२३कणादका वैशेषिक शास्त्र२४ये शास्त्र तर्कवितर्कों के साथ सुने

करामलक[1] सब किन मंन्नि[2] बेदांत श्रेयमन ॥
भारतादि इतिहास सकल सुनि बहुविचार जुत ।
गीता श्रीभागवत नित्य श्रद्धये[3] जपत नुत[4] ॥
श्रीरंगनाथ सेवक परम अष्टि१६अंग अर्च्चन सुघर[5] ॥
नृपरामसिंह इहिं बिधि तपत बुंदियपुर इकछत्रघर ॥ ४१ ॥
पञ्चरात्रमुख[6] तंत्र समुझि धृति१८ उपपुरान सुनि ।
आयुर्ब्बेद रु सिल्प पुराय रामायनादि पुनि ॥
मल्लिनाग कृत मदनतन्त्र गजतन्त्र मर्म्मगहि ।
सामुद्रिक सकुनादि उचित आँगम[7] अनेकलहि ॥
नररत्न परख कोबिर्द[8] निपट काल देस समुचित करत ।
नृप अस्थिपाल कुल पाल[9] इम रामसिंह छत्रहिंधरत ॥४२॥
इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणे प्रथम१राशौ राजधानीराजगुणवर्णनं नाम षष्ठो६ मयूखः ॥ ६ ॥

दोहा

बुंदीपुर इहिंबिधि बिदित राज्यकरत नृपराम ॥
कामबिटप[10] बुंध[11] बिप्रकुल कबिकुल पूरन काम ॥ १ ॥
बलाविंध्यपति[12] रामरवि बिलसत बिभव बहार ॥
अंजमित्र[13] लासक अहित[14] घूक डुरावन हा ॥ २ ॥
सुभग चित्रसाला सदन इक्क दिवस अवनीस ॥
राजत रचि परिखंद[15] रुचिर[16] सुरुचि छत्र धरिसीस ॥ ३ ॥

---

१ हस्तामलक (हाथ के आवळा के समान) जिनमें वेदांत को सब से श्रेष्ठमानकर ३ श्रद्धा पूर्वक ४ स्तुतियोग्य ५ षोडशोपचार पूजा करने में चतुर ॥ ४१ ॥ ६ पंचरात्र आदि भक्ति शास्त्र को समझकर ७ शास्त्र ८ पण्डित ९ राजा अस्थिपाल के कुल का पालन करनेवाला ॥ ४२ ॥

श्री वंशभास्कर महाचम्पू के पूर्वायण के प्रथम राशि में राजधानी और राजा के गुण वर्णन का छठा मयूख समाप्त हुआ ॥

१० कल्पवृक्ष ११ पंडित १२ विन्ध्याचल रूपी आडावळा पर्वत के पति १३ कमल रूपी मित्रों को प्रफुल्लित करनेवाले १४ घूघू रूपी शत्रुओं को १५ सभा १६ श्रेष्ठकांतिवाला

कवि बुध भट हाजरि सकल, बिथुरत बचन बिनोद ॥
उडुमण्डल[1] बिच इंदु[2] जिम, संभर[3] लसत समोद ॥ ४ ॥
तहँ द्विज आसानन्द प्रति, अक्खिय नृप सस्मेर[4] ॥
श्रीभारत आवृत्ति बलि[5], बरनहु चोथी बेर ॥ ५ ॥

पज्झटिका ॥

सुनि नृप नियोग[6] हरखिय प्रबुद्ध[7], प्रारंभ रचिय लखि समय सुद्ध ॥
तहँ नीलकंठ टीकानुसार, द्विज करनलग्यो भारत उचार ॥ ६ ॥
तहँ प्रथम पौष्य आख्यान[8] आय, उत्तंक[9] चरित तिहिं मध्य पाय ॥
नृप अवट[10] खनन सुनतहि सचेत, कवि पंति लखी स्मित[11] हित समेत ७
किय हुकम मधुर चहिइष्ट काज, मम हार्द सुनहु सब सुकविराज ॥
चहुआन[12] बंस बर्णन सुसंध[13], है त्रिदसगिरा[14] गुंफित प्रबंध[15] ॥ ८ ॥
अवटादि चरित यह तिनहु माँहि, संस्कृत दुरूह[16] सब सुगम नाँहि ॥
अब होनलगे नर बुद्धिमन्द, समुझे न अमरबानी[17] अनन्द ॥ ९ ॥
है जो नरभाखा ग्रथित ग्रंथ, पहुंचैं तो सब लहि सुगमपंथ ।
श्रुति[18] करि पवित्र कवि सुनि निदेस[19], करजोरि लगे अक्खन असेस १०
कवि पंडित जे दुल्लभ सुगाथ[21], ते सबहि लेत तव अन्न नाथ ।
अब एक देन आयस बिलंब, जिहिं है सुरचैं कुलगुन कदंब[22] ॥११॥
सुनि कहिय भूप सब गुन समर्थ, रसबीरमूर्त्ति उद्दंड अर्थ ।
रविमल्ल[23] सुकवि छंदगिरानिधान, ए करहु उक्त[24] आयस प्रमान ।१२।

---

१ तारामण्डल २ चन्द्रमा ३ चहुवान (सांभर नगर में राज्य करने के कारण चहुवाणों को " संभर, संभरी, संभरीक और संभरवार " कहते हैं ४ मंदहास पूर्वक ५ पुनि ६ आज्ञा ७ पंडित ८ महाभारत के आदिपर्व में एक कथा है ९ गौतम ऋषि के शिष्य उत्तंक की कथा भी उसी पौष्य के आख्यान में है १० राजा रामसिंह ने उस उत्तंक के खड्डा खोदने की कथा सुनते ही ११ हसते हुए १२ चौहाण (चहुवाणों का मूलपुरुष) का १३ अच्छी प्रतिज्ञा के साथ अथवा संधान कियाहुआ १४ देववाणी (संस्कृत) में गुथाहुआ १५ ग्रंथ में १६ कठिनाई से तर्कना में आवे ऐसा १७ संस्कृत भाषा १८ कानों को १९ आज्ञा २० हसके २१ अच्छी कविताकरनेवाले २२ समूह २३ सूर्यमल्ल २४ कही

इम होत बन्यों कछुदिन बिलास, तिथि तीज३ लहीसितें[1] राधमास ।
जगि ब्राह्मय[2]मुहूरत नृप सुभाय, किय मंगल दरसन हष्टछाय ॥१३॥
विप्रनदै ओदन[3] भूमि भर्म[4], करि मंजनादि सब नित्यकर्म ।
किय रंगनाथ मंदिर प्रवेस, द्विजे[5]रामजन्म उच्छव विसेस ॥१४॥
मंदिर वह हाटक[6] रजतजात, मनिजटित लसत जनु रविप्रभात ।
जँहँ रत्न[7]पीठ थित रंगराज[8], समयोचित सज्जित सकलसाज ॥१५॥
मंदिर मुख[9] आयत[10] अजिर[11] एक, बिच सलिल[12]जंत्र छुट्टत अनेक ।
कुंकुम गुलाबजल लिप्त धाम, जँहँ माघ[13]सीत नहीं राध[14]घाम ॥१६॥
कवि बुध छबि उत्तर ओर पात, भेट[15]पंति दिसा दक्खिन सुहात ।
हरि समुख पूर्वदिस गानकार, पातुरिगन तांडव[16] पटु पकार ॥१७॥
होवत मधु मर्दल[17] मुरज[18] नाद, मंजीर[19] ताल बर बीन[20]बाद ।
स्वर उठत सुद्ध बिकृतन[21] अलाप, चउ४ताल जाति श्रुति सहित जाप १८
सुख सीत मंद जँहँ गंधबाह[22], अवतार परसुधर तिथि उछाह
नृपकरिय जाय दरसन बिनीत, पूजनकिय सोलह १६ अंगप्रीत ।१९।
सविधान रचिय हरिबपु सिंगार मल्ली[23] सरोज[24] सुम तुलसिहार ।
कर्पूर दीप आरति उतारि, दिस सबन संखसीकरें[25] बयारि ॥२०॥
पुनिकरि प्रनाम नमि अष्ट[26]८ अंग निजनिलय[27] आय सहसभ्य[28] संग ।
तँहँ रचिबिनोद परिखद बिधान बैठो सिंहासन चाहुवान ॥ २१ ॥

हुई आज्ञा को १ वैशाख सुदी तीज २ चार घड़ी रात बाकी रहते ३ अन्न ४ स्वर्ण ५ परशुराम का ६ सोना चांदी से रचाहुआ ७ रत्नों से जड़ेहुए सिंहासन पर ८ बुन्दीवालों के इष्टदेव रङ्गनाथ नामक विष्णु की मूर्ति ९ आगे १० चौड़ा ११ चौक १२ फुहारे १३ जहां पर माघ महीना की सी ठंढ है १४ वैशाख मास की सी गरमी नहीं १५ उमरावों की पंक्ति १६ नाचने की रीति में चतुर १७मधुर ध्वनिवाला मृदंग के सदृश वाद्य विशेष १८ मृदंग (वाद्यविशेष) १९ताल मंजीरे (वाद्यविशेष) २०वाद्य २१शुद्ध और विकृत भेद से दो प्रकार के स्वर*होते हैं २२ पवन २३ मोगरा २४ कमल २५ जलकण (आरती होती है तब शंख में लेकर जल छींटते हैं) २६ प्रणाम के [उर शिर दृष्टि मन वचन पग हाथ घुटने] ये आठ अंग हैं २७अपने महल में २८ सभासदों के साथ

---

* "ततः शुद्धाः स्वराः सप्त विकृता द्वादशाप्यमी ॥ " इति संगीतदर्पणे ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणे प्रथमराशौ वंशप्रबन्धप्रारम्भविचारो नाम सप्तमो ७ मयूखः ॥ ७ ॥

दोहा

निज निकाय[1] परिखद रचिय, राज मुकुटमनि राम[2]॥
कवि पंडित सुभटन सहित, बनत बिनोद ललाम ॥ १ ॥

मुक्तादाम

रचीसुखधाम सभा नृपराम, लसैं भट पंकति दक्खिन बाम॥
रंजैं[3] कवि पंडित सम्मुख सर्व, तजैं गुरु[4] कौव्य[5] जिन्हैं लखि गर्व ।२।
लसैं हरिआसन[6] उप्पर भूप, ढुरैं ब्यजनावलि[7] सीत स्वरूप।
ढुरैं सिर चौंर दुरघाँ अवदात, मनों सिवसेखर गंग प्रपात ॥ ३ ॥
छुटैं जलजन्त्र[12] गुलाबज नीर, मिले बहु बर्ण[13] कपूर पटीर[14]॥
मनौं दुख आतप[15]को लहि सीत, बस्यो इहिं आलय[16] होय अभीत।४।
महीपति जानि प्रबुद्ध[17] प्रबीन, तहाँ रविमल्लहिं[18] आयस[19] दीन ॥
रचो नृगिरा[20]करि बंसप्रबन्ध[21], धरो सबही मत मध्य सुसंध[22] ॥ ५ ॥
महादिन आज ससीजुत[23] मंजु[24] रु[25], रोहिनि[26] तैतिल[27] औ अतिगंजु[28] ॥
करो अबही तसमात[29] बिचार, बनैं जिम ग्रन्थ अबिघ्न प्रकार॥६॥
सुन्यौं कवि यौं असुनाथ[30] निदेस, कह्यो करजोरि तथाऽस्तु[31] नरेस॥
तहाँ बहुद्रव्य मँगाय महीस, सकंकन[32] कुंडल[33]की बखसीस ॥७॥
दयो फल पूर्ण अमत्र[34] बहोरि, कहे मृदुबैन कृपादृग जोरि ॥

श्री वंशभास्कर महाचम्पू के पूर्वायण के प्रथम राशि में वंशभास्कर ग्रंथ के प्रारंभ के विचार का सातवां मयूख समाप्त हुआ ॥

१ अपने महल में २ बुंदी का राजा रामसिंह ३ शोभायमान ४ बृहस्पति [सुरगुरु] ५ शुक्राचार्य ६ सिंहासन ७ पंखों की पंक्ति ८ दोनों तर्फ ९ श्वेत १० शीसपर ११ पड़ना १२ फुहारे

१३ विलेपन अथवा प्रकार १४ चंदन १५ ताप १६ घर में १७ पंडित [ऊहापोहकुशल] १८ ग्रन्थकर्ता सूर्यमल्ल को १९ आज्ञा २० प्राकृतादि देशभाषा २१ वंशवर्णन का ग्रंथ २२ श्रेष्ठ प्रतिज्ञा के साथ २३ चन्द्रवार के सहित २४ मनोहर २५ अरु २६ रोहिणी नक्षत्र २७ तैतिल करण २८ अतिगंज नाम योग २९ इस कारण से ३० प्राणनाथ ३१ हे राजा ऐसा ही हो ३२ कड़ों के सहित ३३ कानों में पहरने के मोती ३४ पात्र

लये कवि अर्पित[1] सीसचढाय, दयो सुभआसिख त्यौं बिरुदाय[2] ।८।
तुही नृप काव्यनको रिझवार, तुही समुझैं श्रम बुद्धिबिचार ॥
तुही सब भूपनको सिरमोर, तुही कृतकृत्य नैं[3] तोसम और ॥ ९॥
तुही कुल पंकजको नृप भानु, तुही कविपावकको पवमानु[4] ॥
तुही अघ अंण्डजके[5] सिर बाज, तुही अरिदंतिनकौं मृगराज[6]॥१०॥
तुही मन रावनसो मजबूत, तुही रन राघव ज्यौं रजपूत ।
तुही कलिभूपनकौं सिखदैन, तुही लरि साहनसौं भुवलैन ॥११॥
तुही श्रुतिमारगको रखवार, तुही नृप धर्म भयो अवतार ॥
तुही नमनीयं करैं निजबंस, तुही छलकांनन आनलअंसैं ॥ १२ ॥
तुही रमैनी छितिको रसलेतु, तुही रतिकीरतिको झषकेतु ॥
तुही दुखपब्बय पच्छैति सक्र, तुही इक सत्यब्रती भुवचक्र ॥ १३ ॥
तुही बुध बारिद उत्तरबात, तुही नृप चोरनको परभात ॥
तुही परतत्व बिबेचन दच्छ, तुही रससिंधु निमंजन मच्छ ॥ १४ ॥

दोहा॥

बिरुदावलि इम अक्खि कवि, दै आसिख मुदपाय ॥
ग्रन्थरचन निजगेहकौं, आयो नृपहिं रिझाय ॥ १५ ॥
करिमंजेन धरि इष्टमन, दै श्रद्धाजुत दान ॥
द्विज भोजन बहु दच्छिना, दिय पुनि बिहित बिधान ॥ १६ ॥
अनल बंस आरंभ के, आदि सकल अब इष्ट ।
बंदौं कवि रविमल्ल बलि[23], टारहु अखिल[24] अरिष्ट[25] ॥ १७ ॥

---

१ अर्पण किये हुए २ उत्साहवर्धिनी स्तुति करके ३ नहीं ४ पवन ५ पाप रूपी पक्षियों के ६ सिंह ७कलि युग के ८ वेद ९ नमस्कार करने के योग्य १०छल रूपी वन के ऊपर ११अग्नि का अंश, पक्षे हे अग्निवंशी १२ भूमि रूपी स्त्री का १३कीर्ति रूपी रति का कामदेव १४ पर्व रूपी पर्वतों के पंख मूल के अर्थ इंद्र १५ सत्यव्रत का धारण करनेवाला १६भूमंडलमें १७पंडित रूपी मेघ का बढानेवाला १८चतुर १९ शृंगारादि नव रसों के समुद्रका २० थाह लेनेवाला २१ स्नान २२ उचित २३ पुनि २४ संपूर्ण २५ विघ्न

बंदौं गनपति इभबदनं[1], दयानिधान दुरूह[2] ॥
दलहु दंतकरि दासके, पाप कुमति प्रत्यूह[3] ॥ १८ ॥
कुंद[4] बिसद रु[5] कच्छपी[6], बाँदन तत्व प्रबीन ॥
थप्पहु बानी[7] भक्तिथिर, अप्पहु युक्ति नवीन ॥ १९ ॥

मनोहरम् ॥

हरि[9] हर[10] इंदिरा[11] उमाके[12] अंघ्रि[13] सीसआनौं ।
ठानौं नंति[14] तपनसहस्रकरावलिकौं[15] ॥
धर्मको घरानौं सब पूजिपहिचानौं नृप ।
राम जो खजानौं पाय थानोंदै न कलिकौं[16] ॥
कपिल कनादको बिसेसतासौं बानौं बंदि ।
मानौं मुनि पाणिनि सरोजं[17] सब्दआलिकौं ॥
जैमिनिकौं जानौं त्यों गंदानौं मुनिगोतमकौं ।
व्यासकौं बखानौं मैं प्रमानौं पतंजलिकौं ॥ २० ॥

दोहा

कमलचरन इत्यादिकन, नतिपूरब उर आनि ॥
कृपाबिघन गन कंदनकौं[20], मंगि भक्ति प्रियमानि ॥ २१ ॥
हरि हेरंब[21] रमा[22] गिरा[23], गुरुन पूजि हितसंग
बिरचन ंस[24] कौं अबकवि धरिय उमंग ॥ २२ ॥

इति श्रीवंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणे प्रथम१राशौ वंश प्रवन्धप्रारम्भनियोगपूर्वकपुनर्मङ्गलशंसनमष्टमो ८ मयूखः। ८।

---

१ हाथी के मुखवाला २कठिनाई से तर्कना मेंआवे ऐसा ३विघ्न४मोगरा के पुष्प समान श्वेत कान्तिवाला५कांतिवाली६ वीणा का नाम है ७ बजाने के तत्व में ८हे सरस्ती ९ विष्णु १० शिव ११ लक्ष्मी १२ पार्वती१३ चरण १४ नम्रता१५ हजारहाथों की पंक्तिवाले सूर्य को१६ हे रावराजा रामसिंह जो पुरुष खजाना अर्थात् संपत्ति को पाकर कलियुग को स्थान नहीं देते हैं ऐसे सब धर्मके घरानों को मैं पूज्य पहिचानता हूं१७शब्द रूपी कमल का भ्रमर१८कहों१९नम्रता पूर्वक २०नाशकरने को२१ गणेश २२ लक्ष्मी २३ सरस्वती २४ वंशवर्णन का ग्रन्थ-

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के पूर्वायण के प्रथम राशि में वंशवर्णन का प्रारंभ रूपी कार्य पूर्वक फिर मंगलाचरण करने का आठवां मयूख समाप्त हुआ

अथ ग्रंथप्रारम्भकाले गतकल्पकाललग्नग्रहादिनिश्चयनम् ।

दोहा

दस१० गुरुअक्खर उच्चरन, काल प्रानअभिधान ।
खट६ प्राननको इक१पल, घटी१ सठ्ठि६०पलमान ॥ १ ॥
घटी सठ्ठिको इक१दिन, रजनीजुत यह सब्द ॥
तीस३०दिननको मास इक१;एँ बारह१२ इक१अब्द ॥ २ ॥
मेस१रासि मुख परसि रवि, आनि छुवैं पुनि जोहि ॥
सौरबरस१ सो नरनको, देवनको दिन१सोहि ॥ ३ ॥
देवनको यह दिवस१हू, निसा१सहित पहिचानि ।
दिवस तत्थ उत्तरअयन, रजनी दक्खिन जानि ॥ ४ ॥
राति सु दिन दिन राति ए, दैत्यनकैं बिपरीत ।
चांद्रमास अब भाखियत, लखि सिद्धांत बिनीत ॥ ५ ॥
अँमिकातिथिके अंतमैं, इक्कत रवि ससि आय ॥
आवैंपुनि तत्थहि उभय२, चांद्रमस१ सु कहाय ॥ ६ ॥
पितर दिन१ यह रात्रिजुत, असितपक्ख दिन१तत्थ ।
बिसदपक्खं जानहु निसा१, सावनमिति अब अत्थ ॥ ७ ॥

अबग्रंथके प्रारंभसमयमें बीतेहुए कल्प,समय,लग्न,ग्रह आदिका निश्चयकरनाहै

दश गुरु अक्षरों के उच्चारण में जितना समय लगे उसका १ नामप्राण (एक श्वास) है, इन छः प्राणों का एक पल होता है, साठ पलों की एक घड़ी होती है ॥ १ ॥ साठ घड़ियों का एक दिन रात होता है, ऐसे तीस दिनों का एक महीना और बारह २ महीनों का एक ३ वर्ष ॥ २ ॥ मेष राशि के ४ आदि को स्पर्श करके फिर सूर्य पीछा उसी स्थान पर आजावे उस को मनुष्यों का ५ सौर वर्ष कहते हैं और वही देवताओं का एक दिन है ॥ ३ ॥ यह देवताओं का दिन भी रात्रि सहित जानो । जहां पर उत्तरायण तौ दिन और दक्षिणायन रात्रि है ॥ ४ ॥ जो देवताओं का दिन है वह तो दैत्यों की रात्रि और देवताओं की रात्रि है वह दैत्यों का दिन है । इन को विपरीत जानलेना चाहिये ॥ अब इसके आगे ६ सिद्धांत की रीति से चान्द्र मास कहने हैं ॥ ५ ॥ ७ अमावास्या के अन्त में सूर्य चद्रमा एक राशि पर आकर फिर उसी स्थान पर पीछे दोनों आजावे उसको चांद्र मास कहते हैं ॥ ६ ॥ यह पित्रीश्वरों का एक दिनरात है । जिस में ८ कृष्ण पक्ष तो दिन और ६ शुक्ल

ग्रहें उदयद्वय२ अंतर सु, सावनदिन१ पहिचानि ।
सोहि कुदिन अरु भभूमनें,काल सुभदिवस जानि ॥ ८ ॥
ख ख ख नेत्र गुन बेद४३२०००ए, च्यारिगुनैं कृतमाँहिं ।
त्रेतामैं त्रि३गुनैं बरस, दु२गुनैं द्वापर आँहिं ॥ ९ ॥
कलियुगके ए ४३२०००इक१गुनैं,जानहु बरस सुजान ।
एक१ महाजुगके चरन, च्यारि कहे इहिं मान ॥ १० ॥
निज रवि१२ लवें संध्या बरस, आदि चरनके उक्त ।
तिते अंतसंध्यांसके, जे सब इनबिच जुक्त ॥ ११ ॥
च्यारि४ चरनके सब बरस, जुरैं महाजुग१ जानि ।
ख ख नभ नभ रद बेद ४३२००००ए, वाके अब्द प्रमानि ॥ १२ ॥
कुर्धांने महाजग एक१ मनु, तें चउदह जब होय ।
इक१ बिधिदिन तितनी निसा, १ रनकल्प ते दोय२ ॥ १३ ॥
मनुनकेहु संध्याबरस, कृतहायंन १७२८०००मित आँहिं ।

पल राात्रि है। अब यहां पर सावन दिन कहते हैं ॥ ७ ॥ दो१सूर्यों के उदय के अंतर को (सूर्य उदय होकर अस्त होने पश्चात् फिर उदय होवे जिस के बीच के समय को) सावन दिन कहते हैं, वही कुदिन (भूमि का दिन) है, और अश्विनी आदि नक्षत्र प्रतिदिन उदय होकर फिर उसी स्थान पर उदय होवे सो २ भ (नक्षत्र) दिन जानो ॥ ८ ॥ चार लाख बत्तीस हजार को चौगुना करने से १७२८००० वर्ष ३ सत्ययुग के होते हैं और त्रेतायुग में चार लाख बत्तीस हजार को तिगुना करने से १२९६००० वर्ष होते हैं इसी प्रकार उक्त संख्या को दुगुनी करने से द्वापर में ८६४००० वर्ष होते हैं और यही एक गुने अर्थात् ४३२००० वर्ष कलियुग के होते हैं. इसी प्रमाण से एक ४ महायुग के चार चरण होते हैं जिस के ४३२०००० वर्ष हुए ॥ ९ ॥ १० ॥ अपने अपने (युगों के) वर्षों का बारहवां ५ अंश जो आदि चरण में चार लाख बत्तीस हजार ६ कहे उतने ही वर्ष संध्या और संध्यांश के सब इन में ७ जुड़े हुए हैं ॥ ११ ॥ इस प्रकार चार चरण के सब वर्ष जोड़ने से महायुग जानो. जिस का तयालीस लाख बीस हजार वर्षों का प्रमाण है ॥ १२ ॥ एक मनु में ऐसे इकहत्तर ८ युग होते हैं और ९ ऐसे चौदह मनु का ब्रह्मा का एक दिन और इतनी ही रात्रि होता है वे ही मनुष्यों के दो कल्प हैं ॥ १३ ॥

मनुओं के संध्या के वर्ष भी १० सत्ययुग के बराबर होते हैं, इन संधियों

आदि रु मध्यनमैं रु ए, अंतहु गिनहुउमाँहिं ॥ १४ ॥
मनुसंध्या हायन जुरत, यौं ए पंद्रह१५बेर ॥
है तब दिव्यहजार१००० जुग, सोहि दिवस१ बिधिकेर ॥ १५ ॥
बिधिके बरसपचास५० गत, यह बहुमत उद्योत ।
हायन अष्टक अर्द्धजुत ८१२, कतिकन मत गतहोत ॥ १६ ॥
वर्त्तमान बिधिदिवसमैं, छ६मनु गये तजि प्रान ॥
स्वायंभुव१ इक१ दूसरो, स्वारोचिस अभिधान ॥ १७ ॥
उत्तम३ तामस४ रैवत५ रु, चाक्षुष६ ए गत जानि ।
बैवस्वत७ सप्तम७ मनु सु, बिद्यमान अब मानि ॥ १८ ॥
गये महाजुग मुनि नयन२७, या मन्वंतर माँहिं ।
अग्रगँ जुगके त्रि३पद गत, अब चोथो कलि आँहिं ॥ १९ ॥
भूमि बेद नव बेद ४९४१मित, किय कलि अब्द प्रयान ।
मास इक१ दिन दुव२ घटी, सोलह१६ पलहु समान१६ ॥ २० ॥
बिधिके इक१दिनमाँहिं रवि१, कवि२ बुध३ स्वगति अभेद ॥

को मनुओं के आदि में बीच में और अंत में प्रसन्न होकर गिनो ॥१४॥ इस प्रकार मनुओं की संध्या के वर्ष पन्द्रह बेर जुड़ते हैं तब दिव्य हजार युग होते हैं, सो ही १ ब्रह्मा का दिन है ॥ सिद्धांत में नौ प्रकार का काल है अर्थात् ब्राह्मय, दैव, आसुर, पैत्र्य, सौर, सावन, चान्द्र, नाक्षत्र और बार्हस्पत्य. इसी बार्हस्पत्य से प्रभवादि ६० संवत्सरों का प्रारंभ होता है॥१५॥ बहुत लोकों के ३मत से ब्रह्मा के पचास वर्ष२बीते हैं और कितनेक लोकों के मत से ब्रह्मा के साढा आठ वर्ष बीते हैं ॥ १६ ॥ ब्रह्मा के इस वर्तमान दिन में छः मनु ५ बीत गये जिनके ४ नाम मूल में स्पष्ट हैं और अब सातवाँ वैवस्वत मनु ६ वर्तमान है ॥ १७ ॥ १८ ॥ इस मनु में सत्ताईस महायुग बीत गये और ७ आगे चलनेवाले (अट्ठाईसवें) युग के तीन चरण (सत्ययुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग) बीत कर अब चौथा ८ कलियुग वर्तमान है ॥ १९ ॥ चार हजार नवसौ इकतालीस वर्ष, एकमास दो दिन, सौलह घड़ी और सौलह पल कलियुग के गये ॥२०॥ब्रह्मा के एक दिन में सूर्य ९ शुक्र और बुध ये तीनों ग्रह अपनी अभेद (इन तीनों ग्रहों की स्पष्ट गति तो भिन्न भिन्न है परंतु मध्यम) गति एक ही है सो उस मध्यम गति से ४३२०००००० बार बारह

भोगत ए तीन३हि भगन[1]

कोटि१००००००० गुनित रद बेद४३२००००००० ॥ २१ ॥

ससि सुर सर मुनि हय बिसिख

लक्ख१००००० गुनित ५७७५३३००००० अरु आर ।

आकृति सर बसु कर भुजग

रस नव आकृति२२९६८२८५२२बार ॥ २२ ॥

गुरु सर सर चउ रस नयन, कर चोसठिगुन३६४२२६४५५ बेर ।

बसु नव हग मुनि तर्क सर,रस सक्करि १४६५६७२९८सनि केर।२३।

बसु नृप सिव गुन रद नयन २३२३१११६८

आहिक१ राहु२भ भोग ।

है रविदिन अर्बुद१००००००००गुनित

दुव सर सर तिथि १५५५२००००००००० जोग ॥ २४ ॥

अंक नंद नव दुव ख नृप१६०२९९९ ।

प्रयुत१०००००० गुनित१६०२९९९००००००० ससि केर ॥

कह ख ख ख ख सर कृत नृपति

नव मुनि हय तिथि१५७७९१९४५००००बेर ॥ २५ ॥

सर कृत खट गुन दुव नयन, पन्नग पन्द्रह१५८२२३६४५ठानि ॥

अयुत१०००० गुनितए१५८२२३६४५००००भभ्रमनपच्छिमगामीजानि॥

पादाकुलकम् ॥

१राशियों को भोगतेहैं॥२१॥और इसीप्रकार ब्रह्माके एक दिनमें चन्द्रमा५७७५३३००००० बेर बारह राशियोंको भोगता है और२२९६८२८५२२बेर बारह राशियों पर मंगल भ्रमण करता है ॥ २२ ॥ ३६४२२६४५५ वार बृहस्पति भोगता है और १४६५६७२९८ बार शनैश्चर घूमता है ॥ २३ ॥ २३२३१११६८ वार राहु फिरता है। ब्रह्मा के एक दिन में एक अर्ब से पन्द्रह हजार पांच सौ बावन को गुणा ने से १५५५२००००००००० सूर्य के दिन हुए ॥ २४ ॥ इसी प्रकार ब्रह्मा के एक दिन में सोलह लाख दो हजार नव सौ निन्नानवें को दश लाख से गुणाये तौ १६०२९९९००००००० दिन चन्द्रमा के हुए और ब्रह्मा के एक दिन में पृथिवी के दिन १५७७९१९४५०००० हुए ॥ २५ ॥ १५८२२३६४५ को दश हजार से गुणा किया तो१५८२२३६४५०००० दिन नक्षत्र भ्रमण के पश्चिमगामी जानो।२६।

रवि१कवि२बुध३के भगन कहेजे ।
कुज१गुरु२सनि३चलतुंग भगन जे ४३२००००००० ॥
बुधके कृत बसु नव बसु नव नव ।
खट गुन नव सत्रह१७९३६९९८९८४चलोच्च भव ॥ २७ ॥
दुव नव बेद अंक बसु गुन दव ।
द्वि ख मुनि७०२२३८९४९२ भृगु चलतुंग भगन धुव ॥
अहि सर बसु सर दस गज अहि कृत ।
४८८१०५८५८ ससि मंदोच्च भगन भूमीभृत ॥ २८ ॥

दोहा

ख नभ गगन बसु द्दग यह कु१७२८०००,हुव इहिँ क्रम कृत१बर्ष॥
खछ नव जगती १२९६० सत१०० गुनित,
१२९६००० त्रेता३ वर्ष प्रकर्ष ॥ २९ ॥
सहँस१००० गुनित कृत तर्क गज ८६४०००, द्वापर३अब्दसमूह॥
प्रथम कह्यो कलिको प्रकट, जानहु हायन जूह४३२००० ॥३०॥
जोरि च्यारि४ये जुग कह्यो,इक्क महाजुग मान४३२००००॥
इक्कहत्तरि७१ करि जो गुन्यौं, मनुहायन मिति थान ।३१।

षट्पदी ॥

सूर्य शुक्र और बुध के राशियों का भोग ब्रह्मा के एक दिन में कहा सो ही मंगल, बृहस्पति और शनि चल (शीघ्र) तुंग (उच्च) का भगण(राशियों का भोग) जानो. वे ४३२००००००० होते हैं और १७९३६९९८९८४ भगण बुध के चलोच्च (शीघ्रोच्च) के होते हैं ॥ २७ ॥ ७०२२३८९४४९२ शीघ्रोच्च के शुक्र के भगण होते हैं ४८८१०५८५८ हे राजा रामसिंह चन्द्रमा के मन्दोच्च के भगण (राशियों के भोग) होते हैं ॥ २८ ॥ अब आगे अहर्गण लाने के लिये सत्ययुगादि के वर्षों की गणना फिर लिखते हैं,१७२८०००सत्ययुग के वर्ष और १२९६००० त्रेतायुग के श्रेष्ठ वर्ष हुए॥२९॥८६४००० वर्षों का समूह द्वापर का और ४३२००० कलियुग के वर्षों का समूह जानो ॥ ३० ॥ इन चारों युगों को जोड़कर ४३२०००० वर्षों का एक महायुग का प्रमाण कहा इनको इकहत्तर से गुणाया तो एक मनु के वर्षों का प्रमाण ३०६७२०००० होता है ॥ ३१ ॥ इनको ६ से गुणाया तो हे चहुवाण १८४०३२००००प्रमाण छः मनुओं

व्योम गगन नभ बीस तु‍ग खट नभ गुन३०६७२००००बच्छर ।
　इक१ मनुके ए छ६ करि गुनित छ६मनुन हुव संभर ॥
ख ख ख खरद नभ बेद अष्ट भू १८४०३२०००० मित ते आये
　कृत मिति१७२८०००मित मनुसंधि,
　बरस छ६गुनित १०३६८००० मिलवाये ॥
तबव्योमगगननभबसुभुजगखटपचासधृति१८५०६८८०००मितभये
　नृपरामसिंह इहिँ मान सब छमनुनके हायन गये ॥ ३२ ॥

दोहा॥

सप्तम७मनुकीसंधिके,हायन १७२८००० अत्थ १८५०६८८००० उपेत ।
ख ख ख अष्टि जिन बान धृति१८५२४१६०००,ए हुव तत्थ समेत।३३।

षट्पदी ॥

भ २७ मित महाजुग बहुरि गये सप्तम७ मनुके अब ।
अयुत१०००० गुनित चउसट्ठि,
छ सिव११६६४००००तिनके हायन सब ॥
ए ११६६४०००० अरु वे १८५२४१६००० दिय जोरि,
तबहि ख र सट्ठि सर ख नव ।
रस अतिधृति १९६९०५६०००परिमान भये सब अब्द धरनिधव ॥
इन अग्ग म‍ाजुग जो लग्यो तीन३गये ताके चरन ।
तिन अब्द ख ख ख बसु गज भुजग,

के वर्षों का हुआ, सत्ययुग के वर्षों के समान ही एक मनु की संधि के वर्ष होते हैं जिनको छः गुणा किया तो१०३६८०००वर्ष हुए जिनको छः मनु के वर्षों में मिलायातब १८५०६८८०००वर्ष हुए,इस प्रमाण से हे राजा रामसिंह छः मनुओं के वर्ष गये॥३२॥ सातवें मनु की संधि के१७२८०००वर्षों सहितअ-र्थात् ऊपर की संख्या में मिलाये तो १८५२४१६००० वर्ष हुए ॥ ३३ ॥
इस सातवें मनु के अब सत्ताईस महायुग गये सो ग्यारह हजार छः सौ चौसठ को दस हजार से गुणाया तो११६६४००००वर्ष हुए सो ऊपरकी संख्या में जोड़ने से हे भूपति १९६९०५६००० वर्ष हुए और इनसे आगे अट्ठाईसवां महा युग लगा जिसके तीन चरण बीते जिन के हे कीर्तिधन(कीर्ति ही है धन जिसके)

राम ३८८८०००प्रमित हुव कित्तिधन ॥ ३४ ॥

दोहा

जोरे ए३८८८००० पहिले१९६९०५६०००न बिच,ते कलि पूरब बर्ष।
ख ख ख बेद कृत नव नयन,मुनि नव इन्दु१९७२९४४०००प्रकर्ष ॥३५॥
इन पिच्छैं कलिके गये, भू कृत नव कृत ४९४१अब्द ॥
इन समेत सब गतबरस, सुनहु समयमय सब्द ॥ ३६ ॥
भू कृत नव बसु बेद नव, नयन तुरग नव चन्द१९७२९४८९४१ ॥
ग्रन्थ पूर्व याकल्पको, यह गत हायन कन्द ॥ ३७ ॥

हरिगीतम् ॥

गतअब्द द्वादस१२ तैं गुनैं तहँ मास आत्मक जे ठये ।
दुवअंकदुवमुनिअट्ठगुनसरबाजिछबिकृति२३६७५३८७२९२एभये ॥
इक१मास मधु गत जोरि २३६७५३८७२९३ तिथिकिय ।
तीस३० सौं गुनिके अबै ॥
नभ अंक मुनि धृति भूप उत्कृति
खेंदु मुनि७१०२६१६१८७९०हुव ए सबै ॥ ३८ ॥
इक१मास उप्पर द्वै२ गई
तिथि ते जुरी इन ७१०२६१६१८७९०मैं जहाँ ॥
दुव अङ्क मुनि धृति भूप उत्कृति
व्योम कु मुनि ७१०२६१६१८७९२ भई तहाँ ॥

रामसिंह ३८८८००० वर्ष हुए ॥ ३४ ॥ इनको ऊपर की संख्या में मिलाया तो कलियुग के पहिले १९७२९४४००० वर्ष विशेष करके हुए ॥ ३५ ॥ इनके पीछे कलियुग के ४९४१ वर्ष गये. जिन के साथ सब गयेहुए वर्षों को समयमयी शब्द के साथ सुनो ॥ ३६ ॥ इस ग्रन्थ (वंशभास्कर) के बनने से पहिले ब्रह्मा के इस कल्प (श्वेतवाराह कल्प) के १९७२९४८९४१ वर्षों का समूह बीता है। ३७। गयेहुए वर्षों को बारह से गुणाया तो २३६७५३८७२९२ मास हुए, जिनमें ग्रंथ प्रारंभ से पहिले गयाहुआ एक चैत्र मास फिर मिलाने से २३६७५३८७२९३ सौर मास हुए, इनको ३० से गुणाया तो ७१०२६१६१८७९० तिथियां हुईं, ॥ ३८ ॥ एक महीने के ऊपर दो तिथियां गईं वे इनमें जोड़ने से ७१०२६१६१८७९२

दुव२ठाम ए लिखि सौरतिथि ७१०२६१६१८७९२ ।
अधिमास ह्यां अब आनिये ।
तँहँ जो क्रिया नृपराम पाटवपुंज सोहु प्रमानिये ॥ ३९ ॥

षट्पदी ॥

कल्प ब˜स रविकेर ४३२००००००० मास किन्नैं बारह१२गनि ।
कोटि१०००००००गुनित कृत अष्ठ
एक सर५१८४०००००००हुव ति लेहु सुनि ॥
तीस३०गुनित करि इनहिं किये मासनके बासर ।
तँहँ हुव अर्बुद१००००००००गुनित
नयन सर सर तिथि१५५५२००००००००नृप बर ॥
इन सौरदिनन सन लक्ख१०००००गुनि
सुर नव तिथि१५९३३००००००अधिमास जँहँ ॥
गत दिनन७१०२६१६१८७९२गये अधिमास कति
त्रैरासिक बिधिं किन्न तँहँ ॥ ४० ॥

दोहा ॥

किय प्रमान दिन कल्पके१५५५२००००००००,
अरु फल किय अधिमास १५९३३००००० ॥
ग्रन्थपूर्व रवि द्याँस गत७१०˜६१६१८७९२, इच्छा फल यँहँ आस४१

तिथियां हुईं, इन सौर तिथियोंको दो जगह लिख कर अब यहां पर अधिक मास आनते हैं, उस क्रिया को हे राजा रामसिंह! चतुराई की पुंज जानो। ३९। एक कल्प के ४३२०००००० सौर वर्ष हुए जिनको १२ से गुणाकर मास किये तौ पांच हजार एक सौ चौरासी को एक करोड़ से गुणाने से ५१८४० ०००००० हुए सो सुनो, इनको तीस से गुणाकर महीनों के दिन किये तौ हे श्रेष्ठराजा! पन्द्रह हजार पांचसौ बावन को एक अड़ब से गुणायेहुए १५५५२० ०००००० कल्प के सौर दिन हुए और पन्द्रह हजार नौ सौ तेतीस को एक लाख से गुणाया तौ १५९३३००००० एक कल्प के अधिक मास हुए, गयेहुए दिनों में कितने अधिक मास हुए सो सौर दिनों से त्रैराशिक रीति से किये हैं। ४०। सौर दिन तौ प्रमाण, और इस ग्रंथ (वंशभास्कर) के पहिले कल्पादि गत दिन इच्छा, और कल्प के अधिक मास फल हैं॥ त्रैराशिक में प्रमाण, इच्छा

रुचिरा ॥

इच्छाकरि फल एह गुनित हुव ख ख ख ख ख छ गुन नव जगती ।
दस्र नयन मुनि गुन बसु नव सर
भूपति पावक प्रमथपती११३१६५९८३७२२१२९३६०००००
भाजक प्रथम१५५५२००००००००भजत रद अतिधृति
खट खट मुनि दृग तुरग७२७६६१९३२भये
नृपमनिराम प्रबंध प्रथम सब इहिँ परिमिति अधिमास गये ॥४२॥
तीस३० गुनित इन्ह करि दिनकिय तँहँ
नभ रस नव मुनि बिसिख फनी ।
नंद नयन धृति हुव२१८२९८५७९६०परिमित गत
अधिक दिनन यह बितति बनी ।
रवि गतदिन७१०२६१६१८७९२ इन२१८२९८५७९६०जुत दुव सर यह
छ मुनि कृत कु नव ख रद मुनी७३२०९१४७६७५२
यह हिमकर दिन बिसरन परिमिति सुनहु नृपतिमनि चतुरचुनी॥४३॥
कलप अवमदिन ख ख ख ख सर सर
दुव बसु ख सर नयन२५०८२५५००००मितहै
ससि गतदिवस निकर७३२०९१४७६७५२करि अवमन
गुनित करिय तँहँ समुचितहै ।
ख ख ख ख ख ख तुरग मुनि बसु सर नभ दुव ख मुनि गगन प्रकृती

और फल ये तीन होते हैं सो ही ऊपर बताया है ॥ ४१ ॥ इस इच्छा से फल को गुणाने से जो संख्या हुई वह ११३१६५९८३७२२१२९३६००००० है इन में कल्प के सौर दिनों का भाग देने से हे राजाओं के मणि रामसिंह इस ग्रंथ के प्रारंभ होने से पहिले ७२७६६१९३२ अधिक मास गये ॥ ४२ ॥ इन को तीस से गुणा करके अधिक मासों के दिन किये तो २१८२९८५७९६० गये हुए अधिक दिनों की पंक्ति बनी, इन को गत सौर दिनों में मिलाया तौ ७३२०९ १४७६७५२ हुए सो चन्द्रमा के दिन हैं, सो हे राजाओं के मणि रामसिंह चतुर की चुनी हुई संख्या सुनो ॥ ४३ ॥ एक कल्प में २५०८२५५०००० तिथि टूटती हैं जिनको चंद्रमा के गये हुए दिनों के समूह से गुणाना चाहिये उस

तुरग नयन रस अनल भुजग ससि ॥

१८३६२७२१०७०२०५८७७६०००००इम समुदयहुवगुनन कृती*

ससिदिन गन१६०२९९९००००००करि इनहिं भजिय तँहँ

फल सु अवम हुव सुनहु जथा ॥

गुनमुनिकरनवनयननयनसरसरकृतहर११४५५२२९२७३गतअवमतथा

ससिदिन गन७३२०९१४७६७५२इन११४५५२२९२७३करि बिरहितकिय

तँहँ खिल जुहि दिननिचय रह्यो

नव हय कृत मुनि जिन रस गुन खट

गगन नयन मुनि७२०६३६२४७४७९मित सु लह्यो ॥ ४५ ॥

पादाकुलकम् ॥

यह मध्यम सावन रविदिन गन, लहिय बार भजि याहि सप्त७सन ॥

तँहँ कृत सर गुन सर गुन नभ अहि,

कृत नव दुव दस१०२९४८०३५३५४अवधि गई लहि ॥४६॥

इक१खिलतैं ससि बार भानु सन,

अब रविभगन४३२००००००००न गुनित अहर्गन ७२०६२४७४७९ ॥

बसु कर नव दस नव बसु सर फनि,

कृतससिगुनहर अनलकोटिहनि३११३१४८५८९१०९२८०००००००

दोहा॥

कुदिन१५७७३१६४५०००००नकरिइन३११३१४८५८९१०९२८०००००००

गुणाने से १८३६२७२१०७०२०५८७७६०००००हुए ॥४४॥ इस संख्या में कल्प के चान्द्र दिनों का भाग देने से जो फल हुआ वे तूटी तिथियां ११४५५२२९२७३ हुईं सो चांद्र दिनों में से इनको निकाला तो७२०६३६२४७४७९बाकी रहे सो अहर्गण हुआ ॥ ४५ ॥ यह मध्यम रवि दिनों का जो गण है वह सावन दिन जानो, जिन में सात का भाग देकर वार निकाला जिस में१०२९४८०३५३५४ अवधि गई ॥४६॥ बाकी एक रहा सो गत रविवार और वर्तमान चन्द्र (सोम)वार हुआ॥ अब रविभगण से अहर्गण को गुणाया तो ३११३१४८५८९१०९२८०००००००हुए॥४७॥ भूमि के दिनों से इन में भाग दिया तो जो फल आया वह सूर्य के बीते हुए भगण हैं, जो१९७२९४८९४१हुआ, ये ही कल्प के सौर गत

---

*प्रकृती १ नकृती २ अन्त्यानुप्रासः ॥

कौं भजे, फल रवि गगन अतीत ॥

बिधु कृत नव बसु बेद नव, कर हय नव इक१९७२९४८९४१नीत।४८।

खिल सर सर ख ख त्रि सर नव९५३००५५,द्वादस१२आहत कीन॥

कुदिन १५७७९१६५४००००भजतफल नभ लहिय,

तिहिँ अवि१ रासि अधीन ॥ ४९ ॥

तीस३० गुनित करि पुनि खिलहिँ, कुदिनन भजिय महीस ॥

तहँ फल आयउ तेहि गत, अवि१के लव इकबीस२१ ।५०।

सट्ठि६०गुनित सेसहिँ बिरचि, कुदिनन भजिय समत्थ ॥

कलालहिय फल बेद कृत४४,एडक१की गत अत्थ ॥५१॥

पुनिसेसहिँकरिखरस६०हतभूमिदिनन१५७७९१६४५००००दियभाग

फल बिकला तेतीस३३गत, इक्खहु जुत अनुराग॥ ५२ ॥

रोला ॥

यह १९७२९४८९४१ । ० । २१ । ४४ । ३३ । भगनादिक अर्क

भयउ मध्यम धरनीधन ॥

अब ससि भगन५७७५३३००००००न गुनिय

अहर्गन७२०६३६२४७४७७९मध्यम सावन ॥

लक्ख१०००००गुनित तहँ तुरग व्योम गुन अंक भुजग दुव

सर ससि नव गुन इक्क

अर्कअतिधृति नृप कृत४१६१९१२१३९१५२८९३०७००००००हुव५३

वर्ष हुए ॥४८॥ बाकी ९५३००५५रहे जिनको बारह से गुणाया और भूमि के दिनों से भाग दिया तो फल शून्य मिला सो मेष राशि हुई ॥ ४९ ॥

फिर जो बाकी रहे जिनको तीस से गुणा करके हे राजा उस में भूमि के दिनों का भाग दिया तहां फल २१ आये सो मेष राशि के गत अंश हुए ॥ ५० ॥ बाकी रहेहुए अंकों को साठसे गुणाया और भूमि के दिनों का भाग दिया तौ फल ४४ आये सो यहां पर मेष राशि की ४४ कला गई॥५१॥फिर बाकी रहे जिनको ६० से गुणाकर भूमि के दिनों का भाग दिया तो लब्धि फल ३३ विकला गत हुई सो प्रीति सहित देखो ॥ ५२ ॥

यह भगणादिक (भगण,राशि,अंश,कला,विकला)हे भूपति! मध्यम सूर्य हुआ अब चन्द्रमा के भगणों (बारह राशियों के भोगने को भगण कहते हैं) से

कुदिनन करि इन्ह भजिय लब्ध फल चंद्रभगन गत ।
रस नृप बसु नव अंक बानहय गुन उत्कृति२६३७५९९८१६६मत॥
खिल करि बारह१२गुनित भाग दिय तँहँ इक१आयउ ।
यातैं वृखर२ अब तीस३०गुनित खिल बहुरि भजायउ॥५४॥
तँहँ फल लव इकबीस२१ सष्टि६० आहत सेसहिँ करि ।
कलिका छप्पन५६लहिय भूमि दिवसन ताकौं हरि ॥
ख रस६०गुनित करि खिलहिँ भजिय हर रविदिन सावन ।
वृखर२विकला गत तत्थ लब्ध फल हुव अट्ठावन५८ ॥५५॥

दोहा॥

यह १।२१।५६।५८। ससिमध्यम अब द्युगन,
७२०६३६२४७४७९मध्यम सावन लाय ॥
हिमकर तुङ्ग भचक्र ४८८१०५८५८गन, करि तिहिँ दिन्न गुनाय५६
भूदिन१५७७९१६४५००००करिभाजितकियउ,तँहँससितुंगभभोग
गुन नभ सायक अष्ठ इक, नव दुव आकृति२२२९१८५०३जोग ॥५७॥
पूरबक्रम खिलकौं बिरचि,दैदै भूदिन१५७७९१६४५००००भाग ।
मुनि७तिथि१५रद३२आकृति२२लिय सु,रासि प्रमुख जुतराग ।५८।

मध्यम सावन के अहर्गण को गुनाया तो४१६१९१२१३६१५२८६३०७००००० हुआ ॥ ५३ ॥ इस में भूमि के दिनों का भाग देने से लब्धिफल२६३७५६९८१६६ चन्द्रमा के भगण गये, बाकी के अंकों को १२ से गुणाकर भूमि के दिनों का भाग दिया तो १ आया, इस से मेष राशिगत और वर्तमान वृष राशि के बाकी के अंकों को तीस से गुणाकर भूमि के दिनों का भाग दिया ॥ ५४॥ वहां फल २१ अंश गये, और बाकी के अंकों को ६० से गुणाकर फिर भूमि के दिनों का भाग दिया तो ५६ कला लब्धि हुई, फिर बाकी रहे जिनको ६०से गुणाकर भूमि के दिनों का भाग दिया तो वृष राशि की ५८ कला गई ॥ ५५॥ यह राश्यादिक अर्थात् राशि १ अंश २१ कला ५६ विकला ५८ मध्यमचन्द्रमा हुआ ॥ अब द्युगण (अहर्गण) मध्यम सावन को चन्द्रमा के भगण से गुणाया ॥ ५६ ॥ और उस में भूमि के दिनों का भाग दिया तो चन्द्रोच्च के भगण का भोग २२२६१८५०३ गया ॥ ५७ ॥ बाकी के अंकों को पहिली रीति से अर्थात् १२, ३०, ६० और फिर ६० से गुणा गुणा कर भूमि के दिनों से भा

इमरवि०।२१।४४।३३ससि।२१।५६।५८।ससिउच्च ७।१५।३२।२२। ए
हुव मध्यम नरनाह ॥
अब रवि१ससि२फुटतर बिरचि,चतुरन रंजनचाह ॥५९॥
इक१रु चतुर्दस१४बहुरि खट६,अंसादिक ऋन रूप ॥
भानु बीजसंस्कार फल, निकस्यो अत्थ अनूप ॥ ६० ॥
ऋन ससिको लव मुख दुव२रु,पावक३पुनि इकतीस३१ ॥
तान४९ रु जिन२४ससितुंगको,ऋन कलादि अवनीस ।६१।
उदयान्तर विकला कढी,उत्कृति२६ऋन रवि देय ॥
ऋन ससिमैं सायक५कला,बिकला तान४९प्रमेय ॥६२॥
इन बिनु रवि गगन०रु कृति२०रु, तीस३०रु ब्रह्म१बिधान।
ससि भूमि१रु अतिधृति१९रु मुनि,कृत४७रु तुरग गुन३७ मान ॥
मुनि७रु बेद भूमि१४रु नयन, कृत४२ बहोरि बसु बान ५८॥
अब्दबीज संस्कृत यहै चंद्र तुंग चहुवान ॥ ६४ ॥

षट्पात्

ग दे दे कर राशि ७ अंश १५ कला ३२ विकला २२ प्रीति पूर्वक लिये सो राश्यादिक चन्द्रोच्च हुआ ॥५८॥ इस प्रकार सूर्य, चन्द्र और चन्द्रमा का उच्च राशि आदिक हे नरपति रामसिंह ! ये मध्यम हुए जिनके अंक मूल में स्पष्ट लिखे हुए हैं॥ अब सूर्य चन्द्रमा स्पष्टतर चतुरों को प्रसन्न करने की चाहना से रचते हैं ॥ ५९ ॥ अंश १ कला १४ विकला ६ सूर्य के बीज संस्कार का फल ऋण रूप (घटाना) है इस लिये मध्यम सूर्य में से बाकी निकाला ॥ ६० ॥ चन्द्रमा के अंश २ कला ३ विकला ३१ ऋण (बाकी) है और हे भूपति, चन्द्रमा के उच्च में कला ४९ विकला २४ ऋण है॥६१॥सूर्य के उदयान्तर२६ विकला बाकी देनी, और चद्रमा में कला५विकला४६ऋण दी ॥६२॥ ये दोनों (बीज और उदयान्तर) मध्यम सूर्य में से निकाले तो बीज उदयान्तर से संस्कार दिया हुआ मध्यम सूर्य राशि० अंश २० कला ३० विकला १ विधि पूर्वक हुए । इसी प्रकार चन्द्रमा में बीज और उदयान्तर दोनों संस्कार दिये तो बाकी राशि १ अंश १९ कला ४७ विकला ३७ इस प्रमाण से चन्द्रमा हुआ ॥ ६३ ॥ और हे चहुवाण रामसिंह, वही अब्दबीज संस्कार चन्द्रमा के उच्च में ऋण बाकी दिया तो बाकी राशि ७ अंश १४ कला ४२ विकला २८ चन्द्रमा का उच्च हुआ

भूमि१रु भ२७रु सर पच्छ२५बहुरि नव सर५९परिमित अब,
आयउ रवि मृदुकेंद्र१।२७।२५।५९तास भुजकरि किय ज्या तब।
अंगुल व्यंगुल आदि एक नभ भू १०१रु नभ० रु नभ० ॥
तिहिंकरि मृदुफल लियउ भू १रु ख सर५०रु दस१०सुप्रभ ॥
मेषादि भानु यातैं यहैं१।५०।१०,
लवमुख फल रवि०।२०।३०।१जुत०।२२।२०।११।करयो ॥
अयनांस प्रकृति२१पुनि गज पवन ५८
इहिं कलादि जुत अनुसरयो ॥ ६५ ॥

दोहा ॥

ब्रह्म१रु कृत भूमि१४रु भुजग,चंद्र१८रु सिव११यह अर्क ॥
अब लंका बुंदी उदय,अंतर चर संपर्क ॥ ६६ ॥
रस मुनि७६मित चर पल इहाँ,सायन रवि करि आय ॥
रवि१।१४।१८।११अजादितातैंदयो,मृदुफुट०।२२।२०।११तैं सु घटाय
तब गगन०रु आकृति२२बहुरि,भुजग भू१८रु सर बात५५॥
यह०।२२।१८।५५प्रबन्ध प्रारंभके,दिन फुटतर रविप्रात।६८।

॥ ६४ ॥ सूर्य का मंदोच्च राशि २ अंश १७ कला ५६ विकला० सिद्धान्त में प्रसिद्ध है जिनमें से पहिले उदयान्तर संस्कार दिया हुआ मध्यम सूर्य आया उसको घटाया तौ बाकी राशि १ अंश २७ कला २५ विकला ५९ रहा, यह सूर्य का मृदु (मन्द) केन्द्र हुआ, इसका भुज किया तौ इतना ही हुआ फिर इसकी ज्या की तौ अंगुल १०१ व्यंगुल (अंगुल के साठवें हिस्से को व्यंगुल कहते हैं) शून्य, प्रति व्यंगुल (व्यंगुल का साठवां हिस्सा) शून्य ज्या हुई इनसे मृदुफल लिया तौ अंश१कला५०विकला१०आया सो फल मेषादि[मेष वृष मिथुन कर्क सिंह कन्या] छः राशियों में मन्द केन्द्र होवै तौ मंद फल युक्त होता है इससे युक्त किया तौ राशि० अंश २२ कला २० विकला ११ यह मन्द स्पष्ट सूर्य हुआ अब इनसे चरफल लाने के लिये अयनांश २१ कला ५८ युक्त किया ॥ ६५ ॥ तब राशि १ अंश १४ कला १८ विकला ११ यह सायन सूर्य हुआ अब लंका और बुन्दी के उदय के बीच में चरों का संबन्ध कहते हैं ॥ ६६ ॥ इस सायन सूर्य के चरपल ७६ आये सो विकलात्मक हैं और मेषादि ६ राशियों में चरपल ऋण (बाकी) दियाजाता है इसलिये मन्दस्पष्ट में कला १ विकला १६ घटाया तौ ॥ ६७ ॥ बाकी राशि ० अंश २२ कला १८

पहिलैं ज्या१०।१।०।०किय ताहिसौं,भोग्यखराड नृप१६लीन ॥
रवि१२सौं भजि अवनी१रु कृति२०,लिय किय भुक्तिबिहीन।६९।
मध्यमगति मार्त्तंडकी,नव पंच५९रु गज८पाय ॥
यातैं केंद्र१।२७।२५।५९मृगादियौं,दिय फल एह१।२०।घटाय ।७०।
तब रविगत फुटतर भई,हय पवन५७रु अहि च्यारि४८।
अब ससि फुटतर करनक्रम,नृपबर लेहु निहारि ॥ ७१ ॥
उदय१देस२भुज३अंतर रु अब्दबीज४चर५सुद्ध ॥
कु१रु नव कु१९रु कृत गुन३४रु जिन२४,
यह१।१९।३४।२४ससि गिनहु प्रबुद्ध ॥ ७२ ॥
संस्कृत ससि मंदोच्च७।१४।४२।५८तैं,
काढ्यो यह१।१९।३४।२४हि निसेन्द्र ॥
सर५रुपंचनयन२५रुगज८रु,कृतगुन३४तबमृदुकेंद्र५।२५।८।३४।।७३
याको भुजकरि ज्या करी,दस१०रु रवि१२रु आकास० ॥
सर नयन२५रु कर कृत४२कला,प्रमुख मंदफल२५।४२तास ।७४।
मंदकेंद्र५।२५।८।३४यह इंदुको,एडक आदिक अत्थ ॥
यातैंयह२५।४२मृदफलकरयोसंस्कृतससि१।१९।३४।२४के सत्थ७५

विकला ५५ यह इस ग्रन्थ (वंशभास्कर) के प्रारंभ के दिन प्रभात में स्पष्ट सूर्य हुआ ॥ ६८ ॥ पहिले ज्या करी उसीसे गति फल के लिये भोग्य खराड सौलह का लिया जिसमें १२ का भाग दिया तौ फल कला १ विकला २० आया सो सूर्य की मध्यम गति कला ५९ विकला ८ में घटाये (क्योंकि मन्दकेंद्र मकरादि ६ राशि, मकर कुंभ मीन मेष वृष मिथुन में गतिफल ऋण होता है) बाकी सूर्य की स्पष्ट गति कला ५७ विकला ४८ हुई अब हे श्रेष्ठराजा चन्द्रमा को स्पष्ट करने का क्रम देखो ॥ ७० ॥ ७१ ॥ उदयान्तर, देशान्तर, भुजान्तर, अब्दबीज और चर इन पांच संस्कारों से शुद्ध कियाहुआ चन्द्रमा हे पण्डित रामसिंह राशि १ अंश १९ कला ३४ विकला २४ जानो ॥ ७२ ॥ संस्कार कियाहुआ पहिले चन्द्रमा का मंदोच्च राशि ७ अंश १४ कला ४२ विकला ५८ में से निकाला तौ राशि ५ अंश २५ कला ८ विकला ३४ बाकी रहा सो चन्द्रमा का मन्दकेन्द्र हुआ ॥ ७३ ॥ इसका भुज करके ज्या करी तौ अंगुल १० व्यंगुल १२ प्रतिव्यंगुल ० इनसे मंदफल कला २५ विकला ४२ आया ॥ ७४ ॥ सो चन्द्रमा का मंदकेंद्र एडक (मेष) आदि छः राशियों में है इसलिये मन्दफल चन्द्रमा में युक्त किया

तब भूमि रु नख२० पुनि नभ रु, खट६फुटतर ससि१।२०।०।६आँहिं॥
भोग्य खंड आयो प्रकृति २१, मृदु फल साधन माँहिं ॥ ७६ ॥
तेरह१३सौं गुनि ताहि२७३दै, बेद४ भाग फल लिन्न ॥
मध्यम गति नभ नव मुनि ७९०रु, सर गुन ३५तँहँ जुत किन्न।७७।
गज तर्क६८रु तिथि१५भुक्ति फल, जुरि ससिगति१९०।३५हुवसुद्ध ॥
अहि सर गज८५८अरु नभ पवन५०, तिहिं दिन प्रात प्रबुद्ध ॥७८॥
फुटरवि०।२२।१८।५५॥५७।४८ससि१।२०।०।६॥८५८।५०करितिथि
लहिय, तीज ३ घटी मुनि राम ३७ ॥
पल आकृति२२अरु रोहिनी४, विश्व१३रु गज सर५८ताम॥७९॥
तीस३०रु दस१०अतिगंज६युति, तैतिल६करन उपेत ॥
विस्तरसौं चंडासि भव, करिहैं गनित निकेत ॥ ८० ॥
पल मुखकु १रु द्विसर५२रु ख गुन३०, जँहँ देसांतर मान ॥
जिन२४अरु गज नयन२८रु ख गुन३०, अक्ष अंश तिंहिं थान ॥८१॥
अैसे बुंदियनैर बिच, हुव यह प्रथित प्रबंध ॥

तब राशि १ अंश २० कला० विकला ६ स्पष्टतर चन्द्रमा हुआ ॥ अब गति स्पष्ट करने के लिये मन्दफल साधन में जो ज्या का भोग्य खण्ड२१ आया ॥ ॥७६॥ जिसको १३ से गुणाकर चार का भाग दिया सो चन्द्रमा की मध्यम गति कला ७९० विकला ३५ में मिलाये ॥ ७७ ॥ गतिफल कला ६८ विकला १५ मध्यमगति में जोड़ने से हे पण्डित रामसिंह कला ८५८ विकला ५० प्रभात में चन्द्रमा की गति स्पष्ट हुई ॥ ७८ ॥ सूर्य और चन्द्रमा को स्पष्ट करके तिथि निकाली तो ३७ घड़ी और२२पल सूर्योदयात् तीज आई और रोहिणी नक्षत्र तहां पर १३ घड़ी ५८ पल आया ॥ ७९ ॥ ३० घड़ी १० पल अतिगंज योग, तैतिल करण सहित आया ॥ यहां पर संक्षेप से गणित किया गया है ॥ आगे चहुवाण के जन्म स्थान पर विस्तार से गणित करेंगे ॥ ८० ॥ अब बुन्दी नगर के देशान्तर और अक्षांश बताते हैं कि १ पल ५२ अक्षर ३० व्यक्षर (घड़ी के साठवें हिस्से को पल, और पल के साठवें हिस्से को अक्षर, और अक्षर के साठवें हिस्से को व्यक्षर कहते हैं) देशान्तर का प्रमाण है, और २४ अंश २८ कला ३० विकला इस स्थान पर अक्षांश है ॥ ८१ ॥ इस प्रकार बुन्दी नगर के वीच में यह ग्रंथ (वंशभास्कर) प्रसिद्ध हुआ । प्रभवादि साठ संवत्सरों में ब्रह्मा, विष्णु और शिव इन तीनों के बीस बीस वर्ष होते हैं उनमें शिव

सिवके बरस बिरोधकृत५,अंतर सर्व सुसंध ॥ ८२ ॥

षट्पात्

नृप१सित२मंत्रिय१मंद२सेननेता१हु सुक्र२जँहँ,
पूर्वधान्यपति१आर२अपर अन्नेस१अर्क२तँहँ ॥
अर्घप्रति१हु कविपुत्र२मेघ ईस१हु भृगु कुलबर२ ।
रसपति१गुरु२ धनईस१बुध२रु नीरसपति१हिमकर२ ॥
फलपति१हु चंद्र२कुतवाल१रवि२जिहिँ हायन इम खेट७गन ।
तिहिँमाँहिँ भूप सासन लहि रु किय प्रबंध प्रारंभपन ॥ ८३ ॥

दोहा ॥

गुन३रु पचीस२५रु नभ०रु कृत४,सुद्ध लग्न अनुसार ।
सुचिकुलको किय तिहिँ समय, अर्कमल्ल उच्चार ॥ ८४ ॥

षट्पात्

विक्रम सक हय अंक अष्ठ अवनी१८९७मित आवत ।
सालिवाह सक नयन तर्क हय भूमि१७६२सुहावत ॥
चंद्राध सित तीज३ घटी मुनि गुन३७पल दुव कर२२ ।
बिधिभ४त्रिकु१३रु गज पंच५८छठी६युति तीस३०रु दस१०पर ॥
तैतिल४कृसानु ससि१३कृतबिखय५४दिन दंत३२रु रद३२मान धर
मध्यान्ह इष्ट आरंभकिय लग्न कुलीर४प्रबंध बर ॥ ८५ ॥

की बीसी के भीतर पाँचवीं संख्या का “ विरोधकृत ” नामक संवत्सर श्रेष्ठ प्रतिज्ञा के साथ है ॥ ८२ ॥ इस वर्ष का राजा शुक्र, मंत्री शनैश्चर, सेनापति शुक्र, पूर्वधान्यपति मंगल, पश्चिम धान्यपति सूर्य, भाव (मँहगाई सस्ताई) का पति शुक्र, मेघपति शुक्र, रसप[illegible] बृहस्पति, धनपति बुध, नीरसे[illegible] चंद्रमा, फलपति चन्द्रमा, कोतवाल सूर्य जिस वर्ष में इन ग्रहों का समुदाय है उसी वर्ष में राजा की आज्ञा लेकर इस ग्रंथ (वंशभास्कर) के प्रारम्भ का पन किया ॥ ८३ ॥ अब ग्रंथ के प्रारम्भ का लग्न स्पष्ट लिखते हैं राशि ३ अंश २५ कला ० विकला ४ इस शुद्ध लग्न के अनुसार अग्नि वंश का सूर्यमल्ल कवि ने उच्चारण किया ॥ ८४ ॥ विक्रम का सम्वत् १८९७ और शालिवाहन का शक १७६२ वैशाख सुदि ३ सोमवार घड़ी ३७ पल ५२ रोहिणी नक्षत्र घड़ी १३ पल ५८ अतिगंज योग घड़ी ३०पल १ तैतिल करण घड़ी १३ पल ५४ दिनमान

लग्नम्

ग्रहलाघव अनुसार अभ्र सर बेद४५०अहर्गन ।
अवि१ पररवि कवि कुज रु इंदु वृख२ केतु मृगादन५ ।
तुला७ जीव अलि८मंद कुंभ११ आश्रित सिंहीसुत ।
सोमनंद थित सफर१२ जत्थ निज भाग भोग जुत ।
हय पंच अर्क१२५७मित जवन सक इंग्रेजन सासि बेद धृति१८४१।

घड़ी २३पल ३२ मध्यान्ह के समय कर्क लग्न में श्रेष्ठ ग्रंथ का आरम्भ किया ॥८५॥ अब आगे ग्रह लाघव नामक करण ग्रंथ के अनुसार अहर्गण ४५० है, और सूर्य, शुक्र, मंगल ये तीनों ग्रह मेष राशिपर हैं, चन्द्रमा वृष राशि पर, केतु सिंह राशि पर, वृहस्पति तुल राशि पर, शनैश्चर वृश्चिक राशि पर, राहु कुंभ राशि पर, बुध मीन राशि पर है. ये ग्रह अपने अपने अंशों के भाग सहित हैं औ हिजरी सन् १२५७ ईसवी सन् १८४१ है, इस समय में श्रेष्ठ

तिहिँ काल सुकवि आरंभ किय अनलबंसउतपत्ति कृति ॥८६॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणे प्रथम१राशौ सर्गादि-लयान्तसमयसूचनपूर्वकग्रन्थप्रारम्भकाललग्नपञ्चाङ्गस्फुटीकरखेट स्थानसूचनं नाम नवमो ९ मयूखः ॥ ९ ॥

दोहा

कवि भमेड१ अनुकूल सब, लगन सकुन ग्रह लिन्न ।
तत्थ बंदि गुरु देवतन, कृति आरंभन किन्न ॥ १ ॥
जदपि न तीव्र मदीय मति, तदपि रचौं यह ग्रंथ ।
प्रथम नृपति आदेस पुनि, कविकुल जीवन पंथ ॥ २॥

षट्पदी

जो न निरखि राकेस चमक खद्योत दिखावहिँ ।
जो न गरुड़गति देखि मसक मन उडन चलावहिँ ॥
जो न छुद्र बेसंत जानि सिंधुहिँ जलधारहिँ ।
प्लवग जो न हनुमंत मलप लखि फाल सम्हारहिँ ॥
जो रामरावराजेंद्र लखि इतरभूप राज्य न धरैं ।

कवि (सूर्यमल्ल) ने अग्नि वंश की उत्पत्ति का ग्रंथ (रचना) आरंभ किया। ८६।

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के पूर्वायण के प्रथम राशि में सृष्टि रचना से लेकर प्रलय पर्यन्त समय के जनाने पूर्वक ग्रंथ के प्रारंभ समय का लग्न पञ्चाङ्ग स्पष्ट करके ग्रहों का स्थान जनाने का नवमा मयूख समाप्त हुआ॥

कवि (सूर्यमल्ल) ने मेष राशि (मेष राशि पर सूर्य और मंगल का आना शुभ है सोही यहां पर है) लग्न, शकुन, ग्रह ये सब अनुकूल ले, गुरु और देवताओं को नमस्कार करके इस ग्रंथ [वंशभास्कर] का प्रारंभ किया॥ १ ॥ यद्यपि मेरी बुद्धि तीव्र नहीं है तौ भी यह ग्रंथ बनाता हूं, क्योंकि एक तौ राजा की आज्ञा और दूसरा कवियों के कुल के जीवन का मार्ग ही यही है। २। यदि चन्द्रमा को देखकर जुगनू [आग्या] चमक न दिखाता हो, गरुड़ की गति को देखकर मच्छर उडने का मन नहीं करता हो, समुद्र को जानकर छोटे तालाव जल को धारण नहीं करते हों, हनुमान् की फलांग को देखकर बन्दर छलांग नहीं लेते हों, और रावराजेन्द्र रामसिंह [बुंदीपति चाहुवाण] को देखकर दूसरे राजा राज्य धारण न करते हों तौ सूर्यमल्ल कवि भी कुल की रीति को छोड़कर तुच्छ कविता न करै, अर्थात् ऊपर कहे हुए दृष्टांतों से बडों

कुलरीति छंडि रविमल्ल कवि तो न छुद्र कविताधरैं ॥ ३ ॥

दोहा

कोलौं निज मांदव कहौं, मैं कवि कोबिद दास ।
छमहु सुकवि अपराध यह, करहु न मम उपहास ॥ ४ ॥
जे विद्या गुन बोध बिनु, रहत दंभ धरि चित्त ।
तिनसौं बिनती ग्रन्थ यह, न पढि बिगारहु मित्त ॥ ५ ॥
प्रथम समास रु ब्यासकरि, कहौं अनलकुल भव्य ।
पुनि सब बरबिद्या बिषय, जे अवश्य पठितव्य ॥ ६ ॥
अनलअन्ववायहिं किते, बरनत सौर बखानि ।
तेजतत्व एकत्व करि, नहिं बिरोध तँहँ जानि ॥ ७ ॥

अथ क्षत्रियत्रय३सहितचहुवाणोत्पत्तिसमसनम् ॥

गीर्वाणभाषा ॥ अनुष्टुब्युग्मविपुला ।

पुराऽभूद्गौतमस्यर्षेश्छात्र उत्तङ्कसाभिधः ।
गुरुं प्रोवाच सोऽधीत्य प्रोच्यतां दक्षिणा त्विति ॥ ८ ॥
गोतमेनोक्तमुत्तङ्केणाध्यायी ते यदीहते ।

को देखकर छोटे अपनी कुलरीति के अनुसार अपना अपना कार्य करते ही रहते हैं तैसे ही मैं [ग्रंथकर्ता कवि सूर्यमल्ल] भी अपने कुल की काव्य करने की रीति को नहीं छोडकर उत्तमोत्तम काव्यों के रहते भी तुच्छ कविता करना हूं ॥ ३ ॥ कहांतक मैं अपनी मृदुता कहूं मैं कवि और पंडितों का दास हूं. हे श्रेष्ठकवियो! इस तुच्छ कविता रूपी मेरे अपराध को क्षमाकरके मेरी हसी मत करना ॥ ४ ॥ जो विद्या, गुण और ज्ञान के बिना ही अपने चित्त में घमंड भरकर रहते हैं तिनसे मेरी बिनती है कि हे मित्रो! इस ग्रन्थ को पढ़कर मत बिगाड़ना ॥५॥ प्रथम तो संक्षेप से फिर विस्तार करके श्रेष्ठ अग्निवंश को कहूंगा. फिर जो अवश्य पढ़ने योग्य सब श्रेष्ठ विद्याओं के विषय है उनको कहूंगा ॥ ६ ॥ कितने ही लोग अग्निवंश को सूर्यवंश कहकर वर्णन करते हैं उसमें भी तेजतत्व एक होने से, अर्थात् तेज रूप से सूर्य और अग्नि एक ही है, कुछ विरोध नहीं जानना ॥ ७ ॥

अब तीन क्षत्रियों के साथ चहुवाण की उत्पत्ति का संक्षेप से वर्णन है

पहले गोतम ऋषि का शिष्य उत्तंक नामक हुआ उसने पढ़कर दक्षिणा

तद्दीयतामिति श्रुत्वा सोऽप्यहल्यां व्यजिज्ञपत् ॥ ९ ॥
तयोक्तं कुण्डले राज्ञा भूभृत्सौदासवर्म्मणः ।
दक्षिणा दीयतां वत्सेति नियुक्तो ययौ नृपम् ॥ १० ॥
हार्द्दे निवेदिते राज्ञाज्ञप्तः शुद्धान्तमेत्य सः ।
ययाचे कुण्डले राज्ञीं तस्मै साप्यवदत्सती ॥ ११ ॥
अब्रवीदपि सोत्तङ्कं शचीष्टे कुण्डले इमे ।
रक्ष्येतां तक्षकाद्ब्रह्मन्प्रमादेनेष्यति च्छली ॥ १२ ॥
सोपि प्रतस्थ ओमुक्त्वाऽध्वन्येनं नियतेर्बलात् ।
बुभुक्षोग्रा समुत्पन्ना प्रमत्तीकृतवत्यरम् ॥ १३ ॥
श्रीफलं सफलं वीक्ष्याऽऽरुरोह तमसौ द्विजः ।
स्थापयित्वाऽवनौ बध्वा कुण्डले स्वाऽजिनाञ्चले ॥ १४ ॥
तदैव कुण्डलान्वेषी तक्षकः समुपागमत् ।
नीत्वा प्रसह्य तेऽधावत्सत्वरो दक्षिणामुखः ॥ १५ ॥
अवतीर्य्य द्विजो बिल्वाद्यावत्तमनुधावति ।
तावत्प्रविश्य भूमौ सोऽप्यगच्छद्वडवामुखम् ॥ १६ ॥

के लिये गुरु से कहा ॥८॥ गोतम ने कहा, हे उत्तंक तेरी गुरानी जिस वस्तुकी इच्छा करती है वह दे. यह सुनकर उस उत्तंक ने अहल्या से कहा ॥९॥ अहल्या ने कहा, हे पुत्र ! राजा सौदासवर्मा की रानी के कुण्डल दक्षिणा में दे इस रीति प्रेरित होकर राजा के पास गया ॥ १० ॥ अभिप्राय जताने पर राजा की आज्ञा से इस उत्तंक ने जनाने में जाकर रानी से कुण्डल मांगे, उस पतिव्रता रानी ने भी उसको दे दिये ॥ ११ ॥ और उसने उत्तंक से यह भी कह दिया था कि इंद्राणी के प्रिय इन कुंडलों को हे ब्राह्मण ! तक्षक नाग से बचाना, यदि तुम असावधान रहोगे तो वह छली ले जायगा ॥ १२ ॥ वह उत्तंक भी इस बात को स्वीकार कर चला, मार्ग में प्रारब्धवश इसको अत्यन्त भूख लगी सो शीघ्र ही उत्तंक को असावधान कर दिया ॥ १३ ॥ यह ब्राह्मण फले हुए बील के वृक्ष को देखकर कुण्डलों को अपनी मृगछाला के कोने में बांध, भूमि पर धरकर, उस वृक्ष पर चढ़ गया॥ १४ ॥ उसी समय कुंडलों को खोजनेवाला तक्षक आगया और अचानक कुंडलों को लेकर दक्षिण को दौड़चला ॥ १५ ॥ वह ब्राह्मण बील के वृक्ष से उतर उसके पीछे दौड़ा इतने

उत्तङ्कः काष्ठमादाय प्रारेभे खननं भुवः ।
नाभिन्त भूस्ततः शक्रो ह्रादिनीं प्राहिणोदरम् ॥ १७ ॥
पविराखण्डलाज्ञप्तस्तत्काष्ठं प्राविशत्तदा ।
आपातालं चखानोर्वीं चक्रेऽध्वानं द्विजोचितम् ॥ १८ ॥
तेनाऽधोभुवनं गत्वा दृष्ट्वा चित्राण्यनेकशः ।
नागानग्निबलाज्जित्त्वोत्तङ्कस्ते आप कुण्डले ॥ १९ ॥
ततःसस्वरुनिर्भिन्नश्वभ्रमासीन्महीतले ।
विशश्राम वशिष्ठर्षिः कदाचित्तदुपस्थले ॥ २० ॥
तत्रर्षेर्नन्दिनीधेनुर्विचरन्ती क्वचिद्दिने ।
वैदूर्य्यसुहरित्तृण्या लोभमुष्टाऽवटेऽपतत् ॥ २१ ॥
याते तदागमाऽनेहस्यक्षमालोदितः प्रभुः ।
अन्वेष्टुं निर्ययावुच्चैर्नन्दिनीति समाह्वयन् ॥ २२ ॥
श्रुत्वा स्वामिस्वनं चक्रे सा हम्भारवमर्ज्जुनी ।
ततस्तामेत्य मुनिना गङ्गानावीशशेखरा ॥ २३ ॥
आविरासावटात्सापि प्रस्तुता परदेवता ।

में वह तक्षक भूमि में घुसकर अपने लोक (नागलोक) में चलागया ॥ १६ ॥ उत्तंक एक लकड़ी ले पृथिवी को खोदने लगा परन्तु पृथ्वी नहीं खुदी तब इंद्र ने शीघ्र ही वज्र दिया ॥ १७ ॥ और इंद्र की आज्ञा से वह वज्र उस लकड़ी के लग गया, तब भूमि को पाताल पर्यन्त खोद डाला और उस ब्राह्मण के जाने योग्य मार्ग कर दिया ॥ १८ ॥ उस मार्ग से पाताल में जाय, अनेक आश्चर्य देख, अग्नि के बल से सर्पों को जीत, उत्तंक ने वे कुंडल लिये ॥१६॥ तब से वह वज्र से खुदा हुआ बिल (खड्डा) पृथिवी में रहा, किसी समय वसिष्ठ ऋषि ने उस स्थल के समीप विश्राम किया ॥ २० ॥ हां पर ऋषि की नंदिनी नामक गाय किसी दिन फिरती हुई नील मणि के समान सुंदर हरे तृणों के लोभ से उस बिल में पड़ गई ॥ २१ ॥ उस गाय के आने का समय आने पर अपनी स्त्री अक्षमाला के कहने पर प्रभु (वसिष्ठ) उच्च स्वर से नंदिनी इस नाम से पुकारते हुए गाय को ढूंढने गये ॥ २२ ॥ उस श्वेत गाय ने स्वामी का शब्द सुन, हंभार शब्द किया (रंभाई) तब उस गौ को प्राप्त हो शिव के मस्तक पर रहनेवाली गंगा की मुनि ने स्तुति की ॥ २३ ॥ उस गढ़े से स्तुति की हुई उत्कृष्ट देवता वह गंगा भी प्रकट हुई और अपने

स्वस्रोतोरंहसा रुद्धां सौरभेयीमतीतरत् ॥ २४ ॥
दृष्ट्वा तदाऽवटं घोरं विचारितमथर्षिणा ।
मया निष्कासिता शक्त्या गङ्गामाहूय नन्दिनी ॥२५॥
पततामवटेऽन्येषां क्व निष्कस संभवः ॥
तदिदं पूरणीयं मे श्वभ्रं केनचिदद्रिणा ॥ २६ ॥
इत्यालोच्य हिमप्रस्थं जगामारुन्धतीधवः ॥
पुत्रमेकं ययाचे तं गर्त्तपूर्त्यै कुलाचलम् ॥ २७ ॥
मेनेऽनेनर्षये पुत्रः पङ्गुर्नन्दी निवेदितः ॥
अर्बुदाहिमधिष्ठाप्यानयत्स तमुपाश्रमम् ॥ २८ ॥
तेनर्षिः पूरणाञ्चक्रे खातं सर्वहिते रतः ॥
निमग्नोऽद्रिरसौ खातेऽवशिष्टा तस्य नासिका ॥२९॥
ततोऽयमर्बुदो नाम्ना प्रख्यातो भुवि पर्वतः ॥
अरण्यनवके९ गण्यस्तीर्थरूपः शिवालयः ॥३०॥
वशिष्ठेन ततस्तत्रानुष्ठिताः शतशोऽध्वराः ॥
तीर्थानि देवताः सर्वाः स्थापिताश्चोत्तमे गिरौ ॥३१॥
अथो वैवस्वताऽभिख्ये संलग्ने सप्तमे७ मनौ ॥

स्रोत के वेग से रुकी हुई गाय को तिराया ॥ २४ ॥ तब बड़े भारी गढ़े को देखकर ऋषि ने विचारा कि मैंने तो शक्ति से गंगा को बुलाकर नंदिनी को निकास लिया है ॥ २५ ॥ परन्तु इस गढ़े में और गिरेंगे तिनके निकसने की क्या संभावना है इस कारण से इस खड्डे को किसी पर्वत से मुझे भर देना चाहिये ॥ २६ ॥ ऐसा विचारकर अरुंधती का पति हिमालय के पास गया और गढ़ा भरने के हेतु उस कुलाचल से एक पुत्र मांगा ॥ २७ ॥
उस पर्वत ने माना कि ऋषि के अर्थ नंदी नामक पाँगला (चरण रहित) पुत्र भेट करूं. वह ऋषि अर्बुद नामक सर्प पर चढ़ा कर नंदी पर्वत को अपने आश्रम के पास लाया ॥ २८ ॥ सब का कल्याण करनेवाले ऋषि ने उस पर्वत से उस खड्डे को भर दिया, यह पर्वत खड्डे में डूब गया जिसकी नासिका बाकी रही ॥ २९ ॥ तब से यह पर्वत पृथिवी पर अर्बुद नाम से प्रसिद्ध हुआ और नव अरण्यों (वनों) में गिना गया और तीर्थ रूप शिवालय हुआ ॥३०॥ तब वसिष्ठ ने तहां पर सैकड़ों यज्ञ किये और इस उत्तम पर्वत पर संपूर्ण देवता और तीर्थ स्थापित किये ॥ ३१ ॥ इस के आगे वैवस्वत नामक सातवाँ

तद्भुक्तानां युगानां चाऽतीतानां सप्तविंशतौ२७॥ ३२ ॥
अष्टाविंश२८युगस्यापि द्वयोरङ्घ्र्योर्व्यतीतयोः ॥
तृतीय३स्यार्वषड्वेदाऽभ्रतर्कैभा८६०४६७ब्दसंचये ॥ ३३ ॥
द्वापरस्य गते शिष्टे त्र्यग्नीषुगुणा३५३३संमिते ॥
प्रवृत्तोतिदुराचारो दैत्यहेतुर्महीतले ॥ ३४ ॥
दैत्यराड्बाणसूनू द्वौ२वशिष्ठस्य महामखे ॥
धूम्रकेतु१श्च जम्भ२श्च प्रत्यूहं ह्यन्वतिष्ठताम् ॥३५॥
तत्क्रुद्धेन वशिष्ठेन ब्रह्मविष्णुशिवादयः ॥
अन्ये चेन्द्रमुखा देवा आनीता अर्बुदं गिरिम् ॥ ३६ ॥
प्रार्थितेन ततो धात्रा मृत्युमुद्दिश्य दैत्ययोः ॥
उदपादि ज्वलद्वह्नेः कुण्डात्क्षत्रचतुष्टयम्४ ॥ ३७ ॥
पूर्वं प्रादुरभूत्तत्र क्षत्रियः पीनविग्रहः ।
प्रतिहार१इति ख्यातो नाम्ना सौम्यान्तरिन्द्रियः ॥ ३८ ॥
पुण्डरी‌कसगोत्रोसौ यजुर्वेदः सुलक्षणः ॥
ताभ्यां माध्यन्दिनिशाख३त्र्यंके त्रि३प्रवरो रणम् ॥ ३९ ॥
उल्मुकच्छर्दिनं१ दैत्यं सूचीलोमानमुद्धतम् ॥

---

७ मनु लगने पर और उसके भोगने के सत्ताईस युग बीतने पर ॥ ३२ ॥ अ-ट्ठाईसवें युग के दो चरण व्यतीत होकर तीसरे चरण (द्वापर) युग के आठ लाख साठ हजार चार सौ सड़सठ वर्ष बीत कर ॥ ३३ ॥ तीन हजार पांच सौ तेतीस वर्ष बाकी रहते पृथिवी पर दैत्यों का किया हुआ अत्यन्त दुराचार फैला ॥ ३४ ॥ दैत्यों के राजा बाण के दो बेटे धूम्रकेतु और जंभ ने वसिष्ठ के बड़े यज्ञ में विघ्न किया ॥ ३५ ॥ उन पर क्रोध कर वासिष्ठ ने ब्रह्मा, विष्णु महेश और इंद्रादि अन्य देवताओं को अर्बुद पर्वत पर बुलाया ॥ ३६ ॥ तब प्रार्थना करने पर ब्रह्मा ने उन दोनों दैत्यों की मृत्यु को विचार कर जलते हुए अग्निकुंड से चार क्षत्रिय उत्पन्न किये ॥ ३७ ॥ उनमें प्रथम पुष्ट शरीरवाला, सौम्य है अंतःकरण और इंद्रियां जिस की ऐसा प्रतिहार नाम से प्रसिद्ध क्षत्रिय उत्पन्न हुआ ॥ ३८ ॥ इस (प्रतिहार) पुण्डरीक गोत्र, यजुर्वेद, त्रिप्रवर, माध्यन्दिनी शाखावाले सुलक्षण पुरुष ने उन दोनों दैत्यों से संग्राम किया ॥ ३९ ॥ इस क्षत्रिय ने अंगारे उगलनेवाले सूचीलोम(सूई सरीखे केशवाले)

अन्यांश्चाजौ जघानायं दैतेयाञ्छस्त्रशालिनः ॥ ४० ॥
तथापि नाशकद्धन्तुं द्वौ२तौ दोर्दण्डदुर्मदौ ॥
यतमानोपि दुष्टाभ्यां प्रहारैः प्रापितोऽस्मृतिम् ॥ ४१ ॥
क्षत्रियास्तत्कुलोद्भूताः ख्यातिं जग्मुर्महीतले ॥
तन्नामाङ्कितया जात्या पडिहारा१ इतीरिताः ॥ ४२ ॥
उदभावि ततो धात्रा द्वितीयः२क्षत्रियोत्तमः ॥
चालुक्य२श्चालुको२नाम्ना चुलुक्यश्चौलुकस्तथा ॥
भारद्वाजसगोत्रोयं यजुर्वेदो महाभुजः ॥
वीरो माध्यन्दिनीशाख३श्चक्रे त्रि३प्रवरो रणम् ॥ ४४ ॥
वृष्ट्वा पार्शत्कमासारं चुलुक्यः शौर्यसागरः ॥
दानवाञ्छूककर्णादीन्मर्द्दकादींश्च सोऽवधीत् ॥ ४५ ॥
नाभिभूतौ ततोप्येतौ दैतेयौ समिदुत्कटौ ॥
जितवन्तौ तमप्याशु प्रहारैरतिदारुणैः ॥ ४६ ॥
तदन्ववायसम्भूता अभूवन्क्षत्रिया भुवि ॥
कथिताश्चालुका२जात्या सर्वैःसोलङ्खिनस्तथा ॥ ४७ ॥
ततो रमेशरुद्राभ्यामाज्ञप्तेन विरिञ्चिना ॥

विकट दैत्य और अन्य शस्त्रकुशल दैत्यों को मारा ॥ ४० ॥ तौ भी भुजबल से मदोन्मत्त उन दोनों (धूम्रकेतु और जंभ) को मारने के लिये समर्थ नहीं हुआ और यत्न करने पर भी उन दुष्टों के प्रहार से मूर्छित हुआ ॥ ४१ ॥ उसके कुल से पैदाहुए क्षत्रिय उसीके नाम की जाति से पड़िहार कहानेवाले प्रसिद्ध हुए ॥ ४२ ॥ तब ब्रह्मा ने क्षत्रियों में उत्तम चालुक्य, चालुक, चुलुक्य और चौलुक इन नामों से दूसरा क्षत्रिय पैदा किया ।४३। भारद्वाज गोत्र, यजुर्वेद, माध्यन्दिनी शाखा और त्रिप्रवरवाले महाबाहु इस वीर ने संग्राम किया ॥ ४४ ॥ इस वीरता के समुद्र चुलुक्य ने पार्शत्क बाणों की वृष्टि वरसा कर शूककर्णादि और मर्दकादि दानवों को मारा ॥ ४५ ॥ तौ भी संग्राम में विकट रहनेवाले वे दोनों दैत्य नहीं हारे और अतिकठोर प्रहारों से इस क्षत्रिय को जीतलिया ॥ ४६ ॥ उसके कुल से पैदाहुए क्षत्रिय पृथ्वी में सब चालुक कहाये और जाति से सोलंखी हुए ॥ ४७ ॥ तब विष्णु और शिव की प्रेरणा से ब्रह्मा ने वशिष्ठ के हितकी इच्छा से तीसरा क्षत्रिय

भूय आविरभाव्यन्यो वशिष्ठेष्टचिकीर्षुणा ॥ ४८ ॥
प्रमारः१परमारो२यं प्रामार३श्च समाख्यया ॥
वशिष्ठगोत्रसंपन्नो यजुर्वेदो रणोत्सुकः ॥ ४९ ॥
सोपि माध्यन्दिनीशाखो वीरस्त्रि३प्रवरो युधि ॥
कङ्कालादोग्रकग्रीवकोलदंष्ट्रादिकानहन् ॥ ५० ॥
तुमुलं च महच्चक्रे तथापीन्द्रारिराट्सुतौ ॥
नाशकत्तौ खलौ जेतुं प्रत्युताऽभूत्प्रहारितः ॥ ५१ ॥
तदन्वयसमुद्भूताः क्षत्रिया ये धरातले ॥
प्रमाराः१परमारा२स्ते जात्या सर्वैः प्रकीर्त्तिताः ॥ ५२ ॥
ततोतिक्रूरयाऽऽहुत्या हव्यं प्रक्षिप्य पावके ॥
उदपादि चतुर्थो४यं वीरः क्रुद्धमना बली ॥ ५३ ॥
आजानुलम्बदोर्दण्डोऽस्यऽरिशक्तिगदायुधः ॥
तप्तकाञ्चनसङ्काशश्चण्डवीर्यश्चतुर्भुजः ॥ ५४ ॥
सामवेदस्तथापञ्चप्रवरो वत्सगोत्रभृत् ॥
संनद्धः कौथमीशाखः सङ्ग्रामोद्धतसाहसः ॥ ५५ ॥
आपन्वान्१जामादग्न्य२श्च च्यवनो३ भार्गव४स्तथा ॥
और्वः५पञ्चम५इत्येताश्चण्डासिप्रवराभिधाः ॥ ५६ ॥

फिर पैदा किया ॥ ४८ ॥ यह क्षत्रिय प्रमार, परमार और प्रामार इन नामों से वाशिष्ठ गोत्र, यजुर्वेदवाला रण में उत्साही हुआ ॥ ४९ ॥ उस माध्यन्दिनी शाखा और त्रिप्रवरवाले वीर ने संग्राम में कंकालाद, उग्रग्रीव और कोलदंष्ट्र आदि दैत्यों को मारा ॥ ५० ॥ बड़ा भारी संग्राम किया तौ भी वे दोनों दुष्ट दैत्यराज के पुत्र जीतने में नहीं आये उलटा यह प्रमार घायल हुआ ॥ ५१ ॥ उस के वंश के भूतल में जो क्षत्रिय हैं वे प्रमार जाति से कहाये ।५२।तब क्रूर आहुति से अग्नि में होम कर क्रोधीमनवाले,बली शूरवीर चौथे क्षत्रिय को उत्पन्न किया ॥ ५३ ॥ यह क्षत्रिय आजानुबाहु, खड्ग चक्र बरछी और गदा इन आयुधोंवाला,तपेहुए सोने के समानदीप्तिमान्,प्रचण्ड पराक्रमी, चतुर्भुज, सामवेद, कौथमी शाखा, पञ्चप्रवर और वत्स गोत्र धारण करनेवाला, शस्त्रधारी, संग्राम में बड़ा साहसी जिस चण्डासि क्षत्रिय के आपन्वान्, जामदग्न्य, च्यवन, भार्गव और और्व ये पांच प्रवरों के नाम हैं, सब लोग

चह्वाण४श्चहुवाणो४सौ चुहाण४श्च चतुर्भुजः ॥
चौहाण४श्चापि चण्डासिः४प्रोक्तः सर्वैरभिख्यया ॥ ५७ ॥
अभिषिक्तोऽखिलैर्देवैर्विधिपूर्वं नृपोत्तमः ॥
स उल्बणाभिसंपाते रेमे दुर्गासहायवान् ॥ ५८ ॥
अभेद्यं वपुरासाद्याखिलसूतेः प्रसादतः ॥
स्वशक्तिमाश्रितां स्तुत्वाऽऽशापूरां शत्रुशातिनीम् ॥ ५९ ॥
शक्त्या धूम्रध्वजं१बाणैश्चतुर्भिर्यन्त्रकेतनम्२ ॥
अयं निपातयाञ्चक्रे प्रभुः शौण्डीर्यभूषणः ॥ ६० ॥
तालहस्तं३करालास्यं४कीलजिह्वं५ह्रदोदरम्६ ॥
रीतिनेत्रं७महादैत्यं शूलिकं८शैलनासिकम् ९ ॥ ६१ ॥
प्रहारपातैनैरेतांश्चण्डासिरसुरानहन् ।
सुरकेशिहिडम्बाद्या अभवन्विपलायिनः ॥ ६२ ॥
तत इन्द्रादयो देवाश्चहूवाणमपूजयन् ।
ववृषुः कुसुमासरं ननृतुश्चाप्सरोगणाः ॥ ६३ ॥
तुष्टुवुश्चारणाः सिद्धा विद्याधरमयूरगाः ।
हाहादयो जगुः कीर्त्तिं गन्धर्वास्तस्य भूपतेः ॥ ६४ ॥

जिसको चव्हाण, चहुवाण, चुहाण, चतुर्भुज, चउहाण और चंडासि इन नामों से कहते हैं ॥ ५४ ॥ ५५ ॥ ५६ ॥ ५७ ॥ इन चार श्लोकों का कुलक है ॥ सब देवताओं ने विधि पूर्वक इस उत्तम राजा का अभिषेक किया वह दुर्गा की सहायता से संग्राम में स्पष्ट क्रीड़ा करनेलगा ॥५८॥ संपूर्ण को पैदा करनेवाली शक्ति की कृपा से अभेद्य शरीर को प्राप्त होकर शत्रुओं का नाश और आशा पूर्ण करनेवाली अपनी सहायक शक्तिकी स्तुति करके ॥५९॥ पराक्रम ही है भूषण जिसके ऐसे प्रभु ने बरछी से धूम्रध्वज को और चार बाणों से यंत्रकेतन को मारा ॥ ६० ॥ यह दो श्लोकों का युग्म है ॥ चंडासि ने हस्तताल, करालास्य, कीलजिह्व, ह्रदोदर, रीतिनेत्र, महादैत्य शूली और शैलनासिक इनको शस्त्रप्रहार से मारा. और मुर, केशी, हिडंबादि भागगये ॥ ६१ ॥ ६२ ॥ यह युग्म है ॥ तब इंद्रादि देवताओं ने चहुवाण का पूजन किया, पुष्पों की वृष्टि की, और अप्सराओं का समूह नाचने लगा ॥ ६३ ॥ चारण, सिद्ध, विद्याधर, किन्नर और नाग प्रसन्न हुए. हाहा आदि गंधर्व उस राजा की कीर्ति गाने लगे ॥ ६४ ॥

अथ विष्णवीशब्रह्माणश्चण्डासिं सुरसेवितम् ।
इन्द्रप्रस्थाधिपत्ये तं तेऽभिषिच्य तिरोदधुः ॥ ६५ ॥
हेतिद्वितीय एषोपि प्रभुर्जित्वा चतुर्दिशः ।
इन्द्रपूस्थे चकारोच्चै राज्यं धर्मधुरंधरः ॥ ६६ ॥
एवं युष्मत्कुलोत्पादी रामसिंह धराधव ।
आविरासाऽर्बुदे राजा चहुवाणो१ऽग्निकुण्डतः ॥ ६७ ॥
इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणे प्रथम१राशौ क्षत्रि-
यत्रय३सहितचहुवाणजन्मवर्णनं नाम दशमो१० मयूखः ॥ १० ॥

अथ चहुवाणवंशसमसनम् ॥
गीर्वाणभाषा ॥ गीतिः ॥

नृपचहुवाण१ज्जज्ञे पुत्रः सामन्तदेव२इति नाम्ना ।
समरप्रचण्डभावात्प्रचण्ड इत्यप्युदीरितो लोकैः ॥ १ ॥
सामन्तदेवतोऽभून्नृपो महादेव३इत्यभिख्यावान् ।
परकदनतत्परत्वात्परभञ्जन३ इत्यपीरितः सर्वैः ॥ २ ॥
उदभूच्च महादेवान्महोन्तदेवो४ महीपतिर्नाम्ना ।
आर्द्राद्यङ्घ्रिभवत्वात्कुबेर४आपेत्यपि प्रसिद्धिं सः ॥ ३ ॥

इस पीछे ब्रह्मा, विष्णु, महेश उस सुरसेवित चंडासि का इंद्रप्रस्थ के आधि-पत्य (स्वामीपन) का अभिषेक करके अन्तर्धान हो गये ॥ ६५ ॥ शस्त्र ही है दूसरा सहाय जिसके ऐसा होने पर भी इस धर्म धुरंधर प्रभु ने चार दि-शाओं को जीत कर इंद्रप्रस्थ पर भली भांति राज्य जमाया ॥ ६६ ॥ हे पृथि-वीपति रामसिंह ! आपके कुल को उत्पन्न करनेवाला आबू पहाड़ पर अग्नि कुंड से चहुवाण राजा इस रीति पैदा हुआ ॥ ६७ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के पूर्वायण के प्रथमराशि में तीन क्षत्रियों के साथ राजा चहुवाण के जन्म के वर्णन का दशवाँ१०मयूख समाप्त हुआ ॥

अब चहुवाण वंश का संक्षेप से कहना है॥ संस्कृत भाषा ॥

चहुवाण राजा के सामन्तदेव पुत्र हुआ, जिसको युद्ध में प्रचंड रहने के कारण लोगों ने प्रचंड भी कहा ॥ १ ॥ सामंतदेव के राजा महादेव हुआ जि-सको शत्रुओं का नाश करने से सबने परभंजन कहा ॥ २ ॥ महादेव के म-होन्तदेव हुआ, जो आर्द्रा नक्षत्र के प्रथम चरण में जन्म लेने से कुबेर भी

जज्ञे म न्तदेवान्महीपतिर्बिन्दुसार५ आह्वातः ।
मन्त्रजयः५ स ख्यातो मन्त्रसहायो५ऽपि मन्त्रकुशलत्वात् ॥ ४ ॥
भूपालबिन्दुसारादजायत प्रविदितो भुवि सुधन्वा६ ।
और हत्थ) को छोड़कर बाकी के ९ भाई बिना संतान मरे ॥ २५१ ॥ पराक्रमी वीरों में श्रेष्ठ सबसे बड़ा हरराज पिता देवसिंह के मरने पर बंम्बावदाका स्वामी हुआ॥२५२॥हरराज के भी बारह पुत्र हुए जिनमें बड़ा हल्लू, छोटे लल्लू, लोहराज,हम्मीर,बलिराज,अक्षयराज,श्याम,सुरताण,हरदोल,लवणकर्ण, रोपाल, सब से छोटा दुल्हपाल ये बारहों प्रसिद्ध हुए, जिनमें बड़ा हल्लू पिता के मरने पर उस बम्बावदा का पति हुआ ॥२५३॥२५४॥२५५॥ मंडोवर पुर के राजा पड़िहार वंशी हम्मीर को जीत, अनेक प्रकार के युद्ध करके हल्लू कुमारिका क्षेत्र (भरतखण्ड) में प्रसिद्ध हुआ ॥ २५६ ॥ हल्लू के वंश के सब हल्लूपोता इस पदवी से प्रसिद्ध हुए और हल्लू के पोतों में चंचावत आदि पांच भेद हुए ॥२५७॥ लल्लू कोआदिले ग्यारहही पुत्र बिना संतान मरे-अब बुन्दीपति समरसिंह का वंश कहा जाता है॥२५८॥ बुन्दीपति समरसिंह के चार ४ पुत्र हुए, जिनमें पहिला नरपाल

तेष्वाद्यो नरपालो१८३।१नप्पो१८३।१ऽपि स आस संज्ञयेतरथा ॥
हरपालो१८३।३ऽथ तदनुजस्तस्याऽप्यनुजोथ जैतसिंह१८३।३इति॥
तदनुजडुङ्गरसिंह१८३।४श्चत्वारो भ्रातरोऽभवँस्त इमे ॥२६०॥
असति पितरि नरपालो१८३।१ज्यायांस्तेष्वाधिपत्यमधिगतवान् ॥
हरपालपौत्रसंज्ञाः१।३।५समजायन्त हरपालवंशीयाः ॥२६१॥
जैताउत्तोपाख्या२।३।६अभवन्नथ जैत्रासिंहसंभूताः ॥
जैताउत्तान्तर्गतखान्धिलतस्ते हि खान्धिलोत्ता२।३।६इच ॥२६२॥
खर्ज्जूर्य्याख्यो ग्रामो डुङ्गरसिंहाय दत्त आर्य्येण ॥
तद्वासित्वात्तज्जाः खर्ज्जूरीकोपटङ्किनो३।३।७ऽभूवन् ॥२६३॥
अथ नृपतेर्नरपालाद्धम्मीरो१८४।१ऽभूत्तथा च नवरङ्गः१८४।२॥
तदनुजनुः स्थिरराजो१८४।३वीरास्त्रय इति बभूवुराजिबुधाः ।२६४।
तज्ज्यायान्हम्मीरो१८४।१बुन्दीराज्यमुपभुक्तवान्समये ॥
नवरङ्गपौत्रसंज्ञा४।४।८नवरङ्गोद्भूतसन्ततिर्जाताः॥ २६५ ॥
स्थिरराजोद्गतवंश्याः ख्याताः स्थिरराजपौत्रसंज्ञा५।४।९स्ते ॥
द्वौ हम्मीरा१८४।१ज्जातौ
वरसिंहो१८५।१लालसिंह१८५।२इति सूनू ॥ २६६ ॥
श्रुतिमतधर्म्माऽवित्रा पित्रा तज्ज्यायसेऽर्पिता बुन्दी ॥
हम्मीरेणोत्सृष्टं गैणोल्याह्वं पुरं च लालाय ॥ २६७ ॥

जिसका दूसरा नाम नप्प भी था ॥ २५९ ॥ उस का छोटा भाई हरपाल जिससे छोटा जैतसिंह, जिससे छोटा डूंगरसिंह ॥ २६० ॥ उनमें बडा नरपाल पिता के न रहने पर स्वामी हुआ, हरपाल के वंश के हरपालपौत्र (हरपालोत) नाम हुए ॥ २६१ ॥ जैतसिंह के वंश के जैतावत नाम से कहाये, जैतावतों में खांधिला से खांधिलोत हुए ॥२६२॥ राजा ने डूंगरसिंह को खजूरी नामक ग्राम दिया वहां बसने से उसके वंश के खजूरिया इस पदवीवाले हुए ॥ २६३ ॥ इस पीछे राजा नरपाल के हम्मीर, नवरङ्ग और थिरराज ये तीन संग्राम के पण्डित पुत्र हुए ॥२६४॥ जिनमें बड़े हम्मीर ने समय पर बुन्दी का राज्य भोगा नवरङ्ग के वंश के नवरङ्गपोता कहाये ॥ ६५ ॥ थिरराज के वंश के थिरराजोत कहाये हम्मीर के वरसिंह और लालसिंह ये दो पुत्र हुए ॥ २६६ ॥ वेदमत के धर्म को पालनेवाले पिता हम्मीर ने बड़े को बुन्दी और छोटे लालसिंह को

तत्रैव तेन गत्वोषितं च राणात्मजो हतश्चाजौ ॥
हाम्मीरिणा सरभसं हाम्मीरिः चेत्रसिंह इति नाम्ना ।२६८।
लालादुद्वाववुदभूतां ज्यायांस्तनयस्तु जैत्रसिंह१८६।१इति ।
नाम्नास्य नवब्रह्मः१८६।२ कनिष्ठ एतौ स्ववंशवृद्धिकरौ ॥ २६९ ॥
तज्जैत्रसिंहवंश्या जैताउत्तो६।५।१०पटङ्किनो हड्डाः ।
जाताश्च नवब्रह्मात्तथा नवब्रह्मको७।५।११पटङ्का१।१३।२स्ते ॥ २७० ॥
वरसिंहादथ जातास्त्रयः३सुता वैरिशल्य१८६।१इति मुख्यः ।
अपरो नाम्ना जावदु१८६।२रनुजस्ताभ्यां स निम्मदेव१८६।३इति ।
ज्यायांस्तु तेषु समये बुन्दीराजः स वैरिशल्यो१८६।१ऽभूत् ।
सारण१८७।१इति सेव१८७।२इति द्वौ सूनू जावदोः समुद्भूतौ।२७२।
सारणतः सामन्तो१८७जातः सामन्तका८।६।१२अतस्तज्जाः
सेवान्मेवो१८७मेवान्मेवाउत्तो९।६।१३पटङ्किनो जाताः ॥ २७३ ॥
निम्माउतोपटङ्का१०।६।१४बभूवुरथ निम्मराजवंशीयाः ।
ज्येष्ठाच्च वैरिशल्याद्बुन्दीशादष्ट८सूनवो जाताः ॥ २७४ ॥
ज्यायांस्त्वक्षयराजो१८७।१
ऽनुजाश्च चुण्ड१८७।२स्तथा ह्युदयसिंहः१८७।३ ॥
तदनु च सुभाण्डदेवः१८७।४स भारमल्लो१८७।४ऽप्यभिख्ययेतरया

गैणोली नामक पुर दिया ॥ २६७ ॥ वह वहाँ जाकर रहा और संग्राम में हम्मीरसिंह के पुत्र लालसिंह ने राजा हम्मीरसिंह के पुत्र चेत्रसिंह [खेता] को युद्ध में वहीं पर वेग से मारा ॥ २६८ ॥ लालसिंह के दो पुत्र हुए बड़ा पुत्र जैतसिंह, छोटा नवब्रह्म ये दोनों पुत्र अपने वंश को बढानेवाले हुए ॥ २६९ ॥ उस जैतसिंह के वंशके जैतावत पदवीवाले हाडा हुए, और नवब्रह्म के वंश के नवब्रह्म पदवीवाले कहाये ॥ २७० ॥ वरसिंह के तीन पुत्र हुए, बडा वैरीसाल, दूसरा जावदू इन दोनों से छोटा नीमदेव ॥ २७१ ॥ जिनमें बडा वैरीसाल तो समय पाकर बुन्दी का राजा हुआ, और जावदू के सारण और सेव ये दो पुत्र हुए ॥ २७२ ॥ सारण के सामन्त हुआ, जिसके जाये साँवन्तका कहाये, सेव के मेव हुआ जिसके वंश के मेवावत पदवीवाले हुए ॥ २७३ ॥ निम्मराज के वंश के निंबावत हुए और बुन्दीपति बडे वैरीसाल के आठ पुत्र हुए ॥ २७४ ॥ बडा तो अक्षयराज और छोटे चुंड, उदयसिंह, सुभांडदेव

नाम्नाथ शौराडदेवो१८७।५थ लोहटः१८७।६कर्म्मचन्द्र१८७।७ऊर्ज्जस्वी
श्यामो१८७।८ऽष्टमः स नाम्ना
केशवदासो१८७।८ऽपि विदित इतरेण ॥ २७६ ॥
प्रकृतिभिरग्रभवांस्त्री३न्नृपाज्ञयाऽवेक्ष्य तत्पदानर्हान् ।
विहितः सुभाराडदेवो१८७।४हि वैरिशल्ये तनुत्यजि नृपत्वे ॥ २७७॥
अक्षयराजाज्जाता अक्खाउत्तो१।१।७।१५पटङ्किनोऽभूवन् ।
चुराडोद्भवसन्तानाश्चुराडाउत्तो१२।७।१६पवाचकाः ख्याताः ॥ २७८ ॥
ऊदाउत्तो१३।७।१७पाख्या अभवन्नप्युदयसिंहवंशीयाः ।
त्रय३इतरे शौराडादय आपुरसन्ततय एव पञ्चत्वम् ॥ २७९ ॥
सर्वानुजनुः श्यामो१८७।७ष्टमो य उदितः स वैरिशल्यसुतः ।
यवनेन्द्रेण गृहीत्वा मराडूपतिना कृतोऽर्भको यवनः ॥ २८० ॥
नृपतेः सुभाराडदेवादुदभूवन्नात्मजास्त्रयो३वीराः ।
तेष्वग्रजो महात्मा नारायणदास१८८।१इत्यभिख्यावान् ॥ २८१ ॥
अनुजौ तस्य सगर्भौ बभूवतुर्नरबदो१८८।२नृसिंह१८८।३श्च ।
अनुजोऽनयोर्नृसिंहो१८८।३ जगाम निर्वंश एव पञ्चत्वम् ॥ २८२॥
नरबदतोऽन्वयजनकाश्चत्वारः४सूनवः समुदभूवन् ।

जिसका दूसरा नाम भारमल भी था, सौंडदेव, लोहट, पराक्रमी कर्मचन्द्र, आठवाँ श्याम जिसका दूसरा नाम केशवदास भी था ॥ २७५ ॥ २७६ ॥ वैरीसाल के मरने पर प्रथम के (अक्षयराज, चुंड और उदयसिंह) को राज्य के योग्य न जान कर राजा की आज्ञा से राज्य के अमात्यादि प्रधान पुरुषों ने चौथे सुभांडदेव को राजा बनाया ॥ २७७ ॥ अक्षयराज के वंश के अक्खावत पदवीवाले हुए चुंड के वंश के चुंडावत उपपद से कहाये ॥ २७८ ॥ उदय के वंश के ऊदावत कहाये बाकी के सौंड आदि तीन विना संतान ही मरे । २७९। सब से छोटा आठवाँ जो श्याम कहा गया वह वैरीसाल का बेटा मांडू के मुसल्मान बादशाह से पकड़ा जाकर बालकपन में ही मुसल्मान कियागया ॥ २८० ॥ राजा सुभांडदेव के वीर तीन पुत्र हुए जिनमें बड़ा महात्मा नारायणदास नामवाला ॥ २८१ ॥ जिसके छोटे सगे भाई नरबद और नृसिंह हुए. इन दोनों में छोटा नृसिंह बिना संतान ही मरा ॥ २८२ ॥ नरबद के वंश चलानेवाले चार पुत्र हुए. अर्जुन, भीम, पूरण और छोटा मोकल ॥ २८३।

अर्ज्जुन१८९।१भीम१८९।२समाख्या
अथ पूर्णो१८९।३मोत्कल१८९।४श्च तदनुजनिः ॥ २८३ ॥
स्वस्वसमाख्याद्युत्ताश्चत्वार४स्तत्तदन्वया जाताः ॥
पूर्ण१८०।३कुलं हम्मीरा१९१।१द्विदिताद्धम्मीरको३पटङ्कं च ।२८४।
कुलमुख्यवैरिशल्याद्वैराउत्ता४स्तथैव मोत्कल१८९।४जाः ॥
अथसुर्ज्जना१९०।१दितनुजाःषडद्व्ज्जुना१८९।१दप्रजास्त्रयोजाताः२८५
त्रय३एषु जननजनका
आव्हाभिः सुर्ज्जनो१९०।१ऽक्षयो१९०।२रामः १९०।३ ॥
एतत्सप्तक७कुलजा नरबदपौत्रो१४।८।१८पटाङ्किनः सर्वे॥ २८६॥
तदपीह सुर्ज्जनो१९१।१यं सुरताणा१९०।१नन्तरं नृपो जातः ॥
इति हेतोस्तदनुजयोर्वक्ष्ये ते द्वे२पृथक्कुले७समये ॥ २८७ ॥
सोवसरे नारायणदासो१८८।१बुन्दीश्वरत्वमधिगतवान् ॥
त्रय३एवाथ तनूजा नारायणदासतः समुद्भूताः ॥ २८८ ॥
ज्यायांस्तु सूर्यमल्ल१८९।१स्तदनुजनू रायमल्ल१८९।२आजिपटुः ॥
कल्याणमल्ल१८९।३इति च त्रिषु३तेष्वग्रेभवोऽभवद्राजा ॥ २८९ ॥

उन उन वंशों में पैदाहुए चारों कुल अपने अपने नामों के अंत में "उत्त" शब्द लगानेवाले हुए अर्थात् अर्जुनोत, भीमोत, पूरणोत, मोकलोत इन नामोंवाले चारों कुल हुए, परंतु पूर्ण का कुल उस प्रसिद्ध हम्मीर के नाम से हम्मीर का इस पदवी से भी प्रसिद्ध हुआ ॥ २८४ ॥ मोकल का वंश मोकलोत भी कुल में प्रसिद्ध, वैरीसाल के नाम से वैरावत कहाया. इस पीछे अर्जुन के सुर्जन आदि छः पुत्र हुए जिनमें तीन तो विना संतानवाले ; और सुरजन, अक्षय, राम ये तीन वंश चलानेवाले हुए, इन सातों, (सुभांड का बड़ा पुत्र नारायण दास १ नरबद के पुत्र भीम २ पूरण ३ और मोत्कल ४ और उसी नरबद के बड़े बेटे अर्जुन के पुत्र सुर्जन५ अक्षय ६ और राम ७) के वंश में जो पैदा हुए वे सब नरबदपोता इस पदवी से कहाये ॥ २८५ ॥ २८६ ॥ नरबदपोता होने के कारण भी यह सुर्जन आगे होनेवाले सूर्यमल्ल के पुत्र सुरताणसिंह के पीछे समय पाकर बुन्दी का राजा हुआ इसकारण इस के दोनों भाइयों (अक्षय और राम) के दो कुल जुदे कहे गये ॥ २८७ ॥ वह नारायणदास समय पाकर बुन्दीका पति हुआ जिसके ३ पुत्रहुए॥२८८॥बड़ा सूर्यमल्ल,छोटेरायमल्ल और संग्राममें चतुर कल्याणमल्ल इन तीनों में से बड़ा सूर्यमल्ल राजा हुआ॥२८९॥

तावनुजौ तूभाव वपि तत्यजतुर्निष्प्रजौ रणे कायम् ॥
नृपतेश्च सूर्यमल्लात्पुत्रः सुरताणसिंह१९०इति जातः ॥ २९० ॥
प्राणैर्वियुज्य राणारविमल्ले पञ्चतामिते समिति ।
सुरताणसिंह१९०आपाधिपत्यमसमर्थ एष राज्यकृते ॥ २९१ ॥
सुभटान् मन्त्रिण आर्य्यानमात्यवर्गान्मनीषिवर्गांश्च ।
सोनादृत्य यथेच्छं प्रमत्त आरेभ इष्टमतदुचितम् ॥ २९२ ॥
समयं परिभाव्य तदा षड्भिः६प्रकृतिभिरथैनमपसार्य ।
सुमतिर्नरवदनप्ता स आर्ज्जुनिःसुर्जनः१९१कृतो नृपतिः ॥ २९३ ॥
तदनुजतोऽक्षयराजा१९०।२
अयो३दयालु१९१।१रुदयो१९१।२यशोराजः१९१।३ ॥
एतेषां संततयो
ऽर्जुना१८९।१ऽक्षय१८९।२पुरोगपौत्रका१५।९।१९आसन् ॥२९४ ॥
तदनुजरामा१८९।३ज्जाताश्चत्वारः४सूनवो विजय१९०।१मुख्याः ।
तेषां कुलानि चत्वार्याददिरे रामको१६।९।२०पटङ्कं हि ॥ २९५ ॥
सुरताणपौत्रसंज्ञा१७।१०।२१अभवन्सुरताणसिंहवंशीयाः ।

वे दोनों छोटे भाई तो संग्राम में विना संतान मरे. और राजा सूर्यमल्ल के पुत्र सुरताणसिंह हुआ ॥ २९० ॥ राणा रत्नसिंह को मारकर युद्ध में सूर्यमल्ल के मरने पर सुरताणसिंह स्वामी हुआ, परंतु यह राज्य करने में असमर्थ था ॥ २९१ ॥ उसने उमराव, मंत्रि, श्रेष्ठ लोग, कामदार लोग और बुद्धिमान् लोगों का अनादर करके उन्मत्तता से जो उसके योग्य न था ऐसा अपने अनुकूल मनचाहा करने लगा ॥ २९२ ॥ तब समय को विचार कर छहों प्रकृति (स्वामी सहित राज्य की सात प्रकृति हैं जिनमें स्वामी को छोड कर अमात्य, मित्र, कोशाध्यक्ष, प्रजा के मुख्य पुरुष, किलादार, सेनापति) ने इसको दूर करके श्रेष्ठ मतिवाले नरबदपोता अर्जुन के बेटे सुर्जन को राजा बनाया ॥ २९३ ॥ इसके छोटे भाई अक्षयराज के दयालु, उदय और यशोराज ये तीन पुत्र हुए जिनके वंश के अर्जुन और अक्षय शब्द के आगे है पौत्र शब्द जिनके ऐसे अर्जुनपोते अक्षयपोते कहाये ॥ २९४ ॥ उसके छोटे भाई राम के प्रधान विजयी चार पुत्र हुए. उनके चारों कुलों ने रामका इस पदवी का आदर किया ॥ २९५ ॥ सुरताणसिंह के वंशवाले सुरताणपोता कहाये. वह सुर्जन

मतिधर्मनयाचरणैः सर्वोपर्यास सुर्ज्जनो१९१भूपः ॥ २९६ ॥
यवनेन्द्रादकबरतोऽनन्यत्त्वार्हमाप्तमौन्नत्यम् ।
देशाश्च हगिषु५२सङ्ख्या आप्ता येन चरणाद्रि१काश्यरधिकाः।२९७।
अथ सुर्ज्जनान्नरेशान्मध्यमसुख्यास्त्रयः सुता जाताः ।
ज्यायान्दुर्ज्जनशल्ल्यो१९२।१
ऽनुजौ तु भोज१९२।२श्च रायमल्ल१९२।३ श्च॥ २९८ ॥
सिंहस्येव सुतस्य ज्येष्ठस्यावेक्ष्य केवलं शौर्यम् ॥
श्रीसुर्ज्जनेन यवनेन्द्रधिया राज्योचितो मतो भोजः१९२।२ ॥२९९॥
दुर्ज्जनशल्ल्याज्जाता ऊदाउत्तोपटाङ्किनो१८।११।२२ऽभूवन् ।
जाताश्चरायमल्लादुपनाम्ना ते तु रायमल्लोत्ताः१९।११।२३।३००।
हड्डेश्वराच्च भोजाश्चत्वारः४सूनवः समुदभूवन् ।
ज्यायांस्तु रत्नसिंहो१९३।१ ऽथ हृदयनारायणो१९३।२रणोत्कराठी।
केशवदास१९३।३श्च तथा मनोहरादिपददास१९३।४इति वीरः ।
एतेषामचतुर्था१९३।४ज्यायांसोऽन्वयधरास्त्रयो३जाताः ॥३०२॥
तेषां स रत्नसिंहो१९३।१ज्यायान्बुन्द्याधिपत्यमाधिगतवान् ॥
विप्रैर्यन्न्यायबलाज्ज्येष्ठोऽपि सुतो१९४।१हतो हि लाम्पट्ये॥३०३॥
हरदाउत्तो२०।१२।२४पाख्यास्तु हृदयनारायणोद्भवा अभवन् ।

राजा बुद्धि, धर्म और नीति के आचरणों से सर्वोपरि रहा ॥ २९६ ॥ जिसने अकबर बादशाह से क्षत्रियों के योग्य अद्वितीय उन्नति और चनारगढ व काशी है प्रधान जिनमें ऐसे ५२ परगने पाये ॥ २९७ ॥ इस पीछे राजा सुर्जन के मध्यपुत्र है प्रधान जिनमें ऐसे तीन पुत्र हुए जिनमें बड़ा दुर्जनशाह, छोटे भोज और रायमल्ल ॥ २९८ ॥ बड़े पुत्र का सिंह के समान केवल पराक्रम देख सुर्जन ने बादशाह की संमति से राज्य के योग्य भोज को माना ॥ २९९ ॥ दुर्जनसाल के जाये ऊदावत पदवीवाले हुए और रायमल्ल के जाये रायमल्लोत उपनामक हुए ॥ ३०० ॥ हाडों के ईश्वर भोज के चार पुत्र हुए बडा तौ रत्नसिंह, छोटे रण में उत्साह रखनेवाला हृदयनारायण, केशवदास और वीर मनोहरदास. इन में चौथे को छोड़ कर बाकी के तीन वंश चलानेवाले हुए ॥ ३०१ ॥ ३०२ ॥ जिनमें यड़ा रत्नसिंह बुंदी का पति हुआ, जिसके न्याय बल से उसके लंपटी बड़े बेटे को ब्राह्मणों ने मारा ॥ ३०३ ॥ हृदयनारायण

केशवदासोद्भूता ये केशवदासभोजपौत्रा२१।१२।२५स्ते॥३०४॥
रत्नाद्गोपीनाथो१९४।१
माधवसिंहो१९४।२हरि१९४।३र्जगन्नाथः१९४।४ ॥
अक्षयसिंह१९४।५श्च तथा सुजाणसिंह१९४।६इति षट्कमुत्पेदे।३०५।
तेषु स गोपीनाथो१९४।१ हतो द्विजैः पारदारिको व्यसनी ।
माधवसिंहाज्जाता माधाणयुर२२।१३।२६पटाङ्किनोऽभवन्हड्डाः॥३०६॥
जाता हरेस्तृतीयात्तु हरीजीको२३।१३।२७पटाङ्किनः सर्वे ।
ये चापि जगन्नाथोद्भवा जगन्नाथपौत्र२४।१३।२८संज्ञास्ते ॥ ३०७ ॥
एतेभ्योऽप्यनुजजनुषौ निर्वंशौ पञ्चतामगमतां द्वौ२ ॥
गोपीनाथाज्जातास्त्रयोदश१३सुताः शृणुष्व तान्नृपते ॥ ३०८ ॥
मुख्यस्तु शत्रुशल्ल्य१९५।१स्तथेन्द्रशल्ल्य१९५।२श्च वैरिशल्ल्य१९५।३श्च।
अनुजोथ राजसिंहो१९५।४
मुहुकमसिंह१९५।५स्तथा महासिंहः१९५।६ ॥ ३०९ ॥
तदनुजनुरुदयसिंहः१९५।७
शूरः१९५।८श्याम१९५।९श्च केसरीसिंहः१९५।१० ॥
एवं च कनकसिंहो१९५।११
नगराजो१९५।१२रामसिंह१९५।१३इति सर्वे ॥ ३१० ॥
तेषु ज्यायान्भ्राता स शत्रुशल्ल्यः१९५।१पितामहे प्रेते ।

के वंश के हरदाउत्त कहाये. और केशवदास के केशवदास भोजपोता कहाये ॥ ३०४ ॥ रत्नसिंह के गोपीनाथ, माधवसिंह, हरि, जगन्नाथ, अक्षयसिंह और सुरताणसिंह ये छः पुत्र हुए॥३०५॥जिनमें परस्त्री का व्यसन रखने वाला राजा गोपीनाथ ब्राह्मणों से मारा गया. माधवसिंह के वंश के माधानी पदवी वाले हाडा हुए ॥ ३०६ ॥ तीसरे हरि के वंश के तो सब " हरिजीका " इस पदवी से कहाये, और जगन्नाथ के जाये जगन्नाथपोता नाम से कहाये॥३०७॥ इन से छोटे दो विना संतान मरे. हे राजा ! गोपीनाथ के तेरह पुत्रों के नाम सुनो ॥ ३०८ ॥ बडा शत्रुशल्य, छोटे इंद्रशाल, वैरीसाल, राजसिंह, मुहुकमसिंह, महासिंह, उदयसिंह, शूर, श्याम, केसरीसिंह, कनकसिंह, नगराज और रामसिंह ॥ ३०९ ॥ ३१० ॥ जिनमें वह बड़ा भाई शत्रुसाल दादा के मरजाने

बुन्द्याधिपत्यमाप्नोच्छ्रीसुर्जनभोजरत्नविस्तीर्णाम् ॥ ३११ ॥
स दधीचिदा वीरोऽर्ज्जुनरणवीरोऽम्बरीषहरिभक्तः ।
जीमूतवाहन इवाभवद्दयावीर इन्दुकमनीयः ॥ ३१२ ॥
अनुजेन्द्रशल्ल्यवंश्याः ख्याता हि तदाह्वयेन्द्रसल्लोत्ताः२५।१४।२९ ॥
जाताश्च वैरिशल्ल्यादुपनाम्ना ते तु वैरिसल्लोत्ताः२६।१४।३० ॥३१३॥
अनुजास्तु राजसिंहाज्जाता आचिराय निधनमधिजग्मुः ।
मुहुकमसिंहोद्भूता मुहुकमसिंहोत्त२७।१४।३१ संज्ञका आसन्।३१४।
जाताश्च महासिंहोतोपाख्यां२८।१४।३२लेभिरे महासिंहात् ।
इतरेऽनुजाः समस्ता बाल्ये दैवेन मम्रुरप्रजसः ॥ ३१५ ॥
नृपतेश्च शत्रुशल्ल्यात्सप्त७सुता जज्ञिरे महासत्त्वाः ।
ज्यायांस्तु भावसिंहो१९६।१धर्मधुरीणो युधिष्ठिरो ह्यपरः ॥ ३१६ ॥
जनयितरि वीरशय्यासुप्ते छत्रं दधार स महात्मा ।
राज्यंसुयशश्चक्रे प्रसह्य धर्मं ररक्ष यवनेन्द्रात् ॥ ३१७ ॥
अनुजास्तु भीमसिंहो१९६।२भारतसिंह१९६।३स्तृतीय३आजिसखः।
भगवत्सिंहो१९६।४भूपति-
सिंहो१९६।५भूपालसिंह१९६।६इति षष्ठः ॥३१८ ॥

पर श्रीसुर्जन, भोज और रत्नसिंह से फैलायेहुए बुन्दी के राज्य को प्राप्त हुआ ॥ ३११ ॥ वह [शत्रुसाल] दधीचि के समान दानवीर, अर्जुन के समान रणवीर, अंबरीष के समान हरिभक्त, जीमूत [मेघ] के समान दयावीर और चन्द्रमा के समान सुन्दर हुआ ॥ ३१२ ॥ छोटे भाई इंद्रसाल के वंश के उसी के नाम से इंद्रसल्लोत कहाये ॥ और वैरीसाल के वंश के वैरीसालोत इस उपनाम से कहाये ॥ ३१३ ॥ छोटे भाई राजसिंह के हुए सो तौ शीघ्र ही मर गये, मुहुकमसिंह के हुए वे मुहुकमसिंहोत कहाये ॥ ३१४ ॥ महासिंह के जाये महासिंहोत इस नाम से कहाये. वाकी के सब छोटे भाई दैववश बाल्यावस्था में ही विना संतान मरे ॥ ३१५ ॥ राजा शत्रुसाल के महापराक्रमी सात पुत्र हुए, जिनमें बड़ा तौ धर्मधुरीण भावसिंह, जो मानों दूसरा युधिष्ठिर था ॥ ३१६ ॥ जिस महात्मा ने पिता के वीरशय्या पर सोजाने पर छत्र धारण करकें राज्य को यश युक्त किया और हठ पूर्वक बादशाह से धर्म को बचाया ॥ ३१७ ॥ छोटे भाई भीमसिंह जो युद्ध का मित्र, तीसरा भारतसिंह, चौथा

सर्वेभ्योऽनूद्भूतः स ईश्वरीसिंह१९६।७इत्यभिख्यावान् ।
तेषु द्वौ२पूर्वभवौ नसुतावन्ये तु मञ्जुरनपत्याः ॥ ३१९ ॥
नृपतेस्तु भावसिंहात्पृथ्वीसिंहो१९७।१बभूव सुत एकः१ ।
तेन स्तनन्धयेन हि मम्रे श्रामद्वया२ऽनुमितवयसा ॥ ३२० ॥
भीमाच्च कृष्णसिंहः१९७।१प्रयागसिंह१९७।२स्तथोदभतां द्वौ२।
लघुनाऽप्रजसा मम्रे जज्ञाते द्वौ२शृणुष्व तौ कृष्णात् ॥ ३२१ ॥
मुख्योऽनिरुद्धसिंहो१९८।१ऽथ कीर्त्तिसिंहः१९८।२स बाल्य एव मृतः।
ज्येष्ठो निजपुत्रत्वे मतो मृतसुतेन भावसिंहेन ॥ ३२२ ॥
स्वर्गत इति हड्डेन्द्रे यशोधने राज्ञि भावसिंहोऽथ ।
अधिगततदाधिपत्यो नरेश्वरः सोऽनिरुद्धसिंहो१९८ऽभूत् । ३२३ ।
अनिरुद्धान्नृपतेरुदभूवँश्चत्वार४आत्मजास्त इमे ।
बुधसिंह१९९।१योधसिंहो१९९।२
तथा ह्यमरसिंह१९९।३विजयसिंहो१९९।४च ॥ ३२४ ॥
अनुजास्त्रयो३ऽप्यपुत्रा युवा१शिशू२इत्यवस्थिता मम्रुः ।
ज्यायांस्तु स बुधसिंहः१९९कायत्यजि पितरि बुन्द्यधीशोऽभूत् । ३२५ ।
युववयसि वर्द्धितमसौ हारितवान् वार्द्धके सकलराज्यम् ।

भगवतसिंह, पांचवाँ भूपतिसिंह, छठा भूपालसिंह, सब से छोटा ईश्वरीसिंह जिन में प्रथम के दो तो पुत्रवाले हुए और बाकी के विना संतान मरे ॥३१८॥ ॥ ३१९ ॥ राजा भावसिंह के पृथ्वीसिंह एक ही पुत्र हुआ, वह स्तनपान करता ही दो वर्ष की अवस्था के लगभग मरगया ॥ ३२० ॥ भीमसिंह के कृष्णसिंह और प्रयागसिंह दो पुत्र हुए, जिनमें छोटा विना संतान मरा. कृष्णसिंह के दो पुत्र हुए तिनको सुनो ॥ ३२१ ॥ बड़ा अनिरुद्धसिंह और छोटा कीर्तिसिंह जो बालक ही मरगया. भावसिंह ने अपने पुत्र (पृथ्वीसिंह) के मर जाने पर बड़े (अनिरुद्धसिंह) को अपना पुत्र माना ॥ ३२२ ॥ यश ही है धन जिसके ऐसे हाडाओं के इंद्र भावसिंह के स्वर्गवासी होने पर उसके अधिकार को प्राप्त करनेवाला अनिरुद्धसिंह राजा हुआ ॥ ३२३ ॥ राजा अनिरुद्ध के चार पुत्र हुए बुधसिंह, जोधसिंह, अमरसिंह और विजयसिंह॥३२४॥ तीनों छोटे भाई तो कोई बालकपन में और कोई जवानपन में अपुत्र मर गये, और बड़ा बुधसिंह पिता के मर जाने पर बुन्दी का पति हुआ ॥ ३२५ ॥

बुधसिंहादुदभूवन्नथ षट्तनुजाः शृणुष्व तान्नृपते ॥ ३२६ ॥
ज्येष्ठस्तु देवसिंहो२००।१धोङ्कलसिंहो२००।१ऽपि स ह्यपरनाम्ना ।
तदनु च भावसिंहः२००।२स लालसिंहो२००।२ऽप्यभिख्ययेतरया।
अथ च भवानीसिंहः२००।३संदिग्धः केनचिन्निदानेन ।
जातश्च तदनुजन्मा चतुर्थ४उम्मेदसिंह२००।४इति वीरः ॥ ३२८॥
अनुजोऽस्य चन्द्रसिंहः२००।५स पद्मसिंहो२००।५प्यभूदपरनाम्ना
षष्ठो६ऽथ दीपसिंह२००।६स्तेषु चतुर्था२००।४न्तिमौ२००।६धृतायुष्कौ
उम्मेद२००।४ एष नृपतिर्विजित्य कूर्म्मेश्वरेश्वरीसिंहम् ॥
तद्धस्तामुद्धृत्य स्वमहीं बुभुजे स तीर्णसिन्धुयशाः ॥ ३३० ॥
ये दीपसिंहवंश्या आसंस्ते भूपदीपसिंहोत्ताः २९।१५ ३३ ॥
इतरे बुधसिंहसुताः शिशवः परलोकमध्यतिष्ठंस्ते ॥ ३३१ ॥
उम्मेदात्पञ्च५ सुतास्तेष्व२०१।१भवत्पूर्वमीडरेच्यां यः ॥
स२०१।१त्वभिधानविधानात्प्रागेवशिशुर्जगामपरलोकम् ॥ ३३२ ॥
पश्चाच्चाऽजितसिंहो२०१।२

इसने युवाऽवस्था में बढाये हुए राज्य को वृद्धाऽवस्था में गमाया. हे राजा बुधसिंह के छः पुत्र हुए उनको सुनो ॥ ३२६ ॥ बड़ा तो देवसिंह वही दूसरे नाम से धूंकलसिंह हुआ, छोटा भावतसिंह सो ही दूसरे नाम से लालसिंह ॥३२७॥ तीसरा भवानीसिंह किसी कारण से संदिग्ध हुआ अर्थात् यह निश्चय नहीं हुआ कि वह बुधसिंह का औरस पुत्र था वा कृत्रिम; उसका छोटा भाई चौथा वीर उमेदसिंह हुआ ॥ ३२८ ॥ इसका छोटा भाई चन्द्रसिंह वही दूसरे नाम से पद्मसिंह हुआ, और छठा दीपसिंह, जिनमें चौथा (उमेदसिंह) और अंतिम (दीपसिंह) ये दोनों आयु धारण करनेवाले हुए ॥ ३२९ ॥ समुद्र पर्यंत यश फैलानेवाले इस राजा उमेदसिंह ने कछवाहों के स्वामी ईसरीसिंह को जीत कर उस की दबाईहुई अपनी पृथ्वी को पीछी निकाल कर भोगी ॥३३०॥ हे राजा ! दीपसिंह के वंश के दीपसिंहोत हुए बाकी के बुधसिंह के पुत्र बालकपन में ही परलोक गये ॥ ३३१ ॥ उम्मेदसिंह के पांच पुत्र हुए ; जिनमें जो पहला ईडरेची रानी से हुआ वह लड़का नामकरण (नाम पड़ने) से पहिले

ऽथ बहादुरसिंह२०१३इति तृतीयोऽभूत् ॥
शरदारसिंह२०१४एते त्रिलोकसिंह२०१५न पञ्चमेऽ समम् ३३३
विधिवत्तमऽजितसिंहं महाऽऽधिपत्येऽभिषिच्य सुतमुचितम् ॥
उम्मेदसिंहनृपतिर्विरतो योगक्रियां समारेभे ॥ ३३४ ॥
ये च बहादुरसिंहादुद्भूतास्ते तदाह्वयायुक्ताः २०१६।३४ ॥
शरदारसिंहवंश्यास्तदभिख्यायुक्त३।१२६।३५संज्ञका अभवन् ३३५
जातौ द्वावजितनृपात्प्रतापसिंह२०२१श्च विष्णुसिंह२०२२श्च ॥
बालेऽग्रजे च पितरि च मृते नरेशः स विष्णुसिंहो२०२२ऽभूत् ३३६
नृपतेश्च विष्णुसिंहात्सूनव उत्पेदिरे तथा पञ्च ॥
अग्रजनिरिन्द्रसिंहो२०३१
ऽथादत्ताख्य२०३२ स्ततोऽनु बलदेवः २०३३ ॥ ३३७ ॥
कविबुधचातक ।रिदसंविद्गस्ताऽखिलप्रकृतिविकृते ॥
श्रीरामसिंह२०३४नृपतेभवांश्चभवतोऽनुजश्चगोपालः२०३५ ३३८
त्रिऽष्वग्रजेषु बालेष्वथ व्यसुषु पितरि चाधिरूढे स्वः ॥
राज्यं भवताऽन्वष्टाध्यरिमौलिन्यस्तशासनेन्दुयशाः ॥३३९॥

ही मर गया ॥ ३३२ ॥ और पीछे अर्जुनसिंह, बहादुरसिंह, सरदारसिंह और त्रिलोकसिंह ये मिल पांच पुत्र हुए ॥ ३३३ ॥ राजा उम्मेदसिंह उस योग्य पुत्र अजीतसिंह का विधिवत् महाराज्याभिषेक करके संसार से विरक्त हो योगाभ्यास में लगा ॥ ३३४ ॥ और जो बहादुरसिंह से हुए वे बहादुरसिंहोत और सरदारसिंह के वंश के सरदारसिंहोत नामवाले हुए ॥ ३३५ ॥ राजा अजीतसिंह के प्रतापसिंह और विष्णुसिंह दो पुत्र हुए. बालक बडा भाई और अपने पिता के मरजाने पर वह विष्णुसिंह राजा हुआ ॥ ३३६ ॥ राजा विष्णुसिंह के पांच पुत्र हुए बडा इन्द्रसिंह, छोटा जिसका नाम नहीं दियागया (नामकरण के पहले ही मरगया) उससे छोटा बलदेव ॥ ३३७ ॥ कवि और पण्डित रूपी चातकों का मेघ, ज्ञान पूर्वक ग्रहण किया है संपूर्ण प्रकृति विकृति अर्थात् सांख्य शास्त्र में कहा हुआ तत्व ज्ञान जिन्होंने ऐसे, हे राजा रामसिंह ! आप, और आप से छोटा गोपाल ॥ ३३८ ॥ तीनों बडे भाइयों के गतप्राण होने और पिता के स्वर्ग जाने पर शत्रुओं के सिर पर धरी है आज्ञा जिन्हों ने ऐसे चन्द्रमा के समान उज्वल यशवाले आपने राज्य करना आरंभ किया ॥ ३३९ ॥

भवतश्च भीमसिंहो२०४।१यशोधनो रङ्गनाथसिंह२०४।२श्च ॥
द्वाविति राजकुमारा उद्भूतौ भूभुजङ्गहड्डेन्द ॥ ३४० ॥
षट्‌द्तर्कार्णवमन्दरनास्तिकषट्‌द्तर्कतूलविहननभृत् ॥
श्रीरामसिंह२०३।४नरराडिति संक्षिप्तोऽन्वयोऽभवद्भवतः ॥ ३४१ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणे प्रथम१राशौ संक्षिप्त चहुवाणवंशोद्देशनमेकादशो११मयूखः ॥ ११ ॥　　॥ ६९ ॥

प्रायो व्रजदेशीयप्राकृतामिश्रितभाषा ॥

दोहा

यह समास उद्देस[२] किय, बरनौं अब करि व्यास[३] ॥
सुनहु धराधव दै श्रवन, कुलचहुवान प्रकास ॥ १ ॥
ईतरन बिच अनपत्य मृत, चविहौं बिदित चुहान ॥
हड्डनको सब अक्खिहौं, बित्थर पुब्ब बखान ॥ २ ॥
गिनहु नयो या ग्रंथ मैं, नियम राम नरनाह ॥
जोहि साँवरि[१] कहियत जथा, रक्खि पुलक[२] कर राह ॥ ३ ॥

हे पृथ्वीपति हड्डेन्द्र आप के,यश ही धन जिसके ऐसा भीमसिंह और रंगनाथसिंह दो राजकुमार हुए. छहों शास्त्र(पूर्वमीमांसा, उत्तरमीमांसा,न्याय, वैशेषिक, सांख्य और पातञ्जल) रूपी समुद्र का मन्दराचल, और नास्तिकों के छहों शास्त्र(माध्यमिक, योगाचार, सौत्रान्तिक, वैभाषिक, चार्वाक और दिगम्बर) रूपी रुई की पींजण को धारण करनेवाले[पींजारा]ऐसे हे नरपति रामसिंह यह आप के वंश का संक्षेप से वर्णन हुआ ॥ ३४१ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के पूर्वायण के प्रथम राशि में संक्षेप से चहुवाण वंश का वर्णन रूप ग्यारहवाँ मयूख समाप्त हुआ ॥ ११ ॥

यह तो संक्षेप से वर्णन किया अब विस्तार पूर्वक वर्णन करता हूं सो हे चहुवाण कुल के प्रकाश करनेवाले भूपति रामसिंह! कान देकर सुनिये ॥ १ ॥ हाडों के सिवाय और चहुवाणों में तो जो विना संतान मर गये हैं उनमें प्रसिद्ध प्रसिद्धों को कहूंगा और हाडा शाखवाले चहुवाणों का तो प्रसिद्ध अप्रसिद्ध सब का विस्तार पूर्वक वर्णन करूंगा ॥ २ ॥ हे नरपति रामसिंह! इस ग्रंथ में यह नवीन नियम जानो! केवल उस रोमांच करनेवाले मार्ग को अर्थात् सुंदर रीति को रख कर यथायोग्य कहता हूं तात्पर्य यह है कि इस ग्रंथ में एक पद्य में भी कई भाषाओं के शब्द आवेंगे इसकारण पाठकों के उपयोगी

प्राकृत १ संस्कृत२ पद प्रचुर, ब्रजदेसी३हु बिसेस ॥
ग्रंथ अपभ्रंस४हु अधिक, पैसाची५कहुँ पेस ॥ ४ ॥
ब्रज बिभक्ति जुतहैं बहुत, ए ५ पद संभरवार ॥
बहुठाँ ऐं ५हि बिभक्ति बिनु, अपभ्रंस अनुसार ॥ ५ ॥
पुर दिल्ली१ग्वालेर२पुर, बीच ब्रजादिक देस ॥
पिंगल उपनामक गिरा, तिनकी मधुर बिसेस ॥ ६ ॥
यातैं नरबानी यह हि, रक्खी तँहँ इक ओर ॥
कहुँ अर्थ१रु पद२दृढ करन, जोहु सुनहु मति जोर ॥ ७ ॥
व्यंजनगन को पंद्रहौं१५,बहुरि तीसमों३० बर्ण ॥
तिम रक्खो इकतीसमों३१,कहुँ मितथल कलिकर्ण ॥८॥
बक्तादिक बैशिष्ट्यबल, फुरै न आसय अत्थ१ ।
संयोगादिक सों हु पुनि, जानैं सद्दरन जत्थ ॥ ९ ॥

और प्राचीनों के अतिरिक्त नवीन नियम किये हैं; केवल वे ही कहेजाते हैं. इस दोहे में पुनरि शब्द केवल अर्थ में प्राकृत का अव्यय है ॥ ३ ॥ इस ग्रंथ में प्राकृत, संस्कृत, व्रजभाषा और अपभ्रंश भाषा के पद बहुत हैं और कहीं २ पैशाची भाषा के पद भी हैं ॥ ४ ॥ हे संभरवारे (चहुवाण) इन भाषाओं के बहुत से पद तो व्रजभाषा की विभक्तियों सहित हैं और ये ही पद बहुतसी जगह अपभ्रंशभाषा के अनुसार विना विभक्ति भी हैं ॥ ५ ॥ दिल्लीनगर और ग्वालेर नगर के बीच व्रज आदि देश हैं उन देशों की भाषा जिसका उपनाम पिंगल है बहुत ही मधुर है ॥ ६ ॥ इसीकारण से मैंने यही नरभाषा रक्खी है जिसमें अर्थ और पद को दृढ करने के लिये एक और नवीन रीति रक्खी है सो भी बुद्धि (ध्यान) लगाकर सुनिये ॥ ७ ॥ हे कलियुग के कर्ण रावराजा रामसिंह! व्यंजन गण का पन्द्रहवाँ वर्ण णकार, और तीसवां वर्ण तालव्य शकार, वैसे ही इकतीसवाँ वर्ण मूर्धन्य षकार ये तीनों वर्ण थोड़े ही स्थानों में रक्खे हैं, अर्थात बहुत स्थानों में णकार के स्थान में नकार और तालव्य मूर्धन्य इन दोनों के स्थान में दन्त्य सकार रक्खे हैं ॥ ८ ॥ क्योंकि जहां पर वक्ता और श्रोताओं को विशेष बुद्धिबल से भी अर्थ और अभिप्राय का भान न होवे और संयोग आदि (संयोग, वियोग साहचर्य विरोधिता, प्रयोजन, प्रकरण, लिंग, अन्य शब्द की संनिधि, सामर्थ्य. योग्यता, देश, काल, व्यक्ति, और स्वर आदि) साहित्य में कहेहुए इन चौदह कारणों से भी जहां पर शब्दज्ञान न होवे वहां

उदाहरन अणुमान १ अरु, वंश न चलैं लहि बात२ ॥
माषं मलिन हुव ब्याह मुख ३, इम बिरले थल आत ॥१०॥
संधि १ हु कहुँ फुटं अर्थ सन, ज्यों नायो१ मुरि जुद्ध ।
अच अच की यह हल रु अच, प्रभु जगदीस२ प्रबुद्ध ॥११॥
हल हल की मग पद्धरइ हि, रीति यहै नृप राम ।
कहुँ संस्कृत अव्यय१ क्रिया२, ज्यों खलुं१ जुद्ध जगाम२ ॥१२॥
स्वरहु सत्तमो ७ बांरहों १२, चंउद्दहों१४ लिय चाहि ॥
ऋत१ बुल्ल्यो नृप ऐल२ रन, अति कौसल३ इम आहि ॥१३॥
कहुंक हकार१ बिसर्ग को, ज्यों अंतंहपुर२ जानि ॥

पर वे (ण श ष) तीनों वर्ण वैसे के वैसे ही रक्खे हैं ॥ ९ ॥ जिनके उदाहरण क्रम से ये हैं कि जैसे "अणुमान" यहां पर णकार के स्थानमें नकार करदिया जावे तो "अनुमान" शब्द होकर परमाणु का वाचक न रहे, और "वंश न चलै लहि बात" यहां पर तालव्य शकार के स्थान में दंत्य सकार कर दिया जावे तो पवन के लगने से [उन्मत्त अर्थात् बावला] किसी के वश में नहीं चलता, यह अर्थ छूटकर पवन के लगने से वस्त्र चलता है ऐसा अर्थ हो जावे, इसी प्रकार "माषं मलिन हुव ब्याह मुख" यहां पर मूर्धन्य के स्थान में दंत्य सकार कर दिया जावे तो विवाह आदि मंगलीक कार्यों में माष (उड़द) धान्यविशेष मलिन [दूषित] हुए यह अर्थ छूटकर ब्याह आदि में महीने दूषित हुए यह अर्थ हो जावे इस प्रकार थोड़े स्थलों में उपरोक्त तीनों वर्ण आवेंगे ॥ १० ॥ संधियां भी कहीं २ स्पंष्ट अर्थ से रहेंगीं, जैसे न×आयो जिस का "नायो" यह स्वर के साथ स्वर की संधि हुई और जगत्×ईश जिसका "जगदीश" यह व्यंजन के साथ स्वर की संधि है ॥ ११ ॥ इसी प्रकार पद=धरैहि जिसका 'पद्धरहि' यह व्यंजन के साथ व्यंजन की संधि है. हे राजा रामसिंह ! संधियों की यह रीति है कि कहीं २ संस्कृत के अव्यय और क्रिया पद भी आवेंगे जैसे "खलुं" यह निश्चय अर्थ में अव्यय और "जगाम" यह गमन अर्थ में क्रियापद है जिसका अर्थ यह है कि निश्चय युद्ध में गया ॥१२॥ स्वरों में भी सातवाँ "ऋ" बारहवाँ "ऐ" और चौदहवाँ "औ" ये तीनों स्वर जान बूझकर लिये हैं जिनके उदाहरण क्रम से ये हैं कि ऋतका ऋकार, ऐल का "ऐ" कार और कौशल का "औ" कार ये तीनों स्वर हैं सो इसी प्रकार लिये जावेंगे इस का अर्थ है कि "ऐल नाम राजा युद्ध में सत्य बोला" कहीं पर विसर्ग का हकार जानो. जैसे अन्तःपुर का "अन्तहपुर"

कहुँक लोप१ पर द्वित्व२ गुन करि, निस्सँह२ दुक्ख३ प्रमानि । १४ ।
अरु पदआदि वकार सब, जे बकार१ बन२ जेम ।
आ को अँ१ हु पद आदि मैं, तहँ अकास२ कहुँ तेम॥ १५ ॥
संस्कृत सब्द हलंत सो, यामैं कहुँक अदंत१ ॥
कहुँ हल लुप्त२ सु जगंत१ जग२, सब इहिं रीति सुमंत ॥ १६ ॥
माता१ राजा२ चन्द्रमा३, आदि सब्द अनुहार ॥
संस्कृत प्रथमा१ इक बचन, सिद्धहु नाम प्रकार ॥ १७ ॥
ब्रजबिभक्ति पावैं बहुरि, ज्यौं माता कौं१ जल्प ।
जुहु बिकल्प करि लुप्त जिम, कियउ बिधाता२ कल्प॥ १८ ॥
पहिली१ दूजी२ अरु छठी६, अपभ्रंस लुपि जात ।
अंत्या७ अरु तीजी३ हुयँहँ, दूजे२ चरन दिखात ॥ १९ ॥

और कहीं पर विसर्ग का लोप करके आगे के अक्षर को द्वित्व किया है जैसे निः सह का " निस्सह " और दुःख का " दुक्ख " इस प्रकार जानो ॥ १४ ॥ और पद के आदि के जितने वकार हैं वे सब बकार जानो जैसे वन के स्थान में " बन " तैसे ही कहीं पद के आदि के आकार को " अँ " कार जानो जैसे आकाश को " अकाश " ॥ १५ ॥ जो शब्द संस्कृत में हलन्त (हल् है अंत में जिसके) है वह इस ग्रथ में कहीं तौ अकारान्त रक्खा है और कहीं उसके हल् का लोप किया है जैसे जगत् इसका " जँगत " और 'जग' हे श्रेष्ठ बुद्धिमान् रावराजा रामसिंह ! सब इसी रीति से जानो ॥ १६ ॥ माता, राजा और चन्द्रमा इनको आदि लेकर इनके जैसे ही और भी शब्द प्रथमा विभक्ति के एक वचन में संस्कृत के नाम (जिसके आगे स्वादि विभक्ति आवे उसको व्याकरण में नाम कहते हैं) की रीति से सिद्ध हुए आवेंगे॥१७॥ संस्कृत प्रथमा के एक वचन से सिद्ध हुए शब्द फिर व्रजभाषा की विभक्ति भी पाते हैं जैसे " माता कौं जल्प " यहां पर माता शब्द प्रथमा के एक वचन में सिद्ध है उसी ने माता का बोलना इस अर्थ में व्रजभाषा की षष्ठी विभक्ति 'कौ' पाई है॥ वहीं व्रजभाषा की विभक्ति विकल्प करके लुप्त भी हो जाती है जैसे " विधाता कल्प " यहां पर विधाता ने कल्प किया इस अर्थ में व्रजभाषा की तृतीया विभक्ति " ने " का लोप है ॥ अपभ्रंश भाषा में प्रथमा' द्वितीया, तृतीया, षष्ठी और सप्तमी इन विभक्तियों का लोप हो जाता है इसी छन्द के दूसरे चरण में दीखती है अर्थात् " अपभ्रंश लुपि जात" इस चरण का अर्थ है कि अपभ्रंश में लुप्त हो जाती है यहां पर अपभ्रंश इस पद की

क्लीब लिंग१ नरकौं भजैं, बहुठाँ जिम सो२ बारि॥
अरु कहुँ उरभी३ अंत इम, नृपबरं जो ह्वैनारि ॥ २० ॥

षट्पदी

पूज्यनाम इक१ बचन तास बहुबचन बिसेसन२,
कन्ह च ३ जिम कुपित महाब्रंत समुख महामन ।
जहँ पर ह्वै बहु बचन नामअर्थक नकार१ तहँ,
बहु बचनन की ठाँहु होय परिहरि प्रथमा१ कहँ ।
क्रमतैं उदाहरन सुरनकै१ सुरन तथा सत्रहि असन,
कहुँ प्राकृतादि अव्यय१ क्रिया२न गावि१ होई२ जिम गुनन गन।२१।

दोहा

कहुँ दुव२ अर्धन अंत अरु, कहुँ दुव२चरनन अंत ।

सप्तमी विभक्ति " में " का लोप हुआ है ॥ १९ ॥ भाषा में नपुंसकलिंग नहीं होता इस कारण से जो नपुंसकलिंग शब्द हैं वे बहुत जगह तौ पुल्लिंग होते हैं जैसे 'सो वारि' अर्थात् वह जल, यहां पर वारि शब्द नपुंसकलिंग है सो पुल्लिंग हुआ और कहीं पर हे श्रेष्ठ राजा वही नपुंसकलिंग स्त्रीलिंग हो जाता है जैसे 'उरभी अंत' इसका अर्थ है, कि आंत उलभी, यहां पर आंत शब्द नपुंसकलिंग है सो स्त्रीलिंग हुआ ॥२०॥ जहां पूज्य पुरुष का नाम एकवचनांत हो उसके विशेषण में बहुवचन किया जावेगा जिसका उदाहरण है कि मँनस्वी श्रीकृष्ण कुपित सदृश होकर भीष्म पर चले यहां चले इस कृदन्त क्रिया को विशेषण मान कर बहुवचन का विशेषण दिया है और जहां बहुवचन के लिये विभक्ति है वहां बहुत अर्थ के सूचन के लिये नाम के साथ नकार रक्खा है और किसी जगह बहुवचन की विभक्ति के स्थान में विभक्ति को छोड़ कर प्रथमा विभक्ति ही रहती है इन के क्रम से ये उदाहरण हैं 'सुरन कै सत्र हि असन' (देवताओं के यज्ञ ही भोजन) है बहुवचन के विषय में 'कै' यह षष्ठी विभक्ति है और बहुत्व के सूचन के लिये सुर शब्द के साथ नकार लगादिया गया है और दूसरे उदाहरण 'सुरन' यहां षष्ठी विभक्ति(कै)को छोड़कर बहुवचन सूचक नकार सहित सुर शब्द ही लगा दिया है यद्यपि भाषा में प्रथमा विभक्ति के स्थान में कोई प्रत्यय नहीं है तथापि संस्कृत की रीति के अनुसार ग्रन्थकार ने प्रथमादि व्यवहार किया है संस्कृत में विभक्ति के स्वरूप से ही एक वचन, द्विवचन और बहुवचन का बोध हो जाता है परंतु भाषा में विभक्ति से एक वचन, बहुवचन का बोध नहीं होता इसकारण से

अपभ्रंस मत लहि इहाँ, अनुप्रास१ बिलसंत ॥ २२ ॥
ऐक१ बरन सौं अष्टि१६ लग, करी अवधि इनकेर ॥
इनमैं व्यंजन आदि१ को, बदलत दूजी२ बेर ॥ २३ ॥

षट्पदी

उदाहरन क्रमतैंहि सुनहु सो१ जो१ पुनि जस२ तस ।
समर३ अमर३ सरसाय४ बहुरि दरसाय रीति बस ॥
रनकरन५ रु मनकरन५ सदन चहत६ रु मदन चहत६ ।
त्यौंहि सहल सरवर७ रु महल सरवर७ प्रबंध मत ॥
तैसैंहि बीरबिक्रमबलिय८ बलि हमीर बिक्रमबलिय८ ।
अनुप्रास अंत्यनामक इम सुलघु बढि बढि अग्ग हु चलिय॥२४॥

पादाकुलकम्

पुनि सभंगपद अरु१ अभंगपद, द्वै प्रकार दुवर करि याकी हद॥
उदाहरन षष्ठ६रु अष्टम८जँहँ, द्वै सभंग१ खिल मैं अभंग२ तँहँ॥२५॥

बहुत्व के बोध वास्ते नकारादि अक्षर लगाये जाते हैं ये नकारादि अक्षर विभक्ति के अवयव नहीं होते । इस ग्रंथ में प्राकृतादि के अव्यय और क्रिया भी रक्खे जावेंगे जैसे गुणों का समूह विपरीत न होवे वहाँ "णवि" यह प्राकृत का अव्यय है और भवति के स्थान में "होई" यह प्राकृत क्रिया पद है अपभ्रंश भाषा के मत से इस ग्रंथ में अन्त्यानुप्रास कहीं पर (दोहा आदि छंदों में) तो दोनों अर्ध अर्थात् पूर्वार्ध उत्तरार्ध के अंत में और कहीं पर (पादाकुलक आदि छंदों में) दो चरणों में अर्थात् चरण२ के अन्त में रहेगा ॥ २२ ॥ इस अंत्यानुप्रास का प्रमाण एक वर्ण से लेकर १६ वर्ण तक का है जिन में शब्द के आदि का व्यंजन उसी शब्द के दूसरी वार के उच्चारण में बदलता है ॥ २३ ॥ इस के उदाहरण क्रमसे ये हैं सो सुनो जैसे, "सो, जो" इस में आदि का व्यंजन सकार बदलकर जकार हुआ इसी प्रकार 'जस, तस; समर, अमर; सरसाय, दरसाय; रन करन, मन करन; सदन चहत, मदन चहत; सहल सरवर, महल सरवर; वीर विक्रम बलिय, मीर विक्रम बलिय । इस प्रकार अन्त्यानुप्रास में आदि का व्यंजन बदलकर आगे को भी लघुमात्रा बढ़२कर सौलह वर्ण तक चले हैं ॥ २४ ॥
इस अन्त्यानुप्रास के दो प्रकार हैं, जिनमें एक तो सभंगपद और दूसरा अभंगपद अर्थात् जिसका पदच्छेद होकर श्लिष्ट अर्थ होवे उसका नाम सभंग पद, और जिसका पदच्छेद न होकर अर्थ होवे उसका नाम अभंगपद है

अनुप्रास पदमुख केवल स्वर, सोहि सव्यंजन अपर इम हु बर ।
उदाहरन पुब्बहु यँहँ ऐसैं, करहु बिलंब श्रवन बिच कैसैं ॥२६ ॥
वृत्त चरन के आदिबरन जो, ताही के उपअंत बहुल सो।
इक१सौंलैरुच्यारि४लगअतिबर१,मध्यम२अधम३अधिकतरतमपर।
नाम बरन संबंध१ अलंकृति, अर्धनमैं हु करत यह अनुसृति
ग्रंथ चतुर्थ४भाग बिच नाँ यह,सेस माँहि सब ठाम नियम सह।२८।
स्वर१ रु यकार२ वकार२ सजाती, सप्तम७ तदपि रेफ संघाती ।
कहुँक त्रि३धा हि सकार याहि क्रम,सूचित कहुँ डं१ल२कारजातिसम
कहुँक डकार१ दकार२ साम्य लिय,कहुँक बकार१वकार२मेलकिय
कहुँ सवर्ग्य संबंध कहावैं, यह बिनु जतन सर्वथल आवैं ॥ ३० ॥
उ१दाहरन नृपराम अ२लोभित,सु१जस कियउ राकाससि सो२भित

जिनके उदाहरण ऊपर के छप्पय छंद में दिखाये गये हैं इन आठों उदाहरणों में छठा (सदन चहत मदन चहत) और आठवाँ(वीर विक्रम बलिय मीराविक्रम बलिय) ये दो तो सभंगपद और बाकी के छः उदाहरण अभंगपद के हैं ॥ २५ ॥ अनुप्रास के पद के आदि में केवल स्वर होवे अथवा उस स्वर में व्यंजन मिला हुआ होवे तो वह भी श्रेष्ठ है (अभिप्राय यह है कि स्वर वह का वही रहना चाहिये स्वर के बदलने से अंत्यानुप्रास विगड़ जाता है) जिस का उदाहरण इस प्रकार है "ऐसें" यह तो केवल स्वर है और "कैसे" यहां ऐकार में ककार व्यंजन है ॥ २६ ॥ अब आगे वर्णसंबंध [वैणसगाई] का नियम बताते हैं कि छंद के चरण के आदि का अक्षर होवे वही अक्षर उसी चरण के अंत के बहुत समीप फिर आना चाहिये, वह अंत के वर्ण से लेकर चार तक तो उत्तम, और चार से अधिकतर अर्थात् पांचवाँ होवे तो मध्यम, और परतम अर्थात् छठा होवे तो अधम है ॥ २७ ॥ यह वर्णसंबंध नामक अलंकार आधे आधे पदों में भी होता है सो यह वर्णसंबंध इस ग्रंथ के चौथे भाग में तो नहीं है बाकी के तीन भागों में नियम पूर्वक है ॥ २८ ॥ इस वर्ण संबंध में स्वरों के साथ यकार और वकार का सजातीयपन है और सातवाँ " ऋ " स्वर है तो भी रेफ (र) का साथी (ऋ से र का वर्णसंबध मिलाया गया) है कहीं २ तालव्य मूर्धन्य और दन्त्य सकार का मेल किया गया है, और कहीं पर डकार लकार को सजातीय माना है ॥ २९ ॥ कहीं दकार से डकार की समता ली गई है और कहीं बकार के साथ वकार का मेल किया है और कहीं सवर्गी (अपने अपने वर्गवाले) संबंध रखते हैं परन्तु ये

बी१रन मैं ब२२धी१२ धराध१न ऋृ१न, पितरन को मेटि जई र२न
य१ह जस सुनत द्विजन बहु आ२दरि, आ१यउ निज पुर होत निछावरि
उदाहरन इतिमुख सब जानहु, वृत्ति३अनुप्रास हु बहु मानहु।३२।
त्योंहीं छेक४ अल्प यह तासों, सबहि ग्रंथ बिच इम संधासों।
सब्द भजैं स्त्रीलिंग अदंत१ हु, ज्यों हद्द२ हलमल्ल३ प्रमुख पहुं।३३।

दोहा

ब्रजभाषा के पदन बिच, लघु सिर रेखा दोय२।
तँहँ न गिनहु स्वर बारहों१२, उच्चारन इम होय॥ ३४ ॥
लघु अदंत गुरु काल लों, जैसें बोल्यो जाय।
बुल्लहु तिम याकों बिबुध, नैन१ बैल२ जिम न्याय॥ ३५ ॥
या ब्रजभाषा मैं इहाँ, रक्खी ए सब रीति।
संधा ग्रंथ समाप्ति लों, प्रभु जानहु करि प्रीति ॥ ३६ ॥
संस्कृतादि छ६गिरा हु के, पद बिभक्ति निज सत्थ।
जे नभ१ताँरा२७ न्याय जिम, अक्खौं मिश्रित अत्थ ॥३७
सुद्दहु संस्कृत आदि सब६, भिन्न भिन्न कहुँ ठौर।

बिना ही यत्न के सब जगह आते हैं ॥ ३० ॥ इनके उदाहरण आगे स्पष्ट दिखाये गये हैं ॥ ३१ ॥ इनको आदि लेकर सब उदाहरण जानो और इस ग्रंथ में वृत्त्यनुप्रास (एक वर्ण की वा अनेक वर्णों की अनेकवार समता होने को वृत्त्यनुप्रास कहते हैं) भी बहुत हैं ॥ ३२ ॥ उस वृत्त्यनुप्रास से छेकानुप्रास (अनेक व्यंजनों की एकवार समता होने को छेकानुप्रास कहते हैं) इस ग्रंथ में कम है इस संपूर्ण ग्रंथ में इस प्रकार की प्रतिज्ञा जानो हे स्वामी रामसिंह ! अकारान्त शब्द भी स्त्रीलिंग होते हैं जैसे "हद्द" और "हलमल्ल" आदि ॥ ३३ ॥ ब्रजभाषा के पदों में लघु अक्षर के सिरपर दो रेखा (मात्रा) होवेगी जिसको बारहवाँ स्वर " ऐ ", मत जानना, किंतु गुरु अक्षर के उच्चारण में जितना समय लगता है उतने ही समय में लघु अकारान्त बोलाजावे ऐसे हे पंडितलोको! नेत्र को "नैन,, और वृषभ को "बैल,,कहकर बोलते हैं इस न्याय से बोलना ॥३४।३५॥ हे स्वामी रामसिंह!इस ब्रजभाषा में ये सब रीतियां इस ग्रंथ में रक्खी हैं सो ग्रंथ की समाप्ति तक प्रीति पूर्वक प्रतिज्ञा जानना ॥ ३६ ॥ संस्कृत आदि छहों भाषाओं के पद अपनी अपनी विभक्तियों के साथ नभतारान्याय (आकाश में अन्य ताराओं के साथ सत्ताईस नक्षत्र मिलेहुए

जे अकास१ग्रह९न्याय जिम, मन्नहु भूपति मौरै ॥ ३८ ॥
जवनन को वृत्तांत जँहँ, जवनगिरा१कहुँ जानि ॥
कहुँक इंगरेजी२कथित, बक्ता तास बखानि ॥ ३९ ॥
डिंगल उपनामक कहुँक, मरुबानी१हु बिधेय ॥
अपभ्रंस जामैं अधिक, सदा बीररस श्रेय ॥ ४० ॥
शुद्ध१अशुद्ध२हु जवनपद, कहुँ प्रयुक्त किय अत्थ ॥
सो ब्रजादिदेसीय मैं, स्फुट गिनि रक्खिय सत्थ ॥ ४१ ॥
उदाहरन हंकिय अतुल, फील१ सुतर२मय फोज३ ॥
हिम्मति१किम्मति२ हंद्द अरु३, अवरँग४अकबर५ओज ॥ ४२ ॥
कहुँ वृत्तार्णव१के कहुँक, नंदितांड्य२के छंद ॥
कहुँ पुनि पिंगलसूत्र३के, यँहँ नृप गिनहु अमंद ॥ ४३ ॥
नागराज४सूचित धरे, वृत्त बहुत या माँहिं ॥
सबहि तराजू तुलित से, त्रुटिमित अंतर नाँहिं ॥ ४४ ॥
कादि बरनजुत ए१ रु ओ२,केवल इं१ उंकार२॥

दीखते हैं ऐसे) से मिलेहुए कहूंगा ॥ ३७ ॥ किसी जगह पर संस्कृत आदि छ-हों भाषा शुद्ध रीति से जुदी जुदी कही जांयगीं वे आकाशग्रहन्याय (आ-काश में नवग्रहों की गति भिन्न होने के कारण अन्य तारागण से भिन्न दीख ते हैं ऐसे) से हे राजाओं के मुकुट रामसिंह उनको भिन्न मानना ॥ ३८ ॥ क हीं कहीं यवनों के वृत्तान्त में उनकी भाषा (फारसी आदि) और इंगरेजों के वृत्तान्त में उनकी भाषा (इंगलिश) के शब्द कहेजावेंगे ॥ ३९ ॥ डिंगल है उपनाम जिसका ऐसी मरुभाषा भी कहीं कहीजावेगी, जिसमें अपभ्रंश भा षा अधिक होने से वीर रस में श्रेष्ठ है ॥ ४० ॥ इस ग्रंथ में फारसी आदि भा षा के शब्द कहीं कहीं कहेगये हैं जिनमें कितने ही शुद्ध और कितने ही अशु द्ध हैं, परंतु उनको ब्रजभाषा आदि देशभाषा में स्पष्ट मानरक्खा है. जैसे फी लं, सुतरँ, फौज हिम्मत, किम्मत, हंद, अवरंग और अकबर इत्यादि ॥ ४१ ॥ ॥ ४२ ॥ इस ग्रंथ में कहीं वृत्तार्णव नामक ग्रंथ के और कहीं नंदितार्ड्य नाम क ग्रंथ के, और कहीं पिंगल सूत्र के मतानुसार छंद धरे हैं सो हे भूपति ! स ब ही आनन्द [दिव्य] जानो ॥ ४३ ॥ शेषनाग के कहेहुए बहुत जाति के छंद इस ग्रंथ में हैं सो सब ही तराजू में तुलेहुए से हैं जिनमें लेशमात्र भी अंतर नहीं है ॥४४॥ ककारादि वर्णों के साथ 'एकार' और 'ओकार' और किसी से

हं१ हिं२हुं३ लघु कहुँ इत७, अपभ्रंस अनुसार ॥ ४५ ॥
नागराजमत मैं लिखे, ए१ओ२मिलित रु सुद्ध ॥
इं१हिं२रह१संजोग के, आदि लघु हु१लघु बुद्ध ॥ ४६ ॥
दुव२मतमैं हि इते ७।५न कै, कहिय गुरुत्व बिकल्प ॥
यहहि जनावन हित हमहु, अक्खे कहुँ अति अल्प॥ ४७ ॥
संस्कृत मैंहु प्रजोग सौं, पुब्बलघु१हु लघुकेर ॥
हम सुहु आदि१मयूख मैं, बिदित कियउ इक१बेर ॥ ४८ ॥
कहुँक नाम सौं स्वार्थ मैं, कहुँक इक१ बचन ठोर ॥
है हकार बुद्धह लख्यो, अनिरुद्धह सुत घोर ॥ ४९ ॥
देसी प्राकृत काव्य मैं, रीति और इक१ तत्थ
जु लघु१आदिसंजोग के, सु गुरुगविभासा सत्थ ॥ ५० ॥
हम रक्खी जो छंद हद, नव्य सु सुनहु नरेस ॥
सजातीय संजोगके, आदि सदा गुरु एस ॥ ५१ ॥
यकारांत सयोग बिनु, बिजातीय संयोग ॥

बिना मिलेहुए [केवल] 'इं उं हं हिं हुं' ये सात वर्ण अपभ्रंशभाषा के अनुसार कहीं लघु हैं ॥ ४५ ॥ शेषनाग के मत में एकार और ओकार से मिले हुए सब वर्ण, और ये दोनों शुद्ध अर्थात् केवल स्वर, और इं हिं ये दोनों वर्ण इसी प्रकार रकार हकार के संयोगी अक्षरों के आदि का लघुवर्ण, इन सब को लघु ही जानना ॥ ४६ ॥ वृत्तार्णवे-नन्दिताख्य और नागराज इन दोनों के मत में ऊपर के ४५ वें दोहे में कहे हुए सात वर्ण और ४६ वें दोहे में कहे हुए पांच वर्ण विकल्प करके गुरु कहे हैं सो ईसी बात को जतलाने के लिये हम (ग्रंथकर्त्ता सूर्यमल्ल) ने भी इस ग्रंथ में बहुत थोड़े कहे हैं ॥ ४७ ॥ संस्कृत में भी ऐसा प्रयोग है कि इनके आदि का लघुवर्ण लघु ही रहता है सो हमने भी प्रथम मयूख में एक बार प्रसिद्ध किया है ॥ ४८ ॥ कहीं तो नाम के साथ स्वार्थ में और कहीं एक वचन के स्थान में हकार किया है जैसे बुद्ध के स्थान में बुद्धह और अनिरुद्ध के स्थान में अनिरुद्धह ॥ ४९ ॥ देशी प्राकृत के काव्य में एक और रीति है कि जो संयोगी का आदि लघु है वह विकल्प करके गुरु होता है ॥५०॥ हम (ग्रंथकर्त्ता सूर्यमल्ल) ने जो छंदों की नवीन मर्यादा रक्खी है सो हे नरेश सुनो जितने सजातीय अपने २ वर्ग के संयोगी हैं उन के आदि का वर्ण तो सदैव गुरु ही रहेगा ॥ ५१ ॥ और यकार है अंत में जिसके ऐसे संयोगी

आदि ल१ कौँ ग२ करैं यहै, लेहु समुझि बुधलोग ॥ ५२ ॥
सर्वनाम तद आदि के, बहुबचनन आदिष्ट ॥
नादि हांत संजोग सौँ, आदिलघु सु लघु इष्ट ॥ ५३ ॥
बहुरि हांत संजोग तँहँ, आदिमकार१ लकार२ ।
पूरब लघु कौँ लघु करैं, जेम सम्हार१ खिल्हार२ ॥ ५४ ॥
संस्कृत सम देसीयँ मैं, पदबिच को संजोग ।
गुरुहि करैं रु बिकल्प सौँ, पहिलो हे भूभोग ॥ ५५ ॥
जु पद अनादि समासमैं, तास आदि संजुत्त ।
ग करत लघुहिँ विकल्पसौँ, मकरध्वज प्रभुपुत्त ॥ ५६ ॥
सत्त७स्वरन बिच ग्राम प्रति, स्वादु श्रुतिन के व्रातं ।
जिन्ह समुझ्यो तिन्ह श्रवन है, इंतरन बिवँर दिखात ॥ ५७ ॥
सब इत्यादि निदर्सनौं, बुधजन लेहु बिचारि ।

को छोड़कर बाकी के जितने विजातीय संयोगी हैं वे आदि लघु को विकल्प करके गुरु करेंगे यह पण्डित लोग समझलेवें॥५२॥ सर्वनामों में तदादिकों को बहुवचन का आदेश होवेगा और नकार है आदि में जिसके ऐसे हकारान्त संयोगी के आदि का लघु लघु ही रहेगा॥५३॥ फिर मकार लकार है आदि में जिनके ऐसे हकारांत संयोगी के आदि का लघु भी लघु ही रहेगा जैसे "सम्हार" और "खिल्हार" इनके आदि का वर्ण गुरु नहीं हुआ॥५४॥ संस्कृत के समान देश भाषा की कविता में भी पद के मध्यवर्ती संयोगी के आदि का लघुवर्ण विकल्प करके गुरु होता है सो हे भूपति रामसिंह! यह रीति इस ग्रंथ में जानो ॥ ५५ ॥ जो पद समास के आदि में नहीं होवे उस उत्तर पद के आदि का संयोगी वर्ण पूर्व लघु को विकल्प करके गुरु करता है जैसे "मकरध्वज-प्रभुपुत्त" मकरध्वज इस समास में उत्तर पद ध्वज के आदि संयोगी "ध्व" ने पूर्व रकार को गुरु किया, और मकरध्वजप्रभु इस समास में उत्तरपद प्रभु के आदि संयोगी "प्र" ने पूर्व जकार को गुरु नहीं किया ॥ ५६ ॥ संगीत के सात स्वरों में ग्रामँ (स्वरों के समूह को ग्राम कहते हैं जो षड्ज, मध्यम और गान्धार इन नामों से प्रसिद्ध है) की श्रुतियों के [सात स्वरों के साथ बाईस श्रुतियां हैं] समूहं का स्वाद जिन्हों ने समझा उन के कान हैं और दूसरों के केवल छिद्रं हैं ॥ ५७ ॥ इनको आदि लेकर सब उदाहरणों को पण्डित लोग विचार लेवें. हमारी (ग्रंथ कर्त्ता सूर्यमल्ल) की प्रतिज्ञा से बाहिर

संधा बाहिर सव्द जो, हैं अशुद्ध सुहि हारि ॥ ५८ ॥
अनुस्वार पद आदि जो, अनुनासिक कहुँ तास ।
ज्यों अँगुष्ठ अंगुष्ठ इम, अतिहि बिरल थल आस ॥ ५९ ॥
सूरसेनि१मागधि२ कहुँक, जिम अेव्दनमैं जाम१ ।
दाव रमदि येँ लंकशे, रावन जावँ न राम ॥ ६० ॥
डिंगल बानी वृत्त कहुँ, गीतादिक हु विधेय ।
कहुँ कहुँ जवनन चरित बिच, उन्ह वृत्तहु आकेय ॥६१॥
वृत्त चरनके अंत लघु, सु यँहँ कबहु गुरु नाँहिं ।
त्यों अनुनासिक जुत्त लघु, इहिं गिराहु लघु आँहिं ॥६२॥
ब्रजभाखाके बिखयमैं, कथित प्रतिज्ञा काम ।
सुद्ध इतरं निजरीतिसौं, ठाई निज निज ठाम ॥ ६३ ॥
विहित विशेष्य१विशेसन२हु, वृत्तिमाँहिं बदलाय ॥

जो शब्द हैं वे ही हमारी हार (पराजय) है ॥ ५८ ॥ पद के आदि में जो अनुस्वार है उसको कहीं अनुनासिक कर दिया है जैसे अंगुष्ट का अँगुष्ठ. इस प्रकार बहुत ही थोड़े स्थलों पर है ॥५९॥ इस ग्रंथ में शौरसेनी और मागधी भाषा के शब्द भी आवेंगे उन की संख्या इतनी न्यून होवेगी कि जैसे वर्षों में प्रहर होवे जिसके ये उदाहरण हैं; जब तक रामचन्द्र नहीं है तब तक यह रावण राक्षस रमता है अर्थात् प्रसन्न रहता है यहां शौरसेनी के अनुसार तावत् शब्द का 'दाव' और रमते शब्द को 'रमदि' होगया है और यह के स्थान में 'ये' मागधी के अनुसार हुआ है. यावत के स्थान में ' जाव ' प्राकृत के अनुसार हुआ है ॥६०॥ गीतों को आदि लेकर डिंगल (मरु) भाषा के छंद भी कहे गये हैं और कहीं २ यवनों के चरित्र में उनके छंद [शैर, गजल, बैत आदि] कहे हैं॥६१॥ छंदों के चरण के अंत का जो लघु है वह इस ग्रंथ में कभी गुरु नहीं है (पिंगल सूत्र के मत से विकल्प करके गुरु होता है वैसा इस ग्रंथ में नहीं है) तैसे ही अनुनासिक सहित लघु है, वह इस ग्रंथ की भाषा में लघु ही है ॥६२॥ यह कहीहुई प्रतिज्ञा ब्रजभाषा में काम की है. बाकी की शुद्ध भाषायें अपने२ स्थलों पर अपनी २ रीति से रक्खी हैं ॥ ६३ ॥ कहेहुए विशेष्य विशेषण (गुण को बतानेवाला विशेषण और जिसकेगुण बताये जावें उसको विशेष्य कहते हैं) दोनों व्याकरण की रीति से समास में बदलजाते हैं जैसे ' वीरसिंह, इस वाक्य में वीर शब्द विशेषण और सिंह शब्द विशेष्य है ; इन दोनों का

अंत्यस्वर लघु दिग्धपन, अपभ्रंस मग आय ॥ ६४ ॥
पुष्ट होय बीरादि३तँहँ, लै द्वित्व२हु हल अंत ॥
क्त्वा१लौं क्त२रु इक१लोट६बच, मध्य२पुरुख इ लसंत ॥६५॥
या प्रबंध बिच अंकहू, धेर अर्थहित मानि ॥
कहुँ क्रम१ पर कहुँ व्यक्ति२ पर, कहुँक जाति३पर जानि ॥६६॥
कहुँ उद्देश्य४बिधेय५पर, जथासंख्य६पर जेम ॥
कहुँ संख्या७पर ते कहुँक, कुलपुरुखन८पर तेम ॥ ६७ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणे प्रथम१राशौ कृतिमर्य्यादाप्रतिज्ञानिश्चयनं द्वादशो १२ मयूखः ॥ १२ ॥

प्रायो व्रजदेशीयप्राकृता मिश्रितभाषा ॥

दोहा

जन्मदिवस चहुवान१को, या ग्रंथ२हुको आहि ॥
गनित तँहाँ सर्गादि तैं, किय सिद्धांत निबाहि ॥ १ ॥
गनिततंत्र सिद्धांतकी, फिरि लिखिहैं कहुँ ठाम ॥

समास करने से वीरसिंह विशेष्य होगया ; और अपभ्रंश भाषा में चरण के अंत का लघु स्वर दीर्घ होजाता है सो उसकी रीति से इसमें भी आवेगा ॥ ६४ ॥ जहां वीर, भयानक और रौद्र ये तीनों रस पुष्ट होते होवें वहां अंत का हल् द्वित्व कियाजायगा और क्त्वा व त प्रत्यय और लोट् लकार के प्रथम और मध्यम पुरुष के एकवचन में ह्रस्व इकार होवे. जैसे कृत्वा, कृतम्, करोतु, और कुरु, इन संस्कृत रूपों के स्थान में 'करि' यह रूप होवेगा ॥ ६५ ॥ अर्थ का स्पष्ट बोध होने के लिये इस ग्रंथ में अंक भी धरे हैं वे कहीं तो गणना का क्रम बताने के लिये कहीं व्यक्ति (समुदाय का नाम जाति और एक एक के जुदे नाम को व्यक्ति कहते हैं) कहीं जाति, कहीं प्रयोजन, कहीं योजना (एक के साथ दूसरे का संबंध जोड़ना] कहीं यथासंख्या, कहीं गिनती और कहीं पीढियां बतलाने के लिये अंक दिये हैं ॥ ६६ ॥ ६७ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के पूर्वायण के प्रथम राशि में ग्रंथ की मर्यादा और नियम दृढ करने का बारहवाँ मयूख समाप्त हुआ ॥ १२ ॥

चहुवाण का जो जन्मदिन है वही इस ग्रंथ का जन्मदिन है तहां सर्गादि [सृष्ट्यादि अर्थात् कल्पादि] से सिद्धांत में गणित का निर्वाह कियागया है ॥ १ ॥ वह गणित तंत्र और सिद्धान्त की रीति [युगादिक गणित तंत्र से और

तो तत्थहि लिखिजायहैं, नियत जथाविधि नाम ॥ २ ॥
और गनित सब ग्रंथमैं, गिनहु करन अनुसार ॥
सक इक विक्रमराजको, इतर न गिनहु उदार ॥ ३ ॥
इहैं वाक्यसमाप्ति कहुँ, अर्ध१सार्ध२मुख अंत ॥
गाथावृत्तहिं तत्थ गिनि, मेटहु दोस महंत ॥ ४ ॥
कहुँ बहुवृत्तन लंघिकैं, जुरत जु अन्वय जाय ॥
वडे प्रवंधनमैं सु विधि, समुझहु बुधसमुदाय ॥ ५ ॥
संसमसन१ विस्तर२स्रवनकैं, इष्ट श्रवन हितआँहिं ॥
इहिं क्रम सिंहवलोकिनी, मंजुकथा यामाँहिं ॥ ६ ॥
सूचीकोहु समासकरि, अब करियत उद्देस ॥
सुनन देहु अवसर सु पहु, नामित निखिल नरेस ॥ ७ ॥
प्रथम वंस चंडासि१को, विधिक्रमजुत विस्तार ॥

कल्पादिक गणित सिद्धांत में और शकादिक करण में होती है] से फिर कहीं लिखेंगे तौ वहीं उसकी रीति और उसका नाम लिखदेंगे ॥ २ ॥ और गणित जो इस ग्रंथ में है वह ग्रहलाघव आदि करण ग्रंथों के अनुसार जानो परन्तु ज्योतिष के मत से संवत् कई प्रकार के होते हैं उन सब को छोडकर केवल विक्रम राजा का ही संवत् जानो जिसका चैत्र शुक्ला प्रतिपदा से प्रारम्भ होता है इसके सिवाय अन्यमत जानो ॥ ३ ॥ इस ग्रंथ के छंदों में वाक्य की समाप्ति कहीं आधे छंद में कहीं डेढ छंद में और कहीं आदि अंत में होवेगी. वहां बडे लोग गाथावृत्त अर्थात् कथा के वृत्तांत को अच्छीतरह जानकर वाक्ययोजना के भ्रम को मिटालेवें कथा के संबंध से भी अन्वय योजना का बोध होता है ॥ ४ ॥ कहीं बहुत छंदों को लांघ कर [दूर पर जाकर] अन्वय जुडेगा यह बडे ग्रंथों की रीति है सो पंडित लोग समझ लेवें ॥ ५ ॥ पहले संक्षेप से और फिर विस्तार से कथा सुनना सब को लाभदायक और प्रिय है. इसीक्रम से इस ग्रंथ में सिंहावलोकिनी [सिंह आगे को चलताजाता है और पीछे को देखताजाता है इसीप्रकार एकवार कहीहुई कथा को फिर वारंवार कहना सिंहावलोकिनी कथा कहलाती है] सुंदर कथा है ॥ ६ ॥ संक्षेप से जतलाईहुई कथा का अब विस्तार से कीर्तन करते हैं सो हे सपूर्ण राजाओं को नमानेवाले श्रेष्ठ प्रभु रामसिंह! सुनने को समय देओ ॥ ७ ॥ हे राजाओं के कंधे झुकानेवाले रावराजा रामसिंह इस ग्रंथ में पहले तौ चहुवाण का वंश

इतर छत्रियन २बंसजुत, बहुर सु बीरप्रसार ॥ ८ ॥
असुर१ अमर२ मुनि३ आदिकैं, बिबिधसर्ग१गुन२बंस३ ॥
बिस्तरसौं कबिबंस४ बलि, याबिच नृपउत्तंस ॥ ९ ॥
इम अग्गैं पुरुषार्थ चउ,४धर्म१अर्थ२ अरु काम३ ॥
मोक्ष४हु अंगउपांगजुत, रचिहौं कृति अभिराम ॥ १० ॥
बिद्या१४।६४।७२ सब इनमैं हि बलि, सूची१फलस्तुति२सत्थ॥
कहिँ सअंग पूरन करहिँ, अंजनमतिदृग अत्थ ॥ ११ ॥
बंसप्रकासक ग्रंथ यह, कविकुलपूरन काम ॥
जानहु याको सुकविजन, बंसभास्करहि नाम ॥ १२ ॥
एक१अयन बिच बंसबिधि, नानानृपनचरित्र ।
अपर२अयनबिच अंगजुत, चउ४पुरुषार्थ पवित्र ॥ १३ ॥
या रविके ए दुव२अयन, इनके बारह१२अंस ।
तेही बारह१२भेद हैं, दिनकरके निर्दंस ॥ १४ ॥
बंशचरितबिच अट्ठ८रशि, पुरुषार्थनबिच च्यार४ ।

विधि पूर्वक क्रम के साथ विस्तार से और दूसरे क्षत्रियों के वंश सहित बहुत वीर रस का प्रकाश ॥ ८ ॥ दैत्य, देवता, मुनियों को आदि लेकर गुण और वंश के साथ नाना प्रकार की सृष्टिरचना, फिर विस्तार पूर्वक कवि [ग्रंथ कर्त्ता सूर्यमल्ल] का वंश ॥ ९ ॥ इसी प्रकार आगे चारों पुरुषार्थ-धर्म, अर्थ, काम और अंग उपांग सहित मोक्ष भी इस ग्रंथ में सुंदर रचूंगा ॥ १० ॥ इन्हीं चारों पुरुषार्थों में पहले कही हुई १४ विद्या ६४ कला और मतान्तर से ७२ कला भी मानी जाती हैं जिनको फिर फलस्तुति के साथ कहकर अंजनमतिदृग (नेत्रों को कज्जल से शोभित करते हैं ऐसे अथवा काव्य के मत से " नेत्रांजन " एक न्याय है, जिसका भावार्थ यह है कि नेत्रों में लुकांजन लगाने से छिपी हुई वस्तुएें दीखने लगतीं हैं, इसी प्रकार मति (बुद्धि) रूपी नेत्रों में अंजन करके सब विद्याएें दिखाऊंगा) अर्थ से पूर्ण करूंगा ॥ ११ ॥ यह ग्रंथ वंश का प्रकाश करनेवाला और कवियों की कामना को पूर्ण करने वाला है इस कारण से श्रेष्ठ कवि लोग इस का नाम वंशभास्कर ही जानें ॥ १२ ॥ एक अयन में वंश के भेद (प्रकार) और अनेक राजाओं के चरित्र और दूसरे अयन में पवित्र चारों पुरुषार्थ हैं ॥ १३ ॥ इस सूर्य के दोनों अयन, और इन अयनों के बारह अंश (विभाग) हैं वे ही सूर्य के निर्दोष बारह भेद

याबिच सहँस१०००मयूख हैं, तेहि मयूख निहारि ॥ १५ ॥
चविहँ धर्मादिक चउर४,अक्खि जनन चहुवान ।
प्राकृत देसी प्रक्रियाँ, बरनहिं तँहँ सविधान ॥ १६ ॥
सब्दनके संस्कार सब,ह्वैहैं तत्थहि ख्यात ।
संज्ञासब्दनिपात जे, कछुक कहे यँहँ जात ॥ १७ ॥
सत्रुसल्ल१ कहियत सता२,दूदा१दुर्ज्जनसल्ल२ ।
अजितसिंह१अर्ज्जुन१उभय२,उभय२अजा२अजमल्ल ॥ १८ ॥
अभयसिंह१अभमल्ल२करि, हम्मीँ१करि हम्मीर ।
गोपीनाथ१हिं नाथ२करि, व्यवहार४हु कविबीर ॥ १९ ॥
उदयसिंह१ऊदा२कहत,फतैसिंह१फतमल्ल२ ।
भावसिंह१भाऊ२तिमहिं, तेजसिंह१तेजल्ल२ ॥ २० ॥
त्यौं प्रतापसिंह१सु पता२,पृथ्वीसिंह१सु पित्थ२ ।
पित्थल३ सुहि जसवंत१ पुनि, जसा२हय न अवहित्थ ॥२१॥
खंग१कहत खंगार२कौं, कृष्ण१किसन२ कहुँ गेय ।
विष्णु१बिसन२करि कहुँ बिहित, जैत१जयी२अभिधेय ॥२२॥
अन्न१गिनहु अनिरुद्ध२कहुँ, बल्ल१रु बल्लू१बलवंत२ ।
अरिसिंह१सु अरसी२ उदित, हेम१गँदित हेमंत२ ॥ २३ ॥
संगा१कहुँ संग्राम२हू , कल्ल१कला२ कल्ल्यान३ ।

हैं ॥ १४ ॥ इन में से आठ सूर्य (राशि) तो वंशचरित्र [इतिहास] में और चार राशि धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष इन चार पुरुषार्थों में हैं. ग्रंथकर्त्ता ने पूर्व दोहे में सामान्य नियम बता कर यहां विशेष नियम बताया है. और इस ग्रंथ में एक हजार मयूख हैं उनको ही सूर्य के सहस्र किरण जानो ॥ १५॥ चहुवाण के वंश को कहकर धर्मादिक चारों पुरुषार्थ कहेंगे वहां पर देशी प्राकृत की शब्दसाधनिका रीति पूर्वक वर्णन करेंगे ॥ १६ ॥ वहीं पर शब्दों के संस्कार प्रसिद्ध होवेंगे, परंतु थोड़े से नामवाची शब्द निपात [व्याकरण की एक क्रिया है] से सिद्ध हैं उन्हें यहां कहते हैं ॥ १७ ॥ जैसे शत्रुसाल को 'सता' दुर्जनसाल को 'दूदा' अजितसिंह को 'अजा' अर्जुन को 'अजमल्ल' इत्यादि उदाहरण आगे स्पष्ट हैं ॥ १८ ॥ ४ व्यवहार में लाना ५ यह आकार को गुप्त करने वाला [छिपा रहनेवाला] नहीं है ६ नामवाले ७ कहा.

नरपाल१हिं नप्पा२ गिनहु, जिम सूजा१हु सुजान२ ॥२४ ॥
विजयसिंह१बिजपाल२कहुँ, हप्पा१कहुँ हरपाल२ ।
जयलाल१सु जल्ला२ जला, गुल१गुलाब२रु गुलाल ॥ २५ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणो प्रथमराशौ नियतशक१गणित२कथान्वय३समस्तसूची ४ ग्रन्थाभिधान५तत्तपनतादात्म्य६संज्ञानिपात७समर्थनं त्रयोदशो१३मयूखः ॥ १३ ॥

अथ यथातथसविस्तरवन्हिवंशप्रारम्भः । शुद्धप्राकृतभाषा ॥

गीई ॥

सुरमउडघट्टचलणं सङ्खगयाचक्कपोम्मसेहिअरं ॥
लच्छीकोच्छुहरञ्जिअवच्छं वन्देम्मिणिहिलपहुं ॥ १ ॥
णवरि कउहपङ्गुरणं णमो वि वामङ्गचाउँडासुहग्रं ॥
तइअ३विलोअणभिउडीवङ्कपडणदड्ढ वम्महं हीरं ॥ २ ॥
जास किवा पिहुलसुहा कव्वं कारेइ मुद्धमइणा वि ।
सो सुरनअपावीढो मए पसाअं करेउ गणरायो ॥ ३ ॥
भसलरुअराअरसिओ सुणडाडणडेर नट्टपच्चूहो ॥

श्री वंशभास्कर महाचम्पू के पूर्वायण के प्रथमराशि में संवत् का निश्चय, गणित, कथा का अन्वय अर्थात् संबध जोड़ने का कथन, सब सूची, ग्रंथ का नाम, इस ग्रंथ की सूर्य के साथ समानता और निपात से सिद्ध हुए नामों का निश्चय करनेवाला तेरहवां मयूख समास हुआ१३।अब यथार्थ विस्तार पूर्वक अग्निवंश का प्रारंभ किया जाता है.देवताओं के मुकुटों से घिसे जाते[सेवन किये जाते]चरण जिनके शंख,गदा,चक्र,पद्म इन से शोभित हैं हस्त जिनके,लक्ष्मी और कौस्तुभ से शोभित है वक्षःस्थल(हृदय)जिनका ऐसे संपूर्ण के स्वामी विष्णु भगवान् कोप्रणाम करता हूं॥१॥केवल दिशा ही है वस्त्र जिनके,वाम अंग में चामुंडा (पार्वती) से शोभित,तीसरे नेत्र की भृकुटी के टेढेपड़ने से दग्ध किया है कामदेव को जिन्हों ने ऐसे महादेव [शिव]को नमस्कार करता हूं॥२॥बहुत सुख को करनेवाली जिनकी कृपा है सो मूर्ख बुद्धिवाले पुरुष से भी काव्य करवालेती है और जो देवताओं करके प्रणाम कियागया है पादपीठ(चरणचौकी)जिनका ऐसे गणेश मुझ

गीतिः॥ सुरमुकुटघृष्टचरणं शंखगदाचक्र पद्मशोभिकरम्। लक्ष्मीकौस्तुभरञ्जितवत्सं वंदे. विष्णुमखिलप्रभुम् ॥१॥
केवलककुप्प्रवरणं नमामि वामांगचामुण्डासुभगम्। तृतीयविलोचनभृकुटीवक्रपतनदग्धमन्मथं हीरम् ॥ २ ॥
यस्य कृपापृथुलसुखी काव्यं कारयति मुग्धमतिनापि। स सुरनतपादपीठो मयि प्रसादं करोतु गणराजः ॥ ३ ॥

लम्बअरो सिरिणाढो महं वियासउ मणं सुणायणेहिं ॥ ४ ॥
वीणाज्झणिचलसीसा चन्दमुही सरअचन्दिमाव्व सिआ ॥
अत्ता सरस्सई सा जयउ पउमपण्णलोअणमणोण्णा ॥५॥
अह अ सिरिं दुग्गांवि भाणुं वासाइणो तहा मुणिणो ॥
गुरुणो पिउणो कइणो णन्तूण किसाणुवंसमम्हि भणं ॥ ६ ॥
प्रायोब्रजदेशीयप्राकृता मिश्रितभाषा ॥

दोहा

संतचितघनआनंदनिज, आश्रयके आभास ॥
सत्वरजस्तम३समप्रकृति, लयो छोह सुखलास ॥ ७ ॥
[२]ज्यौं चुंबक सामीप्य सन, चेष्टित व्है जड लोह ॥
अधिष्ठान बिच प्रकृति इम, सुवन लगी संदोह ॥ ८ ॥
चेष्टित[३] अय मुनि चुंबकहिं, घिसि जिम जनहिं कृसानु ॥
त्यौं महान१ हुव प्रकृति सन, प्रज्ञा रूप प्रमानु ॥ ९ ॥
जिहिं कृसानु सन होत इम, ज्वाल१ताप२आलोक३ ॥

पर अनुग्रह करो॥३॥भ्रमरों की गुंजाहट रूपी राग के सुनने में रसिक और सुण्डा-रूपी दंड करके नष्ट किये हैं विघ्न जिन्होंने ऐसे भक्तों पर स्नेहवाले लंबोदर (गणेश) सुंदर नेत्रों (कृपादृष्टि) करके मेरे मन को प्रफुल्लित करो ॥ ४ ॥ वीणाध्वनि की प्रशंसा के लिये हिलाया है शिर जिन्होंने, चंद्रमा के तुल्य है मुख जिनका, शरद् ऋतु की चांदनी के तुल्य श्वेतवर्ण और श्वेत कमल पत्र के तुल्य हैं नेत्र जिनके ऐसी मनोज्ञ (सुन्दर) पूज्य सरस्वती अपने उत्कर्ष को प्रकट करे ॥ ५ ॥ इस से अनंतर लक्ष्मी, दुर्गा देवी, सूर्य, व्यासादि मुनि, पिता और कवि इनको नमस्कार करके अग्निवंश को कहता हूं ॥ ६ ॥

सत्वगुण, रजोगुण, तमोगुण की साम्यावस्था (प्रकृति), अपने आधार सच्चिदानन्द के प्रकाश से उत्साह और सुख पूर्वक नृत्य करनेलगी ॥ ७ ॥ जैसे चुम्बक की समीपता से जड़ लोह चेष्टा युक्त होता है ऐसे ही प्रकृति जो जड़ है वह परब्रह्म में समूहों को जनने लगी । ८ । जिस प्रकार मुनि लोग चुम्बक से चेष्टित लोहे को घिसकर अग्नि पैदा करते हैं इसी प्रकार प्रकृति से बुद्धि रूप महत्तत्व पैदा हुआ ॥ ९ ॥ जिस प्रकार अग्नि से ज्वाला-

भ्रमररुतरागरसिक: शुण्डादण्डेननष्टप्रत्यूहः । लम्बोदरः स्निग्धो मम विकासयत मनः सुनयनैः ॥ ४ ॥
वीणाध्वनिचलशीर्षा चन्द्रमुखी शरच्चन्द्रिकेव सिता ॥ आर्या सरस्वती सा जयतु पद्मपर्णलोचनमनोज्ञा ॥५
अथ च श्रियं दुर्गामपि भानुं व्यासादींस्तथा मुनीन् ॥ गुरून् पितॄन् कवीन् नत्वा कृशानुवंशमहं भणामि ॥६

यौं महान सन त्रि३बिध हुव, अहंकार जगओक ॥ १० ॥
बासुदेव१ चुंबकतरह,संकरखन२अयसंग ॥
सुचि पज्जुरण३रु तापमुख,अनिरुद्ध४जु अहमंग ॥ ११ ॥
अहमज्वाल जिम सात्विक जु,बैकारिक१ अभिधान ॥
दूजो२राजस ताप जिम, तैजस२नाम प्रमान ॥ १२ ॥
जो तामस आलोक जिम, सो भूतादि३तृतीय३ ॥
तिन तीनन३सन देव१अरु, गो२पुनि भूत३गरीय ॥ १३ ॥
दिसा१पवन२रवि३बरुन४पुनि,दस्र्त्रं५अनल६देवेस७ ॥
विष्णु८रु मित्रं९प्रजेस१०ससि,११बैकृत१भव गन एस ।१४।
श्रुति१त्वक२दृक३जिब्भा४नभा५, ज्ञानकरन ए५जानि ॥
वाक१।६पानि२।७पय३।८गुद४।९सिसन५।१०,
कर्मकरन त्यौं मानि ॥ १५ ॥
ए दस१०इंद्रिय ग्यारहौं११,मन जु उभय२गतिमान ॥
यह गन तैजस२तैं भयो, बैकारिक१भवथान ॥ १६ ॥

(झाळ), ताप और आलोक (प्रकाश) होता है इसी प्रकार महत्तत्व से संसार का घर रूपी तीन प्रकार का अहंकार हुआ ॥ १० ॥ चुम्बक की भांति श्रीकृष्ण, लोहे के संग के समान बलदेव, अग्नि समान पज्जुरण (प्रद्युम्न) और ताप आदि के समान अनिरुद्ध ये अहंकार के अंग से अंतरात्मा हैं ।११। ज्वाला के समान सत्वगुण अहंकार, जिसका वैकारिक (देवताओं की उत्पत्ति का कारण) नाम है, ताप के समान दूसरा रजोगुण, जिसका तैजस (इंद्रियों की उत्पत्ति का कारण) नाम है ॥ १२ ॥ जो प्रकाश के समान तीसरा तमोगुण है वह भूतादि (सब जगत् की उत्पत्ति का कारण) नामवाला है इन सत्त्वगुण, रजोगुण, तमोगुण तीनों अहंकारों से देवता, इंद्रिय और पंचभूत क्रम से उत्पन्न हुए ॥ १३ ॥ प्रकृति, विकृति और प्रकृतिविकृति यह तीन प्रकार की सृष्टि है जिनमें से सत्वगुण विशिष्ट अहंकार की विकृति सृष्टि से दिशा, पवन, सूर्य, वरुण, अश्विनीकुमार, अग्नि, इन्द्र, विष्णु, मित्र (देवता विशेष) प्रजापति और चन्द्रमा उत्पन्न हुए ॥ १४ ॥ कान, त्वचा, नेत्र, नासिका, जिह्वा ये पांचों ज्ञानेन्द्रिय और वचन, हाथ, पग, गुदा, लिंग ये पांचों कर्मेन्द्रिय और ग्यारहवां मन जो ज्ञानेन्द्रिय और कर्मेन्द्रिय दोनों में माना जाता है ये रजोगुण विशिष्ट तैजस अहंकार के विकार से हुए ॥ १५-१६ ॥ आकाश का

शब्द१गगन१सपरस२पवन२, रूप३तेज०रस४बारि४ ॥
गंध५मही५भूतादिभव,यहै दसक१०निरधारि ॥ १७ ॥
भये अनुक्रमतैं दस१०रु, नभगुन सब्दहि एक ।
सब्द१रु सपरस१ पवनगुन, जानहु बिहित बिवेक ॥ १८ ॥
तीन३तेज गुनरूप जुत, जलगुन रसजुत च्यारि४ ।
पंच५गंधजुत भूमिगुन, ए इम मिलित निहारि ॥ १९ ॥
जैसैं होवत ज्वालतैं, धपडाहट बिख्यात ।
तिम करनन के देवता११,वैकारिकैं सन जात ॥ २० ॥
जैसैं होवत तापतैं, पाकादिक फल सिद्ध ।
इम तैजस सन उप्पजिय, इंद्रिय ग्यारह११इद्ध ॥ २१ ॥
अरु होवत आलोकतैं, वस्तुन दरसन जेम ।
भूतादिकतैं पंच५गुन, पंच५भूत हुव एम॥ २२ ॥
अप्रमेय अव्यक्तसन, भयो जु तोक महान ।
दस१०म अंस ताको त्रि३विध, अहम गिनहु चहुवान॥२३॥
अहंकारको दसम१० लव, सब्दगुन सु आकास ।

गुण शब्द, पवन का गुण स्पर्श, तेज [अग्नि] का गुण रूप, जल का गुण रस, पृथ्वी का गुण गन्ध, यह दश का समुदाय तमोगुण विशिष्ट भूतादि अहंकार से हुआ जानो ॥ १७ ॥ ये दशों अनुक्रम से हुए और आकाश में गुण केवल शब्द,पवन में शब्द स्पर्श दोनों,अग्नि में शब्द स्पर्श रूप तीनों, जल में शब्द स्पर्श रूप रस चारों, और पृथ्वी में शब्द स्पर्श रूप रस गन्ध ये पांचों मिले हुए जानो ॥ १८-१९ ॥ जिस प्रकार ज्वाला से " धड़पड़ धड़पड़ " इस प्रकार का शब्द प्रसिद्ध होता है तैसे ही एकादश इन्द्रियों के देवता सत्वगुण से उत्पन्न हुए ॥ २० ॥ जिसप्रकार अग्नि से पाक आदि फल सिद्ध होते हैं इसी प्रकार रजोगुण से निर्मल ग्यारह ईन्द्रियां उत्पन्न हुई ॥ २१ ॥ और जिसप्रकार प्रकाश से वस्तुओं का दर्शन (दिखाई देना) होता है तैसे ही तमोगुणसे पांच गुणवाले पंचभूत इस प्रकार हुए ॥ २२ ॥ जिसका प्रभाव नहीं जानाजावे और जो दीखने में नहीं आवे ऐसी प्रकृति से जो महत्तत्व पैदा हुआ उसके दशम अंश को हे चहुवाण रामसिंह ! तीन प्रकार का अहंकार जानो ॥ २३ ॥ उस अहंकार के दशमांश से शब्द गुणवाला आकाश हुआ, उस आकाश से

सपरसगुन पवमान पुनि, दसम१०अंस हुव तास ॥ २४ ॥
दसम१० अंस पवमानको, तेज रूपगुन जानि ।
दसम१०भाग पुनि तेजको, रसगुन बारि बखानि ॥ २५ ॥
दसम१०अंस हुव नीरको, भूगुन गंधउपेत ।
ए महदादिक आवरन, सप्त७भये सब खेत ॥ २६ ॥
अंत यहै छिति आवरन,भित्तिरूप इहिं मान ।
जोजन अर्बुद पंच५०००००००० मित, सुनियत तंत्रै निदान ॥ २७ ।
अरु अंतर या भित्तिके, इहिं ५०००००००० प्रमान अवकासै ।
तिहिं बिच पंचक५ भूतभव, बहुबिध सुनहु बिलास ॥ २८ ॥

इति श्रीवंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणे प्रथम१राशौ प्रकृति सर्गपरम्परोद्देशनं चतुर्द्दशो १४ मयूखः ॥ १४ ॥

प्रायो व्रजदेशीयप्राकृता मिश्रितभाषा ॥

दोहा

अंडकटाहकउभय२ बिच, अर्णवछीर निधान ।

दशमांश से स्पर्श गुणवाला पवन, और पवन के दशमांश से रूपगुणवाला अग्नि हुआ, अग्नि के दशमांश से रस गुणवाला जल और जल के दशमांश से गंध सहित भूमि हुई ये महदादिक सात *आवरण तो सब क्षेत्र रूप हुए ॥ २४--२५--२६ ॥ और अंत का आवरण यह भूमि भींति के आकार हैं जिस का प्रमाण पांच अड़ब (पचास करोड़) योजन का शास्त्रों में निश्चय किया सुना है और इस भांति के बीच में इतना ही आकाश है जिसके बीच में पंच-भूत हुए जिनके बहुत प्रकार के विलास सुनो ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के पूर्वायण के प्रथम राशि में प्रकृति और सृ-ष्टि परंपरा के कथन का चौदहवां मयूख समाप्त हुआ ॥ १४ ॥

पुराण का मत है कि सृष्टि के आदि में ब्रह्मा ने एक अंडा बनाया फिर उसके दो टुकड़े करके एक टुकड़े से स्वर्ग और दूसरे से पृथ्वी बनाई और इन दोनों के बीच में आकाश रचा, इन दोनों अंडकटाहों के बीच में क्षीरसागर

*विष्णुपुराण के प्रथम अङ्क के दूसरे अध्याय में सात आवरण इस प्रकार लिखे हैं कि अंडकटाह के पहला आवरण पृथ्वी का, जिस से दशगुणा आवरण जल का, जलसे दश गुणा अग्नि का, अग्नि से दशगुणा पवन का, पवन से दशगुणा आकाश का, आकाश से दशगुणा तामसावरण और तामस से दशगुणा अहंका-र का आवरण है ॥

नारायन तँहँ व्यक्तहुव, आलुक तल्पसयान ॥ १ ॥
नारायन की नाभिसन, लंबनाल हुव पद्म¹।
चतुरानन हुवपद्मसन, जो सब सर्गन² सद्म ॥ २ ॥
गगन³ गिरा उपदेसकरि, तपस बिसेस कुमाय ।
पहिलैं मानस सर्ग किय, लोकेस्वर हित लाय ॥ ३ ॥
तँहँ मरीचि⁴मुख सप्त७ऋषि, पुनि नारद भृगु दच्छ ।
इत्यादिक बिधिदेहसौं, उपज्यो सर्जन अच्छ ॥ ४ ॥
पुनि निजतनु द्वै२भाग करि, किय बिधि मिथुन⁵२बिचारि ।
इक स्वायंभुव१आदिमनु, सतरूपा२पुनि नारि ॥ ५ ॥
सतरूपा मनुसौं जन्यौं, संतति पंचक५बाम ।
दुव२सुत इक उत्तानपद१,अपर⁶ प्रियव्रत२नाम ॥ ६ ॥
तनया त्रय३आकूति१अरु,देवहूति२पुनि जानि ।
त्यौं प्रसूति३इनके रमन⁷, तीन३हि कहत बखानि ॥ ७ ॥
बिधि सुत रुचि१⁸व्याही यहै, मनुदुहिता आकूति ।
बिधिसुत कर्द्दम२मध्यमो⁹२,बिधिसुत दच्छ¹⁰३प्रसूति३॥ ८ ॥
रुचिसौं तिय आकूति बिच, बिष्णुजज्ञ१अवतार ।
अंस रमा¹¹को दच्छिणा २,यह हुव मिथुन२उदार॥ ९ ॥
जनैं दच्छिणा जज्ञ¹²सौं द्वादस१२सुत तोसा¹³दि ।

रूपी घर में शेष शय्या पर श्रीनारायण प्रत्यक्ष हुए १ कमल २ सृष्टि रचना का घर है ३ आकाश वाणी के उपदेश से बहुत तपस्या करके उस लोकेश्वर (ब्रह्मा) ने प्रथम मनुष्यों की सृष्टि रची ४ मरीचि को आदि लेकर ॥ इनको आदि लेकर ब्रह्मा के देह से उत्तम सृष्टि उत्पन्न हुई ॥ ४ ॥ फिर अपने शरीर के दो भाग करके ब्रह्मा ने जोड़ा५बनाने का विचार किया जिससे आदि मनु स्वयंभू और शतरूपा नामक स्त्री हुई ॥ ५ ॥ ६ दूसरा ७ इनके पयों के नाम कहते हैं ॥ ७ ॥ मनु की पुत्री आकूति तो ब्रह्मा के पुत्र रुचि को ८व्याही, इसी प्रकार ब्रह्मा के पुत्र कर्दम को देवहूति और दक्ष को प्रसूति व्याही ॥ ८ ॥ रुचि से आकूति के गर्भ में विष्णु का अंश यज्ञावतार और लक्ष्मी का अंश दक्षिणा नाम कन्या यह जोड़ा उत्पन्न हुआ ॥ ९ ॥ उस यज्ञावतार

तुसितदेव संज्ञक भये,ते सब इंद्रभटादि ॥१०॥
देवहूति बिच दसक१० हव, कर्द्दमतैं सुभकार ।
नव९कलादि तनया तनय, कपिल१०सु हरिअवतार ॥ ११ ॥
कला१सुता कर्द्दम दई, मुनि मरीचि१के अत्थ ।
अनसूया२श्रद्धा३उभय२,अत्रि२अंगिरा३।२सत्थ ॥ १२ ॥
त्यौं मुनिराज पुलस्त्य४कौं, सुता हविर्भू४दीन ।
पुलह५हिं गति५क्रतु६कौं क्रिया६,भृगु७कौं ख्याति७प्रबीन। १३ ।
अरुंधती८जु बशिष्ठ८हित, सांति९अथर्वा९काज ।
जामाता[2] विधिसुत बरे,ए९कर्द्दम मुनिराज ॥ १४ ॥
पुनि मरीचि[3] सन पुत्र दुव२,कला[4] जनैं अभिराम ।
इक्क१कस्स्यप१जगको जनक[5], अपर पूर्णिमा२नाम ॥ १५ ॥
अनसूया बिच अत्रि सन, हरि हुव दत्तात्रेय१ ।
सिव दुर्वासा२द्रुहिन सासि, ३इन नामन अभिधेय[6] ॥ १६ ॥
श्रद्धा बिच मुनि अंगिरा, संतति छक्क६उपाय ।
सुत दुव२इक्क१उतत्थ्य१पुनि, सुरगुरु जीव[7]२सुभाय ॥ १७ ॥
सुता सिनीवाली३।१कुहू४।२,राका५।३अनुमति६।४नाम॥
दीर्घतमा१सु उतत्थ्यतैं, कच१गुरुतैं[8] हुव ताम ॥ १८ ॥
मुनि पुलस्त्यतैं दुव२तनय, भये हविर्भूजात[9] ।
इक अगस्ति१वातापिरिपु, अपर बिश्रवा२ख्यात ॥ १९ ॥
तनय बिश्रवातैं भयो, धनद[1]१इडविडामाँहिं ।

से दक्षिणा ने तोष आदि बारह पुत्र प्रकट किये जो इंद्र के आदि उमराव तुषित नाम के देवता हुए ॥ १० ॥ कर्दम से देवहूति में कला आदि नव कन्यायें और एक पुत्र दश संतान हुए जिनमें कपिलदेव हरि (विष्णु) का अवतार हुए ॥ ११ ॥ २ ब्रह्मा के इन नव पुत्रों को कर्दम मुनि ने जमाई (दामाद) किया. ३ मरीचि से ४कला ने सुंदर दो पुत्र प्रकट किये ५ एक कश्यप जो संपूर्ण संसार का पिता है ६ नामवाले हुए ७ बृहस्पति ८ बृहस्पति के कच नामक पुत्र हुआ ९ पुलस्त्य से हविर्भू नामक स्त्री में १०वातापि नामक असुर को मारनेवाला अगस्त्य ११ इडविडा के गर्भ से कुबेर हुआ १ विश्रवा के केशिनी के गर्भ में रावण कुं-

रावनादि४रक्खस भये,उदर केसिनी ऑंहिं ॥ २० ॥

कर्मश्रेष्ठ मुख३पुलहतैं, गति सुत तीन३उपाय ।

सट्ठि सहँस ६००००क्रतुतैं क्रिया, बालखिल्ल्य उपजाय ॥२१॥

अरुंधती हु वशिष्ठ सन, चित्रकेतु१निजजामैं ।

पुनि सुरोचि२विरजा३तथा, मित्र४रु उल्वण५नाम ॥ २२ ॥

वसुभृद्यान६द्युमान७अरु, सक्ति८तनय इत्यादि

महासती जननी भई,सुफल पतिव्रतसाँदि ॥ २३ ॥

सांति अथर्वा तैं जनैं,पुत्र तथा मतिपीनें ।

तेहु धृतव्रत१दध्यच२रु, अश्वसिरा३ए तीन३ ॥ २४ ॥

ख्याति जनैं भृगुसौं तनय,तीन३रु तनयतीन३ रु तनयाँ एक१।

धाता१रु विधाता२रु कवि३,बहुरि रमा१।४सुविवेक । २५

मेरुसुता आयति जन्यौं, धाता हिंतुं मृकंड१ ।

मार्कंडेय१मृकंडसुत, हुव मुनि योगअखंड ॥ २६ ॥

नियति बिधातातैं जन्यौं, पुत्र प्रान१अभिधान ।

बेदसिरा१हुव प्रानकैं, तनय महामतिमान ॥ २७ ॥

कवि३भृगु सुत तीजो३कह्यो,सुक्र४भयो तस ख्यात ।

बहुरि पुलोमामैं च्यवन४,चोथो४भृगुसन जात ॥ २८ ॥

जनी प्रसूति हु दच्छतैं घनी सुता अभिरामैं[१२] ।

तिनमैं तेरह१३धर्मकौं, श्रद्धादिक१३दिय बामैं ॥ २९ ॥

पितरनकौं दीनी स्वधा१।१४,पावककौं स्वाहा रु १।१५।

पतिव्रता सिवकौं सती१।१६,दई सोलहीं१६चारु ॥ ३० ॥

ससिकौं अश्विनि आदि१७दिय,तनया सत्ताबीस२७ ।

कर्या और विभीषण हुए१कर्मश्रेष्ठ आदि पुलह से गति नामक स्त्री में तीन पुत्र हुए२क्रतु से क्रिया नामक स्त्री में साठ हजार२बालखिल्य ऋषि हुए३पुत्र ४पति-व्रतनिष्ठि५तीव्र बुद्धिवाले६तीन पुत्र और एक पुत्री७से८प्राणनामवाला ९भृगु का तीसरा पुत्र जो कवि कहा गया है वह "शुक्र" इस नाम से १०प्रसिद्ध हुआ११भृगु से हुआ १२सुन्दर१३श्रद्धा को आदि ले तरह स्त्रि यां दीं. १४सुदर

कश्यपकौं अदिती प्रमुख१३, अति जगती अवनीस३०।६०।३१।
भये धर्मतैं मूर्त्तिमैं, नर१नारायन२देव ।
त्यौं श्रद्धादिक१२मैं हु सुत,भये सुभादिक१२एव॥ ३२ ॥
स्वधा पितरगनतैं जनी, द्वि२सुता उत्तमज्ञान ।
इक वयुना१पुनि धारिणी२,ए जिनके अभिधानैं॥ ३३ ॥
स्वाहामैं हुव अग्निसौं, पावक१सुचि२पवमानु३ ।
तिनतैं पैंतालीस४५ ए, सब गुनचास४९कृसानु ॥ ३४ ॥
सती अप्पसूता[३] जरी, जाय जनकमख माँहिं ।
हैमवती ह्वै पुनि बरे, अखिलईस सिव आँहिं ॥ ३५ ॥
तामैं ह्व२सुत संभुसन, उपजे पूज्य बिसेस ।
इक कुमार१तारककदन, गजमुख अपर गनेस ॥ ३६ ॥
नारद१भृगु२सनकादिक४।६रु, अरुणि७हंस८इत्यादि ।
एऊब्रह्मचारी वहुत, ब्रह्मबोधसंवादि ॥ ३७ ॥
मृषाँ अधर्म्म उभैरहि मिलि,मिथुन उपायो एक१।
दंभ१रु माया२तिन दुहन२,हुव अघकर्म अनेक ॥ ३८ ॥
कश्यपतैं हुव अदिति बिच, इंद्रादिक सव देव ॥१॥
दितिमैं दनुमैं दैत्य२अरु, दानव३दृढ अहमेवँ ॥ ३९ ॥
पसु४पच्छी५अहि[११]६वारिचँर[१२], गिरि८तरु९आदिकसर्ग ।
कश्यपतैं उपजे बहुत, थावर[१३] जंगम[१४] वर्ग ॥ ४० ॥

---

१ हे राजा रामसिंह ! कश्यप को अदिति आदि तेरह कन्या दीं २ नाम है ३ विना संतान ही अपने पिता दक्ष के यज्ञ में जलीं ४ फिर हिमालय की पुत्री होकर शिव को वर किया जो संपूर्ण के स्वामी हैं ५ स्वामिकार्तिक ६ तारकासुर का नाश करनेवाला और दूसरा हाथी के मुखवाला गणेश ७ मृषा नामक स्त्री और अधर्म ने मिलकर ८एक जोड़ा पैदा किया, एक दंभ[पाखंड] और माया, इन दोनों से अनेक पाप कर्म हुए ९ कश्यपसे अदितिके गर्भ से इंद्र आदि देवता और दितिके गर्भ से दैत्य इसीप्रकार दनु नामक स्त्री के गर्भसे दृढ १० अहंकार वाले दानव हुए ॥ ११सर्प १२जलचर १३ जड़ पदार्थ (जो आप से आप नहीं चल सके) चर१४ (आप से आप चलनेवाले) ॥४०॥ मनुष्य सृष्टि का

स्वायंभुव मनुतैं भयो, मनुज सर्ग बिस्तार ।
मिथुन कर्म उतपत्तिको, हव तबतैं हि प्रचार ॥ ४१ ॥
रचना चउदह१४लोककी, सब लोकेस बनाय ।
आन्सें मोहनें सर्ग रचि, किय जग प्रानीप्रायँ ॥ ४२ ॥
सत्यलोक१तपलोक२जन, लोक३त्यौं महरलोक४ ।
सर्ग५भुवरलोक६रु यहै, भूमिलोक७ नरओक ॥ ४३ ॥
अतल८प बितल९ सुतल१०रु तलातल११रु रसातल१२नाम ।
महातल१३रु पाताल१४ए, क्रम ऊरध अध धाम ॥ ४४ ॥
त्यौं तिरछे भूलोक पर, द्वीप शिलोच्चय अब्धि ।
रचि पहिलैं पुनि यौं द्रुहिनें, लई प्रजा सुख लब्धि ॥ ४५ ॥
सत्यलोक निज धामतैं, महरलोक लग च्यारि ।
निस्पृह सत्वनको रचे, श्रीलोकेश सुधारि ॥ ४६ ॥
चाहैं फल अति पुराय करि, नाक लोक तिन हेत ।
भुवरलोक बिच भूत मुख, रक्खे खगन समेत ॥ ४७ ॥
उल्लवजं१अंडज२घर्म्मजं३रुउद्भेजं४चउ४खानि ।

विस्तार स्वायंभुव मनु से हुआ तभी से उत्पत्ति करनेवाले मैथुन कर्म का प्रचार हुआ ॥ ४१ ॥ ब्रह्मा ने चौदह लोक की रचना बनाकर १ मन से २ मैथुनी सृष्टि रचकर संसार में विशेष ३ प्राणी किये ॥ ४२ ॥ सत्यलोक से लेकर भुवर्लोक तक के छः लोक ऊपर कहे और यह भूमि जो मनुष्यों का घर है ॥ ४३ ॥ अतल से लेकर पाताल तक नीचे के, ये क्रम से ऊपर और नीचे के लोक रचे ॥ ४४ ॥ इसी प्रकार इस टेढे (पुराण में इस भूमितल को भींती के आकार कहा इस से यहां पर टेढा लिखा है) भूमि लोक पर द्वीप, ४ पर्वत और ५ समुद्र पहिले रचकर ६फिर ब्रह्मा ने प्रजा के सुख की प्राप्ति ली ॥ ४५ ॥ अपने लोक ७ (सत्यलोक) से लेकर महर्लोक तक चार लोकों में इच्छा रहित जीवों को रचा ॥ ४६ ॥ जो पुराय का फल ८ चाहनेवाले जीव हैं उनको स्वर्ग में रचा और भूतों (देवयोनि विशेष, अथवा शिव के गणों) को आदि लेकर पक्षियों को ९ भुवर्लोक में रचा ॥ ४७ ॥ १० जरायुज (मनुष्य आदि) ११ अंडज (अंडा से पैदा होनेवाले सर्प आदि,)१२ गरमी से पैदा होनेवाले जुवां आदि और भूमि को १ फोड़कर निकलने वाले (वृक्ष आदि)

बरसखंड भूलोक बिच,रचे कर्म्मभू[1] ठानि ॥ ४८ ॥
इतर खंड फल भोगके, दिव्यसत्व[2] तँहँ रक्खि ।
नागादिक असुरादिकन, अतलादिन७बिच अक्खि ॥४९॥
गिरिदिग्गज दिक्पाल करि, थिर अवनीकौं थप्पि ।
भूमिराज्य मनुकौं दयो, त्रिदिवै[3] इंद्रहितअप्पि ॥ ५० ॥
पावकतैं१पवमानतैं२, रवितैं३बेद निकासि ।
ऋक१यजु२साम३प्रवर्त्त किय, हिय चतुरास्य[6] हुलासि ।५१।
अष्ठ प्रयुत चउ लक्ख८४००००मित, नाना जीवन जोनि ।
रचि बिरिंचि पूरे अखिल, स्वर्ग१ अधोबिल२छोनि३ ।५२।
मुखतैं१करतैं२संथितैं[11]३, द्विजमुख बरन३बनाय ।
पंजादिक[12]४ सब पयनतैं४, सरजे जन समुदाय ॥ ५३ ॥
काल१देस२सागर३सरित४,कुलाचलादिक५ठानि ।
सीमा१आयु२समस्तके, बिरचे भिन्न बखानि ॥ ५४ ॥
पसु१पिसाच२ रक्खस३मनुज४,उल्लवज१इतिमुख[13] सर्ग ।
आसीबिख[14]१खग२नक्र[15]३झख[16],४इतिमुख अंडज१बर्ग । ५५ ।

ये चार खान भूमिलोक जंबुद्वीप में १ ब्रह्माने रचे ॥ ४८ ॥ दूसरे द्वीपों में कर्म फल भोगनेवाले २ दिव्यजीवों को, और सर्पों व असुरों को आदिलेकर अतलादिक (नीचे के) लोकों में रक्खा ॥४९॥ पर्वत, दिशाओं के हस्ति, दिक्पाल (दिशाओं के पति) बनाकर भूमि को स्थिर [अचल, पुराणों के मत से भूमि नहीं फिरती सूर्य फिरता है और वेद व ज्योतिष के मत से भूमि सूर्य के चारों ओर फिरती है सो यहां ग्रंथकर्ता ने पुराण का मत लिया है] थापकर भूमि का राज्य मनु को और ३ स्वर्ग का राज्य इन्द्र को दिया॥५०॥ ४ अग्नि, ५ वायु और रवि से वेद निकाल कर हृदय से प्रसन्न होकर ब्रह्मा ने ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद को प्रवृत्त किया ॥ ५१ ॥ नाना प्रकार के जीवों की चौरासी लाख योनि को रचकर ६ ब्रह्मा ने ७ स्वर्ग ८ पाताल और ९ भूमि को पूर्ण किया ॥ ५२ ॥ मुख से ब्राह्मण, हाथों से क्षत्रिय, १० जंघा से वैश्य ११ आदि वर्ण बनाकर और पैरों से १२शूद्रादि, इस प्रकार मनुष्यों के समुदाय को रचा ॥ ५३ ॥ काल, देश, समुद्र, नदी, कुलाचल आदि पर्वत बनाकर सीमा और आयु ये सबके जुदे जुदे बनाये ॥ ५४ ॥ पशु, पिशाच (देवयोनि विशेष)राक्षस, मनुष्य,इनको१३आदि लेकर जरायुसे उत्पन्न होनेवालों की सृष्टि और १४सर्प, पक्षी, १५मकर(मगर) मच्छ, इनको आदि लेकर अंडे से पैदा

मस्क१दंस२जूका३प्रमुख, लघुतनु घर्मज३खानि ॥
गुच्छ१गुल्म२तरु३तृन४लता५, इतिमुख२ उदभिद४जानि ॥ ५६ ॥
ऐसैं बिधि सब सर्ग्ग रचि, कर्म्मप्रवृत्ति बिधाय।
पुण्य पाप सुख दुख प्रमुख, दिय सब संग लगाय ॥ । ५७।

इति श्रीवंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणे प्रथम१राशौ विकृतिसर्ग्गपरम्परोद्देशनं पञ्चदशो१५ मयूखः ॥ १५ ॥

पादाकुलकम् ॥

त्रुटि सत१००मित तत्पर इक१जानहु,
तत्पर तीस३०निमिखं इक मानहु ॥
दृग निमेस ह्वै जब अट्ठारह१८,
काष्ठा इक१परिमान काल वह ॥ १ ॥
काष्ठा तीस३० कला इक१अक्खिय,
कला तीस३०घटिका इक१रक्खिय ॥
सो नाच्छत्र मान मित धारहु,
द्वि२घटी एक१ मुहूर्त्त बिचारहु ॥ २ ॥

होनेवाले समूह ॥ ५५ ॥ मच्छर, डांस, जुवां आदि छोटे शरीरवाले गरमी से उपजनेवाली खान और गुच्छे (झाड बोझा आदि फैले हुए वृक्ष) ठूंठ (विना शाखा के वृक्ष) समान्य वृक्ष, तृण और बेलाड़ियां आदि उद्भिद सृष्टि जानो॥५६॥ इस प्रकार ब्रह्मा ने सब सृष्टि रचकर कर्म में लगाकर पुण्य पाप, सुख दुःख, आदि सब साथ में लगादिये ॥ ५७॥

श्रीवंशभास्कर के महाचम्पू के पूर्वायण के प्रथमराशि में विकृति (प्रकृति विकृति और प्रकृति विकृति यह तीन प्रकार की) सृष्टि है जिसमें इस विकृति (विकारवाली) सृष्टि के परम्परा कथन का पंद्रहवाँ मयूख समाप्त हुआ॥ १५ ॥

बहुत सूक्ष्म समय को त्रुटि कहते हैं ऐसी सौ त्रुटि का एक तत्पर, तीस तत्पर का एक निमेष, जब नेत्र के अठारह निमेष (आंख टमकारने को निमेष कहते हैं) होवें उस समय का नाम काष्ठा है ॥ १ ॥ तीस काष्ठा की एक कला और तीस कला की एक घड़ी होती है, इसी प्रमाण को नाक्षत्र (दिन के तीसवें भाग का नाम नाक्षत्र) कहते हैं, इन दो घड़ियों का एक मुहूर्त जानो ॥ २ ॥ इन

अहोरात्रे इक१ तीस३० मुहूर्त्तन,
द्युनिस तीस३०इक१मास गिनहु जन ।
बारह१२मास होत इक१ हायनं,
तिँहिँ करि सौरं कहत कालायँन ॥ ३ ॥
च्यारि लक्ख बत्तीस सहँस४३२०००मित,
रवि हायन कलिजुग इक१अंकित ।
अष्ठ लक्ख चउसट्ठि सहँस८६४०००पुनि,
द्वापर२जुग परिमान रचित गुनि ॥ ४ ॥
बारह लक्ख हजार तर्क नव१२९६०००,
त्रेता३जुग परिमान गनित भव ।
ख नभ गगन बसु दृग हयभू१७२८०००मित,
कृत४जुग मान बिचारहु बुध चित ॥ ५ ॥
जुग चतुष्कं४एकत्र होत जब,
एक१ महाजुग काल होत तब ।
ख ख नभ नख गुन बेद४३२००००मानँ सन,
होवत सकल महाजुग१हायनं ॥ ६ ॥

षट्पदी

कृत जुग मित निजसंधि समां१७२८०००समुपेत इक्क मनु ॥

तीस मुहूर्तों का एक दिनं रात और तीस दिनं रात्रिका एक मास जानो, ऐसे बारह मास का एक वर्ष होता है इसी को समय के जाननेवाले ज्योतिषी अथवा ज्योतिष शास्त्र सौर वर्ष कहते हैं ॥ ३ ॥ ऐसे सौर वर्षों से चार लाख बत्तीस हजार वर्ष कलियुग का प्रमाण है और आठ लाख चौसठ हजार वर्षों का रचा हुआ द्वापर का प्रमाण मानो ॥ ४ ॥ बारह लाख छिनवै हजार वर्ष का त्रेता युग और सत्रह लाख अठाईस हजार वर्षों का सतयुग विद्वान् लोग जानैं ॥ ५ ॥ ये चारों युग इकट्ठे होते हैं तब एक महायुग का समय होता है, इस महाँयुग के सम्पूर्ण वर्ष तैंतालीस लाख बीस हजार होते हैं ॥ ६ ॥ जितने सत्ययुग के संवंत् हैं इतने ही सम्वत् एक मनु की सान्धि के होते हैं जिन सहित इकहतर महायुग के समय को भोगकर एक मनु शरीर छोड़ता है इसी

कुमुनि७१महाजुग काल भुग्गि अधिकार तजत तनु ॥
मनु चउदह१४जब होत अधिक इक१ अंत संधि१७२८०००सह
तबहि महाजुग सहँस१०००होत सुहि इक१बिरिंचि अहे१ ॥
याही प्रमान वाकी निसा ते मनुजनके कल्प दुव२ ।
नृपरामसिंह लोकेसके इँहिं प्रमान दिनरत्ति हुव ॥ ७ ॥

दोहा

तीनि३लोक दिनमैं रचत, निसमैं सब मिटवाय ।
सोय रहत प्रत्यूषहीं, बोलि जगि देत बनाय ॥ ८ ॥
जो क्रम पहिले सग्ग बिच, सोही लै पुनि सग्गे ।
प्रतिदिन मनु इंद्रादि बिधि,बिरचत संसृति बग्ग ॥ ९ ॥
होत तीन सत सट्ठि३६० जब, अहोरात्र इँहिं मान ॥
ब्रह्माको इक१अब्द तब,होवत नृप चहुवान ॥ १० ॥
ऐसे सत१००हायन जियत, बिधि करि सग्ग निबाह ॥
महाप्रलय होवत तदनु, बिगरत अंडकटाह ॥ ११ ॥
गंध१होय भू१नीरमैं, मिलत नीर२रस२होय ॥
तेजमैं रु वह३रूप३व्है, बात मिलत गुन खोय ॥ १२ ॥
बात४हु व्है सपरस३सु हू , मिलत गगन बिच जाय ॥

प्रकार अन्तसन्धि सहित चौदह मनु अपना अपना अधिकार भोगकर समाप्त होजाते हैं तब एक हजार महायुग होते हैं वही ब्रह्मा का एक दिन है और इतनी ही उस की रात्रि है वही मनुष्यों के दो कल्प होते हैं सो हे राजा रामसिंह! इस प्रमाण से ब्रह्मा के दिन और रात हुए ॥ ७ ॥ वह ब्रह्मा दिन में तीनों लोक रचता है और रात्रि में मिटाकर सोजाता है फिर प्रातःकाल में जगकर बना देता है ॥ ८ ॥ जो क्रम पहिले सर्ग में कहा उसी क्रम को लेकर ब्रह्मा अपने प्रत्येक दिन में इन्द्र को आदि लेकर नाना प्रकार की सृष्टि (रचना) रचता है ॥९॥इस प्रमाण के तीन सौ साठ दिन रात होते हैं तब हे चहुवाण राजा रामसिंह! ब्रह्मा का एक वर्ष होता है ॥ १० ॥ सृष्टि का निर्वाह करके इस प्रकार के सौ वर्ष तक ब्रह्मा जीता है जिसके पीछे महाप्रलय होता है जिसमें अंड कटाह (स्वर्ग और भूमि) विगड़ जाता है॥११॥ भूमि गंध रूप होकर जल में मिलजाती है और जल रस रूप होकर अग्नि में मिलजाता है इसी प्रकार अग्नि

अहंकार बिच शब्द५०है, जावत गगन५समाय ॥ १३ ॥
०है लय अहम६महान बिच, वह७प्रधान मिलि जाय ॥
वह प्रधान८अय पुनि नचत, चुंबक पुरुष९कहाय ॥ १४ ॥
लोह घिसैं ज्यौं काल लहि,यौं प्रधान परिनाम ॥
फैलत समिटतही रहत, निजाधार चिद्धाम ॥ १५ ॥
सकल जीव संस्कारजुत, लयमैं प्रकृति समात ॥
निज आसय जुत सर्ग्गमैं, सब कढि कर्म्म चलात ॥ १६ ॥
जो तुम सम नृपराम जन, दृढ स्वरूप करि लेत ॥
अधिष्ठान या जंत्रको, होवत सोहि सुचेत ॥ १७ ॥
यह अरघट्ट घटीन जिम, लयँ सर्ग्गादि स्वभाव ॥
नचत रहत मायानटी, इंद्रजाल उफनाव ॥ १८ ॥
तामैं यह ब्रह्मांड हुव, अबके द्रुहिन अधीन ॥
ऋतु बिच ऋतुके लिंगँ जिम, हुव सब सर्ग नवीन ॥ १९ ॥
अबके बिधिके आयुके, बीते बरस पचास५० ॥

तेज रूप होकर पवन में मिलजाता है ॥ १२ ॥ पवन भी अपने स्पर्श रूप से आकाश में मिलजाता है और आकाश शब्द रूप होकर अहंकार में मिलजाता है ॥ १३ ॥ अहंकार महत्तत्व में लय होजाता है और वह महत्तत्व प्रकृति में मिलजाता है, वह प्रकृति रूप लोहा फिर नाचता है और परमात्मा चुम्बक कहलाता है ॥ १४ ॥ समय पाकर लोहा घिसता है इसी माफिक प्रकृति का परिणाम होता है और अपने आधार परमेश्वर में फैलती सिमटती रहती है ॥ १५ ॥ संसार के संपूर्ण जीव हैं वे प्रलय होने पर प्रकृति में मिलजाते हैं और सृष्टि रचना के समय सब निकलकर अपने अपने अभिप्राय सहित कार्य चलाते हैं ॥१६॥ हे राजा रामसिंह तुम्हारे समान जो मनुष्य दृढ स्वरूप (आत्मज्ञान) करलेता है वही इस यंत्र प्रकृति के फैलने सिमटने रूप सृष्टि (रचना) का स्थान अर्थात् ब्रह्म (मोक्ष होकर ब्रह्म में मिलजाता है) होजाता है ॥ १७ ॥ रैहँट की घड़ियों के समान यह प्रलय और सृष्टि रचना का स्वभाव है सो माया रूपी नटनी इस इन्द्रजाल के उफनाव से नाचती रहती है ॥१८॥ जिस में यह ब्रह्मांड इस समय के ब्रह्मा के अधीन हुआ। जैसे प्रत्येक ऋतु में प्रत्येक ऋतु के चिन्हँ उत्पन्न होते हैं इसी माफिक सब सृष्टि रचना नवीन हुई ॥१९॥ अब का जो ब्रह्मा है उसकी उम्र के पचास वर्ष बीते हैं और मनुष्यों के

स[illegible] अठारह१८०००नरनके, इहाँ प्रलय गत आस।२०।
कि[illegible] कहत बिधिके बरस, सारध अठ८जेगाम ॥
गे[illegible] कोऊ रहो, बर्त्तमानसौं काम ॥ २१ ॥
इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणे प्रथम१राशौ पारिभाषिककालावयवोपेतसर्गलयादिप्रधानस्वभावसूचनपूर्वकवर्त्तमानब्रह्मायुर्गतकथनं षोडशो१६मयूखः ॥ १६ ॥

प्रायो व्रजदेशीयप्राकृता मिश्रितभाषा ॥

दोहा

अबको कल्प बराह यह, याके सर्ग प्रकार ॥
बैष्णव नाम पुरान बिच, कहौं तास अनुसार ॥ १ ॥
बिधिके पूर्व परार्ध बस, पद्मकल्प जिम सर्ग ॥
सितबराह अब यह अपर, बिरचे पुनि सब बर्ग ॥ २ ॥
लग्यो बरस एकावनम, प्रथम मास तिथि आदि ॥
सरजे धाता लोक सब, सूचित क्रम संपादि ॥ ३ ॥

षट्पदी

पुनि मरीचि मुनि आदि प्रकटि बिधि पुत्र प्रजापति,

अठारह हजार प्रलय गत हुए ॥२०॥ कितनेक कहते हैं कि ब्रह्मा के साढा आठ वर्ष गये हैं परन्तु गयेहुए वर्ष इस समय के गणित में उपयोगी नहीं होने के कारण निकम्मे हैं सो चाहे सो रहो हम को तो वर्तमान वर्ष से काम है।२१।

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के पूर्वायण के प्रथमराशि में आधुनिक (इस समय के) संकेत जतानेवाले समय के अवयवों सहित सृष्टि रचना और प्रलय आदि प्रकृति का स्वभाव जताने पूर्वक वर्तमान ब्रह्मा की गईहुई उमर के कथन का सोलहवां मयूख समाप्त हुआ ॥ १६ ॥

अबका यह वाराहकल्प है जिसकी सृष्टि रचना का प्रकार विष्णुपुराण में है उसी के अनुसार कहता हूं ॥ १ ॥ ब्रह्मा की सौ वर्ष की आयु है जिनमें पहिले के पचास वर्ष का पूर्वपरार्ध और पिछले पचास वर्ष का उत्तर परार्ध कहाता है उस पूर्व परार्ध में पद्म कल्प की जैसी सृष्टि थी वैसी ही इस श्वेत वाराह नामक दूसरे कल्प में ब्रह्मा ने सब सृष्टियां रचीं ॥ २ ॥ इस ब्रह्मा की आयु का यह इक्कावनवां वर्ष लगा जिसका यह प्रथम महीना और प्रथम ही दिन है जिसमें ब्रह्मा ने ऊपर कहे हुए क्रम को सम्पादन

लखि बिनष्ट त्रय३लोक रचन जग धरत भये [1]रति ।
[2]उज्झित बपु मनु आदि बहुरि बिधि सोंहिं प्रकट हुव,
[3]कथित सिद्ध जन कतिक [4]जथाथित ही स्वसर्ग भुव ।
सुरलोक१भूमि२पाताल३सह क्रम पूरब सब सिद्ध किय,
समयानुसार अमरादि इम रीति सहित [5]संसृति रचिय ४॥
पंकज[6]भव जगि प्रात सून्य लखि लोक प्रनति करि,
[7]जलनिमग्न भुव जानि होय थिर मनचिंते हरि ।
नारायन तहँ नित्य [8]धवल सूकर बपु धारिय,
बेद जज्ञमय बिहित बहुरि जल अंत बिहारिय ।
आवत निहारि किय [9]नुति अवनि जय [10]दर पंकज चक्रधर,
उद्धरहु मोहि अच्युत [11]अजनि भक्तन टारहु सोक[12]भर ॥ ५ ॥
[13]निखिल ईस सुनि प्रनति होय सकरुन प्रसन्न हरि ,
ऊपर थप्पिय आनि धरनि निज दड्ढ अग्ग धरि ।
द्वीप सप्त७आदिक बिभाग क्रम सिंधु कुलाचल,
त्रिदिव१भूमि२पाताल३जथापूरब थप्पिय थल ।
बिधि रचन सर्ग संकल्प किय [14]अमति पूर्ब तहँ सर्ग हुव,

(भेला) करके सब लोक बनाये ॥ ३ ॥ १ प्रीति २ छोड़े हुए शरीर ३ कहे हु
ए सिद्ध लोग ४ जैसे आगे थे वैसे ही अपनी सृष्टि में हुए५ सृष्टि ॥४॥६ब्रह्मा
ने प्रभात में जगकर लोकों को शून्य देखकर और भूमि को जल में ७ डूबी हु
ई जानकर स्थिर होकर विशेष नम्रता के साथ हरि (विष्णु) का चिन्तवन
किया, उस अविनाशी नारायण ने ८ श्वेत वराह का रूप धर वेदों के साथ
यज्ञ रचने को फिर जल में प्रवेश किया जिनको आते हुए देखकर पृथ्वी ने९स्तु-
ति की कि हे १० शंख , कमल, चक्र को धारण करनेवाले अच्युत (पत
न रहित) ११ अजन्मा मेरा उद्धार करके भक्तों के भार १२ को टारो ॥ ५ ॥
१३ सब के स्वामी विष्णु ने विनती सुनकर करुणा के साथ प्रसन्न होकर पृ-
थ्वी को अपनी डाढ पर धरके ऊपर स्थापन की और क्रमपूर्वक विभाग कर
के सातों द्वीप आदि समुद्र, पर्वत, स्वर्ग, भूमि,पाताल जैसे पहिले थे उसी प्र
कार सब स्थलों को स्थापन किया,फिर ब्रह्मा ने सृष्टि रचने का संकल्प किया
तो प्रथम१४ दुष्ट तामसी सृष्टि हुई जिसके प्रबल पांच पर्व कहे जाते हैं सो हे

जिहिँ पंचपर्ब कहियत प्रबल सुनहु तेहु बिसनेस सुव । ६ ।

दोहा

अंधादिक तामिस्र१ अरु, महामोह२ तम३ मोह४ ।
जिम तामिस्रक५ पर्बजुत, प्रकटिय भ्रांति प्ररोह[3] ॥ ७ ॥

षट्पदी

बहुरि सृष्टि संकल्प करत बिधिहिंतुँ प्रकट हुव,
सोहि मुख्य नँग सर्गभेद पंच५हि तदीय धुव ।
द्रुम१रु गुल्म२बीरुध३लता४रु तृन५नाम प्रमानहु,
तैसैं तिरियंक स्रोत सर्ग प्रकट्यो पुनि जानहु ।
तस मुख्य भेद बसु८बीस२०मिलि२८
इक१सफ दव२सफ खट६रु नव९,
बलि पंच५नखरें तेरह१३प्रमित भयउ एम२८पसु सर्ग भव ।८।
हय१खर२बेसर३गउर४सरभ५चमरी६इक१सफधर,
कृष्ण१गवय२महइ३कोल४धेनु५सल६रुरु७अबि८बर्कर९ ॥

१ विष्णु सिंह के पुत्र रामसिंह वे भी सुनो ॥ ६ ॥ २ अन्धतामिस्र, महा मोह, तम, मोह और तामिस्र सहित ३ भ्रम को पैदा करनेवाली अविद्या की ये पांच पर्व (गांठें) उपजीं ॥ ७ ॥ फिर सृष्टि का संकल्प करते हुए ४ ब्रह्मा से वही (ऊपर कहे हुए पांच पर्वों से) मुख्य ५ नग (अचल) सर्ग प्रकट हुआ ६ जिसके पांच भेद ये हैं सामान्य वृक्ष, ७ अप्रकांड (विना शाखा के ताड़, खजूर, नारियल आदि) वृक्ष, ८ फैली हुई लता (झाड़, बांठ, बोझा, इत्यादि नामों से प्रसिद्ध] लता (वेल) तृण (घास) इन नामों से जानो, इसी प्रकार इन्द्रियोंवाली ९ पशु सृष्टि प्रकट हुई जिसके मुख्य अट्ठाईस भेद हुए अर्थात् १० एकशफ (जिनका खुर फटा हुआ नहीं होवे) वाले छः और दो खुर (जिनके खुर फटे हुए होवें) वाले नव, और पंच ११ नखवाले तेरह ये सब मिलाकर पशुओं की २८ प्रकार की सृष्टि हुई ॥ ८ ॥ घोड़ा गधा, खच्चर, गौर, शरभ और चमरी "खरोश्वोऽश्वतरो गौरः शरभश्चमरी तथा । एते चैकशफाः क्षत्तः शृणु पंचनखान्पशूनिति भागवतम् ॥" ये छः तो एक १२ शफ वाले और कृष्ण (पशुविशेष) रोझ, महिष, सूअर, गौ (गाय) उष्ट्र, रुरु [मृग विशेष सांभर आदि) मेष (मींढा भेड़) और बकरा (अज) इन नौ को आदि

इत्यादिक दुवं२सफ रु सिंह१वृक२व्याघ्र३फेरु४सुनि५,
गोधा६सल्लक७ओतु८मकर९गज१०कीस११कमठ१२पुनि॥
संस१३सहित त्रयोदस१३पंच५नखभेद मुख्य ए२८पसु भये,
पुनि देवसर्ग प्रकटिय प्रथित तस प्रकार बहुलहि ठये ॥९॥

दोहा

बहुरि रच्यो नर सर्ग बिधि, अति रज१तम२उद्रेक।
क्रम सन पुनि सुनिये कथित, अधिपति सर्ग अनेक॥१०॥

षट्पदी

महत सर्ग१हुव प्रथम ब्रह्मसर्ग१हु सुहि जानहु,
पुनि हुव गोचर सर्ग२भूतसर्ग२हु तिहिं मानहु।
इंद्रिय सर्ग३ बहोरि सोहि कहियत वैकारिक३,
ए प्राकृत त्रय३सर्ग रीति पूरब अनुसारिक।
नग सर्ग१तिमहि पसुसर्ग२पुनि देवसर्ग३नगसर्ग४जुत,
इंद्रिय अधीस आनुग्रहिक५पंच५एहि वैकृत प्रनुत। ११।

दोहा

अष्ट८सर्ग ए आदिभव, समुझह संभरवार।

लेकर दोसफवाले हैं और सिंह, भेड़िया, वघेरा (छोटासिंह) कुत्ता सियाल, गोह (गोहिली) सेळी (सेहेळी), बिल्ली, मगर, हाथी, बंदर, कछुवा (काछवा) खरगोस (सुसल्या) ये तेरह भेद पंचनखवालों के मिलाकर अट्ठाईस प्रकार के पशु हुए जिस पीछे देवताओं की प्रसिद्ध सृष्टि हुई जिसके अनेक प्रकार हुए ॥ ९ ॥ फिर ब्रह्मा ने अत्यन्त रजोगुण तमोगुण के प्रथम आरंभ से नरसर्ग रचा सो हे स्वामी रामसिंह! क्रम से कहे हुए सुनो वे अनेक सर्ग हैं ॥ १० ॥ प्रथम महत्सर्ग हुआ उसीको ब्रह्म सर्ग जानो फिर गोचर (आकाश में विचरनेवालों का) सर्ग हुआ उसीको भूतसर्ग मानो, फिर इन्द्रिय सर्ग हुआ उसीको वैकारिक कहते हैं येतीनों प्रकृतिसर्ग पहिले की रीति अनुसार हुए, फिर नग (जड़) सर्ग और इसी प्रकार पशुसर्ग और देवसर्ग, नगसर्ग जिसमें पर्वतों की उत्पत्ति है इसीके साथ इन्द्रियों के देवता, अनुग्रहसृष्टि, जिसमें देवता और मनुष्य दोनों की उत्पत्ति है ये पाँच प्रकार की स्तुतियोग्य विकृतिसृष्टि है ॥ ११ ॥ हे

प्रकृति१बिकृति२ मिश्रित भयउ, नवम९सर्ग कौमार९ ।।१२।।
हुव चतुरानन जघन सन, सर्ग असुर१अभिधान ।
तनु निज छोरिय बिधि तब सु, हुव रजनी१चहुवान ।।१३।।
धाता बपु अपरहि धरयो, तासों हुव सुरसर्ग२ ।।
सोहु तज्यो बपु दिन२भयो, बहुरि सुनहु बहुबर्ग ।। १४ ।।
काय अपर बिधि ग्रहन किय,तासों पितर३प्रकास ।।
संध्या३हुव सो तनु तजत, निसादिन बिच जिहिं बास ।।१५।।
अज पुनि बपु धारिय इतर, मनुजसर्ग४तिहिं जात ।।
जुराँहा४हुव जो बपु तजत, अमलकांति अवदात ।। १६ ।।
इम तामस तनुतैं असुर१,बने रजनि१बलवान ।।
सात्विक बपुतैं सुर२पितर३,अहं२सांयं३अतिप्रान ।। १७ ।।
राजस बपु सन मनुज४हुव, प्रबल चंदिमों४काल ।।
पुनि बिधि बपु राजस धरिय,तासों भूख बिहाल ।।१८।।

चहुवाण रामसिंह ये आदि में होनेवाले आठ प्रकार के सर्ग प्रकृति और विकृति से हुए जानो और प्रकृति विकृति (दोनों मिलकर) से नवमा कौमारसर्ग जिसमें सनकादि ऋषि और महादेव की उत्पत्ति है ॥ १२ ॥ तमोगुणी ब्रह्मा की जंघाओं से असुर नामवाली सृष्टि हुई उस शरीर को ब्रह्मा ने छोड़ दिया तब हे चहुवाण ! ब्रह्मा की रात्रि होगई ॥ १३ ॥ ब्रह्मा ने दूसरा शरीर धारण किया जिससे देवताओं की सृष्टि हुई वह शरीर भी ब्रह्मा ने छोड़ दिया तब फिर दिन हुआ जिसमें बहुत वर्ग हुए । १४ । ब्रह्मा ने फिर दूसरा शरीर धारण किया जिससे पितरलोक हुए उस शरीर को छोड़ते ही संध्या होगई. जिस संध्या का दिन और रात्रि के बीच में वास है । १५ । इस प्रकरण की टीका यहां बहुत संक्षेप से लिखीगई है सो जिनको विस्तार पूर्वक देखना होवे विष्णुपुराण के प्रथम अंश के पांचवें अध्याय में देखें. ब्रह्मा ने फिर दूसरा शरीर धारण किया जिससे मनुष्यों की सृष्टि हुई. ब्रह्मा ने वह शरीर छोड़ा तब निर्मल श्वेत कांतिवाला प्रभात होगया । १६ । इस प्रकार तमोगुण शरीर से रात्रि में होने के कारण असुरलोग रात्रि में बलवान् बने, और सतोगुणी शरीर से दिन में देवता, और संध्या समय पितर हुए इससे इन दोनों समय में ये बलवान् हैं । १७ । रजोगुण शरीर से पूर्व संध्या में मनुष्य हुए इससे प्रातःकाल में मनुष्य प्रबल रहते हैं. ब्रह्मा ने फिर रजोगुणी

भये कतिक तिन माँहिं सौं, चले कतिक बिधिखान ॥
ते जक्खन[1] सन जच्छ५हुव, रक्खसें[2]६रच्छक आन ॥१९॥
बिधिके सिरसौं हीन है, चिकुर[3] चढे पुनि मत्थ ॥
ते सर्पनें[4] करि सर्प७हुव, हीनभाव अहि७अत्थ ॥ २० ॥
बिधिमुखतैं प्रकटे बहुरि, गान करत गंधर्व८ ॥
बिधिके बयतैं सकुन[5]९बहु, उरतैं एडकँ१०सर्व ॥ २१ ॥

रोला

बिधि मुख सन हुव छाग११ धेनुसंघात१२ उदरसन ,
चरनन करि गज १३ बाजि१४ सरभ१५मृग१६उंट१७गवय१८गन।
न्यंकु[1]१९अश्वतर२०आदि रु अब बिरचे रोमन करि ,
बहु औषध२१फल२२मूल२३भूमि इम दिय सर्गनें[2] भरि।२२।
त्रिवृत तोम१गायत्रछंद२ऋकवेद३रथंतर४ ,
अग्निष्टोम५बिरिंचि प्रथम मुखतैं सरजे बर।
त्रैष्टुभछंद१रु यजुर्वेद२पुनि तोमें[3] पञ्चदस३ ,
बृहतसाम४अरु उक्थ[4]५भये दक्खिन मुखतैं तस ॥ २३ ॥
एकविंस तोम१रु अथर्व२वैराज३अनुष्टुभ४ ।

शरीर धारण किया जिससे क्षुधा (भूख) प्रकट हुई. उससे घबराकर कितने ही लोग ब्रह्मा को खाने चले उनमें जिन्होंने कहा कि हम ब्रह्मा को खावेंगे उनका नाम यक्ष और जिन्होंने कहा इनकी रक्षा करो उनका नाम राक्षस हुआ। १८। १९। ब्रह्मा के शिर से बाल गिरपड़े उनमें कितनेक तो पड़े ही रहे और कितनेक आप से आप चलकर फिर शिर पर जा जमे,जिनमें पड़ेरहनेवाले बाल सर्प हुए जिनका नाम सर्पने(चलने) के कारण सर्प प्रसिद्ध हुआ। २०। फिर ब्रह्मा के मुख से गान करतेहुए गंधर्व हुए और ब्रह्मा के बय से पक्षी और उर से मींढे (मेंढ़) उपजे ॥ २१ ॥ ८ सिंह ९ रोझ १० सांभर ११ खच्चर १२ सृष्टियों से। २२। फिर ब्रह्मा ने तीन बार पढ़जानेवाला स्तोत्र, गायत्री छंद, ऋग्वेद, रथन्तर (साम विशेष) अग्निष्टोम (यज्ञ विशेष) पूर्ववाले मुख से बनाये, और त्रिष्टुप् छंद,यजुर्वेद फिर पंन्द्रह बार पढाजानेवाला स्तोत्र, बृहत्साम, उक्थ (सोमसंस्थ यज्ञ) ये दक्षिणवाले मुख से बनाये। २३। "सामवेद, जगती छंद, सत्रह बार पढाजानेवाला स्तोत्र, स्तोम" (एक

उत्तरमुख सन रचिय द्रुहिन सब रीति पूर्व सुभ ।
सुर१मुनि२मनुज३न नाम जथापूरब पुनि थप्पिय ,
अप्पअप्प अधिकार अप्प अप्पहिं सब अप्पिय ॥ २४ ॥
बिधि मुखतैं हुव बिप्र१बाहुसन छत्र२ छत्रधर ,
ऊरुन बिसं३अरु पयन सूद्र४चउ४बर्ण भये बर ।
प्राजापत्य१रु ऐंद्र२थान मारुत३ गांधर्वक४ ,
धर्म निरत चउ४बर्ण अर्थ बिरचिय गत गर्बक ॥ २५ ॥
भृगु१पुलस्त्य२क्रतु३पुलह४ अंगिरा५ मुनि मरीचि६ जुत ।
अत्रि७बसिष्ठ८रु दत्त९ भये बिधिके [2]मानससुत ।
इन न सृष्टि बिच बुद्धिदई बिधि क्रुद्ध भये जब,
अर्द्ध नारि नर अर्द्ध भाल[3] सन रुद्र१० कढे तब ॥ २६ ॥
करहु रूप बहु अक्खि भये लोकेस तिरोहितं ।
सु सुनि रूप दसएक११रुद्र धारे सब सोहित ।
बिधि बपुतैं किय मिथुन प्रथम१तँहँ मनु स्वायंभुव१ ,
सतरूपा२ रानी सतीहु ताकेहि संग हुव ॥ २७ ॥

प्रकार का साम) अतिरात्र, सोमसंख्या, ये पश्चिम के मुख से निकाले,, यह वर्णन मूल में नहीं होने से त्रुटि पाईजाती है परंतु हमने विष्णुपुराण के अनुसार लिख दिया है ॥ इक्कीस बार पढाजानेवाला, अथर्व वेद, वैराज नामक सामवेद, अनुष्टुप् छंद, ये सब उत्तरवाले मुख सेपहिले की रीति पूर्वक ब्रह्मा ने रचे. और देवता, मुनि, मनुष्यों के नाम जैसेपहिलेसर्ग में थे वैसे ही फिर रखकर अपने२ अधिकार अपने अपने को दिये ॥२४॥ ब्रह्मा के मुख से ब्राह्मण, भुजों से छत्र धारण करनेवाले क्षत्रिय, जंघा से वैश्य और पगों से शूद्र. ये चार श्रेष्ठ वर्ण हुए. वे प्रजापति, इंद्र, पवन और गंधर्व इन धर्मनियुक्त चार स्थानों से चारों वर्ण गर्वरहित रचेगये ॥ २५ ॥ २ मन के संकल्प मात्र से हुए परंतु इन्होंने सृष्टि रचने में बुद्धि नहीं दी तब ब्रह्मा ने क्रोधकिया जब ब्रह्मा के ललाट से आधा शरीर स्त्री का और आधा पुरुष का ऐसे रुद्र (महादेव) निकले ॥ २६ ॥ जिनसे ब्रह्मा ने कहा कि बहुत रूप धारण करो, फिर ब्रह्मा तौ अंतर्धान होगये और शिव ने अपने ग्यारह रूप धारण किये और ब्रह्मा ने अपने शरीर से एक जोड़ा बनाया जिसमें स्वायंभुव मनु और शतरूपा रानी उन्हींके साथ हुई ॥ २७ ॥

सालि१सुमन२ जव३तिल४प्रियंगु५ कोद्रव६पुनिचीनक७
अणु८उदार९मुद्ग१० मसूर११निष्पाव१२ कुलत्थक१३ ॥
मांस१४चनक१५सन१६ तुवरि१७आदि ग्राम्यमं ओषध किय।
पुनि जर्तिल१ सामाक२ आदि बन अन्न बनाविय ॥ २८ ॥
इनकरि करि अध्वर प्रवृत्त बहु बिध सब जीवन।
दिय त्रय३ लोक लगाय कर्म निज निज हंसासन ॥
क्रोध१ काम२मद३लोभ४बढिग जब नरन परस्पर।
रचन लगे तब दुर्ग१ खेट२ खर्बट३पत्तन४ घर५ ॥ २९ ॥

दोहा

स्वर्ग१नरक२ रचना सकल, बनी बिबिध बिधि तत्थ।
मनुकों पुनि भुवराज्य दिय, सासन सबन समत्थ ॥ ३० ॥
हुव अधर्म१बिधि पिट्ठिसन, दक्खिन थन सन धर्म२।
नारदादि इतरह बहुत, बिधिसों हुव सुभकर्म ॥ ३१ ॥

पज्झटिका

मनुसों सतरूपामाँहिं जात, दुव२पुत्त प्रियब्रत१प्रथमख्यात।
उत्तानपाद२दूजो२अभंग,कन्यादुव२सोदर इनहि संग॥३२॥

हुई ॥ २७ ॥ फिर मनुष्यों की वृत्ति के अर्थ ब्रह्मा ने चावल सुमन (गोधूम अर्थात् गेहूं) जव तिल राँई, कोदूं, काँगणी चीणा उदार (धान्यविशेष) मूंग, मसूर, मोठ, कुळथ, उडद, चंना, संण, तूर इनको आदि लेकर ग्रामों में और ग्रामों के समीप होनेवाली औषधियां (अन्न) और वन के तिल, साँवां आदि यज्ञ के धान्य बनाये ॥ २८ ॥ इन औषधियों करके जीवों की यज्ञ में प्रवृत्ति कराकर ब्रह्मा ने जीवोंको तीनों लोक में अपने अपने कर्मों में लगादिया. जब मनुष्यों में परस्पर क्रोध, काम, मद, लोभ बढे तब अपनी अपनी रक्षा के अर्थ गढ खेडे (छोटे ग्राम) खर्बट (पर्वतों के घेरे में व नदी किनारे के ग्राम) शहर और घर रचनेलगे । २९ । स्वर्ग नरक की सब नाना प्रकार की रचना बनी तहां ब्रह्मा ने फिर सब को आज्ञा में रखने को भूमि का राज बलवान् मनु को दिया । ३० । ब्रह्मा की पीठ से अधर्म हुआ और दाहिने स्तन से धर्म हुआ, नारद को आदि लेकर ब्रह्मा से औरें भी बहुत पैदा हुए जो शुभ कर्म करनेवाले थे । ३१ । मनु से शतरूपा नामक स्त्री में दो पुत्र उत्पन्न हुए जिनमें बड़ा प्रियव्रत प्रसिद्ध है और दूसरा

तिनमैं प्रसूति१दिय दच्छहेत, आकूति२रुचिहिँ दिय हितउपेत ।
रुचिकै सुत हुव यज्ञावतार१,श्रीअंसदक्खिना२जुत उदार । ३३।
तिनकै सुत बारह१२याम जेहि, पहिले मन्वंतर देव तेहि ।
हुव दच्छ सुता चउवीस२४ताम, तिनमैं हुव तेरह१३धर्मबाम ॥३४॥
श्रद्धा१धृति२लच्छी३बुद्धि४तुष्टि५मेधा६क्रिया७रुवपु८सांति९पुष्टि १०॥
लज्जा११रु ऋद्धि१२पुनि कीर्त्ति१३चाहि,
ए धम लई बिधिजुत बिबाहि ॥ ३५ ॥
पुनि ख्याति१४।१सती१५।२संभूति१६।३नाम,
स्मृति१७।४प्रीति१८।५छमा१९।६संतति२०।७ललाम॥
अनसूया२१।८रु जया२२।९गुननिधान,
स्वाहा२३।१० रु सुधा२४।११सब ही सुजान ॥ ३६ ॥
जिन जिन ए ग्यारह११लिय बिबाहि,तिन्ह नाम सुनहु अनुक्रम निबाहि
भृगु१भव२मरीचि३विज्ञान परस्य, पुनि अंगिरा४रु मुनिबर पुलस्त्य५
पुलह६रु क्रतु७अत्रि८बसिष्ठ९सुद्ध,
पुनि बह्नि१०पितरगन११ ए प्रबुद्ध ॥
अब सुनहु धर्मसंतान नाम, श्रद्धा बिच उपजिय कुमरकाम१ ।३८॥
धृतिपुत्र नियम २ लच्छीज दर्प ३, बुद्धिसुत बोध४ त्रैलोक्यतर्प ।
संतोष५तुष्टि औरस कुमार, मेधासुत जानहु श्रुत६उदार ॥ ३९ ॥
नय७।१दंड७।२विनय७।३तीन हिक्रियाज,व्यवसाय८बपुजहेराजराज

उत्तानपाद अभंग हुआ. इन दोनों के साथ इनकी सहोदर दो कन्या हुई ।३२। इनमें प्रसूति तो दक्ष को और आकूति रुचि को हित के साथ दी रुचि के यज्ञावतार नामक पुत्र, लक्ष्मी की अंश दक्षिणा नामक कन्या के साथ हुआ ।३३। इस दक्षिणा में यज्ञ से बारह पुत्र हुए जिनके नाम याम हुआ.वेही प्रथम (स्वायंभुव) मनु के समय में देवता हुए और दक्ष से प्रसूति में चौवीस कन्या हुई वहां उनमें से तेरह तो धर्म की स्त्रियां हुई ।३४। ६सुन्दर ७ विज्ञान के घर८पंडित९धर्म केपुत्रों के नाम,श्रद्धा नामक स्त्री के१० कामदेव॥३७॥३८॥धृति के नियम,लक्ष्मी के अहंकार, बुद्धि के तीनों लोकों को तृप्त करनेवाला बोध, तुष्टि के संतोष नामक औरस पुत्र, मेधा के श्रुत, क्रिया नामक स्त्री के नय, दंड और विनय तीन पुत्र हुए बपु के व्यवसाय,

सांतेय छेम९पौष्टेय लाभ१०,लाज्जेय बिनय११पुनि अतुलआभ४०
सुख१ऋद्धितनय जस१३कीर्त्ति पुत्र, यह धर्मसर्ग हैं तस तनुत्र ॥
धाता१रु विधाता२दोय२भ्रात,त्यौं श्री१सुताहु भृगु ख्याति जात।४१।
श्री करत भई हरि उर निवास ,रति दयित पुत्र प्रद्युम्न१जास ॥
भृगु सुतन मेरुतनया ललाम,परनी दुव२आयति१नियति२नाम।४२।
धातासन आयति जनिय प्रान१, द्युतिमान२भयो ताकै सुजान ॥
तस पुत्र प्रजावान३सु नरेस, तासौं हिं बढ्यो भृगुकुल बिसेस।४३।
भृगुसुत कनिष्ठ सन नियति जात,हुव मुनि मृकण्ड१सबगुन सुहात॥
ताकै सुत मार्कंडेय२सिद्ध,तस बेदसिरा३तपबोधइद्ध ॥ ४४ ॥
मुनिबर मरीचि सुत पूर्णमास१,कस्यप२द्वितीय२जगसर्ग जास ॥
दुव२पूर्णमास सुत हुव उदार,बिरजा१अरु सर्बग२बोध सार॥४५॥
स्मृतिमाँहिं अंगिरासौं कुमारि, प्रकटी नृप संभर सुनहु च्यारि४।
इक नाम सिनीवाली१ अनूप, दूजी सु कुहू२हुव राम भूप ॥ ४६ ॥
पुनि राका३अरु अनुमति४प्रमानि,पुनि अत्रिसर्ग अब लेहु जानि।
अनसूयामैं हुव अत्रि जात, सोम१रु दुर्बासा२दत्त३ख्यात ॥ ४७ ॥

शांति के क्षेम, पुष्टि के लोभ, लज्जा के विनय, जो अतुल कांतिवाला हुआ. ऋद्धि के सुख, कीर्ति के यश, हे राजाओं के राजा रामसिंह यह धर्म की सृष्टि और उस (धर्म) के कवच हैं ॥भृगु से ख्याति नामक स्त्री में धाता विधाता नाम के दो भाई और श्री (लक्ष्मी) नाम की कन्या हुई ।३९॥४०।४१। लक्ष्मी ने विष्णु के उर में निवास किया जिसके प्रद्युम्न नामक पुत्र हुआ जो रति का पति है. भृगु के पुत्र धाता और विधाता ने मेरु की कन्या आयति और नियति से विवाह किया । ४२ । धाता से आयति ने प्राण नामक पुत्र जना. उसके बुद्धिमान् द्युतिमान् हुआ. हे राजा रामसिंह ! उसके प्रजावान् नामक पुत्र हुआ. उसीसे भृगु का विशेष वंश बढा । ४३ । भृगु के छोटे पुत्र विधाता से नियति नामक स्त्री में मृकंड नामक पुत्र हुआ, उसके मार्कंडेय, उसके तप और बुद्धि में निर्मल वेदशिरा हुआ । ४४ । श्रेष्ठमुनि मरीचि के पूर्णमास और कश्यप दो पुत्र हुए. इसी कश्यप की संतान सब जगत् है. पूर्णमास के दो पुत्र विरजा और सर्वग तत्त्वज्ञानी हुए । ४५ । हे चहुवाण रामसिंह ! अंगिरा से स्मृति नाम स्त्री में सिनीवाली १ कुहू २ राका ३ अनुमति ४ नाम की चार कन्या उत्पन्न हुई. अब अत्रि की संतान जानो.

किय प्रीतिमाँहिँ सुत मुनि पुलस्त्य, दत्तात्ति१पूर्वभवे जो अगस्त्य॥
मैत्रेय२तास अब पुलह पुत्त, हुव तीन३छमा बिच जोगजुत्त॥४८॥
कर्दम १रु अर्वरीवान २नाम, तीजो ३सहिष्णु ३ गुनधर्म धाम ॥
क्रतुसंततिसुत छअयुत६००००सुजान,सब बालखिल्य अंगुष्ठमान।४६।
अक्खी जया१सु ऊर्जा२द्वि२नाम,सुत हुव वसिष्ट सन सप्त७ताम ॥
ते रज१रु गात्र२पुनि ऊर्द्धबाहु३,बलि बसव४अनघ५त्योँहि सुतपाहु६
अरु सुक्र७सप्त७ऋषि एहि श्रेय,मन्वंतर उत्तम३मैं प्रमेय ॥
स्वाहा बिच सुत किय वन्हि तीन३,पावक१पवमान२रु सुचि३प्रबीन
तिनकै हुव पैंतालीस४५पुत्त,इम बन्हि ताम४९सित सबन जुत्त ॥
पतनी स्वधाहु जुत गर्भ होय,पितरन सन कन्या जनिय दोय२।५२।
मेना१रु धारिनी२न पति मानि,हुव ब्रह्मवादिनी जोग जानि ॥
श्रद्धा बिच धर्मज हुव जु काम, नंदी बिच तस सुत हर्ष१नाम५३
हिंसा अधर्मतिय हुव बिचारि,तस मिथुन२अनृत१पति निकृति२नारि

अत्रि से अनसूया नामक स्त्री में सोम, दुर्वासा और दत्त ये तीन प्रसिद्ध पुत्र हुए। ४६। ४७। पुलस्त्य मुनि ने प्रीति नामक स्त्री में दत्तात्ति (दम्भोलि) नामक पुत्र उत्पन्न किया. इन्हीं का पूर्वजन्म में अगस्त्य नाम था. दूसरा मैत्रेय जिसके पुलह हुआ. इस पुलह से क्षमा नामक स्त्री में योग सहित गुण और धर्म के धाम कर्दम, अर्वरीवान् और सहिष्णु तीन पुत्र हुए. क्रतु की संतान में अंगूठे के आकार साठ हजार बालखिल्य नामक ऋषि हुए।४८।४९। वशिष्ठ से जया और ऊर्जा इन दो नामवाली स्त्री में सात पुत्र हुए रज १ गात्र २ ऊर्ध्वबाहु ३ सवन ४ अनघ ५ सुतपा ६ और शुक्र ७. ये सातों उत्तम नामके तीसरे मनु के समय में श्रेष्ठ और ज्ञानवान् सप्तऋषि थे. ब्रह्मा के पुत्र अग्नि ने स्वाहा नामक स्त्री में पावक १ पवमान २ और शुचि ३ नामक निपुण तीन पुत्र पैदा किये इन प्रत्येक के पन्द्रह पन्द्रह पुत्र होकर पैंतालीस हुए. जो अपने बाप दादा को मिलाकर तमोगुणी उनपचास ४९ अग्नि हुए. और पितरों से गर्भ धारण करके स्वधा नामक स्त्री ने दो कन्या उत्पन्न करीं।५०।५१।५२। जिनके नाम मेना और धारिणी थे. जो किसी को पति नहीं मान योग को जान ब्रह्मवादिनी हुईं. धर्म के श्रद्धा नामक स्त्री में काम नाम पुत्र हुआ. उस काम के नन्दी नामक स्त्री में हर्ष नामक पुत्र हुआ। ५३। अपने योग्य पति विचार कर हींसा अधर्म की स्त्री हुई. उससे एक जोड़ा पैदा हुआ. जिसमें अनृत

दुव२मिथुन२अनृत सन निकृति जात,
पति भय १तिय माया२जगबिघात॥५४॥
धर्व नरक१वेदना२तिय तथाहि,भय सन माया सुत मृत्यु१आहि॥
लय१व्याधि२सोक३तृष्णा४रु क्रोध५,इत्यादि मृत्यु सुत हे सुबोध५५
अरु अपर मिथुन सुत दुख१अैस्वर्ब, ए नित्यप्रलय के हेतु सर्ब ॥
चउ४प्रलय भये मरजाद रूप, सुनिये अभिधानहुँ भूपभूपँ ॥५६॥
नैमित्तिक१प्राकृत२नित्य३नाम,चोथो आत्यंतिक४दुलभ धाम ॥
बिधि सयन निमित्तक प्रथम१तत्थ,सब प्रवृतिलयन दूजो२समत्थ॥
लै जन्म मरन संतत सु तृतीय३,गुन भिन्न बोध तुरिय४सु गरीय॥
इम प्रलय च्यारि४सर्ग सु त्रिधा३हि,दैनंदिन१प्राकृत२नित्य ३आहि
बिधि अंकं प्रकट जब रुद्र जात,वरज्यो हु रुवत हुव बेर सात७॥
इम अष्ट८नाम बिधि ताहि दीन, तँहँ प्रथम रुद्र१सुनिये प्रबीन।५९।
भव२सर्ब३महेसान४ हु बखानि,पसुपति५रु भीम६तिम उग्र७जानि॥

नामक पति और निकृति नामक स्त्री हुई. अनृत से इस निकृति में दो जोड़े उपजे. जिनमें जगत् का नाश करनेवाला भय नामक पति और माया नाम की स्त्री । ५४ । और इसी प्रकार नरक नामक पति और वेदना नामक स्त्री हुई. भय से माया का पुत्र मृत्यु हुआ. उस मृत्यु के हे श्रेष्ठ ज्ञानवाले रामसिंह ! लय व्याधि शोक तृष्णा और क्रोध आदि पुत्र हुए । ५५ । और दूसरे जोड़े (नरक और वेदना) से बड़ा पुत्र दुःख हुआ. ये सब नित्यप्रलय के कारण हैं. मार्यादा रूप चार प्रल्य हुए. जिनके नाम हे राजाओं के राँजा सुनो । ५६ । नैमित्तिक, प्राकृत, नित्य और चौथा दुर्लभ स्थानवाला आत्यन्तिक है जो ब्रह्मा के शयन करने पर होता है उसका नाम नैमित्तिक प्रलय,और जो सब पदार्थों को प्रकृति में लय करने को समर्थ है उसका नाम प्राकृतिक प्रलय है॥५७॥ और प्राणीमात्र जन्म लेकर निरंतर मरते हैं सो तीसरा नित्य प्रलय है और ज्ञान करके सतोगुण रजोगुण तमोगुण से भिन्न (ब्रह्म में लय) कर देता है वह चौथा "आत्यन्तिक" बड़ा प्रलय है. इस प्रकार चार प्रलय और दैनन्दिन, प्राकृत और नित्य यह तीन प्रकार की सृष्टि है ॥ ५८ ॥ यह ब्रह्मा की तामसी सृष्टि कही गई. अब रुद्र की सृष्टि कहते हैं. जब ब्रह्मा की गोद में से रुद्र प्रकट हुआ वह होते ही रोने लगा तब ब्रह्मा ने कहा कि क्यों रोते हो? तौ रुद्र ने कहा कि मेरा नामकरण करो. इस समय ब्रह्मा के मना करने पर

पुनि गिनहु महादेव८सु प्रसिद्ध,इम नाम८थप्पि दिय थान इद्ध।६०।
रवि१जल२भू३पावक४पवन५व्योम६,
दीक्षित द्विज७अष्टम८त्योंहि सोम८ ॥
ए जानहु अष्ट८हि ईस कायँ,तिन्ह तियन सुनहु चहुवानराय ॥६१॥
पहिली सुबर्चला१पुनि उषा२रु, वलि नाम बिकेसी३चतुर चारु ॥
स्वाहा४रु सिवा५काष्टा६समेत,दीक्षा७रु रोहिनी८क्रमउपेत ॥६२॥
सनि१सुक्र२कुज३रु गुह४नामधेय,तैसैं हि मनोजव५स्वर्ग६श्रेय ।
क्रम सन संतान ७रु बुध८कुमार, ए अष्ट८अष्टतनुभव उदार ॥ ६३ ॥
ऐसे प्रकार हुव भूतनाथ, दाक्षी सती सु परनैं सुगाथ ।
जिहिं जनक सत्र बिच छंद जाय, किय पतिनिंदा सुनि भरम काय ६४
हिमवान सुता है तिहिं बहोरि परनैं सिव अंचलबंध जोरि ।
इम सर्ग कतिक बरनैं सुमंत, कहियैं कति मानव बंस अंत ।६५।

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणे प्रथम १ राशौ विद्यमानवराहकल्पसर्गसूचनं सप्तदशो १७ मयूखः ॥ १७ ॥
प्रायोव्रजदेशीयप्राकृता मिश्रितभाषा ॥

सात वार रोया इस कारण से रुद्र के सिवाय भव, शर्व, ईशान (महेशान) पशुपति, भीम, उग्र, और महादेव ये सात नाम ब्रह्मा ने दिये. इस प्रकार आठ नाम देकर निर्मल स्थान दिये ॥ ५९ । ६० ॥ सूर्य, जल, पृथ्वी, अग्नि, पवन, आकाश, यज्ञ की दीक्षा लिया हुआ द्विज, तैसे ही आठवां चन्द्रमा ये आठों ही महादेव के स्थान और इन में निवास करने से ये ही महादेव के आठ शरीर हुए. हे चहुवाण राजा ! अब उनकी स्त्रियों को सुनो ॥ ६१ ॥ पहिले तो सुवर्चला, फिर उषा और फिर चतुर और सुन्दर विकेसी नामवाली, स्वाहा, शिवा, काष्टा, दीक्षा और रोहिणी ये क्रम सहित हैं ॥ ६२ ॥ इसी प्रकार महादेव के आठ शरीरों से क्रम से आठ पुत्र हुए. जिनके नाम मूल में स्पष्ट हैं. ४ आठ शरीरों को धारण करनेवाले (महादेव) के पुत्र ५ महादेव ६ दक्ष प्रजापति की पुत्री ७ श्रेष्ट कथावाले ८ पिता के यज्ञ के बीच में ९ अपनी इच्छा से. १० वस्त्र की गांठ (गंठजोड़ा) जोड़कर ११ सृष्टिरचना १२ बुद्धिमान् १३ मनु के ।

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के पूर्वायण के प्रथमराशि में वर्तमान वराहकल्प की सृष्टि के जनाने का सत्रहवां मयूख समाप्त हुआ ॥ १७ ॥

पज्झटिका

बडवामुखसौं लग अप्प ओक, रचि द्रुहिन चतुर्दस१४रम्य लोक।
बलि सीम कुलाचल भुव बनाय, सब ठाम सत्व अधिकृत बसाय। १।
स्वायंभुव को भुव राज्य अप्पि, दीनौं नरसासन करन थप्पि।
मनुकै जु तनय उत्तानपाद ७, अवनीस भयो वह अप्रमाद ॥२॥
हुव२रानी तस सुरुचि१रु सुनीति२, तिन माँहिं सुरुचि सन पिहुल प्रीति।
हुव तास उदर उत्तम३।१कुमार, अपर सु सुनीति उर ध्रुव३।२उदार।३।
उत्तमहिं लयो नृप कबहु अंक, तँहँ ध्रुवहु लग्यो बैठन निसंक ॥
तब सुरुचि कहे ध्रुवसौं कुबैन, आयो वह रोवत जननि ऐन। ४।
सिसुसौं सुनीति सुनि यह उदंत, अक्खिय वह उत्तम पुण्यवंत॥
जो सकत पुत्त पुण्यहिं कुमाय, तो करहु तुष्ट हरि बिपिन जाय। ५।
यह सुनत पौंछि दृग निकासि बाल, आयो पुर परिसर बनबिसाल।
मुनि सप्त७लखे तँहँ बोध धाम, बुल्ल्यो कुमार तिन्ह करि प्रनाम। ६।
सुनि मैं सपत्नजननी कुबैन, आयो प्रभु तुम ढिग सिक्ख लैन ॥
जँहँ गो न कोउ ध्रुव थान जोहि, कैसे उपाय करि मिलहिं मोहि ।७।
सब मुनिन कहिय ह्वै हरि प्रसन्न, ह्वै तबहि थान वह तव प्रसन्न।
ध्रुव सु सुनि आय मधुबन सटेक, तप किय जमुना तट बिधि बिबेक ८
मधुपुत्र असुर जँहँ लवन मारि, सत्रुघ्न रची मथुरा सधारि।
रहि तत्थ खरो इंद्रिय समेटि, तप करन लग्यो हरि हृदय भेटि॥९॥
जिहिं चरन छुवैं ध्रुव तप जमात, जितकौंहि कंपि भुव लचकि जात ॥

---

१ पाताल लोक २ अपना स्थान ३ ब्रह्मा ने ४ पुनि ५ पुराणों के मत से भूमि के चौतर्फ कुलाचल नामक पर्वत का घेरा है ६ जीव ७ अध्यक्ष (अधिकारी) ८ भूमि का राज्य दिया ९ मनुष्यों पर आज्ञा चलाना १० पुत्र ११ राजा १२ प्रमाद रहित १३ सुरुची से १४ बहुत १५ दूसरी(सुनीति) १६ उत्तमकुमर को १७ गोदी में १८ माता के घर १९ वृत्तान्त २० उत्तमकुमर २१पुण्यात्मा (पुण्यवान्) २२प्रसन्न २३वन में जाकर २४नगर के समीप २५ज्ञान का घर २६माता की सोक (मांई मा) २७ शिक्षा २८ निश्चल २९ लवणासुर को ३० तहां

जब रहिय टेकि अंगुष्ठ अग्र,चलबिचल भई भू तब समग्र ॥ १० ॥
सुरराज सहित सुर याम नाम, हरि रचत भये माया प्रकाम ।
छलमय तसँ माता करि सुनीति, ग्लानी गहि क्रंदत भनत भीति ।११।
ध्रुव तउ न तज्यो तप इष्टध्यान, हरिसरन गये सुर मनमिलानें ।
दृढ भक्तभक्ति लखि त दयाल, आये गरुड़ध्वज तहँ उताल।१२।
अक्खिय जिहिं चिंतत हृदय ऐनें, सो मैं बर मंगहु खुल्लि नैन ।
तब,तजि समाधि ध्रुव लखिय विष्णु, दर१चक्र२गदा३पंकज४धरिष्णु
सुकिरीट चतुर्भुज सघनस्याम, लावण्य१दया२अँग३निधि ललाम ।
ध्रुव कहिय बाल मैं जाड्य धार, यह देहु करौं तव थुति उदार ।१४।
निज संख छुवायउ जब मुरारि,ध्रुव तब नुति कीनी प्रनति धारि ।
हरि कहिय अपरं बर बहुरि लेहु,अक्खिय ध्रुव जानत अप्प एहु ।१५।
अच्युत मम जननी सुरुचि छोहि,नृप आसन अनुचित कहिय मोहि।
थिर यातैं सब जग दुलभ थान,निज मोहि देहु करुनानिधान ॥ १६॥
हरि कहिय पूर्वभव तू कुमार, हो बिप्र कन मम कलुखहार ।
इक राजपुत्र किय मित्र तोहि, लखि तस समृद्धि तैं चहिय सोहि ।१७।
इहिं कारन तू किय राजपुत्त, मनुबंस रत्न जय धर्मजुत्त ।
अब सब दुलभ ध्रुवथान पाय, जोइग्गनें ऊपर रहहु जाय । १८ ।
सुर कति आयु इक१मन लहंत, जुग एक१कतिक जीवत रहंत।
तू कल्प अवधि ध्रुव रहहु तत्थ,उडुबपु सुनीति निज जननि सत्थ।१९।

---

१ अंगूठा २ सब ३ इन्द्र ४ देवता ५ यामनाम के ६ अपनी इच्छानुसार ७ उस ध्रुव की८रोती हुई९देवता१०मन मलीन करके११विष्णु१२हृदय रूपी घर में१३शंख१४पद्म१५धारण करनेवाला १६ सुन्दर १७ऐश्वर्य १८बुद्धिविहीन जड़ता को धारण करनेवाला मैं बालक हूं सो मुझे बुद्धि दो१९स्तुति२०दूसरा वर२१आप२२हे परमेश्वर २३क्रोध करके २४राजा के सिंहासन पर बैठने योग्य नहीं है ऐसा मुझे कहा२५ पहले,जन्म में २६ब्राह्मण था २७ पाप को मिटानेवाला २८उस की संपदा (लक्ष्मी) को २९राजा का पुत्र ३० युक्त (सहित) ३१ ज्योतिगण (नक्षत्रमंडल) के ऊपर ३२ कितने ही देवता एक मन्वन्तर तक और कितनेक एक युग तक की आयु लेते हैं और जीते हैं हे ध्रुव तू कल्प पर्यंत वहां रह,और तारों का शरीर धारण करके तुमारी माता सुनीति भी साथ रहेगी ॥ १९ ।

कछुकाल करहु भुवराज्य बच्छ,[1]उद्दिष्ट[2] लहहु पुनि थान अच्छ ॥
हरि पिहित[3] भये बर अप्पि एस, ध्रुव आय समय पर हुव नरेस ।२०।
ध्रुवके पटरानी संभु नाम, उपजे सुत सुष्टि ४।१रु भव्य४।२तोम ॥
स्नी सच्छाया उदर आय, सुत पंच ५सुष्टिके हुव सुभाय ॥२१॥

रिपु५।१बहुरि रिपुंजय५।२बिप्र५।३नाम,
वृकण५।४रु वृकतेजा५।५धामधाम ॥

वृहती बिच चक्षुष६रिपु तनूज, मनु षष्ठ६जनक जो प्राप्तपूज ॥२२॥
पत्नी पुष्करिनी नाम तास, अनरण्य प्रजापति पुत्रि जास ॥
चक्षुषसुत ताबिच हुव महंत, चाक्षुष७जिंहिं छट्ठो ६ मनु कहंत ।२३।
बैराज प्रजापति पुत्रि व्याहि, दिय मनुहिं नड्वला नाम चाहि ॥
चाक्षुष सन ताबिच धर्मधीर, बलवान भये दस१०पुत्र बीर ॥२४॥
उरु८।१बहुरि भये पुरु८।२नामधेय, ऐसैंहि सतद्युम्न८।३हु अजेय॥

बलि सुनहु तपस्वी ८।४सत्यवाक८।५,
सुचि८।६अग्निष्टोम८।७हु कलिकजाक ॥ २५ ॥
अतिरात्र८।८तथाप्रद्युम्न८।९सूर,
अतिमन्यु ८।१०अनुज पानिप प्रपूर ।

उरुसौं आग्नेयी नारि पुत्त, खट६जनतभई जय धर्मजुत्त॥२६॥
ते अंग९।१। रु सुमनस९।२। बहुरि स्वाति ९।३,
क्रतु ९।४। अंगिरस९।५। रु सुत ९।६ जितअराति ॥

१हे पुत्र २ कहा हुआ ३ अन्तर्धान ॥ २० ॥ ध्रुव के शंभु नामक पटरानी में तहां सुष्टि और भव्य नामक दो पुत्र हुए सुष्टिके सुच्छाया नामक स्त्री में रिपु, पुरंजय, विप्र, वृकण और वृकतेजा पांच पुत्र किरणों के घर (सूर्य स मान) हुए रिपु से वृहती नाम स्त्री में चाक्षुष नाम पुत्र हुआ.जो छठेमनु का पिता पूजनेवालों से स्थापित (पूजनीय) हुआ. ॥ २१ ॥ २२ ॥ जिसकी स्त्री वरुणवंशी अनरण्य नामक प्रजापति की पुत्री पुष्करणी में चाक्षुष का पुत्र महंतचाक्षुष हुआ. जिसको छठा मनु कहते हैं ॥ २३ ॥ वैराज नामक प्रजापति की पुत्री नड्वला मनु को व्याही. जिसमें चाक्षुष मनु से धर्मधीर बलवान् और वीर दश पुत्र हुए. जिनके नाम मूल में स्पष्ट हैं ॥ २४ ॥ उरु

नृप अंग९ सुनीथा नाम तत्थ, परन्यौं सु मृत्युतनया समत्थ ।२७।
तामाँहिं अंग सुत भयउ बेन१०, इहिं लाय दर्प किय अतुल एनं ॥
मातामहकी गति पकरि कूर, क्रूर हुकम किय धर्म दूर ॥२८॥
मम अर्थ करहु सब हवन सत्र, को विष्णु१भर्ग२ विधि३अघ अमत्र।
तब मुनिन कहिय नृप करहु यौंन, तव हित हम भाखत जदपि मौंन२९
हरिकेहि अर्थ मख करन देहु, तामैं बिभाग अब तुमहु लेहु ॥
यह सुनत कुप्पि आक्खिय नरेस, आम्नाय पुकारत न्याय एस॥३०॥
हरि१हर२अजे३इंद्र४रु गंधवाह५, जम६अनल७बरुन८रवि निधिनाह
ससि११भूमि१२अमर इत्यादिसर्ब, अवनीसदेह निबसत अखर्ब ।३१।
मैंही गति सेवहु अखिल मोहि, यह सुनत कुपित मुनि छिप्रछोहि ॥
हनि राख्यो पुब्बहि पाप जाहि, ते हनत भये कुस मारि ताहि।३२॥
बिनु भूप मचे भुवधाटिपात, सब मुनिन करन तब सब नसात ॥
नृप ऊरु मथी तहँ हुव निषाद, दवदग्ध दंडछबि आमिषाद*॥३३॥
बिंध्याचल निबसत तास बंस, यह कढिय बेन कृत पाप अंस ॥

आग्नेयी नामक स्त्री ने छः पुत्र पैदा किये. राजा अंग ने मृत्यु की पुत्री सुनीथा से विवाह किया ॥ २७ ॥ उस सुनीथा में अंग का पुत्र वेन हुआ जिसने घमंड लाकर बहुत पाप किये. और उस मूर्ख ने कठिन आज्ञा देके अपने नाना "मृत्यु" की रीति पकड़ कर धर्म को दूर किया ॥ २८ ॥ और कहने लगा कि होम और यज्ञ मेरे लिये करो विष्णु, शिव और ब्रह्मा पाप के पात्र कौन हैं. तब मुनियों ने कहा कि हे राजा ! हम मौन रखनेवाले हैं तौ भी हमारे कल्याण के लिये बोलते हैं कि ऐसा मत कर ॥२९॥ वेद भी यह न्याय कहता है ।३०। विष्णु, शिव, ब्रह्मा, इन्द्र, पवन, यमराज, अग्नि, वरुण, सूर्य, कुबेर, चंद्रमा और भूमि आदि देवता सब राजा के शरीर में बसते हैं ॥ ३१ ॥ तुमारी गति करनेवाला मैं ही हूं, सब मुझ को ही सेवो, यह सुनते ही मुनियों ने शीघ्र क्रोध करके जिसको पाप ने पहले ही मार रक्खा है उसको कुश (डाभ) का प्रहार करके मारडाला ॥ ३२ ॥ विना राजा के पृथ्वी पर धाड़े पड़नेलगे और मुनियों की सब कार्यसिद्धि का नाश होने लगा तब राजा को पैदा करने के लिये मुनियों ने राजा वेन की जंघा का मथन किया जिसमें से भील हुआ जो दावाग्नि (लाय) में जले हुए दंडे की छवि के समान काले रंगवाला मांसभोजी हुआ ॥ ३३ ॥ यह निषाद वेन के कियेहुए पाप अंश से निकला जि-

*निषाद मिषाद अन्त्यानुप्रास.

हुव तदनु मथत अपसव्य हत्थ, श्रीहरिवतार नृप पृथु११ समत्थ॥३४॥
तिँहिँ समय आजगव नाम चाप१, दंसन२ रु तूनें३मु विसिख दुरॉप।
इत्यादिक नभ सन सस्त्र आय,सब मिलत भये जगसुख सहाय।३५।
नहु ततकालहि नाकपत्त, छितिपाल भयो पृथु धारि छत्त ॥
सुर आये तस अभिषेककाल, जलधि रु नदी हु लै रत्नजाल ।३६।
लखि चक्र चिन्ह पृथु भूप हस्त, श्रीहरि गिनि मोदित हुव समस्त॥
ताबिच प्रजा हु किय तीव्ररंग, भो इँहिँ निदानें राजा सुभाग।३७।
नीरधि जिहिँ चालत थंभि नीर, सबहोतभये पत्थर शरीर ॥
अद्रिहु जिम केतनभंग है न,इम देत भये तिँहिँ उचित अैन ॥३८॥
अैसो हुव जो नृप पृथु उदार, सँवे रचत भयो विधिहित सुढार ॥
सुतिमाँहिँ सोम अभिषेव अनेहँ, हुव सूत१ रु मागध२ दिव्यदेह ।३९।
मुनि जनन कहिय तिन प्रति सुबैन, उभय२हितुम पंडित सुमति अैन॥
अरु उभय२ सत्यवादी उदार, पृथु की स्तुति बरन पटु प्रकार।४०।
तब दुहुन २कह्यो धरि सत्यधर्म,कछु नाँहि करिय पृथु अबहि कर्म॥

सका वंश विन्ध्याचल में बसता है. जिसे पीछे दाहिने हाथ को मथने से उसमें से श्रीविष्णु का अवतार समर्थ राजा पृथु हुआ ॥३४॥ इस समय महादेव का अजगव नामक धनुष,कवच,भाथा और दुर्लभ बाण इनको आदि देकर शस्त्र आकाश से आकर संसार के हित के लिये सहाय के अर्थ राजा को मिले ॥ ३५ ॥ वेन भी तुरंत ही स्वर्ग में पहुंचा और छत्र धारण करके पृथु राजा हुआ उसके अभिषेक के समय देवता, और रत्नों का जाल लेकर समुद्र और नदी आये ॥ ३६ ॥ १० प्रीति ११ इस कारण से सौभाग्यवान् ॥ ३७ ॥ जिस राजा के चलते समय मार्ग देने को समुद्र अपने जल को थांभ कर पत्थर रूप कर लेते थे और पर्वत भी जिस प्रकार राजा की ध्वजा टूट न जावे इस प्रकार उचित मार्ग देनेलगे ॥ ३८ ॥ ऐसा उदार राजा पृथु हुआ उसने ब्रह्मा के निमित्त श्रेष्ठ रीति से यज्ञ रचा उसमें से अवभृथ (यज्ञ के अंत में स्नान कियाजावे उसको अवभृथस्नान कहते हैं) स्नान के समय दिव्य देह को धारण करनेवाले सूत और मागध नाम के दो पुरुष उत्पन्न हुए ॥ ३९ ॥ उनसे मुनि लोगों ने कहा कि तुम दोनों पंडित सुबुद्धि के घर और दोनों उदार सत्य बोलनेवाले हो सो चतुरता से पृथु की स्तुति करो ॥ ४० ॥ तब दोनों ने सत्य बोलने के धर्म को धारण करके कहा कि अभी पृथु ने कोई कार्य नहीं किया और इस

याको न जसहु भुव विदित आँहिं, नुति होवत आश्रयहीन नाँहिं ।४१।
बुल्लिय पृथु११ तुम दुव सत्य बर्म, कहिहो तथाहि करिहौं सुकर्म ।
जुग२ पूज्य बतैहो बर्जनीय, मन्नौं न कबहु कज्ज सु मदीय ॥४२॥
इन्ह दुहुन२करिय नुति सुनत एह, तू सत्यवाक१ दाता२ सुनेह ॥
ह्रीमान३ सत्यसंधेर४ रु धनेस५, बिक्रांत६मैत्र७यज्वा८जनेस ।४३।
ब्रह्मण्य९साधुमते१० धर्मधैर्य११, प्रियबादी१२दुष्टन दंडदैन१३ ॥
सुसहन१४कृतज्ञ१५करुनानिधान१६,समदिट्ठि१७मान्यमानद१८सुजान
इम कहिय सूत१ मागध२ प्रकार, ऐसोहि बेन सुत हुव उदार ॥
आनर्त्तदेस दिय सूत१ अर्थ, मागध२हिं मगध अप्पिय समर्थ ।४५॥
अर्ची निजरानी सहित सूर, बहु करत भयो मख बित्त पूर ॥
पहिं जु अराजक होत देस, भुव गिलिय अन्न औषध असेस ।४६।
तबतैंहि प्रजा लहि भूखभार, क्रंदत अब आय रु किय पुकार ॥
पृथु सुनत आजगव धनु चढाय,टंकारि लग्यो भुव पिट्ठि आय४७
गौ रूप धरनि लग सत्यलोक, भजि भजि पृथु देख्यो अखिल ओक

का यश भी भूमि पर प्रसिद्ध नहीं है इस कारण से बिना आधार के स्तुति नहीं होती ॥ ४१ ॥ पृथु ने कहा तुम दोनों सत्य के कवच (रक्षक) हो सो जैसा कहोगे वैसा ही श्रेष्ठ कार्य करूंगा और तुम दोनों पूज्य जो नहीं करने योग्य कार्य बताओगे उन कार्यों को मैं कभी मेरे नहीं समझूंगा अर्थात् कभी नहीं करूंगा ॥ ४२ ॥ उन सूत और मागध ने यह सुनते ही यह स्तुति की कि हे राजा ! तुम सत्यवादी, उदार (देनेवाले) श्रेष्ठ प्रीति और लज्जा को धारण करनेवाला, सची प्रतिज्ञा रखनेवाला, कुबेर के समान धनपति, वीर, सब का मित्र, यज्ञ करनेवाला, मनुष्यों का ईश, विष्णु श्रेष्ठ बुद्धिवाला,धर्म का घर, प्यारा बोलनेवाला, दुष्टों को दंड देनेवाला, सहनशील, उपकार को माननेवाला, करुणा का घर अथवा करुणा ही है धन जिसके सब में समदृष्टि रखनेवाला, विद्वानों को मान देनेवाला है ॥ ४३ ॥ ४४ ॥ इस प्रकार सूत और मागध ने कहा वैसा ही वेन का पुत्र पृथु उदार हुआ उस समर्थ राजा ने सूत (जो चारणों का मूलपुरुष है उस) को आनर्तदेश (द्वारकाप्रान्त) और मागध (भाटों का मूलपुरुष था उस) को मगध देश दिया ॥ ४५ ॥ १८ पृथु ने अपनी रानी अर्चि के साथ १९ बिना राजा का २० संपूर्ण ॥ ४६ ॥ २१ रोती हुई॥४७॥भूमि गौ का रूप धरकर भूमि से लेकर ब्रह्मलोक तक सब स्थानों

अवनी प्रकंपि तब कहिय एस, नारी हनि न करहु अघ नरेस ।४८।
अरु क्यों प्रजा रहि है अखर्ब, पृथु कहिय मरत इक१ जियत सर्ब ॥
आधार जोगबल मैं बनाय, करिहौं जगपालन तिहिं निकाय ।४९।
पुनि कहिय भुम्मि करि प्रभु प्रनाम, करिये उपाय यह उक्त काम॥
औषध मैं जारे जठर भूप, दोहहु मुहिं देहौं छीररूप ॥ ५० ॥
बच्छा मम अैसो देहु लाय, जासौं थन प्रस्नव प्रकटिजाय ।
पुनि करहु मोहि सम हे प्रबुद्ध, ज्यौं प्रसरिसकैं सब ठाम दुद्ध ॥५१॥
तब चाप अग्र करि बिसम टारि, समभूमि करी पृथु सब सम्हारि ।
बहु गिरि डिगाय किय दूर दूर, किन्नैं बहुगिरि बन दुर्ग चूर ॥ ५२॥
पुर ग्राम आदि बिधिजुत बसाय, दिय सबन सुलभ बार्त्ता चलाय॥
स्वायंभुव मनुकौं बिरचि बच्छ, अरु पात्र करिय निज हत्थ अच्छ।५३।
कढ्ढिय सब औषध सुवहिं दोहि, पृथ्वी पृथुनिर्मित बजिय सोहि।
देवन मिलि इंद्र१ हिं बच्छ२ठानि, पुनि मित्र१ तत्थ दोग्धा२ प्रमानि।५४।
करि कनक१ पात्र२ बल१ छीर२ दोहि, लीनौं निजइच्छित सबन सोहि॥
ससि१ बच्छ२ मुनिन श्रुति१ पात्र२ कीन,
गुरु१ दोग्धा२ पय१ तप२ ब्रह्म३ लीन ॥ ५५ ॥

में भाग भाग कर गई वहां पृथु को साथ ही देखा तब भूमि ने धूजकर कहा कि हे राजा ! स्त्री को मार कर पाप मत कर ॥ ४८ ॥ और मेरे बिना यह बडी प्रजा कहां रहेगी ? तब पृथु ने कहा कि एक के मरने से सब जीवित रहते हैं और मैं योगबल से आधार (सब के ठहरने का स्थान) बना कर उस स्थान में सब का पालन करूंगा ॥४९॥ ६ कहा हुआ कार्य ७ पेट में ८ दुग्धरूप से ॥ ५० ॥ ९ थनों में दूध का प्रवाह आजावे १० बराबर ११ हे बुद्धिमान् राजा ! १२ दुग्ध ॥ ५१ ॥ तब धनुष के अग्रभाग से ऊंचानीचापन मिटाकर भूमि को बराबर करदिया ॥ ५२ ॥ १० बछड़ा ॥ ५३ ॥ तभी से पृथु के बनाने के कारण भूमि का नाम पृथ्वी हुआ. देवताओं ने इंद्र को बछड़ा बना कर सूर्य को दोहनेवाला बनाया और सोने के पात्र में बल (पराक्रम) रूपी दुग्ध दोहकर अपनी २ इच्छानुसार सब ने लिया और मुनियों ने चंद्रमा को बछड़ा, वेद को पात्र और बृहस्पति को दोहनेवाला करके तप

असुरनहु विरोचन१ विरचि वच्छ२, दनुजात द्विमूर्द्धा१ दुहन२ दच्छ ॥
करि लोह१ पात्र२ माया१ सुदुद्ध२, लीनों सब है निजहित प्रबुद्ध ॥५६॥
रक्खसन सुमाली१ वच्छ२ रक्खि, जतुनाभ१ हि दोग्धा२ उचित अक्खि।
रु कपाल१ पात्र२ पय१ रुधिर२ रूप, इन निज अभीष्ट दोह्यो अनूप ॥५७॥
इहिं क्रम सन अद्रिन मेनकेस१, अरु मेरु२ सिला३ ओपध४ असेस ॥
गंधर्वन चित्ररथाख्य१ ज्यों हिं, तँहँ सुवसु२ पंकज३ रु गंध४ त्यों हिं ॥५८॥
नागेन तच्छक१ धृतराष्ट्र२ नाम, तुंबी३ रु गरल४ क्रम सहित ताम ॥
धनद१ रु सुकर्ण२ तिम आमँगारि३, अंतरधान४ सु जच्छन विचारि ॥५९॥
पितरन जम१ अंतक२ जातरूप३, अपनी स्वधा४ सु दोही अनूप।
विटपिन पलक्ख१ तिम साल२ पत्र३, करि छिन्न प्ररोहन४ लहिय तत्र
औपध१ लिय अद्रिन इक्क सेस, तँहँ अपर रत्न२ जानहु नरेस।
इम हुव महीप पृथु हरिवतार, धर द्वीपसप्त७ इक छत्रधार ॥६१॥

और ब्रह्मरूपी दूध लिया ॥ ५४ ॥ ५५ ॥ असुरों ने भी प्रल्हाद के पुत्र विरोचन को बछड़ा और दनु के पुत्र चतुर द्विमूर्धा को दोहनेवाला बना कर लोहे के पात्र में माया रूप दूध अपने हित में पण्डित होकर सब ने लिया ॥५६॥ राक्षसों ने सुमाली को बच्छा रख कर जतुनाभ राक्षस को दोहनेवाला उचित कहकर कपाल के पात्र में अपना प्रिय रुधिर रूपी दूध दुहा ॥ ५७ ॥ इसी क्रम से पर्वतों ने मेनकेश को बच्छा, मेरु को दोहनेवाला और शिला का पात्र करके सम्पूर्ण ओषधी रूप दूध दुहा। गंधर्वों ने चित्ररथ को बछड़ा सुवसु को दोहनेवाला कमल का पात्र बना कर गंध रूपी दूध लिया ॥ ५८ ॥ सर्पों ने तक्षक को बच्छा, धृतराष्ट्र नामक सर्प को दोहनेवाला और तूंबी (तुम्बा) का पात्र रख कर दोषवाला जहर रूपी दूध निकाला। यक्षों ने कुबेर को बच्छा, सुकर्ण नामक यक्ष को दोहनेवाला और कच्चेमांस का पात्र बना कर अन्तर्धान (छिपजाने) रूप दूध दुहा ॥ ५९ ॥ ॥ पितरों ने कांकपक्षों को बच्छा यमराज को दोहनेवाला और सोने का पात्र बना कर उपमार्राहत अपनी स्वधा (पितरों के अर्थ अन्न वा जल दिया जावे उसको स्वधा कहते हैं) दुहा वृक्षों ने प्लक्ष (वृक्ष विशेष) को बच्छा, साल वृक्ष को दोहनेवाला और पत्ते का पात्र करके कटहुए में फिर अंकुर पैदा होजाने रूप दूध लिया ॥ ६० ॥ हे राजा रामसिंह! पर्वतों ने औषधी ली वहां बाकी का दूसरा रत्न भी जानो अर्थात् पर्वतों ने औषधी और रत्न ये दोनों पदार्थ लिये ॥ ६१ ॥

यह चरित सुनैं एकाग्रचित्त, अघ[1] तिहिं लिपैं न बलि[2] बढहि बित्त[3] ॥
पृथुकै सुत अंतर्द्धान१२।१नाम आर्द्धित१२।२द्वितीय२ए हुव ललाम[4]६२।
अग्रज सिखंडिनी नाम नारि, परन्यौं सुरूप१कुल२बय३निहारि ॥
सुत तास हविर्द्धानाभिधान१३,आग्नेयी धिषणा दारवान॥ ६३ ॥

प्राचीनबर्हि१४।१मुख छ६सुत तास,
सुक१४।२रु गय१४।३कृष्ण१४।४रु प्रज१४।५सुभास ॥

पुनि अजित१४।६अब सु इनमाँहिं ज्येष्ठ,प्राचीनबर्हि१४हुव पुहवि प्रेष्ठ
प्रागग्र[5] जास मख कुस बिसेस, छिति सर्ब छये इम नाम एस ॥
रानी समुद्रतनया तदीयँ, सुत तास प्रचेतस१५।१०दस१०बलीय६५।
ते सर्गरचन सुनि पितुनिदेस, मातामह[10] जल प्रबिसे असेस ॥
तप घोर अयुत१००००हायन[11] समर्थ,जलमैं हि करिय तिन विष्णुअर्थ
पिच्छैं सन नारद संग पाय,प्राचीनबर्हि बन रहिय जाय ।
तब अवनि[12] अराजक[13] कृषि[14] बिहीन,बिटपिन[15] सब बढि बढि दुर्ग[16]कीन।६७
इत करि प्रचेतसन विष्णुतुष्ट[17], लिय सर्गरचन[18] हित बर अदुष्ट[19] ॥
दस१०ही जल बाहिर बहुरि आय,कृषिहीन लखी भुव तरु[20] निकाय६८
तब सुचि१रु पवन२मुखतैं निकारि,द्रुम बहु प्रचेतसन दिय उजारि॥

१पाप२ पुनि ३ धन ४ सुन्दर॥६२॥बडे भाई अन्तर्द्धान ने शिखंडिनी नाम स्त्री से विवाह किया जिसके हविर्द्धान नामक पुत्र हुआ उस हविर्द्धान से अग्नि कुल की धिषणा नामक स्त्री में।६३।प्राचीन बर्हि को आदि लेकर छः६पुत्र हुए, इनमें बडा प्राचीनबर्हि पृथ्वी का प्रियतम(पति)हुआ।६४।५पहिले जिसके अधिक यज्ञों में डाभ के अग्र भागों से सब भूमि छागई थी इस कारण से इस का नाम प्रसिद्ध है। समुद्र की पुत्री सवर्णा नामक इस की राणी में बलवान् दश पुत्र हुए जिन दशों का नाम प्रचेतस हुआ ॥ ६५ ॥ उन प्रचेतस को पिता (प्राचीनबर्हि) ने आज्ञा दी कि तप करके विष्णु की आराधना से सृष्टि बढाओ तब इन्हों ने अपने नानां (समुद्र) के जलमें प्रवेश करके दश हजार वर्ष तक विष्णु के अर्थ घोर तप किया ॥ ६६ ॥१२भूमि१३विनाराजा के १४ खेती विना १५वृक्षों ने १६ कठिनाई से जाने योग्य स्थान ॥ ६७ ॥ १७ प्रसन्न १८ सृष्टि रचना के अर्थ १९ श्रेष्ठ २० वृक्षों का घर।६८। तब प्रचेतसों ने अपने मुखों से अग्नि और पवन निकाल

निज बिभव जरत लखि आय सोम[1], बुल्लिय तुम न करहु तरुन होम।६९।
तनया[2] इक१ इनकी सब बिबाहि, तिय करहु मारिषा भजहु[3] ताहि।
यह होनहार[4] गति प्रथम जानि, पोखी सु मैं हि तुम हित प्रमानि ॥७०॥
अद्धो मिलि तुमरो तेज अंस, अरु अर्द्ध मम हु मिलि नृप वतंस॥
तुमरे सुत याबिच अग्गिधाम[6], हैहै सु प्रजापति दच्छ नाम॥ ७१ ॥
इक १ समय कंडु मति रचिय अग्ग, तपघोर रोकि इंद्रिय समग्ग॥
जिहिं ठगन गोमती तीर जत्थ, प्रम्लोचा पठई सुरन[8] तत्थ ॥ ७२ ॥
कल सुन तदीय डिगि कंडु चेत, सु भजी स्मर[10] सूदित[11] हित समेत॥
मंदर[12] गिरि कंदर बहुत वर्ष, रहि कंडु रम्यो ताजुत सहर्ष॥ ७३ ॥
जब जानलगी तब तिहिं निवारि, रक्खी हठ करि करि वेर च्यार।७४।
इक समय कहिय मुनि दिन अतीत[13], करिहौं अब संध्या पुराय प्रीति॥
तिय कहिय बरस नव सत रु सत्त९०७ बित्ते छ६ मास अह[14] तीन३ अत्त॥
मैं गर्भ धरिय मुनि अप्प संग, यह बज्ज सुनत तजि रति उमंग॥७५॥

कर बहुत वृक्षों को जला दिया इस प्रकार अपने वैभव को जलता हुआ देखकर वृक्षों के राजा चंद्रमा ने आकर कहा कि तुम वृक्षों को मत जलाओ ।६९। मारिषा नामक इनकी एक कन्या है उसको तुम सब विवाह कर सेवन करो, इस होनेवाली गति को जानकर तुमारे लिये मैंनेही उसका पोषण किया है।७०।आधा तुमारे तेज का अंश और आधा हमारा मिल कर तुमारा पुत्र राजाओं का मुकुट अग्नि का धाम श्रेष्ठ प्रजापति दक्ष नामवाला होवेगा ॥ ७१ ॥ अब वृक्षों की कन्या मारिषा की उत्पत्ति का इतिहास कहते हैं. एक समय कंडू मुनि ने बुद्धि रचकर सब इंद्रियों को रोककर आगे घोर तप किया था जिसको ठगने के लिये गोमती की तीर पर देवताओं ने प्रम्लोचानाम अप्सरा को भेजी थी ॥ ७२ ॥ उस का कोकिल समान शब्द सुनकर कंडु का चित्त डुल गया और कामदेव के हने हुए [पकाये हुएं] मुनिने उसका हित के सहित सेवन किया और मंदराचल की कंदरा में बहुत वर्षों तक हर्ष के साथ कंडु उसके साथ रमण करता रहा ॥ ७३ ॥ जब वह पीछी स्वर्ग को जाने लगी तब हठ के साथ चार वार मना करके रक्खी, एक समय मुनि ने कहा कि दिन बीत गया अब संध्या समय है सो पुण्य से प्रीति करके अब संध्या करूंगा ॥७४ ॥ तब अप्सरा ने कहा कि आपको मेरे साथ रमण करते नौ सौ सात वर्ष छः महीने और तीन दिन बीत गये जिनमें तो कभी सन्ध्या नहीं की आज ही क्या अधिकता

दिन्नी बिडारि[1] तिय पाय खेद,सु गई तरु पत्रन पौंछि स्वेद[2] ॥
तस गर्भ कढ्यो वह होय घर्म[3],तरु दलन[4] लग्यो सुनिये सुधर्म॥७६॥
घर्म सु समेटि किय इक्क बात[5], हुव कन्या तामय छबि सुहात ॥
पोखी हम रक्खी तरुन जाहि, तजि कोप प्रचेतस लेहु ताहि॥७७॥
कंडू१तरु२मैं[3] ३अरु पवन४ च्यारि४,तुम स्वसुर करहु सु बिबाहि नारि
ही अग्ग यहै भूपतिकलत्र[8], बैधव्य पाय तप तपिय तत्र ॥ ७८ ॥
हरि सौं जिहिं जच्चिय[9] इष्ट[10] एहु, भव भव धव[11] उत्तम मोहि देहु ॥
पुनि देहु प्रजापति तुल्ल्य पुत्र, जो होय बीर जगको तनुत्र[12] ॥७९॥
हरि कहिय इक्क१भव[13]मैं हि आनि,पति दसक१०तोहि मिलिहैं प्रमानि
अरुसुतहु प्रजापति नाम दच्छ,ह्वैहै त्वदीय[14] जग जनक[15] अच्छ । ८० ।
सो यहहि मारिषा है उदार, बिधिजुत बिबाहि तुम करहुदार[16]*
ससि[18]बच प्रचेतसन सुनि बिबाहि,आनी सु मारिषा सर्ग[18] चाहि ।८१।
तामाँहिं दच्छ[19]१९तिनं[20] सन तनूज[21],प्रकट्यो सु प्रजापति प्रकट पूज।

है और मैंने आप से गर्भ भी धारण किया है, इस बज्र रूपी वचन को सुनके अपनी तपस्या का भंग समझकर मुनि ने रति की उमंग छोडदी ॥ ७५ ॥ और खेद पाकर स्त्री को निकाल दी सो वृक्षों के पत्तों से पसीना पौंछकर चली गई उसका गर्भ पसीना होकर निकला सो वृक्षों के पत्तों में लग गया सो हे श्रेष्ठ धर्म को धारण करनेवाले(प्रचेतस) सुनो ॥ ७६॥ उस पसीने को पवन ने समेट कर एकत्र (इकट्ठा) करदिया उस पसीना सहित सुहावनी छबि की कन्या हुई जिसको हम(चंद्रमा)ने पोषण किया और वृक्षों ने रक्खी ॥ ७७ ॥ तुम इ-स श्रेष्ठ स्त्री का विवाह करके कंडु मुनि, वृक्ष, मुझ (चंद्रमा) और पवन को श्वसुर (सुसरा) करो यह आगे राजा की स्त्री थी जिसने विधवापन पाकर तप किया ॥ ७८ ॥ जिसने विष्णु से बर मांगा कि जन्म जन्म में मुझे उ-त्तम पति दीजिये और प्रजापति समान पुत्र दीजिये जो वीर संसार की र-क्षा करनेवाला होवे ॥७९॥ विष्णु ने कहा कि एक ही जन्म में तुझे दश पति मिलेंगे और पुत्र भी तेरे दक्ष नाम का प्रजापति संसार का पिता होवेगा ॥ ८० ॥ १६ स्त्री १७ चन्द्रमा के १८ सृष्टि की चाहना करके ॥ ८१ ॥ १९ दक्ष प्रजापति २० तिन प्रचेतसों से २१ पुत्र. जो पहले ब्रह्मा के अंगुष्ठ (अंगूठे)

---

* उदार हुदार अन्त्यानुप्रास.

जो पूर्व द्रुहिन अंगुष्ट जात,सुहि दच्छ दच्छ यह अपर ख्यात। ८२।
बीरणा प्रजेस तनया ललाम, बिवह्यो सु असिक्नी नाम वाम ॥
हुव पंचसहँस५०००तामाँहिं पुत्त,सब बीर नाम हर्यश्व१७जुत्त ॥८३॥
तप करत तिन्हैं नारद सिखाय,भुव अंत लेन दिन्हैं पठाय।
ते समुझि गये दिस दिसन दोरि, ह्वै ब्रह्मरूप नांये बहोरि ॥८४॥
पुनि दच्छतनय सरजे हजार१,०००,मुनिराज योंहिं पठये उदार।
सुनि सोहु दच्छ दिय कुपित साप,अविरत मुनि नारद भ्रमहु आप।
मंजुल तदनंतर सष्ठि६०मान, सुभ दच्छ सुता सरजी सुजान ॥

तिनमैं दस१०दिन्नी धर्मग्रत्थ,

सँसि स्वसुरहिं बीस२०रु सप्त७ २७सत्थ ॥ ८६ ॥

कस्यप हित तेरह१३दिय प्रवीन,रु अरिष्टनेमि हित च्यारि४दीन॥
बहु पुत्र१अंगिरा२उभय२काज,द्रुव२द्रुव२दिय कन्या दच्छराज८७
दीनी कृसाश्व हित द्रुव२नरेस, इन की ही संतति जग असेस ॥
उत्तानपाद नृप कुल चरित्र, पापहु नर होवत सुनि पवित्र ॥ ८८ ॥
इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणे प्रथम१राशौ विद्यमान-

से दक्ष उत्पन्न हुआ था वही यह दूसरे दक्ष नाम से प्रसिद्ध हुआ ॥ ८२ ॥ वीरण नामक प्रजापति की सुन्दर असिक्नी नामक पुत्री के साथ विवाह करके दक्ष ने अपनी स्त्री बनाई जिसमें हर्यश्व नामक पांच हजार पुत्र हुए ॥८३॥ उन तप करते हुओं को नारद ने सिखाकर पृथ्वी का अन्त लेने को भेजदिया सो दशों दिशा को दौड़ गये और ब्रह्म रूप होकर पीछे नहीं आये ॥ ८४॥ दक्ष ने फिर एक हजार पुत्र उत्पन्न किये जिनको भी नारद ने उसी प्रकार भेजदिये सो सुनकर दक्षने नारद को श्राप दिया कि हे मुनि तुम भी निरंतर (विनाविश्राम लिये) फिरते रहो ८५ जिसपीछे यह सोचा कि पुत्रोंको तो नारद रहने नहीं देवेगा, सुन्दर साठ है प्रमाण जिनका ऐसी श्रेष्ठ कन्या उत्पन्न कीं जिनमें से दश तो धर्म को दीं और सत्ताईस अपने सुसरे चन्द्रमा को ॥ ८६ ॥ तेरह कश्यप को चार अरिष्टनेमि को, दो बहुपुत्र को, दो अंगिरा को और दो कृशाश्व को, राजा दक्ष ने दीं ॥ ८७ ॥ इन ही की सन्तान में सारा संसार है, राजा उत्तानपाद के कुल के इस चरित्र को सुनकर पापी मनुष्य भी पवित्र होजाता है ॥ ८८ ॥

श्री वंशभास्करमहाचम्पू के पूर्वायण के प्रथमराशि में वर्तमान बाराह

वाराहकल्पप्रथमसर्गसूचनान्तर्गतस्वायम्भुवसूनूत्तानपादवंशवर्णन मष्टादशो१८मयूखः ॥ १८ ॥

प्रायोब्रजदेशीयप्राकृता मिश्रितभाषा ॥ पज्झटिका

सुनिए ऽब दच्छ दुहितान नाम, जिनसौंहि प्रपूरन धाम धाम ॥
पहिली अरुंधती१गुनन गोरि,वसु२जामी३लंबा४त्यौं बहोरि ॥ १ ॥
भानु५रु मरुत्वती६सर्ग थान, संकल्पा७रु मुहूर्त्ता८सुजान ॥
साध्या९अरु बिश्वा१०धर्मगेह, सुनिए ऽब तास संतति सनेह ॥२॥
भूविषय१अरुंधति उदरजात,बसु पुत्र अष्ट८बसुदेव ख्यात॥
आप १ ध्रुव २ सोम ३ धर ४ अनिल ५ जानि,
अनल ६ रु प्रत्यूप ७ प्रभास ८ मानि ॥ ३ ॥
ए अष्ट८रु अग्रज आप पुत्त, वैतंड्य१श्रम२रु ध्वनि३श्रांत४जुत्त ॥
ध्रुव पुत्र काल१सब खानहार,इम सोम तनय बर्चा उदार ॥ ४ ॥
धर तिय मनोहराजनिय ताह, सुत पंच५द्रविण१हुतहव्यवाह२॥
जिम सिसिर३प्रान४पुनि रमन५ज्यौंहि,
अनिलोत्त सिवा बिच उभय२त्यौंहि ॥ ५ ॥
तिन माँहि पुरोजव१भो गरीय,रु अविज्ञातगति२यह द्वितीय२ ॥
चउ४अग्नितनय इक गुह१अजेय,पुनि साख२विसाख३रु नैगमेय ॥

के प्रथमसर्ग की सूचना के भीतर स्वायम्भुवमनु के पुत्र उत्तानपाद के वंशवर्णन का अठारहवां मयूख समाप्त हुआ ॥ १८ ॥

अरुंधती के उदर से संसार के सब विषय उपजे, और वसु के पेट से आठ पुत्र हुए जो वसु के नाम से आठों देवता प्रसिद्ध हुए जिन के नाम मूल में स्पष्ट हैं ॥ ३ ॥ इन आठों में बड़े आप नामक वसु के वैतंड्य, श्रम, ध्वनि और श्रान्त ये चार पुत्र हुए ध्रुव के सब को खानेवाला काल नामक पुत्र हुआ, इसी प्रकार सोम के वर्चस नामक उदार पुत्र हुआ ॥ ४ ॥ धर नामक वसु से मनोहरा नामक स्त्री ने द्रविण, हुतहव्यवाह, शिशिर, प्राण और रमण नाम के पांच पुत्र जने, इसी प्रकार शिवा नामक स्त्री में अनिल के दो पुत्र हुए ॥ ५ ॥ जिन में बडा पुरोजव और दूसरा अविज्ञातगति हुआ । अग्नि के गुह, शाख, विशाख और नैगमेय नाम के किसी से नहीं जीते जावें ऐसे चार पुत्र हुए ॥ ६ ॥

कार्तिक सरजन्मा ते कहात,मुनि देवल१अथ प्रत्यूष जात ॥
मुनिकै हु छमावान१रु मनीसि२,हुव दोहु२सिद्ध दिय पापपीसि॥७॥
सुरगुरु भगिनी पत्नी प्रभास,त्रैलोक्य पूज्य सुत पंच५तास ॥
जेठो सु बिस्वकर्मा१प्रजेस, कर्त्ता सब सिल्पन उदित एस ॥ ८ ॥
रु अजैपाद२दूजो२सुजान, तीजो३सु अहिर्बुध्न्याऽभिधान३ ॥
त्वष्टा४रु रुद्र५ए भ्रात पंच५,जिन्ह चिंति रहैं नहिं दुरित रंच ॥९॥
अग्रजकै संज्ञा१गुन उदर्क, तनया भई सु पत्नी जु अर्क ॥
चोथे४त्वष्टाकै बिश्वरूप१,त्रिसिरा जो मार्‍यो त्रिदिवभूप ॥ १० ॥
सब अनुज रुद्र जो कहिय अत्थ,एकादस११आत्मज सो समत्थ ।
तस भेद हर१रु बहुरूप२जानि,त्र्यंबक३अपराजित४बलि बखानि ११
तैसैंहि वृषाकपि५संभु६नाम,रु कपर्दी७रैवत८अखिलधाम२ ।
श्रुत नवम९मृग१०व्याध६हु प्रसस्त३,पुनि सर्व१०कपाली११ए समस्त १२
यह धर्मबधू बसु सर्ग आहि,जामिभव नागबीथी१सु ताहि ।
लंबाकै घोस१रु भानु पुत्त,हुव सबहि भानु अभिधान जुत्त ॥१३॥
प्रकटे मरुत्वती सुत जितेक,अभिधान मरुत्वानहि तितेक ।

ये चारों कृत्तिका के उदर से उत्पन्न होने के कारण कार्तिकेय और षड्जन्मा कहाते हैं, प्रत्यूष से देवल मुनि जन्मा इस देवल मुनि के भी क्षमावान् और मनीषि नाम के दो पुत्र हुए जिन सिद्धों ने पाप को पीस डाला ॥ ७ ॥ प्रभास नामक वसु ने कामवैरिणी नामक बृहस्पति की बहिन के साथ विवाह किया इस के तीन लोक के पूज्य बडा विश्वकर्मा नामक प्रजापति सब शिल्प विद्या को उत्पन्न करनेवाला हुआ ॥ ८ ॥ दूसरा अजैपाद तीसरा अहिर्बुध्न्य नामवाला त्वष्टा और रुद्र ये पांच पुत्र हुए जिन का स्मरण करने से लेशमात्र भी पाप नहीं रहता ॥९॥ विश्वकर्मा के गुणों के साथ सूर्य की स्तुति करनेवाली संज्ञा नामक पुत्री हुई जिस को सूर्य ने पत्नी, चौथे त्वष्टा के विश्वरूप, (त्रिशिरा) हुआ जिस को इन्द्र ने मारा ॥ १० ॥ इहां पर सब से छोटा जो रुद्र कहा उस के बलवान् ग्यारह पुत्र हुए जिन के नाम मूल में स्पष्ट हैं ॥ ११ ॥ २ सब का घर ३ प्रसिद्ध ॥ १२ ॥ यह धर्म की वसु नामक स्त्री की संतान है, धर्म से जामि नामक स्त्री में नागवीथी, लम्बा नामक स्त्री में घोष हुआ और भानु नामक स्त्री के पुत्र हुए सो सभी भानु नाम कहाये ॥ १३ ॥ मरुत्वती नामक स्त्री के जितने पुत्र हुए उन सब का नाम मरुत्वान्

संकल्पाकै संकल्प सर्ग, रु मुहूर्त्त मुहूर्त्ताकै सुबर्ग ॥ १४ ॥
विश्वाकै तैरह१३विश्व एव,साध्याकै द्वादस१२साध्यदेव ।
तेरह१३सुनौं अब कस्यप कलत्र,अदिती१दिती२रु दनु३नाम तत्र १५
रु अरिष्टा४सुरसा५सुरभि६जानि,बिनता७ताम्रा८रु इडा९बखानि ।
क्रोधबसा१०कद्रू११मुनि१२जथाहि,प्राधा१३त्रयोदसी१३तिय तथाहि
जे चाक्षुस मनु छत तुषित देव,इहिं७मनु हुव अदिती तनय एव ।
ते बिष्णु१सुक्र२धाता३गणेय,त्वष्टा रु अर्यमा५नामधेय ॥१७॥
पूषा६सबिता७भग८बरुन९मित्र,१०पुनि अंस११बिबस्वान१२हु पवित्र
दितिसुत कनककसिपु१कनकनैन, २ अरु सिंही३तनया दुरितै अैन
जिहिं बिप्रचित्ति दानव बिबाहि,सुत राहु जन्यौं ग्रह कहत जाहि ।
हुव कनककसिपु सुत च्यारि४धीर,प्रल्हाद१ल्हाद२संल्हाद३बीर॥
अनुल्हाद४चुत्थ इनमैं बिरक्त, प्रल्हाद१भयो हरिमुख्यभक्त ।
खल जनक दयो जो ज्वलन जारि,दिय पासबद्ध पुनि उदधि डारि।२०।
प्रहराविय सस्त्रन असुर प्रेरि, पन्नगन डसाविय हित न हेरि ।
भृगुसौं गिराय दिग्गजहु हुल्लि,मर्दाविय बालक खीज खुल्लि ॥२१॥
अर्भक मर्‍यो न कसमहु उपाय,थक्क्यो सब करि करि दैत्यराय ॥

हुआ, संकल्पा नामक स्त्री की संतान संकल्प और मुहूर्ता के श्रेष्ठ समुदाय वाले मुहूर्त्त नामक पुत्र हुए ॥ १४ ॥ विश्वास नामक स्त्री के तेरह विश्वेदेवा और साध्या के बारह साध्यदेव हुए, अब कश्यप की तेरह स्त्रियों के नाम सुनो जिन के नाम मूल में स्पष्ट हैं ॥ १५ ॥ १६ ॥ ये चाक्षुषमनु के समय में तुषितदेव थे वेही इस वर्तमान (वैवस्वत) मनु में अदिति के पुत्र बारह आदित्य हुए जिन के नाम मूल में स्पष्ट हैं और दिति के हिरण्यकश्यप, हिरण्याक्ष नाम के दो पुत्र और सिंही नामक एक पुत्री पापं की घर पैदा हुई ॥ १७ ॥ १८ ॥ जिस सिंही ने विप्रचित्ति नामक दैत्य से विवाह करके राहु नामक पुत्र जना जिस को ग्रह कहते हैं ॥ १६ ॥ ४ हिरण्यकश्यप के चार पुत्र हुए जिन के नाम मूल में स्पष्ट हैं इन में चौथा अनुल्हाद तो विरक्त हुआ और प्रल्हाद मुख्य हरि भक्त हुआ जिस को दुष्ट पिता ने ५ अग्नि में ॥ २० ॥ ६ सर्पों से ७ पर्वत से (जिस पर्वत से गिरनेवाले को बीच में कोई आधार नहीं मिलै उस को भृगु कहते हैं और लौकिक में उस का नाम किराय प्रसिद्ध है) ॥ २१ ॥ ८ बालक ९ किसी उपाय से नहीं मरा·

भो अनल[1] जल रु जल ग्राव अंग,हुव सस्त्र बिफलअहि दंतभंग॥ २२॥
भृगुसौं[2] गिरंत बढि भूमि उद्ध[3], झेलि रु अधअंन्यौं[4] सु[5] सिसुद्ध[6] ।
मऽकुन[7] हुव दिग्गज रदतुराय,कृत्याहु बिफल हुवभयनिकाय ॥ ३॥
संसोखन बात रु गेरल दत्त,संबर माया जुत हुव असत्त ।
जनकहि इम लग्गो हनन याहि,हरि तबहि प्रकट हुव भक्त चाहि।२४
बर दिय तँहँ मंगिय भक्ति तासें[11],अरु स्वीय जनकें[12] कृत पापनास॥
दै दुवहि२पिहितैं[13] हुव जगनिकाय[14],प्रल्हाद लग्यो पितु चरन आय।२५।
पुनि व्है नृसिंह जब हनिय दुष्ट, प्रल्हाद लयो तब राज्य पुष्ट ॥
यह चरित सुनैं मिटि तास ताप,व्है नष्ट अंहोनिस रचित पाप ॥२६॥
प्रल्हाद बिरोचन २ पुत्र पाय, दै ताहि राज्य गो[16] हरिनिकाय[17] ॥
येक्षै सुत दानी बलि३नरेस,जिहिं लहि हरि जाचक दिय असेस॥२७॥
बिंध्यावलिमैं[20] बलिसौं प्रबीर, सत१००हुव बाणादिक समरधीर ॥
बानासुरकै सुत बहु बलिष्ठ, चंडासि[21] हनैं दुव२पापनिष्ठ[22] ॥ २८ ॥
प्रल्हादकेहि कुलमाँहिं धुंत्त[23], प्रकटे निवातकवच हु बहुत्त ॥
संल्हाद पुत्र सुनिये प्रबीन, सिबि१बाष्कल२आयुष्मान ३तीन ॥२९॥
अनुल्हाद १ ल्हाद २ के कुल अनेक, अैसैंहि बढे बहु बीर टेक ॥

अग्नि जल रूप हो गया और जल पत्थर समान होगया ॥ २२ ॥ २ पर्वत से ३ ऊपर को ४ नीचे ५ सो (उस) ६ शुद्ध बालक को ७ हाथी दांत तुड़ाकर मुकना होगया और दैत्यराज के पुरोहितों ने प्रल्हाद को मारने के अर्थ भय का घर ऐसी कृत्या उत्पन्न की थी सो ॰ विफल होगई ॥ २३ ॥ सम्बरासुर की ब॰ाई हुई अनेक भांति की माया के साथ प्राण शोषण करनेवाला पवन चलाया, जहेर दिलाया, सो सभी मिथ्या होगये और जब पिता (हिरण्यकश्यप) ही प्रल्हाद को मारनेलगा तब विष्णु प्रकट हुए ॥ २४ ॥ ११ उस (प्रल्हाद) ने १२ अपने पिता के किये हुए १३ अन्तर्धान १४ संसार के घर ॥ २५ ॥ १५ दिन रात्रि के ॥२६॥ १६गया १७विष्णु के स्थान में १८प्रल्हाद के पुत्र इस विरोचन के दानी पुत्र राजा बलि हुआ जिस ने विष्णु जैसे याचना करनेवाले पाकर संम्पूर्ण(तीनों लोक) देदिये ॥२७॥२० विन्ध्यावलि नामक स्त्री मेंहुवाण ने मारे २२पाप की निष्ठावाले धूम्रकेतु और जम्भासुर इन दोनोंको ॥२८॥ [23]धूर्त॥२९॥

प्रकटे हिरंगयहगकै छ६पुत्त, भर्भ्भरि१रु भूतसंतापर२धुत्त ॥३०॥
सकुनि३महाबाहु४रु कालनाभ५,त्यौं अपर महानाभ६हु दुराभ ॥
द३नुके अब आत्मज बिप्रचित्ति१,जिहिंलिय अनेक रन सुरनं जित्ति३१
संकुर २ रु द्विमूर्द्धा३कपिल४रुष्ट,रु अयोमुख५संकुसिरा६हु दुष्ट ॥
तारक७संबर८सुर हृदयपक्कं,स्वर्भानु९पुलोमा१०एकबक्त्र११॥३ ॥
तैसैं वृषपर्वा १२ देवद्रोहि, हुव नृप ययातिको स्वसुर सोहि ॥
इत्यादि असुर दनुसुत बहुत्त, अब बिप्रचित्ति सिंहीज पुत्त ॥ ३३ ॥
वातापि१जंभ२इल्वगा३रु सल्य४,व्यंस५रु मृग६नमुचि७हु इंद्रसल्य।
खल अजक८नरक९पुनि कालनाभ१०, अरु राहु११बकयोधी१२अगाभ
गंधर्ब अरिष्टाकै अदर्प, सुरसाकै खेचर सहँस १०० सर्प ॥
सुरभीकै गोगन१महिख२व्रात,बिनतासन अरुगा१रु गरुड२भ्रात३५
ताम्राकै तनया छ६हव भूप, स्येनी १ सुकी २ रु भासी ३ अनूप ॥
सुग्रीवी४गिद्धी५सुचि६समेत,इनके हु सर्ग हुव क्रम उपेत ॥ ३६ ॥
　　द्विय त्रितय ३ सेन १ सुक २ भास ३ खोलि,
　　सुग्रीवी ४ कै हय १ खर २ रु भोलि ३ ॥
गिद्धी५कैगिद्ध१रु सुचि६ज सर्ग,बारिचर बिहग१अरु घूक बर्ग।३७
रु इडा तृन१बीरुध२बल्लि३रुक्ख४,जनि एहि तज्यो अनपत्य दुक्ख॥

१हिरण्याक्ष के २खोटी कांतिवाला ३अब दनु के पुत्रोंको कहते हैं ४देवताओं को ५देवताओं के हृदय को पकानेवाला ॥३२॥ अब विप्रचित्ति से सिंही नामक स्त्री में पुत्र हुए जिन को कहते हैं जिन के नाम मूल में स्पष्ट हैं॥३३॥ ६पर्वत के समान छविवाले ॥३४॥ कश्यप से अरिष्टा नामक स्त्री में घमंड रहित गन्धर्व उत्पन्न हुए और सुरसा नामक स्त्री में आकाश में विचरनेवाले हजारों सर्प हुए। सुरभी नामक स्त्री मे गौओं भैंसियों के समूह, और विनता नामक स्त्री में अरुण और गरुड ये दो भाई उत्पन्न हुए ॥३५॥ हे राजा रामसिंह! कश्यप से ताम्रा नामक स्त्री में छः कन्या हुईं जिन के नीचे लिखे क्रम के अनुसार सृष्टि हुई ॥३६॥ सेनी के सेनपक्षी, सुकी के सुक (सूवे) और भासी नामक स्त्री के भास (पक्षिविशेष) हुए, सुग्रीवी नामक स्त्री के घोड़े, गधे और ऊंट हुए इसी प्रकार गिद्धी के गीध, और शुचि नामक स्त्री के जलचर पक्षी और घूक (उलूक) ॥ ३७ ॥ कश्यप से इडा नामक स्त्री ने तृण, बोभा, (पसरी हुई बेलि) लता और वृक्ष,

हुव क्रोधवसाकै बिबिध बार,जलथलके सब पल खानहार॥३८॥
कद्रू अनंत१मुख जनिय नाग,मुनिकै अच्छरिगन रमन राग ॥
गंधर्ब बहुरि याकै हु पुत्त,गोपति१सुपर्ण२धृतराष्ट्र३जुत्त ॥ ३९ ॥
कलि४बरुन५चित्ररथ६भीमसेन ७,नारद८सुनेत्र९तिम उग्रसेन *॥
सालिसिरा११प्रयुत१२रु अर्कपर्ण१३,पर्जन्य१४सूर्यबर्चा१५सुबर्ण॥४०
जु कह्यो सुनेत्र९सुहि सत्यबाक९,अरु भीम१६जु गायननिपुन नाक॥
प्राधाकै तीन३प्रकार सर्ग,देवी१अच्छरि२गंधर्ब३बर्ग ॥ ४१ ॥
क्रमतैं अनवद्या१अनुवसा२रु,असुरा३प्रिया४रु भासी५हु चारु ।
सुभगा६रु अनूपा७मार्गणा८हु,यह प्रथम१सर्ग प्राधेय साहु ॥ ४२ ॥
अच्छरि अलंबुसा१मिश्रकेसि२,बिद्युत्पर्णा३अरुणा४सुबेसि ॥
रंभा५तिलोत्तमा६रक्षिता७हु,सरजा८सुरता९केसिनि१०सुबाहु ।४३।
तैसैंहि सुप्रिया१२इम बहुत्त,हुव अच्छर सागुनरूपजुत्त ।
बिश्वाबसु१हाहा२भानु३पूर्ण४,हूहू५तिम तुंबुरु६गानघूर्ण ॥ ४४ ॥
पूर्णायु७ब्रह्मचारी८रु सिद्ध९,बर्ही१०सुपर्ण११रतिगुण१२हु इद्ध ।
अतिबाहु१३सुचन्द्रा१४ऽऽदिक अनेक,गंधर्व भये हे बरबिबेक॥४५॥
रु अरिष्टनेमि सन चउन४माँहिँ,सुत अष्ट१६दच्छ दौहित्र आँहिँ ।
दुव२दच्छसुता बहुपुत्र नारि,तिन्हमाँहिँ भई तडिता हि च्यारि४ ।४६।

जन कर सन्तान न होने [बांझपन] का दुःख तजा, क्रोधवशा नामक स्त्री के मांस खानेवाले जलचर और थलचर नाना प्रकार के बालक हुए ॥ ३८ ॥ कद्रू ने शेष को आदि लेकर सर्प जने और मुनि नामक स्त्री से रमण में प्रीति रखनेवाली अप्सरायें हुई और फिर इसी के गन्धर्व पुत्र हुए जिन के नाम मूल में स्पष्ट हैं नवमे स्थान पर जो सुनेत्र कहा उसीका दूसरा नाम सत्यवाक् है, ये सोलह गन्धर्व स्वर्ग की गानविद्या में निपुण हुए । प्राधा नामक स्त्री के तीन प्रकार की सन्तान हुई जिनमें प्रथम देवियों में अनवद्या को आदि लेकर आठ और अप्सराओंमें अलम्बुषा को आदि लेकर रूप और गुण के साथ बहुत हुईं और गन्धर्वों में विश्वावसु को आदि लेकर हे श्रेष्ठज्ञानवाले रामसिंह अनेक गन्धर्व हुए ॥ ४१ ॥ ४२ ॥ ४३ ॥ ४४ ॥ ४५ ॥ दक्षप्रजापति ने अपनी चार पुत्रियां अरिष्टनेमि को दी थीं जिनमें अरिष्टनेमि से दक्ष के सोलह दौहित्र हुए और दो पुत्रियां बहुपुत्र को दी थीं जिनमें चार विद्युत् (बिजुलियां] हुईं । ४६ ।

---

* मसेन प्रसेन अन्त्यानुप्रास

इक कपिल१चंडमारुत निदान,अरु अरुन१करैं आतप उफान॥
दुरभिच्छ करैं तीजी सु स्याम३,पीता४सु चतुर्थी वृष्टिकाम॥४७॥
दुव२अंगिराहिं दीनी जु दच्छ,उनमाँहिं ऋचा हुव पूज्य अच्छ ॥
दुव२पुत्रि कृसाश्वहिं दच्छ दीन,सुर सस्त्र जने तिन हे प्रबीन ।४८।
कस्यपकै इतरहु बहुत नारि,दिय बिबिध सर्ग तिन हू बिथारि ॥
बैश्वानरतनया दुव२तथाहि,काली१रु पुलोमा२लिन्न व्याहि ॥४९ ॥
तहँ कालखंज१पौलोम२बार,कस्यप सुत आसुर खछ६०हजार ६०००
दिति गर्भ कट्टि इक१मरुतवान,किय देव मरुतगन तान४९मान५०।
इक१सिंहिका १हु कस्यप कलत्र,तम आदि असुर हुव च्यारि४तत्र॥
तम१चंद्रप्रमर्दन२अरु सुचंद्र३,रु चउत्थ४चन्द्रहंता४अतंद्र॥ ५१ ॥
यौंही दनायु३तँहँ च्यारि४बीर, बिह्वर१लव२वृत्र३रु बीर४धीर ॥
काला४कै चउ४कालेय पुत्त,जे असुर बिनासन१क्रोध२जुत्त ॥५२॥
तैसैंहि क्रोधहंता३तृतीय, पुनि क्रोधसत्रु४घन कपट हीय ॥
कपिला६बिच ब्राह्मण१अमृत२गाय३,गंधर्व४कतिकअच्छरि५सुभाय
जाये मृगी७हु मृगसर्ग केक, बलि सुनहु इतर अबिरत बिबेक ॥

जिनमें एक तो नीले, पीले मिश्रित रंगवाली है जो प्रचंड पवन पैदा करती है, और दूसरी लाल है सो ताप करती है, तीसरी काले रंगवाली दुर्भिक्ष करती है और चौथी पीले रंगवाली बर्षा करती है ॥ ४७ ॥ दक्ष ने अपनी दो पुत्रियां अंगिरा को दीं उनमें वेद के पचीस २५ ऋचाओं की अधिष्ठात्री उत्तम और पूज्य देवता हुई । दक्ष ने दो पुत्रियां कृशाश्व को दीं जिनने हे प्रवीण राजा रामसिंह ! सुरशस्त्र (देवप्रहरण नामक पुत्र) जने ॥ ४८ ॥ और भी नाना प्रकार की सृष्टि इसी प्रकार वैश्वानर की काली और पुलोमा नाम की दो कन्या कश्यप ने बिवाही ॥ ४९ ॥ जिन काली और पुलोमा के बालक कश्यप के पुत्र कालखंज और पौलोम नामवाले साठहजार असुर हुए और दिति ने मरुत्वान् नामक अपने एक गर्भ को काट कर मरुतगण नाम के उनपचास देवता उत्पन्न किये ॥ ५० ॥ १ स्त्री २ आलस्यरहित ॥ ५१ ॥ ३ दनायु नामक स्त्री ने ४ काला नामक स्त्री के ॥ ५२ ॥ ५ हृदय में घने कपटवाले चार पुत्र हुए ६ कपिल नामक स्त्री में ॥ ५३ ॥ ७ मृगी नामक स्त्री ने ८ मृगों की सृष्टि ९ पुनि १० और ११ [illegible] १२ विवेकवाली क्रूरी महामन्दा नामक स्त्री

मृगमंदा६रिच्छ१रु चमर२जाय,हुव मुदितहरि७हु हय१पुत्र पाय।५४।
बानर२गोपुछ३हु त्यौंहिं तास, भद्रमना८त्यौं तस इक्क१आस ॥
सु इरावानक१अभिधान जुत्त,ऐरावत२बारन जास उत्त ॥ ५५ ॥
सार्दूली९के उर सिंह१जात, बलि ताकै द्वीपी२ब्याघ्र३ब्रात ॥
मातंगी१०उर गज और जूंह,श्वेता११संतति दिग्गज समूह ॥ ५६ ॥
दूजी२ हु इक्क१सुरसा१२हि ताम,हुव पंच५सुता सुनिये ऽब नाम॥
रोहिनिका१भद्रा२बिमलिका३रु,गंधर्बिका४रु अनला५हु चारु।५७।
रोहिनिकैं गोगन प्राप्तपूंज,त्यौं हय गंधर्वीकै तनूज ॥
तरुजाति पिंडफल नाम तत्थ,अनलाकै उपजे सप्त७सत्थ ॥ ५८ ॥
इतर हु दानव दनुके अपत्य,सुनिये जे उद्धत इष्ट हत्य ॥
असिलोमा१केसी२नामधेय,दुर्जय३अयस्सिरा४पापप्रेय ॥ ५९॥
अस्वपति५गगनमूर्द्धा६ रुअस्व७,कपट८कुपट९अश्वसिरा१०अघस्व।
सरभ११अयस्संकु१२रु बेगवान१३,सुच्छम१४तुहुंड१५पुनिकेतुमान॥
अश्वग्रीव१७रुइपुपात१८जानि,पुनि सलभ१९बिरूपाक्ष२०हु प्रमानि।

रु निकुंभ२१महोदर२२तिमहि चन्द्र२३,

मृतपा२४सठ२५सूर्य२६तथाहि चन्द्र*२७ ॥ ६१ ॥

रीछ और चमरी (सुरागाय) जनकर आनन्दित हुई और हरि नामक स्त्री ने घोड़ा जना॥५४॥ इसी प्रकार उसी हरिनामक स्त्री के बानर और गोपुच्छ (लंगूर) हुए भद्रमना के इरावान्नामवाला एक पुत्र हुआ जिसके ऐरावत नाम हाथी हुआ सार्दूली के उर से सिंह, चीता और ब्याघ्र के समूह हुए, मातंगी के उर से हाथी और जूंह,श्वेता के उर से दिशाओं के हाथियों का समूह हुआ ॥ ५६ ॥ तहां एक अन्य सुरसा नामवाली बारहवीं स्त्री थी जिस के पांच पुत्रियां हुई जिन के नाम अब सुनो ॥ ५७ ॥ इन में रोहिणी के पूज्य गौवों का गण प्राप्त हुआ और चौथी गन्धर्वी के घोड़े हुए और ७ वृक्ष (पिंड अर्थात् दाब टहनी से लगनेवाले और फल अर्थात् बीज से लगनेवाले सात प्रकार के वृक्ष अनला के हुए) ॥ ५८ ॥ और भी दनु के पुत्र दानव बडे उद्धत और इष्ट को नाश करनेवाले हुए जिन के नाम सुनो, १२ नामवाला १३ पाप ही है प्यारा जिस के ॥ ५९ ॥ १४ पाप ही है अपना जिस के ॥ ६० ॥ १५ अरु

---

* निचन्द्र हिचंद्र अन्त्यानुप्रास.

एकाक्ष२८प्रलंब२९हु पापनिष्ट[1], रुदनायु३०दीर्घजिभ३०रु गरिष्ठ३१
बिनताकै[2] अपर हु च्यारि४बाल,ते ताक्ष्र्य१अरुण२बारुण३बिसाल
चौथो अरिष्टनेमि४हु कहंत,ए सब सुपर्णसंज्ञा लहंत।
काकी१हु इक कस्यप कलत्र,हुव कांक१रु घूक२हु सर्ग तत्र॥६३॥
धृतराष्ट्री२मैं कलहंस१हंस२,भद्रा३हु माँहि सुक१कोक२वंस॥
कुंभ१रु निकुंभ२प्रल्हादकैहु,सिबि१बाष्कल२अनुल्हादक तनैहु॥
गरुडाग्रजकै स्येनी कलत्र,संपाति१जटायुव२तनय तत्र॥
इहिं किरनमाँहिं तार्तीय३अंस,वरन्यौं श्रीभारत उक्तबंस॥६४॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणे प्रथम१राशौ विद्यमानकल्पसर्जनान्तराऽवसर्यप्राचेतसदक्षदौहित्रसुराऽसुरादिसूचनमेकोनविंशो१९ मयूखः॥१९॥

प्रायोव्रजदेशीयप्राकृता मिश्रितभाषा॥

दोहा

स्वायंभुव१मनुकै कह्यो, तनय प्रियव्रत२नाम।

---

१ पाप की निष्ठावाला २ विनता नामक स्त्री के और भी चार बालक हुए ये सब पक्षियों की संज्ञा (नाम) वाले हैं और कश्यप के एक काकी नामक स्त्री भी थी जिस के काकों (कागलों) घूकों (उलूकों) की सृष्टि हुई॥ ६३॥ धृतराष्ट्री नामक स्त्री के कलहंस और हंस हुए और भद्रा नामक स्त्री के सूवे और चकवे हुए। प्रल्हाद के भी कुंभ और निकुंभ नामक पुत्र और अनुल्हाद के शिवि और बाष्कल हुए॥ ६४॥ गरुड़ के बड़े भाई (अरुण) के सेनी नाम की स्त्री में सम्पाति और जटायु नामक पुत्र हुये। इस मयूख में तीसरा अंश महाभारत की कथा से वर्णन कियागया है अर्थात् इस सृष्टि के क्रम में दो तृतीयांश तो विष्णुपुराण के मत से और अन्तिम एकतृतीयांश महाभारत के मत से वर्णन कियागया है इसी से कहीं कहीं पुनरुक्ति और विरुद्ध दीखता है सो इस में उक्त ग्रन्थों का मत भेद जानना चाहिये॥ ६५॥

श्रीवंशभास्करमहाचम्पूके पूर्वायणके प्रथमराशि में वर्तमानकल्प की रचना के समय में दक्षप्रजापति के दोहिते प्रचेतस, देवता असुर आदि के जताने का उन्नीसवां मयूख समाप्त हुआ॥ १९॥

स्वायंभुव मनु के दो पुत्रों में उत्तानपाद का वंश तो ऊपर कहागया

तास बंस भूभागपति,सुनिये संभेरराम ॥ १ ॥

पादाकुलकम्

कर्द्दमनाम प्रजापति कन्या,धीर बिबाहिलही तिय धन्या ।
समयपाय तिहिं राज्य सम्हार्‌यो,निजभुव प्रति निस कुहर निह र्‌यो।
रचि प्रतिदिन चढि द्विगुन चक्ररथ,रजनि तप्यो रु चल्यो रविके पथ॥
याको रथ इक१ चक्रफिरतभुव,प्रधिसौं खुदि खुदि सिंधु सप्त७हुव॥३॥
समुझि काल१ अरु कर्म मिटत सब,बरज्यो जब गुरुजनन रुक्यो तब

दस १० मित भये प्रियव्रतके सुत,
तहँ आग्नीध्र ३।१ रुअग्निबाहु ३।२ नुत ॥ ४ ॥
बपुष्मान ३।३ द्युतिमान ३।४ प्रमानहु,
जिम मेधा ३।५ मेधातिथि ३।६ जानहु ॥
भव्य ३।७ सवन३।८पुनि पुत्र ३।९ नाम हुव,
सुनिये ज्योतिष्मान ३।१० दसम१०सुव ॥ ५ ॥

अग्निबाहु१मेधा२रु पुत्र३त्रय३,राज्यहिं छोरि भये समाधि लयें ॥

प्रियव्रत का वंश और भूमि का विभाग (?) और उन भूमि के बंटों के स्वामिपन का वर्णन है चहुवान रामसिंह अब सुनो ॥ १ ॥ कर्दम नामक प्रजापति की पुत्री जिस का कन्या नाम था उस को धीर (प्रियव्रत) ने विवाह ली और समय पाकर अपना राज्य सम्हाला उस समय अपनी भूमि पर रात्रि और कुहर (धोंहर) छाया हुआ देखा ॥ २ ॥ तब प्रतिदिन रथ पर चढकर सूर्य से द्विगुण चक्र रचकर अर्थात् सूर्य एक दिन रात्रि में एक चक्कर लगाता है उस के स्थान में प्रियव्रत ने दो चक्कर लगाये इस से रात्रि में भी तपा और सूर्य के मार्ग चला, इस का रथ एक पहिये से भूमि पर फिरा जिस की पूंठी से खुद खुद कर सात समुद्र होगये ॥ ३ ॥ इस से समय को और सब कर्मों को मिटते हुए जान (समय की गणना सूर्य के उदय अस्त से होती है और प्रियव्रत ने प्रतिदिन पृथ्वी के दो चक्कर लगाकर अपने तेज से रात्रि को मिटाकर सदैव प्रकाश करदिया तो काल (समय) की गणना मिटगई) गुरु लोगों ने मना किया तब रुका, इस प्रियव्रत के दश पुत्र हुए ८ स्तुति योग्य ॥४॥ दशवां पुत्र ॥५॥ इन में से अग्निबाहु, मेधा और पुत्र नाम के तीन पुत्र तो राज्य को छोडकर समाधि में लीन होगये, बाकी के सातों को प्रियव्रत

द्वीप सप्त७दिय खिलन प्रियव्रत,सुत जनु अंजु अबांटि महामत ॥६॥
आग्नीध्र१हिं जंबू १यह अप्प्यो,प्लक्ष२राज्य मेधातिथि२थप्प्यो ॥
बपुष्मान३कँहँ सम्मलि३दिन्नौं,कुस४नृप ज्योतिष्मान४नि किन्नौं ।७।
क्रौंच द्वीप५दयो मतिमान५हिं,साकद्वीप६भव्य६अभिधानहिं ॥
सवन७सुताहि पुष्कर७पति ठान्यौं,इम उपरामैं प्रियव्रत आन्यौं ।८।
जंबूपति आग्नीध्र तनय नव९,भये बीर कैलिमल अटवीदव ॥
जे नव९खंड अधीस्वर जानहु,पज्झटिका करि नाम प्रमानहु ।९।

पज्झटिका

जहँ नाभि४।१बहुरि किंपुरुष४।२जानि,
हरिबर्ष ४।३ इलावृत ४।४ पुनि प्रमानि ॥
रम्यक ४।५ रु हिरण्मान ४।६ हु नृपाल,
कुरु४।७पुनि भद्राश्व४।८रु केतुमाल४।९ ॥ १० ॥

इनकौं जंबूके नव९हि भाग,दै भूप गयो बन लहि बिराग ॥
लवणोद हिमालय मध्यदेस१,अप्प्यो नृप नाभि१हिं यह असेस११
अपनौं सुनि भारतखण्ड१ख्यात,जिहिं नाम नाभिखण्ड१हु कहात॥
हिमवान हेमकूटांतरोल२,अप्प्यो किंपुरुष२हिं पुहविपाल ॥१२॥
गिरि हेमकूट सन निषध अंत३, सौंप्यो हरिवर्ष३हिं यह२सुमंत ॥
गिरिनिषधनील विच जो प्रदेस४,जहँ मेरु सुरन आलय बिसेस॥१३॥

ने सात द्वीप बांट दिये ॥ ६ ॥ १ यह जंबूद्वीप दिया २ शाल्मलि द्वीप ॥ ७ ॥ ३ नाम वालों को ४ विरक्तपन ॥ ८ ॥ जंबूद्वीप के पति आग्नीध्र के पाँप रूपी वन को जलानेवाले अग्नि रूप नौ वीर पुत्र हुए उन्हींको जंबूद्वीप के नव खंडों के स्वामि जानो. जिनके नाम आगे के पज्झटिका नामक छन्द में हैं ॥ ९ ॥ १० ॥ इन नव ही पुत्रों को जंबूद्वीप के नौ ही खंड देकर राजा (आग्नीध्र) वैराग्य लेकर वन में गया. खार समुद्र और हिमालय पर्वत के बीच का सम्पूर्ण देश राजा नाभि को दिया ॥ ११ ॥ वही यह अपना भरतखंड प्रसिद्ध है इसी को नाभि खंड भी कहते हैं। हिमवान् और हेमकूट नामक पर्वतों के बीच का देश राजा ने किंपुरुष को दिया ॥ १२ ॥ हेमकूट नामक पर्वत से निषध नामक पर्वत के बीचें का देश उस श्रेष्ठ बुद्धिवाले ने हरिवर्ष को दिया। निषध गिरि और नीलगिरि के बीच का देश जहां पर देवताओं का

चउ४कोनखगड यह पुरायपत्त, आग्नीध्र इलावृत ४कौं सुदत्त ॥
थिरनील ४श्वेतगिरि मध्य थान५,सो दिन्नौं रम्यक५हित सुजान।१४।
गिरि श्वेतशृंगधर मध्यभाग६,सु हिरण्मान६हि दिन्नौं सराग ॥
शृंगी गिरिसौं लवणोद मेयं, सो७खगड दयो कुरु७अर्थ श्रेय।१५।
ए दक्खिन उत्तर खण्ड सत्त७,जेठे सुत सत्त७न लहिय तत्त ॥
इक पूर्व इलावृतसौं प्रदेस८,भद्राश्व८कियउ ताको धरेस ॥ १६ ॥
प्रातीच्य इलावृतसौं जु भाग९,सो केतुमाल९हित दिय सुभाग* ॥
ए खगड सुभगफल भोग इद्ध,पति नाम बजे नव९ही प्रसिद्ध॥१७॥
इहिं नाभिखगड१बिनु अट्ठ८देस,सब भौमस्वर्ग जानहु नरेस ॥
जँहँ सिद्धि निसर्गहिसौं अनेक,न जरा१न मृत्यु२जँहँ बहु बिवेक।१८।
न अधर्म३धर्म४चउ४जुगबिधान५,नहिं, बर्णभेद६सब जँहँ समान॥
हिमगिरिसौं दक्खिनखगड ऐस,यामैं हि जरा भय मुख असेस।१९।
आग्नीध्र भूप सुत नाभि४।१ नाम,धरनीस भयो यँहँ धर्मधाम ॥

घर सुमेरु पर्वत है वह पुण्य प्राप्त होनेवाला चौकोण देश राजा आग्नीध्र ने इलावृत को दिया. और नीलगिरि व श्वेतगिरि के बीच का स्थिर स्थान है वह रम्यक को दिया ॥ १३॥ १४ ॥ श्वेतगिरि और शृंगधर पर्वत के बीच का भाग हिरण्मान को प्रीति सहित दिया। और शृंगीपर्वत से उत्तर खार समुद्र तक है प्रमाण जिस का ऐसा श्रेष्ठ खंड कुरु को दिया ॥ १५ ॥ ये दक्षिण और उत्तर दिशा के सात खंड तो बड़े सात पुत्रों को दिये और इलावृत से पूर्व दिशा का एक देश है उस का राजा भद्राश्व को किया ॥ १६ ॥ इलावृत से पश्चिम दिशा का जो खंड है सो केतुमाल को दिया ये श्रेष्ठ निर्मल फल भोगने वाले खंड नव ही पतियों के नाम से प्रसिद्ध हुए ॥ २७ ॥ इस नाभि (भरतखंड) के विना बाकी के आठों देश हैं जिन को हे राजा रामसिंह भूमि के स्वर्ग जानो जहां पर स्वभाव से ही अनेक सिद्धियां हैं वहां न तो वृद्धावस्था होती है न मृत्यु होती है और बहुत ज्ञान है ॥ १८ ॥ वहां धर्म, अधर्म भी और सत्ययुग आदि चार युग की रचना भी नहीं है और वर्ण भेद भी नहीं सब बराबर हैं, हिमालय पर्वत के दक्षिण दिशा में यह (भारत वर्ष) है जिसी में बुढापे आदि का सब भय है ॥१९॥राजा आग्नीध्र के बड़ा पुत्र नाभि नामक राजा हुआ जिस धर्म धाम के मरु देवी

*जुभाग सुभाग अन्त्यानुप्रास.

रानी मरुदेवी नाभि दार, इनकै तनूज ऋषभावतार५ ॥ २० ॥
सत१००पुत्र ऋषभ नृपकै सधीर,[1]बड्डयर भयो तँहँ भरत६बीर ॥
इनमैं असी रु इक८१बिप्र इंद्द[2], सुत नव९हुव कविमुखं[3] जोगसिद्ध।२१।
दस१०सेंसरहे[4] तिन्ह बंटि देस,करि अस्वमेधमुख मख असेस ॥
पट्टाभिसेकै[5] रचि भरतसीस, गो तपन पुलह आश्रम महीस॥२२॥
तप घोर सह्वि करि खीनकाय,बिनु बस्त्र बदंन[6] बीटाँ[7] बनाय ॥
दुख सुख प्रसन्न श्रीऋषभदेव५,अवधूत लह्यो निज रूप एव॥२३॥
भरत६हु हुव भूपति अद्वितीय,सुत सुमति७भयो ताकै बलीय ॥
दै याहि राज्य बन भरत जाय,किय तप कृस[8] सालग्राम[9] काय।२४।
इक दिवसगयो नदितीर न्हान, तँहँ फंद फस्यो बिधिके[10] बिधान॥
अग्गैं इक ऐंनी[11] पिबत तोयं[12], गज्ज्यो मृगेसं[13] तँहँ ढिगहि होय।२५।
हरिनी सु भजी सुनि मलपि फालं[14],गिरि गर्भ गयो तस ताहिकाल ॥
आन्यौं दयालु मुनिबर उठाय,दै उचित भोग पोख्यो लडाय।२६।
कुलराज्य जदपि छोरे नरेस,मृगपोतं[15] तदपि मन्न्यौं बिसेस ॥
तामाँहिं प्रीति रचि निर्बिबाद[16],स्वसमाधि संग कियलहि प्रमाद[17]।२७।
तनु[18] तजतहु मृगबिच चित्त लाय, ऐंनी उर प्रबिस्यो[19] भरत आय ॥
चर्म्मलि[21] तट पट्टनि[22] प्रांत सेस,अघहर बनजंबूमार्ग एस ॥ २८ ॥
सीमा सु गवरी तीर्थसत्थ,[23]जातिस्मर मृग हुव भरत जत्थ ॥

नामक राणी हुई जिस स्त्री में ऋषभ अवतार पुत्र हुए ॥ २० ॥ १ बड़ा २ निर्मल ३ कवि को आदि देकर ॥२१॥ ४बाकी ५भरत के शिर पर पाट का अभिषेक करके राजा ऋषभ तप करने को पुलह ऋषि के आश्रम में गये ॥ ॥२२॥६ मुख में ७बीटा (डाट)॥२३॥८ शालिग्राम में जाकर तप से शरीर को ९क्षीण किया ॥२४॥ वह भरत तपस्वी एक दिन स्नान करने को नदी के तीर पर गया वहां पर ब्रह्मा की रचना के फन्दे में पड़ा अर्थात् आगे एक ११हरिणी १२पानी पी रही थी १३सिंह ॥२५॥१४छलांग मारकर ॥२६॥१५मृग के बच्चे को १६विवाद रहित १७चित्तविक्षेप (मोह भूल)।२७। १८शरीर छोड़ते समय भी १९हिरणी के पेट में प्रवेश किया २१चांमल नदी के किनारे २२पाटण नामक नगर के पास के देश में पाप के हरने वाले इस जम्बू मार्ग नामक वन में ॥२८॥ हेमहारावराजा रामसिंह तीर्थ के साथ आपकी सीमा में भरत अपनी पूर्व २३जन्म

तजि पूर्बमोह धरि चित्त ध्यान, पुनि सालग्रामहि गो सयान।२९।
सूके तृन पलन तत्थ खाय, मृगदेह तज्यो मन सुद्धि पाय ॥
जोगी द्विजकै तब जन्म लीन, पुनि आत्मबोध[1] पकरयो प्रबीन ।३०।
पठनादि सकल द्विजधर्म छोरि,भो बीर त्रि[2]गुन बाहिर बहोरि ॥
संध्यादिकर्म न करत निहारि,बंधुन कुपात्र कहि दिय बिडारि[3]।३१।
जँडलौं[4] सु अटत द्विज अप्रमत्त,पटु बीरराजके देस पत्त ॥
वह[5] बीरराज मुनि कपिलपास, सुश्रूषु[6] जातहो सांख्य आस।३२।
जडभरत हु छँत्ता पुष्ट जानि,नृपके नृजार्न जोस्यो सु आनि ॥
तेरज्यो नृप मंथरँ चलत ताहि,अध्यात्म दयो द्विज तत्थ याहि ॥ ३३ ॥
[11]ऋभु१ अरु निदाघ२गुरु१ छात्र२रूप,अजसुत१पुलस्त्यसुत२जे अनूप॥
अग्गैं हुव तिनको कहि उदंत,समुझायो नृप भरतहि महंत ॥३४॥
पहुँच्यो न इ[12]च्छुमति सरित तीर,बीचहि इम मोरयो भरत बीर ॥
नृप ऋषभपुत्र इम [13]आत्मनेह,उ[14]द्भव दुव२लै हुव मुक्त एह ॥ ३५ ॥
तस नाम अंस इतको प्रदेस,यह भरतखंड कहियत नरेस ॥
नृप भरत पुत्र हुव सुमति७[15]ख्यात,जाके सुत इंद्रद्युम्न८[16]जात ॥ ३६ ॥

की जाति को याद रखनेवाला मृग हुआ सो पहिले के मोह को छोड़ कर चित्त में ध्यान धर कर वह बुद्धिमान् फिर शालिग्राम में ही गया ॥२९॥ १तत्वज्ञान ॥ ३० ॥ त्रिगुण बाहिर (गुणातीत अर्थात् ब्रह्म ज्ञानी हो गया) ३निकाल दिया ॥ ३१ ॥ जँड (मूर्ख) के समान फिरता हुआ सावधान वह द्विज, बीरराज नामक चतुर राजा के देश में गया. ५ यह वीर कपिल मुनि के पास सांख्य शास्त्र सुनने को जाता था ॥ ३२ ॥ जडभरत को मोटा ताजा जानकर द्वारपाल (छड़ीदार) ने राजा की पालखी में लगा दिया जिसको धीरे चलने के कारण राजा ने धमकाया तहां उस जडभरत ने उस बीरराज को आत्मज्ञान दिया ॥ ३३ ॥ ब्रह्मा के पुत्र ऋभु ने गुरु होकर पुलस्त्य के पुत्र निदाघ को शिष्य बनाकर ब्रह्मज्ञान दिया था जिसकी कथा विष्णुपुराण के द्वितीय अंश के पन्द्रहवें और सौलहवें अध्याय में सविस्तर है॥३४॥इच्छुमती नदी के तीर पर कपिल मुनि के पास नहीं पहुंचा और उस बीर भरत ने उस राजा को बीच से ही पीछा मोड़ दिया, इस प्रकार राजा ऋषभदेव का पुत्र(भरत)आत्मा के स्नेह से दो जन्म लेकर मुक्त हुआ।३५।१५प्रसिद्ध१६हुआ

परमेष्ठी९तसु प्रतिहार१०तास,तस पुत्र११तास उद्गीथ१२आसे॥
ताकै प्रस्ताव१३रु पृथु१४तदीय,तस नक्त१५तास सुत गय१६गैरीय
नर१७तास बिरोहित१८तास जानि,पुनि तास महाबीर्य१९सु प्रमानि
श्रीमान२०तास ताकै महांत२१,तस गोमन२२त्वष्टा२३तास कांते३८
त्वष्टाकै बिरज२४रु रज२५तदीय,ताकै सुत सतजित२६हुव बलीय
सतजितकै आत्मजं सत१००सयान,विष्वग्ज्योति२७सु तिनमें प्रधान
पहिले मन्वंतर यहहि बंस, अवनीस रह्यो इतरनवतंसँ ॥
स्वारोचिष आदिक मनुन काल,उत्तानपाद कुल भूमिपाल ॥४०॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणे प्रथम१राशौ विद्यमानविशदवराहकल्पसर्गान्तर्भूतपूर्वमनुस्वायम्भुवप्रियव्रतवंशवर्णनंविंशो२०मयूखः ॥ २० ॥

प्रायोव्रजदेशीयप्राकृता मिश्रितभाषा ॥

पज्झटिका

इम द्रुहिन रचिय नरसर्ग एस,अरु रचिय नष्टलोकहु असेस ॥
नैमित्तिकें लयमैं च्यारि४लोक,आये न सत्यलोकादि ओकें ॥ १ ॥

हरिगीतम्

इक१कोटि सरबसु८५लक्ख१८५०००००जोजन हेट्ठे अंडकटाहसौं,
तहँ सत्यलोक१सु कोटि बारह१२००००००मेयँ जोजन राहसौं॥

१ह आ२उसके३भारी॥३७॥ ४प्यारा॥३८॥५पुत्र ६ बड़ा ॥३९॥ पहिले (चाक्षुष) मन्वन्तर में यही वंश और राजाओं का मुकुट होकर रहा और स्वारोचिष आदि क मन्वन्तरों के समय में उत्तानपाद का कुल भूमि को पालनेवाला रहा॥४०॥

श्री वंशभास्कर महाचम्पू के प्रथमराशि में वर्त्तमान श्वेत वाराह कल्प की सृष्टि रचना के भीतर प्रथम मनु स्वायंभुव में प्रियव्रत के वंश वर्णन का बीसवां मयूख समाप्त हुआ ॥ २० ॥

इस प्रकार ब्रह्मा ने यह मनुष्य सृष्टि रची और दृष्टि में नहीं आनेवाले सम्पूर्ण लोक भी रचे तिन में सत्यलोक को आदि लेकर चार लोकों के स्थानें नैमित्तिकें (ब्रह्मा के शयन करने पर होने वाले) प्रलय में नहीं आये ॥ १ ॥
१२ नीचे का अंडकटाह १३ प्रमाण का

रत आत्मबोध बहोरि जन्म न लैनहार जहाँ रहैं,
मद१काम२क्रोध३न दर्प४मोह५न लोभ६ठाम जहाँ लहैं ॥ २ ॥
ताकै तरैं तपलोक२जोजन अष्टकोटि८००००००००सु जानिये,
बैराज नामक देव आदिन तत्थ बास बखानिये ॥
ताकै तरैं जनलोक३जो दुव कोटि२००००००००जोजन मानें है,
सु सनंदनादिक ब्रह्मपुत्रन बासकौं थिर थान है ॥ ३ ॥
महराख्य लोक४सु ताहुसौं तर कोटि१००००००००जोजन धारिये
भृगु आदि जे मुनिराज तत्थ निवास निष्ठ बिचारिये ॥
तर स्वर्गलोक५रच्यो चउद्दह लक्ख१४००००००जोजन मानसौं,
ध्रुव उच्च ह्वाँ ऋषि सप्त७२ए कछु हेठ है तैस थानसौं ॥ ४ ॥
इनके तरैं इक्क लक्ख १०००००जोजन सौरि३मंडल थप्पयो,
सनिके तरैं दुव लक्ख२०००००जोजन थान गीष्पति४को ठयो॥
सुरके पुरोहितके तरैं दुव लक्ख२०००००जोजन आर५है,
अरु आरसौं दव लक्ख२०००००जोजन हेठ सुक्र६उदार है ॥ ५ ॥
दुव लक्ख२०००००जोजन सुक्रसौं तर चन्द्रको सुत७ह्वाँ बसैं,
दुव लक्ख२०००००जोजनपैं भपंजर८चन्द्रके सुतसौं लसैं ।
नच्छत्र मंडलके तरैं दुव लक्ख२०००००जोजन है ससी९,
इक लक्ख१०००००जोजन तातरैं छबि भानु१०मंडलकी लसी ।६।
यह यौं चउद्दह लक्ख१४०००००जोजन स्वर्गलोक५बनायकैं,
सुर१अच्छरी२पुनि देवगायन३तत्थ तप्पिय चायकैं ।
मयु४सिद्ध५चारन६जच्छ७गुह्यक८आदि तैंत्थहि ए रहैं,
करि अप्प अप्पन उच्च नीच निवास भोगनकौं लहैं ॥ ७ ॥

---

१ तत्वज्ञान में रत २ प्रमाणवाला ३ धर्म में श्रद्धा रखनेवाले ४ प्रमाण से ५ उस स्थान से ध्रुव तो ऊपर है और सप्त ऋषि कुछ नीचे हैं॥४॥ ६ शनैश्चर का मण्डल ७ बृहस्पति का स्थान रक्खा ८ मंगल ॥५॥ ९ बुध १० नक्षत्र चक्र ११ चन्द्रमा ॥ ६ ॥ इस प्रकार चौदह लाख जोजन का स्वर्गलोक बनाकर देवता, अप्सरा और गन्धर्व वहां रक्खे और किन्नर १२ यक्ष १३ उसी स्वर्गमें ॥ ७ ॥

रविसौं तरैं भुवलौं रच्यो भुवराख्य[1] लोक६निहारिये,
इक लक्ख[2]०००००जोजन उछ्रयी यह धाम धीधन[3] धारिये।
खर्ग१भूत२डाकिनि[5]३साँकिनी४रु पिसाच५आसिर[6]६खेचरी७,
बेताल[7]८भैरव[12]९जोगिनी[13]१०इनकी इहाँ अवली[14] भरी ॥ ८ ॥
अज[15] द्वीप सप्त७उपेत[16] त्यौं यह भूमिलोक७हु निर्मयो,[17]
गिरि मेरु जोजन लक्ख१०००००लंब सु रोपि अंतरमैं दयो।
भुवमाँहि सोलह लक्ख१६००००जोजन सेस उप्पर जो रयो,
यह भर्म[18] पर्वत भूत्रिविष्टप[19] भौन देवनको कयो ॥ ९ ॥
प्रभु[20] व्यास तासु हजार सोलह १६०००मूल मान प्रमानिये,
जिमही बतीस हजार३२०००जोजन मत्थ आयत[22] जानिये।
बिच मेरु मस्तकपैं बिरंचिन[23]नैं रची अपनी पुरी,
परिणाह[24] इंद्र१४हजार १४०००जोजन जू[25] जास मिती जुरी॥१०॥
तँहँ लोकपालनकेहु पासन अष्ट८धाँ[26] पुर निर्मये,
भव इंद आदिक तत्थहू इक रूपसौं बसते भये॥

१भुवर् है नाम जिसका (भुवर्लोक) २ ऊंचा ३ बुद्धि ही है धन जिसके ऐसा पंडित हे रामसिंह! ४ देव (मार्गण) ५ देव योनि विशेष ६ कालीगण (देवी विशेष) ७ देवी की दासी विशेष ८ देवयोनि विशेष ९ राक्षस १० विद्याधरों की स्त्रियां और विद्याधर ११ शिवगण विशेष (शिव के द्वारपाल) १२ रुद्र विशेष १३ देवी विशेष जो संख्या में ६४ हैं. १४ इनकी वहां पर पंक्तियां भरी हुई हैं ॥ ८ ॥ ब्रह्मा ने सात द्वीपों सहित इस सातवें भूमि लोक को बनाया जिसके बीच में सुमेरु पर्वत लाख जोजन (चार लाख कोस) लम्बा रक्खा जिस में सौलह हजार जोजन तो भूमि के भीतर और बाकी ऊपर को रहा. इहां पर मूल में सौलह लाख योजन भूमि में लिखा सो पाठान्तर से अशुद्ध मालूम होता है इस कारण से हमने यहां विष्णुपुराण के दूसरे अंश के दूसरे अध्याय के अनुसार लिख दिया है.यह सोने का पर्वत जो भूमि का स्वर्ग है देवताओं का घर हुआ ॥ ९ ॥ हे स्वामि रामसिंह उस सुमेरु के मूल का विस्तार सौलह हजार योजन प्रमाण; और इसी प्रकार बत्तीस हजार जोजन चौड़ा मस्तक जानो. उस मेरु के मस्तक के बीच में ब्रह्मा ने अपनी पुरी रची जिसका विस्तार चौदह हजार जोजन का है इसमें इस प्रमाण से समूह जुड़ा ॥ १० ॥ इस पुरी से आठों ही ओर

अंगुष्ठसौं किय बिष्णु बामन बिद्ध अगडकटाहकौं,
तँहँ होय बाहिरको धस्यो छल दाहिबे भवदाहकौं ॥ ११ ॥
कहिये अमर्त्यन आपगा करि लोकपावन उद्ध जो,
बिधि दुर्ग चत्वरमैं परैं सुरसैलकैं सिर सुद्ध जो ॥
करि मेरुसौं चउ४रूप जो दिस च्यारि४मैं चलती लसैं,
जलजंत्रलौं झिलि वर्ष अद्रिनपैं रु अर्णवमैं धसैं ॥ १२ ॥
झिलि गंधमादन पूर्व१घाँ भद्राश्वमैं सीता२बहैं,
निषधादि त्रय३झिलि अलकनंदा२दोख दक्खिन२के दहैं ॥
इत३माल्यवानहिं लंघि चच्छुं३सु केतुमालहिं उद्धरैं,
भद्रा४सु उत्तर५नीलश्वेतहिं लंघि शृंगियतैं ढरैं ॥ १३ ॥
भुव मध्यमैं यह भर्म भूधर यौं बिरंचनैं घरयो,
लगि मेरुकैं चउ४कोद ठंभ चतुष्क अद्रिनको धरयो ॥
तँहँ पुब्ब१मंदर२नाम पब्बय छीरसागर मंथ जो,
गिरि दूसरो इक गंधमादन२थंभदक्खिन२पंथ जो ॥ १४ ॥
बिपुलाख्य३पच्छिम३भाग ओट सु मेरुके नग निर्मयो,

को लोकपालों के पुर बनाये जहां शिव इन्द्र आदिक सभी एक रूप से बसे जब विष्णु के अवतार बामन ने अपने अंगूठे से अंड कटाह को फोड़ा वहां होकर संसार के पापों को जलाने के लिये जल बाहर को घुसा उसको देवनदी कहते हैं जिस ने लोक को पवित्र किया जो ब्रह्मा के पुर के चौक में होकर देवताओं के पर्वत (सुमेरु) के मस्तक पर पड़ती है। वह देवनदी सुमेरु से चारों धारा करके फुहारे के समान चलती हुई शोभायमान भारतवर्ष के पर्वतों पर झिलकर समुद्र में घुसती है ॥ १२ ॥ इन में से सीता नामक नदी गन्धमादन पर्वत पर झिलकर भद्राश्व (इलावृत) खंड में पूर्वदिशा को बहती है और निषध आदि तीन पर्वतों पर झिलकर अलकनन्दा नदी दक्षिण देश के पापों को जलाती है। इधर चंचु नाम नदी माल्यवान पर्वत को लांघकर केतुमाल नामक पश्चिम खंड का उद्धार करती है और भद्रा नामक नदी उत्तर दिशा के नील और श्वेतगिरि को लाँघकर ढलती (बहती) है ॥ १३ ॥ भूमि के बीच में यह सोने का पर्वत ब्रह्मा ने इस प्रकार घड़ा, मेरु के चारों दिशा में ठामने के लिये चार पर्वतों को धरे, वहां पूर्व में मंदराचल जिस से क्षीर सागर मथागया और दूसरा गन्धमादन पर्वत दक्षिण की ओर का थंभा हुआ ॥ १४ ॥ विपुल नामक

अरु उत्तर४दिस अद्रिराज सुपार्श्व४ओटकनाँ दयो ॥
समतुंग पंक्ति१०हजार१००००जोजन मेरु थंभन च्यारि४जे,
क्रमतैं कदंब१रु जंबु२पिप्पल३त्यौं रहे बट४धारि जे ॥ १५॥
चउ४रुक्ख लंब हजार जोजन इकसे जुत११००जे रचे,
जिनतैंइलावृत खण्डमैं सुख स्वर्गतैं मँहँगे मचे ॥
इनके बडे फल पक्किकैं झरि छ्वैकैं सुभगा छिती,
सत अठ्ठ८००ओ इकसठ्ठि६१ह्वै जिनकी अरत्निसौं मिती ॥ १६ ॥
दिस पुब्ब१मैं मधु धार पंच५कदंब१कोटरतैं चलैं,
अरु जंबु२के रसकी नदी फल फुट्टि दक्खिन त्यौं हलैं ॥
जांबूनदाख्य सुवर्ण जो रस मृत्तिका छुवतैं बनैं,
यह द्वीप जंबुव१नामहू जिहिं अंकसौं जगमैं भनैं ॥ १७ ॥
सुरनारि हाटक सोहि लै बहुभंति भूखन ह्वाँ रचैं,
रस पानसौं हु जरा१कुगंध२हृषीक हानिन३तैं बचैं ॥
इम बोधि३सौं बट४सौं हु पच्छिम१और उत्तर४ओरलौं,

पर्वत पश्चिम के भाग की आड बनाया गया और उत्तर दिशा में पर्वतराज (सुमेरु) के सुपार्श्व नामक पर्वत का ओटकना (रोकनेवाला पदार्थ) दिया. मेरु के ये चारों खंभे ऊँचाई में बराबर और पंक्ति में दश हजार जोजन हैं ये पर्वत क्रम से कदम्ब, जम्बू, पीपल और बड़ के वृक्षों को धारण करते हैं॥१५॥ ये चारों वृक्ष ग्यारह सौ योजन लंबे रचे जिस से इलावृत खंड में स्वर्ग से भी मँहँगे सुख मचे। इन के बडे फल पककर झरते हैं जो भूमि को स्पर्श करके सौभाग्यवाली करते हैं उन फलों का प्रमाण आठ सौ इकसठ अरत्नि का है (चिटी कानिष्ठिका अंगुली के मस्तक से लेकर कोनी तक के हाथ को अरत्नि कहते हैं) अर्थात् बिना मोड़ दिये सीधे हाथों से आठ सौ इकसठ हाथ का फल का प्रमाण है॥ १६ ॥ पूर्वदिशा में कदम्ब के कोटर से सहत की पांच धारा चलती हैं और जम्बू के वृक्ष के फल फूट कर दक्षिण में उसके रस की नदी बहती है उस रस से मिट्टी का स्पर्श होते ही जाम्बूनद नामक सोना होजाता है उसी के अंक (चिन्ह) मे इस देश को जम्बूद्वीप कहते हैं ॥ १७ ॥ वहां पर उसी सोने को लेकर देवताओं की स्त्रियां भूषण बनाती हैं और उसी रस के पीने से वृद्धपने दुर्गन्ध और इंद्रियों की हानि से बचते हैं। इसी प्रकार पीपल और बड़ के वृक्ष से भी पश्चिम और उत्तर की ओर कामना पूर्ण करनेवाली दो

कढि कामपूरक धार द्वै२प्रसरैं इलावृत दोरें लौं ॥ १८ ॥

इन च्यारि४अद्रिनपैं रचे आँराम१ओ सरें२जे सुनौं,
क्रम हिंतु चैत्ररथाख्य१ओ अरुणोद१सुंदर सो गनौं ॥
तिम गंधमादन२बाग ताल महाँदिभद्र३ललाँम है,
वैभ्राज ३अरु सीतोद३नंदन४ओ सुमानस४नाम हैं ॥ १९ ॥

करि थंभ ए चउ४केसराचल बीस२०हू लगते रचे,
वेकंक१कुरर२रु माल्यवान३कुसुंभ४सीत५इतैं१खचे ॥
सिसिर६रु रुचक७निषध८रु पतंग९त्रिकूट१०दक्खिन२घां सुधी,
सिखिबास११इत३वैदूर्य१२कपिल१३रु गंधमादन१४जारुधी ॥२०॥

ऋषभाख्य१६हंस१७रु नाग१८संख१९रु कालजंघ२०उदीच४ए,
क्रमपूर्वसौं गिरि पंच५पंच५हि मेरु थंभन बीच ए ॥
बिधि मेरु यौं रचि अद्रि ओरहु खंडकी अवधी धरे,
क्रम तीन३दक्खिन तीन३उत्तर इक१इक१दुँ२घाँ करे ॥ २१ ॥

चौरे रु उच्च समान दोय हजार२०००जोजन जानिये,
खट६पुर्ब्ब पच्छिम लंब जे लवणोद लौं पहिचानिये ॥
तँहँ नाम निषध१रु हेमकूट२तथा हिमाद्रि३यहै त्रई३,
क्रमसौं प्रजापति मेरु दक्खिन खंडभाजैक निर्मई ॥ २२ ॥

हरिवर्ष१किंपुरुषाख्य२भारतखंड३ए३तिनसौं बनैं,
चौरे ति जोजनें नोहजार९०००रुँ लंब सागर लौं भनैं ॥
तिम नील१श्वेत२रु सृंगवान३सुमेरु उत्तरघाँ दये,
तिनसौं त्रि३खंडतिरम्म्यकाख्य१हिरण्मयाख्य३कुरू४भये॥२३॥

हरिवर्ष आदिक तुल्य है इनको प्रमानहु उच्चर्यो,

धारा इलावृत खंड के फैलाव तक फैली है ॥ १८ ॥ २ पर्वतों पर ३ बाग ४ तालाब ५ से ६ महाभद्र ७ सुन्दर ॥ १९ ॥ ये चार थम्भ करके कन्धे के ऊपर बीस पर्वत उस सुमेरु से लगे हुए रचे जिन के नाम मूल में स्पष्ट हैं ९ ब्रह्मा ने १० पर्वत ११ दोनों ओर को ॥ २१ ॥ ये छहों पर्वत पूर्व और पश्चिम को खार समुद्र तक लम्बे हैं १४ ब्रह्मा ने १५ विभाग करनेवाले ॥ २२ ॥ १६ ते (वे) १७ और १८ (तरफ) ॥ २३ ॥

अरु गंधमादन१पुब्ब पच्छिम माल्यवान१गिरी घरयो ॥
निषधाख्यसैं अरु नीलसौं इनके भिरे दुव२प्रांत है,
इनसौं बनैं भद्राश्व१खंड रु केतुमाल१हु कांत है ॥ २४ ॥
दुव२एकतीस हजार३१०००जोजन खंड ए लवणोद लौं,
चउतीस सहस३४०००प्रमानि निषध१रु नील२पुब्बय कोदं लौं॥
निषधाख्य१नील२रु गंधमादन३माल्यवान२बिचैं रह्यो,
सम बेद बन्हि३४हजार३४०००जोजनसौं इलावृत१जो कह्यो॥२५॥
तहँ मेरुके चउ४कोदं अद्रि उभै२उभै२बहुग्यौं रचे,
तहँ पुब्ब जठर१रु देवकूट२ति नील नैषध लौं खचे॥
कैलास१ओ करबीर२दक्खिन ओर अर्णव लौं बनैं,
जिम पुब्ब निषध१रु पारियात्र२उभै२हि पच्छिममैं तनैं ॥ २६ ॥
जिम अद्रि दक्खिनके तैंथाहि त्रिशृंग१जारुधि२उत्तरा,
गिरि अष्ट८उच्च असीति८०जोजन मान एहु धरैं धरा ॥
नव९खंड यौं इनमैं इलावृत मुख्य देवन भोग है,
जँहँ मृत्यु१व्याधि२कुरूप३आधि४जरा५दिको नहिं जोग है॥२७॥
अरु खंड भारत१ओ इलावृत२हीन सप्तक७खंड है,
दस१०वा दु२अग्ग१२हजार१००००॥१२०००हायनैंआयु तत्थ अखंड है*॥
त्रेता सदाहि रहैं तहाँ कुरु खंड१मैं हारि मच्छै२है,
भद्राश्वमैं हयसिर२वराह१सु केतुमाल२हि अच्छ है ॥ २८ ॥
अरु कूर्म१भारतबर्ष२मैं यह खंड दक्खिन सर्वसौं,
जँहँ कृत्यं लार लगैं सु अप्पन ओक भाग्य अखर्बसौं ॥

१प्रिय॥२४॥ २ पूर्व दिशा तक ३ चारों दिशा में४पर्वत५समुद्र पर्यन्त ॥२६॥६इसी प्रकार त्रिशृंग और जारुधि नामक उत्तर के मर्यादा पर्वत७ पृथ्वी ८ मन की पीड़ा ।२७।९ भारतखंड और इलावृत खंड के विना बाकी के सात खंड हैं१० दश व बारह हजार वर्ष की अखंड आयु है और इन खंडों में सदैव त्रेतायुग ही रहता है और कुरुखंड में मत्स्य भगवान्, भद्राश्व खंड में हयग्रीव भगवान्, केतुमाल खंड में वराह भगवान्, ॥ २८ ॥ और भारत वर्ष में कूर्म भगवान् की मूर्तियां रहती हैं,यह भरत खंड सब से दक्षिण में है जहां पर मनुष्य के किये हुए कर्म

*कखण्ड है अखण्ड है शब्दानुप्रास.

नव९खंड ए इनमैं ह कुलगिरि सप्त७सप्त७रचे जथा,
यामैं महेंद्र१रु पारियात्र२रु विंध्य३ सह्य४घरे तथा ॥ २९ ॥
मलयाद्रि५ऋक्ष६रु सुक्तिमान७कुलाद्रि भारतमैं इते,
नाना नदीजनि भूमि औरहु निर्मये सिखरी किते ॥
नव९भेद भारतके भये तँहँ इंद्रद्वीप १कसेरु२ज्यौं,
पुनि ताम्रपर्ण३गभस्तिमान४रु नागद्वीप५रु सौम्य६त्यौं ॥३०॥
गांधर्व७बारुन८ओ यहै नवमौं९जहाँ थिति अप्पनी,
सब ए परस्परमाँहिं सागरसौं अगम्य गिनौं धनी ।
इहिं खंडमध्य द्विजादि४वर्ण रु पुच्छ प्रांत किरात है,
बहुजाति१संभव२भिन्न पच्छिम प्रांत जवनन व्रात है ॥ ३१ ॥
सरजू१सतद्रु२रु चन्द्रभागा३आदि हिमगिरिजा धुनी,
ऋषिकुल्यिका१रु त्रिसामिका२ऽऽदि महेंद्र१तैं निकसी सुनी॥
बेदश्रुती१मुखपारियात्र२नितंबतैं तटिनी कढी,
बलि नर्मदा १सुरसा२दि पावन बिंध्य३पब्बयतैं बढी ॥ ३२ ॥
गिरि सह्य४तैं गोदावरी१ह्रदिनी रु भीमरथी२गई,
कृष्णा३तथा बेणा रु ४औरहु याहि भूधरतैं भई ॥
मलयाद्रि५तैं कृतमालिका१ तिम ताम्रपर्णि२मुखा चली,
तापी१पयोष्णी२त्यौंहि निर्बिंध्या३दि ऋक्ष६भवा भली ॥३३॥

साथ रहते हैं सो बडे भाग्य का घर है. ये नव खंड हैं इन प्रत्येक खंडों में सात सात कुल (मर्यादा) पर्वत रचे ॥ २९ ॥ ये सातों मर्यादा पर्वत भारत में बनाये, इस भूमि में अनेक नदियां उत्पन्न कीं और कितने ही पर्वत भी बनाये । इस भारतवर्ष के नव भेद (खंड) हुए जिन के नाम मूल में स्पष्ट हैं, इन में नवमा यह खंड जिस में अपनी स्थिति है हिमालय पर्वत से लेकर सगर पुत्रों के खोदे हुए दक्षिण समुद्र के बीच में है, हे स्वामि रामसिंह उपरोक्त नव ही देश आपस में समुद्रों के कारण अगम्य हैं अर्थात् एक खंड से दूसरे खंड में जा नहीं सक्ते हैं । अपने इस खंड के बीच में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य आदि वर्ण वसते हैं और पूर्व में भील व पश्चिम में अनेक जातियों से पैदा हुए जुदे जुदे यवनों के समूह हैं ॥३०॥ ३१ ॥ १० हिमालय पर्वत से पैदा हुई ११ नदियां १२ आदि १३ महेन्द्र पर्वत से १४ आदि १५ शिखर से १६ नदी १७ पुनि १८ विन्ध्याचल ॥ ३२ ॥ १९ पर्वत से ॥ ३३ ॥

ऋषिकुल्यिका१रु कुमारिका२दिक सुक्तिमान७प्रबाहिनी,
इत्यादि भारतखंडमैं तटिनी भई अघदाहिनी ॥
बिधि जंबु१नामक द्वीप भूबिच लक्ख१०००००जोजन व्यासमैं,
यह यौं रच्यो घटकार्चक्र समान प्रेरक पासमैं ॥ ३४ ॥
पुनि व्है प्रियव्रत द्वार सागर सप्त७वेष्टित भू करी,
इनमांहिं द्वीप पलक्ख२आदि तहाँहु पुराय प्रजा भरी ॥
राकेसके परिबेसलौं लवणोद१जंबुव२कै अरयो,
इक लक्ख१०००००जोजन मान आयत त्यौंहि आगमैं उच्चरयो।३५।
लवणोदसौं परैं जो पलक्ख२दुलक्ख२०००००जोजन द्वीप है,
मेधातिथी सुत सत्त७नामन खंड७तत्थ महीप है ॥
ते सांतभय१सिसिर२रु सुखोदय३ले अनुक्रम जानिये,
आनंद४सिव५छेमक६तथा ध्रुव७प्लक्ष८खंड प्रमानिये ॥ ३६ ॥
कुलअद्रि तँहँ गोमेद१चंद्र२तथाहि नारद३नाम है,
दुंदभि४रु सोमक५रु सुमना६वैभ्राज७सप्त ललाम है ॥
क्रमतैंहि अनुतप्ता१सिखी२रु बिपापिका३नंदि तत्त हैं,
त्रिदिवा४क्रमू५अमृता६तथा सुकृता७बडी इम सत्त७है ॥ ३७ ॥
जँहँ छुद्र पब्बय आपगाहु अनेक रंजनकौं रहैं,
नर आयु पंच हजार५०००हायन रोगवार्जित व्हाँ लहैं ॥
त्रेता सदा बरतैं रु वर्ण चतुष्क४आर्यक१ओ कुरू,

१शुक्तिमान पर्वत से वहनेवाली२नदियां३पापों को जलानेवाली४ब्रह्मा ने५विस्तार में६कुम्हार के चाक के समान ॥३४॥७फिर राजा प्रियव्रत के द्वारा८घिरीहुई९भूमि को१०चन्द्रमा के११चारों ओर की कुंडली के समान१२क्षार समुद्र१३जम्बूद्वीप के १४ प्रमाण १५ चौड़ा १६ विष्णु पुराण नामक शास्त्र ने कहा है ॥ ३५ ॥ १७ परैं (आगे) उस द्वीप का राजा मेधातिथि था जिस के सात पुत्रों के नाम से सात खंड हैं जिन के नाम मूल में स्पष्ट हैं ॥ ३६ ॥ और वहां पर सात ही मर्यादा [सीमा] के पर्वत हैं १८ और क्रम से ही सात नदियां हैं ॥ ३७ ॥ जहां पर छोटे पर्वत और नदियां मन प्रसन्न करने को २२ वर्ष की. वहां पर सदैव त्रेतायुग रहता है और चार वर्ण हैं जिन में ब्राह्मणों को आर्य क्षत्रियों को कुरु, वैश्यों को विविंस और शूद्रों को भावि कहते हैं

क्रमतैं त्रिविंस३रु भाविं४ए चउ जाति व्यास कही गुरू ॥ ३८ ॥
यँहँ जंबु१त्यौं बिटपी पलंक्ख२उहाँ इतेहि बिथार है,
तसेंसात है नृप द्वीप नाम पलक्ख२यैं व्यवहार है ॥
जँहँ सोमरूप हरी जजैं तस अग्ग इच्छुंरसोद२है,
दुव लक्ख२००००००जोजन जो हु आयत कुंडलीचउ४कोद है।३६।
तस अग्ग साल्मलि३रुक्ख अंकित द्वीप साल्मलि३नाम जो,
सुत सप्त७ही जिहिंठाँ बपुष्मतके भये तिन्ह धाम जो ॥
चउलक्ख४००००००जोजन मान अो गिरि सप्त७ताथहु रम्य है,
क्रमतैं कुमुद१उन्नत२बलाहक३द्रोन४कपिपति गम्य है ॥४०॥
पुनि कंक५अो महिषाख्य६त्यौंहि ककुद्मदाख्य७बिचारिये,
हुव खंड तिन करि सप्त७निज निज स्वामि नामक धारिये ॥
स्वेत१रु हरित२जीमूत३रोहित४बर्षवैद्युत५नामतैं,
पुनि मानसाख्य६बहोरि सुप्रभ७पूर्णभोगन ग्रामतैं ॥ ४१ ॥
हरि बायुरूपहिं जे जजैं ह्रदिनीहु सप्त७बडी जहाँ,
योनी१तथा तोया२बितृष्णा३त्यौं धुनी चंद्रा४तहाँ ॥
सुक्रा५नदी रु बिमोहिनी६निवृती७रु बर्णहु च्यारि४ये,
क्रमतैंहि कपिल१रु अरुन२पीत३रु कृष्ण४नाम निहारिये ॥ ४२ ॥

ये चारों बडी जातियां वेदव्यास ने विष्णुपुराण में कही हैं ॥ ३८ ॥ इस जंबू द्वीप में जैसा जम्बू का है वैसा ही प्लक्षद्वीप में इतने ही विस्तार का पीपल का वृक्ष है इसी पीपल वृक्ष के कारण से उसे प्लक्ष द्वीप के नाम से व्यवहार में लाते हैं वहां चन्द्रमा रूपी विष्णु की पूजा करते हैं उस के इक्षुरसोद नामक समुद्र चारों दिशा में घेरा लगाये है ॥ ३९ ॥ उस के आगे शाल्मलि वृक्ष से पहचाना जानेवाला शाल्मलि नामक द्वीप है। जिस के अधिपति का नाम वपुष्मान था जिस के सात पुत्र हुए. उन के नाम से सात खंड हुए, वह शाल्मलि द्वीप चार लाख जोजन का है जिस में कुमुदादिक सात पर्वत हैं, वपुष्मान के सात पुत्रों के नाम से सात द्वीप हुए जिन के नाम स्वेत आदि मूल में स्पष्ट हैं ॥ ४० ॥ ४१ ॥ वहां पवन रूपी विष्णु को पूजते हैं जहां पर सात नदियां बडी हैं और ब्राह्मण को कपिल, क्षत्रिय को लाल, वैश्य को पीत और शूद्र को श्याम कहते हैं. ये ही चार वर्ण जानो ॥ ४२॥

खिल तत्त तत्त पलक्खलौं सुरभोग्य हू दुव२देस है,
इहिं४०००००मान सम्मलि३अग्गसिंधु सुरोद३को परिवेस है॥
कुसद्वीप४जोजन अट्ठलक्ख८०००००सुरोद अग्ग प्रमानसौं,
कुस४तंबकरि फुटै सप्त७ही सुत तत्थ ज्योतिष्मानसौं ॥४३॥
तिन्ह नाम उद्भिद१वेणु मान२तथाहि द्वैरथ३ए कहे,
लंबन४धृती५तिमही प्रभाकर६ओ कपिल७नृपते रहे ॥
गंधर्व१किन्नर२जच्छ३आसुर४देव५नर६निवसैं जहाँ,
रु दर्मी१रु शुष्मी२स्नेह३अरु मंदेह४वर्ण चऊ४तहाँ ॥४४॥
हरिब्रह्म रूप जजैं रु अद्रि हु तत्त सत्त७हि जानिये,
तिन्ह नाम विद्रुम१हेम२ओ द्युतिमान३पुराय प्रमानिये ॥
पुनि पुष्पवान४कुशेशय५रु हरि६मंदराचल७नाम ते,
तिन्ह सीम सप्त७हि खराड निज निज स्वामि नाम सुधाम ते॥४५॥
रु बडीहु सप्त७हि धूतपापा१त्यौं सिवा२सरिता कही,
तीर्जा३पवित्रा४अग्ग सम्मति४विद्युदंभा५ओ रही६ ॥
पुनि सर्व पापहरा७रु सेस उदंत तत्थहु पुव्वलौं,
तस अग्ग सिंधु घृतोद४जोजन अट्ठलक्ख८०००००प्रमानसौं।४६।
तस अग्ग सोलह लक्ख१६०००००जोजन क्रौंच५नामक द्वीप है,

बाकी की सम्पूर्ण बातें तहां पर प्लक्ष द्वीप के समान है, ये दोनों देश देवता ओं के भोग करने के हैं। इतने ही प्रमाण का [चार लाख जोजन का] सुरोद नामक समुद्र का इसके घेरा है. सुरोद के आगे कुश द्वीप है वहां कुश [डाभ]के स्तम्व[विना शाखा के वृक्ष]होने के कारण स्पष्ट नाम कुश द्वीप हुआ जहां का राजा ज्योतिष्मान् था ॥ ४३ ॥ उस ज्योतिष्मान् के सात पुत्र हुए जिन के नामों से सात खंड हुए उन के नाम मूल में स्पष्ट हैं, वहां पर गंधर्वादिक रहते हैं और वहां पर चार वर्ण ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य शूद्र हैं जिन को क्रम से दर्मी, शुष्मी, स्नेह और मंद कहते हैं ॥४४॥ वहां ब्रह्म रूप विष्णु की पूजा करते हैं और पर्वत भी वहां पर सात हैं जिन के नाम मूल में स्पष्ट हैं ॥ ४५ ॥ और सात ही बडी नदियां हैं जिन के नाम मूल में स्पष्ट हैं और बाकी का वृत्तांत वहां भी पहिले कथन के अनुसार ही है उस के चौतर्फ घृतोद नामक समुद्र है ॥ ४६ ॥

द्युतिमानके सुत सप्त७कहियत तत्थ आदि महीप है ॥
ते कुसल१मनुज२रु उष्ण३पीवर४अंतकारक५धारिये,
मनु६दद्युति७निज निज नाम खंडनके अधीस बिचारिये ॥४७॥
सीमाद्रि सप्त७हि क्रौंच१जिहिँ करि नाम द्वीपँहुको बजैं,
त्यौं सैल बामन२अंधकारक३श्रो दिवाव्रत ४हाँ रजैं ॥
पुनि पुंडरीकवदाख्य५दुंदुभि६श्रो महादिक सैल हैं,
पुष्कर१रु पुष्कल२धन्य३तिष्य४हि नाम बरणन गैल है॥४८॥
गौरी१कुमुद्वतिका२नदी संध्या३रु रात्रि४मनोजवा५,
तिम मुख्य ख्याति६रु पुंडरीका७क्रौंच द्वीप५समुद्भवा ॥
हरि रुद्ररूप जजैं रु दधिमंडोद५अग्ग इतो१६०००००हि है,
रद लक्ख३२०००००जोजन द्वीप अग्गहु साक६नामक सोहि है।४९।
अति दिग्घ है जँहँ साक६पादप तास नाम यहै ठयो,
तँहँ त्यौं प्रियव्रत पुत्र भव्य तनूज सप्तक ७ही भयो ॥
पहिलो१जलद१दजो२कुमार२तृतीय३त्यौं सुकुमार भो,
चोथो४मरीचक४पंचमो५कुसुमोद५नाम उदार भो ॥ ५० ॥
छट्टो सुद६काकि६महाद्रुमाभिध७सप्तमों७पहिचानिये,
तिन्ह नामसौं तहँ सप्त७खंड रु बर्षगिरि अब जानिये ॥
उदयाद्रि१श्रो जलधार२रैवत३स्याम४अंभगिरी५जथा,
तिम अंबिकेय६रु केसरी७सरिता८ह सप्त७बडी तथा ॥५१ ॥

उस के आगे क्रौंच द्वीप है, जिस का पति द्युतिमान् था जिस के सात पुत्र अपने अपने नाम के [illegible] द्वीपों के स्वामी हुए ॥४७॥ क्रौंच नामक सीमा का पर्वत है इसी से उस का नाम क्रौंच द्वीप हुआ जिस में मूल में लिखे सात पर्वत हैं और ब्राह्मणादिक [illegible] को क्रम से पुष्कर पुष्कल धन्य और तिष्य कहते हैं ॥४८॥ गोरी आदि सात नदियां हैं और रुद्र स्वरूप विष्णु की पूजा करते हैं और दधिमंडोद नामक समुद्र का इस के घेरा है जिस के आगे शाक द्वीप है ॥ ४९ ॥ जहां पर शाक नामक वृक्ष बहुत लम्बा है उसी के नाम से इस का शाक द्वीप नाम रक्खा, प्रियव्रत का पुत्र भव्य नामक वहां का राजा था उस के भी सात पुत्र ही हुए " यहां पर सातों का समुदाय बताने के कारण एक वचन का प्रयोग किया है ,, जिन के नाम मूल

सुकुमारिका१रु कुमारिका२नलिनी३रु बेणु४महाधुनी,
इच्छी५तथा नदिरेणुका६रु गभस्तिका७सुभद्रा सुनी ॥
हरि सूर्यरूप जजैं रु बर्ण चतुष्क४हू सुनिये जहाँ,
मग१मागधाख्य२रु मानसाह्वय३मंदगाभिध४ए तहाँ ॥ ५२ ॥
खिल पुब्बलौं अरु छीरसागर६अग्ग या३२००००हि प्रमानसौं,
तसअग्ग पुष्कर द्वीप७पुष्कर७उच्चके अभिधानसौं ॥
चउसट्ठि लक्ख६४०००००प्रमान जोजन घेरि छीरधिकौं रह्यो,
सवनाख्य भूपतिकै तहाँ सुत जुग्ग२कृष्ण मुनी कह्यो ॥ ५३ ॥
पहिलो१महाँदिकबीर१धातकि२दूसरो२भुवपाल भो,
बलयाकृती गिरि मानसोत्तर१बीच तत्थ विसाल भो ॥
सौपै पचास हजार५००००जोजन उच्च आयत तुल्लयही,
जिहिं उंच सप्त तुरंगके रथचक्रकी थिरता कही* ॥ ५४ ॥
जिहिं अद्रिपैं हु रची जथा दिसलोकपालन८की पुरी,
जिहिं अद्रिकी छबितैं घनैं सिखरीनकी सुखमा दरी ॥
जिहिं अद्रितैं बलयानुकार उभै रहि पुष्करखंड जे,

में स्पष्ट हैं उन के नामों से वहां भी सात खंड हुए, उस शाक द्वीप के पर्वतों के और नदियों के नाम मूल में स्पष्ट हैं। वहां सूर्य रूपी विष्णु को पूजते हैं अर्थात् सूर्य के निमित्त यज्ञ करते हैं और ब्राह्मणादि चारों वर्णों को मग, मागध, मानसे और मन्दग नामवाले कहते हैं ॥ ५० ॥ ५१ ॥ ५२ ॥ बाकी सब व्यवहार पहिले कहा उसी प्रकार का है जिस के आगे इस द्वीप के प्रमाण के समान ही चीर सागर का घेरा है, जिस समुद्र के आगे पुष्कर नामक द्वीप है जिस में बहुत ऊँचा कमल का पेड है इसी से इस का नाम पुष्कर है जिस के भी चीर सागर का घेरा है जहां के राजा सवनाख्य के दो पुत्र विष्णुपुराण में वेदव्यास मुनि ने कहे हैं ॥ ५३ ॥ पहला महावीर (महा शब्द है आदि में जिस के ऐसा वीर) और दूसरा धातकी नामक राजा हुए. इस द्वीप के कंकण [गोलाकार) की आकृतिवाला मानसोत्तर नामक पर्वत है सो भी ऊँचा और चौड़ा बराबर है उस पर्वत के ऊपर सात घोड़ोंवाले [सूर्य के] रथ के पहिये की स्थिरता है अर्थात् उस पर सूर्य का रथ है ॥ ५४ ॥ उसी पर्वत पर लोकपालों की पुरियां अपनी अपनी दिशा में रची हैं उस पर्वत की शोभा से अन्य पर्वतों की शोभा छिपगई. उस पर्वत से कंकण के आकार दोनों पुष्कर खंड हैं वे अपने

* यहां कहीं अन्त्यानुप्रास.

निजनाम अंक महादिबीर१तथाहि धातकि२ते भजे ॥ ५५ ॥
जिनमाँहिं अब्द हजारदस१००००नर आयु रोग बिना लहैं,
जँहँ सर्ब बर्ण समान उत्तम१मध्यमा२ऽधम३ता न है* ॥
नै नदी१न पब्बय२और तत्थ न बर्ण१आश्रम२धर्म है,
दुव२बर्ष स्वर्ग समान वे न बिधेय१हेय२हु कर्म्म है ॥ ५६ ॥
जँहँ दिग्घकंज७कह्यो तहाँहु सदा बिरंचनकी थिती,
सुद्धोद७नामक सिंधु है तस अग्ग पुष्करकी मिती ६४००००००॥
इक१चक्रके अनुकार औ बलयानुकार छ६द्वीप यौं,
बलयानुकार कही रचे बिधि सप्त७ए तँटिनीप यौं ॥ ५७ ॥
जलहू समस्तनमैं सदाहि समान सिंधुनमैं रहैं,
जल अग्गितैं उफनात ज्यौं ससिवृद्धितैं बढिबो गहैं ॥
दस१०अग्ग अंगुल पंचसै५१०जल सिंधु पुण्णिमलौं बढैं,
रु घटैं अमा लग जो इतो५१०हि पुरान बैष्णव यौं पढैं॥५८॥
दलमेरुतैं इम भूमि सप्तम७सिंधुलौं वरनीगई,
दुव२कोटि त्रेपन५३ लक्ख रु अयुत पंच२५३५०००० जोजन जो भई
तसअग्गभूदस१०कोटिसकारि१४लक्ख१०१४००००० जोजन कांचनी

पति महावीर और धातकी के नामों से नाम धारण करते हैं ॥ ५५ ॥ २ वर्ष ३ अधम ४ नहीं है ५ वहां न तो नदी है न पर्वत है ६ वे दोनों वर्ष (खंड) स्वर्ग के समान हैं जहां न तो वेदोक्त कर्म है और न त्यागने के योग्य कर्म है ॥ ५६ ॥ जिस पर बड़ा कमल पहिले कहा उसी पर ब्रह्मा रहते हैं, पुष्कर द्वीप के समान प्रमाण वाला ही उसके आगे शुद्धोद नामक समुद्र है। एक द्वीप तो चक्र के समान और छः द्वीप कंकण (कड़े) के सदृश और सातों समुद्र ब्रह्मा ने कंकण के समान गोलाकार ही रचे ॥५७॥ इन समुद्रों का जल बढता घटता नहीं सदा बराबर ही रहता है, परन्तु जिस प्रकार अग्नि से जल उफणता है तिसी प्रकार चंद्रमा की वृद्धि के साथ जल बढता रहता है अमावस्या से लेकर पूर्णिमा तक समुद्र का पानी पांचसौदश अंगुल बढता है और इतना ही पूर्णिमा से अमावस्या तक घटता है यह विष्णुपुराण में कहा है ॥ ५८ ॥ मेरुखंड से सात समुद्र पर्यन्त यह भूमि कहीगई है इस के आगे

*लहै नहै अन्त्यानुप्रास.

सब सत्वहीन रु चौ४गुनी प्रथमोक्त भूमि तितैं भनी ॥ ५९ ॥
गिरि अयुत१००००आयत कोटि१०००००००उच्च तदग्र लोकालोक है,
तस अग्ग भानु प्रकास नाँहिं कटाहलौं तम ओक है ॥
रवि१२कोटिलक्ख बतीस३२रु अयुत च्यारि४जोजन१२३२४००००थ्वांतं यौं
दलमेरुतैं इक ओर कोटिपचीस२५००००००० भूतिमिरांत यौं ।६०।
दूजोरदिसाहु इती२५०००००००समेत पचास कोटि५००००००००यहै भई,
भूलोक७नामक लोककी रचनाहु बिधि इम निर्मई ॥
इहिं भूमि उच्छ्रय मान इक हजार१०००जोजन त्यौं रच्यो*,
तस हेठ्ठ उच्छ्रितं अतल८लोक हजार नव९०००मितिलौं रच्यो ।६१।
पुटदै बहोरि हजार१०००जोजनको तरैं बितलारव्य९हू,
क्रमसौंहि यौं सुतल१०रु तलातल११ओ रसातल१२हू पैंहू** ॥
तिमही महातल१३अंतमैं पाताल१४लोक बिधानसौं,
बिरच्यो बिरंचन सर्बए पुट लोकसूचितं१०००।९०००मानसौं॥६२॥

चौदह करोड़ योजन भूमि सुवर्णमयी है वह सब जीवों करके रहित है २ पहिले की कहीहुई ॥ ५९ ॥ इस के आगे दश हजार जोजन चौड़ा और करोड़ योजन ऊँचा लोकालोक नामक पर्वत है जिस के आगे सूर्य का प्रकाश नहीं है अंडकटाह तक अन्धेरे का ही समूह है ७ अन्धेरा है ८ इस प्रकार ९ मेरु खंड से १० अन्धेरे के अन्त तक भूमि है ॥ ६० ॥ दूसरी दिशा में भी इतनी ही है जिस सहित यह पचास करोड़ भूमि हुई इस प्रकार भूलोक नामक लोक की रचना ब्रह्मा ने रची इस भूमि की ऊँचाई का प्रमाण एक हजार योजन का रचा (मोटापन में एक हजार योजन है) इस के नीचे नव हजार योजन का ऊँचा अतल नामक लोक रचा ॥ ६१ ॥ इस ग्रन्थ में जहां तहां " अन्त्यानुप्रासः ,, ऐसा लिखा हुआ है वहां जानना चाहिये कि अन्त्यानुप्रास तो प्रत्येक छन्द में सम्पूर्ण ग्रन्थ में है परन्तु जहां तहां सभङ्ग पद से अन्त्यानुप्रास मिला है वहां वहां पर ही " अन्त्यानुप्रास,, ऐसा लिखागया है सो सर्वत्र ऐसा ही जानना, और अभंग पद, सभंग पद के लक्षण हम ऊपर लिख आये हैं ॥ १४ हे स्वामी रामसिंह १५ विधि पूर्वक १६ ब्रह्मा ने १७ ये सब पुट (आवरण) और लोक कहेहुए प्रमाण अर्थात् एक हजार योजन का प्रत्येक आवरण और नव हजार योजन के प्रत्येक लोक रचे ॥ ६२ ॥

त्यो रच्यो त्यो रच्यो अन्त्यानुप्रास *रव्यहू पहू अन्त्यानुप्रास.

सित१कृष्ण२लोहित३पीत ४सर्कर५सैल६कांचन७भू जथा,
क्रमसोंहि सप्त७हि रम्य सप्त७हि स्वर्गसौं हु घनैं जथा ॥
जिनमांहिं दानव१दैत्य२जच्छ३रु नाग४आदि सुखी बसैं,
रवि१तापकों२ससि सीतकों२जिनैंमैं न ल्हादहिकों लसैं।६३।
जिनमैं नदी१बन२ताल३पुष्कर४रम्य कोकिललाप५व्है,
जिनैंमांहिं भोगनतैं अहो निस कालके खिन माप व्है ॥
जिनमैं सदा मुरजादिबाद्य१रु नृत्य२गान३बनैं रहैं,
दितिजात दानव गान आदि सुता बिलासनकों बहैं ॥६४॥
बहुभक्ष्य१भोज्य२रु लेह्य३चोष्य४रु पेय५व्हां सुखगम्य है,
गहनैं अनेक प्रकार मानिमय बस्त्र बांछित रम्य है ॥
पातालके पुट हेठ सोहु हजार१०००जोजन जानिये,
पातालसोंहि समस्त नीरधि निम्न मान प्रमानिये ॥६५॥
पातालतैं तस सेस तीस हजार३००००जोजनपैं रहैं,
सुहि तामसी तनु बिष्णुकी गुन तास धीधर को कहैं ॥
इहिं हेतु नाम अनंत जे प्रभु व्हां हजार१०००फटा धरैं,

इन सातों लोकों में क्रम से श्वेत काली, लाल, पीली, रेतीली, पर्वतोंवाली और सोने की भूमि है जो सातों ही स्वर्ग से भी बहुत रमणीक हैं. ९ यक्ष १० जिन लोकों में सूर्य ताप नहीं करता और चन्द्रमा शीतलता नहीं करता अर्थात् केवल प्रकाशमात्र ही करते हैं और वहां केवल आनन्द ही शोभायमान है ॥ ६३ ॥ १२ तालाब १३ कमल १४ सुन्दर कोकिलों का बोलना १६ जिन लोकों के भोग भोगने में दिन रात्रि क्षण के समान जाते हैं १७ मृदंग आदि बाजे १८ दैत्य उन बिलासों को १९ प्राप्त होते हैं ॥ ६४ ॥ जहां पर भक्ष्य (दांतों से चबाकर खाया जावे वह मांस आदि) भोज्य (जिसको विशेष चबाना नहीं पड़े वह हलवा आदि) लेह्य (जो अंगुली से चाटा जावे वह मधु (सहत) आदि] चोष्य (जो चूसा जावे वह आम्र आदि) और पेय (जो पिया जावे वह दूध आदि) पांचों प्रकार के भोजन सुख से मिलते हैं २६ भूषण २७ मनोहर २८ पाताल के नीचे का आवरण पाताल से हजार जोजन गंहरे समुद्र का जानो ॥ ६५ ॥ उस पाताल से तीस हजार जोजन पर शेषनाग रहते हैं जो विष्णु की तामसी मूर्ति है जिसके गुण कौन विद्वान् कह सकता है अर्थात् कोई नहीं कह सकता इसी कारण से उनका नाम अनन्त है जो हजार फण

ते सर्व स्वास्तिक अंक अंकित दीप्यमान दिसाकरैं ।६६।
मनि मंजु फन फनपैं प्रकासित एक१कुण्डल कानसौं,
हतओज असुरनकौं करैं मदघूर्ण दिष्ठिप्रदानसौं ॥
पट१नील२हार१वदाँत२हत्थ अयोग्र१लांगल२उल्लसैं,
सु किरीट माल्यैं सगंग ज्यौं कइलास यौं सुखमा हसैं ॥ ६७ ॥
विभु बारुनीकिरि सेव्यमान रु पुष्पलौं सिर भू बहै,
लय काल कढि जिहिं वक्रतैं ज्वलनात्म रुद्र सबै दहै ॥
जिन्ह पुजिकैं मुनि गर्ग ज्योतिष१ ओ निमित्त२ पटू भये
पातालके तल वे प्रभू बनिकैं धराधर यौं ठये ॥ ६८ ॥
जब होत जृंभन सेसकै तब कंपकौं अवनी भजै,
जिन्ह अंग मंडन हरित चंदनसौं सुगंधि दिसा रजै ॥
तिनके तरैं बहुभेदसौं नरकाख्य१ पापिन धाम है,
तिन माँहिं रौरव१ कूटसाक्खि१ असत्य२ बादिन काम है ॥ ६९॥
पुनि भ्रूण१ गो२ गुरु३मारि स्वाँसनिरोध२ नामकमैं परैं,
थीति हेमं तस्कर१ ब्रह्महा२ रु सुराप३सूकर३ मैं करैं ॥

धारण करते हैं वे सब फण नील रेखा के चिन्ह से चिन्हित हैं जो सब दिशाओं को प्रकाशित करते हैं ॥ ६६ ॥ मनोहर मणियां फण फण पर प्रकाशित हैं और कान में एक ही कुंडल है और मद से घूमती हुई दृष्टि देने से असुरों के प्रतापैं (पराक्रम) को हरते हैं । इनके नीले वस्त्र, स्वेतहार हाथ में लोहे का उग्र हल शोभायमान है । श्रेष्ट मुकुट और माला से ऐसी शोभा धारण करते हैं जैसे गंगा से कैलाश पर्वत ॥ ६७ ॥ वह व्यापक अंगस्ति मुनि करके सेये जाते हैं और पुष्प के समान भूमि को शिर पर धारण करते हैं जिनके मुख से प्रलय के समय अग्नि निकलती है जिससे रुद्र स्वरूप विष्णु सब को भस्म करते हैं जिन (शेष) को पूजकर गर्ग मुनि ज्योतिष और शकुन शास्त्र में चतुर हुए वह प्रभु भूमि का आधार होकर रहे ॥ ६८ ॥ शेष को जब जँभाई (उबासी) आती है तभी पृथ्वी धूजती है जिनका अंग हरे चंदन से लेप किया हुआ सब दिशाओं को सुगन्धित करता है २४ नरक नामक २५ रौरव नाम नरक २६ खोटी साक्षी देनेवालों के और झूठ बोलने वालों के लिये है ॥ ६९ ॥ फिर बालक गौ और गुरु को मारकर २८ स्वास रुक जानेवाले नरक में २९ वास ३० सोना चोरनेवाला ३१ ब्राह्मण कोमारनेवाला ३२ सूकर नामक नरक में यज्ञ करनेवाले क्षत्रिय वा वैश्य को मारनेवाला ।७०।

मखानिष्ठ छत्रिय४वैश्य५मारि रु भुग्गि गुरु तिय ६तात्थ३ही,
हित१ संग २ पापिनकौं करैं तिनकी ह सोहि गती कही ॥७०॥
नर जामिकामुक १ राजभीप्रद २ तप्तकुंभ ४ डरे रहैं,
तजि भर्त्त ३ १ बेचि सती २ जरी ३ सिसु४तप्तलोह५व्यथा ७६३
भजि पुत्रि१ पुत्रबधू २रु निंदि गुरू ३ महाँदिक ज्वाल६ मैं,
अरु बेचि१ वा करि दुष्ट२वेदहिं जात लोन७ करालमैं॥७१
क्रोष्टां१अगम्यगं२ रीतिलोपक३ चोर४ जात विमोहं८ मैं ॥
द्विज१ रत्न२पितृ३सुर४ दुष्ट करि कृमिभक्ष ९ नामक कोहं मैं॥
नर१ देव२पितर३न पुब्ब खाय अनि ४ आचरि पाप जे,
लालादिभक्ष१० हिं रु सर टंकं११हिं प य पावत ताप जे ॥७२॥
जे सस्त्र चोरनकौं रचैं१ति कुबद्धि विससनं ११ मैं फसैं,
अरु दान अनुचितको लहैं१ ति गिरे अधोमुख१२ मैं त्रसैं॥
नक्षत्रसूचक१ या१२हिमाँहिं अयाज्ययाजक ३ जानिये,
अरु जात पूयवहाख्य१३ एक १हि मिष्टखादक१ मानिये ॥७३॥
अरु नीलिकौ २ रस ३लौंन ४तिल५जंतु६ आदि बिक्रय जे करैं,

जो पुरुष बहिन के साथ भोग करते हैं, जो राज्य को भय देते हैं वे तप्तकुंभ नामक नरक में पड़े रहते हैं और शरणागत को, पतिव्रता स्त्री को, वृद्ध को और बालक को छोडदेनेवाले व पतिव्रता स्त्री को बेचदेनेवाले तप्त लोहे की पीड़ा लेते हैं। पुत्री से और पुत्र की स्त्री से संभोग करनेवाले, गुरु की निन्दा करनेवाले महाज्वाल में पड़ते हैं और वेद को बेचने अथवा उसको बिगाड़नेवाले छेदन होने को कराल नामक नरक में जाते हैं ॥ ७१ ॥ क्रोष्टा (कोसनेवाला) अगम्य में गमन करनेवाला, उत्तम आचार की रीति को लोपनेवाला, चोरी करनेवाला, विमोह नामक नरक में जाते हैं ११ माता पिता १२देवता १३ दोषल गानेवाला १४ नरक१५अतिथि आदि मनुष्यों से १६ पहिले १७ मारण मोहनादि का अनिष्ट आचरण करैं वे लालाभक्ष नामक नरक में पड़ते हैं और बाण बनानेवाले २० मणि आदि के भेदने को टांकी बनानेवाले भी यही नरक पाकर ताप पाते हैं ॥ ७२ ॥ चोरों के लिये शस्त्र बनानेवाले २१ विशसन नामक नरक में २२ त्रास पावैं २३नक्षत्रों के फलाफल दिखानेवाले ज्योतिषी २४नहीं यज्ञ करने योग्य को यज्ञ करानेवाले इसी विशसन में पड़ते हैं और २५ अकेला मीठा खानेवाला पूयवह नामक नरक में जाता है ॥७३॥ २६नील २७विष२८लाख२९बेचते हैं

मांर्जार७कुक्कुट८छाग९सूकर१० श्वान११पच्छि१२न जे भरैं ॥
तैं या१३हि अरु माहिषिक१रंगोपजीवक२ ए जथा ॥
कैवर्त्त३सूचक४कुंडभोजक५ पर्बकामुक६ हू तथा ॥ ७४ ॥
आगारदाहक७गरलदायक८मित्रघातक९दुर्मती,
रुधिरांध१४सकुनि१० रु ग्रामजाचक११ सोमक्रीणक१२लै गती॥
सरघाविघातक१ ग्रामघातक२ आदि बैतरनी१५ लहैं,
बिनु अर्थ बनछेदी१ डरे असिपत्र बन १६ बिधुरा बहैं ॥ ७५ ॥
धनमत्त १ जुव्वनमत्त२ ओ मरजाद भेदक३ ए जिते,
अपवित्र४ ओ खल छद्म जीवक ५कृष्णा१७के निरई तिते ॥
औरभ्र१ओ मृगव्याध २ बन्हिद ३ बन्हिज्वालक १८ मैं तचैं,
ब्रतभंग आश्रमभंग२कर संदंस१९पीडन मैं पचैं ॥ ७६ ॥
अरु पुत्र पाठित१आदिके जन स्वानभोजन२० मैं दहैं,
इत्यादि नारक थान तत्थ रचे हजारन को कहैं ॥
निरई अमर्त्यनकौं लखैं निरईनकौं सुर सर्वदा,

१बिल्ली २मुरगा ३बकरी ४सूवर ५कुत्ता ६पक्षियों को पालते हैं ७वे भी इसीमें पड़ते हैं ८और भैंसे से अपनी वृत्ति चलानेवाले, ९रंगरेज धीवर (नाव खेनेवाले) चुगली करनेवाले, यज्ञ कुंड की बाकी रही वस्तु को खानेवाले१३ अमावस्या पूर्णमासी आदि पर्वों में स्त्री संग करनेवाले १४ घर जलानेवाले विष देनेवाले मित्र को मारनेवाले शकुन से जीविका करनेवाले, ग्राम के सब लोकों को माँगनेवाले सोमलता आदि यज्ञ की औषधी बेचनेवाले रुधिरांध नामक नरक में जाते हैं, मधुमक्खी को और ग्राम को मारनेवाले आदि वैतरणी में पड़ते हैं विना प्रयोजन वन काटनेवाले असिपत्र नामक बन में विकलपन को प्राप्त होते हैं ॥ ७४ ॥ ७५ ॥ छल से जीनेवाले २५ कृष्ण नामक नरक में जाते हैं और भेड़ पालनेवाले, शिकारी और अग्नि लगानेवाले वन्हिज्वालक नामक नरक में क्षीण होते हैं। व्रतभंग करनेवाले और आश्रम भंग करनेवाले संदंश नामक नरक की पीड़ा में पचते हैं॥७६॥ अपने पुत्र से ही पढ़नेवाले आदि कितने ही मनुष्य ३३श्वानभोजन नामक नरक में दुःख पाते हैं, इन को आदि लेकर नरक के हजारों स्थान तहां पर रचे उन को कौन कह सकते हैं। नरकगामी सदैव देवताओं को देखते हैं कि हम ने उत्तम कर्म किये होते तो इन की भांति

मन१ बचन२ कर्म३गती त्रि३धा इम स्वर्ग १नरक १ अखबेदा।७७।
इक लक्ख १०००००जोजन माँहिं या नरकांत ए२०अधलोक है,
नृप राम इम अबके प्रजेस रचे चउद्दह १४ ओक है ॥
सुनिये ऽब नारक जीव छुट्टि रु ज्योनि ज्यौं क्रमतैं लहैं,
हरि नामको महिमा तथा ग्रह आदि ज्यौं फिरते रहैं ॥ ७८ ॥

इतिश्रीवंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणे प्रथम१राशौ विद्यमा-नकिरिराजकल्पसर्गाऽधिष्ठानचतुर्दश १४ लोकसंस्थानप्रमाणवि-भागवर्णनमेकविंशो२१मयूखः ॥ २१ ॥

प्रायोब्रजदेशीयप्राकृता मिश्रितभाषा ॥

दोहा

नरक१जीव यह भुग्गि दुख, पावत थावर१जोनि* ॥
पुनि कृमि२जलचर३पच्छि४पन,ज्यौं पसुपन५नरजोनि६ ॥ १ ॥
धार्मिकपन ७ सुरपन ८ धरि रु,मुक्ति ९ हु लहत कितेक ॥
उत्तर उत्तर ए अर्लप, सहँस १००० गुनैं सुबिबेक ॥ २ ॥

रहते इसी प्रकार देवता लोग नरक वासियों को देखते हैं कि हमारे पुण्य क्षीण होजायँगे तब हम को भी वहां वास करना पड़ेगा। मन से, वचन से और कर्म से तीन प्रकार के पुण्य पाप होते हैं वेही अत्यन्त स्वर्ग, नरक को देनेवाले हैं। ७७। नरक के अन्त के ३ नीचे के ४ हे राजा रामसिंह ५ प्रजापति ने॥ अब यहां पर नरकों की यातना और उन का स्वरूप आदि विशेष जानना चाहैं वे विष्णुपुराण के द्वितीय अंश के छठे अध्याय में देखलेवैं विस्तार के भय से हम ने यहां पर ऊपर की वार्ता छोडकर अक्षरार्थ ही करदिया है।७८।

श्रीवंशभास्करमहाचम्पू के पूर्वार्ध के प्रथमराशि में वर्त्तमान वाराह कल्प की सृष्टि क्रम में चौदह लोकों की आकृति (कौन कैसा है) प्रमाण (कौन कितना है) और विभाग (वंटहोने) के वर्णन का इकीसवां मयूख समाप्त हुआ.

नरक के जीव यह दुःख भुगत कर वृक्षादिक स्थावर योनि पाते हैं फिर कीडे, जलचर, पक्षी, पशु और मनुष्य की योनि पाते हैं ॥ १ ॥ इस मनुष्य योनि से धार्मिकपन के कारण देवयोनि धारण करते हैं और कितनेक मुक्ति भी पाते हैं। इन योनियों में उत्तरोत्तर जन्म कर्म होतेजाते हैं और ज्ञान

---

*थावरजोनि नरजोनि अन्त्यानुप्रास.

लेत किते बिधिलौं हु बढि, बहुरि नरक बिच बास ॥
उतरत चढत समस्त इम, बिनु नि– बोध बिलास ॥ ३ ॥
–रचत प्रायश्चित्त बिधि, पापहु करि पछिताय ॥
मन्नि श्रुति १ स्मृति २ मग्गकौं, जे नर नरक न जाय ॥ ४ ॥
प्रायश्चित्तनमैं प्रथित, हरि सुमिरन सम है न ॥
–हा अनलको लघुहु कन, दुर्गम बिपिन दै– न ॥ ५ ॥
चित्तहि अकंप– चाहिये, वह अनुपम रिझवार ॥
व्है प्रमादिक वा न व्है, पुनि अघ तो इम पार ॥ ६ ॥
स्वर्ग १ नरक २ दुहुँ – ठोर सम, अबिरत इक आनंद ॥
बडो बिखय सुखतैं सु बिभु, मुक्ति इतर पद मंद ॥ ७ ॥
कर्म १ भक्ति २ अरु ज्ञान ३ क्रम ४, पंथ त्रि३बिध प्रकटाय ॥
अप्प अप्प अधिकारमैं, दिय सब द्रुहिन लगाय ॥ ८ ॥
ग्रह १ तारा २ नच्छ– ३ गन, थप्पि कथित निजथान ॥
काल बरस १ मासा२दि क्रम, सब किय प्रकट सयान ॥ ९ ॥

॥ पज्झटिका ॥

रबिकै रथ जोजन नव हजार ९००,

हजार गुना बढताजाता है ॥ २ ॥ कितने ही बढते बढ– ब्रह्मा तक पहुंचजाते हैं और घटते घटते फिर नरक में बास करते हैं इसी प्रकार अपने में ज्ञान होने और नहीं होने के कारण सभी उतरते चढते रहते हैं॥३॥ पापकरके पछतावे के साथ वेद और धर्म शास्त्र के मार्ग से प्रायश्चित्त करते हैं वे मनुष्य नरक में नहीं जाते ॥४॥ ४प्रसिद्ध ५ अग्नि का ६ वन को ७ नहीं जलाता अर्थात् जलाही देता है ॥ ५ ॥ ८ निष्कपट ९ परमात्मा १० उपमा रहित ११ज्ञान आदि होवे अथवा न होवे परन्तु चित्त के निष्कपट होने से पाप के तो पार होजाता है ॥ ६ ॥ जिस के हृदय में ब्रह्म ज्ञान का निरन्त– आनन्द है उस के स्वर्ग और नरक दोनों –ौर समान है, क्योंकि सुख से उस व्यापक मुक्ति का विषय बडा है और उस (मुक्ति) के विना दूसरे पद मन्द हैं ॥ ७ ॥ कर्म भक्ति और ज्ञान ये तीन प्रकार के मार्ग क्रम से प्रकट करके १५ ब्रह्मा ने सब को अपने अपने अधिकार में लगादिया ॥ ८ ॥ १६ कहेहुए १७ समय का १८ उस बुद्धिमान् ब्रह्मा ने ॥ ९ ॥ रथ का ओदण जिस में घोडे या बैल जोतेजाते

ईसादंड सु द्वि२गुनित१८०० उदार ॥
ख ख ख नभ व्योम हय तिथि १५७००००० प्रमान,
जिहिं अक्ष कील इक १ हे सुजान ॥ १० ॥
इक १ चक्र तत्थ पचौं ५ ऽऽ२ एस, नृप फिरत मानसोत्तर नगेस ॥
तस नाभि तीन ३ पूर्बान्हं १ ज्यौंहि, मध्याह्न२ तथा अपरान्ह ३ त्यौंहि ।११।
संबत्सर१ परिबत्सर२ ललाम, इद्वत्सर३ अनुबत्सर४ सनाम ॥
अरु बत्सर५ ए तस पंच५ आर, ऋतु ख८ प्रधि जानहु क्रम प्रकार ।१२।
अब्दात्म कालमय चक्र एह, आबर्त्त अटत बिभु सब अनेहं ॥
ख ख सर सर कृत४५५०० मित अपर२ अक्ष,
देवाद्रि सिर सु थिर रहत दक्ष ॥ १३ ॥
जुग अक्ष उभय२ मितं बितत जास, ईसाग्र बद्ध बिचसौं सु आंस ॥
जुग अर्द्ध जुग२हि यातैं समान, दक्खिन न बढन उत्तर न हान ।१४।
इनमांहिं जु दक्खिन अर्द्ध उक्त, जहँ छंद रूप हय सप्त७ जुक्त ॥
गायत्री१ वृहती२ नाम जानि, उष्णिक३ जगती४ त्रिष्टुप५ प्रमानि ।१५।
ज्यौं छंद अनुष्टुप६ पंक्ति७ जत्थ, स्यंदन रबि खैंचत फिरत सत्थ ॥
उत्तर जुगार्द्ध१ अरु अक्ष२ बांधि, ध्रुव थंभिरह्यो गुनं पवन संधि ।१६।

लाहरं (रथ की नाभि में रहन की लोहे की कील) एक ही है ॥ १० ॥ रथ के एक पहिया है जिस के पांच अरे हैं ये रथ हे राजा रामसिंह मानसोत्तर पर्वत पर फिरता है उस के तीनों संध्या रूपी तीन नाभि (नाही) हैं ॥ ११ ॥ संवत्सरादि सुन्दर पांच अरे और छः ऋतु हैं येही इस रथ के पहिये की क्रम से पूठियाँ जानो ॥ १२ ॥ यह सम्वत् रूपी समय का चक्र व्यापक होकर सब समय में गोलाकार फिरता है और हे चतुर रामसिंह इसी रथ का दूसरा भाग जिस में पहिया लगायाजाता है और वह बिना पहिये का है पैंतालीस हजार पांच सौ योजन का है सो सुमेरु पर स्थिर रहता है ॥ १३ ॥ दोनो अक्षों के प्रमाणं जितना जूड़े का विस्तार है उस जूड़े के बीच में रथ के ओदण का अग्र भाग बंधा हुआ है इस कारण से जूड़े के दोनों अर्धभाग बराबर के हैं न तो दक्षिण में अधिक है और न उत्तर में कम है ॥ १४ ॥ इन में जो दक्षिण दिशा का आधा भाग कहागया उस में छन्द रूपी सात घोड़े जुते हुए हैं जिन के नाम मूल में स्पष्ट हैं वे सूर्य के रथ को खैंचते फिरते हैं और उत्तर की ओर का आधा भाग अक्ष है उस को पवन रूपी रस्सी बांधकर ध्रुव थांभे हुआ है ॥ १५ ॥ १६ ॥

भुवसौं जोजन इक लक्ख१००००० मानें,
मेरु सु चउरासी सहँस८४००० मा[२]नु ॥
ध्रुव धाम पंचदस लक्ख१५००००० ग्रा[३]स,
गिरि मानसोत्तर सहँस पचास५०००० ॥ १७ ॥
सोलह हजार१६०००तँहँ मेरुसीस,
दल लक्ख५००००मानसोत्तर गिरीन ॥
इँहिँ मान पवन परिबद्ध थान,जिनपैं थिर रबिरथ है सुजान ।१८।
पुहवीसौं उप्पर क्रम प्रबंध,
किय द्रुहि[६]न सप्त७मित पवन कंध ॥ १९ ॥
आबह१रु प्रबह२उद्बह३गरोय,संबह४तथा सुबह५नामधेय ॥
परिबह६रु पराबह७सत्त७पोन,ग्रह तारा इनबिच करत गोन॥२०॥
ग्रह७चल[?] बाम मेरुहिँ बिधाय, लैजात अनिल दाहिन उडाय ॥
घटकां[१]र चक्र पर बामचाल,चलि [?]ीटि[२] जात पच्छो उताल॥२१॥
पूरब मुख ग्रह७इम पिछि जात,हठ सोहि[२]रांजि तजि लहि दिखात ॥
गिरि कहिय मानसोत्तर सनाम,तिहिँ सीस च्यारि४दिस च्यारि४धाम
दिस पुब्ब१पुरी बासैव१निवास,बस्वौकसारिका१नाम तास ॥
संजमिनि२दक्खिन२समैन थान,पच्छिम३सुखा३सु अप्पति३प्रधान
उत्तर४बिभावनी४सोमगेह,इम पुर चतुष्क४तहँ गिनहु एह ॥

१सूर्य२प्रमाण३है ॥१७॥४आधालाख५इस प्रमाण के स्थान पर पवन से बंधाहुआ है सुजान रामसिंह सूर्य का रथ है ॥ १८ ॥ इस पृथ्वी के ऊपर ब्रह्माने क्रम से मेघ के समान सात पवन बनाये जिनके नाम मूल में स्पष्ट हैं इन्हींमें ग्रह और तारे फिरते हैं ॥ १९ ॥ २० ॥ ग्रह मेरु को बांया रखकर जाते हैं जिन को पवन उडाकर दाहिनी ओर लेजाता है जैसे कुंम्हार के फिरते हुए चाक पर बांई [चक्र की गति के विरुद्ध] ओर जाता हुआ कीडी शीघ्रता से पीछा जाता हुआ दीखता है ॥ २१ ॥ और इसी तरह पूरब की ओर जानेवाले ग्रह अपनी वीथी (गैली) को छोडकर पीछे (पश्चिम) को जाते हुए दीखते हैं मान[?]त्तर पर्वत जो पहिले कहा उसके ऊपर चारों दिशा में चार धाम हैं ॥ २२ ॥ जिनमें पूर्वदिशा में वस्वौकसारिका नामक इन्द्र की, दक्षिण में संजमिनी नामक यमराज की पुरी है जो नाश का स्थान है, पश्चिम में सुखा नामक वरुण की, और उत्तर में विभावनी नामक चन्द्रमा की पुरी है,

तिनसौँहि प्रात१मध्याह्न२काल, सायं३निसीथ४प्रकटत नृपाल॥
इंद्र१पुर जबहि रबि छुवत आय,दिन मध्य१काल तब तहँ दिखाय॥
अरु अग्नि२कोन थल प्रथम१जाम२,
जिम उदय३काल जमराज३धाम ॥ २५ ॥
निस जाम१ सेस४क्रव्याद४कोन,भासत निसीथ५तँहँ बरुन५भौन ॥
इक१पहर जात निस६पवन६थान,सोम७पुरनिसामुख७करत भान॥
ईसान८दिसा दिन जाम१सेस८, इम सब समय बदलत दिनेस ॥
भूबलय अर्द्ध१परदिन१दिखात,ज्यौं अपर२अर्द्ध निस२फिरत जात।
है जब रबि आतपकेर हानि, जग गहिँ लेह तब दूर जानि ॥
दिस तीन३रु बिचके द्व२हि कोन, रबि परसत अबिरत करत गोन॥
नहि उदय१अस्त२है तस नरेसँ दरसन१रु अदर्सन२ भय२एस ॥
इम भानु उदय सुहि पूर्व आहि, सबसौं सुमेरु उत्तर सदाहि ।२९।
रवि ब्रह्मसभा बिनु मेरु मत्थ, सब ठाम तपत तानि किरन सत्थ ॥

इन्हीं से प्रभात, मध्यान्ह, सायंकाल और आधीरातें होती है ॥ २३ ॥ २४ ॥ २ पहर ॥ २५ ॥ ३ नैर्ऋत्यकोण में ४ आधीरात ५ पश्चिम में ६ वायु कोणमें ७ सायंकाल उत्तर में करता है और यह दिन बाकी रहते सूर्य ईशान कोण में जाता है अर्थात् सायंकाल को उत्तर से चलकर प्रत्येक दिशा में प्रत्येक पहर होता हुआ प्रभात को दक्षिण में पहुंचता है और फिर सायंकाल को उत्तर में पंहुचजाता है इस प्रकार आधे भूगोल पर दिन दीखता जाता है और आधे पर रात्रि फिरती जाती है ॥ २६ ॥ २७ ॥ जब सूर्य की गरमी की हानि होती है तब सूर्य को दूर जानना चाहिये, उपरोक्त चारों पुरियों में से जिस पुरी में सूर्य जाता है उसको और उसके आगे की दो पुरियों को प्रकाशित करता है और उन आगेवाली दो पुरियों के बीच की दो कोणों को भी प्रकाशित करता है इस प्रकार तीन दिशा और दो कोणों को स्पर्श करता हुआ सूर्य निरंतर फिरता है ॥ २८ ॥ हे राजा रामसिंह इस सूर्य का न तो उदय है और न अस्त है किन्तु जहां इसके दर्शन होते हैं वहीं उदय और जहां दर्शन नहीं होते वह अस्त है इस प्रकार जहां से जिनको सूर्य का उदय दीखता है वही उनका पूर्व है १४ और सुमेरु तो सदैव सबके उत्तर दिशा में ही है ॥ २९ ॥ मेरु के मस्तकपर १३ ब्रह्मा की सभा है उसके विना सब स्थानों

जब किरन कतिक बिधि पुरहु जाय, तस तेज देत तब इन्द्ह मिटाय ३०
उत्तर१पर काष्टा निस१अजस्र, दक्खिन२पर काष्टा संतत घस्र२॥
अष्टमि-ससिदल जिम दुव२दुरभास,
इम मिलित रहत तिमिर१रु प्रकास२ ॥ ३१ ॥
अस्त समय रवि छबि पावँ ४ अंस, पावक बिच प्रबिसत सुप्रसंस॥
पावक चतुर्थ ४ लवे उदय काल, पूषा बिच प्रबिसत हे नृपाल।३२।
यातैं अतिभासत निस १ कृसानु २, भासत अतीव द्युति दिवस भानु॥
इम अग्नि १ ज्योति अरु ज्योति सुज्ज २, आहुति स्वाहांत प्रदोस१ पुज्ज॥
रवि१ ज्योति ज्योति पावक २ कहात, स्वाहा जुत आहुति यह प्रभात२
रजनीमुख१ जलबिचदिन२रहंत, लहिप्रात२निस२हु जलगृह लहंत॥
यातैंहिबिसँद१ जलनिस२अँनेह, अरुमलिन१ दिवस२बिचलसतएह
ख ख ख ख पचास कृतअंक ९४५०००००० मान,
जो एक १ अहंनिस रवि प्रयान ॥ ३५ ॥
तसअंसँ सट्ठितम ६० सुनहु राय,

में सूर्य अपनी किरणों को फैलाकर तपता है जब कितनीक किरण ब्रह्मा के पुर में चली जाती हैं उनको ब्रह्मा का तेज मिटा देता है ॥ ३० ॥ सूर्य जब उत्तर दिशा में रहता है तब निरंतर रात्रि; और दक्षिण दिशा में रहता है तब निरंतर दिन रहता है और जिस प्रकार अष्टमीका आधा चन्द्रमा उजाले में और आधा अंधेरे में दीखता है इसी प्रकार अन्धेरा और प्रकाश मिलारहता है ।३१।अस्त समय (रात्रि) में सूर्य का चतुर्थांश तेज अग्नि में प्रवेश होजाता है और हे राजा रामसिंह उदय समय (दिन में) अग्नि का चतुर्थांश तेज सूर्य में प्रवेश होजाता है ॥ ३२ ॥ इसी कारण से रात्रि में अग्नि का और दिन में सूर्य का तेज अधिक दीखता है और इसी कारण से अग्नि और सूर्य की ज्योति, आहुति और स्वाहा अंत, प्रदोष काल में पूजनीय है ॥ ३३ ॥ सूर्य की ज्योति स्वाहा और अग्नि की ज्योति आहुति कहलाती है सो प्रभात में स्वाहा के साथ आहुति होती है। जब रात्रि होजाती है तो दिन जल में प्रवेश करजाता है और प्रभात होता है तब रात्रि जल में प्रवेश करजाती है ॥ ३४ ॥ इसी कारण से जल रात्रि को उज्वल और दिनको मलीन (काला) दीखता है, एक दिन रात्रि में सूर्य नौ करोड़ पैंतालीस लाख योजन चलता है ॥ ३५ ॥ हे राजा रामसिंह इस का साठवां भाग पन्द्रह लाख पचहत्तर हजार

ख ख ख सर तुरग तिथि १५७५००० प्रमित आय ॥
जोजन इतेक इक १घटिय माँहिं, अवनी रबि छेकत अटत आहिं ॥
जब रासि मकर १० दिनकर प्रबेस, तब लगत अयन उत्तर१ नरेस॥
तिहिं भुग्गि भुग्गि पुन कुंभ ११ मीन १२,
अवि १ रासि छुवत जब जवँ अधीन ॥ ३७ ॥
तादिनविषुवतगति पाय अर्क, दिन १ रत्ति २ करत सम मितिउदर्क॥
मृग१०सौं दिनबाढतमिथुन ३ ताम, कर्कट सौं धनु लग अयन याम२
रत्ती सु बढत इहिं अंतराल, अयनन करि रबि मंथर उताल ॥
दिन१मंथर२तँहँ निस१ लघु२दिनेस,
अह१सीघ्र २ तबहि निस १ मंद २ एस ॥ ३९ ॥
परकाष्टाउत्तर१ अयनपाय, धृति १८ मित मुहूर्त दिन बिच बिताय ॥
लहिसार्द्धत्रयोदस१३।½ऋक्ष भोग, जिहिं अग्ग लहत पुनिअस्तजोग॥
नक्षत्र इते १३।½ पुनि रजनि पाय, जगती२२मुहूर्तकरिभुग्गिजाय॥
व्यत्यय करि दक्खिन२अयन एस, निस १ दिवस २ चलत जानहुनरेस

योजन पृथ्वी को सूर्य एक घड़ी में छेकता (लांघता) फिरता है ॥ ३६ ॥ सूर्य जब मकर राशि में प्रवेश करता है तब उत्तर अयन लगता है और वेगों के अधीन हुआ जब मेष राशि को स्पर्श करता है उस दिन सूर्य विषुवत गति (मेष राशि में सूर्य प्रवेश करता है उस को विषुवत कहते हैं और इसी विषुवत को मध्य रेखा मानते हैं) को पाकर दिनरात्रि को बराबर करता है मकर राशि से लेकर मिथुन राशि तक दिन बढता है और कर्क राशि से लेकर धन राशि तक दक्षिण अयन है ॥ ३८ ॥ इस दक्षिण अयन में रात्रि बढती है ये अयन सूर्य के धीरे और शीघ्र चलने से होते हैं, जब सूर्य दिन में धीरे चलता है तब दिन बडे और रात्रि छोटी होती है और दिन में शीघ्र चलता है तब दिन छोटे और रात्रि बड़ी होती है ॥ ३९ ॥ उत्तर दिशा में उत्तर अयन पाकर दिन भर में अठारह मुहूर्त (छत्तीस घड़ी) बिताकर साढे तेरह नक्षत्र भोगकर अस्त होता है ॥ ४० ॥ इतने ही (साढे तेरह) नक्षत्र पाकर बारह मुहूर्त (चौबीस घड़ी) रात्रि भोगकर जाता है हे राजा रामसिंह दक्षिण अयन में रात्रि का इस प्रकार व्यतिक्रम (उलटा पलटी)

लघु झख[1]१२अबि[2]१घट[3]११वृख२कछु बिसाल,
मृग[4]१०मिथुन३इमहुसौं पृथु नृपाल ॥
धनु९कर्क४दीर्घतर जुगल२एह, अलि[5]८सिंह५दीर्घतम दुहुन२देह ॥
सम उभय२तुला७कन्न्या६प्रवीन,इनसौंहि निसा१दिन२वृद्ध१हीन२
रत्ति१सु उषा[6]२रु दिन१०व्युष्टि[7]१नाम,संध्या इन्ह अंतर सुपहु[8] राम ॥
इहिं समय लरत क्रव्यादं[9] आय,रबिसौं द्रुतं[10] दारुन रन रचाय ॥
मंदेह नाम रक्खसन अग्ग,दिय साप प्रजापति रिस उदग्ग ।४४॥
तुम नित्य मरहु जीवहु समस्त, इहिं साप तेहु लहि उदय अस्त॥
रबि सम्मुख आत खावन बिचारि,रवि रक्खस मंडत तुमुल[11] रारि४५
द्विजबर तँहँ अंजलि अर्घ[12]भूत, जुत ब्रह्म प्रणव[13] गायत्रि पूत[14] ॥
अर्पंत[15] निबाहि बिधि सब उदार,तिनकरि जरि रक्खस होत छार ॥
प्रथमाहुति जो सुचिहोत्र[16] देय,रबि बहुरि दिपत तिहिं करि अमेय ॥

क्रमके सूर्य को चलताहुआ जानो ॥ ४१ ॥ मीन[1] संक्रांति की रात्रि और मेष[2] के दिन बराबर होते हैं और थोड़ी सी वृद्धि होती है, कुंभ[3] की रात्रि और वृष के दिन समान होते हैं और कुछ अधिक वृद्धि पाते हैं मकर[4] की रात्रि और मिथुन के दिन बराबर के होकर अधिक बड़े होते हैं, धन संक्रांति की रात्रि और कर्क संक्रान्ति के दिन समान, और बहुत बड़ी वृद्धि करनेवाले होते हैं. वृश्चिक[5] की रात्रि और सिंह के दिन अत्यन्त वृद्धि करनेवाले और समान होते हैं ॥ ४२ ॥ तुला संक्रान्ति की रात्रि और कन्या संक्रांति के दिन बराबर होते हैं और इसी तुला और कन्या संक्रांति से रात्रि की वृद्धि और दिन की हानि होती है, रात्रि का नाम उषा[6] और दिन का नाम व्युष्टि[7] है, हे राजा[8] रामसिंह इन दोनों के बीच में सन्ध्या है ॥ ४३ ॥ इसी (सन्ध्या) समय में राक्षस[9] शीघ्र[10] आकर सूर्य से भयंकर युद्ध करके लड़ते हैं इन मन्देह नामक राक्षसों को आगे ब्रह्मा ने भयंकर श्राप दिया था ॥ ४४ ॥ कि तुम सब नित्य मरो और नित्य ही जीवो उसी श्राप को लेकर सूर्य के उदय और अस्त समय में सूर्य को खाने को आते हैं और सूर्य व राक्षस घोर[11] युद्ध करते हैं ॥ ४५ ॥ उस समय ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य ब्रह्मस्वरूप ओंकार[13] मंत्र और पवित्र[14] गायत्री सहित अर्घ युक्त[12] विधि पूर्वक अञ्जली देते[15] हैं जिस से वे राक्षस भस्म होजाते हैं ॥ ४६ ॥ अग्निहोत्र[16] में प्रथम आहुति देते हैं उस से अपार महिमावाला सूर्य फिर प्रकाशमान होता है फिर मन्देह नामक

पुनि लहि रक्खस मंदेह देह,संध्या प्रति जुज्झत इम अछेह ॥४७॥
रबि बिष्णु प्रणव बाचक तदीय, यातैं संध्या बिधि यह गरीय ॥
सावित्री१वाचक१उभय२सत्थ, लहि अर्घ भानु होवत समत्थ ॥४८॥
यातैंहि चलत जे बेद ऐनें,ते संध्योपासन क्रम तजैं न ॥
रवि घातक व्है करि नहिं सुकर्म,धरनीस मुख्य इम यहहु धर्म ॥४९॥
इक१इक१मुहूर्त्त संध्या प्रमान,खिल अष्टाविंशति२८द्युनिस२थान ॥
पंद्रह१५निमेष काष्टाख्य१काल,जे तीस३०कला कहियत नृपाल ॥
जे तीस३०मुहूर्ताभिध१अनेहं,जे तीस३०अहोनिस इक्क१एह ।
रबि अर्द्ध उदय सन प्रात१काल,सुमुहूर्त तीन३परिमित नृपाल ॥५१॥
तिहिं अग्ग काल संगव२तितोहि,जिहिं तुल्य अग्गमध्यान्ह३जोहि
तस अग्ग कहत अपराह्ण४ताहि,इहिं अग्ग काल सायान्ह५आहि।५२।
दिन पंच५भाग ए सब समान,घटि बढि हु होत दु२अयन निदान
पंद्रह१५मुहूर्त विषुवत अनेहं,सरद१रु बसंत२उभयत्र एह ॥ ५३ ॥

राक्षस देह धारण करके सायंकाल को अपार युद्ध करते हैं ॥ ४७ ॥ सूर्य विष्णु का तेज और प्रणव विष्णु का वाचक है इस से सन्ध्या विधि से सूर्य बढता है. और गायत्री इन दोनों (सूर्य और विष्णु) का वाचक है इस कारण गायत्री का अर्घ लेकर सूर्य समर्थ होता है ॥ ४८ ॥ इसी कारण से जो वेद मार्ग में चलते हैं वे सन्ध्योपासन का कर्म नहीं छोडते और जो ये कर्म नहीं करते हैं वे सूर्य को मारनेवाले होते हैं इस कारण से हे राजा राम सिंह यह धर्म मुख्य है ॥ ४९ ॥ दिन रात्रि के तीस मुहुर्त (दो घडी का एक मुहूर्त होता है) होते हैं जिन में दो मुहूर्त तो दोनों सन्ध्या के और बाकी अट्ठाईस मुहूर्त का दिन रात होता है पन्द्रह बार नेत्र के पल मारने में जितना समय लगै उस को एक काष्टा कहते हैं. और तीस काष्टा को हे राजा एक कला कहते हैं ॥५०॥ इसी तीस कला के समय का नाम मुहूर्त कहते हैं इन तीस मुहूर्तों का एक दिन रात होता है आधा सूर्य उदय होने से लेकर तीन मुहूर्त तक प्रातःकाल माना जाता है ॥ ५१ ॥ इस के आगे तीन मुहूर्त का संगव नामक काल (समय) है इस के आगे तीन मुहूर्त का मध्यान्ह काल है मध्यान्ह के आगे अपरान्ह और अपरान्ह के आगे सायंकाल है ॥५२॥ दिन के ये पांचों भाग बराबर हैं परन्तु दोनों अयनों के कारण घटा बढी भी होजाती है मेष और तुला के सूर्य को विषुवत कहते हैं उस वसंत और शरद के समय में पन्द्रह

संबत्सरादि पंचक५बिबेक,जो कहिय सोहु जुग१बजत एक१ ॥
उत्तरकुरु सीमा शृंगवान,तस तीन३सिखर सुनियत सुजान ।५४
दक्खिन दिस दक्खिन१नाम जत्थ,उत्तरदिस उत्तर२नाम तत्थ
बिच दुहुन२स्टृंग जो बिषुव३नाम,सु सरद१बसंत२रबिभुक्ति धाम५५
जब उतरि अमा३०पड़िवा१लगंत,इक१क्रांति लहैं ''ा पुष्पवंत२ ॥
तबतैंहि लगत चउ४भेद मास,ते सौर१रु सावन२बिधि बिलास ।५६॥
पुनि चांद्र३तथा नाक्षत्र४च्यारि४,इकसत्थ प्रबर्तत संग धारि ॥
तबसौं इकहायन१अवधि पाय,ससिदिनसौं रबिदिन छ६घटि जाय ॥
इम निज निजमिति सर्न पंच५अब्द,जुग इक्क१ह हु संकेत सब्द ॥
जुगमाँहिं सट्ठि६०रबि मास जत्थ,सावन्नै इकसाठि६१मास तत्थ५८।
दुव२सट्ठि६२चांद्र पावत प्रकास,अरु सत्तसट्ठि६७नाक्षत्र मास ॥
बहुला३पूरब१पद जब दिनेस,राधा१६चतुर्थ४पद जो छपेस ॥५६॥
राधा१६चतुर्थ४पद दिवसराय,जो चंद्रकृत्तिका३प्रथम१पाय ॥

मुहूर्त का दिन होता है ॥ ५३ ॥ संवत्सर १ परिवत्सर २ इडावत्सर ३ अनुवत्सर ४ वत्सर ५ इन पांच वर्षों का जो विवेक कहा वही एक जुग कहलाता है. उत्तर की सीमा पर शृंगवान् नामक पर्वत है उस के तीन शृंग (शिखर) सुनते हैं ॥ ५४ ॥ उन में दक्षिण उत्तर के शृंग तो दक्षिण उत्तर के नामों से प्रसिद्ध हैं और वीच के शिखर का नाम "विषुव,, है सो शरद ऋतु और वसन्त ऋतु में सूर्य के भोगने का स्थान है ।. ५५ ॥ जब अमावस्या उतर कर एकम लगती है और सूर्य चन्द्रमा एक ही क्रांति लेते (सूर्य चन्द्रमा का संगम होना) है तब से ही चार प्रकार के मास लगते हैं वे सौर१ सावन २ चांद्र ३ नाक्षत्र ४ इन नामों से एक साथ ही लगते हैं जब से लेकर एक वर्ष पर्यंत चांद्र मास की गणना से सौर मास की गणना के छः दिन घटजाते हैं ॥ ५६ ॥ ।५७। इस प्रकार अपने अपने प्रमाणों से पांचों वर्षों का एक जुग होता है यह सांकेतिक शब्द है इस एक जुग में सौर मास के साठ महीने होते हैं वहां सावन मास के इकसठ मास होते हैं ।५८। इसी प्रकार चान्द्र मास के बासठ६२ महीने और नाक्षत्र मास से सड़सठ ६७ महीने होते हैं। जब सूर्य कृत्तिका नक्षत्र के प्रथम चरण पर जाता है तब चन्द्रमा विशाखा नक्षत्र के चौथे चरण पर जाता है ॥ ५९ ॥ और जब सूर्य विशाखा के चौथे चरण पर जाता है तब चन्द्रमा कृत्तिका के प्रथम पाये [चरण] पर जाता है यह दोनों " विषुव ,, नामक समय है

तो दुव२हि महाविषुवाख्य काल,जँहँ दत्त होत अक्षय नृपाल ॥६०॥
माघ१रु तपस्य२मधु३राध४ज्येष्ठ,५अरु सुचि६ए उत्तर१अयन श्रेष्ठ
सावन१रु भद्द२इस३उज्ज४मग्ग५,रु सहस्य६इते दक्खिन२उदग्ग ॥
वरन्यौं गिरि लोकालोक नाम,सो लोकपाल चउ४केर धाम ॥
जँहँ उभय२सुदामा१साख्यवान२कर्द्दम प्रजेसके सुत सुजान ।६२
अपर सु हिरण्यरोमा३तृतीय३,तिम केतुमान४जानहु तुरीय४॥
या गिरिको उत्तरसृंग जोहि,मुनिवर अगस्तिको थान सोहि ।६३
तासौं अजबीथी अवधि प्रांत,कहियत पितृयान१सु अवनिकांत ॥
अरु नागबीथिकासौं प्रमान,इत सप्त७ऋषिन लग देवयान२।६४।
तीन३हि भचक्रके रहन थान,उत्तर ऐरावत१सौंभिधान ॥
मध्य सु जारद्गव२नामधेय,वैश्वानर३दक्खिन दिस गणेय ॥६५॥
इक१इक१प्रतिबीथी तीन३तीन३,बीथी प्रति तारा त्रय३प्रवीन ॥
तँहँ अश्विनी१रु भरनी२तथाहि,बहुला३यह बीथीनाग१आहि ।६६।
ब्राह्मी४सुख तारा त्रितय३पाय,गजबीथी२नामक पथ कहाय ॥
उडु तीन३पुनर्बसु७सो नरेस,ऐरावती३सु बीथी बिसेस ॥ ६७ ॥
ऐरावत१मैं त्रय३बीथिकाहि,सोहत उत्तर१दिस ए३सदाहि ॥
नच्छत्र मघा१०सन तीन३तीन,ज्येष्ठा१८लग जारद्गव२अधीन॥६८॥

जिसमें दियाहुआ हे राजारामसिंह! अक्षय होता है ॥६०॥ १ फागण २ चैत्र ३ वैशाख ४ आषाढ ५ आश्विन ६ कार्ती ७ मृगशिर ८ पौष ॥ ६१ ॥ ९ नीचेलिखे चारों लोकपालों का धाम है ॥ ६२ ॥ ६३ ॥ हे राजा अगस्त्य के स्थान से लेकर अजवीथी तक जो प्रदेश है उसको पित्रीश्वरों का मार्ग कहते हैं और नागवीथी से लेकर सप्तऋषियों तक देवताओं का मार्ग है ॥ ६४ ॥ सत्ताईस नक्षत्रों के रहने के तीन स्थान हैं, उत्तर में ऐरावत नामक, मध्य में जरद्गव नामक और दक्षिण में वैश्वानर नामक जानो ॥ ६५ ॥ इनप्रत्येक में तीन तीन वीथी (गली) हैं और प्रत्येक वीथी में तीन तीन नक्षत्र हैं जिन में अश्विनी भरणी और कृत्तिका ये नागवीथी में हैं ॥ ६६ ॥ रोहिणी आदि तीन नक्षत्रों को पाकर गजवीथी कहाती है और हे राजा पुनर्वसु को आदि लेकर तीन नक्षत्रों की ऐरावत वीथी है ॥ ६७ ॥ उत्तरदिशा में ऐरावत में यही तीन वीथी सदा शोभित हैं और मघासे लेकर ज्येष्टा तक तीन तीन नक्षत्रों की

तिनमाँहिं आर्षभी१बीथिका रु,क्रमतैं गोबीथी२अपरं चारु ॥
जारङ्गवी३सु तीजी३प्रमानि,जारङ्गव२मैं ए३लेहु जानि ॥ ६९ ॥
मूल१९हिसों त्रय३त्रय३पौष्ण२७अंत,बैश्वानर३बीथी त्रय३बसंत॥
अजवीथी१मृगबीथी२ललाम३,बैश्वानरी३हु इम तिन्ह त्रि३नाम ।७०॥
त्रय३उत्तर१दाक्खिन२बिषुव३चाल,इन वीथिन करि जानहु किंवाल॥
ऋषि सप्तक७सौं ध्रुव लग प्रदेस,अतिमुख्य विष्णुपद१नाम एस।७१॥
जामैं ध्रुव२सबको मेढिरूप,ध्रुवमैं भचक्र ३सब गिनहु भूप॥
रु मुदिर४भचक्र६ अंतर रहंत,मुदिरनँ बिच वृष्टि५सु थिति लहंत ॥७२॥
सब अन्न६वृष्टि बिच रहत पुष्ट,अरु अन्नमाँहिं मख८७त्रि३जुगं जुष्ट॥
मखमैं सब देवन८पुष्टि माँहिं,निवसत सुभिच्छ९सुर पुष्टिमाँहिं ॥७३॥
गंगाहु गिरत ध्रुवकौं न्हवाय,पुनि सप्त७ऋषिनसिर परस पाय॥
ससिमंडल ह्वै परि मेरु सीस,इत आत अलकनंदा मँहीस[12] ॥७४॥
सत१००अर्ब्द[13] अग्ग कछु अधिक साथ,रक्खी जु जटा बिच भूतनाथ॥
पुनि निकसि तहाँसन धोय पाप,दिय सगरसुतन६००००गति अति दुराप[14]
जाको जल पितरन देत जोहि,करिदेत त्रि३हायनँ[15] तृप्ति सोहि॥
अति दूरहु नर गंगा उचारि,त्रि३जनम समुत्थँ[16] अघ देत जारि॥६७॥

वीथी जरङ्गव के अधीन है जो मध्य में है ॥ ६८ ॥ इसजारङ्गव में क्रम से आर्षभीवीथी गोवीथी और जारङ्गवी वीथी सुन्दर जानो ॥ ६९ ॥ मूल नक्षत्र से लेकर रेवती नक्षत्र के अन्त तक दक्षिण में वैश्वानरमें तीनवीथी वासकरती हैं जिनके अजवीथी मृगवीथी और वैश्वानरीवीथी ये सुन्दर तीन नाम हैं ।७०॥ उत्तरदक्षिण और मध्य की जो तीनों चाल हैं सो हे कृपाले रामसिंह इन्हीं वीथियों से जानो और सप्तऋषियों से लेकर ध्रुव तक का जो प्रदेश है उसका नाम विष्णुपद है ॥ ७१ ॥ आप अपनी कीलि पर फिरैं और अन्य उसके चारों ओर फिरैं उस कीलियालेको मेढि कहते हैं.६नक्षत्रगण ६ मेघनक्षत्रों में रहते हैं और मेघों में वृष्टि रहती है॥७२॥८ यज्ञ९तीन जुगोंमें सेवन योग्य१०है॥देवताओं की पुष्टि में सुभिक्ष [सुकाले श्रेष्ठ सम्वत्) रहता है ॥ ७३ ॥ हे राजे[12] वह गंगा यहां आकर अलकनन्दा के नाम से प्रसिद्ध हुई ॥ ७४॥ १३ वर्ष १४ दुर्लभ ॥ ७५ ॥१५ तीन वर्ष तक ॥३ जो मनुष्य बहुत दूर से भी गंगा का उच्चारण करता है उसके तीन जन्म के इकट्ठे हुए पापों को जला देती है ॥७५॥

यह तारापुंजहु विष्णुरूप,सिसुमार समाकृति सुनहु भूप ॥
ताकोहु कुंडलाकार कार्य[2],है नमित दक्षिणावर्त्त लाय ॥ ७७ ॥
मुख ढिग्गहि पुच्छ ध्रुव तास अग्ग,सु फिरावत जोइगनं[3] समग्ग॥
अरु ध्रुवहु फिरत सिसुमार छंदं[4],तस अनुगंत[5] तारागनन कंद ॥७८॥
ध्रुवकेहि ग्रह१अं[6]र२नच्छत्र३सर्ब,बंधे समीरँ[7] रज्जुनं सुपर्ब[8] ॥
आवह मुख मारुत जे अकास,सुनिये प्रभु सप्त७हि 'गन तास ।७९।
भू१मेघ२मध्य आवह१कहात,बांरिद २रवि३अंतर प्रवह२बात ॥
रबि३चन्द्र४बीच च दह१४रहंत.बिधुं४भगन५बीच संवह४बहंत ।८०
भगन५रु खिलं[12]ग्रह६लिच निवह५भाव,
रु'गरावह६ग्रह६ऋषिसप्त७।७जाँव[13] ॥
ऋषिसप्त७।७रु ध्रुव८परिवह७प्रमान,ए सप्त७पवन इम चाहुवान।
सिसुमारकोहु है हृदय जत्थ, तारांकृति[14] श्रीहरि[15]१रहत तत्थ ॥
तिनके आधारहि सु सिसुमार२,यांके[16] आधार ध्रुव३उदार ।८२।
ध्रुवके आधार दिनेसँ[17]४आहि[18],रवि धारि रह्यो जग[19]५विधि निबाहि।
जगको जल लै बसु[20]८मास काल,पुनि देत मास चउ४विच नृपाल

हे राजा रामसिंह यह तारों का समूह शिशुमार चक्र की आकृति में विष्णु का स्वरूप है जिसका शरीर कुंडल के आकार दक्षिणावर्त है ॥७७॥ उस गोलाकार शिशुमार के मुख के पास ही पूंछ के अग्रभाग पर ध्रुव है जो सब तारों को फिराता है औरशिशुमार के वंस में ध्रुव भी फिरता है जिसके साथ चलनेवाले तारागन और मेघ हैं ॥ ७८ ॥ ग्रह तारा और नक्षत्र पवन की रस्सियों से उत्तम गांठों के साथ ध्रुव के बन्धे हैं और आवह नामक पवन को आदि लेकर जो पवन आकाश में हैं उनके सातों ही स्थान हे स्वामी रामसिंह सुनो ॥ ७९ ॥ भूमि और मेघ के बीच में आवह नामक पवन है मेघ और सूर्य के बीच में प्रवह नामक पवन है सूर्य और चन्द्रमा के बीच में उद्वह नामक पवन, चंद्रमा और नक्षत्रों के बीच में सम्वह नामक पवन चलता है ॥ ८० ॥ नक्षत्र और बाकी के ग्रहों के बीच में निवह नामक पवन और ग्रह और जहांतक सप्तऋषि हैं उनके बीच में परावह नामक पवन है इसी प्रकार सप्तऋषि और ध्रुव के बीच में परिवह नामक पवन है. हे चहुवाण रामसिंह इस प्रकार ये सात पवन हैं ॥ ८१ ॥ १४ तारा की आकृति १५ विष्णु १६ इस शिशुमार के आधार ॥८२॥ १७ सूर्य १८ है १९ जगत् को २० आठ मास तक

रबिसौं सुनीर ससिमाँहिं जात,अभ्रनें बिच ससि सन एह आत॥
पवमान१हव्यबह२धूम३रूप, भाखे त्रि३धाहि जीमूत भूप ॥ ८४॥
ते मारुत प्रेरित तजत तोय, जिनकरि जगजीवन जुष्ट होय ॥
बिनु घन जो रबि छत बुंद पात, सुहि रबि नभगंगा जल गिरात
जो मानव सपरस करत जास,नरक सु न जाय यह बदत व्यास
बहुलादि बिसम उडु रबि फिरंत,बिनु घन दिन जलकन जे परंत
सोहू नभगंगा जल असेस,दिग्गज तिहिं डारत अवनि देस ॥
ए दिव्य न्हान दुव२पुण्य पूर,पहिलो यहँ सम उडु रहत सूर ॥८७॥
उत्तर पर काष्टा१तैं बिधान,दक्खिन पर काष्टा२लग प्रमान ॥
है मंडल इक सत अरु असीति१८०,रबि परम मार्ग यह अटनरीति ।
ध्रुव ऐंचत जब जुग१अक्ष२दाम,उत्तर१तब चढत कठोरधाम ॥
दुव२गुन जब ढीले देत दूर,उतरत तब दक्खिन२अयन सूर ॥८९॥

जगत् का पानी लेकर ॥८३॥ वह पानी सूर्य से चंद्रमा में और चंद्रमा से मेघों में आता है, हे राजा वह मेघ पवन अग्नि और धुएं से बनते हैं और इन्हीं के रूप से हैं ॥ ८४ ॥ वे मेघ पवन की प्रेरणा से पानी छोड़ते हैं जिस से जगत् जीवों को सेवन (धारण) करनेवाला होता है। सूर्य के होतेहुए विना बाद-ल बुन्दें पड़ें तो जानना चाहिये कि सूर्य आकाश गंगा से लेकर जल गिराता है ॥ ८५ ॥ उस आकाश गंगा के जल को जो मनुष्य स्पर्श करता है वह नरक में नहीं जाता यह बात "विष्णुपुराण,, में वेदव्यास कहता है। कृत्तिका को आदि लेकर विषम (एकीकी) गणनावाले नक्षत्रों पर सूर्य होवे तब विना बादल दिन में पानी की बून्दें गिरें ॥ ८६ ॥ वह भी सब नभगंगा का जल है जिस को भूमि पर दिशा के हाथी डालते हैं ये पुण्य के समूहवाले दोनों दिव्य स्नान हैं अर्थात् ऐसी वर्षा में न्हाना उत्तम है। इन में प्रथम कहा हुआ रोहिणी आर्द्रा आदि सम (दोकीकी) गणनावाले नक्षत्रों पर सूर्य होवे तब विना बादल बूंदें पड़ें जिस को सूर्य का गिराया हुआ आकाश गंगा का पानी जानो ॥ ८७ ॥ उत्तर दिशा से लेकर दक्षिण दिशा तक एक सो अस्सी मंडल हैं वे ही सूर्य के फिरने की रीति के परम मार्ग हैं ॥ ८८ ॥ ध्रुव जब सूर्य के रथ के जूंडे और अक्ष (पहिया रहने के काष्ट) की रस्सियों को खींचते हैं तब सूर्य उत्तर को चढता है और जब उपरोक्त दोनों रस्सियों को ढीली देता है तब सूर्य दक्षिण अयन में उतरता है ॥ ८९ ॥ सूर्य के घूमने

दिन१प्रति इक१ मंडलगति दिखात, त्रय३मास जात त्रय३बहुरि आत॥
अभ्यंतर उत्तर१मग्ग आहि, जो दक्खिन२बाहिर करत जाहि ।९०।
प्रतिमास१सूर्य१ढिग ऋषि१रु नाग२, जच्छ३रु गंधर्व४हु क्रम बिभाग
अच्छरि५अरु रक्खस६जे रहंत, सुनिये तिन्ह नामहु कवि कहंत॥
मधु४ मैं रवि धाता१मुनि जु श्रेय३, सुपुलस्त्य१रु बासुकि२काद्रवेय॥
रथकृत३तुंबुरु४भूतस्थला५हि, अरु हेति६तत्थ क्रब्याद आहि ।९२।
बैशाख२अर्य्यमा१गिनहु वीर, ऋषि पुलह१नाग तँहँ कत्थ नीर२॥
रथौजा३नारद४नाम एति, पुनि पुंजिकस्थला५तिम प्रहेति६ ।९३।
अरु ज्येष्ठ३मित्र३पुनि अत्रि१ज्यौंहि, तक्षक२रु रथस्वन३जच्छ त्यौंहि
हाहा५रु मेनका६नानधेय, सुनिये तँहँ रक्खस पौरुषेय६ ॥ ९४ ॥
आषाढ४गिनहु बरुन४रु बशिष्ठ१, रथचित्र२।३नाम अग्गैं द्विरनिष्ठ॥
हूहू४सहजन्या५रंभ६नाम, सावन५अब सुनिये सुपंहु राम ॥ ९५ ॥
रवि इंद्र५अंगिरा१मनिहु जत्थ, तिम एलापत्र२रु स्रोत३तत्थ ॥
बिश्वाबसु४प्रम्लोचा५बखानि, सरपाख्य६रात्रिचर लेहु जानि ॥
रविभद्र६विवस्वान६हि महीस, भृगु१मुनि रु संखपाल२सुअहीस।९६।
क्रम सन आपूरन३उग्रसेन४उम्लोचा५व्याघ्र६तथा धरेनं ॥ ९७ ॥

के ८० मंडल ऊपर बताये जिन में प्रतिदिन एक एक मंडल में जाता है एक अयन में तीन महीने जाता है और तीन महीनों में पीछा आता है इस प्रकार एक अयन के छः मास में १८० मंडल पूरे होते हैं और ये ही छः मास दूसरे अयन में लगते हैं तब १८० के दुगने ३६० दिन होते हैं। और भीतर का मार्ग उत्तर का और बाहिर का दक्षिण का है ॥ ९० ॥ एक एक महीना प्रति सूर्य के पास ऋषि, नाग, यक्ष, गन्धर्व, अप्सरा और राक्षस रहते हैं उन के वर्णने का क्रम सुनो, इन ऊपर बताये हुए सूर्य १ ऋषि २ सर्प ३ यक्ष ४ गन्धर्व ५ अप्सरा ६ और राक्षस ७सातों के नाम प्रत्येक मास में यथाक्रम से जानना चाहिये ॥ ९१ ॥ ४ चैत्र मास में ५ धाता नामक सूर्य ॥ ९२ ॥ ६ अर्यमा नामक सूर्य ॥ ९३ ॥ ७ज्येष्ठ मास में मित्र नामक सूर्य॥९४॥ ८ वरुण नामक सूर्य ९ हे श्रेष्ठ स्वामी रामसिंह ॥ ९५ ॥ १० श्रावण मास में इन्द्र नामक सूर्य ॥ ९६ ॥ ११भाद्रवे में विवस्वान् नामक सूर्य १२ हे भूपति ॥९७॥

इसें[१]७पूषा[२]७गोतम१बहुरि आहि,जो नाग धनंजय२कहत जाहि ॥
रु सुसेन३सुरुचि४गंधर्व जच्छ,अच्छरि पुनि जो तँहँ नटन अच्छ॥९८॥
सु घृताची५रक्खस नाम बात६,सुनिये अब कत्तिय[३]८जे सुहात ॥
पर्ज्जन्य[४]८ओ भरद्वाज१नाम,ऐरावत२सेनजिताख्य३नाम ॥ ९९ ॥
बिश्वाबसु४बिश्वाची५बहोरि,रक्खस हु सेनजित६लेहु जोरि ॥
मार्गसिर९अंसु[५]९कास्यप१सुदच्छ,नाग महापद्म२रु तार्क्ष्य३जच्छ १००
पुनि चित्रसेन४उर्बसि५प्रसिद्ध,अरु बिद्युत६राछस एहि इद्ध ॥
तिम पोस१०भग[६]१०रु क्रतु१अह पढेमि,कर्कोटक२त्यौं रु अरिष्टनेमि
ऊर्णायु४पूर्बचित्ती५सु गान,ज्यौं स्फुर्ज६नाम तहँ जातुधान ॥
माँघ[७]११सुत्वष्टा[८]११जमदग्नि१जानि,कंबल२तस जित३धृतराष्ट्र४मानि
अच्छरि तिलोत्तमा५नचत जत्थ,निकषासुत ब्रह्मापेत६तत्थ ॥
फग्गुन१२मैं दिनकर बिष्णु[९]१२नाम,मुनि बिश्वामित्र१हु अतुलधाम
अश्वतर२सत्यजित३क्रम्म बिधान,गंधर्ब सूर्यवर्चा४भिधान* ॥
रंभा५अरु यज्ञापेत६एहि,प्रतिमास तपन[१०] तोषक[११] कहेहि ॥ १०४ ॥
रबिकी नुति[१२] निज निज ऋषि१रचात,बलि नद्ध[१३] करत रथ नाग२व्रात[१४]
जच्छ[१५]३सु अभीषु[१६] संग्रह बनात,गंधर्ब४रिझावन अग्ग गात ॥१०५॥
अग्गैंहि नटत अच्छरि५असेस,क्रव्याद[१७]६चलत रथ पिट्ठि देस ॥
पुनि बालखिल्य[१८]छ६अयुत६००००प्रमान,ए करत सदा नुति सावधान
अधिकार यहै बिधि रबि१हिं दिन्न,तिम चंद्र२हिं ताराधीस[१९] किन्न

१ आश्विन में २ पूषा नामक सूर्य ॥९८॥ ३ कार्तिक में ४ पर्ज्जन्य नामक सूर्य ५ अंसु नामक सूर्य ॥ १०० ॥ ६ भग नामक सूर्य ॥ १०१ ॥ ७ माघ मास में ८ त्वष्टा नामक सूर्य ॥ १०२ ॥ ९ विष्णु नामक सूर्य ॥ १०३ ॥ १० सूर्य को ११ प्रसन्न करनेवाले ॥ १०४ ॥ ऋषि लोग तो अपने अपने सूर्य की १२ स्तुति करते हैं सर्पों के १३ समूह रथ को बांधते हैं यक्ष घोड़ों की १६ रस्सी (रास अथवा बाग) बनाते हैं गन्धर्व लोग प्रसन्न करने को आगे गाते हैं ॥ १०५ ॥ सब अप्सरायें आगे नाचती हैं और १७ राक्षस रथ के पीछे चलते हैं इसी प्रकार ब्रह्मा के पौत्र साठ हजार बालखिल्य नामक ऋषि सावधान होकर स्तुति किया करते हैं १९ तारापति

*विधान मिधान अन्त्यानुप्रासः

अरुपक्ख असित लगतहि उमाँहि, चउदसि१४लग पीवत अमर याँहि
पुनि करत अमा दिन पितर पान, याँके त्रिउचक्र रथ बर बिधान॥
कुँदाभ बहत दश१०हय ललाम, दुहुँ२ओर रहे दक्खिन रु बाम।१०८
रबि हयन जिमहि बिधुरा बहंत, इक१बेर जुतेही कल्प अंत॥
जलसौं इन तुरगन जन्म आँहि, बिचरत उडुबीथी क्रमनिबाहि १०९
राकौं लग लै पख आवदातं, बिधुकौं रबि इक१करसौं बढात॥
तेतीस सहँस३३०००सुर सत तिते३३००हि,
तेतीस३३बहुरि सँसि पिबत ए३६३३३हि॥११०॥
ससि जबहि कलाद्वय२खिल रहंत, जलबास प्रथम तद्दिन रहंत॥
प्रबिसत पुनि बीरुध ब्रातमाँहिं, बर्जित तब बीरुध छेद आहिं।१११।
जु अमादिन बीरुध छेदकार, सुहि लहत ब्रह्महत्या अपार॥
रबि किरन अमा अभिधान जोहि, बीरुध तजि ससि पुनि लहत सोहि
इम दिन सु अमावास्याऽभिधान, तब करत कला इक१पितर पान
सुर तृप्ति लहत इक१पख अनेह, इक१मात पितर गन लहत एह॥

॥ १०६ ॥ १ कृष्ण पक्ष २ प्रसन्न होकर ३देवता ४ चन्द्रमा को ॥ १०७ ॥ ५ अमावास्या के दिन ६ इस चन्द्रमा के रथ के श्रेष्ठ रचना से बनाये हुए तीन पहिये हैं. और मोगँरा के पुष्प की कांति जैसे सुन्दर दश घोड़े दहिने और बांये दोनों ओर बहते हैं ॥ १०८ ॥ ८ दोनों धुरों में बहते हुए सूर्य के घोड़ों के समान एक बेर के जुते हुए कल्प के अन्त तक जुते ही रहते हैं ९ है१० क्रम का निर्वाह करके उडुबीथी में फिरते हैं-॥१०९॥ शुक्ल पक्ष के प्रारंभ से लेकर पूर्णमासी तक चन्द्रमा को सूर्य एक किरण से बढाता है जिस को छत्तीस हजार तीन सौ तेतीस देवता पान करते हैं ॥ ११० ॥ चन्द्रमा की जब दो कला बाकी रहती हैं उस दिन जल में बास करता है फिर वृक्षों के समूह में रहता है उस दिन वृक्षों का काटना मना है ॥ १११ ॥ जो अमावास्या के दिन वृक्षों को काटता है वह ब्रह्महत्या को पाता है फिर वृक्षों को छोड़कर चन्द्रमा सूर्य की अमा नामक किरण को लेता है ॥ ११२ ॥ इस कारण से उस दिन का नाम अमावास्या है, उस दिन चंद्रमा की एक कला पितीश्वर पीते हैं देवता लोग पन्द्रह दिन और पित्रीश्वर एक महीना तक तृप्ति लेते हैं ॥ ११३ ॥

ते सौम्य१बर्हिषद२पितर ब्रात,पुनि अग्निष्वात्त३हु मोदपात ।
ससिकेर कला इक१खिल रहैंसु, बलि रवि बढात सितपक्खमैं सु॥
सिसुमारमाँहिं इम ससि२हु थप्पि,बुंध३हू विधि थप्पिय थान अप्पिँ
बुध रथके मारुत१बह्नि२जात,हय कपिल रंग अष्टक८सुहात।११५।
कबि४कै रथ बर केतन१बरूथ२,जुतअष्ठ८भूमिभव तुरग जूथ ॥
कुज५कै कांचन रथ अष्ठ८बाजि,भूजात पद्मरागाभ राजि ॥११६॥
गुरु६कै हु कनक रथ अष्ठ८बीति, राजत छबि पंडुर रुचिर रीति।
सनि७कै सुभ स्यंदन अरु तुरंग,आकास जात छबि संबल अंग ।११७।
सिंहीसुत८कै रथ धूसराभ,अष्ठ८हि तस घोटक भृंग आभ ॥
अष्ठ८हि हय आदिक९रथ रहंत, धुम्र धूम१लाख रस२रुचि बहंत॥
सुनि बिप्र मुनिन ढिग बहुरि आइ, सब दिय कुटुंब आसय सुनाइ ।२५।
पुनि मुनिन कहिय हिय किय प्रसत्ति[2], करि कुकृत तूहि लहिहै बिपत्ति
तसमात[3] करत क्यौं घोर कर्म्म, विष्णुहिं सम्हारि धरि साधु धर्म्म ।२६।
यह सुनत बिप्र हिय बोध आइ, बुल्ल्यो सु देहु पद्धति[4] बताइ ॥
तब मुनिन कह्यो धरि विष्णु ध्यान, आसन रचि बैठहु जलवान ॥२७॥
बैकुंठ हरे विष्णो उचारि, जप करहु निरंतर तत्व धारि ॥
नासाग्र दिठ्ठि संतत[5] लगाइ, पुनि लेहु हृदयपंकज[6] फुलाइ ॥ २८ ॥
तिहिं कंजकोसं[7] बिच भव्य[8] भासँ, वे हरि सदैव धारत निवास ॥
मन करि तिन्ह पूजहु धैर्य मानि, जे प्रभुहि मुक्तिदातार जानि ॥२९॥
दै सिक्ख गये मुनि इष्टदेसं[9], इहिं बिप्र कथितं[10] कीनौं अंसेस[11] ॥
बैठो अंचेष्ट[12] आसन बनाइ, लिय दिठ्ठ नक्क अग्गहि लगाइ ॥३०॥
उच्चरत विष्णु हरि हरि अजंस्र[13], घन बित्तिगये इम जपत घस्र[14] ॥
सुधि खानपान बपु की रही न, लगि चित्त भयो हरि रूप लीन ॥ ३१॥
तनु पैं किय बाम्रिनें[15] नाकुं[16] तास, वह रटत मध्य रहि श्रीनिवास ॥
अतिचिरं[17] बिताइ मुनि पुनि हु आइ, रट बिप्र रह्यो हरि हरि लगाइ
सुनि निनद[18] मुनिन चउ ४ दिस निहारि, नाकुहि बिच जान्यौं भजनकारि
मिलि तिन्ह बिडारि वह बामलूर[19], काढ्यो द्विज मनहु सुक्रंसूर[20] ॥ ३३॥
जे मुनि समर्थ वल्मीकजात[21], बाल्मीकि भये यह बिदित बात ॥
जिनसौं हु भयो पावन जु देस, आश्रम हम हू किय हे अगेसं[22] ।३४।

१पाप २कृपा ३इस कारणसे ४मार्ग ५निरंतर ६हृदयकमलमें ७देदीप्यमान कान्तिवाले ८ध्यानयोग्य ९अपने वाञ्छित देश को १०कहा हुआ ११सम्पूर्ण १२निश्चल १३निरन्तर १४दिन १५वामले (उदेही के बिल) १६उदेही (दीमक) ने १७बहुत ही समय बिताकर १८ नाद (शब्द) १९ वामले को २० ज्येष्ठ मास के सूर्य के समान २१ वामला से पैदा होने के कारण २२ हे पर्वतराज.

त्रिस्रोता पुनि बहि काढिय तत्थ, इम हुव पवित्र संसय न अत्थ ॥
अब तत्थ हैमवत चलहु एक, बहुरिहु थल सुधरहिं मम बिबेक ॥३५॥
तीरथ सब करिहैं तत्थ बास, सब देव तत्थ करिहैं निवास ॥
सुभ करहिं हमहु पुनि वह सुथान, बिरचहिं अनेक अध्वर विधान ।३६।
इम करि पवित्र बिपिनं सु असेस, बन अष्ट ८ तुल्ल्य करिहैं नगेस
तसमात चलहु हे इक १ निसंक, पूरहु जुँ गर्त्त लिंपिहैं न पंक।३७।
यह सुनि गिरिपुत्रन कहिय फेरि, बन अष्ट ८कोन भाखहु निवेरि॥
अक्खिय तब मुनिबन अष्ट८ नाम, गिरिपुत्र सुनहु जे पुण्यधाम ।३८।
दंडक १ अरण्य है प्रथम सुद्ध, बन है द्वितीय सैंधव २ प्रबुद्ध ॥
ज्यों जंबूमार्ग ३ तृतीय जानि,पुष्कर४ चतुर्थ कानन प्रमानि ।३९।
पंचम सु उत्पलावर्त्त५ गण्य, अरु गिनहु षष्ठ नैमिष६अरण्य ॥
सप्तम कुरुजांगल७ पुण्यरूप, अष्टम सु हैमवत८ यह अनूप।४०।
व्हैहैं अब वह बन नवम श्रेय, अर्बुद९ अरण्य इति नामधेयं ॥
इक१ हायन[12] तप कासी प्रदेस, तउ तँहँ इक१दिन को तप बिसेस ४१
औसो अब करिहैं वह अरण्य, तीरथ गणना बिच अग्रगण्य ॥
तसमात चलहु इक१ गिरि अँपत्य,सो गर्त्त भरहु यह जानि सत्य ४२

दोहा

सुनि मुनि बचन हिमाद्रिसुत, नंदीवर्द्धन नाम ॥
बोल्यो सिर आदेस धरि, करि स्वीकृत मुनिकाम ॥ ४३ ॥

॥ षट्पदी ॥

नंदी कहिय मुनीस अँवट पूरौं नहि संसय ।
इक परंतु अवरोध नाथ सुनिये निहारि नैय ॥
छेदे सुरपति पच्छ पंगुं पुनि मैं रु दूर पंद ॥
इक १ उपाय अव कथित[22] करहु ह्वै ज्यों अभीष्ट[23] हद ॥

१गंगा२हिमालय के पुत्र३यज्ञ४वन५हे पर्वतों के राजा६इसकारण से७जो८खड्डा ९नहीं लगेगा१०पाप११नामवाला१२वर्ष१३पुत्र १४खड्डा१५आज्ञा१६अंगीकार१७खड्डा१८रुकावट१९नीति२०पाँगला२१स्थान.२२मेरा कहाहुआ २३पूरा मनचाहा

मम मित्र नाग अर्बुद[1] रहत नाग लोक अतिकाय वह ।
धर्मिष्ठ रु परउपकारकर गिनत दुक्ख भूतन असह ॥ ४४ ॥
तिहिँ बडवामुखं[2] जाइ अत्र आनहु द्विज पुङ्गवं[3] ।
वह अहि मोहि उठाइ जत्थ लैचलहिँ बडे जवें[4] ॥
सक्तिजनक[5] यह सुनत गये अहिलोक तपोधन ।
जाच्यो अर्बुद नाग कहिय हित बैन महामन[6] ॥
उत्तंक बिप्रबरके अरथ सँक्र[7] संबं[8] खातक[9] खनिय ।
तव मित्र नंदि लेजाइ तिहिँ करन पूर्ण हम चित्त किय ॥ ४५ ॥

दोहा

वह नंदी हिमसैलसुत, आजनि[10] अंघ्रि[11] बिहीन ॥
स्वच्छंद[12] न तँहँ चलि सकत, पूरन गैर्त्त[13] प्रबीन ॥ ४६ ॥
तासौं तुम अर्बुद उरगैं[14], तिहिँ निज पिठ्ठि चढाइ ॥
रवारण्यक बन लैचलहु, पूरहि बिल बल पाइ ॥ ४७ ॥

मुक्तादाम

कह्यो अहि अर्बुद हेमुनिराज, कहा तुम नाथ समर्थ न आज ॥
चलौं मम मित्रहि लै कसमातैं[15], तपोबलसौं तुम पूरहु खातैं[16] ॥ ४८ ॥
रु जो तुमकौं यह ही करतव्यं[17], ततो सुनिये जिम व्है मम भव्यं[18] ॥
चलौं मम मित्रहि लै तिहिँ देस, करौं वह पूरन गर्त्त असेसैं[19] ॥ ४९ ॥
अहो बिधिनंदनं[20] आत्तबिबेकं[21], परंतु चहैं मम मानसैं[22] एक ॥
धरैं मम नामहु तीर्थ[23] सु धाम, मरुअद्रिअरण्य[24] बजैं मम नाम ॥ ५० ॥
वशिष्ठहु अक्खियं[25] यौं सुनि ताहि, यहै तव इष्ट सु स्वीकृत[26] आहि ॥

१ अर्बुद नामक सर्प २ पाताल में ३ श्रेष्ठ ४ वेग से ५ शक्ति के पिता (वशिष्ठ ऋषि के ज्येष्ठ पुत्र का नाम शक्ति है) ६ महाशय ७ इन्द्र के ८ वज्र ने ९ खड्डा खोदा १० जन्म से ही ११ चरणों से हीन (पाँगला) है १२ स्वतंत्रता से (अपने आप) १३ खड्डे को १४ सर्प १५ किसकारण से १६ खड्डे को १७ करना है १८ कल्याण १९ संपूर्ण २० हे ब्रह्मा के पुत्र २१ विवेक को ग्रहण करनेवाले २२ मन २३सो२४पर्वत और वन दोनों मेरे नाम से कहावें. २५ कहा २६है.

भयैं परिपूरन गर्त्तजे देस, वहै बजिहै तव नाम नगेस[2] ॥ ५१ ॥
अरण्य रु तीर्थ तवाऽऽंहय[3] छाप, महीतलकौं करिहै गतपाप ॥
महाबल अर्बुद व्हाँ [4]तसमात, चलो धरि पिट्ठि हिमालयजात[5]।५२।
इती सुनि अर्बुद भो मुनि सत्थ, गयो तु[6] हिमालय आलयँ[7] तत्थ॥
मिले गिरिनंदिय ओ वह नाग, रच्यो सुख पुच्छि बडो अनुराग ५३
कह्यो तब नंदिय हे अहि मित्र, मिले चिरकाल बिताइ सु चित्रं॥
करो अब जो मुनि जंपिउं काज, चलो मुहिं लै तँहँ पन्नगराज ५४

दोहा॥

सुनत नंदिबर्द्धनें[11] बचन, अर्बुद हिय मुद पाइ ॥
मुनिवर संग महीध्रकौं[12], चाल्लिय पिट्ठि चढाइ ॥ ५५ ॥
स्वारग्यक पँत्ते[13] सकल, नगँ[14]१पन्नग२मुनि३संग ॥
डारयो नंदिय खड्डमैं, गो[15] समाइ सब अंग ॥ ५६ ॥
अहि अर्बुद तब सिक्खलहि, डुंगर इम बि–डारि ॥
निजनगरी भोगावती[16], गो बिधि[17] प्रबल बिचारि ॥ ५७ ॥

षट्पदी

सब गिरि अंग समाइ रहिय अवसेस[18] नेंक्क[19] जब।
पुंहप[20] बुंठि[21] हुव पिहुल[22] त्वरित जय जय बानी तब ॥
[23]अवटोदर गत अद्रि गत्तँ[24] व्याकुल डगमग्गिय।
धरनि धुज्जि धसमसिय गाढ भूतन भय लग्गिय ॥
इम [25]अचल [26]चलत मुनिबर [27]अरहि हिय चिंते नुतिपुब्ब[28] हर[29] ॥
जय ईस उमाउर[30]आभरन सूल१ [31]कपर्द पिनाक[32] ३ धर ॥ ५८ ॥

१खड्डा पूर्ण होजाने से जो देश होवेगा वह तेरे नाम से कहावेगा२हे पर्वतों का ईश ३ तेरे नाम की छाप से ४इस कारण से५हिमालय पर्वत के बेटे को६ तब ७ घर ८ स्नेह ९ अच्छे चित्रामोंवाला १० कहाहुआ ११ आनन्द बढ़ाने वाले वचन १२ पर्वत को १३पहुंचे १४ पर्वत १५गयो १६ सर्पों की नगरी को १७ भाग्य को १८ बाकी १९नासिका २० पुष्पों (फूलों) की २१ वर्षा २२ बहुत २३ खड्डे के भीतर.२४शरीर२५पर्वत२६हिलते ही२७शीघ्र ही२८स्तुति पूर्वक२९शिवको३०हे पार्वती के उर का आभरण ३१ जटा जूट ३२ धनुष को.

॥ पद्धतिका ॥

जय जय महेस संकर जडाल, कंदर्प१ जलंधर२ त्रिपुर३काल ॥
गंगाकिरीट जय जय गिरीस, अजएक महानट अखिलईस ॥५९॥
रचनाप्ररोह जय संभु रुद्र, सिव जय अनादि करुणासमुद्र ॥
दुरितादिदलन जय बामदेव, दिवपट जय परिजितकामदेव ।६०।
जय गरलकंठ विभु गहन जोग, भव भर्ग्ग भीम जय त्यक्तभोग ॥
लय१ सर्ग२ चरित जय ऊर्द्धलिंग, प्रभु जय मित्रीकृत एक पिंग ६१
नुत अष्ट८ मूर्ति जय जय त्रिनैन, अगराज स्वसुर करबीर ऐन ॥
पावन एकांबक एकपाद, वृषकेतु भालदृग जय बिषाद ॥ ६२ ॥
हेरंबजनक जय अट्टहासि, बिबुधेस महाव्रत गुनविलासि ॥
जय मृड अनंत बिध्वस्तजाग, बिस्वांतरात्म साधितबिराग ॥६३॥
मायाअतीत जय अस्थिमाल, भावक अनिच्छ जय इंदुभाल ॥

जयइति। हेमहेश, शंकर, जडाल(समाधि में जड के समान)कामदेव जलन्धर असुर और त्रिपुरासुर के काल, गङ्गा है मस्तक में जिनके, कैलासपति, अजन्मा अद्वितीय महानट, सम्पूर्ण का ईश ॥५९॥ रचना उत्पन्न करनेवाले, शम्भु, रुद्र, शिव, अनादि, दयासागर, पापादि को नाश करनेवाले, वामदेव, आकाश ही है वस्त्र जिनके, जीता है कामदेव को जिन्होंने ॥ ६० ॥ जहर है कण्ठ में जिन के, व्यापक, गहरे योगी, भव, जगत् को पचानेवाले, भयानक, छोड दिये हैं भोग जिन्होंने, संहार और उत्पत्ति के करनेवाले ऊर्द्धलिंग प्रभु किया है कुवेर को मित्र जिन्हों ने ॥६१॥ स्तुति योग्य आठ [पृथिवी (सर्व) जल (भव) अग्नि (रुद्र) वायु (उग्र) आकाश (भीम) यजमान (पशुपति) चंद्रमा (महादेव) सूर्य (इशान)] मूर्त्ति है जिनकी, तीन नेत्रवाले, हिमालय है ससुर जिनके, श्मशान ही है घर जिनका पवित्र करनेवाला है एक नेत्र जिनके, एक है पग जिनके, (अर्द्धनारीनाटेश्वर स्वरूप में) बैल के चिन्ह की है ध्वजा जिनके, कपट के नेत्रवाले, विष को भक्षण करनेवाले, ॥ ६२ ॥ गणेश के पिता, अट्टाट्ट हास्य करनेवाले, देवताओं के ईश, बडे नियम के धारण करनेवाले, सतोगुणादि से विलास करनेवाले, मृड (सुखस्वरूप) अनन्त, दक्ष के यज्ञ का नाश करने वाले संसार के अन्तरात्मा, सिद्ध किया है वैराग्य को जिन्होंने ॥ ६३ ॥ मायारहित, हाडों की माला वाले, भावक (सत्तारूप) इच्छा रहित, चन्द्रमा है मस्तक पर जिनके.

सिपिविष्ट कलित बिचग्रह बिसेस, कल्पान्तनटन जय व्योमकेस६४

पावक हिरण्यरेता प्रसन्न, छबि सित महान अणु प्रकट छन्न ॥

सितिकंठ कृत्तिपट नित्यशुद्ध, पशु१प्रमथ२भूत३पति जय प्रबुद्ध।६५।

धूर्जटि करोटि १ खट्वांग २ धार, हेलाजित अंधक उरगहार ॥

श्रीखंड परसु थिरचर सहाय, कृतरुक्मअचल केलीनिकाय ।६६।

षट्पदी

जय महेश जोगेस निखिल अघफंद निवारक।

नित्य जरा१जनि २ रहित तथ्य जोगी जगतारक ॥

ईस फटिक अवदात भक्त भय भूरि बिभंजक।

जय सरनागत जगर बिबिध प्राकृत गुन व्यंजक ॥

ईसान नीललोहित अभय चंद्रचूड नन करहु चिर।

है विकल अद्रि बिल बिच हलत स्वस्थ करहु रहि तास सिर ।६७।

दोहा

इम वासिष्ठ वंदित अरहि, आये अच्युत ईस ॥

शिपिविष्ट(पशुपाते)धारण किया है विशेष शरीर जिन्होंने, कल्पान्त में नाचनेवाले, गङ्गा को धारण करने के लिये फैलाये हैं आकाश में केश जिनने ॥ ६४ ॥ विद्युताग्नि और होमाग्नि स्वरूप, सदा प्रसन्न रहने वाले, उज्वल छबि वाले, स्थूल और सूक्ष्म स्वरूप, प्रकट और छिपे हुए, नीलकण्ठ, मृगचर्म ही का है वस्त्र जिनके, सदा पवित्र, पशुपति, प्रमथ [पारिषदगण] पति, भूतपति, सदैव जागृत ॥ ६५ ॥ भार रूप हैं जटा जिनके, कपाल और खट्वाङ्ग(जिसके ऊपर मनुष्य का मस्तक लगा होवे ऐसा दण्डा)को धारण करने वाले, लीला से ही जीत लिया है अन्धकासुर को जिनने, सर्पों के हारवाले,शोभायुक्त खण्डन करने वाला है परशु (कुठार) जिनके, स्थावर जंङ्गम के सहायक, किया है धतूरे ने अचल जिनको, क्रीडा के घर॥ ६६ ॥ हे योगियों के ईश, महादेव संपूर्ण पाप फन्दों को दूर करने वाले जन्म और बुढापे से सदा रहित सच्चे योगियों को संसार से तारनेवाले स्वामी स्फटिक के समान उज्वल, भक्तों के भय को अत्यन्त नाश करने वाले, हे शरणागतों के कवचं नाना प्रकार के सांसारिक गुणों को जानने वाले हे शिव अभय ऐसे हे चन्द्रचूड [चन्द्रमा है मस्तक में जिनके]आपकी जय हो विलम्ब मत करो विकल होकर पर्वत बिल में हिलता है जिसके सिर पर रहकर अचल करो ॥ ६७ ॥५ शीघ्र ६निविकार.

जान्यों व्याकुल ताप[1]जुत, गड्ढे[2] हलत गिरीस[3] ॥ ६८ ॥

बुल्ले मुनिवर पयन परि, हे हर निखिल[4] निवास॥

कंपत गिरि निश्चल करहु, बिरचि सिखर निजवास ॥ ६९ ॥

षट्पदी

भक्त भीरु[5] भूतेस पानि सिर धरि गिरि चंपियं[6] ।

अचल अचल पुनि अचल जाप वारत्रय ३ जंपियँ[7]॥

श्रृंग तास रचि वास नाम अचलेस कहायउ ।

बलि[8] तँहँ त्वरित बसिष्ट बिबुध[10]१मुनि[9] २तीर्थ ३ बुलायउ ॥

जो जो करार किय सैल सनें[11] सोहि उपक्रमें[12] सब सजिय ।

संभरेनरेस[13] धारहु श्रवन[14] इम अर्बुदे[15] गिरि उप्पजिय ॥ ७० ॥

दोहा ॥

नंदीसुत तुहिनांगको[16], आन्यों अर्बुदे[17] नाग ॥

इहिं कारन अभिधान[18] हुव, भोगीको गिरि भाग ॥ ७१ ॥

नाग तीर्थ आदिक बहुत, तीर्थ भये गिरि सीस ॥

कहिहैं तजि ३राशिमें, महिमा तास महीस[19] ॥ ७२ ॥

इतिश्रीवंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणे द्वितीय२राशौ पाताल गङ्गाप्रवहन-नन्दिनीसमुद्धरण-वाशिष्ठहिमवद्याचन -तन्नन्दिवर्द्धननिवेदन-तदर्बुदाचलस्थापनं द्वितीयो मयूखः ।२। आदितः सप्तविंशः २७॥

प्रायो ब्रजदेशीयप्राकृता मिश्रितभाषा

१सन्ताप २ खड्डे में३ शिव ने४सबका५भक्तों के लिये कायर६दबाया ७कहा ८शिखपर ९ पुनि १० देवताओं को ११ से १२ आरम्भ १३ हे चहुवाण राजा सुनो १४ आबू १५ हिमालय पर्वत १६ अर्बुद नामी सर्प ने १७ नाम१८ उस अर्बुद सर्प के नामसे १९ हे भूपति

इति श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के पूर्वायण के दूसरे राशि में पातालसे गङ्गा प्रवाह के साथ नन्दिनी गौ का निकलना वाशिष्ठ ऋषि का हिमालय से याचना करना उससे नन्दिवर्द्धन का दिया जाना तिससे आबू पहाड़ का स्थापन होने का दूसरा मयूख समाप्त हुआ। आरम्भ से सत्ताईस मयूख हुए ॥

॥ दोहा ॥

अर्वटमध्य गिरि थप्पि इम, अर्बुद करि अभिधान ॥
अति पवित्र पुनि तिंहिं करन, किय सब कथितं[2] प्रमान ॥ १॥

षट्पदी ॥

इंद्र१अग्नि२जमराज३प्रथितं[3] निर्ऋति[4]४ कुपीटपति[5]५।
अनिल ६ऐलाबिल[6]७ईस८थप्पि गिरितटन महामति ॥
तुषित१साध्य२बसु३बिश्व४बुल्लि[7] आदित्य५मरुद्गन६।
आभास्वर७अभिधेय महाराजिक८सम्मदसन ॥
इत्यादि देव१ तीरथ२ अखिल थलपावन तँहँ थप्पि दिय ॥
पब्बयं[11] करार मुनि चिंति पुनि करन सत्रं[12] आरंभ किय ॥ २ ॥
बन पावन यह होहु नाम अर्बुद प्रसिद्ध भुव ।
इम बिचारि मनधारि रचे अध्वरं[13] अनेक ध्रुव ॥
जब जब अवसर मिलिय आय तब तब अर्बुद गिरि ।
करन तास उपकार सत्र दीक्षों[14] लिय फिरि फिरि ॥
इम होत गये जुग बित्ति बहु सप्ततंतु[15] बिधि अनुसरत ।
मुनिबर वसिष्ठ त्योंही रहे अंगीकृत्त[16] पालन करत ॥ ३ ॥

॥ दोहा ॥

छ६मनु गये या कल्पके, बिधि के बासर[17]मांहिं ॥
बैबस्वत सप्तम७लग्यो, बिद्यमानं[18] अब आंहिं ॥४॥
गये महाजुग याहुकौं बरतत सत्तावीस २७॥
तिन अग्गैं इक१कृत गयो, इक१त्रेता अवनीसं ॥५॥
तीजे३द्वापर चरनके, मूल अब्द कढि जात ॥

१खड्डा२कहने के अनुसार ३प्रसिद्ध ४ दिक्पाल (नैऋतकोण का पति) ५ वरुण (जल का पति)६कुबेर(इलविडा का पुत्र)७बुलाकर८नामवाले९ मोद से १० सब११पर्वत को १२यज्ञ१३यज्ञ१४यज्ञ की दीक्षा (नियम पूर्वक यज्ञ में लगना)१५यज्ञ की१६स्वीकार कियेहुए का१७दिन १८वर्तमान (मौजूद) १९ है २० वैवस्वत मनु के सत्ययुग २१ हे भूपति२२ हे भूपति २३ सन्ध्या के वर्षों को छोड़कर मूल के वर्ष

रहत सेसं संध्यांसं कछु,मचे अवनि उतपात ॥ ६ ॥
ते बानासुरके तनुंज,धूम्रकेतु १ अरु जंभ २ ॥
बिधिके बर अतिसंय बढे, द्विजन हनत सह दंभं ॥ ७ ॥
प्रबल निर्गम मग उत्थपत , थप्पत अ सब थान ॥
उतरत द्वापर जे असुर , गये अवनि अकुलानँ ॥ ८ ॥

षट्पदी ॥

तिनहु दिनन मुनिवर बसिष्ठ बहुरिहु लहि अवसर ।
रचिय सत्र आरंभ आनि अर्बुदगिरि उप्पर ॥
वर्तुलं कुंड १बिधायं यूपं२ मंडप३ आच्छादित ।
आज्यांदिक उपकरंन सकल होमन किय संचितं ॥
सब मुनि निमंति बुल्ले सजवं बिबिधं रूप १ अभिधान२ बर ।
तिन्ह नाम सुनहु चहुवानमनि रामसिंह इक्कछत्रधर ॥ ९ ॥

॥ पद्धतिका

मुनिबर मरीचि१पुलह२रु पुलस्त्य३,
क्रतु४अत्रि५अंगिरा६मित अगस्त्य ७ ॥
आत्रेय८ कुसंारशि ९ कपिल १० आय,
सनंकादि चउ ४। १४ रु कश्यप १५ सुभाय ॥ १० ॥
नारद १६ ऋचीक १७ भृगु १८ च्यवन १९ नाम ,
प्राचेतंस २० व्यास २१ रु परसुराम २२ ॥
जोगेस्वंर २३ पाणिनि २४ गाधिजांत २५ ,
खगम २६ रु उतत्थ्य २७ जमदग्नि २८ ख्यात ॥ ११ ॥

---

१ बाकी २ सन्ध्या के वर्षों का कुछ अंश (एक युग उतर कर दूसरा लगै जिनके बीच के समय को युग सन्ध्या कहते हैं) ३पुत्र ४ अत्यन्त ५ छ— (अन्तःकरण में कपट और बाहर धार्मिकता दिखानेवाले को दंभी कहते हैं) ६वेद के मार्ग को ७ व्याकुल करने के लिये ८ गोलाकार ९ रचकर १० यज्ञ के खम्भे को ११घृत को आदि लेकर १२ सामग्री १३ इकट्ठी १४ नूंना भेजकर१५शीघ्र१६नाना प्रकार के रूप और श्रेष्ठ नामों वाले १७ दुर्वासा १८ सनक सनन्दन सनातन सनत्कुमार१९वाल्मीकि२०याज्ञवल्क्य २१ विश्वामित्र

एकत २९ द्वित ३० चित ३१ गालव ३२ कणाद ३३ ,
आसुरि ३४ अकृतव्रण ३५ अक्षपाद ३६ ॥
उद्दालक ३७ देवल ३८ असित ३९ ऐल ४०,
पर्वत ४१ ऋभु ४२ मुद्गल ४३ गर्ग ४४ पैल ४५ ॥१२॥
कौंडिन्य ४६ परासर ४७ थूलकेस ४८ ,
जिम दाल्भ्य ४९कवस ५० सौभरि ५१ द्विजेस ॥
वामन ५२मेधातिथि ५३ इध्मवाह ५४ ,
उसनाँ ५५ रु बृहस्पति ५६ अतिउछाह ॥ १३ ॥
पंचासिख५७पतंजलि५८पिप्पला ५९मांडव्य६०चणक६१मुनि अप्रमाद
बसु६२दम६३कात्यायन६४चैत्य६५जानि,
खग६६कंबु६७सतानंद६८हु बखानि ॥ १४ ॥
नलि६९थूलसिरा७०सकटाक्ष७१नाम,
थूलाक्ष७२यवक्रीत७३ ,अकाम ॥
सांडिल्य७४भरत७५सरभंग७६सौम्य७७,
धृति७८जन्हु७९कण्व८०रु मतंग८१धौम्य८२ ॥ १५ ॥
संवर्त्त८३साकटायन८४सुमंतु८५,
जाबालि८६कुत्स८७आपिसलि८८जंतु८९
जैमिनि९०सुभांड९१मधुछंद९२जानि,
मित्राबरुण९३रु लोमस९४प्रमानि ॥ १६ ॥
सातातप९५वत्स९६रु और्व९७संत,
मैत्रेय९८सुनक९९सौनक१००महंत ॥
भागुरि१०१मुनि आपन्वान१०२भव्य,
हारीत१०३अथर्वा१०४सालिहॅव्य१०५ ॥ १७ ॥
संख१०६लिखित१०७अरुण१०८रु बीरसेन१०९,
ज्यौं पालकाव्य११०श्रीसुक१११द्विजेन ॥
द्विजसालंकायन११२चंद्र स११३,

१गोतम २कालमेध ३शुक्र ४ शालिहोत्र ५ ब्राह्मणों में सूर्य

सुचि११४कवि११५मृकंड११६आहूतसत्त ॥ १८ ॥

दोहा

भुवन११७सुधन्वा११८मित्रभू, ११९भूति१२०सुवर्चा१२१साति१२२
पार१२३मंकि१२४तुंबुरु१२५प्रमद१२६,सुकृस१२७समीक१२८सुकांति
सुमेधा१२९रु ऋतवाक१३०सुभ, सुतपा१३१बिपुलस्स्वान१३२ ॥
बलि निवृत्तचेता१३३बिबुध,ब्रह्ममि¯१३४मतिमान ॥ २० ॥
सुसामा१३५रु सोमश्रवा१३६,ऋष्यसृंग१३७अभिरूप ॥
आर्ष्टिसेन१३८वृहदश्व१३९अरु,भारद्वाज१४०हु भूप[२] ॥ २१ ॥
मुनि कामंदक१४१गृत्समद१४२, आपस्तंब१४३उदार ॥
अष्टावक्र१४४शिलूष१४५अरु, सरद्वान१४६तपसार[३] ॥ २२ ॥
मुनि अरिष्टनेमि१४७हु सुमति,बैसंपायन१४८बुद्ध ॥
दीर्घतमा१४९असुहोत्र १५०द्विज,इंद्रप्रमद१५१अलुब्ध ॥ २३ ॥
कक्षीवान१५२रु प्रस्कणव१५३,आग्निवेश्य१५४बालिबर्ण्य ॥
जैगीसव्य१५५सुदर्सन१५६रु, बर्द्धन१५७जातूकर्ण्य१५८ ॥ २४ ॥
वेदसिरा१५९कच१६०प्रमति१६१बलि, सार¯वत१६२रुरु १६३सिद्ध
मल्लिनाग१६४इत्यादि मिलि, आये मुनि तपइद्ध ॥ २५ ॥
स्वागत किन्न समस्तको,मिलि बसिष्ठ सनमानि ॥
सत्र रचन लग्गे सुमति,अद्रिकूट तत आनि ॥ २६ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणे द्वितीयश्राशौ मुनिसमाव्हयनवशिष्ठदीक्षाग्रहणसत्रप्रारम्भणं तृतीयो ३ मयूखः ॥ ॥
आदितोऽष्टाविंशः २८ ॥

प्रायो ब्रजदेशीयप्राकृता मिश्रितभाषा

१यज्ञ में बुलाये हुए२हे राजा३तप ही बल जिनके४पण्डित५निर्लोभी ६मुनि ७ तप से निर्मल ८ आये हुओं का आदर ९ यज्ञ १० पर्वत के शिखर पर ॥

श्री वंशभास्कर के महाचम्पू के पूर्वायण के दूसरे राशि में मुनियों का बुलाना वशिष्ठ ऋषि का यज्ञ दीक्षा लेना और यज्ञ का आरम्भ होने के वर्णन का तीसरा मयूख समाप्त हुआ. और प्रारंभ से अट्ठावीस मयूख हुए ॥

दोहा

उत बानासुर सुत उभय२, प्रबल बढे बर पाइ ॥
अर्बुदगिरि तट मुनिन इत, आरंभिय मख आइ ॥ १ ॥

षट्पदी

उत सोदर दुव२असुर बढे दारुन बिरिंचि बर[2] ।
दीक्षित[3] सुमुनि बसिष्ठ रचन लग्गे इत अध्वर[4] ॥
बासिष्ठी[5] जल छिरकि कोस बारह१२मित[6] मण्डल ।
सीमा बन करि सुद्ध थप्पि जूपादि[7] उचित थल ॥
निज निज निकाय[8] थित रक्खि नुत[9] सुर[10]१तीरथ२दिकपाल३सब ।
अचलेस पूजि अक्खिय अरज आवन विघ्न न देहु अब ॥ २ ॥
इम अवहित[11] मुनिराज लगे बिरचन बिधान मख ।
कुण्ड मध्य विधि[12] कलित[13] धर्यो मंत्रित समीर[14]सख ॥
अद्रितुंग[15] उपहार[16] समिध[17]१आज्यादिक[18]२संजुत ।
महँघे द्रव्य मिलाइ हव्य[19] उत्तम अनेक हुत[20] ॥
भृगुनंद च्यवन१ब्रह्मा[21]२भये होता[22]१मुनि जाबालि२जँहँ ।
सामग[23]३अगस्ति३द्विजबर सुमति तिम ऋचीक४अध्वर्यु[24]४तँहँ ।३।
ऋत्विज[25] मुनिबर इतर लगे श्रुतिध्वनि उच्चारन ।
स्वाहा१फट्२बषडा३दि नाद छायो स्वर तारन ॥

१सगे भाई२ब्रह्मा के वर से३दीक्षा लेकर४यज्ञ५वशिष्ठ के पुत्र ने६प्रमाण७यज्ञ स्तंभ आदि८स्थानपर९स्तुति योग्य१०देवता॥२॥इस प्रकार११सावधान होकर वशिष्ठ मुनि यज्ञ विधान करने लगे १२ ब्रह्मा की१३आज्ञा से यज्ञ कुंड में १४अग्नि स्थापित किया१५और ऊंचे पर्वत की ओर से१६भेट की हुई१७होम की लकडियों को१८ घृत आदि के साथ मंहगे अनेक उत्तम पदार्थ मिलाकर १९ होम ने योग्य वनाकर२०होम किया तहां पर भृगु के पुत्र च्यवन तो२१ ब्रह्मा (सब वेदों को जानने वाला) ऋत्विज हुए. जाबाली२२होता(ऋग्वेद के मंत्रों से देवताओं का आवाहन करके होम करने वाला)हुए.अगस्त्य२३सामग (सामवेद के मंत्रों से होम करनेवाला) हुए. तैसे ही श्रेष्ठ ब्राह्मण बुद्धिमान् ऋचीक२४अध्वर्यु (यजुर्वेद के मंत्रों से होम करनेवाला) हुए ॥३॥२५बाकीके ऋत्विज (यज्ञ में१६ऋत्विज होते हैं जिनमें चार तो ऊपर बता ये बाकी१२रहे जो)

सुचि१हविष्य२संजोग अर्चि उट्ठिय अंबर लग।
हवनगंध आघ्राइ आइ इन्द्रारि ऊर्ध्वमग ॥
आज्ञेयँ१पललं२बल्लूर३अरु दूंष्य४मेदँ५कीकस६बरसि ॥
किलकारि सिंह आरावँ करि दियउ त्रास दितिजनँ दरसि ॥४॥
कचँ १कौसिकँ२पुनि गोदँ३ बंक्रि४ मज्जाभव५कर्परद६।
धमनि७पिष्टि का८किट्टँ९मूत्र१०बर्च क११भस्म१२भर ॥
सृणिका१३ रु सिंहाण१४ नखर१५ पिंजूसन१६ डारत।
सप्तंतंतु करि भ्रष्ट फिरत गर्जत किलकारत॥
बलि उपल१ मद्य२ रज३ बृष्टि करि मेटि हवन बिस्तारि नंत॥
बुझवाइ बन्हि कुंडहिं गये सर्व मुनिन करि सोकरत ॥ ५॥

दोहा

धूम्रकेतु१अरु जंभ२इम, असुरन कटक उपेत ॥
गिरि अंध्वर लुट्टि रु गये, चलितभये मुनिचेत ॥ ६ ॥
हतसंकल्प वसिष्ट व्है, अखिलन करि एकत्थ ॥
सत्रमंत्र सोधनलगे, समय देस गुन सत्थ ॥ ७ ॥

और श्रेष्ठ मुनि वेद ध्वनि उच्चारण करने लगे तब स्वाहा फट् वषट् आदि होम के इन शब्दों का नाद ऊंचे स्वर से छा गया १ अग्नि और होम की वस्तुओं का संयोग होने से २ ज्वाला ३ आकाश तक उठी उस होम की गन्ध को ४ सूंघकर ५ इन्द्र के शत्रु ६ आकाश मार्ग से आये ७ रुधिर ८ मांस ९ सूखा मांस रांध (पीप) मज्जा और हड्डियों की वर्षा करके सिंह के समान शब्द कर दैत्यों ने दृष्टि में आकर भय दिया ॥ ४ ॥ केश, मज्जा, भेजा, पांसली, वीर्य खोपरी नसें दांतों का मल. शरीर का मल, मूत्र विष्टा, खाक भरके लाल नासामल (सेड़ा) नख, कान का मल [मली] डालकर यज्ञको भ्रष्ट करके किलकियें करके गाजते फिरने लगे, फिर पत्थर, मदिरा रेत की वर्षा कर यज्ञ को मेटि अपना मंत फैलाय, अग्नि कुंड को बुझाय संपूर्ण मुनियों को शोकलीन कर गये ॥ ५ ॥ धूम्रकेतु और जंभासुर इस रीति दैत्यों की सेना के साथ आबू पर्वत के यज्ञ को लूट कर गये तब मुनियों के चित्त चलायमान हुए ॥ ६ ॥ अपने संकल्प का नाश होने पर वशिष्ठ सबको इकट्ठा कर देश, काल और गुण के साथ यज्ञ करने की सलाह करने लगे ॥ ७ ॥

तोटकम् ॥

सबही मुनि सोचत मंत्र करैं, यह अध्वर पूरन क्यों निवरैं ॥
बल पाइ अदेव[2] अजेय भये, बिधिसौं बर लै पद उच्च गये ।८।
बिसतारत कर्म अधर्म फिरैं, नहिँ कोउ इहां इनसौं जु भिरैं ॥
नहिँ गाधि१ययाति२महीपति जे,नहिँ सृंजय३सैव्य४महामति जे ९
नहि नाप५भलंद६बलीक्षुप७है, न मरुत्त८महारन लोलुप है ॥
खनिनेत्र९खनित्र१०करंधम११नाँ,रु अवेक्षत१२धुंधुजई१३दम१४नाँ

नहि ऐल१५दिलीप१६रघू१७नल१८से,
नहिँ संकृति१९राम२० हद्दल२१से ॥
नहिँ नाभि२२प्रियव्रत२३आज मही,
हरिश्चंद२४सुसेन२५सुभूम२६नही ॥ ११ ॥
अनरण्य२७सुहोत्र२८मनु२९ध्रुव३०नाँ,
कुरु३१त्यौं सिवि३२कंक३३त्रिसंकुव३४नाँ ॥
न बृहद्रथ३५श्वेत३६उसीनर३७है,
न भगीरथ३८संभु३९जदू४०पर४१है ॥ १२ ॥
बल४२अर्क४३निमी४४द्रुम४५त्यौं गय४६नाँ,
ससबिंदु४७अनू४८जनमेजय४९नाँ ॥
युवनाश्व५०न पुंड्र५१बडो कुरु५२त्यौं,
न सुचिव्रत५३बंधु५४बृहद्गुरु५५त्यौं ॥ १३ ॥
अणुहाख्य५६न अंग५७बिजै५८परसू५९,
सगराख्य६०न सुक्रतु६१देव६२बसू६३॥
कृतवीर्य६४सर्चा६५तप्तांबर६६नाँ,
मदनो६७भरतो६८हयकंधर६९नाँ ॥ १४ ॥

सुरलोक बसे गुरु[3] भूप सबै,इनकौं जुरि मारक कोन अबै॥
कछुही बिधि जो नहिँ ए मरिहैं,भुव तो अघके भरसौं भरिहैं॥ १५ ॥
नहिँ आसय[5] एक१हि अध्वर[6]को,उपजैं दुख देवनलौं डरको ॥

१सलाह२दैत्य३बड़े राजा ४भार५ अभिप्राय ६ यज्ञ

इक[1] अध्वर जो न असेसे बनैं,तब संकि द्वितीय[2] हिं कोन तनैं ॥ १६॥
इम सत्रबिधान सबै बिगरैं;तब इंद्रहु उग्र[3] बिपत्ति भरैं ॥
बिधि देवन अन्न रच्यो मखही,यह रीति अनादि सदा निबही ॥ १७ ।
जब देव नहीं मखभाग लहैं, तब वृष्टि बिनाँ सब लोक दहैं ॥
अरु अप्पन लोक अनामय[4] कों अब को बिधि दूर करैं भयकों ॥१८॥
बिधिको बर ज्यों नहि नष्ट परैं,तिम जो कछु भेद गली निकरैं॥
तब साध्य[5] उपाय चतुष्टय४जो, दम१सांत्वन२भेद३रु दान४सजो ।१९॥
अथवा अब दंडहि श्रेय[6] बली,करि जो इन्ह मारहु सोहि भली॥
अरु अप्पन जो न उपाय करैं,तब संसृति[7] को हित कोन धरैं।२०॥
नहिं अर्थहि[8] अध्वर है करनौं,सबको भय अप्पनकौं हरनौं ॥
इनके डर जो मखहू न करैं,तब लोकनमैं महिमा बिगरैं ॥ २१ ॥
ताकि बास्तव जो महिमा न चहैं,श्रुतिसासित सत्र अपूर्ण रहैं ॥
अरु एकहि अध्वर है न यहै,करने बहुतैं किम जे निबहै ॥ २२ ॥

हठि[12] अप्पन जो तिन्ह प्रान हरैं,बिधिको अपराध असह्य परैं ॥
अरु है द्विज धर्म न एह सही;कब हिंसकता इन्हैं[13] सील कही।२३।
अब व्यर्थ कहा हठ आग्रहसौं, मिलि पूछहु मंत्र पितामह[14] सौं ।
करिबे कछु तर्क गली कहिहैं, करि सो अरिनास क्रिया लहिहैं॥२४॥

दोहा

इम ईंकत मुनिवर अखिल, सुमति मंत्र[16] संलापि ॥
पुनि पैत्ते संभ्रम७भवन, बिधि पुच्छन मत थापि ॥ २५ ॥

नाराचम्॥

---

१ संपूर्ण २ यज्ञ ३ भारी ४ रोगरहित(वर्षा नहीं होवे तो नैरोग्यता नहीं रहती इस भय को किस रीति से दूर करें) ५ होने योग्य चारउपाय-दण्ड, साम, भेद और दान हैं सो करो) ६ श्रेष्ठ (अथवा इनमें बलवान् दण्ड ही श्रेष्ठ है) ७ संसार का ८ यहीं यज्ञ नहीं करना है अर्थात् अनेक जगह करने हैं ९ यज्ञ १० परमार्थ ११ वेदोक्त (वेद में कहाहुआ) १२ हठपूर्वक १३ ब्राह्मणों को१४ब्रह्मा से१५इकट्ठे होकर १६ सलाह १७ कहकर१८पहुंचे१९सत्यलोक में

गये बिचारि यौं मुनीस सत्यलोकईसपैं,
जहाँ बिरिंचि[1] राजमान[2] सर्व सर्ग[3] सीसपैं॥
जहाँ न लोभ क्रोध मोह ब्रह्मबाद[4] ही रहैं,
जहाँ समस्त बासना मनोबिकारकी दहैं ॥२६॥
जहाँ षडंग[5]६बेद च्यारि४देह धारिकैं बसैं,
जहाँ छ६ऊनबीह[6]१४ सक्क[7] दीह इक्क१ मैं नसैं ॥
तहाँ मुनीनको समूह जाय द्वारपैं ठयो,
निवेदि सावकास जानि द्वारपाल लै गयो ॥ २७ ॥
प्रणाम्य अंजली[8] उपेत जाय व्हाँ खरेरहे,
बहोरि कंजभू[9] निदेस[10] पीठ[11] सर्वनैं लहे ॥
कह्यो हिरंण्यगर्भ[12] मंदहास[13]कैं मुनीनसौं,
समस्त तात[14] क्यों दिखात चित्त सोकलीनसौं ॥ २८ ॥
बिरिंचिसौं सुनैं इती कह्यो बासिष्ठ१उच्चर्यो,
तनूज[15] बान दैत्यके त्रिलोक व्याकुली कर्यो ॥
किये स्वतंत्र आप जे बलिष्ठ ईष्ट[16] दो२नदै,
न अध्वरादि[17] कर्म जे प्ररुष्ट[18] दुष्ट होनदै ॥ २९ ॥
त्रि३कालबोध[19]हू सुनौं हमैं जु सत्र[20] जो रच्यो,
अतीत[21]कालतैं नृलोक[22] खात इक्क हो खँच्यो[23] ॥
सु सक्र संब[24]के प्रभाव भिन्न भो पतालसौं,
परी मदीयँ[25] गाइ जाइ ताहिमैं बिहालसौं ॥३०॥

१ब्रह्मा २ शोभायमान ३ सृष्टिके ४वेदपाठ ५शिक्षा कल्प व्याकरण निरुक्त छन्द ज्योतिष ये छः वेद के अंग हैं जिन सहित चारों वेद ६ चौदह (छः हैं कम जिसमें ऐसे बीस) ७ इन्द्र ८ हाथ जोड़कर ९ब्रह्मा की १० आज्ञा से ११ आसन १२ ब्रह्मा ने १३ करके १४ हे पुत्रो १५ पुत्र १६ दोनों को वरदान दे-कर १७यज्ञादि १८ क्रोध युक्त (रूसे हुये) १९ हे ब्रह्मा (भूत, वर्तमान, भ-विष्य, तीन समय का बोध है जिनको) २० यज्ञ २१ गतसमय २२ मनुष्य लोक में एक खड्डा था २३ खुदा हुआ २४ इन्द्र के बज्र के २५मेरी

लइ सुधेनु कढ़ि मैं बिधाय गंग बिन्नती,
परैं जु भूत ओर तो कढैं न पाइ दुर्गती ॥
सु खात तात नंदि नाम अद्रि आनि पूरयो,
रु देस पै पवित्र होन नेम सत्रको लयो ॥ ३१ ॥
तिन्हैं जु सत्रहू दयो बिगारि बेग आयकैं,
रु हैं अतीव मत्त आपतैं अभीष्ट पायकैं ॥
तिं लोकपाल थान छिन्नि ईस अप्पकौं चहैं,
अहं१ममत्व२मूढ जेम अप्प देहकौं कहैं ॥ ३२ ॥
बर प्रदानके प्रभाव बेदधर्म यौं छुपैं,
अबोध के प्रभाव ज्यौं प्रबोध लीनता लुपैं ॥
कृपा अतीव शावरी सु विश्ववृत्ति वे हरैं,
स्वयंप्रकास१जोगसौं क्रिया प्रधान२ज्यौं करैं ॥ ३३ ॥

दोहा ॥

गर्ग१कह्यो तिन्हें नासको, निश्चय हमहिं न आँहिं ॥
गनित बिना कछु रासिगत, निश्चित ज्यौं ग्रह नाँहिं ॥ ३४ ॥
ज्यौं चलकेंद्र कुजादि जुत, ससि रबिके नहिं संग ॥
त्यौंहिं करत यह लोक तजि,भुवननकौं खल भंग ॥ ३५ ॥
उदय अस्त औरादि५के, याही केंद्र अधीन ॥

१सो (वह)खड्डा२यज्ञ करने का३वरदान४ते (वे)५अपने को ६ यह मैं हूं७य ह मेरा है ८ अज्ञान अथवा अविद्या ९ ज्ञान में लीन होना १० संसार की जीविका को ११ योग स्वयं प्रकाश है परन्तु उससे भी क्रिया (कर्म) मुख्य हो जाती है ॥३३॥ गर्ग ने कहा कि कौनसा ग्रह कौनसी राशि में गया यह गणित किये विना निश्चय नहीं होता इसी प्रकार उन दैत्यों के नाश का हम को निश्चय नहीं है ॥ ३४ ॥ जैसे भौमादि के (मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनैश्चर) के चलकेन्द्र (शीघ्रकेन्द्र) हैं और सूर्य चन्द्रमा के साथ चलकेन्द्र नहीं अर्थात् स्पष्ट गणित में सूर्य चन्द्रमा का मंदकेन्द्र से ही संबंध है, चल से नहीं, तैसे ही ये दैत्य संसार का साथ छोड़कर भूमि आदि भवनों (लोकों) का भङ्ग करते हैं ॥ ३५ ॥ मंगल आदि पांच ग्रहों का उदय अस्त और वक्रमार्ग इसी चलकेन्द्र के आधीन है इसी प्रकार उन

तिन्के बस भवभूत त्यौं, किय बिधि सुन बिधि कानि ॥३६॥
कोन गली गहि बर दयो, कहैं परैं भ्रम थाग ॥
रवि सपातें भुजलैव बिनु न, निश्चित ससि उपराग ॥ ३७ ॥
ते लवहूं मनु १४ मानसौं, ज्यौं ज्यौं पावत ऱ्हास ॥
त्यौं त्यौं अति उपराग अरु, लव न रहैं खग्रास ॥ ३८ ॥
त्यौंही तिन पर रावरो, ज्यौं ज्यौं अल्पप्रकोप ॥
त्यौं त्यौं वे अतिही बढत, लाज धर्म करि लोप ॥ ३९ ॥
भरत६ कह्यो बर एरिसो, दै सरजहु जिन भीति ॥
गुरु२ लघु१लघु१गुरु२ ऽ।।ऽ क्यौं करहु, ताल चाचपुट रीति ।४०।
दैत्यकुली इक स्वरन बिच, है निषाद७ सुहि तिक्ख ॥

दैत्यों के वंश में संसार के प्राणियों को किया सो हे ब्रह्मा यह विधि नहीं की ॥ ३६ ॥ आपने किस गली से वरदान दिया है सो आपके कहने से ही भ्रम की थाह पडेगी, क्योंकि राहु सहित सूर्य के भुज (गणित की एक क्रिया का नाम है) के अंशों विना चन्द्रमा के ग्रहण का निश्चय नहीं होता ॥ ३७ ॥ वे भुज के अंश चौदह के प्रमाण से जैसे जैसे न्यून होते जावेंगे त्यों त्यों चंद्रमा का विशेष ग्रहण होता जावेगा और अंश नहीं रहे केवल कला विकला मात्र ही रहे तो खग्रास हो जाता है ॥३८॥ इसी प्रकार उन दैत्यों पर आपका क्रोध न्यून होता जाता है ज्यों ज्यों वे (दैत्य) लज्जा और धर्म का लोप करके अत्यंत बढते जाते हैं ॥ ३९ ॥ भरत मुनि ने कहा कि ऐसा वरदान देकर भय उत्पन्न मत करो सङ्गीत के चाचपुट (इसका सविस्तर वर्णन भरतप्रणीत नाट्य शास्त्र के ३१वें अध्याय में देखो)नामक ताल की तरह गुरु को लघु और लघु को गुरु क्यों करते हो ॥४०॥ सातों स्वरों में दैत्य कुलवाला सातवां स्वर एक निषाद ही है सो ही तीक्ष्ण है (जिस स्वर के साथ जितनी श्रुतियां हैं वे सब उसके साथ लगा दीजाती हैं तभी वह तीक्ष्ण होता है उन सब में निषाद इस कारण से तीव्र माना गया है कि किसी स्वर के साथ तीन, किसी स्वर के साथ चार और किसी किसी के साथ पांच श्रुतियां हैं जिन सबके लगादेने से वे तीव्र होते हैं और इस निषाद के साथ केवल दो श्रुतियां हैं जिनके लगाने से ही तीव्र होता है और इसके साथ दोनों श्रुतियां लगाई जाती हैं तभी इसका उच्चारण होता है इस कारण से इसको सदैव तीव्रही माना है) ऐसे ही ये दैत्य भी आपके वरदान से बढकर तीक्ष्ण हुए तब श्रुति (वेद) की शिक्षा क्यों न घटे. भावा-

वे दैत्यहि वरलह्द तब, क्यौं न घटैं श्रुतिसिक्ख ॥ ४१ ॥
उच्च२ नीच१ अरु नीच१ कौं, उच्च२ करहु जिन देव ॥
भयो न्याय तिन्ह वर मिलत, च्यावितगमक स एव ॥ ४२ ॥
बर दैबोहि बुरो सदा, जानि दुष्टतम जाति ॥
ज्यौं प्रातहि कपिकान्डा१, अरु भैरव अधराति॥ ४३ ॥
गानमाँहिं ज्यौं अंस२ स्वर, पुनि पुनि आवत जात ॥
वे खल त्यौं सब धर्मको , पुनि पुनि करत निपात ॥४४॥
आरोही स्वरतैं अधिक, उच्च बढे लहि दाव ॥
कबलग तिनको रक्खिहो, थाईलौं थिरभाव ॥ ४५ ॥
नित्यदोसं ज्यौं उर दहत, काव्यबिगारनहार ॥
यौंही सब जगको अहित, दैत्यनको उपकार ॥ ४६ ॥

र्थ यह है कि दैत्यकुली होने के कारण से ही निषाद स्वर के साथ भी श्रुतियां घट गई हैं ॥ ४१ ॥ हे देव ऊंचे को नीचा और नीचे को ऊंचा मत करो उनको वर मिलने से च्यावितगमक न्याय हो गया ॥ ४२ ॥ अत्यन्त दुष्ट जाति को वर देना सदैव बुरा है जैसे हनुमान के मत का कानडा रागजिसके गाने का समय आधीरात का है उसको प्रभात में; और भैरव का समय प्रभात का है जिसको आधीरात में गाना बुरा है ॥ ४३ ॥ गाने में जैसे अंशस्वर (स्वर तीन प्रकार के होते हैं जिनमें जहां से स्वर उठै उसको गृह और जहां जाकर स्वर ठहरे उसको न्यास,और जो वार वार आता रहे उसको अंशस्वर कहते हैं) वार बार आता है तैसे ही वे दुष्ट धर्म का बारबार नाश करते हैं ॥ ४४ ॥ वे दुष्ट आरोही स्वर (प्रथम स्वरसे सप्तम स्वर तक जो क्रम से चढता है उसको आरोही और सप्तम से प्रथम स्वर तक क्रम से पीछा उतरता है उसको अवरोही कहते हैं और एक स्वर में वारंवार उसी स्वर का प्रयोग हुआ करै उसको स्थाई कहते हैं) से भी अपना दाव पाकर अधिक बढ गये हैं तो अब कहां तक स्थाई स्वर के समान उनको स्थिर रक्खेंगे ॥ ४५ ॥ काव्य का बिगाडनेवाला नित्यदोष (काव्य में जो दोष हैं उनकी तीन अवस्था हैं कि,कहीं तो दोष ही गुण हो जाता है, कहीं उनका दोष मिट जाता है और कहीं दोष ही बने रहते हैं इसी तीसरी अवस्था को नित्यदोष कहते हैं) जैसे छाती जलाता है उसी प्रकार उन दैत्यों का उपकार करना सब जगत् का अहित है ॥ ४६ ॥ विभाव अनुभाव और संचारी भाव ये तीनों मिल कर रस होता है, तैसे ही

ज्यौं विभाव१ अनुभाव२ व्यभिचारी३ मिलि रस व्है हि ॥
त्यौंही दुष्ट१ रु इष्ट२ तस, मिलैं बिना सक द्वैहि ॥ ४७ ॥
बयो कहांलग नहिं फलैं, सिंचमानैं विख रुक्खैं ॥
अलंकार परिवृत्त जिम, दै बर लीनो दुक्ख ॥४८॥
बिरत भयैं अभिधादि ज्यौं, लखत व्यंजना३ ओर ॥
त्यौं हतउद्यम हमहु सब, चहत रावरो जोर ॥ ४९ ॥
सुचि अरि बीर१ भयानक२ रु, उग्र३ करुन४ बीभच्छ५ ॥
करुन१ भयानक२ हास्यके, ज्यौं ए उभय२ बिपंच्छ ॥ ५० ॥
करुनारसके सत्रु जिम, हास्यरस १ रु श्टंगार २॥
सुचि १ दारुनं २ हसं ३ रौद्रके, ए तीन ३ हि खयकार ॥५१॥
सांत १ भयानक २बीरके,दोखी दुव २ पहिचानि ॥

दुष्ट दोनों दैत्य और उनका इष्ट (वरदान) मिलके दोनों नाश करनेवाले हुए ॥ ४७ ॥ बोकर सींचाहुआ विष का वृक्ष कहां तक नहीं फले अर्थात् अवश्य फलता है। एक वस्तु देकर उस के पलटे में दूसरी वस्तुलेने को परिवृत्ति अलंकार कहते हैं ऐसे ही आपने दैत्यों को वर देकर उनसे दुक्ख लिया ॥ ॥४८॥ अर्थ करने के तीन साधन हैं, अभिधा, लक्षणा और व्यंजना, इन में जिस किसी एक वस्तु का नाम लेने से उसी वस्तु को जान लेना जैसे घोड़ा इस नाम के कहने से घोड़े का ज्ञान होना, यह अभिधा वृत्ति है; और जहां पर मुख्य अर्थ का होना संभव न हो वहां पर किसी दूसरे संबंध से अर्थ किया जावे जैसे कि " गंगा में घर है " यह कहने से गंगा में घर होना असंभव होने के कारण गंगा के संबंध से गंगा के किनारे घर होने का अर्थबोध होता है,इसका नाम लक्षणा है,और जहां पर अभिधा और लक्षणा इन दोनों से अर्थज्ञान न हो तब व्यंग से तीसरे प्रकार से अर्थ लाया जावे उसको व्यंजना वृत्ति कहते हैं। यहां पर इसी बात का दृष्टान्त दिया है कि अभिधा और लक्षणा के नहीं रहने पर जैसे व्यंजना की तरफ देखते हैं तैसे ही हम भी सब निरुपाय होकर आपकी सहायता चाहते हैं ॥ ४९ ॥ शृंगार रस के शत्रु वीर, भयानक, रौद्र, करुण और वीभत्स हैं; और हास्य के शत्रु करुण और भयानक हैं ऐसे ही वे दोनों (दैत्य) शत्रु हैं ॥ ५० ॥ करुण रस के शत्रु हास्य और शृंगार हैं और रौद्र रस के शत्रु शृंगार भयानक और हास्य हैं ॥ ५१ ॥ वीर रस के शत्रु शान्त और भयानक ये

रौद्र १बीर २ शुचि ३ सांत४हस५ , दारुनके अरि जानि ॥५२॥
सांतरहित दारुन सहित, एहि सांत अरि पंच ५॥
सुचिरस १ अरि बीभच्छको, रहन दै न तिंहिं रंच ॥ ५३ ॥
बैरी कविजन चित्तके, ज्यौं अर्थादि अपुष्ट ॥
त्यौं सब बेदबिधानके, दुव हि विरोधी दुष्ट ॥ ५४ ॥
कह्यो पतंजलि४ज्यौं मिटैं, क्लेस अबिद्या आदि५ ॥
तबहि पुरुषको स्वस्थपन, अनुभव सिद्ध अनादि ॥ ५५ ॥
पुरुष १ बुद्धि२संजोगही, होवत हेयं निदान ॥
दुष्टसंग इम आपकौं,उचित न प्रकट प्रमान ॥ ५६ ॥
संजमके जयके विरहं,होय न प्रज्ञालोक ॥
दुष्टनके जय बिनु कहुँ न, भद्रभाव त्रय३ओक ॥ ५७ ॥
ज्ञान१अर्थ२अरु सब्द३इन्ह, मिलित न भिन्न छुराय॥

दो हैं; भयानक के शत्रु रौद्र, वीर, शृंगार, शान्त और हास्य हैं ॥ ५२ ॥ और इनमें से शान्त रस को निकालकर भयानक को शामिल करने से ये पांचों शान्त रस के शत्रु हैं, वीभत्स का शत्रु शृंगार रस है सो उस (बीभत्स) को लेश मात्र भी नहीं रहने देता ॥ ५३ ॥ जिस प्रकार अपुष्टार्थ दोष कवियों के चित्त का विरोधी है (जिसका लक्षण यह है कि जिस विशेषण के देने से विशेष्य की कुछ अधिकता न हो उसको अपुष्टार्थ दोष कहते हैं जैसे किसी ने कहा कि खंजन समान कान्तिवाले नायिका के कटाक्ष हृदय में घुसते हैं यहां पर खञ्जन पक्षि में घुसने की शक्ति नहीं होने के कारण अपुष्टार्थ दोष है । यदि खंजन के स्थान में बाण कहा होता तो दोष नहीं रहता) तैसे ही संपूर्ण वेद विहित कर्मों के वे दोनों ही दुष्ट विरोधी हैं ।५४। पतञ्जलि ने कहा कि जैसे अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश ये पांचों क्लेश मिटें तभी आत्मा स्वस्थ होता है॥ यह बात अनादि अनुभव सिद्ध है॥५५॥ आत्मा और बुद्धि का संयोग ही दुःख का कारण होता है इस रीति आप को उन दुष्टों का संग उचित नहीं यह स्पष्ट प्रमाण है॥५६॥संयम सिद्ध किये (धारणा,ध्यान,समाधि इन तीनों का एककरना) बिना प्रज्ञा (साक्षात् अनुभव सिद्ध ज्ञान) का प्रकाश नहीं होता इसीप्रकार इन दुष्टों को जीते बिना तीनों लोकों में कहीं भी कल्याण नहीं॥५७॥शब्दार्थ के समझने में शब्द, अर्थ और ज्ञान ये तीन बातें मिली हुई हैं अर्थात् घट शब्द के कहने से घट यह तो शब्द है और

तीनन३म संजमं क्रियँ, सबरुत समुझ जाय ॥ ५८ ॥
त्योँही तिनके प्रान१ वपु२, भिन्न भयँ जग भव्य ॥
यात अति सुखकाज वे, चित्तवृत्ति हंतव्य ॥ ५९ ॥
धर्म प्रबर्त्तक दुष्ट दमि, इतर अप्प सम कोन ॥
ज्या औषध भूलोक पर, पाँरद सम दूजो न ॥ ६० ॥
साधु१ भक्त२ सबही भजे, बढत खलनको दोर ॥
अमृता१ मधुर२ घन३ हरर४ तैं, ज्यों बिसमज्वर घोर ॥ ६१ ॥
उपसंय रूप उपाय कछु, हेरि अनामय होन ॥
होहु अंत्र कृमि खलन पर, तक्र१ राजिका२ लोन३ ॥ ६२ ॥
जोगेश्वर५ बोले जबहि, कहत पतंजलि ठीक ॥
द्विजहत्या१ तैं लोक२ जिम, तिनतैं१ सकल२ संभीक ॥६३॥
सौच१ सत्र२ तप३ सत्य४ छत, पापहिं बढन न ठोर ॥
प्रभु तुम छत इनको इतो, बढिबो यह दुख घोर ॥ ६४ ॥

घट कहने से जो जल भरन का पात्र जानाजावे वह अर्थ है, और घट कहने से यह जानलेना कि इसीको घट कहते हैं यह ज्ञान है. इसकारण से इन तीनों को जुदा करके जानना तो शब्दार्थज्ञान है, और तीनों के समुच्चय (जुदे-जुदे नहीं जानने) में केवल शब्दमात्र ही जानाजाता है, जिससे कुछ फल नहीं ॥ ५८ ॥ ऐसे ही उन दैत्यों के प्राण और शरीर जुदे होने से ही जगत् में कल्याण है इसकारण अत्यन्तसुख के अर्थ वे दोनों चित्तवृत्ति के समान नाशकरने के योग्य हैं; क्योंकि चित्तवृत्ति के निरोध से ही सुख की प्राप्ति होती है ॥ ५९ ॥ धर्म का प्रचार करनेवाला और दुष्टों का नाश करनेवाला आप जैसा और कौन है जिसप्रकार भूमि पर पारा के समान दूसरा औषध नहीं ॥ ६० ॥ दुष्टों का प्रचार बढने से साधु भक्त सब भगगये जैसे पीपल गिलोय सहित मोथा और हरड़े से घोर विषमज्वर भागता है ॥ ६१ ॥ शान्ति रूप कुछ उपाय नैरोग्य होने के लिये हेर कर आंतों के कीडे (पटाट) रूप दुष्टों पर छाछि, राँई और लवन समान होइये ॥ ६२ ॥ उसी समय याज्ञवल्क्य बोले कि पतञ्जलि ठीक कहते हैं; क्योंकि जिसप्रकार ब्रह्महत्या से लोग डरते हैं इसीप्रकार उनसे सब डरते हैं ॥ ६३ ॥ पवित्रता, यज्ञ, तप और सत्य इनके रहते पाप को बढने की जगह नहीं रहती परन्तु महाराज! आपके रहते इनका इतना बढना बडा भारी दुःख है ॥ ६४ ॥ अपनी

लहत पाप जिन लंघि नर, निजपतनी ऋतुकाल ॥
त्यौं संध्यादिक नहिं बनत, तिनतैं बिप्र बिहाल ॥ ६५ ॥
संसकार सब मेटि खल, व्रात्य करत द्विजबर्ग ॥
भयेजात भूलोकबिच, सूद्र बहुल सब सर्ग्ग ॥ ६६ ॥

॥ षट्पदी ॥

मुनि पाणिनि६ पुनि कहिय चिंति व्यवहार बुद्धिबल ।
न गुन१ वृद्धि२ के पात्र धातु दीधी१ वेवी२ खल ॥
होत क्रियासुकरत्व होत कर्म१ हि कर्त्ता२ जिम ।
प्रभु प्रसाद सुकरत्व वे२हु कर्त्ताहि बनैं इम ॥
अव्यय१ बिभक्ति२ ङित१ टी२ उभय२ हनहु वेग करि धर्म हित ।
जो कारकत्व१ संबंधका२ तो उनकौं१ बैभव२ उचित ॥ ६७ ॥

स्त्री के ऋतुकाल में ऋतुदान नहीं देने से मनुष्य जिन (घोर) पापों को पाता है तैसे ही सन्ध्या आदि छः ६ कर्म नहीं बनने से ब्राह्मण, विकल हैं ॥ ६५ ॥ षोडश संस्कारों को मेट कर वे दुष्ट द्विजाति (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य) को पतित करते हैं जिससे भूलोक पर सब सृष्टि बहुत शूद्रोंवाली हुईजाती है ॥ ६६ ॥ इस पीछे पाणिनि मुनि ने बुद्धिबल से व्यवहार को चिन्तकर कहा कि व्याकरणभर में दीधी और वेवी ये दो ही धातु गुण और वृद्धि के पात्र नहीं हैं अर्थात् इन दोनों धातुओं को गुण और वृद्धि नहीं होती ; जैसे इकार को एकार होना गुण, और इकार को ऐकार होना वृद्धि कहाता है. वे उपरोक्त दोनों धातुओं को नहीं होते इसीप्रकार ये खल भी वृद्धि के पात्र नहीं हैं. जैसे व्यापार में सुगमता होने से कर्म ही कर्त्ता होजाना है जैसे शीघ्र पकने वाले चावलों के लिये कहाजाता है कि ये चावल अपने आप ही पकजाते हं, इस अवस्था में कर्म ही कर्ता होजाता है इसीप्रकार आपकी कृपा रूप सुगमता से वे दोनों ही कर्ता बनगये हैं । और जैसे अव्यय तो विभक्ति का और ङित् टि का तुरत ही नाश करदेता है तैसे ही उन दोनों को धर्म का हित करके शीघ्र मारो (व्याकरण में जहां अव्यय शब्द आजाता है उसके आगे की विभक्ति का लोप होजाता है और जहां ङित् प्रत्यय होता है वहां टि का लोप होजाता है, जहां पर ङकार को इत् संज्ञा होवे उसको ङित् और शब्द के अन्त्य स्वर को टि कहते हैं) और जो संबंध को कारकपन उचित होवे तो उन (दैत्यों) को भी वैभव देना उचित है अर्थात् कर्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान, संबंध और अधिकरण, इन सातों में छः की तो कारक संज्ञा

॥ दोहा ॥

करहु अप्प नारद७ कह्यो, बीणा१ उचित प्रबाल२ ॥
कोणा१ अंगुलीर२ बिहित करि, लखहु अनिष्ट दयाल ॥ ६८ ॥
जथा ज्ञान१ बैराग्य१ जुगर२, उचित भक्तिसुत आँहि ॥
साधु बानके खल सुतर२न, नैंक उचितपन नाँहि ॥ ६९ ॥
हरिभक्तन जिम संग लहि, अधम जनन उद्धार ॥
प्रभु वर संगति पाय तिम, वे२खल बढिग अपार ॥ ७० ॥
जैमिनि८बुल्ले जोहि हो, कर्म निगम पुरुषार्थ ॥
कमलज दैत्य निबाजि किय, पति वहहि अपार्थ ॥ ७१ ॥
सादीके बस साप्ति ज्यौं, सकल जास अनुसारि ॥
पुरुषकार करतार प्रभु, बिधि११ सुहि बोर्‌यो बारि ॥ ७२ ॥
ज्यौं न अनीदृश कबहु जग, एह अनादि अनंत ॥
ज्यौंहि अनीदृश भव तिन्ह, व्है न तो न सुभहंत ॥ ७३ ॥
व्यास कह्यो तुमकौं द्रुहिन, कैसैं न फुरत क्रोध ॥

होती है परन्तु छठे सम्बन्ध को कारक संज्ञा नहीं होती तो फिर कारक धर्म कहां से होवे ॥ ६७ ॥ नारद ने कहा कि आप वीणा के योग्य दंड कीजिये अर्थात् वीणा के दोनों तूंबों के ऊपर दंड रहता है इसी माफिक इन दोनों दुष्टों पर दण्ड करें और वीणा बजाने के पूर्व अंगुली में नजरांफ पहन कर स्वरों की मिलावट देखीजाती है कि कौन स्वर ऊंचा चढकर स्वरों को बिगाडता है वही अनिष्ट है इसीप्रकार हे दयाल इन दुष्टों का भी अनिष्ट (नाश) देखो ।६८। जैसे भक्ति के पुत्र ज्ञान और वैराग्य दोनों ही उसके योग्य हैं ऐसे श्रेष्ट बाणासुर के सुतों में कुछ भी योग्यता नहीं है ।६९। हरिभक्तों की संगति से अधमजनों का उद्धार होता है ऐसे ही आपके बरदान की संगति पाकर वे दोनों दुष्ट बहुत बढगये हैं ॥ ७० ॥ जैमिनि बोले कि आपने असुरों को वरदान देकर जो वैदिक कर्म रूपी पुरुषार्थ का मार्ग था उसको व्यर्थ करादिया ।७१। जैसे सवार के वश में घोडा होता है तैसे ही सब संसार पुरुषार्थ के वशीभूत है. उस करतार रूपी प्रभु पुरुषार्थ को हे ब्रह्मा आपने जल में डुबोदिया ॥ ७२ ॥ जैसे यह जगत् अनादि और अनंत होने पर भी कभी अद्वितीय नहीं अर्थात् अद्वितीय केवल ब्रह्म ही है तैसे ही उन दोनों दैत्यों को भी अद्वितीयपन नहीं होवे तो कल्याण का नाश नहीं होवे ॥ ७३ ॥ व्यास ने

जुग ७ खल प्राकृत जालपैं, बनहु अबहि चिद्बोध ॥ ७४ ॥
होत वास्तविक तत्वमैं, कलित भेदको भेद ॥
त्यों उनके उत्कर्षमैं, अमर१निगम२उच्छेद ॥७५॥
नभमैं जैसैं नीलिमा२,बिंब१मुकुरतल२बीच ॥
वर उपाधि तिम ते बढे, निजबल मानत नीच ॥ ७६ ॥
सुभ इच्छा१तैं सप्तमी७, भूमि तूर्यगों७भान ॥
तुम सब सुभ इच्छा तकहु, होय तबहि अघहान ॥ ७७ ॥
कौत्स१०कह्यो जिम सब सकुन, छिक्कातैं दबिजात ॥
त्रि३भुवनकौं आक्रम्य तिम, घल्लत आसुर घात ॥ ७८ ॥

षट्पदी ॥

स्यामा१मंडल२काक३सिवा४पिंगलिका५ए जिम ।
सकुननके अधिराज लोक अधिराज अप्प तिम ॥
पथिक काज सिद्धिहित गजि गज१करत उद्धकर ।
दक्खिनतैं दिस वाम सुनि२हु आवत तोरन पर ॥
नखरी३चलंत अग्गैं उमगि करत इष्ट हय४वाम किल ।

कहा कि हे ब्रह्मा तुमको क्रोध कैसे नहीं होता है उन दोनों दुष्ट रूपी माया जाल पर अभी ब्रह्मज्ञान रूप बनो ॥ ७४ ॥ यथार्थ तत्वज्ञान होने में जैसे द्वैत भाव का नाश होता है तैसे ही उन (दैत्यों) की वृद्धि में देवता और वेद का नाश है ॥ ७५ ॥ आकाश में जैसे नीलापन, और काचके भीतर का बिंब ये दोनों आकाश और काच के नहीं हैं किन्तु उपाधि से हैं तैसे ही वे दोनों नीच (दैत्य) वरदान रूपी उपाधि से बढकर अपना ही बल मानते हैं ॥७६॥ जब शुभ इच्छा होती है तभी सातवीं (अज्ञान, आवरण, भ्रांति, द्विविध, ज्ञान, शोकनाश, अतिहर्ष, वेदान्त में ये सात भूमियां मानीजाती हैं) भूमि में चौथी अवस्था में (विवेक, विराग, शम दमादि षट् सम्पत्ति, मुमुक्षुता,)ये चार भूमियां हैं) ज्ञान होता है ऐसे ही आप भी सब की शुभ इच्छा देखो तभी पाप का नाश होगा ॥ ७७ ॥ १२ छींक १३ घेरकर ॥७८॥ कोलचिड़ी, कुत्ती, कौवा, श्यागस्याली, कोचँरी ये जैसे शकुनों के स्वामी हैं तैसे ही आप सब लोकों के स्वामी हैं. मार्ग चलनेवाले को कार्यसिद्धि के शुभकारक हाथी का सूंड उठाकर गर्ज्जना करना और द्वार पर कुत्ते का दक्षिण दिशा से बाईं ओर आना, और नखवाले पशु का उमंग के साथ आगे चलना, इसीप्रकार

मुनि जनन इष्ट मख सिद्धिमें, अप्प प्रजापति क्यों सिथिल ।७९।

दोहा ॥

प्रभु मिलाय तिन्ह मन्न्यु१पथ२,साप१सरट२अनुकार ॥
घूक१करहु खल घरनमैं, अपनी किर्त्ति२उदार ॥ ८० ॥
प्रभुके नैंकहि कोपतैं, दितिकुल निबल दिखात ॥
ज्यों सरितादिक अंतरितें, सकुन निबल परिजात ॥ ८१ ॥

षट्पदी ॥

बुल्ले मुनि कर्नभच्छ१द्रव्य गुनको जिम आश्रय ।
यों सब भूतन अप्प कोन मेटैं द्वितीय भय ॥
लिंगपरामर्श जिम हेतु अनुमितिको हे विधि ।
वाक्यबोधको योग्यता१रु आकांक्षा२सन्निधि३॥

घोड़े का ब[illegible] तरफ शब्द करना शुभकारक है तो फिर मुनिजनों के प्रियम खसिद्धि में हे ब्रह्मा आप शिथिल क्यों हो ॥ ७९ ॥ हे महाराज उन सर्प के समान टेढे चलने और किरकाँटिया के समान रंग बदलनेवाले दैत्यों को क्रोध के मार्ग में मिलाकर हे उदार आपकी कीर्ति रूपी उल्लू (घूघू) को उन दुष्टों के घरो में करो. इस का भावार्थ यह है कि जिस घर में घूघू रहता है वह शून्य होजाता है ॥ ८० ॥ ४ नदी के ५ बीच में आजाने से ॥८१॥ कणाद मुनि बोले कि जैसे गुण का आश्रय द्रव्य है अर्थात् चौबीस गुण हैं वे नव ९ द्रव्यों में रहते हैं इसीप्रकार आप सब प्राणियों के आश्रय हैं फिर डर मेटनेवाला दूसरा कौन है. हे ब्रह्मा जैसे अनुमिति ज्ञान (जो अनुमान से जानाजावे) में लिङ्गपरामर्श ज्ञान (जिस से अनुमिति होवे वह तो हेतु कहाता है, और जिस की अनुमिति करै वह साध्य कहाता है इन दोनों के साहचर्य ज्ञान को व्याप्ति कहते हैं. और व्याप्ति सहित हेतु का ज्ञान होना परामर्श ज्ञान है) कारण है. और वाक्य बोध में योग्यता, आकांक्षा और संनिधि ये तीन कारण हैं (इन में किसीने भोजन समय में सैंधव मांगा तब भोजन के साथ घोडे की योग्यता न होने के कारण घो[illegible] नहीं लाकर लवण लाना यह योग्यता है. जहां पर योग्यता नहीं हो वहां अर्थ भी नहीं होता जैसे अग्नि से सींचना यहां सींचने के साथ अग्नि की योग्यता नहीं है. इसीप्रकार भोजन के समय कहना कि लवण, यहां दूसरे पद की आकांक्षा है इस से जानलिया कि लवण मंगवाते हैं, इसीको आकांक्षा कहते हैं. यदि भोजन समय के विना खाली लवण का नाम लिया जावे तो वहां आकांक्षा नहीं होने के

तिम तुम अदेव अभ्युदयके हेतु भये सुन लोकहित ।
इन्ह प्रागभाव१जानहु असुभ अब प्रध्वंस२हि है उचित ॥८२॥
आत्माबिच१जिम बोध२सीत सपरस१जल बिच २जिम ।
संख्यादिक गुन पंच५रहत नँव९द्रव्यमाँहिं तिम ॥
ज्यौं परत्व१अपरत्व२भूमि मुख चउ४भूतनमैं ।
अरु मनमैं५यौं सहजसिद्ध खल मति खलजनमैं ॥
चउबीस२४गुनन बिच बुद्धि१६जिम सब बिबेक साधन लसत ।
साधन समस्त सुभधर्मको दुष्टदमन सबके सुमत ॥ ८३ ॥

दोहा ॥

द्रव्यादिक छंँ६पदार्थ ही, ज्यौं भासत सब ठोर ॥
यौं भयतैं भूतन भई, आसुरमय सब ओर ॥ ८४ ॥
कपिल१२कह्यो ॥

कारण कुछ अर्थ नहीं होता और पदों की समीपता को संनिधि कहते हैं जैसे किसीने किसी से कहा कि घोडा लाओ, यहां तो संनिधि होने से अर्थ समझ लियागया और इसी पद को प्रथम "घोडा" इतना कहकर कुछ समय बीच में छोड कर फिर "कहा" लाओ, तो यहां दोनों शब्दों की समीपता नहीं होने के कारण अर्थ नहीं होता) ऐसे ही आप उन दैत्यों की वृद्धि में कारण हुए हैं ॥ हे लोक के हित करनेवाले सुनो इन के प्रागभाव (होना) को अशुभ जानो और अब इनका प्रध्वंसाभाव (नाश) ही उचित है ॥ ८२ ॥ जैसे आत्मा में ज्ञान, जल में शीतस्पर्श, और नवँद्रव्यों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, काल, दिशा, आत्मा, मन) में संख्या आदि (संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग , विभाग) पांच गुण रहते हैं इसीप्रकार पृथ्वी, अप् तेज, वायु और मन में परत्व और अपरत्व गुण स्वतःसिद्ध रहते हैं तैसे ही दुष्ट जनों में दुष्ट बुद्धि स्वतःसिद्ध रहती है ॥ चौबीस गुणों (रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व, बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, गुरुत्व, द्रवत्व, स्नेह, संस्कार, धर्म, अधर्म, शब्द) में जैसे सब ज्ञान का साधन करनेवाली बुद्धि शोभित है ऐसे ही दुष्टों को मारना सब धर्म का साधन सब के अनुमत है ॥ ८३ ॥ जैसे द्रव्य आदि छंः (द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय) पदार्थ ही सब जगह दीखते हैं तैसे ही प्राणियों को डरके कारण सब दिशायें असुरमय हो गई हैं ॥ ८४ ॥

॥ ८५ ॥

॥

॥ ८६ ॥

॥

॥ ८७ ॥

॥

॥ ८८ ॥

सालिहोत्र१४बुल्ले द्रुहिन, नाभि१पुच्छ२गुद३थान ॥
जा हयकै ए त्रय३भ्रमन, सो नहिँ श्रेय निदान ॥ ८९ ॥
अध१ऊरध२आवर्त्त दुव२,संपुट परसैं नाँहिँ ॥
सो सुभकर कबहु न सुन्यौं, क्यौं तस पोखन आँहिँ ॥ ९० ॥
भये बरस छब्बीस२६ बय, हय रद करत प्रयान ॥
त्यौं तिनकी कबलौं अवधि, होत सर्ग उत्थान ॥ ९१ ॥
बढ्यो रुधिर जो नहिँ कढैं, घोटकको सुचिमास ॥
तौ बिनास पावत तिमहि, इन्ह छत लोकबिनास ॥ ९२ ॥
मंजामूल मिलाय पुनि, तैल१सिर्वा३जुत देत ॥
एकर्बिस२१दिन तब हय सु, व्है नीरोग सुचेत ॥ ९३ ॥
त्यौं इन्ह मरन अनंत रहि, थप्पि बहुरि श्रुति मग्ग ॥
पीन करहु जग१सप्ति२कौं, यह१कारि रक्त२अलग्ग ॥ ९४ ॥
मल्लिनाग१५बुल्ले मिट्यो, उन२करि जग आनन्द ॥
अस्वं१बेग चिरं२चंडं३ज्यौं, मृगी१वेग द्रुत२मंद३ ॥ ९५ ॥

---

१ आषाढ मासमें२दैत्य३बकरी का४हलदी ५ वेदमार्ग ६ पुष्ट ७ संसार रूपी घोड़े को ८ दैत्य रूपी रक्त को अलग करके ।१४। मल्लिनाग बोले।कि उन (दैत्यों) से संसार का आनन्द मिट गया जैसे प्रबल और अधिक ठहर नेवाले अश्व (कामसूत्र के मत से शश, मृग और अश्व से तीन प्रकारके पुरुष, और मृगी, बडवा और हस्तिनी ये तीन प्रकार की स्त्रियां होती हैं इन में यथासंख्या अर्थात् शश को मृगी, मृग को बड़वा, और अश्व को हस्तिनी के समागम में आनंद होता है और इनके व्यतिक्रम में दुःख और अतृप्ति है) पुरुष के साथ कोमल और शीघ्र छूटनेवाले वेग को मृगी

बर पुब्बहि वे२ स्तब्ध१बलि, अघकर चपल२अछेह ॥
प्रथम सुरत ज्यौं चंडपन १,द्रुतपन२पुरुषन देह ॥ ९६ ॥
सबको सुख पकरयो संयन, मीचि नयन दृढमंत ॥
ऊर्ध्वभाग निज उदरको, कसत जुवति१जिम कंत२॥९७॥
सातन ही तिनको सुखद, मन्नत लोकनमाँहिं ॥
मंथन ज्या अतिमोदकर, उपसृप्तन बिच आँहिं ॥ ९८ ॥
बुल्ले मुनि पिंगल१६ बहुरि, सबन हृदय खल सूल ॥
नगन॥। करहु तिन्ह धारि नय, मंगनSSS न रक्खहु मूल ॥९९॥
कब मरिहैं आसुर कुटिल, बरहू सत्य निबाहि ॥
बंधु१रु दोधक२वृत्त विधि, संसय रहत सदाहि ॥१००॥
प्रसरि बर्ण प्रस्तारगति, कबलौं बढहिं कराल ॥
नंष्टगनितके न्याय करि, गुमैं निकासे काल ॥ १०१ ॥

स्त्री का आनंद मिट जाता है ॥ ९५ ॥ वर मिलने से पहले ही वे अनम्र थे और फिर वर मिलने से पापी अपार चपल होगये हैं जैसे प्रथम समागम में पुरुष अनम्र और चपल होता है ॥ ९६ ॥ इन दोनों ने नेत्र मींचकर संपूर्ण का सुख हाथों से काठा पकड़ लिया है जैसे आलिङ्गन में स्त्रीपुरुष उदर के ऊपर के भाग (छाती) को भुजा से पकड़ते हैं ॥९७॥ उन (दैत्यों) का सातन (नाश) ही लोगों में सुखदायी है, उधर स्त्री पुरुष के सम्बन्ध में सातन का अर्थ पतलापन है, जैसे काम शास्त्र में कहे हुए दश उपसृप्तों में मंथन ही अत्यन्त मोद करने वाला है. यहां स्त्री पुरुषों के संबन्ध में तो मंथन शब्द उपसृप्तवाची है और दैत्यों के संबंध में नाश का बोधक है काम शास्त्र के१०उपसृप्तों का वर्णन अश्लील होने के कारण हमने छोड़ दिया है सो जिनको देखना होवे वे वात्स्यायन कामसूत्र के सांप्रयोगिक दूसरे अधिकरण के आंठवें अध्याय में देख लेवें ॥ ९८ ॥ फिर पिंगल मुनि बोले कि ये खल (दुष्ट) सब के हृदय में सूल हैं तिनको नीति धारण करके नगन अर्थात् सर्वलघु करो और प्रस्तार का मूल (आदि रूप) मगन है सो मत रक्खो, अर्थात् सर्वगुरुSSSमत करो ॥ ९९ ॥ बंधु छंद और दोधकछंद इन दोनों में संदेह ही रहता है कि यह कौनसा है इसी प्रकार ॥ १०० ॥ वर्ण प्रस्तार के फैलाव के समान वे (दैत्य) विकराल कहां तक बढेंगे इसका निश्चय नहीं है और जिस प्रकार प्रस्तार के नहीं जाने हुए रूप को नष्ट से निकाल लेते हैं इस प्रकार इनका काल निकालो ।१०१।

सब प्रस्तारन अंतसम, सरलभाव भजि सुद्ध ॥
वे२जो रहते अध्वमैं, को होतो तब क्रुद्ध ॥ १०२ ॥
अंत्य अंक उद्दिष्टको, मत्ता प्रसर प्रमान ॥
यौं प्रमान खल आयुको, निश्चित कबलग वान ॥ १०३ ॥

मनोहरम् ॥

मेरुवारे कोठनलौं उच्च उच्च थोरे करि,
नीच नीच बाढे बहु सो नहि खटावती ।
मेरु अंक थान गिनती जिम पताकामाँहिं,
प्रसरके अंकमाँहिं माँहिं मिटैं पावती ॥
माँहिं माँहिं यौं खल मिटैं तो जन पावैं प्रान,
पावैं प्रान तो न पावैं पुहवि प्रजावती ।
मर्कटी ज्यौं छंद सरबस्व ऐंचि आनैं ऐसैं,
ऐंचि घर लेहैं अलका १ रु अमरावती२ ॥ १०४ ॥

॥ दोहा ॥

दोहा१ गाहा२ आदि दे, वृत्त कला गनबंध ॥
सुद्धरचन ज्यौं नाहि सहज, यौं तिन्ह मृत्यु असंध ॥ १०५ ॥

सब प्रस्तारों के अंत में सर्वलघु का रूप होता है ऐसे ही वे दोनों (दैत्य) जो यज्ञ में सरल भाव से मार्ग में रहते तो उन पर क्रुद्ध कौन होता॥१०२॥ मात्रा प्रस्तार के उद्दिष्ट का अंतिम अंक में से गुरु सिरका अंक घटाने से प्रश्न का उत्तर होता है ऐसे ही उन दुष्टों की आयु जानने का निश्चय कब होगा ॥ १०३ ॥ मेरु के बनाने में ऊपर १ कोष्ठ करके नीचे के कोठे एक एक करके क्रम से बढते जाते हैं ऐसे उच्चों को घटाकर नीच को बढाना यह नहीं सहा जाता। और मेरु के अंकों के स्थानों की गिनती जैसे पताका के दंड में प्रस्तार (संख्या) के अंक परस्पर मिटने से मिलती है जैसे वे दुष्ट परस्पर मिटें तो लोग जीवन पावें और जो ये दुष्ट जीवन पावेंगे तो पृथ्वी प्रजावाली नहीं पावेगी। जिस प्रकार वृत्ति, भेद, मात्रा, वर्ण, गुरु, लघु इन छः कोठों में छन्दों के संपूर्ण कर्मों को खींचकर मर्कटी अपने में ले आती है ऐसे ही ये भी कुंबेर की पुरी और इन्द्र की पुरी को खींचकर अपने घर में लेलेवेंगे ॥ १०४ ॥ दोहा और गाहा (आर्या) आदि मात्रों गण बद्ध के छन्दों की शुद्ध रचना करना जैसे सहज नहीं है

मनोहरम्

परसुधरन१७ बोले स्वीय प्रानसौं जो चाप,
न्यून कछु होय सोही लक्ष्य लैनहार है।
दिव्य चाप अर्ध १ सह चउ ४ कर ३ मान होत,
अर्ध१ बिनु सो ३ हि ४ चाप मानुष उदार है॥
सोहु जो विसमपर्व तो सुभ बिचार्यो त्यौं,
कलंबहु धनुख प्रान मान सुभकार है।
आप बररूप चाप ऐसो दयो जो खल,
बलसौं बिसेस तोहू बिजय बिफार है॥ १०६॥
पट्टसूत्र१जो नैं तो हरिन२गो३महिर्ष४सिरा,
तिनके अभाव चर्म्म बस्त५गोकर्न६के।
तेहु नाँतो पक्क बंस छल्ली७शिवमल्ली चोच८,
भाद्रमैं वा गुन इन्ह८से न अरनके॥
सर नर१ पीछै थूल जोग्य दृढ भेदिबेके,
अग्गे थूल नारी२दूरपात बितरनके।

तैसे ही उनकी मृत्यु भी प्रतिज्ञा नहीं होने योग्य है॥१०५॥ फरशुराम बोले कि अपने बल से जो धनुष कुछ कम होवे वहीं निशाना लेने वाला होता है और देवताओं के योग्य धनुष साढे चार हाथ के प्रमाण का होता है और चार हाथ का धनुष मनुष्यों के लिये श्रेष्ठ है॥ वो भी जो विषम (एक, तीन, पांच, आदि एकीवाली गणना) गांठ वाला होवे तो शुभ है इसीप्रकार बाण भी धनुष के बल के प्रमाण से शुभ कारक होता है परन्तु आपने वरदान रूपी धनुष ऐसा दिया है कि जो उन दुष्टों के बल से अधिक है तो भी विजय की टंकार करने वाला है॥१०६॥ जिस की प्रत्यंचा रेशम के सूत की, और वो नैं हो तो हरिण, गाय, भैंसे के नस (ताँत की, यह भी नैं होवे तो बकरा, खच्चर, अथवा मृग विशेष के चाम की, और वे भी न हों तो पके हुए बाँस और शिवमल्ली (वृक्षविशेष) के छाल की इन दोनों (बांस और शिवमल्ली के छाल) से भादवा में बनानी औरं की नहीं. यहा भादवा वर्षा काल का वाची है जो बाण पीछे से मोटा होता है वह नर कहाता है सो दृढ वस्तु को भेदने योग्य है और जो बाण आगे से मोटा

क्लीब३ बान सबंसम लछ्यके उचित अैसैं,
दैत्यनसे ओर कोन नासक नरनके ॥१०७॥

दोहा ॥

पूरक१सौं सर अैंचि पुनि, कुंभक२सौं थिर थापि ॥
सह हंकृति१ छोरयो जु सर, क्रमच्युत व्है न कदापि ॥ १०८ ॥

षट्पात ॥

प्रथम तैल१ बहु पाइ इष्ट सस्त्रहिं बहोरि इम ।
अर्कदुग्ध१हुंड शृंग भस्म मूसक पुरीस३तिम ॥
पारावतजपुरीस४लै रु इन्ह४करि करि लेपित ।
तैल१मथित२को पान बहुरि तिहिं देत अंबेपित ॥
सस्त्र सु बहोरि करि सानसितं पटकहु जँहँ तँहँ उपलपर ।
नन लहत भंग तिम खल हनन रचहु उपाय अमोघ अर॥१०९॥

पादाकुलकम् ॥

मंथित१रु कदलीक्षार२मिलायैं, परिउसित सु करि सस्त्रहिं पायैं।

होवे वह स्त्री कहाता है सो दूर पटक देने के काम का है और आगे पीछे ब राबर मोटा होवे वह बाण नपुंसक कहाता है सो निशाने के योग्य है इसी प्रकार दैत्यों के सिवाय मनुष्यों का नाश करनेवाला दूसरा कौन है ॥ १०७ ॥ पूरक (स्वास का खींचना) से बाण को खींचकर कुंभक (स्वास का रोकना) से थिर रख के हुंकारा करने के साथ जो तीर छोडाजावे वह कभी अपनी गति को नहीं छोडता अर्थात् लक्ष्यतक पहुंच ही जाता है॥१०८॥अपनी इच्छाऽनुकूल शस्त्र को पहले तेल (तपाये हुए शस्त्र को तेल में डबोना) बहुत पिला कर फिर इसीप्रकार आक का दूध मेंढे के सींग की भस्म ऊंदरा की मींगणी कबूतर की बीट लेकर इनका वारवार लेप करना, फिर तेल और विना थरवाले दही का घोल्या [मट्ठा] की अक्षेपित [निरंन्तर] पाण देवे फिर उस शस्त्र को शाण से तीखा करके जहां चाहो तहां पत्थर पर पटको सो कभी नहीं तूटेगा इसीप्रकार दुष्टों को मारने का खाली नहीं जावे ऐसा शीघ्र उपाय करे ।१०९। दही की थर को दूर करके उसका घोल्या (मट्ठा) बनाकर उस में केले का खार मिलाकर पड़ा रक्खे जब वह सडजावे तब उसकी पाण देवे फिर उस

-चि सित उपल१लोह२पर झारहु, व्है न कुंठ इम मंत्र सम्हारहु ।११०।

मनोहरम् ॥

सारस्वत१८बोले जलहीन देसमैं जो खनि,
काढ्यो जलचाहैं तो ए लच्छन निहारिये ।
बेतस१ककुभ२जंबू३कोबिदार४भूतांबास५,
जन्तुफल६फल्गु७बिल्व८बदरी९बिचारिये ॥
सप्तपर्णा१०तिलक११मधूक१२ करंज१३नीप१४,
नालिकेर१५दंती१६ताड१७त्रिवृंता१८हु धारिये ।
बीरणा१९निवाली२०पीलुपर्णी२१नौकु२२पास खनैं,
जानि दिगभेद नीर तबही निकारिये ॥ १११ ॥
मस्तक उभय२की खजूरि१जँहँ होत अथ-
वा सित प्रसून होत किंसुक१कनीर२हैं ।
पुब्ब१सौं प्रतीची१किंसुकादि२सौं उदीची२ततो,
क्रम ढिग खोदैं तीन३द्वै२पुरुष नीरहैं ॥
भूमैं घर्म१व्है वा धूम२तो तहाँ रु खेतमैं जो,
स्निग्ध१सित२अन्नसिरा निकट घनी रहैं ।
दुष्टनके नासमैं उपाय ऐसैं हेरि हाय,

शस्त्र को तीखाकरके पत्थर और लोहे पर पटको सो कभी भोटा (मुड़ना) नहीं होवेगा इसीप्रकार आप भी मंत्र [सलाह) करो ॥ ११० ॥ ६खोद के ७ बेत, ८ ककुभ (वृक्षविशेष जिसको अर्जुन वृक्ष कहते हैं) जामूनि, कंच नार, बहेडा, ऊंमरा, कालागूलर, बील, बोर, सप्तपर्णा, (वृक्ष विशेष जिस के प्रत्येक गांठ में सात सात पत्ते होते हैं) तालमखाना, महुआ, करंज, (किंणि गच) कदंब, नालेर, बज्रदंती [बोंली] ताड, निसोत, गांडर, नेवारी [नवमालि का] पीलुपर्णी (वृक्षविशेष) उदेही [दीमक] के बामला के पास खोदे दिशा का भेद जानकर, तभी पानी निकालें ।१११। दो माथे की खजूरी होवे अथवा स्वेत फूल का ढाक और कणीर होवे, वहां पहले कहे हुए बेत आदि खजूर पर्यन्त वृक्षों के तो पश्चिम दिशा में और पलाश [छीला] कणीर के उत्तर दिशा में क्रम से पास ही खोदे तब तो दो तीन परसे [ऊबदा] नीचे पानी है और भूमि में गर्मी होवे वा धुआं होवे तहां पर और जो खेत में

देर न करो तो घोर बेर न बनारहैं ॥ ११२ ॥
[२]रक्तभू१मैं तोरो२स्वेत१कपिल[३]२मैं खारो।३जैसैं,
स्याम१नील२भूमैं कढैं मिष्ट३जल जानिये ॥
भूमि [४]खनत जो सिला टं[५]कहु गिनैं न तापैं,
[६]अनल प्रजारिकैं [७]सवर्ण तिहिं आनिये ॥
[८]बदर१कु[९]लत्थ२कल्कैं[१०] तक्र१[११]सुरा२कांजिकैं[१२]३मैं,
सप्त७दिन राखि ताको [१३]सेकैं तहँ ठानिये ।
सीचैं वा [१४]सुधा१को जल तो जो भंगपावैं ऐसैं,
दुष्टनमैं१हत्या२तिन्ह१भंग२मनमानिये ॥ ११३ ॥
[१५]कटुक१कुगंधि२खार३[१६]आवि—४वि[१७]रस५नीर,
कूपमैं जो व्है तो [१८]उपचार यह प्रेरिये ।
[१९]आमलक१[२०]कतक२[२१]उसीर३राजको[२२]सातक४,
[२३]अर्जुन५पयो[२४]द६नको [२५]छोदैं तहँ गेरिये ॥
तो जल प्रस[२६]न्न१लघु२सुरस३सुगंधि४होत,
यौं [२७]वाँ समुझाइ मति दुष्टनकी फारिये ।

चिकना, तीखा अन्न होवे वहां पर पानी की सीर बहुत नजीक रहती है इसी प्रकार उन दुष्टों के नाश में भी उपाय हेर कर देरी नहीं करैं तो दुःख कारक भयंकर समय नहीं बनारहै ।११२। लाल भूमि में तोरा और स्वेत व पीली भूमि में खारा इसी प्रकार काली और नीली भूमि में मीठा पानी निकलता है और भूमि को खोदते समय ऐसा पत्थर आवे कि जो टांकी को नहीं माने तो उस पर अग्नि जलाकर अग्नि के समान लाल करलेवै फिर झड़बेरी और कुलत्थ को शामिल पीस कर छांछ मद्यै और कांजी [धान्य को सात दिन सड़ाकर कांजी बनाते हैं] में सात दिन तक राखे उस मद्यै के पानी से उस शिला को सींचै तो वह टूटजाता है तैसे ही इन दैत्यों में हत्या का सिंचन करके इनके नाश में मन कीजिये ॥ ११३ ॥ जिस कुए में पानी कडवा, दुर्गंधी, खारा, गदैला हुआ विना स्वाद का होवे तो यह इलाज करना कि आँवला, निर्मली, खश, बड़ी तोरों, अर्जुन वृक्ष जिस को ककुभ कहते हैं और पयोद, (नागरमोथा) इन सब का चूर्ण उस में डाले तो जल निर्मल, हलका, स्वादिष्ट और सुगंधिवाला होता है ऐसे ; अथवा समझा कर उन दुष्टों

सारस्वत१८बैन ऐसैं सुनत बिरंचनसौं,
पालकाप्य१९बोले इनकौंहु हित हेरिये ॥ ११४ ॥
मधुनिभ१दंत२जाके जंघन१बराहसम२,
चापसम१बंस२मदको जल१हरित२है ।
रक्त१मुख२ओठ३तालु४नैन१मधुपिंगल२है,
वृत१कर२ अंग१मृदु२लोम आवरित३है ॥
वृत्त१पीन२कंधरा३पयोदसम१बृंहित१है,
सप्त७कर१ऊंच१मद सुरभी२ झरित है ।
नखर१ अठारह१८२वा बीस२०१३ ऐसो जा नृपकै,
भद्र१गज होइ तासौं दुर्जन दरित है ॥ ११५ ॥
कक्षा१ उर२ सिथिल३ प्रलंब१ थूल२ कुक्षि३ गल४,
पेचक५ मृगेंद्र१ दृष्टि२ मंद२कै ए मानैं हैं ।
ह्रस्व१ रद२ सुंडा३ कंठ४ मेहन५ उदर६ लोम७,
कर्ण८ पय९ थूल१ नैन२ मृग३कै बखानैं हैं ॥
मिश्र४कै ए चिन्ह सब मिश्रित मुनिन कहे,
इन्ह करि ऐसैं च्यारि४ जाति गज जानैं हैं ।

की बुद्धि को फैरो, सारस्वत के ऐसे बचन सुनकर ब्रह्मा से पालकाप्य बोले, कि इन (नीचे कथन किये हुए) को भी अच्छे जानिये ॥ ११४ ॥ महुवे के कच्चे फूलों के समान है दन्त जिस के जांघे सूवर जैसी धनुष के समान पीठ का हाड, मद का जल हरारंग का, मुख, ओठ, और तालु लाल होवैं, पके हुए महुवे के फूल के समान लाल और पीले नेत्र, गोलाकार सूंड, कोमल और केशों से ढकाहुआ शरीर, गोल और पुष्ट कंधों मेघ के समान गाजनेवाला, सात हाथ ऊंचा, जिस का मद सुगन्धित झरनेवाला होवै और जिस के अठारा या बीस नखें होवें उसको भद्रजाति कहते हैं ऐसे हाथी जिस राजा के पास होवें जिस से शत्रु पीडित होते हैं ॥ ११५ ॥ कांखें और छाती ढीली हो, कूखें, गला और पूंछ का मूल भाग लम्बा और मोटा होवे सिंह की सी दृष्टि होवे, ये लक्षण मंदजाति के हस्ती के हैं, और जिस के दांत, सूंड, गला, लिंग, उदर, केश, कान और पग छोटे होवें और कान पग नेत्र वडे होवें ये लक्षण मृगजाति के हाथी के हैं और जिस हाथी में ये ही सब लक्षण मिले हुए होवें उसको मुनि लोगोंने मिश्रित जाति का हाथी कहा है.

तैसै दुष्टभाव करि धूम्रकेतु१ जंभ२ दोहु२,
मारिबे उचित महादुष्ट पहिचानैं हैं ॥ ११६ ॥

॥ दोहा ॥

कण्व१ कह्यो जिम कुणपजल, सब तरु पोषक सिद्ध ॥
अघपोषक तिम दुष्ट वे२, अज प्रसाद बरइद्ध ॥ ११७ ॥

॥ मनोहरम् ॥

कोल१ मृग२ मच्छ३ खड्गी४ छगल५ उरभ्र६नके,
मेद१ पल२ मज्जा३दिक जथाभाग लीजिये ।
एककरि नीरमाँहिं चुल्लीपैं पकाइ तामैं,
दुग्ध१ घृत२ माक्षिक३ओ सीझे मास४ दीजिये ॥
तिल खल५ चूरि डारैं जो तजैं न घनभावता,
तो जल उष्ण डारि तास द्रव कीजिये ।
भांड भरि एक१ पक्ष गोमयमैं राखैं बनैं,
कुणप सो सर्वतरु पोषक पतीजिये ॥ ११८ ॥
तिल१ मधुयष्टि२ मधु३मिश्रित कुणप४ सींची,
बदरी फलत जिन्ह फलन सिता दबैं ।
बिच्छू१ अलि बिद्ध करि१धेनुघृत धूप दैर रु,

इस रीति चार जाति के हाथी जानेजाते हैं तैसे ही खोटे अभिप्राय वाले धूम्रकेतु और जंभ दोनों हस्ती मारने योग्य पहिचाने हैं ॥ ११६ ॥ कण्व ने कहा कि जैसे कुणपजल,सब वृक्षों के पोषण करने में सिद्ध है तैसे ही वे दोनों दुष्ट ब्रह्मा के प्रसन्नता के बरदान से बढे हुए पापों के पोषक हैं ॥ ११७ ॥ सूवर, हिरण, मच्छी, गैंडा, छाली, मेष, (मींढा) के चरबी, मांस, मींजी आदि सब बराबर भाग लेकर पानी में मिलाकर चूल्हे पर पकावें जिस में दूध, घी, सहत ये तीनों मांस के सीझने पर डाले और पीछे तिलों की खल का चूरा डाले, जो काठोंपन नहीं मिटै तौ गरम जल डाल कर ढीला करलेवे उसको भांडे में भरकर पन्द्रह दिन तक गोबर में राखे उसको कुणप कहते हैं, वह सब वृक्षों को बढानेवाला है ॥११८॥ तिल, मुलहटी, और सहत मिलाकर कुणप से सींचै तो बोरडी का वृक्ष फलता है जिस के फलों से मिश्री भी दबजाती है. और बीछू के डंक से वेधन करके गाय के

आखुं१ किटिर२ मेदं सींची फलत लता सबैं ॥
बालतरु जे बढैं न तास घृतधूप दै१ रु,
दुग्ध१सौं कुणप२ सौं वा जवजल३सौं जबैं ।
सींचिकैं बिडंग१ तिल२ कल्कको बिलेप कियैं,
बालतरु तेते वृद्धि परम लहैं तबैं ॥ ११९ ॥

दोहा

एक१बेर फलि१फूलि२तरु, बहुरि फलैं१फूलैं२न ॥
कुणप१दुग्ध२जुग२सेकतैं, उपजैं फल१ सुमं२ ऐन ॥ १२० ॥
विखतरु खल इम अतिबढे, पूंभुवर औषध पाइ ॥
अब तिनको सातन उचित, ज्यौं न प्रजा मिटिजाइ ॥ १२१ ॥

मनोहरम्

पारासर२१बोले जाके अरुन १मृदुल२ ओठ३,
जिव्हा४ तालु५ व्हर्स्व१ कर्ण२ सुंदर१उदर हैं ॥
पृष्ठ१ हुंडे तुल्य२ जंघा३ संहत१ अरुन२ सुर३,
व्यूढ१ उर२ पुष्ट१ रु बडो२ ककुद३ बर हैं ॥
अरुन अपांग२ अति१ उच्छ्रित२ मृगेंद्र१खंध२,

सास्ना१ मृदु२ अल्प३ भूलौं१ पुच्छको प्रसर२ हैं ॥

घृत का धूप देवै और चूहा सूवर की चरबी को सींचै तो सभी वेलाड़ियां फलती हैं और जो छोटे वृक्ष नहीं वढते होवैं उनको घृत का धूप देकर दूधसे, कुणप से अथवा जव के जल से सींच के वायविडंग और तिलों को शामिल पीसँ कर उस का लेप करे तो वे सब छोटे वृक्ष पूरे बढते हैं ॥ ११९ ॥ जो वृक्ष एक वेर फल कर फिर नहीं फूले फलै तो कुणप और दूध इन दोनों के सींचने से फल और पुष्पों का घर वनता है ॥ १२० ॥ खल रूपी जहर के वृक्ष आंप के वर रूपी औषध पाकर इसीप्रकार वहुत वढे हैं जिनका अब नाश करना उचित है कि जिस से प्रजा नहीं मिटे ॥१२१॥ पराशर बोले कि जिस वृषभ (वैल) के लाल और कोमल ओठ,जीभ और तालु छोटे, कान और पेट सुन्दर, मींढाँ [भेड] के समान पीठ मिली हुई और लाल जंघा मोटा स्वर (जोर से टांडनेवाला) पुष्ट छाती और वडी खूंदंड पीठ के ऊपर का मांस पिंड श्रेष्ठ है. नेत्रों के कोये लाल, सिंह के समान वहुत ऊंचा

तांम्र१ लघु२ सृंगे३ त्यौंही स्निग्धं१ तनुं२ लोम३ चर्म४,
जो वृषभ ऐसो सो सदाही सुभकर हैं ॥ १२२ ॥
बाम अंग१ बामावर्त२ दक्खिन१ बिलोमावर्त२,
नासादेसँ१ सबल२ बिडाल सो१ बदन२ हैं ।
मल्लि१ वालवायज२ से बुद्बुदं३ से नेत्र४ जैतु१,
उत्पल२ कमल३ रंग४ सुस्वर१ नर्दन२ हैं ।
अंडकोस १ ह्रस्व रु उरभसो१ उदर२ जाकै,
सोही वृख भारसोढा१ जवको सदन२ हैं ।
ऐसैं सुभभाव वर रावरेतैं पायो तिन्ह,
करत तथापि दुष्ट जगको कर्दन ह ॥ १२३ ॥

दोहा

सुभ वृख लच्छन ए कहे, धेनुं उचित इनमाँहिं ॥
जो जो व्है सो तास सुभ, ऊधं१ पुष्ट२ पुनि३ ऑहिं ॥ १२४ ॥

मनोहरम्

मूसकसम१ रु अस्र आविलं२ नयन३ जाकै,
प्रचल१ चिपिटं२ शृंग३ खरसम१ रंग व्है ।

कंधा, कोमल और छोटी सास्ना (गले के नीचे की कम्मल) भूमि तक लंबी पूंछ, तांबा के रंग के समान छोटे सींग, इसी प्रकार शरीर के केश (बाल) और चर्म (खाल) कोमल, ऐसे होवें वह सदैव शुभकारी है ॥ १२२ ॥ बांये शरीर में बांये मुख की भंवरी और दहिने शरीर में उलटे मुख की भंवरी, नाक का स्थान बलवान् अथवा सलवट (झुरियां) पड़ती होवें बिल्ली के जैसा मुख बैडूर्यमणि के समान अथवा मल्ली (बेला का फल) के समान वो जलके बुद्बुदों के समान नेत्र, लाख, कुमोदनी और कमल के समान रंग, अच्छे स्वर से नाद करना छोटे अंड (आंड) भेड़ के जैसा पेट जिसके होवे वही बैल भार खींचने में समर्थ और वेगें का घर है इसी प्रकार उन दैत्यों ने आपके वरदान से शुभभाव पाया है तो[२०] भी वे दुष्ट जगत् का नाश करते हैं ॥ १२३ ॥ ये बैल के शुभ लक्षण कहे उन में से ही गाय के भी जो जो होवें वह शुभ है इन के सिवाय उवाँड़ा स्तनप्रदेश पुष्ट मोटा होना अच्छा है[२४] ॥ १२४ ॥ जिस गाय के चूहा के समान काले वाले और नेत्र, चौड़े और चिपटे

रद१ चउ ४।२ सप्तम ७।३ वा तथा दस१०।४ रु लंबो१तुंड२,
ह्रस्व१ अरु थूल२ ग्रीवा ३ पिट्ठि नैंत अंग२ हैं ॥
शीर्ण१ खुर२ स्याम१ दिग्घ२ जिव्हा३लघु१ दिग्घ२ गुल्फ३,
जर्वसम१ मध्य२वडी१ ककुद२ कुबंग३ व्है ।
दह१ कृस२ ग्रैसी धेनु ग्रसुभ सदा ज्यौं त्यौंही ,
ग्रसुभ ग्रदेवनको ग्रब कब भंग व्है ।। १२५ ॥
धेनु चिन्ह ग्रसुभ कहे जे वृखमैंहु ते रु,
ग्रधिक हुए जो ग्रंडकोस१ लंब२ थूल३ व्है ५।
नसमय१ क्रोडदेस२ नसमय१ थूल२ गंड३,
मेहन१ त्रिनस२ लंब३ ग्रतिकृस मूल है ।
तालु १ ग्रोठ२ स्याम३ ग्रोतुंसे१ हग२ कँपिल१ रंग२,
थूल१ मंणि२ थूल१सृंग४देह१ कारे फूल२ व्है ।
ग्रैसो वृख ग्रसुभ तथा वै दुव दुष्ट करैं,
ग्रसुभ प्रजाको त्यौं त्यौं सालै हिय हूल है ॥ १२६ ॥

दोहा

पय उठात जिम पंकतैं, वृख वह भार बहैं न ॥

सींग, गधा के समान रंग; चार, सात, तथा दश दांत, लंबा मुंख, छोटी और जाड़ी गरदन (गला) और पीठ, अंग झुके हुए शीर्ष (सींग) और खुर काले, लंबी जीभ, छोटे और लंबे पगों के टिकूने (गँट्टे) जिसके, बराबरीवालों से मध्यमवेर्ग, मोटी और बांकी कूँधड़, काले शरीर, ऐसी गाय सदैव अशुभ है इसी प्रकार दैत्य अशुभ हैं जिन का अब कब नाश होवेगा ॥ १२५ ॥ गौओं के जितने अशुभ लक्षण कहे वे ही बैलों के अशुभ हैं इनके सिवाय लंबे और मोटे आंड, नसोंवाला दोनों अगले पगों के बीच का स्थान, मोटी और नसोंवाली गुदा, तीन नसोंवाला, लांबा और मूल से पतला लिंग, तालुआ और ओंठ काले, बिल्ली के जैसे नेत्र, नीला, हरा मिला हुआ (धूसर) रंग, लिंग का अग्रभाग मोटा, मोटा सींग, शरीर पर काले छींटे ऐसा बैल अशुभ है इसी प्रकार वे दोनों दुष्ट प्रजा का अशुभ करते हैं ज्यों ज्यों हृदय में शूल हो कर सालते हैं ॥ १२६ ॥ कीचड़ में पग उठाकर चले इस माफिक पग उठा-

कृष्णसारनिभ १भस्मनिभ२, वृख ढिग थूल रहैं न ॥ १२७ ॥
यौं वे ।२१ धर्मवेहैं न२अरु, प्रभु रहैं न१जगप्रान२ ॥
अरहि बिचारहु३ अप्प सब, दुष्टन नास निदान ॥ १२८ ॥

मनोहरम्

छाग सित१ होइ जाके दाहिन प्रतीकमाँहिं२,
व्है असितचक्र३ तो जो सब सुभकारी है ।
ऋष्यमृगरंग१ स्यामरंग२ वा अरुनरंग३,
धारैं सितचक्र४ सोहू सुभ अनुकारी है ॥
दंत१ दस१०।२ वा नव ९।३तथा व्है अष्ट८।४ जाकैं अरु,
कंठमनि१ एक१।२ त्यौंहीं मुंडभाव१ धारी२ है ।
सर्व१ सित२ सर्व१ स्याम२ अर्ध१ सित२ अर्ध१ स्याम,
अर्ध१ वा कपिल२ सो पै मांगलिकं भारी है ॥ १२९ ॥
नयन अरुन२ बहै३ यूथ१ पुरोग रहै१,
जल अवगाह१ सब पुब्ब२ चहैं बस्त जो ।
गौरवर्ण१ कृष्णपय२ कृष्णवर्ण१ गौरपय२,

कर चलने वाला बैल भार को नहीं खींचसकता ऐसा बैल समूह में कभी नहीं रहता अर्थात् जहां वह रहेगा वहां पशुओं का झुंड नहीं रहता जैसे काले हिरणों का और भस्मी का समूह एक स्थान पर नहीं रहता ॥ १२७ ॥ इसी प्रकार वे दोनों दुष्ट न तो धर्म को धारण कर सकते हैं और न उनके साथ जगत् के प्राणी रह सकते हैं इस कारण से हे प्रभु ! आप उन दुष्टों के नाश को निश्चय शीघ्र ही विचारो ॥ १२८ ॥ श्वेत बँकरा के दहिने अंग में काले छिड़के होवें तो वे सब सुख करने वाले हैं रोझ के समान रंग में अथवा काले और लाल रंग में श्वेत चक्र होवें तो भी शुभ है, जिसके दश, नव, अथवा आठ दांत होवें जिसके एक कंठमनि[गले के स्तन] होवे और मुंडभाव को धारे अर्थात् मस्तक पर बाल नहीं होवै सब श्वेत होवे, सब काला रंग होवे, अथवा आधा श्वेत और आधा काला वा आधा पीला रंग होवे सो भी शुभकारी है ॥ १२९ ॥ लाल नेत्र होवे और समूह(एवड)के आगे चले जल में घुसने में जो बँकरा सब से पहिले घुसना चाहै स्वेत रंग वाले के काले पग और काले रंग वाले के स्वेत पग और इसीप्रकार स्वेत रंग वाले के काले आंड और काली पूंछ

गौरवपु१ त्यौंहीं स्याम२ मुष्क३ बालहस्त४ जो ॥
एक १।१ पय२ स्याम३ वपु४ गौर५ वा·चरैं१ जो मंद २,
अरु सहं सब्द३ जैसैं ²गल प्रसस्तं जो ।
तैसैं दुव२ दुष्टन हनौं तो सुभभाव लोक,
निखिल लहैं यौं अब करहु अत्रस्त जो ॥ १३० ॥
गल१ मनि२ व्है अनेक३ जाकै रदं१ सप्त७।१ अरु,
खरसर्म१ नाद२ खोटे१ नख२ रु बरन६ व्है ।
जिव्हा१ तालु२ स्याम३ रु मंतगज सो१ सीस२भासैं,
प्रज्वलितं१ बालंधि२ कटेसे१ त्यौं करनं२ व्है ॥
ऐसो अजं असुभ धनीकै विधुंरा करन,
त्यौंही दुष्ट वे२ जगकै विधुरा करन व्है ।
जितातित ढूँढि ढूँढि प्रानिन बितायैं जात,
आप न सुनौं तो जग कोनके सरन व्है ॥ १३१ ॥

॥ दोहा ॥

अजलच्छन ए सुभ१ असुभ२, अंजा उचित इनमाँहिं ॥
व्है जो तो सो सो तसहु, निजफल टारत नाँहिं ॥ १३२ ॥

मनोहरम् ॥

पंचनखवारे१ पय२ तीन ३।² व्है जा कुंकुरकै,

होवे अथवा स्वेत रंग वाले के एक पग काला होवे मंद चरने वाला और स ब के साथ बोलनेवाला बकरा शुभ है ऐसे ही इन दोनों दुष्टों को मारो तो सब लोकं शुभ भाव को लेवे जिन को अब इसप्रकार भय रहित करो।१३०। जिस बकरा के गले में अनेक स्तंन होवें,सात दांत, और गधे के समान श ब्द, बुरे नख, और बुरा रंग होवे जिस की जीभ और तालु काला, हाथी के जैसा माथा, जली हुई होवे ऐसी पूंछ, कटे हुए से कांन होवें; ऐसा बकरा अशुभ और स्वामी के वियोगं कराने वाला है.त्योंही वे दुष्ट दैत्य जगत् के वियोग कराने वाले हैं जो जिधर तिधर हेर हेर कर प्राणियों को बिताये जाते हैं अब आप नहीं सुनो तो संसार किसके शरण में है ॥१३१॥ ये बक रे के शुभ अशुभ लक्षण हैं वे ही बकरी के शुभ अशुभ हैं वे जो जो उस बकरी में होवें वे अपना फल नहीं टालते ॥१३२॥ जिस कुत्ते के तीन पगों में पांच

अग्रपय१ दाहिनौं२ जो छ६ नखरवान३ व्है ।
ओठ१ नासा२ अरुन३ मृगेंद्रसो१ गमन७चलैं१,
सुंघत२ धरनि३ जाकै लंब१ मृदु२ कान३व्है ।
पुच्छ१रु सटा २ व्है जाकै लोमसैं३ महामृदुल,
नयन जुगल २।१ जाकै भल्लुक समान३ व्है ।
ऐसो जहँ स्वान व्है१ तो लच्छीको निधान व्है२ज्यौं,
आप बरदान व्है१ तो बानसुत मान व्है२ ॥ १३३ ॥

॥ पादाकुलकम् ॥

पंच५ पंच५ नख जास चरन त्रय३, छ६नख बिराजित अग्र बाम पय॥
करन१प्रलंब२पुच्छ१मुख२पिंगल३,मल्ली१दृग२संरमा सो सुभफल ॥
यो सुभभाव लोककैं आनहु, महाखलन अब नास प्रमानहु॥
सुनत परासर२१बचन अबंचन, बररुचि२२बोले सुनहु बिरंचन ।१३५।

मनोहरम् ॥

प्राकृतगिरामैं ज्यौं इवर्ण१रु उवर्ण२दोहू२,
मिलत सवर्णहीसौं त्यौं मिले स्वकुलसौं ।
ए१ओ२कार जैसे स्वरमात्रसौं मिलैं न त्यौं,
मिलै न सुरमात्रसैं बढे बल बिपुलसौं ॥

पांच नख और अगले दाहिने पग में छः नख होवें ओठ और नाक लाल होवे चलने में सिंह की चाल होवे, और भूमि को सूंघताहुआ चले, जिस के लंबे और कोमल कान, पूंछ और गरदन के ऊपर के बालें वहुत कोमल, और जिस के दोनों नेत्र रीछ के जैसे होवें ऐसा कुत्ता जिसके होवे तो उसके लक्ष्मी का आश्रय होवे इसीप्रकार आप का बरदान होने में बाण केपुत्रों का मान है ॥१३३ ॥ जिस के तीन पगों में पांच पांच नख, और अगले बायें पगमें छ नख होवें; लंबे कान मुख और पीले रंग की पूंछ, मोगरा की कली के जैसे नेत्र, जिस कुत्ती के होवे वह शुभ फल देनेवाली है ॥ १३४ ॥ इसप्रकार शुभ फल लोक में आनकर अब बडे दुष्टों का नाश करो. ऐसे पराशर मुनि के नहीं ठगनेवाले (सत्य) वचन सुनकर वररुचि बोले कि हे ब्रह्मा सुनो ।१३५। प्राकृतभाषा में जैसे इवर्ण और उवर्ण सवर्ण अक्षरों से ही मिलते हैं तैसे ही वे (दैत्य) अपने कुल (सवर्ण) से ही मिलते हैं और जैसे एकार और

इकल१अनादि२ज्यौं कगादि९।३लुपैं४ऐसैं धर्म१,
इकल२ अनादि३ लुप्यो४ पातक पृथुलसौं।
सर्वठाम ल१ व२ र३ लुपैं४ ज्यौं मिले व्यंजनसौं५,
वेद१ हु लुपैं२ यौं मिल्यो बाधक बहुलसौं३॥ १३६ ॥
सौरसेनीमाँहिं त१ थ२ द्वै२ के द१ ध२ द्वै२ ज्यौं होत,
मागधीमैं र१ स२ द्वै२ के ल१ श२ द्वै२ ज्यौं जानिये।
भूतभाखामैं ज्यौं झर्ब१ प्रत्याहारको खपै२,
णकार१ को नकार२ श१ ष२ द्वै२ को स३हि ठानिये ॥
अपभ्रंसमाँहिं जैसैं क्त्वा१ प्रत्ययको इकार२,
तुं१ प्रत्ययको त्यौं अण२ होत पहिचानिये।
व्रात्य१ भयेजात यौं द्विजादि चउ४ वर्णनके२,
पूख्यो जगत्रास खलनास मन मानिये ॥ १३७ ॥
जातूकर्ण्य२३ बोले जँहँ गोधा१ सर्प२ वृश्चिक३ ए,

ओकार स्वर मात्र से नहीं मिलते तैसे ही बहुत बल से बढे हुए वे दैत्य देव मात्र से नहीं मिलते। जैसे अनादि (किसी वर्ण के आदि में नहीं होने की अवस्था में) अकेले (किसी से नहीं मिले हुए) क, ग, च, ज, त, द, प, य, व, इन न— अक्षरों का लोप होजाता है तैसे ही अनादि अकेले (असहाय) धर्म का इन बडे पापियों से लोप हो गया है। सब ठौर जिस प्रकार ल, व, र, ये तीन अक्षर व्यंजन से मिलने पर लुप्त हो जाते हैं ऐसे ही बहुत बाधा करने वाले इन दैत्यों से वेद का लोप होता है ॥ १३६॥ शौरसेनी भाषा में जैसे तकार को दकार और थकार को धकार होता है, और जैसे मागधी भाषा में रकार को लकार और दन्त्य सकार को तालव्य शकार होता है इसी प्रकार पैशाची भाषा में झब प्रत्याहार(झ ढ घ घ भ ज ड द ग ब)कोखप प्रत्याहार(ख फ छ ठ थ च ट त क प)होता है और णकार को नकार, व तालव्य 'श' और मूर्धन्य 'ष' को दन्त्य सकार होता है तैसेही अपभ्रंश भाषा में क्त्वा प्रत्यय को इकार (पूर्वकालिक क्रिया जैसे मारयित्वा का 'मारि') होता है और तुम् प्रत्यय को अण (जैसे कर्तुं को 'करण' होता है इसी प्रकार ब्राह्मणादि चारों वर्ण वाले संस्कारहीन अर्थात् भ्रष्ट हुए जाते हैं और जगत् में त्रास भर गया है इस कारण से उन दुष्टों का नाश करने का मन में विचार कीजिये ॥ १३७ ॥

सीतकालमैं४ वा बरखामैं५ वा घनैंरहैं६।
इंधन रहित१ जँहँ पावकेर ज्वलित होइ३,
खंजरीट१ भूपैं२ जँहँ सुरत३ तनैंरहैं४॥
अप्ररोह तरु१ के प्ररोह२ कदली१ कै कंटर२,
नीरमैं१ अकारन२ ही भ्रमन३ बनैंरहैं४।
द्वै२ सिर१ के पंकज२ वा ताड३ जँहँ होइ ४ तँहँ,
भू१मैं निधि२ होइ३ ताहि कोबिदं खनैंरहैं ॥ १३८ ॥

॥ दोहा ॥

रबिकौं१ लखि२ भुव३ सुंघि४ वृखभ५, नादकरैं६ जिहिं थान ॥
पुष्प१ होइ२ वा पुष्प पर३, निहचै तत्थ१ निधान२ ॥ १३९ ॥
असुरनमैं निहचै इमहिं, भासैं निर्दयभाव ॥
द्रुया करहु जग पर द्रुहिनं, देहु खलन पर दाव ॥ १४० ॥

॥ मनोहरम् ॥

हीरक१ मैं पंच५ गुन पंच५ दोस च्यारि४ छाया,
हे द्रुहिनं ते सब अनुक्रमतैं धारिये ।
अतिलघुता१ रु बसु८ कोनता२ छ६कोनता३ त्यौं,
तिच्छनता४ निर्मलता५ ए५ गुन बिचारिये ॥

जातूकर्ण्य ने कहा कि जहां पर गोहिली (गोह) सर्प और बिच्छू शीतकाल में वा वर्षा में अथवा सदैव ही बहुत रहते होवें, जहां पर विना बलीते के अग्नि जलती होवे, खंजन पक्षी भूमि पर बैठकर जहां पर रत (मैथुन) करे, वृक्ष के नहीं ऊग कर केले के कांटे लगे, विना ही कारण जल में भ्रमर (भँवर) पड़ते रहें, अथवा दो माथे के कमल और ताड़ वृक्ष जहां पर होवे वहां भूमि में धन होता है जिसको पंडित लोग खोदते हैं ॥१३८॥ जिस स्थान पर बैल सूर्य को देखकर भूमि सूंघकर शब्द (टांडे) करे अथवा फूल के ऊपर फूल होवे, वहां पर निश्चय ही धन है ॥ १३९ ॥ इसी प्रकार असुरों में निर्दयीपन दीखता है सो हे ब्रह्मा संसार पर दया करो और दुष्टों पर दाव दो ॥ १४० ॥ हे ब्रह्मा हीरे में पांच गुण, पांच दोष और पांच छाया (जाला) हैं वे आगे क्रम से जानो. अत्यंत हलकापन, आठकोन (आठपहलू) छकोन (छपहलू) त्योंही तीक्ष्णता और निर्मलता

मल१ अरु बिंदु२ रेखा३ त्रास४ अरु काकपद५,
बज्रमैं ए५ उक्त दोस निहचै निवारिये ।
सित१ रु अरुन२ पीत३ स्याम४ च्यारि४ छाया ए,
अनुक्रमसौं वर्ण च्यारि४ उचित विचारिये ॥ १४१ ॥
गुनजुत बज्रकौं जो बिप्र१ करैं धारन तो,
तप१ मख२ दान३ सौं मिलै जो फल सो लहैं ।
बाहुजैं२ जो धारन करैं तो अरिनास१ करि,
बिक्रम२ बिजय३ आदि गुनगनकौं गहैं ॥
ऊरुज३ करैं जो ताहि धारन तो ताकै छेम१,
प्रज्ञा२ धन३ सुजस४ कलाकुसलता५ रहैं ।
पज्जं४ करैं धारन तो परउपकारिता१ रु,
दच्छता२ रु बाहुलता धान्य३ धन४ की बहैं ॥ १४२ ॥
भाखे पंच५ दोस तिनमैं मल१ मलिनभाव२,
जातैं व्याधि१ अग्निभय२ दंष्ट्रिभय३ जानैं हैं ।
बिंदुरूप१ बिंदु२ जातैं कुल१ धन२ आयु३ गज४,
अस्वन५ को नास भय६ रोग७ पहिचानैं हैं ॥

(जिसमें कोई जाला अथवा रंग गैरे नहीं होवे) ये पांच गुण हैं, मल, विन्दु, रेखा, त्रास और काकपद ये पांचों ऊपर कहे हुए हीरे में दोष हैं जिसको निश्चय ही निवारण करदेना चाहिये स्वेत, लाल, पीली और काली ये चार छाया हैं सो क्रम से चारों वर्णों के उचित जानो ॥ १४१ ॥ स्वेत छाया वाले हीरे को ब्राह्मण धारण करे तो तप, यज्ञ और दान से जो फल मिले सो फल लेवे और लाल छाया वाले को क्षत्री धारण करे तो शत्रुनाश करके पराक्रम विजय आदि गुण गण को पावे, पीली छायावाले को वैश्य धारण करे तो उस के कुशल बुद्धि धन यश और कला कुशलता रहे, और काली छायावाले को शूद्र धारण करे तो परो पकारीपन चतुरता और धन धान्य की वृद्धि प्राप्त होवे ॥ १४२ ॥ ऊपर पांच दोष कहे जिनमें मैलेपन का नाम मल है, जिससे रोग, अग्नि का भय, दाढवाले पशु का भय है, जिसमें विन्दु (टीकी) के समान छिद्रका हो उसको विन्दुदोष कहते हैं. जिससे कुल, धन, आयु, हाथी घोड़ों के नाश

रेखारूप१ रेखा२ जातैं सस्त्रभय१ बंधुनास२,
भिन्नभ्रम दै सो चिन्ह१ त्रास२ त्रास ठानैंहैं ।
काकपद जैसा चिन्ह१ काकपद२ जानौं जासौं,
नास सरबस्वको१ कै मृत्यु२ धुव मानैंहैं ॥ १४३ ॥

॥ दोहा ॥

इन दोसन५ बिच बिंदु१ अरु, रेखा२ चउ४ चउ४ भेद ॥
इक इक सुभ तिनमैं इतर३।३, असुभ करत उच्छेद ॥ १४४ ॥

॥ मनोहरम् ॥

मुक्ता१ ईभ१ मच्छ२ किंटि३ नागन४के सीस होत,
बंस१ संख२ सुक्ति३नके गर्भ उपजतुहैं ।
अष्टम जनम याको बारिद८ मैं बिंदु करि,
ऐसैं अब याकी योनि अष्टधा८ रजतुहैं ॥
धात्रीफल तुल्य १गजमुक्ता२ रक्तछाया३ गुंजा,
तुल्य१ मैंनि२ जाके रंग पाटला लजतुहैं३।
कंकोलके मान१ कोलमुक्ता२ कोलदंष्ट्रा छबि३,
ऐसे रत्न भागधेयहीन न भजतुहैं ॥ १४५ ॥

और रोग का भय है; जिस हीरे में लकीर सी खिची होवे उसको रेखा दोष कहते हैं जिससे शस्त्र का भय बन्धुनाश होता है, जिस हीरे में टूटे हुए का भ्रम दिखाई देता होवे उस दोष का नाम त्रास है सो त्रास दिखाता है, और काक (कागला) के पग के जैसा जिसमें चिन्ह होवे उस दोष का नाम कौकाचिन्ह है, जिससे सर्वस्व का नाश होता है, और निश्चय ही मृत्यु का भय है ॥ १४३ ॥ इन ऊपर के पांच दोषों में बिन्दु और रेखा के चार चार भेद हैं जिनमें एक एक शुभ और बाकी के तीन तीन अशुभ और नाश करने वाले हैं ॥१४४॥ मोती, हाथी, मच्छ, सूवर और सर्पों के मस्तकों में और बाँस, शंख और सीप के गर्भ में होते हैं; और इसकी आठवीं उत्पत्ति मेघ की बूंद से भी होती है इस प्रकार अब इसकी आठ योनि (उत्पत्तिस्थान) शोभित हैं, हस्ती के शिर का मोती आँवले जैसा मोटा लाल छायावाला, मछली के शिर का मोती चिरमी जैसा मोटा जिसके रंग से पाटला (पुष्पविशेष) भी लजाता है, सूवर के शिर का मोती कंकोल का सा मोटा, सूवर की दंतुली जैसी छवि होती है ऐसे रत्न भाग्यहीन नहीं पाते हैं

वर्तुलता रम्य१ अहिमुक्ता२ नीलछायाधर३,
कोलमुक्ता मान१ बंसमुक्ता२ ससिभास३ व्है ।
पारावत अंडके प्रमान१ कंबुमुक्ताफल२,
स्वच्छ करकोपल समान छबि३ जास व्है ॥
नानामान१ सुक्तिभवं मुक्ताफल२ नानाछबि३,
ताको च्यारि४ देसनमैं आकर निकास व्है ।
सिंहल१ रु आरबाट२ पारसीक३ बर्बर४ त्यौं,
जन्म इनमैं जिम परिच्छा तिम तास व्है ॥ १४६ ।

॥ पादाकुलकम् ॥

अर्क स्वाति उडु पर जब आवत, बारि बिंदु तब घन बरसावत ॥
सुक्तिनगर्भ गिरे ते सीकर, बनत निंद सम सम मुक्तावर ॥१४७॥
ज्योति१ वृत्तपं२ मान३ बढै जिम,
तिन्ह मुक्तिन गुन१ रूप२ बढै तिम ॥
व्है इक सुक्ति रुक्मिनी आह्वय,
मुक्ता गुन तस सुनहु दयामय ॥ १४८ ॥

॥ मनोहरम् ॥

सर्प के सिर का मोती गोलाई में मनोहर, निछाया (झांई) को धारण करनेवाला, सूवर के मोती जैसा मोटा, बांस का मोती चन्द्रमा की कांतिवाला, और कबूतर के अंडे जैसा मोटा, शंख का मोती स्वच्छ ओलों (गड़ा) के समान छविवाला, और सीप से उपजे हुए मोती अनेक प्रकार के प्रमाण (मोटाई) वाले अनेक प्रकार की छविवाले जिनके निकास की चार देशों में खानि है, सिंहलद्वीप (लङ्का) अरब का समुद्र, पारस का समुद्र, बर्बर (मायापुरीं समारभ्य सप्तशृंगाच्चथोत्तरे । बर्बराख्यो महादेशः प्रोक्तः श्री शक्तिसङ्गमे) इन में जैसे उनके जन्म हैं वैसी ही उनकी परीक्षा है ॥१४६॥ सूर्य जब स्वाति नक्षत्र पर आता है जब मेघ जल बुन्दे बरसाता है वे जल के कण सीपों के गर्भ में पड़ते हैं वे विन्दु के समान ही श्रेष्ठ मोती बन जाते हैं ॥१४७॥ कान्ति, गोलाई और तोल बढे त्योंही उन मोतियों के गुण और रूप बढते हैं, एक रुक्मिनी नामक सीप होती है उसके मोती के गुण हे दयावान रामसिंह सुनिये ॥ १४८ ॥ रुक्मिनी नामक सीप में मोती होता है

रुक्मिनी मैं१ मुक्ताफल२ होत जो अनर्घ३ अति,
कुंकुम छबि४ रु जातीफल मित५ जानिये ।
स्निग्धता घनी६ रु अतिनिर्मलता७ जामैं सांहि,
नृपन उचित महादुर्लभ प्रमानिये ॥
आकर प्रदेश च्यारि४प्रथम कहे जे अब,
तिन्ह करि भिन्न भिन्न मुक्ता पहिचानिये ।
थूल१मध्य२सुच्छम३जथा प्रमित होइ ज्यौं ज्यौं,
पितामह त्यौं त्यौं तिन्ह अर्घ उर आनिये ॥ १४९ ॥
सिंहलको१मुक्ता स्निग्ध२है कछु मधुरकांति३,
आरबाटको१बिमल२पीतकांति३चहिये ।
पारसीकमुक्ता१होत स्वच्छ२रु बिसदकांति३,
बर्बरको१रूच्छ२कछु स्यामकांति३लहिये ॥
कुक्कुटके अण्डमित मेघमुक्ता२भानुछबि३,
वृत्त४रु निबिड५गुरु६दुर्लभ सो कहिये ।
मुक्तायोनि अष्ट८ए कही है इनमांहिं अब,
सुनहु बिरंचनें जे दोस दस१०रहिये ॥ १५० ॥
दोस च्यारि४मोटे खट६छोटे तिन्ह लच्छन१रु,
नाम२फल३सुनहु जितेक मुनि गावैंहैं ।

वह बहुत महंगा होता है और कंकू के जैसी छबि.जायफल जैसा मोटा, बहुत स चिक्कण, बहुत निर्मल, बड़ी कठिनाई से मिलनेवाला, राजाओं के योग्य जानों ऊपर जो मोतियों की चार खानि कही जिनके मोती जुदे जुदे पहिचानों इनमें बडा, मध्यम (औसत दरजे का) और छोटा प्रमाण का होवे वैसाही हे ब्रह्मा उनका मूल्य (मोल) जानों ॥ १४९ ॥ सिंहलदेश का मोती सचि क्कण, कुछ महुवे की सी कान्तिवाला और अर्ब का मोती निर्मल और पीली छबिवाला, पारसीक देश का मोती निर्मल और स्वेत कान्तिवाला, बर्बर दे श का मोती रूखा और कुछ काली झाईवाला, और मेघ से पैदा हुआ मोती कूकड़ा (मुर्गा) के अंडे के बराबर, सूर्य की सी छबि, गोल, दृढ, बोझल, होता है सो दुर्लभ है, मोतियों की ये आठयोनि कही जिनमें दश दोष हैं सो हे ब्रह्मा सुनों ॥ १५० ॥ चार दोष बडे और छ छोटे हैं, जिनके लक्षण, नाम और

जाके एकदेसमैं लगी व्है सुक्ति सो तो दोस,
मुक्तिलग्न नाम कुष्टकारक३बतावैंहैं ॥
मीनदृग जैसो चिन्ह मुक्ताबिच होइ१ताको,
मीनदृग२नाम सब संतति नसावैंहैं३ ।
छाया१करि दीप्ति करि हीन१व्है जरठ२नाम,
दोस जो दरिद्रपन अति उपजावैंहैं३ ॥ १५१ ॥

दोहा ॥

मुक्ता बिद्रुमकांति१सो, दोस नाम अतिरक्त२ ॥
करैं मृत्यु३इम च्यारि४ए, मोटे दोस प्रसक्त ॥ १५२ ॥

मनोहरम् ॥

छोटे खट६दोस अब मुक्ता जो बलीबलित१,
दोस सो त्रिवृत२नाम दुर्भगता करैंहैं३ ।
वृत्तभावहीन१व्है सो चर्पट२अकीर्त्तिकर३,
व्है प्रलंब१सो है कृश२नाम मति हरैंहैं३ ॥
व्है त्रि३कोन१सो है त्र्यस्र२नाम सुभगत्वहंता३,
सपिटंक व्है अवृत्त१खंड२नाम धरैंहैं ॥
संपति बिनासैं३सो रु एकदेसभुग्न व्है१सो,

फल जितनेक मुनियोंने कहे हैं सो सुनों, जिस मोती के एक जगह सीप लगीहुई होवे उस दोष का नाम "मुक्तिलग्न" है जिसको कोढ उत्पन्न करनेवाला बताते हैं जिस मोती के मच्छी के नेत्र जैसा चिन्ह होवे उसका 'मीनदृग' नाम और सब सन्तान को नसानेवाला फल है. छाया (झांई) और कान्ति से हीन होके उसका जरठ नाम और दारिद्र पैदा करने का दोष है ॥ १५१ ॥ जो मोती मूंगे की छबिवाला होवे उस दोष का नाम 'अतिरिक्त' और मृत्युकरना उसका फल है इसप्रकार ये चार मोटे दोष हैं ॥ १५२ ॥ अब छोटे छः दोष कहते हैं कि जिस मोती में वल पडाहुआ होवे उसका 'त्रिवृत'नाम और दुर्भाग्य करनेवाला है, बिना गोलाई के होवे वह 'चर्पट' अपयश करानेवाला, लम्बा होवे उसको 'कृश' नाम और बुद्धि हरनेवाला है, तीन कोनेवाला होवे उसको 'त्र्यस्र' नाम और शुभका हरनेवाला है, गोलाई रहित और फोड़े (छाले) वाला होवे उसको 'खंड' नाम और सम्पत्ति का नाश करनेवाला है और जिस मोती का एक हिस्सा टूटाहुआ होवे उसका नाम एकदेशभुग्न और उसम

नाम कूसपार्श्व२जासों उद्यमता टरैंहैं२ ॥ १५३ ॥

दोहा ॥

मुक्तामैं व्है कांति चउ४,पीत१मधुर२सित३नील४ ॥
क्रमतैं श्री१मति२जस३करन, हरन सुभगता४सील ॥१५४॥
है गुन चउ४मानिक्यमैं, दोस अष्ट८दुखकार ॥
पुनि छाया सोलह१६प्रतिम, समुझहु फल अनुसार ॥१५५॥
निर्मलता१अति रक्तत २,स्निग्धछबित्व३गुरुत्व४ ॥
कहे च्यारि४गुन ए करैं, आलय बित्त उरुत्व ॥ १५६ ॥
सबगुन जुत मानिक्य सुभ, व्है सु रहै जिहिं गेह ॥
बाँजिमेध १फल धन२बिजय३,आयु४बढावत एह ॥ १५७ ।

मनोहरम् ॥

याके च्यारि४आकरहैं सिंहल१ रु कालपुर२,
अंधू३रु तुवर४इन माँहिं जन्म पावैंहैं ।
रक्तछबि१सिंहलको२पद्मराग३पीतछबि१,
कालपुर भूत२कुरुबिंद३सो कहावैंहैं ॥
पल्लव असोकछबि१अंध्रको२सौगंधिक३,

को मिटाना उसका फल ॥ १५३ ॥ मोती में चार कान्ति हैं जिनमें पीली कान्ति लक्ष्मी को देनेवाली, मधुर कान्ति बुद्धि देनेवाली, स्वेत कान्ति यश क रानेवाली और नीली कान्ति सुन्दरता और शील को हरनेवाली है॥ १५४ ॥ माणिक में चार गुण और दुःख करनेवाले आठ दोष और सोलह छाया हैं जिनके फल अपने अपने सदृश जानों ॥ १५५ ॥ निर्मलपन, अत्यन्त ललाई, सचिक्कण छवि और भारीपन ये चार गुण हैं जो घर में धन की विशालता (बहुतायत) करते हैं ॥ १५६ ॥ इन सब गुणोंवाला माणिक जिस घरमें रहता है वहां शुभ होता है और अश्वमेध का फल देकर धन विजय और आयु बढाता है ॥ १५७ ॥ माणिक पैदा होने की चार खानि हैं सिंहलद्वीप, कालपुर, अंध्र, (जगन्नाथादूर्ध्वभागमर्वाक् श्रीभ्रमरात्मिका ॥ तावदं ध्राभिधो देशः प्रोक्तः श्रीशक्तिसङ्गमे ॥ १ ॥) तुवर (देश विशेष) इन में पैदा होते हैं. सिंहल देश का मांणिक लाल छविवाला, कालपुर का पैदा हुआ मांणिक पीली छविवाला, अंध्र देश का माणिक अशोक वृक्ष के पत्ते की छविवाला, चौथा तुवर देश का मांणिक नीली छविवाला, जिसको

नीलछबि१चोथो४।२जाहि नीलगंधि३गावैंहैं ।
सिंहलको१उत्तम२रु मध्यनको२।१मध्य२तुव,
राख्यको१कनिष्ठ२मुनि बहुलै बतावैंहैं ॥ १५८ ॥
छाया जँहँ द्वै२।१ सो दोस द्विछबि२विनासैं बंधु३,
रूप द्वै२।१जो सो द्वै२पद मासमैं हरावैं हैं३ ।
भिन्न१व्है जो भेद२सस्त्रघात दै३रु रेनुजुत,
कर्कर२गिनौं सैं पसु बंधु बिनसावैं हैं ॥
दुग्ध रंग लसुन१जहाँ सो पट२सोभा हनैं३,
रंग दीनता१सो जड२बित्तहा३कहावैं हैं ।
मधुछबि१कोमल२सो आयु१जय२लच्छी३हरैं३,
धूमरंग१धूम्र२सिर बिज्जुलि गिरावैं हैं३ ॥ १५९ ॥

दोहा ॥

इंद्रनीलमैं पंच५गुन, दोस खट६रु छबि अष्ट८ ॥
रु व निजफल अनुसारही, करत मंगल१रु कष्ट२॥ १६० ॥
स्निग्धछबित्व१सुरंगपन२,रंजन पास प्रदेस३ ॥
गुरुता४पुनि तृनग्राहिता५, यँहँ गुन पंचक५एस ॥ १६१ ॥

घनाक्षरी ॥

अभ्र १सो पटल२है सो अभ्रू२आयु लच्छी हरैं३,

नीलगंधि कहते हैं, इनमें सिंहल देश का उत्तम, कालपुर और अन्ध्र का मध्यम, और तुवर देश का अधम बहुत मुनि बताते हैं ॥ १५८ ॥ जिस में दो छाया होवें सो "द्विछवि"दोष बान्धवों का विनाश करता है, दो रूपवाला होवे सो 'द्विपद' एक महीने में ही हरानेवाला है, तूटाहुआ होवे सो फूट पटका कर शस्त्रघात कराता है, रेतीला होवे सो 'कर्कर' पशु और बान्धवों का नाश करता है, दूध के रंग जैसा होवे सो 'लशुन' वस्त्र की शोभा को हरनेवाला, रंग की कमीवाला 'जड' धन हरनेवाला कहाता है, महुँवे की जैसी छवि होवे सो 'कोकल' आयु, जय और लक्ष्मी को हरता है, और धूएँ के रंग जैसा होवे सो 'धूम्र' शिर पर बिजली गिराता है ॥ १५९ ॥ नीलम में पांच गुण छः दोष और आठ छाया हैं वे सब अपने अपने फल के अनुसार ही शुभ और अशुभ करते हैं ॥१६०॥ सचिक्कण कान्ति, अच्छा रंग,

रेनु व्है१सो कर्करी२दरिद्रदै छुरावैं देस३।
भिन्नभ्रम व्है१सो त्रास२दंष्ट्रिभयदाता३भिन्न,
व्है१सो भिन्न२तनय कलत्रैं नासकारी३एस ॥
मिट्टीगर्भ व्है१सो मृत्तिकागर्भक२कुष्ठकारी३,
ग्रावगर्भ व्है१सो अस्मागर्भ२हारिदै३बिसेस ।
छायानाम१लच्छन२कहौं तो व्है बिलंब इंदैं,
नीलकी परिच्छा अब भाखौं सो सुनौं प्रजेस ॥ १६२ ॥

दोहा ॥

छुवतमात्र जो नीलकौं, होइ नील जो दुद्ध ॥
सत्यनील सो जानिये, सनिको बल्लभ सुद्ध ॥ १६३ ॥
दोस६रहित सबगुन५सहित, धरैं नील जो धाम ॥
जिहिं दै धन१बल२आयु३जस४,सनि पूरैं सबकाम ॥१६४॥
मरकतमैं गुन पंच५पुनि, दूखन सप्त७दिखात ॥
अष्ट८छवि रु गुन१नाम२अब, जे बिधि बरनैं जात ॥१६५॥

मन प्रसन्न करनेवाले, बन्धेहुए सब स्थान जिसके, भारीपन, तृणों को ग्रहण करनेवाला अर्थात् जिसके पास तृण रक्खाजावे तो वो उसको चिपका लेवै, वे पांच गुण नीलमणि [पन्ना] के हैं ॥१६१॥ बादल के समान जाला होवे सो 'अभ्र' आयु और लक्ष्मी को हरता है, जिस में रेत के दानें होवे सो कर्करी, दरिद्र देकर घर छुडाता है, तूटेहुए का भ्रम होवे सो 'त्रास' सिंह आदि दाढवाले पशुओं का भय देनेवाला, तूटाहुवा होवे सो 'भिन्न' पुत्र और स्त्री का नाश करनेवाला हैं, जिस के बीच में मिट्टी होवे उस का नाम 'मृत्तिकागर्भ' है सो कोढ करनेवाला, जिसके बीचमें पत्थर होवे सो 'अश्मगर्भ' विशेष पराजय देनेवाला है, इस नीलमणि (नीलम) की छाया के नाम और लक्षण कहूं तो देरी होती है इसकारण से इस नीलमणि की परीक्षा कहता हूं सो हे अँग्रा सुनो ॥ १६२॥ जिस नीलम के छूते ही दूध नीला होजावे उसीको सच्चा नीलम जानिये. जो शुद्ध रत्न शनैश्चर को बहुत प्यारा है ॥ १६३ ॥ दोषों के रहित और गुणों के सहित नीलमनि को घर में रक्खै तो उसको धन, बल, आयु, यश, देकर शनैश्चर उसकी कामना पूरी करता है ॥१६४॥ पन्नों में पांच गुण और सात औगुन दीखते हैं. आठ छवि, उनके नाम और गुण

सुरंगत्व१अरजस्कता२,स्निग्धभाव३गुरुभाव४ ॥
निर्मलता५ए गुन निखिल,दुरित१भीति२तृनदाँव ॥ १६६ ॥
बलि जो मरकत त्रास बिनु१,सैवल छाय२सुरंग१ ॥
सो अनर्घ सब बिषहरन, पावत पुण्य प्रसंग ॥ १६७ ॥

घनाक्षरी ॥

दोसनमैं रूक्ष भाव व्है१सो रूक्ष२व्याधि कर३,
सपिटक व्है१सो सपिटक२सस्त्रघात देत३।
छायाहीन व्है १सो मलिनाख्य२बधिरत्वदायी३,
ग्रावगर्भ व्है१सो अस्मगर्भ२बंधुनास हेत३॥
रेनुजुत होइ१सो ससर्कर२तनूजहंता३,
दीप्तिहीन व्है१जरठ२बह्निभयको निकेत३।
कर्बुरता व्है१सो कलमास२मृत्युदायी३एते७,
मरकत दोस भाखैं मुनि जे दयाउपेत ॥१६८॥

मनोहरम् ॥

कृत्रिम जो बज्र१सो तो बज्रहीको बेध्यो२नसै३,
कृत्रिम जो मुक्ता१नसै२धोयो लौंन पानीसौं३।

अब वर्णन करता हूं ॥१६५॥ श्रेष्ठ रंग, जिसमें रज (रेत) के दाने दिखाई न हीं देवें, सचिक्कणपन, भारीपन, निर्मलपन, ये गुण सब पाप और भयरूपी तृ ण पर अग्नि रूप हैं ॥१६६॥ पुनि वह पन्ना विना त्रास अर्थात् दोष रहित औ र सैवाल और छाया विना श्रेष्ठ रंगवाला होवे सो अमूल्य और सब प्रकार के विषों (जहेरों) को हरनेवाला है, सो पुण्यात्मा पाते हैं ॥१६७॥ इस पन्ना के दोषों में रूखापन होवे सो 'रूक्षभाव' रोग करनेवाला,फोड़ा(छाला)वाला होवे सो 'सपिटक,नामवाला शस्त्रघात कराता है,छाया (झांई) विना होवे सो 'म लिन' नाम वाला बहिरेपन को देता है जिस के बीच में पत्थर होवे सो "अश्मगर्भ" बंधुनाश का कारण, रेणु सहित (रेतीला) होवे सो 'सशर्कर' पुत्र का नाश करता है, कान्तिहीन होवे सो 'जरठ' अग्नि भय का स्था न है, चित्र विचित्र (नाना रंग मिलेहुए) होवे सो 'कल्माष' नाम का मृत्यु देनेवाला है. जो मुनि दया सहित हैं उनमें पन्ना के इतने दोष कहे हैं ।१६८। जो हीरा बनावटी होता है वो सचे हीरे से बेधने पर नष्ट होजाता है.

कृत्रिम जे सेसं पद्मरागादिक१घृष्ट किये,२
कथित कियं३हु नस४साँची सावधानीसौं ॥
घृष्ट किये१पावैं२मृदुभाव३औ कथित किये१,
पावैं२रागहीनभाव३परख प्रमानीसौं ।
आछे१बुरे२रत्न औसैं चिन्हन सो खोजे जात,
तैसैं दुष्ट खोजे हम दुष्टता दिवानीसौं ॥१६९॥

दोहा

कांति१कठिनता२स्वच्छता३,सबरत्नन गुन तीन३॥
बँज्रहिं टारि गुरुत्व ४बालि, किल चतुर्थ४गुन कीन ॥ १७० ॥
लाघवजुत गौरवरहित,ए५हि बज्रगुन आँहिं ॥
तैसैंको गुन कहहु तुम, मारक दुष्टन माँहिं ॥१७१॥

मनोहरम् ॥

गृत्समद२४बोले नर१गज२को परमआयु,
व्योम हग भू१२०मितं समा रु पंच५दिन है ।
अस्वको बतीस३२अब्द भाख्यो भोलि१रासभ२को,
अतिकृति२५मान वृंख१सैरिभ२को जिन२४है ॥
बस्तन१उरभ्रन२की अष्टि१६मित अब्द संख्या,

और जो बनावटी मोती है वह निमक और पानी से धोने से नाश होजाता है बाकी के माणक आदि बनावटी रत्न होवे वे घिसने से कोमल पड जावें पानी में उवालने से जिन का रंग विगडजावे यही उनकी परख है इसप्रकार अच्छे और बुरे रत्न उनके चिन्हों से तलाश किये जाते हैं. तैसे ही वावली दुष्टता से हमने उनको खोजे हैं ॥ १६९ ॥ सब रत्नों में कान्ति करडापन और निर्मलता ये तीन गुण हैं इसीप्रकार हीरे को छोड कर भारीपन भी निश्चय ही सब में चौथा गुण है ॥ १७० ॥ हलके पनके सहित और भारी पन से रहित हीरे का गुन है असे उन मारनेवाले दुष्टों में कौन सा गुन है सो हे ब्रह्मा तुम कहो ॥ १७१ ॥ गृत्समद नामक मुनि बोले, कि मनुष्य और हाथी की परम (अधिक से अधिक) आयु का प्रमाण एक सो बीस वर्ष और पांच दिन का है, और घोडे की आयु बत्तीस वर्ष की, ऊंठ और गधे की पचीस वर्ष की बैल और भैंसे की चौवीस वर्ष की बकरा औ

स्वाननके आयुकी ज्यौं अब्द संख्या इन १२ है
दैत्यनके आयुकी कहाँलौं अब्द संख्या ऐसैं,
बुल्लहु बिरिंचि कृपा लोकपैं है कि न है ॥ १७२ ॥
कामंदक बोले दुर्ग जलमय१अद्रिमय२,
ग्रांवमय३त्यौंहीं इष्टकामय४बखानिये ।
धन्वमय५मिट्टीमय६बनमय७पत्र्यमय८,
दारुमय९एते नव९दुर्ग जग जानिये ॥
अच्छे१पहिले द्वै२इनमाँहिं ओर मध्यके छ६जे१.
मध्यम२ओअंतिम१कनिष्ट२पहिचानिये ।
भुपनकौं दुर्ग ज्यौं बिपत्तिमैं बचावैं ऐसैं,
दुष्टबर दुर्गतैं बचे न बर मानिये ॥ १७३ ॥

घनाक्षरी ॥

सेनाके छ६भेद तिनमाँहिं जो प्रथम मौलं१,
पीढिनतैं सो तो बसबर्ती बिसवास धाम २ ।
भृत्य१है बहोरि जो अधीन कीनौं बेतन दै१,
मैत्र२पुनि मित्रतासौं आवैं जो सहायकाम२ ॥
सो है श्रेणा१समय अधीन ज्ञाकी आश्रितता२,

र मींढा की सौलह वर्ष की गिनती है इसीप्रकार कुत्ते की परम आयु की गिनती बारह वर्ष की है तैसे ही इन दैत्यों की आयु की संख्या कहांतक है सो हे ब्रह्मा बोलिये आप की कृपा संसार पर है कि नहीं है॥१७२॥ कामंदक मुनि बोले कि संसार में जलमय पर्वतमय पत्थरमय ईटमयँ (ईंटों से चुनाहुआ) निर्जलभूमिमय, मिट्टीमय, (धूलकोट) वनमय, मनुष्यमयँ, (मनुष्यों के इकट्ठे होजाने से किला बनजाता है अथवा व्यूहरचना से) काष्ट मय,[लकडियों का] येनव प्रकारके किले हैं इन में प्रारंभ के दो जलमय औ र पर्वतमय तो उत्तम हैं और बीच के छ प्रकार के गढ मध्यम अरु प्रान्त का काष्टमय अधम जानो ये गढ राजाओं को आपदा से बचाते हैं ऐसे वरदान रूपी गढ से उन दुष्टों का बचना श्रेष्ठ नहीं है ॥ १७३ ॥ सेना के लोगों के छ भेद हैं जिनमें प्रथम (मौलं) जो पीढियों (वंशपरम्परा) से उसीदेश में र हकर वश में रहाहोवे वह तो विश्वास का घर, दूसरा वह है तनखा देक र जिसको वश में किया होवे, तीसरा मित्र नामक है सो मित्रता से स-

आटविक१सो जो बनबासी सबरादि ग्राम२,
सो अमित्र१है जँहँ दबायो अरि आश्रित व्है२,
मुख्य त्रिक३।१मुख्य२चोथो४।१मध्य२खिल१नेष्टनामें२ ॥१७४॥

॥ दोहा ॥

उत्तम१ नृप स्वायत्त१ अरु मध्यम१ उभयायत्त२ ॥
अधम१ सुसचिवाय—२ यह मंत्री बिजित प्रमत्त ॥ १७५॥

॥ पादाकुलकम् ॥

आज्ञारूप सबनके सिरपर१ सो प्रभुसक्ति२ बतावत नयबर ॥
जो पंचांग मंत्र उपजावन१ मंत्रसक्ति—तस नाम कहावत ॥ १७६ ॥
व्है उच्छाहमात्र उद्यम में१ सोउच्छाह सक्ति२ हित श्रममें ।
पंच५ मंत्रके अंग प्रमानहु जे बिरिंचि क्रमतें इम जानहु ।१७७।

। घनाक्षरी ।

इष्टकाज साधन उपाय१है प्रथम अंग२,
दूजो१ताहि करन सहायक समर्थ होन२

हाय के अर्थ आया होवे, चौथा „ भृत्य " नामक वह है जो समय के कारण से अधीन हुआ होवे, पांचवा "आटविक" जो भील आदि के गामों में अपने देश के वन (जंगल) में रहता होवे, और छठा "अमित्र„ जो शत्रु का दबाया हुआ भागकर आश्रित हुआ होवे इनमें प्रथम के तीन तो मुख्य (उत्तम) हैं और चौथा भृत्य मध्यम, और बाकी दो अधम हैं ॥ १७४ ॥ जो राजा अपने ही वश में रहता है वह उत्तम है और जो अपने और सचिव [कामदार] दोनों के वश में रहता है वह मध्यम है, और जो कामदारों का जीता हुआ कामदार के ही वश में रहता है वह बावला अधम है ॥ १७५ ॥ सब शिर पर अमोघ आज्ञा रूप होकर रहे उसको श्रेष्ठ नीति के जानने वाले प्रभु शक्ति बताते हैं, जो पांच प्रकार के मंत्र [सलाह] उपजाने वाला है उसका नाम मंत्र शक्ति है ॥ १७६ ॥ केवल उद्यम में ही उत्साह होवे उस हित के परिश्रम का नाम उत्साह शक्ति है हे ब्रह्मा मंत्र के पांचें अङ्ग इस प्रकार जानो ॥ १७७ ॥ इष्ट [वांछित] कार्य के साधन का जो उपाय है वह मंत्र का प्रथम अंग है, दूसरा अंग समर्थन है जो प्रथम अंग की सहायता करने वाला है. तीसरा देश और समय

तीजो३ देस कालको बिचार३ अरु चोथो४ अंग,
विघ्ननको टारिबो४भएँ जो फल देंदे भोन।
पंचम५ यहै जो काजसिद्धिके भयेंतें सुख५,
असो मंत्र दैत्यनके नासमें विचारो जो न।
तो अब त्रिलोकीकी प्रजाके परिपालनमैं,
हेरि हित हंसासन हिंसकन ‾तों कोन। १७८।

दोहा॥

प्रथम१मैत्र१ संबंधज२ रु, ईतरेतर उपकार३।
उपहारँ४ हु पुनि च्यार४ए, संधिभेद नयसार। १७९।

। घनाक्षरी।

पैलेमें निहारि गुन आप गुनरागी व्हैकें,
लोभहीन संधि जो करें सो मैत्र नाम१ श्रेय।
कन्यादे करें सो संधि संबंधज२ जानों माँहिं,
माँहिं उपकार व्है सो मिथ उपकार३ गेह॥
रत्नभूमि देकें जो करें सो उपहार४ नाम,
बिग्रह विधान अब सुनहु अंहो अजेय।
रत्न१ बल२ विक्रम३ सहाय४मंत्र५ दुर्ग६ करि,

के विचार करने का है, चौथा अङ्ग विघ्न के अवयवों (अंगों) को टालना, और पांचवां अंग कार्य सिद्ध होने पर सुख होना है, सो ऐसा मंत्र हे ब्रह्मा दैत्यों के नाश में आप नहीं विचारें तो तीन लोक की प्रजा के पालन में हित हेर कर इन हिंसा करनेवालों को मारनेवाला कौन है ॥१७८॥ मित्रता से, सम्बन्ध से, परस्पर के उपकार से, भेट (नजराना) देने से संधि होती है सो नीति के सार रूप सन्धि के ये चार भेद हैं ॥ १७९ ॥ पहिले में गुण देख कर और आप गुणों में प्रीति रखनेवाला होकर बिना लोभ के सन्धि करे उसका नाम मैत्र है, और यह सब से श्रेष्ठ है, कन्या देकर संधि करे सो सम्बन्धज नाम की संधि है, एक दूसरे का परस्पर उपकार करके सन्धि करे उसका नाम मिथ उपकार, जो परस्पर के उपकार ‾ा घर है, और रत्न भूमि देकर करे उस सन्धि का नाम उपहार है, नहीं जीतने में आवे ऐसे अाश्चर्य वाले हे ब्रह्मा विग्रह की विधि अब सुनो. रत्न, सेना, पराक्रम, सहाय, मंत्र

हीन व्है जो भूप तासौं बिग्रह सदा बिधेय ॥ १८० ॥

मनोहरम्

भेद अष्ट८बिग्रहके कामज१रु लोभज२त्यौं,
भूमिभव३ मानभव४ अभय५ निहारिये ।
इष्टज६ मदज७ एकद्रव्य अभिलाषुक८ त्यौं,
स्त्रीनिमित्त इनमैं जो कामज१ सो धारिये ॥
श्रीनिमित्त लोभज२कहावैं भूनिमित्त भूज३ ,
बिरुद निमित्त मानसंभव४, बिचारिये ।
जैनिमित्त बिग्रह सो अभय५कहावैं सर-
नागत निमित्त व्है सो इष्टज६सम्हारिये ॥ १८१ ॥

॥ दोहा ॥

जुब्बन१ धन२ बिद्या३ सुरा४, इनकरि जो मद आत ।
है ताके बस बिग्रह सु, क्रमगत मदज७ कहात ॥ १८२ ॥
माँहिं माँहिं बिग्रह मचैं, एक१हि अर्थ निमित्त ॥
एकद्रव्य अभिलाषुक८ सु, चिंतत नयपटुचित्त ॥ १८३ ॥

॥ मनोहरम् ॥

पीडाकरि पीडित१ वा व्यसनी२नरेस जो व्है,

(सलाह) और गढ से हीन जो राजा होवे उससे विग्रह करना सदैव उचित है ॥ १८० ॥ इस विग्रह (विरोध) के आठ भेद हैं, वे, काम से पैदा होनेवाला, लोभ से पैदा होनेवाला, भूमि से पैदा होनेवाला, मन से उपजनेवाला, विजय से उपजनेवाला, शरण रखने से उपजनेवाला, मद से उत्पन्न होनेवाला, एक वस्तु की चाहना से उत्पन्न होनेवाला, ये हैं. इन में स्त्री के कारण से होवे सो कामज, लक्ष्मी के निमित्त होवे सो लोभज, भूमि के कारण से होवे सो भूमिज, स्तुति के कारण से होवे सो मान से होनेवाला, विजय करने के कारण विग्रह होवे सो विग्रह, किसी को शरण रखने के कारण होवे सो इष्टज ॥ १८१ ॥ जो यौवन, धन, विद्या और मदिरा इनसे जो घमंड आकर विग्रह होता है वह इसी क्रम से अर्थात् जोबनमद, धनमद, विद्यामद और मदिरामद से होनेवाला विग्रह कहाता है ॥ १८२ ॥ एक ही अर्थ के लिये परस्पर विग्रह मचता है उसको नीति में चतुर लोग एक द्रव्य अभिलाषा विग्रह कहते हैं ॥ १८३ ॥ जो राजा रोग से पीड़ित अथवा व्यसन

मित्र१ बल२ कोस३ मंत्री४ मंत्र५ करि हीनव्है।
आधि अकुलायो४व्है वा सत्रुको दबायो५ तापैं,
भूपति करत यात्रा जे नयप्रबीन व्है ॥
संधानजा१ पार्ष्णिरोधा२ तीजी३ मित्रबिग्राहिनी३,
द्वंद्वजा४ रु कुल्या५ संग जो अरिकुलीन व्है ॥
निर्व्याजा रु सीघ्रता७ ए७ यात्राके प्रकार अब,
लच्छन समस्त सुनौं जगहित लीन व्है ॥ १८४ ॥

॥ दोहा ॥

पार्ष्णिग्राहसौं संधि करि, जु इतर अरि पर जात ॥
सो यात्रा संधानजा१, कहत नीतिनिष्णात ॥ १८५ ॥
पार्ष्णिग्राहके रोध पर, जु बल रक्खि पुनि जाइ ॥
नाम पार्ष्णिरोधा२ नियत, कमलज तास कहाइ ॥ १८६ ॥
सत्रुसौं रु निज मित्रसौं, कलह तटस्थ कराइ ॥
ताही पर पुनि जाइ तब, तीजी३ नाम धराइ ॥ १८७ ॥
जापर यात्रा सोहु जब, समुख लैं दल सज्जि ॥
जंपत ताको द्वंद्वजा४, ऋषिजन नयरसरज्जि ॥ १८८ ॥

वाला, मित्र से हीन, सेना से हीन, खजाना से हीन, मंत्री (सलाहकार) से रहित, मंत्र (सलाह) रहित, मानसिक पीड़ा (मन के दुःख) से घबराया हुआ होवे, वा शत्रु का दबाया हुआ होवे, उसी पर नीतिचतुर राजा यात्रा करते हैं; उस यात्रा के संधानजा, पार्ष्णिरोधा, मित्रविग्राहिनी, द्वंद्वजा, कुल्या, निर्व्याजा और शीघ्रता ये सात भेद हैं, जिनके सब लक्षण संसार के हित में लीन होकर अब सुनो ॥१८४॥ पीठ के शत्रु से अथवा जीतने की इच्छा करनेवाले शत्रु से सन्धि करके जो दूसरे शत्रु पर जावे उस यात्रा को नीति कुशल सन्धानजा कहते हैं ॥ १८५ ॥ जीतने की इच्छावाले शत्रु के रोकने को सेना रखकर जो दूसरे पर जाता है उसको हे ब्रह्मा निश्चय ही पार्ष्णिरोधा कहते हैं ॥ ॥ १८६ ॥ शत्रु से उस (शत्रु) के मित्र से कलह कराकर उसको तटस्थ (किनारे) करादेवे और फिर उसी शत्रु पर जावे उसका नाम मित्रविग्रहिनी है ।१८७। जिस शत्रु पर यात्रा करै वही सेना सजकर सामने आवे उसको नीति के रस में प्रीति रखनेवाले ऋषि लोग द्वंद्वजा कहते हैं ॥ १८८ ॥ शत्रु के कुछ बान्धवों को साथ लेकर शत्रु पर जावे उसको

सत्रु बंधु कछु संग लहि, जबहि सत्रु पर जान ॥
कुल्या५ वह यात्रा कहत, नीतिप्रबंध निधान ॥ १८९ ॥
स्वस्थभावसौं जय समय, पर सिर होइ प्रयान ॥
निर्व्याजा६ तस नाम है, बलजुत जास बिधान ॥ १९० ॥
अरि बिनास उद्देस करि, परिहरि सकल प्रमाद ॥
सह । जाइ सु सीघ्रगा७, बंदी मुनिन नयबाद ॥ १९१ ॥

॥ घनाक्षरी ॥

आसनके भेद दस१० भाखे जे समस्त सुनौं,
स्वस्थ१ औ उपेक्षासन२ मार्गअवरोध३ नाम ।
देसस्वीकरन४ रमनीय५ तैसैं दुर्गासन६,
निकट७ रु दूर८ पराधीन९ रु प्रलोभ१० काम ॥
अरि सब मारि राज्य आपुनौं अकंटककैं,
स्वस्थभावसौं जो रहैं१ स्वस्थासन२ सो ललाम ।
सत्रुन निबल जानि आपुनौं महत्व मानि,
सदय रहैं जो१ सो उपेक्षासन२ कित्तिधाम ॥ १९२ ॥
नदीके प्रवाह करि दिग्ध दवदाह करि,
अर्ध्व रुकैं आसन१ सो मार्गअवरोध२ गेय ।

नीति के ग्रन्थों का आश्रय रखनेवाला अथवा नीति के ग्रन्थ ही है धन जिनके ऐसे लोग 'कुल्या' नामक यात्रा कहते हैं ॥ १८९ ॥ जय के समय में शत्रु पर स्वस्थभाव (समान बराबरी के भाव से) यात्रा करे उसका नाम निर्व्याजा है, और पराक्रम के साथ ही उसकी विधि है ॥ १९० ॥ शत्रु के नाश का कथन करके सब प्रमाद (असावधानी) को छोडकर अचानक जावे उसको नीति कहनेवाले मुनियों ने शीघ्रगा कही है ।१९१। आसन के दश भेद कहे हैं सो सब सुनो. स्वस्थ, उपेक्षासन, मार्गअवरोध, देशस्वीकरण, रमणीय, इसीप्रकार दुर्गासन, निकट, दूर, पराधीन और प्रलोभ. इनमें सब शत्रु मारकर अपने राज्य को निष्कंटक करके स्वस्थ (चिन्तारहित) होकर रहै वह सुन्दर स्वस्थासन है, शत्रुओं को निर्बल जान कर और अपना बडप्पन मान कर दया सहित होकर रहै वह उपेक्षासन है, जो कीर्ति का घर है।१९२। नदी के बहने से, बडा अग्नि लग जाने से, मार्ग रुकजाने से, ठहरना पडै उसका

पैले देसमाँहि करि विजय करैं जो तत्थ१,
आसन सो जानौं देसस्वीकरन२ नामधेय ॥
मारि अरि ताको दंगे बारि१ धन२ धान्य३ करि,
रम्य जानि जो तँहँ रहैं१ सो रमनीय२ श्रेय ।
जीति अरि दुर्ग तासौं औरनकों त्रास दैन,
सज्ज व्है रहैं तँहँ जो१ दुर्गासन सो२ अजेय॥ १९३ ॥

॥ दोहा ॥

बलजुत अरि ढिग जाय बलि,करन महर्घ क्रयार्न ॥
राज्य बिगारन तस रहै१,निकट२नाम सो स्थान ॥१९४॥
दूर जानि निजदेसकौं, पाउस निकट प्रमानि ॥
सिबिर रचैं१दूरासन२सु,ख्यात करत नय खानि ॥१९५॥
परि अरिवस वा मित्रवस,जो न सकैं कढि जान१ ॥
पराधीन१सो स्थान प्रभु, उचित धरत अभिधान ॥१९६॥
कैटक जास बहु दैन कहि, रक्खैं अरिन डरान१॥
सो प्रलोभ२ आसन दसम१०, कमलज धारहु कान॥ १९७ ॥
बली अरिन बिच परि निबल, कढिसकै जु न काल ॥

नाम मार्ग अवरोध कहते हैं, पराये देश का विजय करके वहीं वास करैं उसका नाम देशस्वीकरण है, शत्रु को मार कर उसके नगर को जलैं, धन और धान्य से सुन्दर जान कर जो वहां पर रहैं सो श्रेष्ठ आसन रमणीय कहाता है, और शत्रु से किला जीत कर उस किले से दूसरों को भय देने के लिये सज्जीभूत होकर रहे सो हे अजेय ब्रह्मा उसका नाम दुर्गासन है।१९३। सेना सहित शत्रु के पास जाकर विक्रय (विकी) की वस्तु मँहगी करके पुनि उसके राज्य को बिगाडने को रहै उसका नाम निकट आसन है ॥१९४॥ अपने देश को दूर जानके और वर्षा काल नजीक जान कर सैना के रहने के लिये मकान बनावें उसका नाम नीति की खान (नीति के जाननेवाले) दूरासन प्रसिद्ध करते हैं ॥ १९५ ॥ शत्रु के वश में पडके अथवा मित्र के वश में पडके निकल नहीं सकै उसका नाम पराधीन है सो हे स्वामी इसका नाम उचित है ॥ १९६ ॥ तुमको बहुत देवेंगे ऐसा कह कर शत्रु के डराने के लिये सेना रक्खे सो प्रलोभ नामक दशमा आसन है, सो हे ब्रह्मा सुनो ॥ १९७ ॥ बलवान् शत्रुओं के बीच में निबल पड़कर समय नहीं निकालसके और द्वैधीभाव रचकर

रहैं सु द्वैधीभाव रचि, चलैं काकदृग चाल ॥ १९८ ॥
मिथ्यामन१ मिथ्यावचन२, मिथ्याकरन३ बिरंच ॥
जुग बेतन४ जुग प्राभृतक५, द्वैध भेद प्रभु पंच५ ॥ १९९ ॥

॥ मनोहरम् ॥

बैननमैं प्रीति बहैं चित्तमैं बिरोध चहैं१,
द्वैधीभाव मिथ्यामन२ नाम सु कहावैं हैं ।
बैंननसौं प्रीति कहैं कर्मसौं बिरोध बहैं१,
मिथ्याबैन२ नाम ताको नीतिपटु गावैं हैं ॥
छोटे अरि काज करैं मोटे काज मेटे चाहि१,
सो तो मिथ्याकरन२ प्रबंधनमैं पावैं हैं ।
एकतैं प्रकट लेत दूजेतैं प्रछन्न लेत,
बेतंन जो१ ताहि जुगबेतन२ बतावैं हैं ॥ २०० ॥

॥ दोहा ॥

बैरीहनन जु देत बसु, सु लै करत स्वीकार ॥
ताके अरिसौं लै तिमहि, व्है यापर हुसियार१ ॥ २०१ ॥
तास नाम जुगप्राभृतक२, जानहु पंकंजजात ॥
आश्रय तीन३ प्रकार अब, बरनत नयबिख्यान ॥ २०२ ।

काकपक्षी के नेत्रों की चाल (काकपक्षी एक नेत्र से आगे को देखता है और दूसरे नेत्र से पीछे को देखता है) के समान चलै ॥ १९८ ॥ मिथ्यामन, मिथ्यावचन, मिथ्याकरण,जुगवेतन,जुगप्राभृतक, हे स्वामी ब्रह्मा ये पांच प्रकार के द्वैधी भाव हैं ॥ १९९ ॥ वचन में प्रीति और मन में बिरोध रक्खे उसको मिथ्यामन कहते हैं, बचन से प्रीति कहता रहै और कार्य में विरोध करता रहै उसका नाम मिथ्याबचन नीति में चतुरलोग कहते हैं, स्वामी के मोटे कार्य मेटना चाहकर शत्रु के छोटे कार्य करे उस द्वैधीभाव का नाम ग्रन्थों में मिथ्याकरण मिलता है, एक से प्रसिद्ध में तनखाँलेना और दूसरे से छिपकर लेना उसका नाम जुगवेतन कहते हैं ॥२००॥ शत्रु के मारने को धन दियाजावे वह लेकर मारना स्वीकार करे इसीप्रकार उसके शत्रु से लेकर पीछा उसी [प्रथम धन देनेवाले स्वामी] को मारने को सावधान होवे उसका नाम हे ब्रह्मा जुगप्राभृतक जानो, नीति में प्रसिद्ध तीन प्रकारके आश्रय अब बर्णन करता

॥ घनाक्षरी ॥

आप बलहीन निज जयको अभाव जानि,
आश्रय बलिष्टको ल दंडको दबायो जाइ।
आश्रय कहावत सो ताके तीन३ भेद जे,
सदाश्रय१ रु अन्याश्रय२ दुर्गाश्रय३ ते कहाइ ॥
बैरी बलवान जो दबावैं तो निबल ताकौं,
धर्मधर जानि लेत आश्रय तदीय१ आइ ।
सो तो है सदाश्रय२ औ सत्रुको दबायो लै,
बलिष्टै और आश्रय१ सो अन्याश्रय२ नाम पाइ ॥ २०३ ॥

॥ दोहा ॥

बली सत्रु पीडित निबल, सेवैं दुर्गप्रदेस१॥
तस दुर्गाश्रय२ नाम तिम, लखहु बिदित लोकेस ॥ २०४ ॥
साम१ भेद२ उपदान३ दम४, इक१ उपाय चउ४ अंग ॥
उत्तम१ मध्यम२ अधम३ अरु, कष्ट४ गिनहु क्रमसंग ॥२०५॥

॥ षट्पात ॥

भेद सामके पंच५ कर्ण सुभग१ रु दैविक२ जिम ।
स्मारक३ लोभज४ सुनहु अप्प, अर्पन५ नामहु इम ॥
सुखद मंडि संलाप बिरचि, परचित्त प्रीतिबस ।

हूं ॥ २०० ॥ २०१ ॥ आप बलहीन होवे और अपनी विजय का अभाव [नाश] जान कर दंड का दबायाहुआ दूसरे बलवान् का आश्रय [सहारा] लेवै उसको आश्रय कहते हैं.उसके तीन भेद, सदाश्रय, अन्याश्रय और दुर्गाश्रय कहाते हैं.बलवान् वैरी दबावे तो निर्बल होकर उसीको धर्म का धारण करनेवाला जानकर उसीका आश्रय लेवै वह तो सदाश्रय कहाता है, शत्रु का दबायाहुआ किसी दूसरे बलवान् का आश्रय लेवे उसका अन्याश्रय नाम है ॥२०३॥ बलवान् शत्रु से पीडित होकर निर्बलता से गढ में जाकर रहै उसका हे अधीश्वर प्रसिद्ध नाम दुर्गासन है ॥ २०४ ॥ उपाय के साम, भेद, दान और दंड ये चार अंग हैं, सो क्रम से उत्तम, मध्यम और अधमाधम हैं ॥ २०५ ॥ इन में साम के पांच भेद हैं कर्ण,दैविक,स्मारक, लोभज और अर्पन इनमें सुखदाई वार्तालाप करके हित के साथ दूसरे के चित को प्रीति बश करलेने की सुन्दर

हितमय साम जु होइ१ नाम प्रभु कर्णा सुभग२ तस ॥
बिश्वंष्य बिरचि सपंथादि बल व्है१ सु नाम दैविक२ लहत ॥
संबंध कछुक सुमिराइकैं करिये१ सो स्मारक२कहत ॥२०६॥

॥ दोहा ॥

इष्ट परस्पर अप्पिव्है१, सांत्वन लोभज२ सोहि ॥
सो बपु तोहित अक्खि इम, होहि१ सु पंचर्म२ होइ ॥ २०७ ॥
सिद्धि व्है न जँहँ सामसौं, भेद बिरचि तँहँ भूप ॥
जलपय अरिन मरालं जिम, रचत भिन्न अनुरूप ॥ २०८ ॥
त्रस्त१ अनादृत२ क्रुद्ध३ तिम, उचित भेदके आहि ॥
गूढ पुरुष निज सत्रुगत, तिन करि भेदत ताहि ॥ २०९ ॥

॥ घनाक्षरी ॥

प्रानभंग१ मानभंग२ बित्तभंग३ बंधक४ त्यौं,
दारलाभ५अंगभंग६भेदके छ ही प्रकार ।
प्रानभय दैकैं भेद ॰१सो प्रानभंग२मा॰,
हानिभय दैकैं व्है१सो मानभंग२नाम धार ॥
बित्तभय दैकैं भेद है१सो बित्तभंग२दैकैं,

'कर्ण' कहते हैं, ॰ो शपथ [सौगन] आदि से विश्वास कराकर मि॰ाप करै वह 'दैविक' कहाता है. सम्बन्ध को याद दिलाकर (तुमसे हमसे अमुक स म्बन्ध है) मेल करै उसको 'स्मारक' कहते हैं ॥ २०६ ॥ परस्पर प्रिय पदार्थ देकर जो सांत्वन (सामउपाय) करै उसका नाम 'लोभज' है. और मेरा शरीर तेरेही लिये है ऐसा कहकर जो साम करे उसको 'अर्पण' कहते हैं ॥ २०७ ॥ जहां पर साम से कार्यसिद्धि नहीं होवे तहां पर राजा लोग भेद उपाय कर के जैसे पानी और दूध को हंस जुदा जुदा करदेता है तैसे ही शत्रुओं में फूट पटककर जुदे करदेवे ॥२०८॥ डरा हुआ, अनादर पायाहुआ और क्रोधी ये ती न प्रकार के पुरुष भेद करने के योग्य हैं सो अपना गुप्त पुरुष शत्रुओं में जाकर ऊपर के तीन प्रकार के पुरुषों से फूट पटकावे ।२०९। इसभेद के प्रानभंग, मानभंग बित्तभंग, बंधक, दारलाभ, अङ्गभङ्ग, ये छः प्रकार हैं जिन में प्राण का भ य देकर फूट पटकावे उसका नाम प्राणभंग है, मानहानि (बेइज्जती) का भय देकर करै सो " मानभंग " नाम का भेद है, धन छीन लेने का भय दे

कारांभय है१सो भेद बंधक२गिनौं उदार ।
पंच्छ दुव२पत्नीभय देहै१दारलाभ२अंग,
भंग भय देह्व१अंगभंग२सो हे हंसचार ॥ २१० ॥
भेदसौं बनैं न तपैं दानको प्रयोग होत,
ताके भेद सोलह१६ते सुनहु दयानिधान ।
क्रमतैं अभीष्ट१देश्य२हायन३रु भागधेय४,
गज५हय६ग्राम७बस्त्र८ सासन९कनक१०दान ।
कन्या११ पननारि१२खानि१३भूखन१४रु बेलाकर१५,
दान प्रतिपत्तिज१६ त्यौं सोलहौं१६धरहु कान ।
नाम अनुसार जानौं लच्छन समस्तनके,
केते कथनीय तिन्हैं सुनिये सुमतिमान ॥ २११ ॥
मंगैं सोहि दैनौं ताहि कहत अभीष्ट१कबि,
देस कछु दैनौं सो कहावे देश्य२नामधेय ।
जासौं है कुटुं को निबाह एक१हायनलौं,
ऐसो द्रव्य देवो ताहि हायन३गिनौं अजेय ॥
देस तो न दैनौं कँरमात्र तास दैनौं सो है,

कर भेद करै सो " बित्तभंग ". कैद करने का भय देकर करे सो हे उदार [ब्रह्मा] उसको "बंधक" जानो. दोनों पंचवालों को स्त्री को छीन लेने का कि तुम इसके पास रहोगे तो यह तुम्हारी स्त्री को लेलेवेगा यह भय देकर भेद करे उसको हे हंस की सवारी से चलनेवाले (ब्रह्मा) "अंगभंग,, नामक भेद जानो ॥ २१० ॥ जिनमें भेद नहीं होसके उनमें दान उपाय किया जाता है जिसके हे दयानिधान (ब्रह्मा) अभीष्ट, देश्य, हायन, भागधेय, हाथी, घोड़े, गाम, बस्त्र, शाशन, सोना देना, कन्या, वेश्या, खानि, आभूषण, वेलाकर, प्रतिपत्तिज, ये सोलह भेद जानो, इन सबके लक्षण नामों के अनुसार ही जानो, परन्तु कितनेक कहने योग्य हैं सो हे श्रेष्ठ मतिवाले (ब्रह्मा) सुनो ॥ २११ ॥ जो मांगे सो ही देना उसको कविलोग अभीष्ट कहते हैं, कुछ देश दिया जावे वह " देश्य" नामवाला कहाता है. जिस धन के देने से एक वर्ष तक सब कुटुम्ब का पालन हो जावे उसको हे अजेय (ब्रह्मा) "हायन" जानो. और देश तो नहीं देवे केवल उसका कर [हांसिल]

करज ४रु ग्राम दैनों सो हैं ग्रामदान५गेय ।
जोलों लैनहारको सपिंड रहैं तोलों कछु,
दीनों जो लुपैं न सो है सासन६समाख्य देय ॥ २१२ ॥
रजत१सुवर्ण२रत्न३आदि निकसैं ए जत्थ,
ऐसो जो प्रदेस दैबो खानि दान७सो कहात ।
बहुत बहित्रजीवी सिंधुबसु लेकैं जिहिं,
घट्ट उतरैं सु देबो बेलाकर८नाम ख्यात ॥
सिंहासन१छत्र२चामरा३दिकको दैबो जाको,
मान बढिबेकौं प्रतिपत्तिज९सो भाख्यो जात ।
सप्त७जे गजादि अवसेसं तिन्ह लच्छन तो,
नाम अनुसार तासौं जानहु बिदित बात ॥ २१३ ॥
दानके प्रयोगहु सौं सिद्ध जो बनैं न काज,
तो तहँ प्रचारैं दंड पंद्रह१५प्रकार जास ।
बेर्ल१बन२छेदैं त्यों निवानलकौं भेदैं लूटि,
जारैं पुर१ग्रामन२कौं ताको नाम देस जास१ ॥
अंग अरि पच्छिनके छेदैं वह अंगछेद२,
सर्ब पसु छिन्नैं नाम गोग्रह३कहावैं तास ।

